End.—स्त्री आसन। अंबुज रुचि पोषित विपरीत। लाल सहित सेा धरि जिय प्रीति ॥ आसन पांच तरुणि सुष करै। कोकसार निश्चै उच्चरै ॥ आसन जानु परस्पर नाम। ताको करत रुष पुअरु बाम ॥ शेष पंच दश आसन रहे। ते पुरुषहिं करिवे को गहै ॥ सुनहु रसिक जन श्रवण दै कोकसार सुष रास ॥ चाहत चतुर सप्रेम तेहिं मूढ़ करत उपहास ॥ प्रथमहि रह्यो अमरपुर कोक। कोऊ न जानै यह मृत्यु लोक ॥ एक हते वदराम नरेस। तिन प्रकटे करि क्रीड़ा तेस ॥ पाछे भे सुकवि अनेक। तिन विरचे करि कोक विवेक ॥ औषधि लक्षण तिय पुरुष जाति ॥ आसन परिरंभन विविधि भांति ॥ पढ़ि सकल कवि करि करि विचारि। वरन्यो आनंद कवि कोकसार ॥ सर्ग जु द्वादस रति सरस रते जुते वहु छंद ॥ सेा पढ़ि पढ़ि रति रंग नव विरचित आनंद कंद ॥ इति कोकसार आनंद कवि कृत भाषा सपूरणम् शुभमस्तु। लिषा कन्हैयालाल ब्राह्मण साकिन दिकौली के वास्ते पं० रामअधीन के ॥

Subject.—नायक व नायिका भेद, पुरुष स्त्री के भेद, इनके गुप्त रोगों की औषधि व अन्य स्त्री पुरुषों के समागम के आसन आदि।

No. 13*(f)*. Kokasāra by Ānanda. Substance—Country-made paper. Leaves—24. Size 11 × 5½ inches. Lines per page—11. Extent—300 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1910 or A. D. 1853. Place of deposit—Paṇḍita Śyāma Bihārī Miśra, Golāgañja, Lucknow.

Beginning.—× × × धान तुस लावै ॥ समकरि लै जल सेा औटावै ॥ पुहुपवंत वनिता जेा हेाइ। तीनि दिवस पोवै जल सेाइ ॥ ३२३ ॥ अथ वंध्याकरण विधि ॥ चौपाई—टंक बदाम आपु लै आवै। घृत मधु सेा जोइनि महं लावै ॥ वनिता के संग जेा रति करै। निहचै तहनि गर्भ नहिं धरै ॥ २४ ॥ अगर कुमेर खाइ जेा कोइ। निहचै सेा तिय बंध्या हेाइ ॥ २५ ॥ दोहा—वरष तीनि कौ आनि गुर दिन पन्द्रह उठि प्रात। नित्य खाइ जेा टंक दस नारि बांझ ह्वै जात ॥ २६ ॥ अथ कुच संपुट करन विधि ॥ छंद—राम पीपरी कूटि लौंग पुनि जानिये। औ असगंध की छालि सेा निहचै आनिये ॥

End.—ता पाछे भये सुकवि अनेक। तिनि रचे काव्य विविध विवेक ॥ मदनेाति आसन रंग रंग। रति रंजन प्रीति की रीति सरंग ॥ ५१३ ॥ पढ़ि सकल काव्य करि करि विचार। वरनौ अनंद कवि कोकसार ॥ ५१४ ॥ दोहा—स्वर्ग जेा द्वादस रति सरस वते जुते वहु छंद। पढ़त पढ़त रति रंग नव विधि चित हित आनंद ॥ ५१५ ॥ इति श्री कोकसार विरचितायां आनंद कवि कृते कामकेलि वर्ननं आसन विधि समाप्त स्वर्ग ॥ १२ ॥ माघ मासे शुक्ल पक्षे प्रतिपदायां १ रविवासरे संवत्सर १९१० लिष्यतमिदं पुस्तकं पाण्डेय ललिता प्रसादेन ॥ अथ औषद खाजु की लौलंगराज ग्रंथ की ॥ पारा ॥ जोरा २ ॥ हरदी २ ॥ मिरिच ॥ सेंदुर ॥ गंधक ॥ मैनसिल ॥ पांचौ सातौ समभाग चूरन करै ॥ औ घृत गाई का पाव सेर ॥ औ पारा गंधक लोहे के पात्र मेा खरल जाम भरि ॥ ऊपर घृत छोड़ै फिर चूरन छोड़ै ॥ पुनः खरल करै घटी २ ॥ तब मिलावै ॥ फिरि भरि धरै वासन मेा ॥ तब लगावै दिन ७ ॥ धूप में वैठि कै जाम भरि फिर नहाइ तौ खाजु दूरि होइ ॥ सत्य करिकै देह निर्मल होइ ॥ श्री सर्वे संताप नमः ॥ तुलसीदासाय नमः ॥ श्री राम सीताय नमः ॥ शुभं भूयात् ॥

Subject.—पृष्ठ—४१ बंध्या करन विधि, कुच संपुट करन विधि, केश बढ़ाने की विधि, रोमनाशन वर्णन। पृष्ठ ४२—झाईं हरन, मुख कंटक हरन। पृष्ठ

४३—उबटन विधि, मसा हरन, मुख गंध हरन, योनि कुवास हरन विधि वर्णन। पृष्ठ—४४। बगल गंध हरन, सुगंध स्नान, लिंग वृद्धि करन, थंभन विधि वर्णन। पृष्ठ ४५—४६ तक-संकोचन विधि, धातु करन, कामिनि द्रवन विधि। पृष्ठ ४७—४८। विंदु कुसाद विधि, मदनांकुश दृढ करन विधि, थंभन विधि, लीलावाउ को औषधि, दाद को दवा वर्णन, पृष्ठ ४९—५० स्त्री के रक्त बंद करने को औषधि, गर्भ धारण विधि, लिंग दृढ़ करन विधि, थंभन विधि, मोहन विधि। पृष्ठ ५१—५२ पुरुष वशीकरन विधि, अंजन, लोकांजन बनाने की विधि,। पृष्ठ ५३-५४ स्त्री वशकरन विधि, बालनाशन विधि, पद्मिनी वशकरन विधि, चित्रनी व संखिनी वशीकरन विधि वर्णन, पृष्ठ ५५-५६ हस्तनी वशीकरन विधि, कामकेलि वर्णन, आलिंगन व दयालिंगन तथा मुदित व प्रेमालिंगन वर्णन। पृष्ठ ५७—आनन्द आलिंगन, रुचि आलिंगन, आसनवर्णन, जोगासन, रति आसन, मदनोदित आसन, इन्द्रासन, लालसासन वर्णन। पृष्ठ ५७-विपरीत आसन, अंबुज आसन, रुचि बोधित आसन, हितासन, मृगासन परस्परासन, तमालासन वर्णन। पृष्ठ ५९-मानासन, मुखपछो आसन, सुरतिअंत आसन, आलसासन वर्णन। पृष्ठ ६०—उदित आसन वर्णन, संकोचन आसन, सिथिल आसन, गेंदुक आसन, आलिंगन आसन, आसन नाम सूची वर्णन। पृष्ठ ६१-दुतिया सूचकरन विधि, दुति देने वाले आसन वर्णन, भोगासन, जोगासन, सुख करन, पदुमिनि आसन, चित्रनी आसन, संखिनि आसन, हस्तिनि आसन वर्णन, पृष्ठ ६२—चतुर्विधि आसन (तिर्यक, सिथिल, विपरीत और अस्थित) वर्णन, रति आसन, और विपरीत आसन वर्णन, पृष्ठ ६३-कोक वर्णन तथा खाज़ु की दवा वर्णन॥ इति॥

Note.—यह ग्रंथ अपूर्ण है, लगभग सब कोक ग्रथों में कुछ न कुछ भिन्नता पाई जाती है। यह जालंधर में छप चुका है॥

No. 13 (*g*). Kokasāra by Ānanda. Substance—Country-made paper. Leaves—32. Size—7½ × 6 inches. Extent—228 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1941 or A. D. 1884. Place of deposit—Paṇḍita Śiwādhāra, Rāe Barelī.

Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ कोकसार॥ दोहा॥ ललित सुमन घन अलिय नच तत्छन अभिनव कंद। मधु रति संग जो रति रवन जै नद नंदन अनंद॥ १॥ वरनि काम अभिराम छवि वरनौ भामिन भोग। सकल कोक दधि मथन करि रच्यौ सार सुक जोग॥ २॥ मनुज रूप ह्वै औतरयौ तीनि भाति को

जोग। द्रव्योपार्जन हरि भजन और भामिनी भोग ॥ ३ ॥ भगति भली भगवंत की भोग सेा भामिनि भोग ॥ वह संकट में दुष हरन यह सुष करन प्रयोग ॥ ४ ॥ ललित वचन सब कविन के सुरत करत सब कोइ। दृग अंजन सब कामिनी भेद न कवि मह होइ ॥ ५ ॥

End.—लै आवै कोइ हाथा जोरी औ गुड़ भाटा आनै तोरी
बूटी तीन बराबरि आनहु सहत सहित गोलो कै ठानहु
टंक टंक गोलो परमान छाइ सुषाइ कै राषु सयान
सेा रति समय राषु मुष अंतर द्रवै न पुरुष यहै मुष जंतर
जब सेा गोलो धरै निकारि द्रवै तिया सेा लेहु विचारि ॥ ३६

मोहन उपाय—चौपाई। सेत आंकजर कुटकी मोथा आनिए। श्रोनित प्रेम जोनि सेा मनसिज मानिए। पांचेा पीसि रक्त सेा टीका किजिए। देषत मोहै नारि महा सुष लीजिए ॥ ३७ ॥ पत्र लजारू कमल जर मौरेठी जरजान। कंद्रप सेा जल पीसि कै तिलक भाल परमान ॥ ३८ ॥ चौपाई ॥ कारी छुरी पोपरि लै आवै। मेढ़ा सींगो तगर मगावै। अपने अंग मैल पुनि लेहु। पांचेा पीसि करै पुनि षेहु। पुनि मधु लीजे तासम दीजे। कोकसार बानो सुनि लीजै। शुभ सम्वत १९४१।

Subject.—पृष्ठ १—श्री कृष्ण स्तुति। संसार में मनुष्य के तीन मुख्य कार्य द्रव्योपार्जन हरि भजन और भामिनी भोग। हरि भजन और भामिनी दोनों दुख सुख में आनन्द दायक हैं। कोक जानने से सांसारिक सुख की प्राप्ति होती है, इसी कारण कोकसार ग्रंथ की रचना हुई है। जिस प्रकार पिंगल बिना छंद रचना के, गोता बिना ज्ञान के है, उसी तरह बिना कोक के रति करना रूखा है। पृष्ठ २—नारी भेद—पद्मिनी, चित्रिनी, संखिनी और हस्तिनी, पद्मिनी और चित्रिनी के लक्षण और उनके अंगों का वर्णन। पृष्ठ ३—संखिनी और हस्तिनी के लक्षण और उनके अंगों का वर्णन, पृष्ठ ४—चारों प्रकार की नारियों की इन्द्रियों का वर्णन, पुरुष लक्षण और भेद—ससा, कुरंग, वृषभ और तुरंग। ससा पुरुष का लक्षण और उसके अंगो का वर्णन, मृगा पुरुष का लक्षण और उसके अंगों का वर्णन, अश्व पुरुष का लक्षण और उसके अंगों का वर्णन। पृष्ठ ५—वृषभ पुरुष का लक्षण और उसके अंगों का वर्णन, चारो प्रकार के पुरुषों के मदनांकुश की लंबाई का प्रमाण। पृष्ठ ६—सुरति भेद—शशा पुरुष पद्मिनी त्रिया, वृषभ पुरुष संखिनी त्रिया—समान रति, उच्च रति—वृषभ कुरंगिनि संग और कुरंग कुरंगिनि संग, नीच रति—शशा कुरंगिनि संग, वृषभ हस्तिनी संग। हय हरनी उच्च रति, हरिनि करनि नीच रति हैं। जैसी जोनि गंभीर हो वैसाही

मदनांकुश होना चाहिए। पृष्ठ ७। रति भेद—उत्तम, मध्यम और लघु इनका वर्णन, स्त्रियों के अंगों में कामअस्थान वर्णन, और समय निरूपण, और तिथि अनुसार काम स्थान वर्णन, जाम भेद वर्णन, काम भेद वर्णन। पृष्ठ ८—भोजनादि वर्णन, लिंग भेद वर्णन। आयु भेद—कन्या, गौरी, बाला, तरुणी, प्रौढ़ा और वृद्धा। इनके आयु का प्रमाण। पृष्ठ ९—प्रीति वृद्धि करन स्त्री के लक्षण, प्रीति हरण स्त्री के लक्षण, विरक्त लक्षण, अनुरागवती लक्षण, पृष्ठ १०—कामवती वर्णन, प्रीतिशय वर्णन, वश्य कामिनी लक्षण, द्रवती लक्षण, नारि दूषण वर्णन, पृष्ठ ११—अशुभ लक्षण, पांव लक्षण, कन्द्रप लक्षण। पृष्ठ १२—हृदय वर्णन, नाभि वर्णन, कटि वर्णन, रसना लक्षण, तारु के लक्षण, नासिका लक्षण, पृष्ठ १३—वर्ण वर्णन, अधर के लक्षण, वचन लक्षण, पृष्ठ १४—पुरुष लक्षण, काया वर्णन, पुरुष चरन लक्षण, टांग लक्षण, पृष्ठ १५—जंघ लक्षण, रोम लक्षण, जानु लक्षण, हृदय लक्षण, पृष्ठ १६—पृष्ठ लक्षण, स्कंध लक्षण, बाहु लक्षण, मुख लक्षण, मूत्रधार गुण, रक्त लक्षण, हड्डी लक्षण, मुदा लक्षण, उदर लक्षण, पृष्ठ १७—नाभि लक्षण, हस्त लक्षण, करतल भंडार रेखा वर्णन, पहुंचा के लक्षण, चक्र लक्षण, पृष्ठ १८—शंख लक्षण, पद्म लक्षण, गदा लक्षण, पृष्ठ १९-२० अंगुली लक्षण, भुजा लक्षण, कंठ रेखा लक्षण, ग्रीवा लक्षण, ललाट लक्षण, सीप लक्षण, मस्तक रेखा लक्षण, भौंह लक्षण, तारु लक्षण, पृष्ठ २१—मसूढ़े के लक्षण, दशन लक्षण, नासिका लक्षण, नेत्र लक्षण, केश लक्षण, कर्ण लक्षण, तिल लक्षण। पृष्ठ २२—दूती भेद—सखि, संन्यासिनी, क्षीपिन; धाय, धोबिन, चितेरन, मालिन, सुनहेरन, तंबोलिन, बढ़इन, कुंदहेरिन, चिरेहरन, कुंभारिन, नटिन, नाइन, ग्वालिन, नव दूती लक्षण, पुरुष शृंगार वर्णन, पृष्ठ २३—वाजीकरन उपाय—पुष्टि और धातु वर्द्धक औषियां। पृष्ठ २४—द्रवन उपाय, पृष्ठ २५—संकोचन विधि, थंभन उपाय, सोम रोग उपाय, पृष्ठ—२६ वांझ करन उपाय, कुच संपुट करन उपाय, केश वृद्धि। पृष्ठ २७—रोमनाशन विधि, झाईं हरन, मुख कंटक हरन, उवटन विधि, मसा हरन विधि, पृष्ठ २८—मुख गंध हरन, योनि कुवास हरन विधि, बगल गंध हरन, सुगंध स्थान करन विधि, लिंग वृद्धि करन, संकोचन विधि, पृष्ठ २९—धातु करन विधि, लिंग दृढ़ करन विधि, कामिनि द्रवन विधि। पृष्ठ ३०—लिंग दृढ़ करन विधि, थंभनोपाय, प्रदर को औषधि। पृष्ठ ३१—स्त्री गर्भधारण विधि, लिंगदीर्घ करन उपाय। पृष्ठ ३२—थंभन विधि, समाप्ति।

No. 13 (*h*). Kokasāra by Ānanda. Substance—New white paper. Leaves—35. Size—8 × 6 inches. Lines per page—20. Extent—350 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1958

or A. D. 1901. Place of deposit—Paṇḍita Kṛishṇa Bihārī Miśra, Editor, Mādhurī, Lucknow.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ कोकसार भाषा लिष्यते ॥ दोहा—ललित सुमन धनु अलियनच्च तन छवि अभिनव कंद । मधु रति हित अति रवन जय जय जय मदन अनंद ॥ १ ॥ वरन काम अभिराम छवि वरनौ भामिन भेाग । सकल कोक दधि मथन करि रचौ सार सुख जेाग ॥ २ ॥ भगति एक भगिवंत की भेाग सु कामिनि भेाग । वह संकट में सुख करन वह दुख हरन वियेाग ॥ ३ ॥ मनुष रूप ह्वै औतरयौ तीन बात को जेाग । द्रव्य उपावन हरि भजन अरु भामिनि कौ भेाग ॥ ४ ॥

End.—अथ कोक उत्पत्ति वर्नन पद्धरी छंद ॥ प्रथमहि अमरावति हुतेा कोक । कोऊ जानत नहिं मृत्यु लोक ॥ एक हुते वदसाह गुनीस । तिन प्रगट कियेा क्रीड़ा रत ईस ॥ ता पाछे भई जुगति (भे कवि) अनेक । तिहि रचे काव्य करि करि विवेक ॥ काय प्रदीप में पंचवान । सुनि रोति हरन जानहि सुजान ॥ औ मदन विनेाद अनंग रंग । रति रंजन सप्तम रति तरंग ॥ पठि कमल काव्य करि करि विचार । वरनौ अनंद कवि कोकसार ॥ दोहा—षंड पंच दस अति सरस रचे सु वहु विधि छंद । पठत चढ़त अति चेाप चित बढ़त अखिल अनंद ॥ इति पंचदसम षंडः ॥ १५ ॥ इति श्री आनंद कवि विरचिते कोकसार संपूर्णम् श्री संवत् १९५८ शुभं भूयात् ।

Subject—पृष्ठ १ से ३५ तक । इसमें स्त्रियेां के संबंध के सब भेद तथा रति वर्णन है और स्त्री पुरुषेां के जेा दोषादि बताये गए हैं उनका वर्णन किया गया है ।

No. 13 (*i*), Kokasāra by Ānanda. Substance—Foolscap paper. Leaves—7. Size—8 × 6¼ inches. Lines per page—32. Extent—140 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—New. Written in prose and verse. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Vibhūti Prasāda, c/o Bauddha Bhikhu's Bungalow, Saheṭa Maheṭa, Bahrāich.

Beginning.—श्रीगणेशाय नमः । अमल कमल दल बरन नैन चंचल अनियारे । मधुर मधुर मुख वचन चारु कुंचित कचकारे ॥ लघु दीरघ नहिं अंग सर्व तन गर्व जनावत । धनवंती अति हेात येां परिमल वहु भावत ॥ हस्तिनी लक्षन ॥ तन भारी भारी भुजा भारी उरज अनन्द । भारी ग्रीव नितम्ब जुग चाल हस्तिनी मंद ॥ अपनी अस्तुति आपहि करै । निडर वचन अपस्वारथ करै ॥

दोहा—जा तिय के रति रुचि नहीं पिय बिलसै सेा माहिं। भामिनि दुति तन दोष कछु वृथा सकल श्रम ताहिं॥

End.—प्रमदा पैाढ़ि पीठि दै पति बैठे रति गांम। कटि कुच कामिनि केा गहैं आदित आसन नाम॥ तरुनी निज पांय पसारि परै। पिया तापर बैठि किलोल करै॥ जुग पीन पयेाधर पानि गहै। इहि नाम अनन्द संकेाच कहै॥ त्रिय दक्षिन पांय पसारि परै। पद दूसरेा कंध के कंध धरै। पति पानि गहै कुच केलि मचै। सिथला सव रूप अनन्द सचै।

Subject.—पृष्ठ १—२—स्त्री वर्णन, हस्तिनी लक्षण, काम वास वर्णन, पृष्ठ ३—४—इन्द्री प्रमान व स्त्री स्वभाव वर्णन, कामवती लक्षण, शरीरादि लक्षण से शुभाशुभ वर्णन पृष्ठ ४—६—चूरन, काम वर्द्धन, आनन्द वर्द्धन, येानि संकेाचन, बाल उड़ाने, झांई, मेाह करन गुटका, कामेाद्दीपन विधि। पृष्ठ ६—७—आसनें का वर्णन (अपूर्ण)।

No. 13 (*j*). Kokasāra Bhāshā by Ānanda. Substance—Country-made paper. Leaves—56. Size—8 × 5½ inches. Lines per page—17. Extent—420 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Badarīnātha Bhaṭṭa, B.A., University Lecturer, Lucknow.

Beginning.—श्री गणेशायनमः॥ श्री सरस्वतीभ्येानमः॥ अथ केाकसार भाषा लिख्यते॥ दोहा॥ ललित सुमन धन अलपनद तन छवि अभिनव कंद। मधु रति संग सुरति रवन जै जै मदन अनंद॥ १॥ ललित वचन सव कविन के सुरत करत बस केाइ। दृग अंजति सव कामिनी भेद सवन में होइ॥ २॥ कवित्त॥ ललित वचन ते जानि अंग चुनि चुनि औलिज्जहि। उकति जुगति अवधारि समुझि लहु गुर गण किज्जहि॥ रति विनेाद सेा ध्यान केाक विधि जेा जन जानहिं। सकल भेद निर्भाव केल वहु विधि सेा ठानहिं॥ दृग अँजित सेा कामिनी फिर कटाक्ष करि मनु हरै। नहिं कवि नहिं रति नहिं तरुनि जेान विविधि मन छवि धरै॥ ३॥

End.—अथ आसन सूचनिका॥ छप्पय॥ प्रथम जेाग रत जाँनि जानि मदनेादित नाँमहिं। और इन्द्र के भेद बहुरि लालस रस जाँमहि॥ जान जान विपरीति आन आसन अंबुजधर। रुचि पेाषत पुनि जानि जानि हित हरन परस्पर॥ जानहु तमाल मृणाल भनि सुष पल्लव सुमहावली। सुरत अंत आंनंद कवि षेाड़स आसन रति भली॥ ३४॥ अथ द्वितीय आसन रति—

दोहा—अरस उदित संकोच कहिं सिथिल सुनहु दै कान। पांचौ आसन द्वितोय रति सेा गिंदुक परवाँन ॥ ३५ ॥ वे षोड़स वे पंच कहि भये सकल इकईस। रुचि उपजवन सुख करन द्रावन रस.....

Subject.—पृष्ठ ४७ से ५१ तक—प्रार्थना, स्त्रियों के चित्रनी आदि ४ भेद। पृष्ठ—५१ से ५३ तक शशादि ४ भेद, पुरुष के वर्णन। पृष्ठ ५३ से ५६ तक—चन्द्रकला वर्णन, तिथि कामवास, जाम भेद, षट वैस वर्णन, पुरुष वैस वर्णन। पृष्ठ ५६—५९ तक षंड भोजन, विभचारी हेत, विरक्ता लक्षण, अनुरागवती लक्षण, काम वर्णन, प्रीति करन, द्रवन। पृष्ठ ५९—६३ तक नायक वर्णन, पुरुष शृंगार वर्णन, दूती वर्णन, वर्जित नारी, वाजी करन, स्तंभन, मेाद कामेश्वर वर्णन, पृष्ठ ६३ ६६ तक रति प्रमेाद, द्रवन विधि, स्थूली करन, संकेाचन विधि, मुक्त धातु करन, मूत्रकृच्छ औषधि, कचविधि वर्णन, पृष्ठ ६६—७० तक—लैाम शांति, पुहुप निवारन, मस उपाय, वाल तरुनी, उबटन, अलेाप विधि, येानि वर्णन, मदनांकुश, नषादि वर्णन, सुरति वर्णन, सेज्या वर्णन, पृष्ठ ७०—७४ तक—आलिंगन, प्रेम लगन, आसन मेाद, जेाग, अति रति, मदनेादित, इन्द्र, लालस विपरीत आसन, अंबुज, रुचि पेाषत, हित, मृग, परस्पर, मृणाल, सुख पल्लव, महांवल, सूरता, उदित, संकेाचन, शिथिल, गिंदुक, आलिंगन सूचनिका, सूचनिका रति आसन वर्णन। इति

No. 14. Sujāna Vinoda by Ānandaghana or Ghanānanda. Substance—Country-made paper. Leaves—18. Size—11 × 5½ inches. Lines per page—12. Extent—435 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Mahārāja Rājendra Bahādura Siṁha, Bhinagā Rāj, Bahrāich.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ कवित्त ॥ चातुर हेा रस आतुर हेाहु न बात सयान की जात क्यें चूकै। ऐसे अटानन ठानत हेा नित वैठे रहेा न परेा ढिग टूके ॥ देखि जियेा न छिपेा घन आनंद केावरे गात सुजान वधू के। चेालो चुनावट चेान चुभे चपि हेात उजागर दाग उतू के ॥ १ ॥

End.—कित में गयेा ढार अहेा ढरिकैं जेहि आखिन सेां महि देखत है। अलसानि इहै जिय वानि परी सरसानि के आनि निहेारत है ॥ घन आनंद मीत सुजान सुनेा तब तेा भली भाँतिन भारत है। मन मांझ जेा तेारन कीन्हेा हुतेा विसवासी सनेह क्यें जेारत है ॥ १२० ॥ इति ॥

Subject.—शृंगारिक कवित्तों का फुटकर संग्रह ॥ छंद १ से १२०—तक ॥

नोट—काशी में छप चुका है ।

No. 15*(a)* Śrīmad Bhagwadgītā Saṭīka by Ānanda Rāma. Substance—Country-made paper. Leaves—330. Size—$7\frac{1}{2} \times 4\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—17. Extent—2,454 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1871 or A. D. 1814. Place of deposit—Paṇḍita Śrī Nātha, Village Ḍālo, Post office Rāmanagar, District Sultānpur.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ धृतराष्ट्रउवाच ॥ धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः ॥ मामका पांडवाश्चैव किमकुर्वत संजय ॥ टीका—धृतराष्ट्र संजय सों बूझत हैं ॥ हे संजय धर्मक्षेत्र तामैं मेरे पुत्र और पाँडव एकत्र होइ कै कहा करत हैं ॥ श्लोक ॥ संजयउवाच ॥ दृष्ट्वा तु पाँडवानीकं व्यूढं दुर्योधनस्तदा ॥ आचार्य्यमुपसंगम्य राजावचनममब्रवीत् ॥ २ ॥ टीका—संजय धृतराष्ट्र सों कहत हैं ॥ दुर्योधन पांडवनि कौ सैन्या देषी ॥ द्रोणाचार्य्य पास जाइ कें वचन बोल्यो सो पांडवनि कौ सैन्या कैसा है व्यूह बनाइ कै रख्यो है ॥ २ ॥

End.—यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः ॥ तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवानीतिर्मतिर्मम ॥ ७८ ॥ टीका ॥ ताते हे धृतराष्ट्र अपने पुत्रन को राज को मनोरथ तू करैं जनि ॥ क्योंकि जहां साक्षात् ॥ योगेश्वर श्री कृष्ण जू है ॥ अरु जहां गांडीव धनुष और या अर्जुन हैं तहां निश्चै राजलक्ष्मी हैं और तहां विनय हैं अरु तहां अधिक अधिक वृद्धि है । तहां नितहं निश्चल है निश्चय यह मेरे वचन हैं मैं सत्य कही है मेरी मति सारी ॥ ७८ ॥ इति श्री गीतार्थ आनंदराम कृत समाप्त ॥ संवत् १८७१ शाके १७३७ भाद्रमासे शु० पौरमास्यां सोम ।

Subject.—श्रीमद्भगवद्गीता के अठारह अध्यायों का भाषानुवाद ।

No. 15*(b)* Bhagawadgītā Bhāshā by Ānanda Rāma. Substance—Country-made paper. Leaves—430. Size—$4 \times 2\frac{3}{4}$ inches. Lines per page—5. Extent—800 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1875 or A. D. 1818. Place of deposit—Paṇḍita Śyāma Vihārī Miśra, Golāgañja, Lucknow.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ भगवद्गीता भाषा लिषितं ॥ धृतराष्ट्रउवाच ॥ दोहा—धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में मिले युद्ध के साज। संजय मेा सुत पांडवन कीने कैसे काज ॥ १ ॥ संजयउवाच ॥ पांडव सेना व्यूह रचि दुर्योधन ढिग आय। निज आचारज द्रोण सों बोले ऐसे भाय ॥ २ ॥ पांडव सेना अति बड़ी आचारज तू देख। धृष्टद्युम्न तव शिष्य नै व्यूह रचौ जु विशेष ॥ ३ ॥ शूर धनुषधारी बड़े अर्जुन भीम समान। द्रुपद महारथ और पुनि है विराट युयुधान ॥ ४ ॥ धृष्टकेतु और काशिपति चेकितान बलवंत। कंति भोज और सैव्य (पुन) पुरुजित शत्रु निकंत ॥ ५ ॥

End.—इति श्री भगवद्गीता माहात्म्य समाप्त संक्षेपो ॥ गीता की महिमा कोऊ कहि न सकै जग माहि। कृष्ण कृपा सूं पाइये कृष्ण कृष्ण मनिगाइ ॥ शुभ संवत्सरे श्री नृपति विक्रमादित्य राज्ये ॥ १८७५ ॥ शाके शालिवाहनस्य १७४० ॥ मासोत्तम मासे भाद्रपद कृष्ण पंचम्यांयां भृगुवासरे शुभमस्तु ॥ लेखक पाठक चिरायुरस्तु ॥ शुभं ददातु ॥ श्री कृष्णार्पणमस्तु गुरु विप्र प्रसादात् ॥ श्री कृष्णाय नमः ॥ श्री सीता रामाय नमोनमः ॥ इति ॥

Subject. दोहा १—४७ तक अर्जुन का दोनों सेनाओं में निज बंधु बांधव देख कर विषाद और वैराग्य युक्त होना। छंद ४८ से १२२ तक कृष्ण का अर्जुन को सांख्ययोगानुमोदित अर्जुन की शंकाओं का समाधान करना। छंद १२३ से १६५ तक—कृष्ण जी का कर्मयोग का प्रतिपादन करना तथा उसका सिद्धान्त समझाना ॥ छंद १६६—२०७ तक कर्म संन्यास योग वर्णन। छंद २०८ से २३६ तक प्रकृति योग वर्णन। छंद २३७ से २८४ तक—आत्म संयमन का वर्णन। छंद २८५ से ३१४ तक—ज्ञान विज्ञान निर्देश कथन। छंद ३१५ से ३४३ तक ब्रह्मयोग वर्णन। छंद ३४४-३७७ राजविद्या व राजयोग वर्णन। छंद ३७८-४२० तक-श्री कृष्ण का अर्जुन को योगशास्त्रानुमोदित विभूतियों का वर्णन करना। छंद ४२१—४७६ तक। विश्वरूप विराट दर्शन कथन। छंद ४७७—४९७ तक भक्तियोग वर्णन। छंद ४९८ से ५३२ क्षेत्र क्षेत्रज्ञ निर्देश वर्णन। छंद ५३३ से ५५८ तक त्रयगुण निरूपण। छंद ५५९—५७८ पुरुषोत्तम योग वर्णन। छंद ५७९ से ६०३ तक देव व असुर संपति विभाग वर्णन। छंद ६०४—६३१ तक—श्रद्धा की विशेषता का वर्णन। छंद ६३२ से ७१२ तक। मोक्ष संन्यास योग वर्णन। छंद ७१३ से ७२१ तक गीता माहात्म्य वर्णन ॥

Note.—यह ग्रंथ पहले भी कई बार खोज में मिल चुका है। किसी ने इसे गोस्वामी तुलसीदास कृत और किसी ने अन्य कवि का रचा बतलाया है। वेंकटेश्वर प्रेस ने फतहपुर ज़िला निवासी हरि वल्लभ के नाम से प्रकाशित

किया है । उन्होंने अपने नाम का दोहा बना कर मिला भी दिया है । उस पुस्तक में रचयिता का नाम नहीं है । पहले इस पर एक विस्तृत नोट लिखा जा चुका है । उस पुस्तक की भाषा कुछ कुछ रेवाड़ी प्रान्त कीसी कर दी गई है । शेष वर्णन पूर्व प्रतियों जैसा ही है ।

No. 15(*c*). Paramānanda Prabodha by Nājara Ānanda Rāma of Vikramanagara. Substance—Country-made paper. Leaves —102. Size—9 × 3½ inches. Lines per page—8. Extent—46 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Bhāgīrathī, Village Pīparpura, District Sultānpur.

Beginning.—श्री गणेशाय नमः ॥ अथ श्री भगवद्गीता भाषा टीका दोहा सहित आनंदराम कृत परमानंद प्रबोध लिखाते ॥ दोहा ॥ हरि गोरीश गनेश गुरु प्रनवों सोस नवाई ॥ गीता भाष्यारथ करौं दोहा सहित बनाई ॥ १ ॥ सुथिर राज विक्रम नगर नृप मुनि नृपति अनूप । थिर पायो परधान यह राज सभा को रूप ॥ २ ॥ नाजर आनंदराम कैं यह उपज्यो चित चारु । गीता की टीका करो सुर श्रीधर भारु ॥ ३ ॥ आनंदराम अन्ह कों नाजर अति परवीन । सुधर सुधारि विचारि कै, जन हित करी नवीन ॥ ४ ॥ आपुहीं आनंदराम यह टीका रची बनाई । निस दिन हरि हर देव सेा गिरधर कृष्ण सहाई ॥ ५ ॥ गीता ज्ञान गंभीर लिषि रची जु आनंदराम ॥ कृष्ण चरण चित लह्यो, मन में अति आराम ॥ ६ ॥ आनँद मन उछव भयेा हरि गीता अवरेषि ॥ दोहारथ भाषा लिषी बानी व्यास विसेष ॥ ७ ॥ जेा यह गीता समुझि कैं हिरदै धारै सेाई । ब्रह्म मगन निस दिन रहै कर्म लिये नहीं कोई ॥ इति आदि दोहा संपूर्णन ॥

End.—पृष्ठ ९८ त्रयोदशअध्याय ॥ अर्जुनउवाच ॥ प्रकृत कवन अरु पुरुष को छेत्र छेत्रज्ञ कहाज यह जानन की लालसा ज्ञान ज्ञेय जदुराज ॥ १ ॥ श्री भगवानुवाच ॥ छेत्र कहत शदेह सेां अर्जुन ज्ञानी लेाइ ॥ जानत हैं जेा देह कों सेा छेत्रज्ञ जु होई ॥ २ ॥ छेत्रज्ञ मेाकों जान वसत सवन की देह ॥ यहै ज्ञान को जानिवेा मेरेा मत है एह ३ ॥ छेत्र जहां तें है भयेा जेा है जैसें भाइ ॥ जे विकार या मांझि है । कहूं संछिप सुनाइ ॥ ४ ॥ रिषिनु कहै वहु भांति जे औरनिहुं येा भाषि । हेतु वादि निहचै जु करि कह्यो उपनिषद साषि ॥ ५ ॥ महाभूत अहंकार बुद्धि अरु माया हुं जानि । एकादश इंद्रिविषे शब्दादिक हू मानि ॥६॥ इछा सुष दुष चेतना द्वेष धीरता एह ॥ यहं मै कह्यो संछेप सें छेत्र जानि तू लेहि ७ ॥

× × × × ×

Subject.—श्री मद्भगवद्गीता की दोहा तथा गद्य में टीका। प्रारम्भ में कवि ने अपना परिचय इस प्रकार दिया है:—सुथिरराज विक्रम नगर नृप मुनि नृपति अनूप ॥ थिर पायेा परधान यह राज सभा को रूप ॥ नाजर आनंदराम के यह उपज्येा चित चाउ ॥ गीता की टीका करी सुर श्रीधर भाउ ॥

Note.—नाजिर आनन्दराम ने दोहों में गीता का अनुवाद किया है। उपस्थित पुस्तक खंडित है; उसमें ५३ अध्यायों का पता नहीं है। यही कारण है कि पुस्तक के निर्माण काल तथा लिखने का समय निश्चित नहीं हो सका। कविता साधारण है, कहीं कहीं पर अन्त्यानुप्रास मिलाने के लिये कवि ने मनमानी की है। फिर भी अर्थबोध कराने का भरसक प्रयत्न किया है। एक एक श्लोक की टीका एक एक दोहे में की गई है ॥ पुस्तक सौ वर्ष से अधिक समय की लिखी हुई ज्ञात होती है।

No. 16. Śrī Ānanda Prakāśa by Guru Ānanda Simha of Āzamagaḍh. Substance—Country-made paper. Leaves—58. Size—11 × 7 inches. Lines per page—11. Extent—1,634 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Kaithī Muḍiyā. Date of Composition—Samvat 1914 or A. D. 1857. Date of manuscript—Samvat 1934 or A. D. 1877. Place of deposit—Rāma Nātha Lāla, Kāśī.

Beginning.—श्री गनेश जी सहाइ। श्री हनुमान जी सहाइ। श्री सरस्वती जी सहाइ। श्री सतनारायन जी सहाइ। श्री माई लक्ष्मी जी सहाइ। श्री आनंद परकाश ग्रंथ गुरनारायन सींह ने वनाया था सेा इस पेाथी पर रघुनाथ परसाद ने आज मीः अगहन सुदी पंचमी वार रवि वासरे लीखने को आरंभ किया संमत १९३४।

श्री गुरुचरन सरेाज जुग । धुरी परम पे आग।
मन मधुकर मम पान करी । रहेा सदा अनुराग ॥
गनपत चरन मनाइ करि । सकल सैामंगल मूल।
भाषा कीत रचना रचैा । वेगहि हुअ अनुकूल ॥

संमत अवी। दोहा। वैानईस कहेाअत सएकरा चार अवर अधीकार। अगहन सुकुल एकादशी रहयेा सनीचर वार।

End.—गुरीच नीम को छाल पुनि रामसटी सींधासु। पपला नीसा पटेाल दल कंटकारी दोए वासु। एही को कोआथ करीके पीअै। पीतजर की हानी। पीत कफ जर के हरै जेव तमी नासै भानु। अथ परपटी लाई। दोहा। चंदन

अरून पटोल दल गुरच मुरहरा साथी। तीकुत्या मीलो काढ़ो करै पीत कफ कौ कौआथी। दछादी काढ़ा। चौपाई। दाख गुरुच अरु सादल लीजै। कुटको रातो चंदन दीजै। इन्द्रजवा परवर के पातो। मैथाराम भारंगी जातो। एह काढौ जो कोई करै। पीअतो पीत कफ को जर हरै। खासो स्वास दाह मौटी जाई। पाप पुन्य हरनाम नसाई॥

Subject.—वैद्यक। पृष्ठ १-२ तक पंच देवता वंदना, ग्रंथ नाम, ग्रंथकर्त्ता का नाम, लेखक का नाम, लिखने का संवत, गुरु वंदना, कविता का संवत, दिन, तिथि, कवि का स्थान, उसका वंश-वर्णन, पृष्ठ २—१० तक। वैद्य लक्षण, आरतस्व लक्षण, नारी परीक्षा, दूत परीक्षा, दूत की पहिचान, दूत वचन परीक्षा, दूत नाम परीक्षा, सुर परीक्षा, असाध्य लक्षण, दूत यात्रा लक्षण, शुभ शगुन परीक्षा, पृष्ठ १०—१२ तक। अंग परीक्षा, मुख परीक्षा, जीभ परीक्षा, नेत्र परीक्षा, पृष्ठ १२-१६ तक। दो दोष वर्णन, मूत्र परीक्षा, तेल परीक्षा, असाध्य लक्षण, पुनः मूत्र परीक्षा, पुनः मूत्र परीक्षा, तेल परीक्षा, पृष्ठ १५-१६। साधु लक्षण, समान लक्षण, अशुभ लक्षण, पृष्ठ १६—२२ तक। मल परीक्षा असाध्य, दृष्टि परीक्षा, असाध्य लक्षण। पृष्ठ २२—२७ तक। पित्त कोप का निदान, कफ प्रकोप निदान, अग्निकोप का निदान, धातु प्रकोप निदान, (वात, पित्त, कफ) स्थान लक्षण, समान दोष निवारण विधि, बात विशेष करण विधि, पित्त विशेष निवारण विधि, कफ विशेष निवारण विधि, तप वोधक विधि, औषध जापन प्रकार, साध्य असाध्य का विचार, औषधि थापनौ विधि, औषधि पाचन मंत्र, औषधि भक्षण मंत्र। पृष्ठ २७—३४ तक असाध्य लक्षण, साध्य लक्षण, दूसरा, असाध्य लक्षण, काल ज्ञान, काल चक्र, द्वादसाह चक्र गृह विचार, पूर्व ज्वर निदान चिकित्सा, ज्वर के दस उपद्रव, चौरासो रोग नाम। पृष्ठ ३४—३७ तक। बातज्वर लक्षण, पित्तज्वर लक्षण, कफज्वर लक्षण, वात पित्त लक्षण, कफ पित्त लक्षण, वात कफज्वर लक्षण, आगंतुक ज्वर निदान, आगंतुक ज्वर लक्षण, सन्निपातज्वर लक्षण, रसज्वर लक्षण, मलज्वर लक्षण, खेदज्वर लक्षण, दृष्टिज्वर लक्षण, विषम ज्वर लक्षण, जीर्ण ज्वर लक्षण, नरसिंहज्वर लक्षण, अर्धनारी नरेश्वर ज्वर लक्षण, समानज्वर लक्षण, पृष्ठ ३७-४० तक। शीत विषमज्वर लक्षण, कालज्वर लक्षण, कालज्वर दूसरा लक्षण, तीसरा प्रकार, ज्वर उपचार, दूसरा उपचार, सर्वज्वर लक्षण, मुक्तज्वर लक्षण, वेमुक्त ज्वर लक्षण, पंचकोल आदि, मंड षटगुन भार, अष्टगुन मंड, कचूर कुरथो, सोंठ का मंड, अष्टगुन मांड, दूसरा प्रकार, वादी मांडु, लज मांडु। पृष्ठ ४०—४३ तक। प्रथमज्वर निदान, प्रथमज्वर चिकित्सा, सर्वज्वर का गुरच्यादि काढ़ा, मुलेठो का काढ़ा जोग संग्रहन ते सर्वज्वर का, पीपलादि काढ़ा, द्राक्षादि काढ़ा

किरात्यादि काढ़ा, सेनापति क्वाथ, वातज्वर का चूर्ण, नागरादि चूर्ण, ज्वरादि रस। पृष्ठ ४३—५१ तक। नागरादि वटी, ज्वर अंधनी गुटका, वात शिर व्यथा की चिकित्सा, पीतज्वर चिकित्सा, त्रैमाना मधु जेष्ठी, मुख मलनी, परपरादि काढ़ा, मिर्चादि चूर्ण, वंशलोचनादि चूर्ण, पित्त दाह चिकित्सा, शिरलेप, दूसरी मुख-शोथ चिकित्सा, काकज्वर चिकित्सा, बीजपुरादि चिकित्सा, वासादि क्वाथ, दूसरा पीपलाक्वाथ, आमिलादि काढ़ा, त्रिफलादि क्वाथ, दशमूलादि काढ़ा, लघु पीपलादि काढ़ा, दूसरा, त्रीदमने गोली, जावित्री गुटिका, काकज्वर की नास, दूसरी नास, काकज्वर का अवलेह, चपलादि अवलेह, शिर लेप, दूसरा लेप, अवलेह वर्णन, पृष्ठ ५१—५९ तक। त्रिकुटादि वटी, ज्वरांकुश रस, महा ज्वरांकुश रस, सिद्धवटी, मेघ डंबर रस, द्विदोष चिकित्सा, क्वाथ, दूसरा क्वाथ, किरातादि काढ़ा, पंचभद्र काढ़ा, त्रिफलादि काढ़ा, मधुकरादि काढ़ा, चंद्रकल रसाह, गुरुच्यादि काढ़ा, दूसरा काढ़ा, तीसरा काढ़ा, चिरैतादि काढ़ा, पाढ़ी आदि काढ़ा, कंटकारादि काढ़ा, नीमादि क्वाथ, अमृताष्टक काढ़ा, दूसरा काढ़ा, पंचभद्र कूटादि क्वाथ, दूसरा क्वाथ, गुरूच्यादि काढ़ा, परपटोलादि, द्राक्षादि काढ़ा।

Note.—ग्रंथकर्त्ता आजमगढ़ के रहने वाले थे। वहां के राजा गौतम थे। नाथसिंह के गुरदयाल और उनके कन्हई सिंह बड़े पंडित हुए। उनके दो पुत्र गुणवान हुए जिनका नाम गुणनिधान और आनन्द था, छोटे आनन्द सिंह ने इस ग्रंथ की रचना की। ये सूर्य्यवंशी थे। पुस्तक की लिखावट कैथी मुड़िया मिश्रित होने से वह बड़ी कठिनाई से पढ़ी जाती है। विषय उत्तम रीति से वर्णन किया गया है, पर पद्य रचना में त्रुटियां पाई जाती हैं।

No. 17. Kavitta Saṅgraha by Ananta Kavi. Substance—Country-made paper. Leaves—22. Size—9½ × 5 inches. Lines per page—22. Extent—212 Anushṭup Ślokas. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Badarī Nātha Bhaṭṭa, B.A., Lucknow University.

Beginning.—एक सहो इत को सतराहतु औ मोहि दोस लगावतु औऊ। अनंत कहा इतै मान हमारो कहा करिहै दुष मानि कै कोऊ॥ इतैं तो स्याम उतैं है वे भामिनि आपुहि आप महा रस होऊ। निहारेंव बीच परै सोइ वावरो हौ तुम एक परा पढ़ै दोऊ॥ आउ जू आउ चलो उठि देखौ वे ठाढ़ो है मोहन ह्वां तवहीं तैं। नाहिन नेक कहूँ कल तेरसैं आई तूं ह्यांते इहां जबहो तैं॥ और तौ देखी सुनीहो अनंत पै रूस रसानी सखी तवहो तैं। भूलति है तितनो सो तो होहि तूं ठठन सीखी कहा अबहो तैं॥

End.—कौन को उपमा देउं कौन बड़भागो ऐसो इनहू तें रूप गुनको वस सरसानो है। अनंत अनूप अंग अंग है अमृतमय कविताई यहै है जु कुच कठिनाई है॥ उरवसो मेनका तिलोत्तमाऊ और कोऊ पाइहूं न बांधो सोहै ऐसो विधि बानो है। मति इतिराहु काहू गोरो सो राधिका मोहन प्यारे सब पर पानो है॥

Subject.—इस ग्रंथ में अनंत कवि के कवित्तों और सवैयों का संग्रह है। इसमें शृंगार रस के ७० छंद हैं।

No. 18(*a*). Kabīra kī Kathā by Ananta Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—8. Size—12 × 10 inches. Lines per page—50. Extent—300 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1645 or A. D. 1583. Place of deposit—Paṇḍita Nārāyaṇa Datta, Village Nārāyanpur, Post office Sidhaulī, District Sītāpur.

Beginning.—श्रीगणेशायनमः॥ अब कबीर कथा लिष्यते॥ चौ०॥ रामानंद को सिष्य कबीरा। मत का साँचा भक्ति को धीरा॥ करो कबीर भक्ति लौ लाई॥ छांड़ी माया लोक बड़ाई॥ पहिले तौ दासातन कीन्हो। बहुतक सुष भगतन कौ दीन्हो। कपरा बिनै बेंचि लै आवै। विढ़ता होइ सेा षाइ षवावै। एक दिन हरि परचौ लीन्हा। दरसन आइ चौहटे दीन्हा॥ सुनो कबीर तुम्हारो नाऊं। ताते आयो तुम्हरे गाऊं॥ भक्त का रूप किया तन छीना। वस्तर मांगै होइ अधीना॥ आधा फारि देन जब लागा। सारा देहु भक्त हौं नागा॥ दीन्हा तुरत वार नहिं लाई। तब कबीर घर को नहिं जाई। हाटै वाटै रहै लुकाई। घर के काहू सुधि नहिं पाई॥ दिवस तीनि के मानस भूषे। बालक रोवै बहुत विदूषे। तब हरि कीन्हो अैसो दाया। घर बैठे बारदि लै गया॥ बहुत सौज ले आनि उतारो। बरजत ही बषरी मैं डारो। घर में धरो कबीर को माता। राम देत है तुम्हरो दाता॥ का है राम कौन को दाता। सुनै कबीर करै अपघाता॥ दीन्हे लेइ न काहू मागै। लाष टका जो धरिये आगे॥

End.—बैठहु यहु बैकुंठ तुम्हारा। रहौ सदा यह भाग हमारा॥ सिद्ध सनेह करै अधिकारा॥ सोपन करै कुबेर भंडारा॥ कहौं कहा लौ सब सुषजेता। भया विआपी देह सहेता॥ भक्तन के संग लागेा डोलै। अरु भक्तन के घट घट बोलै। हरि अपनो जसु आपै गावै। जन को जसु दै प्रीति बढ़ावै॥ येतो कथा कहौं हरि केरी। कहत सुनत मुक्ति भई चेरी॥ नरनारो जे गावैं कोई। निहचै सब सुष पावै सोई॥ नासै रोग त्रषा सब जाही॥ उपजै ग्यान भक्ति मन माहीं॥ विद्या हीनो

विद्या पावै। जो कवीर जसु को रुचि गावै॥ कवीर है करता कीकरा। भक्ति काज पुहमी औतरा॥ निर्गुन कहा कवीर विचारा। ताते भव जल उतरो पारा॥ सर्गुन जपत न संसै भागै। जब लगि चित्तु न निर्गुन लागै॥ गिरपति जारि वारि मसि कोजै। भार अठारह लेषनि कीजै॥ सात समुद्र कै कीजै दोतो। वसुधा ज्यौं कागद को होतो। सारद लिषत न आवै अंता। का कहि गावै दास अनंता॥ दोहा॥ दास अनंत न जानही हरि की कथा अपार। कछु कछु कही कवीर की सत गुरु के उपकार॥ इति श्री कवीर दास की परचई समाप्तः दास अनंत विरचितायां॥

Subject.—इस पुस्तक में कवीर परचई अर्थात् कवीर दास की भक्ति महिमा का वर्णन है।

Note.—इस ग्रंथ के रचयिता ने और भी कई ग्रंथ रचे हैं। निर्माण काल इसका १६४५ है क्योंकि नामदेव की कथा को इन्होंने संवत् १६४५ में रचा है और अंत में समाप्ति पर वर्णन किया है कि अब मैं कवीर की कथा वर्णन करता हूं। जैसा इससे प्रगट होता है:—दास अनंत कथा कही नामदेव जसु गाइ। अब जसु कहौं कवीर को सुनहु सकल चितलाइ॥

No. 18(*b*). Nāmadeva kī Kathā by Ananta Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—2. Size—12 × 10 inches. Lines per page—50. Extent—75 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character- Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1645 or A. D. 1588. Place of deposit—Paṇḍita Nārāyaṇa Datta, Village Nārāyanapur, Post office Sidhauli, District Sitāpur.

Beginning.—श्री गणेशायनमः॥ अथ नामदेव की कथा लिष्यते॥ चौ०॥ अलष निरंजन विनवौं तोही। साध संगति दे मागौं सोही॥ संवत सोरह सै पैताला। वानी बोलै वचन रसाला॥ अंतरजामी आज्ञा दीन्ही। दास अनंत कथा कहि लीन्ही। मागौं भक्ति अरु ब्रह्म गिआना। कथा भागवति आदि पुराना॥ भक्ति हेत हरि के गुण गाऊं। गुरु परसाद परमपद पाऊं॥ वित उनमान बुद्धि उपजाऊ। भक्तन की परचई सुनाऊ॥ सतगुर त्रेता द्वापर भयऊ। उन भक्तन को अंतर लयऊ। उन भक्तन को अंत न जानौ। कलजुग केरे भक्त वषानौ॥ प्रथम नामदेव कलजुग भयेा। केशव वस अपने करि लयेा। दूध पिवाय दोहरा फेरा। पातिसाह सों झेगरा निवेरा॥ तन मन पारब्रह्म को अरपेा। गाइ जिआइ हाथी डरप्येा। सूषी सेज्या जलते आनी। राजा परजा सबही जानी॥ अपने हाथ छानि

हरि छाई । स्वान रूप ह्वै रोटी षाई ॥ वरध जिआयेा गाड़ी चालो । हरि जेा बात कही सेा घालो ॥ येक लगन कारज सब सारे । परचेा पूरे अनंत अपारे ॥

End.—दोहा ॥ अर्धनाम को पटतरै देवै को कछु नाहिं । सकल रिद्धि सिद्धि जेती सब झूठी ह्वै जाहिं ॥ चौ० ॥ धालि तराजू तौलन लागा । भया अचंभा सेावत जागा ॥ सेाना रूपा आनि चढ़ावेा । मानिक मेाती लै लै धावै ॥ वही तुला मेलै दल धरिआ । तऊ न हेाय पात समसरिआ ॥ द्रव्य चढ़ाया जेा घर माहीं । बहुरि उधारे लेने जाहीं ॥ जेते वनिये न्येाते आये । तिन सब अपने द्रव्य चढ़ाये । दल का पला न धरती छाड़ै । लेाक वेद के धर्म षाड़े ॥ ता पाछे वेालो घर नारी । तेहि का अभूषन लिया उतारी । गारी दै दै नारी रेावै । कहा निपूता तू घर षेावै ॥ वाजा वाजत वरजेा वनियां । मंगल जनि गावेा कामनियां ॥ कहत नामदेव मत न उलावेा । अपना अपना धर्म चढ़ाओ । नामदेव कहा सेा हम मानी । करै संकल्प पालै लै पानी ॥ काहू ब्राह्मण लाष जिमाये । काहू होम हजार कराये । काहू तीरथ जप तप कीन्हा । सकल धर्म तव अहड़े दीन्हा ॥ गई कला तव साह षिसियाना ॥ तापर ब्राह्मण बहुत रिसाना ॥ करै दंडवत वहु मनुहारी ॥ मैं गति नाहीं लषी तुम्हारी । लेवेा द्रव्य उठावेा नामा । सेा हम दियेा जेा दिवायेा रामा ॥ राम दिवायेा कब तुम दीन्हा । करहु बड़ाई राम न चीन्हा ॥ जेा तुम पात वरावर देते । तेा हम द्रव्य तुम्हारेा लेते ॥ ताते तुम्हारा तुम को दीजे ॥ अब ओछा काहे को लीजै ॥ नामदेव दल लिया उठाई । जाकै विट्ठल सदा सहाई । वनिये अपना द्रव्य उठायेा । अर्धनाम का परचा पायेा ॥ येता परचेा कहिये केता । नामदेव को दीन्हा जेता ॥ दोहा ॥ दास अनंत कथा कही नामदेव जसु गाइ ॥ अब जसु कहै कवीर कै सुनहु सकल चितलाइ ॥ इति ॥

Subject.—इसमें नामदेव की कथा है ॥

No. 18(*c*). Rājā Pīpā kī Kathā by Ananta Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—30. Size—12 × 10 inches. Lines per page—50. Extent—1,500 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1645 or A. D. 1588. Place of deposit—M. Jñāna Simha, Village Mādhopur, Post office Biswān, District Sītāpur.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ पीपाजी की कथा लिष्यते । सत संतन की आज्ञा पाऊं । पीपाजी की कथा सुनाऊं ॥ गागरौनि पुर पट्टन थानू । कीन्हेा दास अनंत वषानू ॥ गागरौन पुनि वरनै कैसा । षेदे पाप धर्म पुनि

वैसा ॥ वहु विधि वारी कुआ निवासा । अरु मंडप सोभित चहुं पासा ॥ तेहि पुर पीपा वीची राऊ । परजा को दुष देइ न काऊ ॥ राजनीति राषै परवानू । रन-सूरा धरमिष्ट सुजानू ॥ कुल छत्तीस वसै तेहि ग्रामा । दान पुन्य सवही के धामा ॥ पीपा पूजै ग्रादि भवानी । देवी नगर कोट की रानी ॥ वहु विधि करै मात की सेवा । ग्रौर न कोई दूजो देवा ॥ देवी हेत करै सब धर्मा । जानै नहीं मुक्ति को मर्मा ॥ छठे महीना होमु करावै । चैत्र कुंवार ग्रष्टमी ग्रावै ॥ शुक्लपक्ष पूजा ग्रारंभै ॥ ग्रष्ट दिना व्रत सो मनु थंभै ॥ निसि वासर वेदी न वुझावै । विप्र ग्रासरी रैन जगावै ॥ पोथी भनि भनि ग्राहुति देई । साकल होम वासना लेई ॥

End.—जव लगु मन में दुविधा होई । तव लगु ब्रह्म न चीन्है कोई ॥ निर्वैरी ग्ररु निर ग्रभिमानी । तासों कहिये ब्रह्म गिग्रानी ॥ देस देरावड़ उपजी भक्ती । जो साधै सो पावै मुक्ती ॥ चारि संप्रदां भीतर ग्रावे । सो भक्ता हरि के मन भावै ॥ सदा कुली न कहावै सोई । मुक्ति नहीं तौ ग्रगति न कोई ॥ हरि राषै वाने को लाजा । ताको कहा करै जमराजा । श्री रामानंद के ग्रनंतानंदा । सदा प्रगट ज्यों पूरन चंदा । ताके कृष्णदास ग्रधिकारी । सव कोइ जाने दूधा धारी ॥ ताको ग्रग्र ग्रागरो प्रेमू लै वैठे सुमिरन को नेमू ॥ ग्रग्र को सिष्य विनोदो पाई । ताको दास ग्रनंत पै ग्राई ॥ ता प्रसाद परचाई भाषो । सुनहु संतजन सांची साषी ॥ यह परचई सुनै जो कोई । सहजै सव सुष पावै सोई । वक्ता श्रोता पावै मोषा । नासै कर्म हेत को दोषा ॥ यतनो कथा कहो पीपा की । जानो वुद्धि सप्त दीपा की ॥ तीरथ कोटि करै ग्रस्नाना । देहि वहुत विधि करि के दाना ॥ जोग जग्य व्रत जप तप जेता । हरि की भक्ति न पूजै नेता ॥ सुर नर मुनि ब्रह्मादिक गावे । पारब्रह्म को ग्रंतु न पावै ॥ दोहा ॥ दास ग्रनंत कहा कथै सारद लिषत न छोर । सेसनाग गावै सदा नूतम गुण उठि भोर इति श्री ग्रनंत विरचितायां पीपाजी की कथा वरननं समाप्तं लिषितं रामनाथ पांड़े ॥

Subject.—गागरौन पाटन का राजा खीची जाति का देवी उपासक था । वह बड़े प्रेम भाव से देवी की पूजा नवदुर्गों में करता था । जब देवी ने प्रसन्न होकर वर मांगने के लिये कहा, तो उसने मुक्ति मांगी । देवीजी ने कहा कि रामानंद गुरू बनारस में रहते हैं, वहां जाग्रो । वहां जाने पर गुरू ने परीक्षा लेने के लिये कहा कि ग्रंधकूप में गिरो, जव वे ग्रंधकूप में गिरने चले तो रामानंद ने मूंड़ मुड़ाय शिष्य किया । वाद को वे गागरौन लौट कर ग्राए ग्रौर द्वारकापुरी जाने लगे तो सव रानियां साथ लगीं, पर केवल सीता उनके साथ रही । फिर दोनों ने ईश्वराराधन में मन लगाया ग्रौर कई वार इनकी परीक्षा ली गई । ये ग्रच्छे भक्त ग्रौर ईश्वर प्रेमी सिद्ध हुए । इसी कथा का इसमें वर्णन है ।

Note.—इस ग्रंथ का निर्माणकाल १६४५ है जो नाभदेव की कथा से प्रगट है। ग्रंथकार द्रविड़ देशवासी थे। इसकी चौपाई इस प्रकार है—देस दरावड़ उपजो भक्ती। जो साधै सेा पावै मुक्ती। प्रथम रामानंद हुए तिनके अनंतनंद, तिनके कृष्णदास, तिनके अग्रदास तिनके विनोदीदास, तिनके दास अनंत हुए॥

No. 19. Vichāramāla by Anātha Dāsa. Substance—Foolscap paper. Leaves—36. Size—$5\frac{3}{4} \times 3\frac{3}{4}$ inches. Lines per page—14. Extent—252 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1726 or A. D. 1669. Date of manuscript—Samvat 1924 or A. D. 1867. Place of deposit—Lālā Tulsī Rāma Śrīvāstava, Rāe Barelī.

Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ विचार माल लिष्यते॥ दोहा॥ नमेा नमेा श्री रामजू सतचित आनद रुप। जेहि जाने जग स्वप्नवत नासै श्रम तम कूप॥ १॥ राम मया सतगुरु दया साध संग जब होइ॥ तब प्रानी जानै कछु तैा रहै विषै रस भेाये॥ २॥ पद वंदन आनंद जुत करि श्री देव मुरारि विचार माल वरनन करैा मैानी जी उर धारि॥ ३॥ किं मैानं॥ येह मै मम वह नहिं जब सब विकल्प भयेा छीन। परमातम पूर्ण सकल जानिय वनता लीन॥ ४॥ श्री गुर अस्तुति तात मात भ्राता सुहृद इष्टदेव नृप प्राण॥ अनाथ सेा गुर सब ते अधिक दान ज्ञान विज्ञान॥ ५॥ प्रगट पहुमि गुर सूर दुति जन मन लीन प्रकास। अनाथ कुमूदिनि विमुष जन कबहु न लेत हुलास॥ ६॥ टेरत सतगुर दया करि मेाह नींद सेावंत जाग्रो ज्ञान लेाचन षुल्येा सेाल्प भ्रम विसरंत॥ ७॥

End.—हैा अनाथ केहि की सुमति वरनैा माल विचार राम मया सत गुरु दया साध संग निरधार॥ २०६॥ पुरि नरेातम नृमयेा परतीते भगवान वरनि माल विचार यह अज्ञा तिनकी मानि॥ २०७॥ लिषै पढ़ै अति प्रीति जुत औा पुनि करै विचार॥ छिन छिन ज्ञान प्रकास ते होइ सेा रविहि प्रकास॥ २०८॥ गीता भरथ को मता येक दास को जुक्ति अष्टावक्र वसोष्ट पुनि कछुक वेद की उक्ति॥ २०९॥ सेारठा॥ सत्रा सै छविस संवत माधेामास सुभ येा प्रति कहैा जतिस तेहिके वरनि (प्रति कहैा) प्रगट करि॥ २१०॥ मुरूष को न सुनाइये नहि जाके जज्ञास कितैा करै विषाद कछू को मन होइ उदास॥ २११॥ अथित मता गुर श्रुति विषै हिदै सेा दृढ जज्ञास अभिमान रहि धर्मत तेहि प्रति कहु प्रकास॥ २१२॥ मुक्ति वेवेक वैराज्ञ जेा वंधन विषै सनेह। अनाथ मतेा सब ग्रंथ को मन मानै सेा करेह॥ २१३॥ इति श्री विचार माल लिष्यते सम्पूर्णम् सुभ सुभादैा मासे कृश्न पछे तिथैा दीतियया शनिवासरे संम्वत १९२४।

Subject.—रामस्तुति, गुरु, साधु संगति से ज्ञानकी प्राप्ति, गुरु वंदना, मौन के लक्षण, गुरु स्तुति, गुरु महिमा और उनसे ज्ञान की प्राप्ति का वर्णन। आशा, तृष्णा, चिंता, पीड़ा आदि से घिरे हुए इस संसार से पार जाने के लिये ज्ञानोपदेश के हेतु गुरू से विनती ॥ मोह का वर्णन, मन की चंचलता का वर्णन, मन स्थिर करने के उपाय का वर्णन, विषय वासनाओं का वर्णन, सत्संगति महिमा वर्णन, संत के लक्षण वर्णन, ज्ञान सप्त भूमिका का वर्णन, निर्मल ज्ञान का वर्णन, शरीर रचना का वर्णन, अष्ट प्रकार के मैथुन का वर्णन, विषय विकार से दूर रहने का उपदेश, मन का धर्म वर्णन, अहं ब्रह्म का वर्णन, आत्मा और शरीर की भिन्नता का वर्णन, उष्ण के छः धर्म, देह के छः विकारों का वर्णन, इंद्रियों का वर्णन, मन और बुद्धि का वर्णन, आत्मा और संसार का वर्णन, संसार की असत्यता का वर्णन, संसारी भ्रम का वर्णन, एक स्वयं प्रकाश का वर्णन, शिष्य का अनुभव वर्णन, गुरू का शिष्य की विज्ञान विषय में परीक्षा लेने का वर्णन, वैराग्य का वर्णन, स्नेह का वर्णन, ज्ञानी का वर्णन, शांति का वर्णन, मुक्ति प्राप्त प्राणियों की महिमा का वर्णन, ज्ञान से प्रज्ञान रूपी अंधकार का नाश होने का वर्णन, जागृत, स्वप्न और सुषुप्ति अवस्थाओं का वर्णन, विस्मय और हर्ष का वर्णन, चिदानंद का वर्णन, शुद्ध स्वरूप का गुण वर्णन, विचार माल की महिमा का वर्णन, उसके पढ़ने सुनने से लाभ, गुरु कृपा का वर्णन, निर्माण सम्वत्, मूर्ख के लिये पुस्तक सुनाने की मनाही जिज्ञासु के लिये आज्ञा, मुक्ति विवेक, वैराग्य और संसार के बंधनों का वर्णन इस पुस्तक का सार है।

No. 20. Nitya Vihārī Jugala Dhyāna by Ananya Rasika of Brindābana. Substance—Country-made paper. Leaves—24. Size—6½ × 5 inches. Lines per page—10. Bombay. Extent—150 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhākura Naunihāla Simha Seṅgara, Village Kāṇṭhā, Post office Unnāo.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ जुगल ध्यान लिख्यते ॥ दोहा—निज मन में अनुभव भयो ललिता सखी प्रसाद। फुरी अगोचर वस्तु जग नित्य अनन्त अनादि ॥ १ ॥ जस गावत पावत नहीं आगम निगम पुरान। आचारज दुहु दोन के कथित किताव कुरान ॥ २ ॥ नहिं निरगुन सरगुन नहीं नहिं नियरे नहिं दूर। भगवत रसिक अनन्य की अद्भुत जीवन मूरि ॥ ३ ॥ नहीं तरै पाताल के नहीं परै गोलोक। हिरदै माहिं विराट के कियो कमल में आक ॥ ४ ॥

End.—नित्य विहारी जुगल को ध्यान अमल अनुशिष्ट। तातै उपमनि परिहरयौ जानि जगत उच्छिष्ट ॥ जोगी ज्ञानी कर्मनी तपसी मति अति दूर। नागर रसिक अनन्यवर रहत नैन भर पूर ॥ नवधा भक्ति निमित्त लै जे सेवत अघ भार। चाह मुक्ति बैकुंठ को तिनको नहिं अधिकार ॥ रूप भोग दीन्हों दृगनि ललिता गोदन हारि। मन अनन्य रसिकाभरन आकिन आय विहार ॥ ७१ ॥ इति श्री नित्य विहारी जुगल ध्यान संपूरनं शुभमस्तु मंगलं ददातु श्री श्री श्री इति ॥

Subject.—श्री कृष्ण राधिका को अनन्य शोभा और नगर, स्थान, जमुना आदि की शोभा का वर्णन।

नोट—यह पुस्तक श्री वेंकटेश्वर प्रेस बम्बई में छप चुको है।

No. 21. Chāṇakya Rāja Nīti by Aruṇamaṇi. Substance—Country-made paper. Leaves—44. Lines per page—30. Extent—660 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Written in both prose and verse. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1758 or A. D. 1701. Place of deposit—Nāgarī Prachāriṇī Sabhā, Benāres.

Beginning.—श्री सर्व्वज्ञायनमः ॥ श्री मन्नाभयेमानम्य। द्विधानीति प्रवर्त्तकं ॥ चतुर्वर्ग प्रकाशाय ॥ त्रिजगद्धित हेतवे ॥ १ ॥ श्री मद्रोवर्द्धनाख्यस्यो ॥ पदेशाद्रच्यते मया ॥ तिलकंनीति शास्त्रस्य ॥ भाषया वालवोधकं ॥ २ ॥ श्लोक ॥ प्रणम्य शंकरं देवं ॥ ब्रह्माणं च जगद्गुरुं ॥ विष्णुं प्रणम्य शिरसा ॥ वक्ष्यामि शास्त्रमुत्तमं ॥ १ ॥ अर्थ ॥ अहं उत्तमं शास्त्रं वक्ष्ये ॥ किं कृत्वा। शिरसा मस्तके न शंकरं ॥ प्रणम्य च पुनः ब्रह्माणं प्रणम्य च पुनः विष्णुं प्रणम्य ॥ कथं भूतं जगद्गुरुं ॥ त्रिदेवो विशेषणमिदमित्यर्थः ॥ अहं मैं जु हों आचार्य। उत्तमं शास्त्रं वक्ष्ये। कहतां कहौहों। किं कृत्वा। कहा करिकै। ब्रह्मा विष्णु महेश्वर कों प्रणम्य कहतां नमस्कार करिकै ॥ कथं भूतं ॥ कैसे हैं ब्रह्मा विष्णु महेश्वर जगद्गुरुं जगत तीनों के गुरु हैं ॥ इत्यर्थः ॥ श्लोकः ॥ चाणक्येन स्वयं प्रोक्तं ॥ राजनीति समुच्चयं ॥ तदहं संप्रविक्ष्यामि ॥ नराणां वुद्धिवर्द्धनं ॥ २ ॥ अर्थ ॥ चाणक्य राजा ने आपु कह्यो। सोई नीतिशास्त्र मै कहतु हौ। मुनिष्यन कों वुद्धि वढवे कों ॥ २ ॥

End.—श्लोकः ॥ प्रजायुक्त शरीरस्य। किंकरिष्यंति शत्रवः ॥ छत्रो पानह संगम्य। वारिधारा मृतं यथा ॥ १६ ॥ अर्थ ॥ या पुरुष कौ शरीर प्रजा कहीये वुद्धि ताकरि संयुक्त होई ता पुरुष कौं सत्रु कहीये वैरी सो कहा करै ॥ जैसे छत्र अरु उपानह कहीये जूती ताको धारण वाले पुरुष कों मेघ की धारा कहा करै ॥ १६ ॥ श्लोकः ॥ राजा कापि न मित्रंच न सर्पो निर्विषः क्वचित ॥ न कुलं निर्मलं कुत्र स्त्री जनो यत्र जायते ॥ १७ ॥ अर्थ ॥ राजा की मित्राई काहू कै नाहो।

अरु सर्प विष करि रहित कोई नाहो। अरु निर्मल कुल न होइ जहां स्त्रोजन उपजै है ॥ १७ ॥ जिनवर पदपद्म द्वंद्व सेवैकभृंगो। निखिलनयनिवासोलक्ष्च स्वभावः प्रकटित शुभकीत्तिर्दान सम्मान दक्षो ॥ जयतु विशद बुद्धिः श्राद्ध गोवर्द्ध-नाख्यः ॥ १ ॥ इति श्रो वृद्ध चाणक्ये राजनीति शास्त्रे पंडित अरुण मणि विरचितायां संगही देवीदासानुज संगही गोवर्द्धन दास कारापितायां भाषा टीकायामष्टमोध्याय ॥ ८ ॥

Subject. (१) सर्वज्ञ को उपासना, बुद्धि वृद्धि के हेतु नीतिशास्त्र का पढ़ना, शास्त्र पढ़ने से लाभ का वर्णन, (२) शास्त्र पढ़ने से धर्मज्ञान को प्राप्ति वर्णन, वह शास्त्र पढ़ना निरर्थक है जिससे वैराग्य, धर्म और शांति न प्राप्त हो (३) मूर्ख भो थोड़ा थोड़ा पढ़ने से पंडित हो जाता है। पुरुष महावृक्ष के समान होने का उपदेश, अति सर्वत्र वर्जयेत् का उपदेश, (४) मौन रहने के गुण व उपदेश का वर्णन, क्षमा का उपदेश, ब्राह्मण की महिमा, यथा राजा तथा प्रजा का वर्णन, बुद्धि से ज्ञान प्राप्ति का वर्णन, (५) क्रियावंत की महिमा, स्वयं आचरण न करके दूसरों को उपदेश देने वालों का वर्णन, क्रया बिना ज्ञान और ज्ञान बिना क्रिया, राजा बिना सेना, पति बिना स्त्री की कोई गति नहीं है। अज्ञान, आलस्य, गर्व और नास्तिकता के कारण पुरुषों का क्षय वर्णन, बुढ़ापे में स्त्री का मरना, पुत्र के हाथ में धन जाना, पुत्र स्त्री से भोजन मिलना ये दुःखदाई हैं। (६) वेद, पंडिताई, मोक्षमार्ग और संसार का मार्ग ये सब अलग अलग हैं। भाव को प्रधानता का वर्णन, अपनी बुद्धि के अनुसार देव और पूजा का वर्णन, (७) क्षमा, संतोष और दया को महानता और तृष्णा की हीनता का वर्णन, क्रोध को निन्दा वर्णन, समर्थ, व्यवसायी, पंडित, मृदुभाषो का स्वरूप और शक्ति का वर्णन। गुण के सामने रूप, शील के सामने कुल, सिद्धि के सामने विद्या, भोगके सामने धन तुच्छ हैं। गुणादि के होने से रुपादि को शोभा वर्णन। (८) पृथ्वो मध्यस्थ जल पवित्र है, पतिव्रता स्त्री पवित्र है, प्रजावत्सल राजा और संतोषो ब्राह्मण पवित्र है। असंतोषो ब्राह्मण, संतोषी राजा, लज्जावती गणिका और निरलज्ज कुल-स्त्री नाश को प्राप्त होतो है। आशा-बल ब्राह्मण, धर्मात्मा राजा, पतिव्रता स्त्री, तृणमय स्थल दृढ़ है, (९) खेतो, घर, धन और पुत्र को देखने का समय वर्णन, बड़े कार्य में माता, गृह कार्य्य में पुत्र और धर्म्म कार्य में स्त्री को साथ रखने का वर्णन। जहां दैव विपरीत है वहां पंडित कोरे मूर्ख समान हैं। विद्यादान सुपात्र को करने को आज्ञा। बिल्लो, राजा, गणिका और भिक्षुक को प्रोति का निषेध। (१०) दुष्टजन की प्रोति निरर्थक है। कपटी को विद्या दान का निषेध। दुष्ट का विश्वास न करना चाहिए। दूसरों को दुःख देने का निषेध, दुष्ट संग सदा दुखदाई है। (११) उत्तम पुरुष को दूसरे का धन, मीठी वस्तु, सुगंधित वस्तु सब जहर ही हैं। सिंह रूपी राजा बाघ रूपो

मंत्री और गिद्ध रूपी चाकर से प्रजा का क्षय होने का वर्णन। राजा को ब्राह्मण की वस्तु भोगने का निषेध, अन्याय से उपार्जित धन शीघ्र नष्ट होता है। कपड़ा, जूते, दुधारी गाय, औषधि, बीज और भोजन लेने की आज्ञा का वर्णन। (१२) आपत्ति काल से बचने के उपाय का वर्णन। ज्योतिष, धर्मशास्त्र और सामुद्रिक विद्या की महानता का वर्णन। सूर, पंडित और रूपवती स्त्री का सब जगह आदर होता है, विद्या की महिमा वर्णन, (१३) मूर्ख रूपवंत की निन्दा वर्णन, विद्या से यश, बड़प्पन, और सब जगह पूजा होती है। विद्या हीन मनुष्य सब वस्तुओं से हीन है। रूप, यौवन, उत्तम कुल बिना विद्या के शोभा नहीं पाता। (१४) सुपुत्र की प्रशंसा वर्णन, कुपुत्र की निन्दा वर्णन, सुखार्थी को विद्या, विद्यार्थी को सुख नहीं मिलता, उद्यमी को कुछ भी कठिन नहीं है। (१५) बिना गुरु के विद्या नहीं प्राप्त होती। मांस, मदिरा, और मूर्ख के संग का निषेध। गुरु महिमा का वर्णन, गुरु को न मानने वाले शिष्य की निन्दा, धन हीन कुलीन, शुद्ध वंशीय और पंडित मान्य हैं तथा धनवंत अकुलीन मान्य नहीं। (१६) धनवान की महिमा वर्णन। पूर्व जन्म के कर्मों की प्रधानता का वर्णन, कृपिण की निन्दा, संसार के अनेक प्रकार के मनुष्यों का वर्णन गर्भ में आने के साथ आयु, कर्म, वित्त, विद्या और मृत्यु का निर्माण होने का वर्णन। (१७) विधना के आँक किसी से न मिटने का वर्णन। हीनव्यता की प्रबलता का वर्णन, प्रारब्ध के लिखे को कोई नहीं मिटा सकता। (१८) मूर्ख, दुष्ट स्त्री, और बैरी पंडित को भी दुखदाई हैं। दुष्ट स्त्री, धूर्त्त मित्र, घर का भेदिया और सर्प युक्त मकान ये मृत्यु के देने वाले हैं। आपदा के लिये धन की रक्षा करना, धन से स्त्री की और इन दोनों से अपनी रक्षा करना, धन से स्त्री की और इन दोनों से अपनी रक्षा करना चाहिए। कुल के लिये एक, ग्राम के लिये कुल, देश के लिये ग्राम और आत्मा के लिये सब त्याज्य हैं। पंडित लोग एक पांव को दृढ़ रख कर दूसरा देख कर रखते हैं। जिस देश में मान, धन, भाई, बंधु, विद्या इनमें से एक का भी लाभ न हो वह देश त्याज्य है। (१९) जहां लोक पर्य्यटन, अभय, लाज, चतुरता, धर्म न हो वहां संगति न करनी चाहिए। जहां प्रयोगी, वेदपाठी, राजा, नदी और वैद्य ये पांच न हों वहां एक दिन भी न ठहरना चाहिए। सेवक को कार्य्य में, बांधव को दुख में, मित्र को आपदा में और स्त्री को दरिद्रता में परखिये। रोग आगमन में, कष्ट में, दुकाल में, रण में, राजद्वार में स्मशान में जो साथ रहै वही भाई है। (२०) कुलवती कुरूपी कन्या अच्छी, रूपवती नीच कुल की अच्छी नहीं, व्याह बराबर कुल से करना चाहिए। विष से अमृत, विष्टा से सोना, नीच से विद्या और नीच कुल से स्त्री रत्न लेना चाहिए। पुरुष से स्त्री में आहार दुगुनी, लज्जा चौगुनी, उद्यम छः गुना और काम शक्ति अठगुनी होती है। झूठ बोलना, साहस, कपट, मूर्खता, लोभ, अपवित्रता और

निर्दयता, ये स्त्री के स्वाभाविक दोष हैं। भोजन और भोजन करने की शक्ति, अच्छी स्त्री, भोग शक्ति, धन और दान शक्ति पाना ये अच्छे तप का फल है। (२१) जिसका पुत्र विनीत, आज्ञाकारी स्त्री और लक्ष्मी संतोष सहित हो उसको यहीं स्वर्ग है। पुत्र वही जो भक्तियुक्त हो, पिता वही जो भरण पोषण करे, मित्र वही जो विश्वासपात्र हो और देश वही जहां आजीविका हो। अनुपस्थिति में जो हानि करे और उपस्थिति में जो मीठा बोले ऐसे मित्र से दूर रहना चाहिये। मित्र से कुछ भी छिपाना नहीं चाहिए और कुमित्र का विश्वास न करना चाहिए। नदी, नख वाले, सींग वाले, स्त्री, राजा और सशस्त्र आदमी का विश्वास न करना चाहिए। (२२) जब तक कार्य सिद्ध न हो तब तक प्रकट न करना चाहिए। मूर्खता, युवावस्था में दरिद्रता, और अन्य के घर जाना तथा परदेश जाना ये कष्टदायक हैं। साधु की मर्यादा न छोड़नी चाहिए। कुलवंत से कभी हानि न होगी। प्रत्येक पर्वत में रत्न नहीं, प्रत्येक हाथी के गजमुक्ता नहीं, साधन सर्वत्र नहीं और चंदन हर वन में नहीं होते। (२३) वे माता पिता शत्रु हैं जो बाल्यावस्था में पुत्र को नहीं पढ़ाते। लाड़ में बहुत दोष है और ताड़ने में गुण अतः पुत्र और शिष्य को सदैव ताड़ना चाहिए, पुत्र को पांच वर्ष तक लाड़ करना और दश वर्ष तक ताड़ना तथा सोलह वर्ष वाले को मित्रवत जानना चाहिए। (२४) लोभी को धन, दुष्ट को धर्म, भाग्य हीन को द्रव्य और असाध्य को औषधि निरर्थक है। उपसर्ग, बादल, दुकाल, दुष्ट जन इनसे दूर रहना ही उचित है। जिस घर में बड़ों की पूजा, धन संग्रह होता है और कलह नहीं है उस घर में लक्ष्मी वास करती है। सत्पुरुष कुसंगति होने पर भी कुकार्य नहीं करते। पढ़ा गुना मनुष्य सब कार्य में कुशल होता है। जो धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, इनमें से एक भी प्राप्त न कर सके उसका जन्म निरर्थक ही है। (२५) चिंतायुक्त पुरुष को अन्य वैरी की आवश्यकता नहीं, ऋणी पुरुष, दुश्चारिणी स्त्री वाला पुरुष और जिसके बहुत शत्रु हों ऐसे पुरुष को सुख कहां। पंडित कुरूपवान भी सर्वत्र शोभा पाता है। शूल रोगी को विदला अन्न, कोढ़ी को मांस, ज्वर वाले को घृत, नेत्र रोगी को मैथुन और अतिसार वाले को नया अन्न वर्जित है। (२६) मनुष्य को धर्म, अर्थ, काम और अपनी शक्ति को प्रातः उठ कर विचारना चाहिए। मनुष्य को अपने प्रभु, मित्र, देश, व्यय, स्वयं अपने को और अपनी शक्ति को विचारना चाहिए। व्यायाम से कफ, मर्दन से वात, स्नान से पित्त और लंघन से ज्वर का नाश होता है। जन्मदाता, शिक्षक, विद्यादाता, अन्नदाता और रक्षक को पितावत् समझना चाहिए। (२७) सोने की चार परीक्षाएं-कसौटी, छेदन, तपावन, और कूट कर की जाती हैं। वैसे मनुष्य की शास्त्र, आचार, कुल और कर्म द्वारा परीक्षा करनी चाहिए। ब्राह्मण का अग्नि गुरु है, कुल वर्णों का ब्राह्मण गुरु है, स्त्री का पति गुरु है और सब का

अभ्यागत गुरु है। वेदवेदांग का जानने वाला, होम जप विषय सावधान, सदा आशिर्वाद देने वाला ऐसा, राजा का पुरोहित होवे। (२८) दूत लक्षण वर्णन, मंत्री के लक्षण वर्णन, राजवैद्य लक्षण वर्णन, राज्य लेखक लक्षण वर्णन, चाबुक असवार लक्षण वर्णन। (२९) अति कठोर ठाकुर, कृपिण और दुराचारी से दूर रहिए। मनुष्य को सत्संगति कल्याणकारी है। कुराजा, कुमित्र, कुनारी, कुशिष्य अच्छा नहीं, उपरोक्त चारों से कोई लाभ सुख नहीं। (३०) मनुष्य को सिंह, वक, कौआ, कुत्ता, मुर्गा और गगहे से गुण लेना चाहिए। सिंह से एक ही बार का उद्यम पराक्रम, इंद्री निग्रह करके बगले की तरह कार्य्य में ध्यान, प्रातः उठना, युद्ध स्थिर रहना, बांधवों में बांट कर खाना, स्त्री का भोग ये चार गुण मुर्गा से लेना, गुप्त मैथुन, धैर्य, समय का विचार, आलस्य रहित रहना, और किसी का विश्वास न करना ये गुण कौए से लेना। (३१) अधिक भोजन करना, संतोष, निद्रा युक्त सचेत रहना, स्वामि भक्ति, शूरमा होना ये गुण कुत्ते से लेना। थके पर बोझा ढोना, शीत उष्ण न मानना, संतोष, ये तीन गुण गदहे से सीखना चाहिए। द्रव्य का नाश, मन का उचाट, घर का बुरा आचार, ठगा जाना, अपमान, ये अपनी बातें किसी से न करना चाहिए। (३२) धन में, धान्य में, विद्या संग्रह में, व्यापार में लज्जा न करनी चाहिए। अपनी स्त्री, भोजन और धन में संतोष करना चाहिए तथा दान, विद्या और तप में संतोष न करना चाहिए। संतोष में सुख है और लोभ में दुःख है। दो ब्राह्मणों के मध्य, स्त्री को पुरुष के मध्य, ब्राह्मण को अग्नि के, ठाकुर को सेवकों के, महादेव को बैल के मध्य हो कर न जाना चाहिए। (३३) अग्नि, गुरु, ब्राह्मण, गाय, कन्या, बालक और पुत्र को पैर से स्पर्श न करै। हाथी से हजार हाथ, घोड़े से सौ हाथ, ढोर से दस हाथ, और दुर्जन से बहुत दूर रहना चाहिए। अग्नि, जल, स्त्री, मूर्ख, सर्प, और राजा से सदा सावधान हो कर व्यवहार करै। लोभी धन से, उत्तम पुरुष हाथ जोड़े, मूर्ख मूर्खता से और पंडित सत्य से वश होता है। (३४) बलवंत राजा, और वेदतत्वज्ञाता ब्राह्मण भी रूप यौवन युक्त स्त्री के वश हो जाता है। मनुष्य को अति सरल स्वभाव न रखना चाहिए। हंस जिस तरह पानी वाले सरोवर के निकट रहते हैं उसी तरह मनुष्य को हंस की चाल चलनी चाहिए। मनुष्य के उपार्जित धन की रक्षा दान और पुण्य है। (३५) धनवान के मित्र और बांधव बहुत होते हैं, वही महापुरुष और पंडित कहलाता है। धन हीन को पुत्र, स्त्री, ससुर, कुटुंब सब छोड़ देते हैं। द्रव्यहीन और बुद्धिहीन मनुष्य के सब कार्य बिगड़ जाते हैं। धनवान चांडाल भी उत्तम माना जाता है। (३६) मनुष्य धन से स्त्री, शास्त्र और वस्त्र से सभा को, खेती से दरिद्र और गौ से पाहुन को वश कर सकता है। बांबई, शहद का छत्ता, शुक्ल पक्ष का चंद्रमा, राजा का द्रव्य, भिक्षुक का धन, ये धीरे धीरे बढ़ते हैं। धन

Beginning.—॥ सिद्धि श्री गणेशायनमः॥ अथ कृष्ण खंड भाषा लिष्यते॥ दोहा॥ विधि हरि हर जाते भये ताते जग पसरंत॥ नंद गेाप सुत प्रगट जेा जय जय राधाकंत॥ १॥ वंदेा राधारमण पद जाहि भजहिं अज ईस॥ हरन ताप अघ सुष करन जन रक्षन जगदीस॥ २॥ जाहि भजहिं शिव शेष अज सुर मुनि

इन्द्र गणेश ॥ श्री गिरजा सरस्वती रटै वंदौ वही व्रजेश ॥ ३ ॥ थूल थूल ते तन धरे रोम रोम ब्रह्मंड ॥ सृष्टि रचै लघु प्रकृति ते महिदादिक बलवंड ॥ ४ ॥ ध्यान धरे सुर नर मुनी संग जोग वहु जन्म ॥ तप कर ताहि न स्वप्न लषि ताहि भजौ मै मंन्म ॥ ५ ॥ स्वच्छामय गुण ते परे निर्वाकार निरईह ॥ भक्तन हित तनु धारहि सुंदर स्याम भजीह ॥ ६ ॥ पारब्रह्म अच्युत हरी गुणातीत भगवान ॥ ब्रह्मा विश्नु शिवादि जो जाको प्रकृति करान ॥ ७ ॥ नर नारायण वंदि हौं नर उत्तिम गोविंद ॥ देवी सरस्वति व्यास के वार वार पद वंद ॥ ८ ॥ गूंगो वरवानी कथै पंगु लंघि गिरि जाय ॥ वंदौ राधावर सदा जासु कृपा को पाय ॥ ९ ॥ सुमिर शंभु गिरिजा सुमिर गणपति सदा मनाय ॥ विघ्न विनासन एकरद हूजे सदा सहाय ॥ १० ॥

End.—चौपाई ॥ विप्र समूह देषि मैं आयेा ॥ तुम्हरे कहे पुराण जो गायेा ॥ ताकेा जो तुम सुनौ वनाई ॥ मन वाचा करि हियहि धराई ॥ त्रिगुण परै राधेस वतायेा ॥ निस दिन ताहि हिये मे लायेा ॥ विप्रन कौ मै नमेा करावेा ॥ कृष्ण देव को सीस नवावेा ॥ शिव ब्रह्मा गणपति मन लाई ॥ करौ प्रणाम वचन मन काई ॥ देवी सरस्वती मन लाई ॥ नमेा नमेा ताहेत कराई ॥ गुरु पुराण कौ नमेा करावेा ॥ दुर्गा को मै सीस नवावेा ॥ तुम्हरे चरण कमल सम देषे ॥ हे सौनक निज भाग्य जो पेषे ॥ दोहा ॥ अब मै जैहौ शीघ्र ही सिद्धाश्रम को तात ॥ जह राजत गणानाथजू देषत विघ्न नसात ॥ चौपाई ॥ मति अनुसार कथा सुषदाई ॥ यौं वलदेव जौंहरी गाई ॥ जद्यपि कविता अंग न जानौ ॥ तद्यपि राधावर गुण सानौ ॥ जद्यपि अलंकार नहिं एका । तद्यपि हरि गुण भूषण जेका ॥ जदपि कूर कविता मै कीनी ॥ तदपि नंद नंदन रस भीनी ॥ सुवरण भूषण कूर वनावै ॥ तौहू मोल सुवर्णहि पावै ॥ रचि पचि पोतरि गढ़ै जो कोऊ ॥ सोने सम ह्वै है नहि सोऊ ॥ त्यौंही सज्जन लषि हरि नामा ॥ राधावर चरित्र वर धामा ॥ करिहै प्रीति देय नहिं षोरी ॥ यद्यपि कूर कवितई मेारी ॥ दोहा ॥ एक एक जन प्रति करौ दंड प्रणाम करोर ॥ लघु कविताई देषि कै देहु न मेाकेा षोर ॥ इति श्री ब्रह्मवैवर्त महापुराणे नारायण नारदसंवादे श्री कृष्णजन्म खंडे भाषा वलदेव दास जौंहरी कृत पुराण माहात्म वर्णनेा नाम त्रयःत्रिंशोत्तर सततमेाऽध्याय ॥ १३३ ॥ इति ब्रह्मवैवर्त्तपुराणांतरगतकृष्न खंड समाप्तम् ॥ शुभमस्तु श्री राधाकृष्नाभ्यां नमेा नमः फाल्गुण मासे शुभे शुक्लपक्षे तिथौ द्वितीयां गुरुवासरे ॥ सम्वत १९३३ ॥ शाके ॥ १७९० ॥ लिखितं वच्चऊ अवस्थी यादृशं पुस्तकं दृष्ट्वा तादृशं लिखितं मया ॥ यदि शुद्धमशुद्धम्वा ममदोषेा न दीयते ॥ इति ॥

Subject.—ब्रह्मवैवर्त्त पुराण के कृष्णखंड से ली हुई कथा ॥

Note.—बलदेव दास जाति के अग्रवाल, वैष्णव सम्प्रदाय के थे। इनके पूर्वज जौहरी का काम करते थे। ये धौलपुर महाराज के आश्रित कवि थे, वहीं इन्होंने ब्रह्मवैवर्त्त अंतर्गत कृष्णखंड का पद्यमय अनुवाद किया है। कथा का ढंग गो० तुलसीदास जी की शैली का है। पुस्तक खोज में नवीन मिली है। कृष्णचरित्र और उसका कथानक तथा प्रसंग बड़ी सावधानी के साथ संक्षेप में वर्णन किया गया है। कृष्ण प्रेमियों के लिये पुस्तक रुचिकर होगी। संवत् १९०३ वि० भादों मास कृष्ण पक्ष षष्टी तिथि बुधवार को कथा का वर्णन किया। यह पुस्तक आगरे में एक बार लिथो में छप चुकी है।

No. 30 (*b*).—Name of book—Rāma Chandra, Hanumāna ki Nāmāvalī. Name of author—Baladeva Jauharī of Agrā. Substance—Country-made paper. Leaves—14. Size- 6 × 5 inches. Lines per page—14. Extent—98 Anushṭup Ślokas Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1916 or A. D. 1859. Date of manuscript—Samvat 1931 or A. D. 1874. Place of deposit—Rāma Saṅkara Vājapeyī, Village Bahorika Vājapeyī kā Purawā, Post office Sisaiyā, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशाय नमः अथ सीता की नामावली लिष्यते॥ तोमर छंद॥ सुमिर पवनसुत महाबली को रामकाज जिन कीने। नामावली द्विशत सीता के वर्नो कृपा प्रवीने १॥ श्री सीता जग जननी पद्मा सिंधुसुता पिकबयनी। जनककिशोरी जनकनंदनी चन्द्रमुषी बड़नैनी॥ २ वैदेही मिथलेश कुमारी जनकदुलारी स्यामा। वर्तुलमुषी विदेहकुमारी भूमसुता हरिवामा॥ ३॥ रामवल्लभा रमा भगवती हेमलता गजगामिन। श्री जानकी मैथिली धरिजा रामप्रिया जगपावन ४॥ सुकुली साध्वी महासुन्दरी चातुर सुमुष सुशीला॥ जनकात्मजा राम की जाया कनकांगी वरलोला॥ ५॥

End.—रुद्र अग्रणी तनय केसरी रघुवर बान समाना॥ रुद्रवतार किशोर केसरी हे शुभ भाजन ज्ञाना॥ भूमिनंदनी सोच विमोचन रघुवर आनंदकारी जानुकीनाथ चरन सेवारति गिरिवर विपिन विहारी॥ ज्ञानिन में वर अग्रणीय मरुतात्मज अंजनपूता। अक्षकुमार मार अहिरावन हत रघुवर के दूता॥ दनुजारन्य कृसाननिलात्मज श्री अंजनीकुमारा॥ निसचर नगर केत उतपातू सीता सोक निवारा॥ रामचन्द्र की विजय दई रन वज्र समान सरीरा। रक्षक भक्त कुवरधारी वर सिया सोच हर वीरा॥ किय साका संग्राम रामपद रति सेवा दिन राता। रामभक्ति में परम सिरोमन जन रक्षक भव पाता॥ रस ससि अंक चन्द्रमा कातिग

पूर्ण तिथि गुरुवारा। परम प्रीति बलदेव जोहरी हनुमत नाम उचारा॥ इति श्री रामचन्द्र हनुमान नामावली समाप्तम् श्रीरस्तु शुभम्भूयात् लिखतं गंगागनेस त्रिपाठी चुरई पुरवा के निज पठनार्थ॥ संवत १९३१ जेठ मासे शुक्ल पक्षे पूर्णमा॥

Subject.—सीताजी, श्री रामचन्द्र और हनुमानजी की नामावली।

No. 31 (*a*). Name of book—Muktamāla. Name of author—Paṇḍita Baladeva Prasāda *alias* Dvija Baladeva of Dāsāpura Baldevanagara. Leaves—50. Size—10 × 6 inches. Lines per page—48. Extent—1,800 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1930 or A. D. 1873. Place of deposit—Paṇḍita Chandradhara Awasthī, Village Mānapura Chaukī, Post office Biswān, District Sītāpur (Oudh).

Beginning.—सिद्धि श्री॥ श्री गणेशायनमः॥ अथ मुक्तमाल लिष्यते॥ दोहा॥ जै वाणी करि अस्य श्री शंकर प्रिय व्रजराज॥ ह्वै प्रसन्न बलदेव विधि सिद्धि सजौ मन काज॥ सवैया॥ हेमलता लसि स्याम सरोज मनोज तमाल लपे तन लाजत॥ कै रजतै रंग में मखतूल किधौं तम तारन को संग साजत॥ मर्कत स्वर्ण की श्रंग मनौ घन दामिनि चंपत सो छवि छाजत॥ वीथिन में व्रजराज की विन्धियों वृषभानु सुता व्रजचंद विराजत॥ धरे गति दायक जो गति को सेा विलोकि लजात मनोज गयंद॥ करै मन जेते भरैं अभिलाष परैं न कवौं भव के भ्रम फंद॥ मनौ मणि नील सुमेरु की कांति लसै युग आजन इंदर विंद॥ सुवीर यौं वीथिन मैं व्रज की विहर वृषभानु सुता व्रजचंद॥ पैरि थको हौं तृषा की तरंगिनि जो जगदीश्वर पार लै जाहौं॥ लागि रही बलदेवजू लालसा लायक लाभ लसो मन माहौं॥ कूल कलिंद्री करील के कानन कामद कुंज कदंब की छाहौं॥ लालची ह्वै पद नंद के लाल के लोटौं करौं व्रज की रज मांहौं॥

End.—रेखता॥ बसे हैं नंद के नंदन सखी निसि द्योस मन मेरे॥ मुझे कल पल नहीं परती विना देखे भये नेरे॥ १॥ कहीं घूमों कुंजन वंन में कही जसुदा को घर घेरे॥ कृपा करि के कहां कवहूं सजैं सुष संग के सेरे॥ २॥....विनै बलदेव को येतो सुने बनिहै इतै हेरे॥ ३॥ निवाहो नंद के लाला सनेही नेह के नाते॥ पिये आसो तेरे हित की फिरैं सब ठौर में माते॥ करै ना रीति से विन्तो अरैं वे अदब से आते। विचलते हर कदम कूचे झुके झुमे चले जाते॥ खुमारो दूरि होती जो दरश बलदेव फिर पाते॥ इति श्री बल्देव विरचिते मुक्तमाल संपूर्णम समाप्तम् संवत १९३०॥

Subject.—श्री कृष्णजी की महिमा और विनय।

Note.—यह ग्रंथ रानी साहिबा कटेसर, नवीनगर की आज्ञानुसार रचा गया था। इसमें शान्ति, शृंगार आठोयाम के भजन आदि भी हैं।

No. 31 (*b*). Name of book—Pratāpa Vinoda. Name of author—Paṇḍita Baladeva Prasāda of Dāsāpura. Substance—Country-made paper. Leaves—80. Size—8 × 4 inches. Lines per page—34. Extent 1,483 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Date of Composition—Samvat 1926 or A. D. 1869. Place of deposit—Ṭhākura Prātapa Simha, Umarāva Simha Alīpur, Post office Jaina bāzār, District Bahrāich.

Beginning.—श्री गणेशायनमः दोहा ॥ गोपाऐा गजमुख शिवे ईशहिं नावौ शीश। रुद्रप्रताप नरेन्द्र को दै वल्देव असीस। ध्रुव धनेश धरनी धरन सिंधु विबुध गोविंद। जौलौ तौलौं राज श्री रुद्रप्रताप स्वछंद। चहत पुरंदर कुवि छुयो धर्म धुरंधर रिंह। जाहिर जंबूद्वीप में श्री प्रताप नृप सिंह ॥ मुदित कहो वल्देव सों सुनिए द्विजवर वैन ॥ करहु प्रताप विनोद कछु सभ्य नेह को ऐन ॥ कवित ऐसे वैन सुनत पुलकतन प्रमुदित गदगद कंठ हित हिए उमगाइगो। द्विज वल्देव कछु चाहत रहो जो सुख सोई सजि साज आज जाहिर कै पाइगो। आसिष अमोघ अवनीश हित दीन्हो हेरि श्री प्रताप रुद्र सिंह जस जग छाइगो। धीरज धरैयन में धरम करैयन में ध्रुव लौं ध्रुवेन्द्र औ धनेश पहं धाइगो।

End.—अथ वर्णान्तरगत चित्रम्।

दोहा				आशय
रु	च	त	म	वार्ता इस चित्र में सम्पूर्ण दोहा पढ़ के प्रति पंक्ति को एक एक वार पढ़ने से दोहा पूरा होता है और श्री महाराज साहब जू को नाम विदित होता है अथा श्री रुद्रप्रताप नरेश ॥
द्र प्र	मु	दि	त	
प्र	चु	र	म	
ता	वि	श	द	
प	ट्ठु	वे	श	
न	व	हि	त	
रे		खि	त	
श	व	ल	श्री	

अथ भाषा प्रशंसा ॥ कवित्त ॥ विदित पदारथ प्रयोजन प्रसिद्ध सब तासों वल्देव भाषा भाव ठीक ठानिये। भाषा विन भाषे सन्यपाती से बकत रहे दूजी कौन भाषा व्रज भाषा सम आनिये। संस्कृत नाम ना सरस्वती को भाषो कोई भाषा नाम भाषो ऐसी भाषा धनि मानिए। भाषा जो न जानत सो कैसे संस्कृत जानै भाषौ जो न जानै ताहि शाषा मृग जानिये ॥

Subject.—श्री गणेश जी और श्री कृष्ण की स्तुति, राजा का नाम, राजवंश, संवत् राजा का पुस्तक रचने के लिये आज्ञा देना। पिंगल काव्य, नायक नायिका भेद, भूषण, भक्ति आदि का वर्णन।

Note.—यह ग्रन्थ रामपुराधीश राजा रुद्रप्रताप नारायण सिंह की आज्ञानुसार रचा गया है। निर्माण संवत् का सवैया इस प्रकार है। संवत विक्रम सेन महीपति को रस वाहु ग्रहो शशि भोजव। चैत्र सुदी निधि चंद्र दिने वल्देव महामन हर्ष लहो तव। श्री नृप रुद्रप्रताप कृपाधर हुक्म दियो द्विजराज सुनो अब॥ पिंगल नायका भूषण भक्ति सु ये कहि मोकरि मोद भनो सब॥

No. 31 (*c*). Name of book—Pratāpa Vinoda. Name of author—Baladeva Prasāda of Dāsāpur (Sītāpur). Substance—Country-made paper. Leaves—69. Size—8 × 6 inches. Lines per page—32. Extent—1,150 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1926 or A. D. 1869. Place of deposit—Rāma Nātha Bakhsha Simha Ji, Village and Post office Parseri, District Sītāpur.

Beginning.—श्री गणेशायनमः॥ अथ प्रताप विनोद लिष्यते॥ काव्य॥ दोहा॥ गोपालो गजमुष शिवे ईशहि नावो शीस। रुद्र प्रताप नरेन्द्र को दै वल्देव असीस॥ ध्रुव धनेश धरनी धरन सिंधु विबुध गोविंद। जौलौं तौलौं राज श्री रुद्र प्रताप स्वछंद॥ चहत पुरंदर छबि छुओ धर्मधुरंधर रिंह। जाहिर जंबूदीप में श्री प्रताप नृप सिंह॥ मुदित कह्यो वल्देव सों सुनिए द्विजवर वैन। करहु प्रताप विनोद कछु सरस नेह को ऐन॥ कवित्त॥ ऐसे वैन सुनत पुलक तन प्रमुदित गद गद कंठ हित हिये उमगाइगो। द्विज वल्देव कछु चाहत रहो जो सुष सोई सजि साज आज जाहिर कै पाइगो। आसिष अमोघ अवनीस हित दीन्हो हेरि श्री प्रताप रुद्र सिंह जस जग छाइगो। धीरज धरैअन में धरम करैअन मैं ध्रुव लौ ध्रुवेन्द्र औ धनेश पहं धाइगो॥

End.—ग्रंथ वर्णांतरगत चित्रम्॥ छि प्र प ता था पं क रु भ द्र के सिं धू हं का रा भ जा त रा रा मं ज पुं वा रं क कें स भा म ई। का मं क हें ई श्व र रं अ वं अ क्ष स च र चा म गं व नें अ सं त वं स कं र सं ना हीं ठ ई। एक एक तजि कै वरण पढै जानि परै यामे नाम ग्राम वल्देव हित शोभ दई। रैकवार वंश महाराज मेरे राजत श्री नैमिष सों शंभु दिशि तोस कोस प्रभा लई॥ छप्पै॥ दिनकर कैसे होत प्रात को निशि छवि छावत। कहा शोघ्र को नाम शेष थल

कह कवि गावत ॥ को मोरो सुधि करै कौन भूषण के लायक । शोभ शची पति कौन कौन तन को सुषदायक ॥ करत काह नित संत जन आगत सन का पूछि रस वरण मध्य उत्तर लसै रुद्र प्रताप नरेश जश ॥ मध्याक्षरी चित्रम् ॥

अ	चं	छि	पा	स	क	सु	व	भ	कु
रु	द्र	प्र	ता	प	न	रे	श	ज	श
ण	मा	ता	ल	न	क	श	न	न	ल

इति श्री मन्महाराजधिराज रामपुराधीश रैकवार वंशावतंस नृप गुमान सिंहात्मज महाराजेंद्र मणि महेंद्र श्रीयुत १०८ प्रतापरुद्र सिंह जू देवआज्ञानुसार अवस्थिक वंशोद्भव पं० व्रजलालात्मज दासापुर निवासी द्विज वल्देव विरचिते प्रताप विनोद काव्ये सम्पूर्णम् शुभमस्तु ॥

Subject.—नायिका नायक भेद, काव्य अलंकार आदि का वर्णन ।

No. 31 (*d*). Name of book—Śṛiṅgāra Sudhākara. Name of author—Paṇḍita Baladeva Prasāda of Dāsāpur. Leaves—24. Lines per page—50. Extent—750 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1930 or A. D. 1873. Date of manuscript—Samvat 1933 or A. D. 1876. Place of deposit—Paṇḍita Chakradhara Awasthī, Village Mānapur, Post office Biswān, District Sītāpur (Oudh).

Beginning.—१ सिद्धिश्री श्री गणेशायनमः ॥ अथ श्रंगार सुधाकर लिष्यते ॥ दोहा ॥ श्री राधा राधारमन धारि हिये सुष सेव । सुभ श्रंगार सुधाकरहि वरनत द्विज वल्देव ॥ सवैया ॥ जय जगदेव पंवार के वंस में त्रैसही भूप भये सुषदाई ॥ दान औ मान कृपान वली वल्देव विनोद मैं प्रीति सोहाई ॥ पारद थारसो हीर के हारसो निर्मल आरसी धार सो धाई ॥ थीरति थापि तिहू पुर सीरति कीरति सिंह को कीरति छाई ॥ दोहा ॥ तासो भो पुहमी प्रगट विजै सिंह सुषधाम । निज जस वल सेा विस्व के विजै किये सब काम ॥ जवरसिंह ताके तनय जवर जवर सब ठौर । काज किये नहिं करि सकै जाको सरिवरि और ॥ जेहि छितिपति सों प्रगट भो सुरतरु कैसेा साज । धन्य भाग जाहिर जगत दलथंभन मृगराज ॥ सवैया ग्राम ईशान मैं नैमिष सेा कृत जोजन है हथिया सुषसागर । श्री दलथंभन सिंह धराधिप राजि रहे तितही गुण आगर । सिद्धि सिंगार सुधाकर को वच जासु

मनौ उदयाद्रि उजागर ॥ प्रेम प्रसंग ते तारन वृन्द से नाद भरे जन सोभित नागर ॥

End.—देषि चुके सब लेषन को अबहीं लौ लगे रहे लोक के काज सों। चित्त चवाव चहै न कबौं न जुटै जग जालन के कछु काज सों ॥ आस नहीं अब तौ सत संग की आगि दई है अनीति में आज सों। चाहत प्रेम पदाम्बुज को बल्देव की येतो विनै ब्रजराज सों ॥ आनन को लहि कै जग मैं तै सुजानन कै मत को यह काम है। तू बलदेव न भूलै कबौं रटिये सब ठौर सुधो अभिराम है ॥ चंड प्रचंड जथा तम तोमषै दीनन को ज्यों दुकाल में दाम है। त्यों विपदा के विदारिबे को यक केवल श्री ब्रजराज को नाम है ॥ इति श्री नृप दलथंमन सिंह आज्ञानुसार द्विज बलदेव विरचिते श्रंगार सुधाकर शुभमस्तु संवत १९३३ वि०

Subject.—इस पुस्तक में शृंगार रस के राधाकृष्ण के प्रेम में सवैया कवित्त आदि वर्णन किए गए हैं और साथ ही राजा, मंत्री, सुमंत्री, कुमंत्री, दुष्ट चाकर, श्रेष्ठ चाकर, दुष्ट प्रजा, श्रेष्ठ प्रजा, सूर क्षत्री, क्रूर क्षत्री, दुष्ट साह, श्रेष्ठ साह, शूद्र, दुष्ट शूद्र, हंसनी, रोनी सूरत, दुष्ट वैद्य, श्रेष्ठ वैद्य, कुकवि, सुकवि, कपटी मित्र, गंवार, आदि मनुष्यों का वर्णन किया है। अंत में श्री ब्रजराज की बंदना कर ग्रंथ सम्पूर्ण किया गया है।

Note.—इस ग्रंथ को पं० बलदेव प्रसाद जी अवस्थी उपनाम द्विज बलदेव दासापुर बलदेव नगर निवासी ने, हथिया ग्राम के तालुकेदार राजा दलथंमनसिंह की आज्ञा से रचा था। निर्माण काल इसका संवत् १९३१ वि० है जिसका सवैया इस प्रकार है। संवत विक्रमसेन महीपति को शशि राम ग्रहो भुवि चोन्हों। कातिक कृष्ण यकादसी त्यों गुरुवार विचित्र विचारहि लीन्हों। श्री दलथंमन सिंह नरेस उजागर उत्तम आयसु दीन्हों ॥

No. 31 (*e*)—Name of book—Brajarāja Vihāra. Name of author—Paṇḍita Baladeva Prasāda (Dvija Baladeva) of Dāsāpur, Baladevanagara. Leaves—128. Lines per page—44. Extent—4,224 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1934 or A. D. 1877. Place of deposit—Paṇḍita Chakradhara Awasthī, Village Mānapur Chaukī, Post office Biswān, District Sītāpur (Oudh).

Beginning.—श्रीसरस्वत्यै नमः ॥ अथ ब्रजराज विहार लिष्यते ॥ दोहा ॥ दूरि बसत भ्रमजाल सब नोकै नैन निहार। पढ़त प्रेम सों जबहि जन श्री ब्रजराज

विहार ॥ सवैया ॥ ईश रच्यो जग में दुख औ सुष तौ वलदेव विमोह मढ़ै ना ॥ कौन प्रसंसै सुमारग को ह्वै कुमारग औसर पाय कढ़ै ना ॥ शीतलता को विनोद कहा ऋतु ग्रीषम को जो निदाघ वढ़ै ना । होत वियोग नहीं तब लौं सुष स्वाद संजोग के वोप चढ़ै ना ॥ नरेन्द्र छंद ॥ कठिन कर्म कंसादिक केरे ताते कछुक गनावौं । पुनि व्रजराज विनोद भजन विधि विविधि छंद में गावौं ॥ अदभुद चरित गुप्त अरु प्रगटे वहु ग्रंथन के लैके । गर्ग संहिता हरि वंशादिक भागवतौ मत कै कै ॥ भरतखंड श्री व्रजमंडल मैं उग्रसेन भौ राजा । विश्व प्रसन्न सकल सुषदायक किये धर्म के काजा ॥ दैव जोग से तासु तनै भो कंस नाम नृप पापी । घोर कर्मरत विहित वेद मद सुर द्विज गो संतापी । एक समय निज सभा मुदित सव असुरन बोलि पठायो । लै लै नाम प्रशंसि हेतु युत ऐसो मतो सुनायो ॥ गो दुज संतदान संजम सत देवन के हितकारो । ए सुर प्रवल भये करते हैं असुर वृन्द सो रारो ॥

End.—ना विसरे वलदेव निरंतर प्रेम को पास गरू गहिवे है ॥ जो प्रति रोमन श्री सव स्वासन लो सुधि लायक लौ लहिवे है ॥ जाने हिये को जहां जस राषत ता थल में तसही रहिवे है ॥ आपे विनोद करै वलदेव को पूरे हितू सेा कहा कहिवे है ॥ दोहा सुवुधि प्रेममय कृष्ण ह्वै अहंकार करिवंद ॥ जय जय जय जय जय जहां जागे परमानंद ॥ इति श्री व्रजविहार श्रीमन्महाराजाधिराज पंवार वंसावतंस श्री महाराजा इंद्रविक्रमसिंहजू देव इटौंजाधीश आज्ञानुसारेण वल्देव विरचिते सम्पूर्णम शुभमस्तु ॥ संवत १९३४ लिखितं गंगाप्रसाद दासापुर निवासी ॥

Subject.—इस पुस्तक में श्री कृष्णजी की लीला जन्म से लेकर अंत तक व्रजविलास की भांति वर्णित है अर्थात् जन्म, पुनः कंसासुर के उपद्रव, पूतनादि राक्षसों को श्री कृष्ण के मारने के हेतु भेजना और उन राक्षसों का मारा जाना, कंस का मारा जाना, गोपियों का वन विहार, वियोग, ऊधौ का आना जाना आदि ।

Note.—इस ग्रंथ के रचयिता पं० वलदेवप्रसाद जी हैं । निवास स्थान दासापुर वल्देव नगर है । इनके पुत्रादि आजकल मानपुर, तहसील विस्वां, प्रान्त सीतापुर में निवास करते हैं । अवध के तालुकदारों में इनका मान अधिक था, इसके अतिरिक्त रीवां आदि राजाओं की कविता की है और वहुत से ग्रंथ रचे हैं ॥ कुछ के नाम ये हैं । प्रतापविनोद, प्रताप सोमवंशावली, वलदेव विचारार्क, जयन्द्र प्रकाश, हीरा जुवली, चन्द्रकला, शृंगार सरोज, प्रेमतरंग, अन्युक्त महेश्वर, प्रेम प्रशंसा, व्रजराज महात्म । परंतु इनके नोट इस लिये नहीं लिए गए कि ये हाल के रचे और छपे हैं । निर्माणकाल इस ग्रंथ का ठीक नहीं लगा, परंतु लिपिकाल संवत १९३४ है । इनके ग्रंथ सब छप चुके हैं, ।

No. 32.—Name of book—Bhakta-dāma-guṇa-chitrinī Ṭikā. Name of author—Bālaka Rāma of Mandasora, Substance—Country-made paper. Leaves—387. Size—16 × 5 inches. Lines per page—26. Extent—13,400 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1876 or A. D. 1819. Place of deposit—Ṭhākura Jadunātha Simhajī Rais, Rehuān, Post office Baurī, District Baharāich (Oudh).

Beginning.—श्रीमते रामानुजाय नमः अथ भक्तिमाल सटीक लिष्यते ॥ दोहा श्री गुरु हरि हरिजन भगति विघ्नहरण शिवधाम। इन चरनन वंदन करत सब विधि पूरण काम १ ॥ गुरु हरि हरजन भक्ति चिहुं एक रूप सुषदानि। ज्यों विधि हरिहर प्रभुकला पुरुष रूप एक जानि ॥ श्री आचारज्य राम श्री भक्ति भक्त पद ध्याय। भक्तदाम कल स्याम कू मति सेा कहौं बनाय। ज्यों पक्षो आकाश मैं गति सम करै उठान। त्यों विद्वत हरिजन चरित मति समान करि गान ॥ परमाणू मम मति जलधि भक्तिदाम गुण कोरि। वड़ कवि मति मन्दर मज्जत तहं कियति मति मेारि ॥ संत कृपा सूंची निपुन सवद वेध के काज। तेहि जुति मति मम धाग ज्यों वेद वाक प्रति भ्राज ॥ भक्तिचरित पूरव जननि कथे तासु अनुसार। भक्तदाम गुण चित्रनी टीका नाम प्रचारि ॥

End.—इति श्री मद्भक्तदाम गुण चित्रनी टीकायां वालक रामेण विरचितांयमष्येतर शत रचना वृन्दै युक्तायां ग्रंथ समाप्ति लिष्यते देष मालवा मध्ये सहर मंदसेार के यामपुर का पुरा राणा षेड़ा मध्ये संपुरण समाप्ता १८७६ में लिखा गया मिती पूस सुदी ६ लिषत साध दयागलजी का साध कादा श्री महाराज श्री पुव रामजी तिस सिष्य सवं संतन के चरन वंदगो रज साध अमृत राम वाचै वीचारै ताको श्री संतराम पठनारथी स्वामी जो श्री संतदास जी का साधनावा जी श्री रघुवरदासजी संवत अन्तर लायक एकापत्ति देाय मिलत क्या हेाय जंत्र चटि कोन सुवाजै। फलहि छेाड़ि क्या पाय कौन रन में अति गाजै। अमृत पीवे कौन शिष्यहि गुरु क्या गिर आषै। धनुष चलावै कहा कहा सब दुष्टहि भाषै ॥ संत कहा उपदेशहि मानहु नर दानव अमर। वालकराम सुअरथ कह सीता सासु सुत समर ॥

Subject.—भक्तों की महिमा का वर्णन।

Note.—इस भक्तमाल ग्रंथ के रचयिता नाभादासजी और इस टीका के कर्त्ता नारायणदास मंदसेार मालवा प्रांत के निवासी थे।

No. 33.—Name of book—Dhyāna Mañjarī. Name of author—Bālakṛishṇa. Substance—Country-made paper. Leaves—25. Size—9 × 5½ inches. Lines per page—18. Extent—337 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1726 or A. D. 1669. Place of deposit—Nāgarī Prachāriṇī Sabhā, Kāshī.

Beginning.—श्रीजानकी वल्लभोजयति ॥ श्रीरघुवर गुरु चरण तरण भवसागर जल के। विघन हरन सुषखानि दानि विद्या बुधि बल के ॥ १ ॥ तिनहिं सुमिरि करि ध्यान नवल दंपति उर धरि कै। कर्म जोग वैराग्य त्याग तप छोई करिकै ॥ २ ॥ पुरी अवधि वर अवधिपुरी छवि भरी सुहाई। जगमगाइ जग ज्योति आइ छिति की छवि छाई ॥ ३ ॥ सुद्ध ज्योति मय धाम नाम उचरत अघ नासै। रामचरण रति करण पुन्य के पुंज प्रकासै ॥ ४ ॥ जंहं थावर चर जेते तिते विधिनाहिं करे हैं। सिय रघुवर अनुरक्त आनंद भरे हैं ॥ ५ ॥ जहं उपवन वन वने घने तरवर अस राजैं। धरैं वलकल फल फूल मूल पल्लव पर काजैं ॥ ६ ॥ झुकि रहिं वडरों डार भार भरि सोहत भारीं। छुधित नरन कौं मनहुं देन फल भुजा पसारी ॥ ७ ॥

End.—याके रस हित नितहिं जोह जाको ललचावै। श्री रघुवर पद प्रेम भक्ति सोइ निश्चै पावै ॥ २७७ निंदक सिय रघुवीर आहि जग पाप अगारे। जिनि डारौ यह तासु श्रवन जग जूठ पनारे ॥ २७८ ॥ सत्रह सै षडविंश वरष वर मास फालगुनि। शुक्ल पक्ष पंचमी अमल सुभवार लग्न पुनि ॥ २७९ तिहिं अवसर यह ध्यानमंजरी प्रगट भई है। परम सुमंगल करनि वरनि वर मोद मई है ॥ २८० ॥ श्री विनेादि श्री ध्यानदास जगजीव उधारक। श्रीचरणदास जग तोष करन जुग जस विस्तारक ॥ २८१ तिनके अनुग वनाइ रचो यह संत जनन हित। या करि होइ प्रसन्न नवल नागर नागरि नित ॥ २८२ इति श्री मचरण दासानुजीविना बाल कृष्णेन कृतेयं ध्यानमंजरी समाप्त ॥ राम राम राम सीताराम

Subject.—पृ० १—रघुवर स्तुति, अयोध्या की शोभा और गुरु रामचरण की महिमा वर्णन। पृ० २—अयोध्या के लतापता, पशु, पक्षी, सरयू नदी सहित शोभा वर्णन। पृ० ३—सरयू तीर पर न्हाती हुई नारियों के अंग प्रत्यंगों की शोभा का वर्णन। पृ० ४—वेद पाठियों का, किले का, हाट का वर्णन। पृ० ५ नगर, तरु, हाथी, घोड़े, दासियें और गृह नारियों की शोभा का वर्णन। पृ० ६—मालिनी, वाजार, गली और पंडितों के वाद विवाद की शोभा का वर्णन। पृ० ७—राजमहल और सिंहद्वार की शोभा राजा के घोड़े, हाथी आदि का वर्णन, रानी के तीतर बाज आदि और रथ आदि सवारी का वर्णन। पृ० ८—अन्य राजद्वार, भंडारगृह, शस्त्रगृह, पाकशाला, पयशाला, नृत्यगृह और रनिवास का

वर्णन। पृ० ९—कनकभवन को बाहरो छटा, मयूर आदि पक्षियों का वर्णन, जुगल मूर्ति और पुष्पवाटिका को शोभा। पृ० १०—पिक, पारावत, शुक, सारिका वृक्षादि का वर्णन, आरती और वेदी का वर्णन। पृ० ११—सिंहासन, छत्र आदि को शोभा रामचन्द्र के मुख भौंह, ललाट, पलक तथा आंखों को शोभा। पृ० १२—नासिका, कर्ण, कपोल, अधर, दंत और जिह्वा का वर्णन। पृ० १३—चिबुक, कंठ, कंधा, बाहु, वक्षस्थल, उदर, नाभि, और कटि को शोभा। पृ० १४—नितंब, जंघा, जानु, चरण, अंगुनो, नख को शोभा, राम के वस्त्राभूषण और सीता जो को शोभा। सीता जीके पग को शोभा। पृ० १५—पग अंगुली, नख को शोभा, पग, पिंडुरी, जंघा, नितंब और कटि शोभा। पृ० १६—नाभि, त्रिवली, उदर, हृदय, और कुचों को शोभा। पृ० १७—भुजा, करतल, हाथ को अंगुलो के नखों की शोभा। पृ० १८—चिबुक, अधर, दंत और मुख को शोभा॥ पृ० १९—कर्ण कपोल, नासिका भूषण आदि तथा। पृ० २०—पलकों, व नेत्रों की शोभा। पृ० २१—ललाट, मांग, बिंदा और वेनो को शोभा। पृ० २२—सीता जीके वस्त्राभूषण सहित सब शरीर को शोभा का वर्णन। पृ० २३—राम सीता दोनों की शोभा का वर्णन, सखियों का वर्णन। पृ० २४—सीता राम का नख शिख शोभा सहित जो ध्यान करते हैं वे भवसागर से सहज ही पार हो जाते हैं। पृ० २५—रघुवर भक्त प्रशंसा और उनके प्रतिकूल मनुष्यों की निन्दा, निर्माण सम्वत्॥ समाप्ति॥

No. 34 (*a*). Name of book—Dampati Vilāsa. Name of author—Balabīra Dvivedī of Kannauja (Farrukhābād). Substance—Country-made paper. Leaves—152. Size—9 × 7 inches. Lines per page—15. Extent—1,140 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1759 or A. D. 1702. Date of manuscript—Samvat 1870 or A. D. 1813. Place of deposit—Sukhanandana Vājapeyi, Kutuba Nagara, District Sītāpur.

Beginning.—श्री गणेशाय नमः॥ छंद मात्रा सवैया॥ सिद्धि सरन गुन वृद्धि करन पुनि विघन हरन सुख देत अनंत। गिरिजा नंदन जग के बंदन सत्रु निकंदन गनवर कंत॥ मंगलदायक सदा सहायक है सब लायक जयत सुरेस। जय के सदना एकै रदना गजवर वदना नमो गनेस॥ १ दोहा—प्रथमै बरनौ सहित गुन जौ मति करै सहाय। चित्त चले बलवीर को कृपा तिहारी पाय॥ २ कर जोरे विनतो करै कालो के सिर नाय। रस सागर के तरन को तरनि तिहारे

पाय ॥ ३ फूलि फलत अभिलाष है जे सेवत हैं साहि। जिंद परो नौरंग वली ताकौं सदा सहाहि ॥ ४

End.—मदिरा—मात पिता पुनि बंधरु गोत सुपुत्र कलित्रनि ते न सरैगौ। है धन धाम सुकाम न आवत वाम विचारो कौ मान मरैगौ ॥ चेत अचेत सुचेतहु रे तुम अन्तक नायक दूत धरैगौ। वोर कहै हरि भक्ति करौ पुनि भक्ति विना जम भक्ति करैगौ ॥ २५ ॥ देह यहै धरि देह रहे तुम देह सदा तुम देह न पैहौ। वेद पुरान कहै सुभ सम्मति टीने विना जग में डहकैहौ। अंतक द्वार में मारु परै फिर खार भये तब तौ पछितैहौ। राम कौ नाम और दाम दिये विन धाम धरौ फिरि खान न पैहौ ॥ २६ ॥ दोहा—दया धर्म अरु दान के साधन धरौ सरीर। सांत रस सबै सदा सांचे हैं रघुवीर। स्वारथ सब यामैं कहौ मैं परमारथि बूझि। दोष न दीजौ विन गुनै घट घट अपनो सूझ ॥ छंद बंद रस नायका नायक श्री गोपाल। दूजौ लखौ न दृष्टि भरि कवि बलवीर रसाल ॥ ५९७ दंपति कहौ विलास मैं राधे श्री व्रजराज। देह धरो जिन जगत में वीर भक्त के काज ॥ ५९८ इति श्री दंपति विलास समाप्तं ॥ शुभमस्तु ॥ इति

Subject.—पृ० १—३ तक—मंगलाचरण, औरंगजेब वंश वर्णन। अजीम की प्रशंसा व पूरब की चढ़ाई का वर्णन। पृ० ४ से ८ तक—हिम्मत खां का वंश वर्णन व उसके पिता मीर अनवर की प्रशंसा। पृ० ९ से ११ तक दंपति विलास लक्षण, प्रेम की उत्पत्ति, ग्रंथ निर्माण काल, नायिका भेद वर्णन। पृ० १२ से १६ तक। ज्ञात व अज्ञात यौवना वर्णन, नवोढ़ा भेद। पृ० १७ से २३ तक। मध्या सभेद उदाहरण लक्षण वर्णन, प्रौढ़ा वर्णन, धीरादि भेद। पृ० २४ से २९ तक—जेष्ठा कनिष्ठा वर्णन, कन्या वर्णन, प्रौढ़ा परकीया वर्णन, परकीया सभेद विदग्धा सभेद वर्णन। पृ० ३० से ३३ तक—लक्षिता, मुदिता, अनुशयना सभेद। पृ० ३४ से ७२ तक—सामान्या, अन्य संभोग दुःखिता, गर्विता सभेद, अष्ट भेद नायिका वर्णन। पृ० ७३ से ७४—उत्तमा, मध्यमा, अधमा नायिका वर्णन। पृ० ७५ से ८२—भाव पंच भेद सहित, विभाव सभेद, व्यभिचारी ३४ भेद। पृ० ८३ से १०० तक—हाव सभेद। पृ० १०१ से ११६ तक—स्त्रियों के भेद, नायक भेद। पृ० ११७ से १२४ तक दूती सभेद वर्णन, शृंगार, आभूषण वर्णन, शिक्षा वर्णन। पृ० १२५ से १४२ तक, झुकना, उरहना वर्णन, सखी दर्शन, सभेद वर्णन, विप्रलंभ, शृंगार, पूर्वानुराग, विरह की दस अवस्थाएं, करुणा लक्षण, मान वर्णन, सखा सभेद वर्णन। पृ० १४३ से १५२। रस निरूपण।

Note.—निर्माण काल-१७५९-खंड वान मुनि रविरथ चक्रे। संवतु नाम लोक तिथि वक्रै ॥ माधव शुकल पक्ष लिखु वामैं। आदितवार प्रगट किय जामै ॥ १० कविस्थानादि वर्णन। सुवलवीर कनउज को बासी। सदा चित्त

जाके अविनासी ॥ ब्राह्मण वरण हुवेद बखानौ । सेा कवि हिम्मत खां कौ जानौ ॥ मोर मया तापर करी कविरस करौ प्रकाश । तव बलवीर विचारि कै दंपति कहौ विलास ॥ ३४ ॥ कवि आश्रय दाता ॥ तिन मध्य एक निसि गर्भ थित नौरंग साह सुजस लिय ॥ ६ साहिब आलम विदित जग बड़े कहत तिन माहिं । पूत चारि तिन साहि के चारहू दिसि के साह ॥ ७ आलम सुत साहिब सवल महासुभट रनधीर । महमद अजीम तिन में उदित राज काज बलवीर ॥ ८ साहि अजीम अजीम अति सब कोउ कहत बखानि । महमद अनवर मीर कौं कृपा करी गुन जानि ॥ ११ ॥ प्रगट भये पुहुमी प्रवल पैगंवर के वंश । तिन में साहिरु साहिजू सैफुल्लाह सुअंस ॥ सरफूदी हुसैन तिन के तनै भये रन धीर १६ साले महमद तिनहि के सुभ हे किते प्रवीन १७ साहि असगर तिनके घर उपजि प्रवल फरजंद १८ साहि सवल तिनके भये अनवर अनवर जान १९ साहि मुनैावर तासु सुत जिनके रहित सुनीति ॥ २० जिनके भये जु साहि सुत हासिम हसम अपार २१ तिनके कासिम साहि सुत साहिव जाति सुजाति ॥ २२ ॥ कसवर करता जग रचे कसवर कहौ समान । कुदरत अलो की लैमनैां जोतैा अखिर जान ॥ कैसर को सरि को करै कैसरि वचने मूठ । दया दान अरु जुद्ध में जाको जस भयेा रूठ । मालिक अषदर तासु सुत महा प्रवल भुजदंड २५ तिनकें ईसफ साहि सुत भये सु ईसफ रूप । गरदेजी ईसफ साहि के अवूवकर रनधीर ॥ २७ ॥ तिनके उम्मर साहि सुत जगत विदित वलवीर । साहि अब्दुल्ला तासु सुत रनवर वरने जात । छप्पय काजो षां परचंड खड़ग वरषानी लीनी । लुतुफुल्ला वस लुतुफ किर्त्ति जग जाहिर कीनो ॥ सैद अब्दुल्ला वहा भुजन वल शत्रु संहारै । सैद फरो फरजंद भए तिनि के उजियारे ॥ पुनि सैदखान साहिब सवल सय्यद ममरा खान सुव । अरु सालेह तन मुस्तफा कुल में अनवर विदित हुव ॥ ३० दो०—कोरति हंसो सोल सै जग जस पूरन कंद । मीर मुसाफा वंसवर उपजौ अनवर चंद ॥ ३१

No. 34 (*b*). Name of book—Upmālaṅkāra Nakhaśikha. Name of author—Balavīra of Kannauja. Substance—Country-made paper. Leaves—32. Size—9 × 7 inches. Lines per page—16. Extent—320. Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1870 or A. D. 1813. Place of deposit—Paṇḍita Sukhanandana Vājapeyī, Kutub Nagar, District Sītāpur.

Beginning.—अथ उपमालङ्कार नखशिख वर्णन ॥ दोहा—कछुक भेद कवि कहत है उपमा समता कोन । मिहदीजुत कर वरनियै जावक पगन

प्रवीन ॥ १ अथ चरण—पल्लव से कोमल चरण अंगुलि कोस समान । जावक पावक राजगुण भूषण भेद बखान ॥ २ दिन मनि मित्र पितु पावन विरंचि जू के सुंदर सुमन सुभ सोभित जमल से । ललित अरुन पर जावक रजो को गुन पावक अरुन मुख धूम सोम समल से ॥ अंगुली अरुन कोस भूषण अरुन नष वरनत न कवि रांव द्वादस अमल से । पल्लव नवीन तारु परमा परम सारु प्यारी के चरन चारु कोमल कमल से ॥

End.—सखि मंदहि मंद अनंद भरी सुचली पिय पै अति प्रेम विशेषै । सकुचे कल हंसन के कुल तौ लषि नीचै किए दृग सेा अवरेखै ॥ गजराजनि गर्ब गयौ बलवीर सुलज्जित ह्वै करि कौने प्रवेशे । सुजनी जिय मैं नरती हरि है औ तपी तप छांड़ि रहे गति देखे ॥ २ ॥ इति नष शिख समाप्तम् ॥ श्री अब्दो विक्रमे तेा यातेा नभं सप्ताष्ट भूमिते ॥ जेष्ठे सिते द्वितीयायां चन्द्रवारे लिपी कृतं ॥ कटि ग्रीवा अरु नयन कर सहि दुख लिखत सुजान । लिखिवेा है अति कठिन सेा सठ जानत आसान ॥ १ इति

Subject.—पृ० १५२ से १५५-चरण, जंघा, नितंब, कटि व नाभि उपमा । पृ० १५५ से १६०—त्रिबली, उदर, रोमावली, कुच, कुचाग्र भाग, कंचुको, भुज मूल, भुज, करतल उपमा व उदाहरण । पृ० १६१ से १६५—भुज कर भूषण, कंठ, कंठ भूषण, पोठ, चिबुक, चिबुक विन्दु, ओष्ठ, दशन, उपमा व उदाहरण । पृ० १६६ से १७५ तक-हास, मुखराग, रसना, वाणी, कपोल, नासा, मोती, लोचन, वरुनी, अंजन, भृकुटी, श्रवन, उपमा व उदाहरण । पृ० १७६ से १८४-कर्णाभरण, खुटिला, मुख मंडल, ललाट, अलक, बार, पाटी, सोसफूल, वेणी, जूरा, सारी, मूरति गति वर्षन ॥

No. 35. Name of book—Niraguṇa Prakāśa. Name of author—Ballūdāsa of Sabalāpur (Baharāich). Substance.—Country-made paper. Leaves 205. Size—14 × 8 inches. Lines per page—28. Extent—2,890 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Devīdīn, Village Ballūdāsa kā Purawā, Sabalāpur, Post office Barnāpur, District Baharāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ निर्गुण प्रकाश लिष्यते ॥ दोहा ॥ वल्लूदास भाषा है भाषा सबद सनेह । निर्गुण सर्गुण रूप हैं अहैं प्रेम रस नेह ॥ याही उक्ति है याही मुक्ति है याही भक्त कर देह । करि विश्वास पढ़ि लीजै पढ़ो सबद कर नेह ॥ करि विश्वास ग्रंथ पढ़ै होय विश्नु कर दास । पढ़त पाप छय

होयंगे कोन्ह ब्रह्म परकास ॥ प्रेम सुधा मधु रस भरो उमरी शुभ शुचि ज्ञान ॥ विरचित वल्लूदास कर ग्रंथ सुसागर ठान ॥ जोग जाग जप तप भरो उमरो विमल विभाग । हरि भक्तो प्रगटावनो भूपति तन अनुराग ॥ निगम अगम सम्मत सुभग सब पुरान को सार । सुर नर मुनि मन भावनो हरि को चरित उदार ॥ कथा पवित्र पवित्र गुण कर पवित्र नर देह । पातक पुंज पहाड़ सम कर तेहि श्रम मह खेह ॥ विमल भक्ति रघुनाथ को औरहु परा निर्वान ॥ सुष पैइहै अघ धोइहैं सुनिये सकल सुजान ॥

End.—जहं जहं नारद हैं मम दासा । तहं नारद तुम कियेा निवासा ॥
नारायण निज गृह का गयऊ । नारद माथ नवावत भयऊ ॥
तव नारद ना करैं विचारी । घर घर घूमत जिमि अधिकारी ॥

दोहा ॥ संत से छल कछु नहीं है । जहं लगि करै विचार ॥ सब घर एकही नाम है भजै सदा ओंकार ॥ जो जो पढ़ैं वेद पुराना । सेा चरित सब से कहैं वषाना ॥ प्रहलाद से अधिक भक्त ना कोई । यह दासन में उत्तम होई ॥ हरनाकुश को मारि हटावा । अरु प्रहलादै लीन्ह बचावा ॥ इतना वचन मैं कहत वखानो । मोरी गति ब्रह्मा नहि जानो ॥ हिरनाकुश वैकुंठ सिधायेा । यह चरित्र वल्लू है गायेा ॥ आगे नारद सुनै चित लाई । मन में विसमै तनिक न लाई ॥ संत वचन राषैं जग माहीं । हाय प्रसन्न भक्त मन माहीं । वरणत वल्लूदास हैं सबलापुर अस्थान । निगुन सगुन द्वै रूप हैं जो करते कल्यान ॥ हरि से प्रेम करौ सदा छाड़ो सब जंजाल । तब तेा मानुष देह है नहिं तौ यहै पषाल ॥ इति निर्गुण प्रकास समाप्तम सुभमस्तु ॥

Subject.—भगवान्, ब्रह्मा, शंकर, इन्द्र, कुवेर, वरुण, नारद, धर्मराज, सूर्य, शेष, कल्पवृक्ष, योगी, राजा सिंधुराज, खल राजा, वलिराजा, कालिका, सतगुरु, सती, हनुमान, अमृत, तारागण, भगवती, प्रहलाद आदि की कथा का वर्णन ।

Note.—इस पुस्तक के कर्त्ता वल्लू दास जो साधू जाति के तमोली थे ॥ आपका बचपन से ही हरि भजन को ओर चित लग गया था । आपने कई ग्रंथ रचे हैं । इनके कुटुंबी इन्सपेक्टर के पुरवा (सबलापुर के पुरवा) में रहते हैं ।

No. 36(*a*). Name of book—Banārasī Vilāsa, Brahma Vilāsa. Name of author—Banārasīdāsa Jain of Āgrā. Substance—Country-made paper. Leaves—226. Size—9½ × 5 inches. Lines per page—10. Extent—2,684 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Written in prose and verse. Character

—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1686 or A. D. 1629. Date of manuscript—Samvat 1841 or A. D. 1784. Place of deposit—Jaina Mandira Baḍā, Bāṛā Bankī (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशाय नमः ॥ अथ बनारसी विलास ब्रह्मविलास लिख्यते ॥ अथ जिन सहस्रनाम लिख्यते ॥ परमदेव परनाम करि ॥ गुरु कूं करूं प्रनाम ॥ बुधि बल वरणों ब्रह्म के ॥ सहस अठोत्तर नाम ॥ १ ॥ केवल पद महिमा कहूं ॥ कहौं सिद्धि गुनग्यान ॥ भाषा प्राकृत संसकृत ॥ त्रिविधि सबद परवान ॥ २ ॥ एकारथ वाची सबद अरु द्विरुक्ति जो होइ । नाथ कथन के कवित में ॥ दोष न लागै कोय ॥ ३ ॥ चौपाई ॥ ओंकार रूप ईशान ॥ करुणासागर कृपानिधान ॥ त्रिभुवन नाथ ईश गुण वृन्द ॥ गिरातीत गुण मूल अनन्द ॥ १ ॥ गुणी गुप्त गुण वाहक वली ॥ जगत दिवाकर कौतूहली ॥ क्षमवर्त्ती करुणामय क्षमी ॥ दशावतारी दीरघ दमी ॥ २ ॥ अलख अमूरति अरस अखेद ॥ अचल अवाधित अमर अवेद ॥ परम परम गुरु परमानन्द ॥ अन्तरजामी आनंद कन्द ॥ ३ ॥ प्राणनाथ पावन अमलान ॥ शील सदन निर्मल परमान ॥ तत्त्वरूप तपरूप अमेय ॥ दया केतु अविचल आदेय ॥ ४ ॥ शील सिंधु निरुपम निर्वाण ॥ अविनाशी अस्पर्श अमान ॥ अमल अनादि अदीन अछोभ ॥ अनातङ्क अज अगम अलोभ ॥ ५ ॥ अनवस्थित अध्यातम-रूप ॥ आगमरूपी अघट अनूप ॥ अपर अरूपी अभय अमार । अनुभव मंडल अनघ अपार ॥ ६ ॥ विमल पूत शासन दातार ॥ दशातीत उद्धरन उदार ॥ नभवत पुंडरीकवत हंस ॥ करुणा मन्दिर एन विध्वंस ॥ ७ ॥ निराकार निहचै निरमान ॥ नानारसी लोक परमान ॥ सुख धर्मी सुखज्ञ सुखपाल ॥ सुन्दर गुण मन्दिर गुण माल ॥ ८ ॥

End.—अथ मलार तथा सोरठ राग ॥ देखो भाई महा विकल संसारी दुखित अनादि मोह के कारन ॥ रागद्वेष भ्रम भारी ॥ दे० ॥ १ ॥ हिंसारंभ करत सुख समुझै मृषा बोलि चतुराई ॥ परधन हरत समर्थ कहावै परिग्रह बढ़त बड़ाई ॥ दे० ॥ २ ॥ वचन राख काया दृढ़ राखै मिटै न मन चपलाई ॥ या तें होत और को और शुभ करनी दुखदाई ॥ दे० ॥ ३ ॥ जोगासन करि कर्म निरोधैं आतम दृष्टि न जागै ॥ कथनी कथत महंत कहावै ममता मूल न त्यागै ॥ दे० ॥ ४ ॥ आगम वेद सिद्धान्त पाठ सुनि हिये आठ मद आनै ॥ जाति लाभ कुल बल तप, विद्या, प्रभुता रूप बखानै ॥ दे० ॥ ५ ॥ जड़सों राचि परम पद साधै आतम शक्ति न सूझै ॥ बिना विवेक विचार दरब के, गुण पर जाय न बूझै ॥ दे० ॥ ६ ॥ जस वाले जस सुनि संतोष तप वाले तन सोषैं ॥ गुनवाले परगुन को देखैं मतवाले मत

पेषैं ॥ दे० ॥ ७ ॥ गुरु उपदेश सहज उदयागति मोह विकलता छूटै। कहत बनारसि अलख अखय निधि लूटै ॥ दे० ॥ ८० इति अष्टपदी मल्हार सम्पूर्ण

Subject.—(१) पृष्ठ १ से १६ तक—जिन सहस्र नाम, परम देव वन्दना, सहस्र अठोतर (ब्रह्म) नाम, ओंकार नाम। पृ० २ से ३ तक—ज्ञानगम्य नाम। चिंतामनि नाम । पृ० ३ से १६ तक—लोकान्त नाम महामंत्र नाम परम प्रवोध नाम केवल ज्ञानो नाम परम प्रदीप नाम दुरित दलन नाम श्री शिवनायक नाम इति भाषा जिन सहस्र नाम।

(२) पृ० १६ से ४७ तक—सूक्त मुक्तावली—सिन्दुर प्रकरण, मनुष्यभव का धर्माधिकार, धर्म की प्रधानता का वर्णन करते हुए, धर्म को छोड़ कर विषय की ओर जाने वाले की निन्दा करते हुए धर्मपरायण बनाने की चेष्टा। द्वार गाथा—संसार में जीवनमुक्त बनने वाले के लिये कुछ उपदेश। पूजाधिकार—वीतराग की पूजा का फल, भावादि द्वारा पूजन करने के प्रथक् प्रथक् फल। गुरु अधिकार—गुरु के गुणानुवाद गा कर उनकी सेवा करने का फल। गुरु के द्वारा जो लाभ हो सकते हैं उनका वर्णन करते हुए गुरु के वचनों में विश्वास करने की आज्ञा। जिन मताधिकार—जैन धर्म की बड़ाई करके उसकी ओर चित्त आकर्षण करना। संघ अधिकार—संघ की शिरमौर दिखा कर उसका सेवन करने का विधान। अहिंसा अधिकार—अहिंसा की बड़ाई करके उसकी ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट करना। सत्य-बचन अधिकार—सत्य की प्रशंसा और मिथ्यावाद में दूषण दिखाना। अदत्त दान अधिकार—अदत्त धन ग्रहण न करने वाले की प्रशंसा। शीलाधिकार—शील रत्न को मलिन करने वाले की अपकीर्त्ति का वर्णन, अखंड शील के प्रतिपालन की कीर्त्ति ध्वजा के फहराने का वर्णन। परिग्रहाधिकार—परिग्रह की बुराइयां। क्रोधाधिकार—क्रोध की बुराइयां। मानाधिकार—मान से संपूर्ण विपत्तियों के निकलने का वर्णन। मायाधिकार—माया के त्यागने का उपदेश। लोभाधिकार—लोभ की बुराई। सज्जनाधि कार—सज्जनों की बड़ाई। गुणि संगाधिकार—सत्संगति के लाभों का वर्णन। इन्द्रियाधि कार—इन्द्रियों के बलका वर्णन, उनको जीतने वाले साधुओं की प्रशंसा। कमलाधिकार—लक्ष्मी के लक्षण, इसको ठगिनी और धर्मभ्रष्टकारिणी समझ उससे बचने का उपदेश। दानाधिकार—दानी की बड़ाई। तप प्रभाव वर्णन। भावनाधिकार—संपूर्ण उत्तम कर्मों में भावनाही की उत्तमता का वर्णन। वैराग्याधिकार—वैराग्य को कर्म पुंज के मज्जन करने इत्यादि अनेक गुणों से प्रशंसित करना। यहां २२ अधिकारों का वर्णन समाप्त हुआ। उपदेश गाथा—परमेश्वर की पूजा, दीन पर दया, सुमिरण की साधना, देवों की पूजा, परमागम में रुचि, सुपात्र को दान, सत

संगति के लाभ, कुसंग की बुराई, आलस इत्यादि का त्याग, संसार का निस्सार होना।

मुनि पति अजित देव की वन्दना करते हुए उनके इस ग्रंथ के रचने का वर्णन करना, अनुवादकों की ओर से नामादि देना।

इस ग्रंथ के निर्माण का कालः—सोलह सै इक्यानवे, ऋतु ग्रीषम वैशाख। सोमवार एकादशी, करन छत्र सित पाख॥ यह ग्रंथ कुंवरपाल तथा बनारसीदास अभिन्न हृदय मित्रों का किया हुआ अनुवाद है।

(३) पृ० ४८—६५ तक—ज्ञान बावनी, ओंकार की प्रशंसा, ज्ञान के प्रकाश से लाभ, वचन प्रकाश छोड़ कर अन्य बात सुनने वाले की बुराई, पर आशा करने वाले की बुराई, अध्यात्मशैल की रीति का वर्णन, राजा चिदानंद की प्रशंसा, आठ कर्म भ्रम भेद वर्णन, ज्ञान वृद्धिकारी पठन पाठन ही की बड़ाई, पुग्गल के परिचय का वर्णन, विषयवासना परित्याग का उपदेश, स्वार्थ की बुराई, जिन उक्ति को अमृत सदृश बता कर उससे कुछ शिक्षा लेने का उपदेश, संपूर्ण संसार के जीवों की ज्ञान संबंधी उक्ति, ज्ञान की गोली का प्रभाव, जैन धर्म में ही अपनी प्रवृत्ति होने का वर्णन, अन्य धर्मों से संबंध रखने वाली बातोंको जान कर उनकी ओर से लापरवाही, आत्मज्ञान की प्रशंसा और उसके लाभ, तत्व को समझने की आज्ञा, एक ओर मनुष्य की विधि और दूसरी ओर विधना के होने का वर्णन, संसार का निवास दुःखकारी होने का वर्णन, जैसा बासवसे वैसाही बुद्धि होने का वर्णन, गुण की प्रधानता का वर्णन, भाव में भगवान के निवास का वर्णन, आत्मा के निहारने की आरसी, भावना की मानना, आत्मा अभव्य को सिद्धरूप के मानने का वर्णन। इन बावन वर्णों के पढ़ने का लाभ।

कवि निवास स्थान तथा वंशादि परिचयः—शकवंधो सांचो शिरी माल जिनदास सुन्यो ताके वंश मूलदास विरद बढ़ायो है॥ ताके वंश क्षिति में प्रगट भयो खड्गसेन, बनारसीदास ताके अवतार आयो हैं॥ वीहोलिया गोत गरवतन उद्योत भयो, आगरे नगर ताहिं भेटे सुख पायो है॥ बानारसी बानारसी खलक बखान करै ताको वंशनाम ठाम गाम गुण गायो है॥

× × × × × ×

सोलह सै छियासी ये संवत् कुंआर मास, पक्ष उजियारे चन्द्र चढ़िवे को चाव है। विजैदशी दिन आयो शुद्ध परकाश पायो, उत्तरा आषाढ़ उडुगन यहै दाव है॥ बनारसी दास गुण योग है शुकल बाना पौरिष प्रधान गिरि करण कहाव है। एक तो अरथ शुभ मुहूरत बरणाव दूसरो अरथ यामें दूसरो बरणाव है॥

(४) पृ० ६५—७४ तक—वेद निर्णय पंचासिका। ऋषभ स्वामी को वंदना। प्रसिद्ध ऋग्वेदादि को मिथ्या बता 'प्रथमानुयोग, करणानुयोग, चरणानुयोग, द्रव्यानुयोग, इन चार वेदों का वर्णन करना। इन चारों वेदों में किन किन का वर्णन है, इस बात का कथन। सब ग्रंथों को इनको परछाई बता कर इनके गुप्त होने का वर्णन, जुगल धर्म वर्णन, ऋषभ देव वर्णन, ब्रह्मलोक का वर्णन। ऋषभ देव द्वारा जैन मत वर्णन करने का विधान।

(५) पृ० ७५ से ७७ तक—त्रेसठ शलाका पुरुषों की नामावली।

(६) पृ० ७७ से ८१ तक—मार्गणा विधान संजम, भव्य, अहार, कषाय, दर्शन, ज्ञान, जोग, गति, काय, लेश्या, समकित सैनी, वेद तथा इन्द्रिय यह चौदह मार्गणा सार हैं फिर इनके बासठ भेदों का वर्णन।

(७) पृ० ८१ से १०२ तक—कर्म प्रकृति विधान—एक हो कर्म को आठ श्रेणियां, उनकी हो १४८ प्रकृतियों का वर्णन। ज्ञान वर्णीय, दर्शणा वर्णीय, अन्तराय, मोहनीय (घातिया कर्म) वेदनी, गोत्र, आयु और नाम कर्म (अघातिया कर्म) इनमें ज्ञानावर्णी कर्म के मति ज्ञानावर्णी आदि ५ भेद, दर्शणा वर्णी कर्म के चक्षु दर्शणावर्णी आदि नौ भेद, मोहनी कर्म के २८ भेद, इन सब का वर्णन। अन्तराय कर्म के भोगंतराय आदि ५ भेद। इस प्रकार चारो घातिया कर्मों के सब ४७ भेद हैं। वेदनी कर्म के साता और असाता ये दो भेद हैं—आयु कर्म के नर्कायु, त्रिपंच आयु इत्यादि ४ भेद हैं। गोत्र कर्म के उच्च गोत्र और नीच गोत्र ये दो भेद हैं और नाम कर्म के ९३ भेद प्रथक प्रथक दिखाए गए हैं और प्रत्येक का स्वरूप और लक्षण भी दिखाया गया है। जगत की सम्पूर्ण शक्ति के कर्माधीन होने का वर्णन। पुण्यपाप के भेद। पुण्य प्रकृति के ६८ वान। पाप प्रकृति के सौ वान। उनमें से वर्णादि के ४ बंध हैं, इसी प्रकार इनका विभाग हुआ है। विपाक वर्णन—पुद्गल विपाक को ६२ वान, जीव विपाकी को प्रकृति ७८ ठौर। आठों कर्मों की स्थिति का वर्णन, पल्योपम काल तथा सागरोपम की चाल का वर्णन। ग्रंथ के पढ़ने का फल तथा निर्माण कालः—संवत् सत्रह सौ समय, फाल्गुण मास वसन्त। ऋतु शशिवासर सप्तमी, तब यह भयौ सिद्धंत॥

(८) पृ० १०२ से १०८ तक—कल्याण मन्दिर स्तोत्र, कवि द्वारा अपने इष्टदेव के गुणों तथा अपनी हीनता के वर्णन करने के साथ अपने को इस भवसागर से निकालने की प्रार्थना करना। "यह ग्रंथ कुमुदचंद्र की बुद्धि द्वारा रचा गया है और इस का हिन्दी पद्यानुवाद मैंने किया है" कविका यह कथन है।

(९) पृ० १०९ से ११२ तक—साधु वंदना, साधु के मूल गुणों का वर्णन, इन २८ मूल गुणों धारी साधु की वन्दना करके उन्हें ही मोक्ष का अधिकारी बताना

(१०) पृ० ११३ से ११६ तक—मोक्ष पैड़ी। कर्म कपाट को उखाड़ कर मोक्ष देने की सतगुरु से प्रार्थना। भव थिति घटने वालों को उपदेश—मूढ़ों को नहीं।

(११) पृ०—११७ से १२० तक—कर्म छत्तीसी। जीव और कर्म का निर्णय, आकाश के बीच में ही जीव अजीव के निवास का वर्णन, जीव की संसारी और सिद्धि नामनी दो दशाएं और अजीव के पांच विकल्प। पुद्गल द्रव्य का विशेष विधान। पुद्गल के २० गुण। पुद्गल की दशाओं को ही अपनी दशा मान लेने ही के भरम विभाव से कर्म का वंश बढ़ता है। कर्म रोग के दोनों चरणों का वर्णन, पाप विकार तथा पुण्य विकार—इन दोनों से उद्धार न होने का वर्णन, केवल कर्म फन्द काटने ही से उद्धार की आशा।

(१२) पृ० १२१ से १२४ तक—ध्यान बत्तीसी। दान, शील तप और भावना चारों के सुखदातार होने के वर्णे के साथ ही साथ चारों हितकारी ध्यानों का वर्णन। ध्यानों के लक्षण। ज्ञानी इत्यादि का अपने अपने मार्ग से आराधन करने का वर्णन। आर्त तथा रौद्र का कुध्यान बताना।

(१३) पृ० १२५ से १२८ तक। अध्यातम बत्तीसी। चौदह उतंग रज्ज का कथन, छ द्रव्यों का कथन, चेतन तथा पुद्गल (जड़ पिंड) के घनिष्ट सम्बन्ध का वर्णन—जिस प्रकार पुष्पादि में गंधादि हैं, शुद्ध चैतन्य का भाव कर्म की ओट में वसना, पिंडकी पोट का द्रव्य कर्म से लपेटा होना। सुमति कर्म से शिव का साधन और साधन से मोक्ष का वर्णन।

(१४) पृ० १२८—१३० तक—ज्ञान पचीसी, सत्सङ्गतादि उपकरणों द्वारा ज्ञान विधान का वर्णन कर आत्म ज्ञान का उपदेश।

(१५) पृ० १३१ से १३३ तक—शिव पचीसी—शिव की महिमा का वर्णन।

(१६) पृ० १३४ से १३५ तक—भव सिंधु चतुर्दशी—मन जहाज द्वारा तरण का उपदेश।

(१७) पृ० १३५ से १३७ तक—अध्यातम फाग।

(१८) पृ० १३७ से १३९ तक—सोलह तिथि वर्णन।

(१९) पृ० १३९ से १४१ तक—तेरह काठिया वर्णन।

(२०) पृ० १४१ से १४३ तक अध्यात्म गीत।

(२१) पृ० १४४ से १४५ तक—पंच पद विधान अर्थात् १ गुरू और चार गुरुओं के चरणों की वंदना।

(२२) पृ० १४५ से १४६ तक—सुमति के देव्यष्टोत्तर शत नाम।

(२३) पृ० १४६ से १४८ तक—शारदाष्टक, सरस्वती के गुणों के साथ ही साथ उसकी वन्दना।

(२४) पृ० १४८ से १५१ तक—नव दुर्गा विधान। देव देवी दोनों ही ज्ञान की दो अवस्थाएं हैं, उनमें कुछ भेद न होने का वर्णन, शीतलादि इसके नौ रूपों का वर्णन।

(२५) पृ० १५१ से १५२ तक-नाम निर्णय विधान। नाम की आस्था का बाध। नाम का केवल भ्रम होना। ईश्वर नाम ही सच्चा मानना।

(२६) पृ० १५३ से १५६ तक-नवरत्न कवित्त। धन्वन्तरि कालिदासादि नवरत्नों का वर्णन। इनके साथ ही साथ विमल चित्त जाचकादि नव बातों का समावेश।

(२७) पृ० १५६ से १५७ तक—आठ प्रकार के जिन पूजन का वर्णन।

(२८) पृ० १५७ से १५९ तक—दश दान विधान वर्णन।

(२९) पृ० १५९ से १६० तक—दश बोल कथन।

(३०) पृ० १६१ से १६२ तक—कुछ पहेलियां।

(३१) पृ० १६२ से १६५ तक—प्रश्नोत्तर के दोहे।

(३२) पृ० १६५ से १६६ तक—प्रश्नोत्तर माला।

(३३) पृ० १६६ से १६७ तक—अवस्थाष्टक।

(३४) पृ० १६७—षट दर्शनाष्टक। शैव मत, बौद्ध मत, वेदान्त मत मीमांसक मत, और जैन मत।

(३५) पृ० १६७ से १६८ तक—चातुरवर्ण ब्राह्मणादि चारों वेदों के धर्मों का कथन।

(३६) पृ० १६८—१६९ तक—अजितनाथ जी के छन्द, अजित जिनन्द की महिमा, अवध में उनके जन्म लेने आदि का वर्णन।

ग्रंथ निर्माण काल—"सोलै सै सत्तर समय, आश्विनि मास सित पक्ष बारसी"।

(३७) पृ० १७० से १७२ तक—शान्तिनाथ जिन स्तुति।

(३८) पृ० १७२ से १७५ तक—नव सेना विधान। कटकादि परिमाण।

(३९) पृ० १७४ से १७५ तक—नाटक समय सार सिद्धान्त के पाठान्तर कलशों का भाषानुवाद।

(४०) पृ० १७५ से १७६ तक—मिथ्यामत वाणी। पुराणों के अन्तर्गत आई हुई कुछ गाथाओं को उदाहरण स्वरूप सन्मुख रख कर उस मत का खंडन।

(४१) पृ० १७७ से १८२ तक—प्रस्ताविक फुटकर कविता, माया मोह को त्यागने इत्यादि के उपदेश, १४ विद्याओं के नाम। छत्तीस पौन के नाम, १४८ प्रकृति नाम।

(४२) पृ० १८३ गोरखनाथ के वचन।

(४३) पृ० १८४ से १८८ तक—वैद्यादि के भेद, वैद्य, ज्योतिषी, वैष्णव, गहवर इत्यादि का वर्णन।

(४४) पृ० १८८ से २०० तक—परमार्थ वचनिका (गद्य में) तीनों अवस्थाओं का विचार, निश्चय व्यवहार का वर्णन, आगम अध्यात्म का स्वरूप, अनन्तता का विचार, मूढ़ तथा ज्ञानी जीव का विशेषण, सम्यक् दृष्टि का विचार। हेय ज्ञेय उपादेय रूप ज्ञाता की चाल का विचार।

(४५) पृ० २०० से २०८ तक—उपादान निमित्त को चिट्ठी (गद्य में)।

(४६) पृ० २०९ से २१४ तक—निमित्त उपादान के दोहे।

(४७) पृ० २१५ से २२२ तक—अध्यात्म पद पंक्ति, अध्यात्म विषयक पद।

(४८) पृ० २२२ से २२४ तक—परमारथ हिंडोलना, परमार्थ विषय का निदर्शन।

(४९) पृ० २२४—२२५ तक—अष्टपदी मल्हार रागादि के कारण संसारियों के दुखी होने का वर्णन। गुरु उपदेश से इस दोष के मिटने का उपदेश।

(५०) पृ० २२५ से २२६ तक—बनारसी विलास के संग्रहकर्त्ता की आत्म कहानी—

नगर आगरे में अगरवाल आगरी जो, गर्गगोत आगरे में नगर नवल सा।
सघवो प्रसिद्ध अभैराज माननी के, पंचवाला नलनि में भयो है कंवल सा॥
जाके परसिद्ध लघु मोहन दे संघ इन, जाके जिन मारग विराजत धवलसा।
ताही को सपूत जगजीवन सुदिढ़ जैन, बानारसी बैन जाके हिये में सवलसा॥

× × × × × ×

और काव्य घनी खरी कही है बनारसी ने सोभी क्रम से एकत्र किये ज्ञान भास है। ऐसी जान एक ठौर कीन्ही सब भाषा जोर ताके नाम धरयो येा बनारसी विलास है॥ ग्रंथ संग्रह कालः—सत्रह सेा एकोत्तरै समै चैत सित पाख। द्वितिया में पूरन भई यह बनारसी भाख।'—(ग्रन्थ पूर्ण)

Note.—यह 'बनारसी विलास' नामक ग्रंथ श्री बनारसीदास जी जैन की कई पुस्तकों का संग्रह है। इसके संग्रहकर्त्ता हैं आगरा निवासी जगजीवन जैन। इन्होंने सं० १७०१ में इस ग्रंथ का संग्रह बड़ी उत्तमता से किया है। अब यह ग्रंथ कवि के जीवन चरित्र सहित "जैन ग्रंथ रत्नाकर पुस्तक माला" के सातवें रत्न के स्वरूप में प्रकाशित हो गया है। इसका संपादन नाथूराम प्रेमी ने किया है। कवि ने अपनी ५५ वर्ष की जीवनी स्वयं ही लिख कर रख दी थी, उनका जन्म काल स्वयं उनके शब्दों में यों है:—

संवत सोलह सै तेताल। माघ मास सित पक्ष रसाल।
एकादसी वार रविनन्द। नखत रोहिणी वृषको चन्द॥

रोहिनि त्रितिय चरन अनुसार। खरगसेन घर सुत अवतार।
दोनों नाम विक्रमाजीत। गावहिं कामिनि मंगल गीत॥

इन के पिता के आगरे आने का वर्णन और शेष अन्य जीवन संबंधी वृतान्त भली भांति विवर्णित किया गया है। कवि की रचना विशेषतः पद्य में ही है किन्तु संयोग वश इस ग्रन्थ में थोड़ा सा गद्य भी आ गया है। इनकी कविता में कहीं कहीं खड़ी बोली के भी प्रयोग हैं।

No. 36(*b*). Name of book—Nāṭaka Samayasāra. Name of author—Banārasīdāsa of Āgrā. Substance—Country-made paper. Leaves—480. Size—7½ × 5½ inches. Lines per page—8. Extent—2,760 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1699 or A. D. 1642. Date of manuscript—Samvat 1915 or A. D. 1858. Place of deposit—Śrī Jaina Mandira (Baḍā), Bārā Bankī (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः॥ अथ नाटक समय सार लिख्यते॥ परम गुरुभ्यो नमः॥ श्री पार्श्वनाथ स्तुति॥ करम भरम जग तिमिर हरण सुज उरग लषन पग सिव मगदरसी॥ निरषत नयन सविक जल वरषत हरषत अग्रमित भविक जन सरसी॥ मदन कदन जित परम धरम हित सुमिरत भगत भगति सब दरसी॥ सजल जलद तन मुकट सपत फन कमठ दलन जिन नमत वनरसी॥ १॥ सर्व लघु एक स्वर चित्र॥ कुप्पय॥ सकल करम खल दलन कमठ सब पवन कनकनग। धवल परम पद रमन जगत जन अमल कमल खग। पर मत जलधर पवन सजल घन समतन सम कर। पर अघ रजहर जलद सकल तन जल भव भय हर।

यमदलन नरक पद छय करण प्रगट अतर भव जल तरण। वर सबल महण वन हर दहन जय जय परम अभय करण ॥ २ ॥

End.—अथ सब की टीका कथन ॥ सवइया इकतीसा तीनि सै दसोतर सोरठा दोहा छंद दोऊ जुगल सै पैतालीस इकतीसा आने है। छियासी चौपरा सैंतीस तेईसे सर्व ए वोसकृप्पै अठार हैं कवित बखाने हैं। सात फुनि हेा अडिल्ले चार कुंडलिए मिले सकल सात से सत्ताईस ठीक वाने हैं। वत्तीस अक्षर के असिलेाक कीने ताके ले ग्रंथ संख्या सत्रह सै सात अधिकाने है ॥ ७२६ ॥ अथ दोहा ॥ समै सार आतम दरव नाटक भाव अनन्त। सेा है आगम नाम मै परमारथ विरतंत ॥

इति श्री परमारथ समै सार नाटक नाम सिद्धान्त समाप्त ॥ संवत् १९१५

Subject.—(१) पृ० १—८ तक—पार्श्वनाथ की स्तुति, सिद्दिकी स्तुति, सम्यग्दृष्टि की स्तुति।

(२) पृ० ९—२१ तक—मिथ्या दृष्टि वर्णन, कवि की लघुता का वर्णन, नाटक श्रवण का फल, नाटक कथन का प्रयेाजन, अनुभव वर्णन, षट्द्रव्य वर्णन, पुदगलद्रव्य वर्णन, धर्मद्रव्य, अधर्म द्रव्य, आकाश द्रव्य, कालद्रव्य, जीवनत्त यथा कथन, अजीवतच, पुण्यतच, पापतच, अश्रवतच, संवरतच, निर्जरातच, बंधतच, मेाक्षतच।

(३) पृ० २२—२९ तक—नाम माला सूचनिका, सुध ज्ञाव द्रव्य के नाम, संसारी जीव द्रव्य के नाम। नामावली—आकाश, काल, पुण्य, पाप, मेाक्ष, बुद्धि, विचक्षण, मुनीश्वर, दरसन, ज्ञान, साँच, झूठ।

(४) पृ० ३०—७६ तक—समय सार नाटक के द्वादस द्वार। आरम्भ का नमस्कार, कलसा वर्णन, जिनवानी वर्णन, अगम्य व्यवस्थक कथन, निश्चय व्यवहार कथन, सम्यग्दर्शन व्यवस्था, नावस्था अग्निदृश्यातकार, व्यवस्था सूर्य दृष्टान्त, जीव व्यवस्था वचन, हितेापदेश कवित्त, जात विलास, गुण तथा गुणे भेद कथन, ज्ञाता चितवन स्वरूप कथन, द्रव्य पर्याय अभेद कथन व्यवस्था, द्रव्य पर्याय, प्रभेद व्यवहारस्था कथा, द्रव्यागुण पर्याय अभेद व्यवस्था कथन, व्यवहार रूप अथ व्यवहार रूप कथन, निश्चय कथन, शुद्धनय कथन, शुद्ध अनुभव प्रशंसा, ज्ञाता की व्यवस्था, भेद ज्ञान प्रशंसा कथन, परमार्थी शिक्षा वचन, तीर्थंकर स्तुति वाह्यरूप व्यवहार, जड़ चेतन भिन्न भाव वर्णन, जिन स्तुति, कर्थघ कथन, निश्चय व्यवहार, तीर्थंकर स्तुति, वसुरूप कथन, भेद ज्ञान स्वरूप, निश्चय स्वरूप कथन, ज्ञान व्यवस्था कथन, वस्तु स्वरूप, जीवाधिकार।

(५) पृ० ७७—१२ तक—ज्ञान की व्यवस्था, परमार्थ शिक्षक, वसु विवरण, अनुभव प्रशंसा, वस्तु विचार, जीवनव रूपवस्तु विचार, स्वस्वरूप कथन,

साक्षात रूप कथन, अनुभव विधान, मोह वर्णन, ज्ञातावलास, ज्ञान विलास, अजीव द्वार।

(६) पृ० ९३—१२५ तक—भेद ज्ञान वर्णन, ज्ञान समर्थ वर्णन, भेद ज्ञान का समर्थपना, पुद्गल लक्ष भेद कथन, कर्तृ, कर्म और क्रिया का स्वरूप कथन, कर्त्ता, कर्म और एकत्व करण, कर्त्ता, कर्म और क्रिया प्रतिस्थापन, इन तीनों का विवरण, यथा कर्म तथा कर्त्ता, मिथ्या दृष्टि वर्णन, भ्रमस्वरूप कथन, सम्यग-दृष्टि का स्वभाव कथन, कर्तृत्व स्वभाव दृष्टान्त, कर्त्व विवरण, व्यवहार कर्त्तृत्व। गुरु शिष्य संवाद कर्त्ता कर्म के विषय में, मूढ़ कर्तृत्व कथन, शुद्धानुभव माहात्म्य, अनुभव समर्थन, मिथ्या दृष्टा कर्तृत्व, मूढ़ कर्म को कर्त्तृ कर्त्ता ज्ञाता, अकर्त्ता, जीव द्रव्य कर्म का अकर्त्ता, क्रिया द्वार।

(७) पृ० १२६—१५६ तक—चन्द्रकला वर्णन, शुभाशुभ एकत्व करण, गुरु शिष्य संवाद कर्म के विषय में, बंध मोक्ष रूप, मोक्ष मार्ग निरूपण, बंध मार्ग, ज्ञान मोक्ष मार्ग, ज्ञान तथा कर्म विवरण, मूढ़ तथा विचक्षण क्रिया वर्णन, पाप पुण्य एकत्री करण द्वार।

(८) पृ० १५७—२२४ तक—ज्ञान लौवर्णन, विधि आश्रव लक्षण, ज्ञान लक्षण, ज्ञाता का समर्थपना, द्वेष विमोह लक्षण, राग द्वेष फल, ज्ञाता निराश्रव, ज्ञाता विलास, शुद्ध नय। जीव विलास। सम्यग् प्रशंसा, आश्रव द्वार, ज्ञान वर्णन, भेद ज्ञान महिमा, सम्यक् सामर्थ्य, सम्यक् दृष्टि महिमा, भेद ज्ञान महिमा, स्वरूप कथन, भेद विज्ञान महिमा, भेद ज्ञान माहात्म्य, अभेद ज्ञान मोक्ष मूल कथन, ज्ञान वैराग्य शक्ति वर्णन, ज्ञाता व्यवस्था कथन, मिथ्या दृष्टि, मूढ़ क्रिया, महा मूढ़ व्यवस्था, सैन दशा, आना द्रव्य शक्ति, ज्ञाता को क्रिया का कथन, ज्ञान समुद्र वर्णन, मोक्ष मार्ग अप्राप्तका, मूल व्यवस्था कथन, ज्ञान महिमा, मोक्ष प्रतिव्यवस्था, परवश्व का त्याग, ज्ञानी तथा ज्ञाता अस्ति कथन, ज्ञाता का उद्वेग, ज्ञाता प्रबंध, ज्ञान दाय वर्णन, ज्ञान स्वभाव, ज्ञान वैराग्य वर्णन, मूढ़ कर्म, ज्ञान का अकृतत्त्व।

(९) पृ० २२५—३०० तक—सप्त भयनामा, सप्त भय लक्षण, परलोक भय निवारण, वेदना भय, चोरादि अन्य भय निवारण, अष्टंग के नाम, अचेतना नाटक कथन, निर्जर, कर्म चेतना तथा ज्ञान चेतना, बंध निदानक दृढ़ाकरण, अबंध निदान, उद्यम प्रशंसा, उदैबल वर्णन, यथावस्थ, वर्णन, यथावस्था तथा क्रिया कथन, यथा क्रिया तथा फल, ज्ञानो वैराग्य सह करथ वर्णन, पदार्थ व्यवस्था कथन, पुरुषार्थ, शुद्ध नयनश्रु स्वरूप, मूढ़ कथन, चार प्रकार जोवव्यवस्था, उत्तमादि पुरुष वर्णन, मूढ़ व्यवस्था वर्णन, मूढ़ विषयी

वर्णन, संसारी तथा गुणो व्यवस्था वर्णन, आत्मा शरीर लक्षण, देह वर्णन, जगतवासी वर्णन, जग संपदा कथन, ज्ञान महात्म्य, विचारादि, भिक्षा कथन, बंधद्वार—मोक्ष द्वार वर्णन—ज्ञानो विलास वर्णन, बुधि विलास, जोधादि भक्ति वर्णन, चेतना वर्णन, वस्तु सत्ता वर्णन, सत्ता व्यवस्था वर्णन, चेतन सत्ता वर्णन, अन्य सत्ताओं का वर्णन, समाधि भूमि वर्णन, समाधि वर्णन प्रमादी तथा अप्रमादी वर्णन, ज्ञानी अवस्था।

(१०) पृ० ३०१—३७१ तक—सर्व विशुद्धिद्वार वर्णन, शुद्धात्मद्रव्य वर्णन, अजोव अभोगता वर्णन, भोगता वर्णन, अहम् बुद्धि वर्णन, अकर्त्ता कथन, कर्त्ता भोगता की आलोचना, बाध मतो वर्णन, दुर्बुद्धि वर्णन, आत्मा द्रव्य के अनेक भेद कथा, मिथ्यादि मति के भेद, अनुक्रम वस्तु स्वरूप, व्यापकता कथन, कुबुद्धि वर्णन, सुबुद्धि वर्णन, ज्ञान चक्र वर्णन, ज्ञान क्रिया का दृष्टांत, जान क्रिया का स्वरूप, ज्ञाता ज्ञान भान कथन, मिथ्यात्व परिणाम, आत्म धर्म वर्णन, वैराग्य वर्णन, ज्ञानी पुरुष को महिमा, शुद्धात्म द्रव्य वर्णन, मोक्षपंथ तथा परमारथ कथन।

(११) पृ० ३७२—३९४ तक—ग्रंथ निर्माण हेतु—

बरने ग्रंथ जगत हित काजा। प्रगट अमृत चंद मुनिराजा॥
तव तिन ग्रंथ जानि अति नीका। रच्यौ बनाइ संस्कृत टीका॥

जोवको स्वाधीनता तथा पराधीनता के विषय शिष्य गुरु संवाद, क्षेत्र विधान, अष्टम नास्तिक वादी कथन, नवरस देह को नास, एकादश आत्म अचेतना।

(१२) पृ० ३९५—४२२ तक—साधक साध्य द्वार वर्णन, उदासीनता वर्णन, उपदेश रुचि, सप्तव्यसनों के नाम, साध व्यवस्था, चौदह रत्न, साधक द्रव्य व्यवस्था, अनुभवो विलास, ज्ञातु द्रव्य स्थापना, ज्ञान फल वर्णन, अनुभव व्यवस्था, द्रव्य—क्षेत्र कालभाव कथन, साध साधक द्वार।

(१३) पृ० ४२३—से अंत तक—कवि का अपनो पूर्व दशा का कथनः—जो मैं आप छांड़ि दीन्हों परुप गहि लीन्हों न वसेरो जहां जहां मेरो थलु है। भोगन को भोगो छै करम को कर्त्ता भयो हिरदै हमारे राग द्वेष मोह मलु है॥ ऐसो विपरीति चालि भई जो अतीत काल सोतो मेरे क्रिया की ममता को फलु है। ज्ञान दृग भाषो भयो क्रिया सो उदासो वह मिथ्या मोह निरमै सुपनि कैसो छलु है॥ ग्रन्थ पूर्ति का संदेश, जिन प्रतिमा के सन्मुख कवि के नत होने का कथन, पंच मिथ्या के नाम, विपरीत, संशय, अज्ञान, अनारी, प्रथमगुन वर्णन समाप्त, द्वितीय गुण कथानक, मिश्रनाम गुन थान, चतुर्थगुणथान वर्णन, अष्ट कथानरूप, षड़ अनायतन,

सप्त प्रकृतियों का वर्णन, पंचगुनथान वर्णन, प्रतिमा की परिभाषा, वेद विवरण, मथन मथन मध्यम उत्कृष्ट कथन, पूर्व संख्या कथन, अट्ठाईस मूलगुन कथन, (महाव्रत, पंच समिति, षडावषक, दश गुण स्थान इत्यादि वर्णन)—यहां समस्त ग्रंथ पूर्ण हुआ।

ग्रंथ महिमा कथन, जीव महिमा। समयसारके तीनों रचयिताओं के नाम :—कुंदाकुंदाचार्य प्रथम गाथा बंध करि समय सार नाटक विचारि नाम दयो है। ताहो की परम्परम्य अमृत चंद भयेतिन्ह संस्कृत कलस संभारि सुखलयो है॥ प्रगट्यो बनारसी गृहस्थ श्रीमाल अव किए है कवित हिए वोधबीज वयो है। सवद अनादि तामें अरथ अनादि जीव नाटक अनादि यों अनादि हीकौ भयो है॥

कवि व्यवस्था कथन। वाणी व्यवस्था। नाटक व्यवस्था कथनः—

अब यह वात कहौं है जैसो। नाटक भाषा भयो सु ऐसो॥ कुंद कुंद मुनि मूल उद्धरता। अमृतचंद टीका के करता। समै सार नाटक सुखदानी। टीका सहित संस्कृतवानी॥ पंडित पैठि दृढ़ मति बूझै। अलपमती को अरथ न सूझै॥ पांडे राज मल्ल जिन धर्मा। समय सार नाटक के मर्मा॥ तिन ग्रंथ की टीका कीनी। बालबोध सुगम करि दीनी॥ इह विधि बोधवचनिका फैली। समय पाइ अध्यातम शैली॥.....नगर आगरे माहि विख्याता। कारण पाइ भये बहु ज्ञाता॥

पंच पुरुष अति निपुन प्रवीने। निस दिन ज्ञान कला पारस भीने॥ ७११॥ रूपचन्द पंडित प्रथम, द्वितिय चतुर्भुज नाम। तृतीय भगवती दास नर, कुंवर पाल गुन धाम॥ ७१२॥ धर्मदास ए पंच जन मिलि बैठहिं इक ठौर। परमारथ चरचा करैं, इहि की कथा न और॥ × × × × ×

इहि विधि ज्ञान प्रगट भो, नगर आगरे माहिं। देश देश में विस्तरो-मृषा देश में नाहिं। × × × × × ×

नगर आगरे माहिं विख्याता। बनारसी नाम लघु ज्ञाता॥ तामे कवि कला चतुराई। कृपा करैं ये पांचो भाई॥ पंच प्रपंच रहित हिय खोलै। ते बानारसि सों हंसि बोलैं॥ नाटक समय सार हित नीका। सुगम रूप राज भलो टीका॥ कवित बद्ध रचना जो होई। भाषा ग्रंथ पढ़ै सब कोई॥ तब बनारसी मन महिं आनी। कीजै तौ प्रगटै जिन बानी॥ पंच पुरुष की आज्ञा लीनी। कवित बंध की रचना कीन्हीं॥

समय निर्माण कालः—सोरह सै निन्यानवे, बीते। प्रथम मास सित पक्ष वितीते॥ तिथि तेरस रविवार प्रवीना। ता दिन ग्रंथ समापति कीना॥

राजवंश परिचयः—सुख निधान सक वंध नर साहिब साहि किरान। सहस साहि सिर मुकुट मनि साहि जहां सुलतान॥ जाके राज सुचैन सों कीनैं आगम सार। ईति भीति व्यापी नहीं यह उनकौ उपगार॥

सब ग्रंथ के छन्दों की नामों के हिसाब से गणना। ग्रंथ पूर्ण॥

Note.—यह ग्रंथ आगरे निवासी श्री बनारसी दास जैन की रचना है। संवत् १६९९ वि० में आगरे स्थित शाहजहां बादशाह के समय में यह पुस्तक बनी है। उसकी रचना रूप रामादि ५ भाइयों के कथनानुसार हुई है। मूल ग्रंथ कुंद कुंदाचार्य्य ने लिखा, उसकी टीका संस्कृत में अमृतचंद ने की। उन्हीं भावों से प्रेरित होकर बनारसी दास ने उक्त भ्राताओं के कथनानुसार उसी को हिन्दी में छन्दोबद्ध किया। यह ग्रंथ संवत् १९१५ का लिखा हुआ है। इसमें प्रतिलिपिकर्त्ता महोदय ने मात्रादि की अनेक अशुद्धियां कर दी हैं। इससे कहीं कहीं तो बिलकुल अर्थ भंग हो जाता है और कहीं कहीं प्रयत्न पूर्वक लगाने पर कठिनाई से समझ सकते हैं।

No. 37. Name of book—Kavitta Saṅgraha. Name of author—Beni Kavī of Asni. Substance—Country-made paper. Leaves—20. Lines per page—13. Extent—325 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhākura Naunihāla Simha Seṅgara, Kānṭhā, District Unnao.

Beginning.—श्री गणेशायनमः—लिख्यते वेनीराम के कवित्त॥ चिन्तामणि पारस ऊ परसन पावै लोग परसन कीन्हे दोहदान के उमाह मे। ऐसी करतूति तिहूं लोक में कीनी काहू वदी वर विरद वखानत उछाह मे॥ वेनी दसरथ कर जोरि कै कहत तुम्हैं तनक भेद सकुच कलस कराह में। आपुतौ विदेही देही धरम दिखाय सब देह किये पावन वैदेही के विवाह में॥ १॥

End.—पाइ कर सोहत पदुम राग सिव कवि चारु नष चुनोन के जाल से निहारे हैं। अधर विसाल लाल कोन मन मोहै लषि देत मुकताहल से मनमें विचारे हैं॥ सोस में लसतवार मरकत मनितार देत वहार नहिं जात निरधारे हैं। हीरा हासतन है पिरोजा नोल मनि तिल जोवन सो जोहै हरि जवाहर पसारे हैं॥ इति॥

Subject.—वेनी, शिव, परमेश, शंभु, शिवलाल, कलानिधि के कवित्तों का फुटकर संग्रह है।

No. 38 (*a*). Name of book—Rasavilāsa. Name of author—Benī Kavi of Benti. Substance—Country-made paper. Leaves—26. Size—12 × 6 inches. Lines per page—56. Extent—1,456 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1874 or A. D. 1817. Date of manuscript—Samvat 1953 or A. D. 1896. Place of deposit—Paṇḍita Bipina-bihārī Miśra, Brajarāja Pustakālaya, Village Gandhaulī, Post office Sidhaulī, District Sītāpur.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ वेनी कवि कृत रस विलास लिष्यते ॥ मंगलाचरण ॥ इन्दु कला कलित मलिद गंड गुंजरत सिंदूर भसुंड सुंड दंडा दरसत है ॥ सुर नर मुनि जाके वंदत चरन जुग व्याह जाप दान आदि सेवा सबुचति है ॥ विघन विनासन प्रकास परम पुन्य वेनी कवि मंगल सरूप सरसति है ॥ देवन के नायक सेा सांकरे सहायक सुबुद्धि वरदायक विनायक वदत है ॥ दो० विरदावलि वरनेा विमल गनपति के गुन गाय । शंकर संकर के तनय सुष संपति समुदाय ॥ कवित्त ॥ कोपे सुनासोर के वचायेा व्रज वूड़त धरायर उठायेा है तिनक अदुवंश के ॥ सांकरे में द्रोपदी दुरद के सहायक भये देवन के नायक कराल काल कंस के ॥ सुर नर मुनि वेनी जानत न ष्याल कोऊ दोन के दयाल श्रीतार पूरे अंस के ॥ राधा जी के वल्लभ चराई जिन गाई सेाई सांई वसेा हिय मैं गेासांई हरिवंस के ॥ दो० । गेासाई हरिवंस के सेवक मेाहन दास । कायथ वारह जाति में कोन्हेा सुयस प्रकास ॥ विद्या विनै विवेक ते भूतल के अवतंस । राधावल्लभ पंथ किय गेास्वामी हरिवंस ॥ मेाहन मेाहनदास के भे गिरधारी दास । दानसील संपति सुजस पुहमी पुन्य प्रकास ॥ पर स्वारथ के जेाग तै जगत जथारथ नाम । श्री गिरधारी दास के कुशल सिंह सिरताज ॥ कुशल सिंह के सुत सुषद हरेालाल गुनजाल । दान ज्ञान मति मेरु से मूरति मदन विशाल ॥

End.—शांत रस लक्षण ॥ तहां शांत रस कहत हैं जहं थाई निरवेद । सत संगाधि विभाव है यामे कछू न भेद ॥ छमा आदि तहं कहत हैं कवि पंडित अनुभाव । स्तंभादिक तहं जानिये फिरि संचारी भाव ॥ उदाहरण । भूषन वसन वेसरि तन अनेक जाति घोड़े पील पालको अनूप छवि धाम के । कहा नरनाह कहा भये वादशाह कहा शाहन के शाह जेान दीन्हेा परनाम के ॥ वेनी कवि कहैं खाल फाल में वितावैं दिन पाल षल षाल को पषावैं जैसे चाम के । मनहेा की मन रही जाते अभिलाषै जव मूंदि गई आषै तव लावै केहि काम के ॥ वेनी

कवि नैा रस कहे लषि ग्रंथन की रीति। पढै सुनै सुष पाइहै कवि पंडित कै प्रीति ॥ दिये वेद रिषि वसु तहां शशि सावन जिय जानि। वेनी कवि निरमित कियेा रस विलास सुषषानि ॥ इति श्री वेनीराम विरचिते रस विलास नैा रस वर्षन समाप्तम शुभमस्तु श्री संवत १९५३ मिती पैाष सुदी १४ रविवासरे शिवां लिषित पारसी वर्ष में तासैां लिषी सुधारि। वन्यैा अनवन्यैा समुझि कै लीजै सुकवि विचारि ॥

Subject.—नवरस तथा भेद सहित नायक नायिका वर्षन।

No. 38(*b*). Name of book—Yaśalaharī. Name of author—Benī Kavi. Substance—Ruled Paper. Leaves—64. Size—8½ × 6½ inches. Lines per page—16. Extent—1,024 Anushṭup ślokas. Incomplete. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhākura Maulā Baksha, Rais, Village Khajurī, Post office Rānī Kaṭarā, District Bārābankī (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ श्री गनपति मंगलकरन परम धरम को धाम। ध्यान हिये में धरत हैां मिलै बुद्धि अभिराम ॥ १ ॥ रामनाम गुन सिंधु को कहूं न पायैा पार। वालमीक मुनि व्यास सेां कह्यैा बुद्धि अनुसार ॥ २ ॥ रामनाम गुन नहिं सकै कैसे वैनोराय। पढ़े न भाषा संस्कृत ना तैा बुद्धि सहाय ॥ ३ ॥ कवित्त ॥ संगम होत नहीं जग के सु दुहूंन को संगम ए अवगाहै। वैनी की सेाभा कही न परै चतुरानन आनन चारि सराहै ॥ श्री जमुना के मिलाप के हेत रहो अपने मनमें चित चाहै। भागीरथी सुख पाय मिली मनैा तुंगतरंग पसारि कै वाहैं ॥ ४ ॥ ..... एक ओर मांग मुकतान सेा सवारी वेनी एक ओर स्वेतस्वेत सुरमारि धार है। येक दृग अंजन अनल दृग दूसरे में एक कान ढार दूजे कुंडल सुढार है ॥ एक भुज वसन करा को कृत एक ओर आधे मुंडमाल आधे होरन के हार है। पीछले चरन में मधुर ध्वनि नूपुर की आगले चरन में फनी की फूत्कार है ॥ १७ ॥ ..... टूटी झुकी झौंपड़ी झरोखेदार भौन तहां जहां धेनु वृढ़ी तहां गनगजराज के। वेनी कवि मन्द मन्द मूसर की ध्वनि जहां तहां ज्योतिषिन को है गान सुवसाज के ॥ दूसर न कोऊ द्वार वैठे अलसात तहां इन्द्र कैसी सभा लाग ठाढ़े सव काज के। चकित भये हैं सव चाउर चवाय चारु कीन्हें ब्रजराज ऐसे साज द्विजराज के ॥ ४४ ॥

End.—उथल पथल महीतल जलथल फूटि कच्छप को पीठि होत कागज कडील को। आसफ वजीर गजराजन को वहिलेत यातें देवता दुरावत पुरंदर के पील को ॥ मारतंड मंडल गरद गरकाय होत वेनी कवि कहै अरिहोत न जलोल

को। नखरे खरत सेस नखरे रहत गिरि पखरे परत जब वखरे को भेाल को ॥ (२४९) पंडित सरोजन को मारतंड कृप्यो कैधौ सुकवि चकोरन को चन्द्रमा हेरायगो। राजा नंदराय कैधौं गुन को जहाज़ वृढ्यों वचन सुधा को कैधौं सागर सुखायगो ॥ ज्ञान तरु टूटो कैधौं दया को निधान फूट्यो पुण्य पथ टूटो हाय दुख सरसायगो। सुरलोकै हरिलोकै शिवलोकै गयो कैधौं प्रान छोड़ि पल में परमपद पायगो ॥ (२५०) पीटत छाती धुनै सिर सेा रसु आंसुन के परवाह वहे हैं। वाहिर भीतर चारिहु ओर नहीं करुना रस जात कहे हैं ॥ वैसई जात न वोलत खात महा उत्पात न जात सहे हैं। हाय नवाव कहाँ धौं गये असवाव जहां के तहांई रहे हैं ॥ (२५१) अस्विनी सुदी गुर प्रतिपदा वेदवासर सुचंद तिथि × × वाजगे। × × × × × ×

Subject.—(१) पृ० १—१६ तक। मंगलाचरण। त्रिवेणी यश वर्णन। शंभु यश वर्णन। मातु वन्दना अर्थात् देवी यश वर्णन। मणिकर्णिकादि को समता से देवी—हिमवान कन्यका का वर्णन। लक्ष्मी का वर्णन। उमाशंकर प्रभाव वर्णन। माया का प्रभाव। विजय दशमी वर्णन। गंगा वंदना। रामभजन आदेश। कर्मफल वर्णन। सुदामा चरित्र। अहंकार को निस्सारता। शांतरस के कुछ छंद। राम के वाण संधान का प्रभाव। ईश्वर के निकट होने का उपदेश। कवित्त गान की महिमा। शांतरस संबंधी अन्य छंद।

(२) पृ० १७—३० तक—कृष्ण स्वरूप वर्णन करते हुए उनसे अपने मन में निवास करने की प्रार्थना। माया मोहादि वंधनों से छुटकारा पाने का उपदेश, माया की असारता। विजया दशमी संबंधी छंद। श्रीराम के प्रवाह और तारने का वर्णन। कृष्णराधिका संबंधी कुछ शृंगारिक काव्य।

(३) पृ० ३१—६४ तक—टिकैतराय के शिवमंदिर बनवाने का वर्णन। माधौ शुक्ल पक्ष अक्षय तृतिया शुक्रवसु चन्द्र सम्वत् को ध्याय कै सुरसरितीर घाट ठाढ़ कै अनेक भांति दान जप याग कीन्हों दया सरसाय के। बेनी कवि कायथ सिरोमणि प्रसिद्धि ऐसेा सुयश वितान राख्यो छिति परछाय कै ॥ चाप मल्लनंदन टिकैतराय महाराज थापे महादेव महाँमंदिर वनाय के ॥ टिकैत नगर की बड़ाई संबंधी कुछ छन्द ॥ राय गुलावराय के बाग का वर्णन, रामसहाय, राजा श्री खुशालराय, शीतल प्रसाद, इच्छाराम, यशवंत राय, हुलासराय, वैजनाथ, धनपति राय, राय मैकूलाल तथा नवाब आसफुद्दौला के सुयश का वर्णन।

Note.—यह काव्य ग्रंथ "वेनी कवि" का निर्माण किया हुआ है। लेखक ने इसका नामोल्लेख नहीं किया। कहा जाता है ग्रंथ के स्वामी ने स्वयं नाम करण करके इसका नाम 'यश लहरी' रख लिया है, जो उचित ही ज्ञात

होता है, क्योंकि इसमें आदि से अंत तक किसी न किसी का यश ही विवर्णित किया है। यह ग्रंथ साधारणतया तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है। प्रथम भाग में सम्पूर्ण देव तथा देवियों के यश, दूसरे में राव राजाओं के यश, तीसरे में उनके फुटकर छन्द रक्खे जा सकते हैं। वर्त्तमान दशा में ग्रन्थ किसी विशेष शैली का अनुगमन नहीं करता। ग्रन्थ में से बीच बीच में कहीं कहीं से कुछ अक्षर उड़ गए हैं और कहीं कहीं पद के पद हो गायब हैं। ग्रंथ के स्वामी ने उसे जिस कापी से लिखा है, उसकी यही दशा बताई जाती है। असली कापी उपलब्ध नहीं हुई। ग्रंथ अंत में कुछ थोड़ा सा खंडित भी हो गया है।

No. 38(*c*). Name of book—Alaṅkāra Śiromaṇi. Name of author—Beni Kavi of Benti, in the Rai Bareli District. Substance—Foolscap paper. Leaves—136. Size—13½ × 7½ inches. Lines per page—23. Extent—2,737 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Written in prose and verse. Character—Nāgarī. Date of Composition—Between Samvat 1840 and Sāmvat 1849 or A. D. 1792. Place of deposit—Ṭhākura Maulā Baksha Siṁha, Rais, Village Khajurī, Post office Rānīkaṭarā, District Bārā Bankī (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ लसत भाल ससि कला चारु सिंदूर विराजत ॥ एकदंत दुति देत विघन-घन सुमिरे भाजत ॥ सुंडा दंड उदंड महा सोभा को साजत। भौंर भूरि गुंजरत झरत मद जल घन लाजत ॥ देवाद्य देर गिरजा तनय सनकादिक सेवत चरण। दीजै सुबुद्धि सुख दया कर लम्बोदर अशरण शरण ॥ दोहा ॥ श्री गणपति के वदन को प्रथमहिं धरिये ध्यान ॥ जाते उपजै विमल मति अलंकार को ज्ञान ॥

End.—उल्लासालंकार ॥ एकहि के गुण दोष ते औरहि को गुण दोष। जहां करत सु प्रकाश को सो उल्लास अदोष ॥ कवित्त। सान मघवान तेजवान भासमान सम दान को निधान देखि वारिये करन को। दीन को दयाल दरियाव दिल दीरघ सुदेव तरु देह धरे दारिद हरन को ॥ वेनी कवि कहै ऐसो दूसरे दुनी में कौन। दाहत परन को निवाहत परन को ॥ भूपति टिकैत कहैं पावन परसि नेंह आवैं द्विजराज हमैं पावन करन को ॥ टीका—इहां द्विजराज के पावन गुन करि टिकैत राय जू को पावन गुन वरन्यो है

पुनः ॥ दोहा ॥ पुहुमी परम पुनीत किये इमि सुरसर चित चाहि। पावन करे पतिव्रता निज प्रवाह में नाहि ॥ इहां पतिव्रता के गुण करि गंगा को पावन गुण

वरनो। कवित्त—शीश में मोरपखा मणिकुंडल त्यों नख सों शिखलों छवि छाई। सांवरी सूरत मैन भई मनमोहन मोहनी वंसो वजाई॥ वैनो संभार कछू न रह्यो सुनि हों निज गेह ते नेह ते आई। भूमि को भार सबै अँगै लखि आंखिन हो सुख सम्पति पाई॥ टीका-इहां हरि के सौंदर्य्य गुण ते आंखिन को देखिवो गुण कह्यो। संसृष्टि अलंकार-कवित्त—दान परि पाटो पढ़ी भलो विधि पाटो पाटो सम्पति निराटो दीन दारिद हरन को। चारिहू वरन को सरन को तुसीया करै मौज सुवरन को सुरीझ सुवरन को॥ वेनी कवि कहै महाराजा श्री टिकैत लेत फते सै करन को खवर सै करन को। करनी करन को करन को सुनी है ताको समता करन को है रावरे करन को॥

Subject.—(१) पृ० १—४ तक—मंगलाचरण। गणेश वंदना। कविवंश वर्णन। ग्रंथ प्रारंभ काल:—भूपतिराम टिकैत को दोन्हों ग्रंथ वनाय। चन्द्र वाण वसु इन्द्रयुत सम्वत्सर को पाय॥ (२) पृ० ४—१० तक-अलंकार लक्षण उदाहरण सहित, उपमालंकार व उदाहरण, (३) पृ० १०—१४ तक-रूपक अलंकार भेद सहित। (४) पृ० १४—२४ तक-परिणामालंकार, श्लेषालंकार, स्मृति अलंकार, भ्रांति-संदेहालंकार, निश्चय संदेहालंकार। अपन्हुत, शुद्धापन्हुत, पर्य्यास्तापन्हुत, उत्प्रेक्षापन्हुत, उत्प्रेक्षालंकार, वस्तूत्प्रेक्षा, हेतूत्प्रेक्षा, फलोत्प्रेक्षा, मयसिद्धि विषया और प्रसिद्धि विषया। (५) पृ० २४—३० तक—रूपकातिशयोक्ति, सम्हता अलंकार, स्वरूपउत्प्रेक्षा, फलोत्प्रेक्षा, भेदकातिशयोक्ति, संबंधातिशयोक्ति, क्रमातिशयोक्ति, चपलातिशयोक्ति, तुल्ययोग्यता। (६) पृ० ३०—३१ तक-श्लेषा लंकार। (७) पृ० ३१—७८ तक-दीपकालंकार, अतिवस्तूपमा, दृष्टान्ता, निदर्शना, असतर्थ निदर्शना, सत अर्थनिदर्शना, व्यतिरेकालंकार, उपमेय न्यूनत्व परियावसाय अलंकार, सहोक्ति अलंकार, विनोक्ति, समासोक्ति, परिकरांकुर, श्लेषा, प्रस्तुत प्रशंसा अलंकार, पर्य्यायोक्ति अलंकार, व्याजस्तुति, काक्षेपालंकार, प्रतिखेधालंकार, विरोधाभास भेदों सहित, विभावना, विशेषोक्ति, अन्योक्ति, संभावना, असंगत, विषमा, समालंकार, चित्रालंकार, अधिकालंकार, अल्पालंकार, अन्योन्यालंकार विशेषालंकार, व्याघात, कारणमाला, एकावली, माला दीपक, सारालंकार, यथा संख्या, पर्य्यायोक्ति। (८) पृ० ७९—१०३ तक—परिवृत्तालंकार, परिसंख्या विकल्पा, समुच्चय, कारक दीपक, समाधि, प्रत्यनीक, काव्यार्थापति, काव्यलिंग, अर्थान्तरन्यास, विकेश्वर, प्रौढोक्ति, संभावना, मिथ्याध्योशित, ललित, प्रहर्षणा, विषाद, उल्लास, अवज्ञा, अनुज्ञा, लेषा, मुद्रा, रत्नावली, तद्गुण, पूर्वा, अतद्गुण, अनुगुण, मिलित, सामान्या, उन्मीलता, विशेषा, गूढ़ोत्तर (९) पृ० १०४—११४ तक-चित्रालंकार, सूक्ष्मा, पेहित, व्याजोक्ति, गूढ़ोक्ति, विवृतोक्ति, युक्ति, लोकोक्ति, श्लेकोक्ति, वक्रोक्ति, स्वभावोक्ति, उदात्त, अत्योक्ति, निरुक्ति, प्रतिषेद, विधि,

हेतु। (१०) पृ० ११५—१२७ तक-रसवत अलंकार इसके पश्चात् इस दोहे के अनुसार—रसवत प्रेयसि उरज सित और समाहित जानि।

भाव उदय संधि पुनि भाव समुलता मानि॥
परितक्षादिक आठ यह अलंकार हैं और।
ऐसे पन्द्रह जानिये कहत सुकवि सिरमौर॥

(११) पृ० १२८—१३६ तक—संसृष्टि और संकर अलंकार। अंत में ग्रंथ समाप्ति का संवत् येां है:—

रंध्र वेद वसु चन्द्रयुत सम्वतसर को पाइ।
भादौं सुदि पांचैं रचेा, अलंकार गुरु ध्याइ॥

Note.—यह ग्रंथ कविवर 'वेनी' का निर्माण किया हुआ है। ग्रंथ के आरम्भ में कविवंश का विस्तृत वर्णन है। इन्हीं कवि का रचा हुआ टिकैतराय—प्रकाश प्राप्त हेा चुका है और उसका विवरण सन् १९०९-११ की रिपोर्ट के पृ० १४ पर अंकित है।

No. 39. Name of book—Vishṇupadī-pachāsā. Name of compiler—Benīprasāda Pāṇḍe of Baharāich (Oudh). Substance—Country-made paper. Leaves—9. Size—$10\frac{1}{2} \times 5\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—32. Extent—36 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1856 or A. D. 1799. Place of deposit—Paṇḍita Syamabihārī Pāṇḍe of Baharāich (who has presented the Ms. to Nāgarī Prachāriṇī Sabhā, Kāśī.)

Beginning.—श्री गणेशायनमः॥ राग वसन्त॥ वंदौ रघुपति करुणा निधान। जाकौं छूटै भव भेद ज्ञान॥ रघुवंश कुमुद सुखप्रद निसेस। पद पंकज सेवत अज महेस॥ निज भक्त हृदय पाथोज भृंग। लावन्य वपुष अगनित अनंग॥ अति प्रवल मोहतम मारतंड। अज्ञात गहन पावक प्रचंड॥ अति मान सिंधु कुंभज उदार। जन रंजन भंजन भूमिभार॥ रागादि सर्पगण पन्नगारि। कंदर्प नाग मृगपति मुरारि॥ भव जलधि पोत चरणारविन्द। जानकी रमण आनन्द कन्द॥ हनुमान हृदय मानस मराल। निष्काम काम धुक को दयाल॥ त्रयलोक तिलक गुन गहन राम। भज तुलसिदास विश्राम धाम॥ राग विलावल॥ आज महामंगल कौशलपुर सुनि नृप के सुत चारि भये। सदन सदन सोहिलो सुहावन नभ अरु नगर निसान हये॥ सजि सजि जान अमर किन्नर मुनि जानि समय शुभ गान ठये नाचहि नभ अपसरा मुदित मन पुनि पुनि वरषहिं सुमन चये॥

End.—पंचवटी पावन राघव करि सूर्पनषा कुरूप कोन्हें। खरदूषन्ह संहारि कनट मृग गोधराज कहं गति दीन्हे॥ हति कवंध सुग्रीव सखा करि भेदे तालि

वालि मारे। वानर रीछ सहाइ अनुज संघ सिंधु बाँधि जस विस्तारे ॥ सकुल पुत्र दल सहित दसानन मारि अखिल सुख दुख टारो। परम साधु जिय जानि विभीषण लंकापुरी तिलक सारो ॥ सीता लखन समेत संग लै औरौ जिते दास आये। नगर निकट विमान आये सब नर नारी देखन धाये ॥ शिव विरंचि शुकनारदादि मुनि अस्तुति करत विमल वानी। चौदह भुवन चराचर हरषित आयो राम राजधानी ॥ मिले भरत जननी गुरु परिजन चाहत परमानन्द भरे। दुसह वियोग जनित दारुण दुख रामचरण देखत विसरे ॥ वेद पुरान विचारि लगन शुभ महाराज अभिषेक किये। तुलसिदास जिय जानि सुअवसर भक्तिदान वर मांगि लिये ॥ इति श्री तुलसी कृत गीतावली० गीतावली के विष्णुपद वीच वीच के विषे हैं पचास ५० गीतावली बहुत है ॥ सुभ संवत १८५६ वैसाख कृष्ण १३ गुरवासरे ना लेखि पांडे वेनीप्रसाद नाम्ना ॥ शुभ ॥ इति

Subject.—छं०—१ प्रार्थना स्तुति वर्णन। छन्द २—३ रामजन्म उत्सव। छं० ४—११ बालक्रीड़ा। छं० १२—१३ विश्वामित्र मख रक्षा। छं० १४—२० सीयस्वयंवर वर्णन। छं० २१ अयोध्या निवास वर्णन। छं० २२ बन में राम का मृगया खेलना। छं० २३ बनवासी राम की शोभा वर्णन छं० २४—२६ गीध मिलन वर्णन। छं० २७ सबरी मिलन उत्कंठा। छं० २८—४८ राम विभीषण मिलन वर्णन। छं० ४२ रामप्रभाव वर्णन। छं०-५० राम का अयोध्या आगमन और भरतादि मिलन। इति।

Note.—यह संग्रह पं० वेनीप्रसाद पाण्डेय बहरायच निवासी ने तुलसी गीतावली से सं० १८५६ में किया है। इन्होंने सं० १८३२ में राम चन्द्रिका की प्रति में ४५ पृष्ट प्रारंभ के जोड़ कर उसका जीर्णोद्धार किया था।

No. 40. Name of book—Navarasa Taraṅga. Name of author—Benīpravīna Vājapeyī. Substance—Country-made paper. Leaves—84. Size—10 × 5 inches. Lines per page—38. Extent 1,596 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1817 or A. D. 1760. Date of manuscript—1937 or A. D. 1880. Place of deposit—Ṭhākura Vijaya Simha, Village Dikauliyā, Post office Biswān, District Sītāpur (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ रस नौ तरंग लिष्यते ॥ गनपति गुरु गौरि गिरा गंगाधरहिं मनाइ। वंदत वेनोदीन कवि वंसोधर के पाइ ॥ मनहरन ॥ अमल कमल सम कोमल प्रवीन वेनो नमत रहत निरषत कविजाल के। निस दिन परम प्रकासित विलोकियत चन्दन अगर धूप वासित विसाल के। सोभित

समूह मनि मानिक सिंगारे सदा कंलगी किरोटि महिपालन के भाल के। दरद दरन दुख हरन करन सुष सेवत चरन हैं गोसाईं वंसीलाल के ॥ दोहा राधा वल्लभ ह्वै वसे तिनके उर अवतंस। श्री वृन्दावन में भये ऐसे श्री हरिवंस ॥ जिनके राचे सास्त्र के बांचे उपजे ज्ञान। निहचल ह्वै उर में रहै राधा हरि को ध्यान ॥ तिनही श्री हरिवंश के उत्तम वंस उदार। प्रगट गोसाई जानिये कृष्णलाल अवतार ॥ परम धरम विज्ञान के वक्ता जैसे व्यास। जिनको जग में ह्वै रह्यो रवि को सो परकास ॥ तिनके पुत्रन में लषै वंसीलाल निहारि। दीपक सो जिमि लीजिये दूजो दीपक वारि ॥ वंसीलाल प्रसन्न ह्वै यह दीन्हो उपदेस। ललन हमारे भक्त हैं सेवो तिन्हैं हमेस ॥ वे तुम सो जब रीझिहैं भरिहै संपति गेह। तब तुम दंपति राधिका हरि भजिहै करि नेह ॥

End.—सांत रस दोहा ॥ और सबै रस जानिये सांत ब्रह्म को रूप। श्री नारायन देवता उज्जल वरन अनूप ॥ साधु संग उद्दीपनो पुलकादिक अनुभाव। आलंबन संसार को निस्तारत्व गनांव ॥ संचारी हरषाइहै खाई जासु विराग। जाके उर उपजै जगै ताको पूरन भाग ॥ यथा ॥ ऐसी कछू उपजै हिये छोड़ि जगत की आस। स्यामा स्यामै ध्याइये करि वृंदावन वास ॥ यथा ॥ जामे लोभ लहर लगै न भंवर माया छाया दाया संतन को संतत सुभाव रे। मोह मद मत्सर मगर मच्छ कच्छ क्रूर तिनको कछू न चलि सकत कुदाव रे ॥ सुमुष समीर है भगत पर प्रवीन वेनी वाद वान विदित्र सुसंग चितचावरे ॥ रामनाम वोहित करनधार गुरु पाइ भव पार वार में मगन होत वावरे। इति श्रीमन्महाराजाधिराज महाराज मनि श्री नवलराय आज्ञात प्रवीन वेनीदीन वाजपेई कृते नवरस तरंग नाम ग्रंथ संपूर्णम् शुभमस्तु श्री संवत १९३७ ॥

Subject.—शृंगार रस आदि नायक नायिका नव रसादि का वर्णन।

Note.—इस ग्रन्थ के रचयिता प्रवीन वेनीदीन बाजपेई हैं। गाजीउद्दीन हैदर के दीवान दया कृष्ण थे, इनके दो पुत्र नवलकृष्ण, बालकृष्ण हुए, नवल कृष्ण को नवलकिशोर भी कहा करते थे, इनका प्यार का नाम ललन था। दीवान का खिताब राइ था। इस कारण वेनी ने नवलराइ के नाम पर रस नव तरंग पुस्तक रची ॥ निर्माण काल संवत १८१७ का दोहा इस प्रकार है—दोहा ॥ समय देखि दिग दीप जुत सिद्धि चन्द्रबल पाइ। माघ मास श्री पंचमी श्री गोपाल सहाइ ॥ कवि के गुरु वंशीलाल थे। दोहा इस प्रकार है—राधावल्लभ ह्वै वसे तिन के उर अवतंस। श्री वृन्दावन में भये ऐसे श्री हरिवंस ॥ तिनही श्री हरिवंस के उत्तम वंस उदार प्रगट गोसाईं जानिये कृष्णलाल औतार तिनके पुत्रनि में लषै वंसीलाल निहारि। दीप केसो जिमि लीजिये दूजो दीपक वारि ॥ वंसीलाल प्रसन्न ह्वै यह दीनो उपदेस। ललन हमारे भक्त है सेवो तिन्है हमेस ॥

No. 41. Name of book—Bichāramālā. Name of author—Bhagavān. Substance—Country-made paper. Leaves—52. Size—7 × 5 inches. Lines per page—15. Extent—260 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1726 or A. D. 1669. Date of manuscript—Samvat 1726 or A. D. 1669. Place of deposit—Paṇḍita Govinda Rāmajī, Purawa Gajādhara Tīwārī, Village Amahaṭā, Post office Sultanpur (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ श्रीमतेरामानुजाय नमः ॥ अथ विचार माला लिष्यते ॥ अश्लोक ॥ नीलांबुजं स्यामल कोमलांगं सीता समारोपित वाम भागं पाणौ सायक चारु चापं नमामि रामं रघुवंस नाथं ॥ १ ॥ दोहा ॥ नमो नमो श्री रामजू सतचित आनंद रूप ॥ जेहि जानै जग स्वप्नवत नासै भ्रम तम कूप ॥ १ ॥ राम मया सतगुन दया साधु संग जब होय । तब प्रानी जानै न कछु नतन विषै रस मोय ॥ २ ॥ पगवंदन आनंदजुत करि श्री देवमुरारि । विचार माल वरनन करौं मौनीजू उर धारि ॥ ३ ॥ किं मौन ॥ यह मैं मम यह नहीं सब बिकल्प मे छीन । परमात्मा पूरन सकल जानि मौनता लीन ॥ ४ ॥ गुर स्तुति ॥ तात मात भ्राता सुहिद ईष्ट देव त्रिप प्रान । नाथ सुगुर सब ते अधिक दानि ग्यान विग्यान ॥ ५ ॥ प्रगट अवनि गुर सूरहुति जनमन नलिन प्रकाश । अनाथ कमोदन विमुष जन कबहुं न होत हुलास ॥ ६ ॥ टेरत सतगुरु दया कर मोहनीद सोवंत । जग्यो ग्यान लोचन घुले, स्वप्न भर्म विसरंत ॥ ७ ॥ गुर विन भ्रमलगि भूलियौ भेद लहे विन स्वान ॥ केहरि वपु झांई निरखि परो कूप अग्यान ॥ ८ ॥ प्रगट अवनि करु नारद ने रतन ग्यान विग्यान । बचन लहरि तन परस ते अग्यहु होत सुजान ॥ ९ ॥

End.—रावन को मन भावतो वर्नासम सुषदैन । रुचि बिचार माला रचो चितवत अति चित चैन ॥ ३६ ॥ अनाथ स्रवन वहुते कियो कह्यौ वहुत परकार ॥ अवसु विचारि विचार पुनि करत न परै विचार ॥ ३७ ॥ मूरष को न सुनाइये नहिं जाके जग्यास । के तौ करै विषाद कछु कै मन होइ उदास ॥ ३८ ॥ अस्तिक मत गुर स्रुति विषे हिदै सुदृढ जग्यास । अभिमान रहित धर्मात्मा तेहि प्रति करौ प्रकास ॥ ३९ ॥ छिमा करौ जन जानि कै हेा महात्म पर बुध । लेहु सुधारि विचारि के अछर सुध असुध ॥ ४० ॥ हेा अनाथ केतक सुमति वरनै माल विचार । राम मया सतगुरु दया साध संग निरधार ॥ ४१ ॥ पुरी नरोत्तम मित्रवर षरो अतिथि भगवान । वरनो माल विचार मै तेहि अग्या परमान ॥ ४२ ॥ गीता मरथरि को मतो येकादस की जुक्ति । अस्टावक्र वसिष्ट पुनि कछुक वेद की उक्ति ॥ ४३ ॥ लिषे पढै अति प्रीति जुत औ पुनि करै विचार ॥ छिन छिन

ग्यान प्रकास तेहि होइ सेा रवि परकार ॥ ४४ ॥ सेारठ ॥ सत्रह सै छवीस । संवत माधव मास सुभ । सेा मत जितकहुतीस ॥ ते तव वरनि प्रगट करी ॥ ४५ ॥ इति श्री विचार माल आतमवान कथिते अष्टमेा विश्रामः ॥

Subject.—प्रथम विश्राम पृ० १ से ९ तक—शिष्य आशंका वर्णन अर्थात् भवसागर से तरने को विधि पूछना। द्वितीय विश्राम पृ० १० से १५ तक—सत्-सङ्ग महिमा, साधु लक्षण। तृतीय विश्राम पृ० १६ से २० तक, ज्ञान की सात भूमिकाओं का वर्णन, भूमिकाओं के नाम तथा लक्षण। (१) भगवत गुनगान (२) नाम विचार (३) रूप की संभाल (४) अभिमान त्याग (५) असंसक्त (६) पदा-रथ भाविनी (७) भाव अभाव का तिरोभाव होना। चतुर्थ विश्राम पृ० २१ से २८ तक—ज्ञान साधन वर्णे। पंचम विश्राम पृ० २९ से ३३ तक—आतम जगत वर्णन। षष्टम विश्राम पृ० ३४ से ३७ तक—जग मिथ्या वर्णन। सप्तम विश्राम पृ० ३२ से ४२ तक—शिष्य अनुभव वर्णन। अष्टम विश्राम पृ० ४३ से ५२ तक—आत्मवान कथन वर्णन।

Note.—यह पुस्तक वेदान्त विषय की है। इसमें ४५ छंद हैं; प्रायः सभी दोहे हैं, दो एक सोरठा भी हैं। इस पुस्तक के रचियता ने इसे अपने मित्र नरोत्तम को पुरी में बैठ कर उसी की आज्ञा से उसकी रचना संवत् १७२६ में की है। उभय मित्रों के ग्राम, कुटुम्बादि का कुछ भी वर्णन नहीं किया गया है। लेखक का नाम न लिखा होने के कारण अनुमान किया जा सकता है कि यह पुस्तक उसके मुख्य रचियता को ही लिखी हुई है। सम्बत् के दोहे से उसके निर्माण काल का ही निश्चय होता है। पुस्तक में कहीं कहीं लोकोक्तियों का समावेश बड़ी विचित्रता से किया गया है, रचना उत्तम है। कहीं कहीं पर कूटोक्तियां भी हैं।

No. 42 (*a*). Name of book—Gītā Māhātmya Padmapurāṇa. Name of author—Bhagavāndāsa Nirañjanī. Substance—Country-made paper. Leaves—24. Size—14 × 5 inches. Lines per page—26. Extent—1,014 Anushṭup Slokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1888 or A. D. 1831. Place of deposit—Paṇḍita Sarayu Prasāda, Village Maharū, Post office Materā, District Baharāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ गीता महात्मे पद्मपुराने वेद व्यास विरचितं लिष्यते ॥ दोहा ॥ गुर गेाविन्द प्रनाम करि सादर मुनि गण ईस । चरण

कमल रज संत के धरौं आपने सीस ॥ गीता की महिमा कहौं कही प्रथम जो व्यास । किसी पद्मपुरान ते सब को पूरन आस ॥ गीता वांचै जो सुनै नैनन देषै कोइ । इतनन के दरसन करै मुक्ति भुक्ति फल होइ । सुनै गुनै इतिहास सोइ कही पुरातन साषि । लक्ष्मी सो वैकुंठ में नारायन जू भाषि ॥ कैलास सिषर उत्तम सदा तहां रुद्र को धाम । प्रश्न करा तब सैलजा सब को पूरन काम ॥ पारवत्यो-वाच ॥ मैं प्रभु तुमको पूछौं सोई । जेहिते तुव पवित्र तन होई ॥ सकल जीव तुमही को ध्यावैं । तुम्हरे दिये मुक्ति फल पावैं ॥ वयल चढ़े ओढ़े मृगछाला । अंग भस्म मुंडन की माला ॥ विषधर सर्प कंठ महं सोहै । विष धतूर को भच्छन जोहै ॥ दोहा । जेतिक लछन देषिये तेतिक नाही कोइ । वड़े पवित्र जो तुम भयऊ मोसन भाषौ सोइ ॥

End.—पढ़ै सुनै पावै हरि लोका । अध्याय अठरही को अस्लोका ॥ जो सेवे सेा साधुता लहई । गीता पढ़ि जो कारज करई ॥ गीता पढ़ि स्रोता समु-झावै । गऊदान अक्षर प्रति पावै ॥ जाते जीव मुक्ति पद पावै । कृदइर तव प्रगट करि गावै ॥ गंगा गीता ग्यानी साधु । सालिकराम सेवा आराधु ॥ एकादसि व्रत मन में धरई । मुक्ति होइ भव सागर तरई । लक्ष्मी सेा वोले भगवाना । अर्जुन को यह दीन्हेा ग्याना ॥ सुनि अर्जुन अनंद पद पाये । गुप्त ग्यान सेा तुम्हे सुनाए । गीता रूप अमृत है सारा । सुनिकै जीव होय भव पारा । गीता कल्प वृक्ष मैं करेऊ । कहत सुनत सब संसै हरेउ ॥ चारि वेद पढ़ि सुनि फल होई । विंदा श्रवण किए फल सोई । मेाते उपजे कमल मनवंधा । ताते गीते प्रगटे सुष कंधा ॥ सर्व सास्त्र में गीता सारा । सर्व देव में हरि निरधारा ॥ सकल तीरथ महं गंगा जानौ । सकल धर्म में दया वषानौ ॥ विप्र हमारेा तन है सोई । गीता पढ़ै मुक्ति पुनि होई । छत्री वैस विचारै सोई । गीता पढ़ै मुक्ति पद होई ॥ अति जे सूद्र नीच तन होई । गीता सुनै सुनावै कोई । जदपि पूछे श्रवन करई । मुक्ति होइ भवसागर तरई ॥ लंपट विषई नाहि सुनाई । गीता श्रीमुष श्रीपति गाई ॥ इन्है सुनावै जो नर कोई । गेा वध कीन्हे सेा फल होई ॥ जहां सुग्रंथा गीता विचारै । आपु तरै औरन को तारै ॥ नारायन लक्ष्मी सेा कहई । गीता सुमिरि मुक्ति फल लहई ॥ उत्तर अंत गीता दिढ़ करई । आनि ग्रंथ जनि पढ़ि पढ़ि मरई ॥ कहे आपु मुष ते भगवाना । जेा समुझै सेा अहै सुजाना ॥ इति श्री पद्मपुराने उत्तर कांडे गीता महात्मे सतो ईश्वर संवादे सम्पूर्णमस्तु संवत १८८८ मिती वैसाष वदो १० अजोध्यादास पंडित लिष्यते मुकाम महरू ॥

Subject.—गीता का माहात्म्य तथा गीता पाठ से या सुनने से जो फल प्राप्त होते हैं उनका उदाहरण सहित वर्णन ॥

No. 42(*b*). Name of book—Gītā Māhātmya. Name of author—Bhagavān Dāsa Nirañjanī. Substance—Country-made paper. Leaves—28. Size—15 × 5 inches. Lines per page—24. Extent—882 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1914 or A. D. 1857. Place of deposit—Jagadeva Simha, Village Gujaulī, Post office Baurī, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्रीगणेशाय नमः ॥ श्रीरामानुजायनमः ॥ श्री गीता महात्म लिष्यते ॥ दौहा ॥ गुरु गोविंद प्रनाम करि सादर पुनि गन ईस । चरण कमल रज शक्ति को धरौ आपने शीश ॥ गीता की महिमा कहौ कहौ प्रथम जो व्यास । निकसी पदुम पुराण सो सब को पूरण आस ॥ गीता वांचत जो सुनै नैनन देषै जोइ । यतने कर दरसन करै मुक्ति भुक्ति फल होइ । सुनै गनै इतिहास को कहौ पुरातम साषि । लछिमी सो वैकुंठ मैं नारायण जो भाषि ॥ कैलास सिषर उत्तम सदा तहां रुद्र को धाम । प्रश्न करी तब सैलजा सबके पूरन काम ॥ श्री पार्वति वाच ॥ चौपाई ॥ मैं प्रभु तुम कौ पूछौ सोई । काते तव पवित्र तन होई ॥ सकल जीव तुमही को ध्यावैं । तुम्हरी दई मुक्ति सो पावैं ॥ बैल चढ़े आढ़े मृगछाला । अंग भसम मुंडन की माला ॥ विषधर सर्प कंठ महं सोहैं । विष धतूर को भक्षक जो है ॥

End.—तेज हलाहल वाको भारो । सो मैं तेज न सकौं सभारी ॥ अश्वमेध मैं कोन्हो जवहीं । इन्द्रासन पद पायो तबहीं ॥ इन तो पुन्य कछू नहिं कीन्हा । कहा रीझि सिंहासन दीन्हा ॥ तब हंसि कै बोले भगवाना । सुनहु इन्द्र तुम उत्तम ज्ञाना ॥ उत्तम ज्ञान गोप्य कियो सोई । मैं जानत हौं और न कोई ॥ ध्याय अठारह गीता केरी । सो पढ़ि भगति कही है मेरी ॥ जेहि ते तेहि सिंहासन दीन्हा । तुम अपने मन विस्मै कीन्हा ॥ जो तुम कहौ पुन्य का कीन्हे । ताको अब सुनिये चित दीन्हे ॥ ध्याय अठारह गीता केरा । मुष्य पाठ इन कियो घनेरा ॥ भौविह पाप ताप सब छूटै । भौसागर मो सब सुष लूटै ॥ अंत काल मेरे गन लावै । दिव्य विमान मध्य बैठावै ॥ ताही ते पायो तव लोका । तुम अपने मन करौ न सोका ॥ इन्द्र सुन्यो गृह आयो जवहीं । गीता पाठ करायो तवहीं ॥ तबही गीता सो मन लाई । इन्द्र अमरपुर वास कराई ॥ सुनै गुनै अक्षर मन लावै । अंतकाल वैकुंठ सिधावै ॥ तीरथ गया पिंड जिय दीन्हा । गीता पाठ किए फल लीन्हा ॥ गीता एक अहै औतारा । ताही ते सेवै संसारा ॥ ध्याय अठारौ जब कहे नारायण समुझाय । सुनि लछिमी आनंद लहो चरन कमल सिर नाय ॥ इति श्री पदम पुराने

सती ईश्वर संवादे भगवान दास निरंजन जथामति तथा कथितं सावन मासे शुक्ल पक्षे तिथि पूरनमासी बुध वासरे संवत १९१४ गुजवाली देवो दीन।

Subject.—पद्मपुराण से निकाल कर गीता माहात्म्य।

No. 42(*c*). Name of book—Gītā Māhātmya (Padmapurāṇa). Name of author—Bhagavāndāsa Nirañjanī. Substance—Country-made paper. Leaves—52. Size—8 × 5 inches. Lines per page—36. Extent—936 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1927 or A. D. 1870. Place of deposit—Ṭhākura Aniruddha Simha, Assistant Manager, Rājya Nilgāwā, Post office Nilgāwā, District Sītāpura (Oudh).

Beginning.—श्रीगणेशाय नमः दोहा॥ यह इतिहास सुनै गुणै कहैं पुरातम साषि लक्ष्मी सेा वैकुंठ में नारायण जेा भाषि॥ कैलास सिषर उत्तम सदा तहां रुद्र को वास। पारवती ने प्रश्न करि पूंछेउ यह इतिहास॥ पारवती उवाच॥ चौ०॥ ये प्रभु तुमसेां बूझैां सेाई। काहे तव पवित्र तन सेाई॥ सकल जीव तुमहो को ध्यावैं। तुम्हरे दिये मुक्ति फल पावैं॥ बैल चढ़े वेाढ़े मृगछाला। अंग भस्म मुंडन के माला॥ विषधर सर्प कंठ मेां सेाहै। विष धतूर को भछून जेाहै दो०॥ जेते लछून देह में उत्तम नाही एक। क्येां पवित्र तन मन भयेा प्रभु पाथेाधि विवेक॥ श्री महादेवेा वाच॥ दो० सुनु गिरिजा तेासेा कहैं निज अंतर को वात। जाहि पाहि सब कुछ करैं कर्म नियर नहिं जात॥ सेा वह गीता ज्ञान कहावै। आवत हृदै पर्म पद पावै॥ देह धर्म सब कर्म कहावै। गीता सुमिरि परम पद पावै॥

End.—गीता रूप अमृत है सारा। सुनिकै जीव होइ भव पारा॥ गीता कल्प ब्रछ मैं करेऊ। कहत सुनत सेा संसै हरेऊ॥ चारि वेद पढ़ि सुनि फल होई। गीता श्रवन किए फल होई॥ मेाते उपजे कमल सेा चारी। वेद रूप कहिये निरधारी॥ गीता है सेा सार सुगंधा। ताते गीता सेा मन वंधा॥ सबै सहश्रम गीता सारा। सब वेदन में हरि निर्धारा॥ सब तीरथ में गंगा जानेा। सर्व धर्म में दया वषानेा॥ विप्र हमारेा तन है सेाई। गीता पढ़े सुनै जेा कोई। छत्री वैस्य विचारै सेाई। गीता पढ़ै मुक्ति पद होई। औ जेा सुद्र नीच तन होई। गीता तेहि न सुनावै कोई। यदपि पूजै श्रवन न करै मुक्ति होइ भव सागर तरै॥ विषयी लंपट कों न सुनावै। गीता श्री मुष श्री सेा गावै॥ इन्है सुनावै जेा नर कोई गेावध किये सेाई फल होई। आपु तरै औरन को तारै। गीता ग्रंथ जहां जेा विचारै।

नारायण लछमी सेा कहै। गीता सुमिरि मुक्ति पद लहै ॥ उर अंतर गीता दिढ़ करै। अवर ग्रंथ जनि पढ़ि पढ़ि मरै ॥ कह्यो आपु मुष ते भगवाना। जेा समुझै सेा होय सुजाना ॥ दे० गीता को निरधार करि सुनै श्रवण करि ज्ञान। जेा गीता के पढ़े फल सेा फल होइ निदान ॥ इति श्री गीता महात्म पद्मपुराण ग्रंथ सम्पूर्णम् सुभमस्तु लिषतं गयाप्रसाद कायथ साकिन वेहरा पठनार्थं ठाकुर जवाहर सिंह तालुकेदार संवत १९२७ वि० ॥

Subject.—पद्मपुराण में कथित गीता माहात्म्य हाथी का गीता सुन कर तरना, राजा दुःशासन का गीता सुन कर तरना, आदि बहुत सी कथा वर्णित हैं।

No. 43. Name of book—Hanumānajī ke Kavitta. Name of author—Bhagavanta Rāi Khīchī, Raja of Asothara. Substance—Country-made paper. Leaves—16. Size—9½ × 6 inches. Lines per page—24. Extent—225 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhākura Navanihāla Simha, Village Kānthā, Post office Kānthā, District Unnāo (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ भगवंत राय कृत हनूमान जी के फुटकर कवित्त लिख्यते ॥ कवित्त ॥ सुवरन गिरि सेा सरीर प्रभा श्रोनित सेा ता में झल झले रंग बाल दिवाकर को। दनुज सघन वन दहन कृसानु महा ओज सेा विराजमान अवतार हर को ॥ भनै भगवंत पिंगलोचन ललित सेाहै कृपा कोर हेरेा विरदैत उचै कर कौ। पवन को पूत कपिकुल पुरहूत रुदा समर सपूत वंदौ दूत रघुवर को ॥ १ ॥ नैन वरन—सोल भरे सुखद सनेह भरे सेाभियत जगत उज्यारे प्यारे जानकी के कंता के। कृपा भरे त्रपा भरे निपट निकाई भरे रक्षा भरे सांत रस मंडली के रंता के ॥ भनै भगवंत रोझ खोझ भरैं मारे रन रोस भरे तेज भरे खरे रथ अंता के। लक्ष लक्ष विघन जे तक्षन विडारिवे को वंदौं पिंग लोचन जे रक्ष अक्ष हंता के ॥ २ ॥ कृपा की कटाक्ष होतें काम तरु कामना को बढ़त विभूति विविधि विधान के। कुद्ध के कटाक्ष ही ते दुष्ट जरि छार होत लंक में अतंक होत दिग्गज दिसान के ॥ भनै भगवंत टंका जिनको लंगूर दीह प्रभु सेां सदाई प्रेम पूरन प्रमान के। जेाति के विरेाचन दुसह दुख मेाचन ते बंदौं पिंग लेाचन हठीले हनुमान के ॥ ३ ॥

End.—सुजन समाजन को प्रगट प्रफुल्लित कै चूमित मरुत चारु केसरी सुतत है। तारापति परम प्रसन्न रहै जासेां सदा कुमुद सुखेन हरि रिच्छ हितवंत

है ॥ भनै भगवंत सीतारामहिं भजत नीके समर सहाइ उग्र ओजस अनंत है। मानगढ़ गंजिबे को महावालधी को वाल आयो हनुमंत जैसो आवत वसंत है ॥ ४८ वज्र तन वज्र धरहू को सो सहायक है वज्रधर जेता कों जितैया मजबूत है। सुवन सुमित्रा को जियायो ल्यायो गिरि गहि सीता को मिटायो सोक अदभुत दूत है ॥ भनै भगवंत भीति भंजन विभीषन को कपि कुल राज राज रंजन सपूत है। अज्ञा करि प्रभु को अवग्या करि वैरिन को जन की प्रतिज्ञा को पलैया पैानपूत है ॥ ४९ ॥ उदधि उलंघन को लंक को जरैया राज रावन सो लरिगे लरैया महारन को। भनै भगवंत कपि केसरी कुमार तूं उदार ऐंडदार सरदार कपिगन को ॥ कैसो भई तोहि तो हठीले हनुमान वीर पन को पलैया तैं जनैया जन मन को। त्राता हरिदासन को त्राता सरनागत को प्रभु गुन ग्याता प्राण दाता लछिमन को ॥ ५० ॥ रामदल बादर को इन्द्र घन राजै कैधौं फहरै फतूह यों निसान बड़े सान के। कै अपार पारावार नापिवे कों दंड कैधौं कै अखंड काल दंड घोर घमासान को ॥ लंक सकलंक जारिवे कों ज्वाल माल कैधौं खल दल बंधन कौं रज्जु महान कौं। जनन पै अनुकूल मदन कौ मूल भव सूल हर ललित लंगूर हनुमान को ॥ ५१ इति लंगूर। रोमावली वर्णन। लहरि ललित धों कलान सो कलित निंदत सोभा स्वच्छ सुवरन सूत की। चूम्यो पन मान पुरन पावन सों प्यार करि देखे द्रुम मालिका सिहात पुरहूत की ॥ भनै भगिवंत कहा ओज की जुगुति जोति भानमान कैसी प्रभुपद नेह नूत की।

Subject.—छं० १—३ तक—हनुमान के शरीर का वर्णन, नेत्रों का वर्णन और उनका प्रभाव, तेज आदि कथन। छं० ४ से ७ तक—नजर, जोभ, दंत और ठोढ़ी का वर्णन। छं० ८ से १२ तक—छाती, बाहु पंजा और नख का वर्णन। छं० १३ से १६ तक—कंधा, लांगूल का प्रभाव व तीक्ष्णता, बंदी छोर विरद वर्णन, पैज व दीन रक्षण कथन। छं० १७ से २४ तक—सिंधु लंघन के छंद सिंधु से भेंट, लंकिनी से भेंट व मुष्टिका मारना। छं० २५ से ३१ तक—लंकपुर प्रवेश, दशकंठ के महल में जाना, विभीषन से भेट व सीता का पता लगाना, सीता से भेंट का विचार वर्णन, अंगुली की अंगूठी देना। छं०—३२ से ४१ तक—सीता की आज्ञा से फल फूल खाना, राक्षसों का रोकना व युद्ध होना, राक्षसों को मारना, क्रोध वर्णन, हनुमान का पकड़ा जाना, अक्ष वध, रावण संवाद, लंका दहन, लंका में आतंक तथा रुदनादि का वर्णन। छंद ४२ से ५० तक—इन्द्रजीत के दल को देख कर हनुमान का झपटना, लंका दहन कथन, हनुमान का वापस आना, सब का प्रसन्न होना, हनुमान की प्रशंसा।

Note.—यह ग्रंथ खोज में नया मिला है। मिश्र बन्धु विनोद में हनुमान पचासा का उल्लेख है परन्तु इसमें ५० से अधिक छंद है।

No. 44. Name of book—Bodharatnākara. Name of author—Bhagavata Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—32. Size—$7\frac{1}{2}$ × $6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—8. Extent—232 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1892 or A. D. 1835. Place of deposit—Paṇḍita Benīmādhava, Village Hasanapura, District Sultānpur (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः दोहा रामानुज वंदत गुरु चरन कमल उर धारि ॥ जय सच्चितानंद श्री दीजे ग्रंथ सुधारि ॥ १ ॥ बोधकरन जामे भयेव रतनाकर सेा नाम ॥ जेहि पढ़े ते भ्रम मिटै मन पावै विस्राम ॥ २ ॥ मन दुषिया कंगाल शेा सुष पावै कहु नाहि । बोधरतन धन पाइ कै तौ पुनि धावत नाहि ॥ ३ ॥ मन तुरंग मुख जो रहै राश लगाम चवात ॥ बोधरतन चाबुक अहै ताहि देषि डेरि जात ॥ ४ ॥ मन मतंग माते फीरय विषया वन के बीच ॥ बोधरतन केहरि निरखि दबकी रहत तह नीच ॥ अहंकार अति निवटित मरनी रजनी तात ॥ बोधरतन रवि को उदय ना जानो कह जात ॥ काम क्रोध मद लेाभ कूल चेारि ग्याँन धन लेत ॥ बोध रतन जिमि पाहरू चेारो करन न देत ॥ ७ ॥ त्रिविधि ताप मे तपि रह्यौ चित चकोर बसि मैन ॥ बोध रतन जिमि चन्द्रमा निरषि जुड़ावत नैन ८ ॥ जो कोऊ संसय करै बोध कहावत कौन । बादो प्रतिवादीन मै सिद्धिबोध है तौन ९ ॥ जीवनृपति मन तुरग चढि षेलेन चल्यो सिकार ॥ पंथ भुलान्यो आपनो गहन विपिन संसार ॥ १० ॥

End.—जीवो वाच । सुन्यो सत्य परमात्मा तुम विन मति नहि और । विन जाने भटकत फिरयो अधमाधम मति वौर ॥ ३५ ॥ बोध भयो जब जोव को पायेा परम प्रकास । राम सच्चितानंद को जान्यो भगवत दास ॥ ३६ ॥ बोध रतन संचित करै पढ़ै सुनै मन लाइ । लहै भक्ति धन साधु मम सब दरिद्र मिटि जाइ ॥ ३७ ॥ यहि जग सूषे रूष को मन विहंग जनि मूल । राम नाम जिमि कल्पतरु भजो मिटै सब सूल ॥ ३८ ॥ कल्प विर्क्ष अरु काम धुक राम नाम के दास । परम बोध यह जानि कै सेवहु भगवत दास ॥ ३९ ॥ बोध रतन निरमोल है मूरष को न देषाव । ज्यो वनवासी नरन में नहिं हीरा को भाव ॥ ४० ॥ जथा जौंहरी लालको मेाल कहत करि प्रीति । तथा सातुकी जनन को बोध रतन को रीति ॥ ४१ ॥ बेाध रतन में जासु को रंचक मति अनुरागि । सेाक मेाह भ्रम पाप तम जाय हिदय ते भागि ॥ ४२ ॥ जेाग सास्त्र वेदांत मत कछुक उक्ति परकास । बोध रतन संचित करै भाषा भगवत दास ॥ ४३ ॥ इति श्री बोध रतनाकर इस्वर-जोव संवादे भक्ति बरननेा नाम पंचमेा विस्राम ५ संपूरनं सुभमस्तु जेा प्रति देषा

सो लिषा ममदोस न दीयते दसषत वस्तीलाल संवत् १८९२ मीती पुस वदी ३ रोजो वृषपति राम राम राम राम राम

Subject.—(१) प्रथम विश्राम—वैराग्य वर्णन। ३२ दो०
(२) द्वितीय विश्राम—आत्म संयम ध्यान। ३१ दो०
(३) तृतीय विश्राम—तत्त्वज्ञान वर्णन। ४० दो०
(४) चतुर्थ विश्राम—ज्ञान वर्णन। ४१ दो०
(५) पंचम विश्राम—भक्ति वर्णन। ४३ दो०

विवरण

वैराग्य—स्त्री इत्यादि से घृणा, स्त्री को नाबदान की उपमा तथा मल मूत्र का गृह बतलाकर कराई गई है।

संयम—काम, क्रोध और लोभ का खंडन। गुरु का महत्त्व तथा उनसे सत धर्म प्राप्त करने की शिक्षा। षट्चक्र नित करने का उपदेश। मन रोकना, चौरासी आसनों में तीन परमावश्यकों का वर्णन। हरि मूर्त्ति का वर्णन तथा "अनहद" शब्द जो दस प्रकार से बजता है उसका वर्णन, अहंकार, ममता का त्याग।

तत्व—ईश्वर का नाम परम तत्त्व। पंच तत्त्व तथा उनसे सृष्टि की उत्पत्ति का निरूपण।

ज्ञान—गुण कर्म विभाग से ईश्वर को ही दाता, भोगता, उत्पत्ति तथा प्रलय का करता मानना। जाति वर्ण इत्यादि का उत्पत्ति स्थान, उसी को मानना। न कोई दुखदाता है न सुखदाता, एक ईश्वर ही सर्वत्र व्याप्त है।

भक्ति—भक्ति के साधन (१) सत्सङ्ग, (२) सरल स्वभाव, (३) संतोष (४) किसी से वैर न करना (५) सत्यवचन (६) अधीनता इत्यादि।

Note.—कवि ने १८७ दोहों, १६ पन्नो तथा ५ विश्रामों में इस पुस्तक को पूर्ण किया है। विषय वेदान्त का है। जीव ईश्वर का संवाद करा कर कवि ने विषय को समझाने की चेष्टा की है, और यथा सम्भव वह अपने मनोरथ में सफल भी हुआ है। रूपक, उत्प्रेक्षा और दृष्टान्तादि अलंकारों से सजा कर यथेष्ट सौंदर्य्य प्रदान किया है। शान्त रस सम्पूर्ण पुस्तक में अविकल रूप से व्याप्त है। उक्त रस की परिपुष्टि के लिये कहीं कहीं सूक्ष्म हास्य-रस का भी प्रादुर्भाव हुआ है। कहीं कहीं लिपि दोष के कारण अशुद्धियां हो गई हैं। प्रथम विश्राम में ही कवि ने जीव द्वारा ईश्वर से प्रश्न करा कर स्त्री, पुत्रादि संसृति संबंधों को दुःख का हेतु समझ, उनसे छुटकारा पाने का मार्ग पुछवाया है, ईश्वर ने वह मार्ग वैराग्य कहा है, पुनः जीव ने कहा कि "महाराज मन तो विषय के बस में है, भला आप

का ध्यान कैसे करेगा ?" तब ईश्वर ने ध्यान जोग का आधार आत्म संयम बतला कर उस के बाधक काम क्रोध और लोभ को पृथक रखने का उपदेश दिया है। चौरासी मुख्य आसनों में २४ को आवश्यक बतला कर केवल तीन को परम आवश्यक बतलाया है, "अमर" "पद्म" "स्वास्तिक" उनके नाम है। फिर "अनहद" शब्द का वर्णन करके आत्म संयम का लाभ बतलाया है। इसी प्रकार तत्वों का सार बतलाते हुए ज्ञान और भक्ति का उपदेश दिया है, अभिप्राय यह कि संक्षेप में ही विस्तृत का विवेचन बड़े कौशल के साथ किया है, पुस्तक उपादेय है। दूसरे विश्राम का २७वां छंद सोरठा है।

No. 45. Name of book—Rāmarasāyanapiṅgala. Name of author—Bhagavata Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—41. Size—8 × 4 inches. Lines per page—18. Extant—738 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1867 or A. D. 1810. Date of manuscript—Samvat 1888 or A. D. 1831. Place of deposit—Ṭhākura Dig Vijaya Simha, Talukdāra, Village Dikalviyā, Post office Biswān, District Sītāpur (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ राम रसायन पिंगल लिष्यते ॥ दोहा ॥ ज्येहि विरचो माया प्रवल जातें जगत अपार। ऐसे करता राम को वंदौ वारंवार ॥ वरण वरन में रमि रह्यो एकै राम विसेषि। जग में ऐसो वस्तु को जामैं परै न देषि ॥ छंद ॥ वनि विरंचि जग रचै विष्णु ह्वै पालै करणी। हर ह्वै करै संहार सेस ह्वै धारण धरणी ॥ प्रकृति पुरुष ह्वै आपु सवै ये तनु उपजावै। विस्व रूप पुनि ह्वै विराट लीला दरसावै ॥ मन बुद्धि अगोचर सर्व उर वसै राम तारन तरन। ह्वै काव्य करै सुप्रकास निधि जन भगवत ताके सरन ॥ दोहा ॥ कवित पुत्र हरि भक्ति धन जस हेत सकाम। राम रसायन तासु हित रची मुग्धवर वाम ॥ रजधानो को अवध सम राम सरस को भूप। मैं मति मंदति वरणिहौं सुरतरु सुरभो रूप ॥ ५ ॥

End.—अथ अचर्य ॥ सिंधु समानो सीप में चेंटी गिला सुमेरु भगवत दास अचर्य यह कैसे (आगे पृष्ट कटा हुआ) काहे को बनाई बहु धाम धन जोरत है तोरि साधु नेह होत चलन तै विनीता है। भ्रमत कस्तूरी मृग ऐसो विषै वासना को काल आइ दावत अचानक ज्यों चीता है ॥ वेलषेलफे गैल जन्म को गवाइ दीन्हों चेतु मतिमंद न तो रह्यो जात रीता है भागवत दास कहै

करिले भलाई भोंदू सीता राम भजिले नर जन्म जात वीता है ॥ दोहा ॥ अष्टादस सत सरसठी संवत सुभ बुधवारु । भाद्र चतुर्दसी विष्णु व्रत पूरो ग्रंथ सुचारु ॥ राम रसायन के पढ़े दुष दरिद्र मिटि जाइ । जन भगवत रघुवर कृपा रहै तासु पर छाइ ॥ जब लगु धरणी सेस सिर रवि ससि वसैं अकास । राम रसायन तब लगै जग मह करै प्रकास ॥ इति श्री राम रसायन कवि कुल आनंद दायने भागवत दास भाषा कृते संपूर्ण शुभमस्तु संवत १८८८ मितो माघ सुदो प्रतिपदा वार विफै का लिखितं गोसाईं गंगा गिरि ॥ यादृशं पुस्तिका दृष्टां तादृशं पुस्तक लिखित मया यदि शुद्धमशुद्धं वा मम दोषो न दीयते ॥

Subject.—भाषा पिंगल । अंत में नव रस षट् ऋतुओं का वर्णन कवित्त सवैया में है ॥

No. 46. Name of book--Nyāya—Nirūpaṇa (Kakaharā). Name of author--Bhāgawata Dāsa of Baranāpur, District Bahrāich. Substance--Country-made paper. Leave--69. Size--14 ×6 inches. Lines per page--30. Extent--1,070 Anushṭup Ślokas. Appearance--Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1956 or A. D. 1899. Place of deposit--Pandita Ayodhyā Prasāda, Village Śwagarha, Post office Sisaiyā, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ भागवतदास कृत न्याय निरूपण ककरहा प्रारम्भः ॥ अथ मंगलाचरण दोहा ॥ श्री गुरुपद पंकज सुमिरि गणप शिवाशिव ध्याय ॥ विधि सह सारद शेश श्रुति सुजन समाज मनाय ॥ देव दनुज नर नाग षग पशु क्रिमि तरु तृन वंदि ॥ चित्रकूट तीरथपतिहिं अवध प्रणम्य अनंदि ॥ जड़ चेतन सब जक्त सियाराम मई जिय जानि । वन्दौ शिर धरि धरणि महं सदा जोरि जुग पानि ॥ सोरठा ॥ अभिमत फलदातार इष्टिदेव श्रीराम निज । करहु कृपा करतार भनै भागवत ककरहा ॥ न्याय निरूपण हेत कहौं ककरहा सोव सुनि । निगमागम मुनि जेत । जो वरण्यों विधिवत सबै ॥ घनाक्षरी छंद ॥ उं आदि मंत्र जसि करत स्वदेव वसि तेहि विधि मानि सब भांति वंदि तासु को ॥ नाम राम वारक जपत जन तारक अषिल अघ हारक नमामि संदि जासु को ॥ मातु सिय सरण हरण दुखदुंद सब करहुं प्रणम्मि गुण गाय अम्बि-खास को । सिद्धि रूप शिव सनादि रामनाम ध्यावैं भागवतदास कृत वंद तासु पासु को ॥

End.—अथ अं वरण ॥ अंतरजामी हरि हेरे । टेक । सति अरु असति जौन हिय वरतत सेा सब करत निवेरे । जब तक कपट रहत जन के उर तब तक

अतिहिं अनेरे ॥ निरछल निरषि मिलत पल में प्रभु जनु नित निकट घनेरे ॥ सुष अनुसरत हरत दुख दारुण कृत असनेह सुढेरे ॥ अज्ञ जीव से भूल परत जब तब सरवज्ञ सुधारत फेरे । रघुवर रीति समुझि हृद आवत परम प्रतीति सबेरे ॥ भागवतदास आस जग परिहरि होत राम के चेरे ॥ अथ अ: वरण ॥ अः अःमिति तजि भजु हरि नामै ॥ टेक ॥ तब सब सुलभ होइ जो दुरलभ सतसंग रामभक्ति गुण आमै ॥ भुक्ति मुक्ति रिधि सिद्ध यादिक सुष अनइच्छितहिं स्व ठामैं । अनुभव अगम परम पद दायक वाढ़हिं होइ न खामैं ॥ जहां जाव तहं लहब महासुद निसदिन अरु बस जामैं ॥ निरभे होब नहीं डर काहुक पाउब सुजस ललामैं ॥ संत सदा आदर अति करिहैं सुधरी करम जो वामैं ॥ भागवतदास हिए दरसैहैं सुभ मूरति सिय रामैं ॥ इति श्री भागवतदास कृत न्याय निरूपण ककरहा समाप्तम् चेत कृष्णपक्ष भैमवासरे संवत् १९५६ रघुवरदास लिष्यते ॥

Subject.—मंगलाचरण, ॐ वर्णन, दीनता वर्णन, निवास स्थान वर्णन, आत्मा का मुख्य स्वरूप, सोलह स्वर, ३२ व्यंजन पर ईश्वर की भक्ति व राम की महिमा का वर्णन ॥

Note.—इस पुस्तक के रचयिता भागवतदास बरनापुर, जिला बहरायच निवासी थे। पुस्तक के निर्माणकाल का पता नहीं, परंतु भागवतदास की मृत्यु हुए लगभग ६० वर्ष के हो गया है। ये ईश्वर के भक्त थे, इनकी कुटी बरनापुर, राज्य रेहुआ में सरजू किनारे बनी है, जहां इनके शिष्य आदि बसते हैं। महात्मा भागवतदास के समय में महाराज रघुनाथ सिंह रेहुआ में राज करते थे, उनकी पत्नी धर्मात्मा थीं, उनकी बड़ाई की है, इसके बाद उनके पोते अब राजगद्दी पर हैं ॥ अंत दोहा। सकल समाज समेत नृप सरि सरजू के तीर। तहां भागवतदास हू सुमिरत श्री रघुवीर ॥

No. 47. Name of book—Niravāṇa Kāṇḍa. Name of author--Bhaiyā Bhagavatīdāsa. Substance--Country-made paper. Leaves--8. Size--6½×5 inches. Lines per page--11. Extent--60 Anushṭup Ślokas. Appearance--Old. Character—Nāgarī. Date of composition—Samvat 1741 or A. D. 1684. Date of manuscript—Samvat 1893 or A. D. 1836. Place of deposit--Lālā Kapūrachanda, Village and Post office Tilokapura, District Bārābankī (Oudh).

Beginning.—अथ निर्वाण काँड भाषा लिष्यते ॥

दोहाः—वीतराग वन्दौं सदा भाव सहित सिर नाइ।
कहौं काँड निर्वान को भाषा विविध बनाइ ॥ १ ॥

चौपाई—अष्टापद आदीश्वर स्वामि बास पूज्य चंपापुर नाम ।
नेमनाथ स्वामी गिरनारि बंदौं भाव भगति उर धार ॥ २ ॥

चरम तीर्थंकर चरम सरीर पावापुर स्वामी महवीर ।
सिखिर सम्मेद जिनेसुर वीस भाव सहित बंदों जगदीस ॥ ३ ॥

बरदत्तादिक इन्द्र मुनिन्द सायरदत्त आदि गुण वृन्द ।
नगर तारव मुनि हठ कोड़ बन्दौं भाव सहित कर जोड़ ॥ ४ ॥

श्री गिरिनेर शिखिर विख्यात कोड़ बहत्तरि अरु सैह साति ।
संवू प्रद्यमन कुमर दोउ भाय अनुधरि आदि नमो तसुपाय ॥ ५ ॥

End.—दशरथ राजा के सुत कहे देश कलिंग पंच सै लहे ।
कोड सिला मुनि कोड प्रमान बंदन करो जोग जुग पान ॥ १९ ॥

समवसरन श्री पार्श्व जिनंद रेसंदेगिरि नयानंद ।
भरत आदि पंच रिषिराज ते बंदौं नित धरम जहाज ॥ २० ॥

तीनलोक के तीर्थ जहाँ निति प्रति बन्दन कीजै तहाँ ॥
मन वच काय सहित सिरु नाय वंदन करौं भव्य गुण गाय ॥ २१ ॥

× × × × ×

× × × × ×

इति श्री निर्वान कांड भाषा सम्पूर्णम् ॥ शुभं भवेत् । प्रति देखी जैसो सहो तैसो लई उतारि । भूल चूक को माफि कर लीजो चतुर सुम्हार ॥ मासोत्तमे मासे फाल्गुणे शुभे कृष्ण पक्षे तीथौ १३ सनि वासरे ॥ संवत् १८९३ । पोथो मंगलो मोदी की लिखितं पं० श्री मिश्र मोहनलाल ॥ शुभ स्थाने बसारी ॥

Subject.—(१) पृ० १ से ८ तक-चौबीस तीर्थंकरों के निर्वाण स्थान। २० का सम्मेदाचल पर्वत पर (विहार में जिला हजारी बाग में) और शेष ४ में से ऋषभदेव का कैलाशवास पूज्य का चंपापुरी, नेमनाथ का गिरनार महावीर का पावापुरी (विहार) अन्य और भी निर्वाणगामी सज्जनों की संख्या और स्थानों का वर्णन यथाः—रामचन्द्र जी तथा उनके दोनों पुत्र, तीन पांडव (नकुल और सहदेव को छोड़ कर) हनुमान, सुग्रीव, बालि और रावण के पुत्र इन्द्रजीतादि ।

Note.—इस छोटी सी पोथी में भैया भगवतीदास जी ने चौबीसो जैन तीर्थंकरों और कई एक महापुरुषों के निर्वाणपद ग्रहण के स्थान लिखे हैं। कहा जाता है कि उक्त भैया अच्छे कवि थे, जैन साहित्य में उनका अच्छा स्थान है। ग्रंथ निर्माणकाल यों किया हैः—संवत् सत्रह सै इकतालीस आश्विनि सुदि

दशमो सुविशाल। 'भैया' बन्दन करै तिरकाल, श्री निर्वान काँड गुन माल॥ प्रतिलेखन कालः—फाल्गुण कृष्णपक्ष तिथौ १३ शनिवार संवत् १८९३ वि०।

No. 48 (*a*) Name of book—Nāsaketa Garuḍa purāṇa. Name of author—Bhagavatīdāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—24. Size—14 × 6 inches. Lines per page—22. Extent—660 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1688 or A. D. 1631. Date of manuscript—Samvat 1910 or A. D. 1853. Place of deposit—Paṇḍita Lālatā Prasāda, Village Paṇḍitapurawā, Post office Sisaiyā, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः। अथ नाशकेतु पुराण लिष्येत॥ चौ॥० श्री गणपति है मति कर दाता॥ जेहि सुमिरे सब पानि निपाता॥ एकदंत कर शंकर लीन्हा। संतन सदा अभय पद दीन्हा॥ सुर नर मुनि गंधर्व मनावहिं निर्भय सुमिरत तव वर पावहिं। सिर सेन्दुर गजवदन विराजै। छुंद्र घंटिका सुन्दर वाजै॥ भुजा चारि सोभित सुर सुन्दर। छाहन जासु विराजत इन्दर। कर फरसा अंकुस धुनि सोहै। गान करत सुन्दर सुर मोहै॥ दोहा॥ मनमोदक दै परसहि सिद्धि बुद्धि ते लेहि नासकेतु गुन वरनौ जो मति अकुर देहि॥ चौ०० आदि सक्ति सुंदर सुकुमारी। चरन रेनु जन मैं बलिहारी॥ तुम्ह ते ब्रह्म विष्णु त्रिपुरारी। तव माया त्रिभुवन विस्तारी। तुम विन ब्रह्मा वेद न पावहिं। मन वच कर्म हरि तोहि मनावहिं। संकर सेइ रहे अरधंगा निर्मल रूप तुम्हारे गंगा॥ विना सक्ति सिव कतहुं न देषा। चौरासो महं रूप विसेषा॥

End.—गंगातट सेवहिं जे कासी। ते हरिलोक करहिं सुषवासी॥ तैसे नासकेत अनुमाना॥ तिन कर होइ सदा कल्याना॥ नासकेत संस्कृत जो सुनो। तस भाषा छाया लै गुनो॥ एहि कर मान अपमान न कीजै॥ सहज सुभाव मानि कछु लीजै॥ मानहु वद्री परसि किदारा॥ सिव माथे पूजो जल धारा॥ गंगा महा त्रिवेनी कीन्हा गौवें सहस दान तहं दीन्हा॥ कासी परसि गया ह्वै आये। पित्र त्रिपति कै पिंड दिवाये॥ पुष्कर पुन्य कीन्ह असनाना। ग्रहन समै कुरुक्षेत्र प्रमाना॥ हरद्वार हर राय मनाये। गंगादान दिये फल पाये। रघुपति पुरी कल्प जन कीन्ही। जो यह कथा सुनै मन लीन्ही॥ सब तीरथ मन क्रम घर आये। इतना सुनै सोई फल पाये॥ इतना फल पुनि पावै सोई। नासकेत सरधा सुनै जोई॥ दोहा। नासकेत अमृत कथा सुनै सो होइ हुलास। पाप

निवर्जित सुनहिं जे कहत भगौतीदास ॥ इति श्री गरुड़पुराणे नासकेत कथा प्रसंगे संपूरन ॥ कुवांर मासे शुक्ल पक्षे तिथौ पूर्नवासी रविवासरे संवत १९१० लिषित घूरे मुसद्दी ॥ ग्राम गुजौली ॥

Subject.—इस पुस्तक में प्रथम ईश प्रार्थना, संवत्, ब्रह्मा आशिर्वाद, चन्द्रावती वनवास, उदालिक सुत प्रतिपालन, चंद्रावती विवाह, नासकेत जमपुर गवन, माता पिता मिलन, जमपुरी का व्यापना, पापी जन विध्यान, कर्म वषान, धर्म न्याव, जम किंकर, राजा जम आज्ञा, पूरब द्वारदिसि, अश्वनिषेह, धर्म व्याख्यान, जममार विस्तार, राजा जनक का वर्षन और ऋषियों का समाधान वर्षन किया है।

Note.—इस ग्रंथ के रचयिता भगौतीदास जी हैं। निर्माणकाल संवत् १६८८ है जिसकी चौपाई इस प्रकार है—संवत सोरह सै अट्ठासो। जेठ मास दुतिया परगासो। सुकुल पक्ष और सोम क वारा। मृगसो नषत कोन्ह उपचारा। गुरु प्रसाद कर जोरि मनावौं। जेहिते अक्षर की सुधि पावौं ॥ संत भक्ति करि सेवा हरि चरनन कै आस। नासकेत गुन गावै विप्र भगौतीदास ॥

No. 48(*b*). Name of book.—Nāsaketa Garuḍa purāṇa. Name of author—Bhagavatīdāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—41. Size—8 × 6 inches. Lines per page—36. Extent—738 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Worn out. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1688 or A. D. 1631. Date of manuscript—Samvat 1914 or A. D. 1857. Place of deposit—Paṇḍita Śivadayala, Village Jaunpur, Post office Biswān, District Sītāpur (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ नासकेतु ग्रंथ को लिष्यते ॥ कथा गरुड़पुराण ॥ चौ० ॥ श्री गणपति है मति कर दाता। जेहि सुमिरे सब पाप निपाता ॥ एकदंत कर संकर लोन्हा। संतन सदा अभय पद दोन्हा ॥ सुर नर मुनि गंधर्व मनावहिं। निरभय सुमिरत तव वर पावहिं ॥ सिर सेंदुर गज वदन विराजै। छुद्र घंटिका सुंदर वाजै ॥ भुजा चारि सोभित सम सुंदर। वाहन जासु विराजत इंदुर ॥ कर फरसा अंकुस धनु सोहै। ग्यान करत सुंदर सुर मोहै। दोहा मनमोदक है परसहि सिद्धि बुद्धि ते लेहि। नासकेतु गुन वरनौ जै मति अक्षर देहि ॥

End.—माता पिता अतीथहि सेवा। अमरलोक सो भुगतैं देवा ॥ कर्म अकर्म जे कहे विसेषा। चित्रगुपित्र तहां सब लेषा ॥ धर्मराज सो नारद भाषा।

कृपा करहु राषहु अभिलाषा ॥ तुम तौ कहियत जोति सरूपा । महा महाबल पावहिं भूपा ॥ बारह सूर्ज केरि तव जोती । रविनंदन उत्तम है श्रोतो ॥ कंचन वरन देषिये काया । तीनि लोक व्यापत तव माया ॥ यह आचर्य आहि जिय मोरे । स्याम वरन मुष काहे तोरे ॥ कृपा करहु यह सोच निवारहु । कहि वितंत मम ग्यान सभारहु ॥ जमराजा नारद सेा कहई । धर्मजोव मृतलोक जे अहई । इन्द्रीजोत क्रोध जिन जीता । सतवादी जे है हरि होता ॥ जग्य अनेक किये मन लाई । दान दिये सुरसरि महं जाई ॥ चढ़ि चंडोल यहां ते आवहिं ॥ तिनके तेज सहत नहिं भावहिं ॥ लज्जा होति देषि अभिरामा ॥ ताते जमराजा मुष स्यामा ॥ नासकेत यह कथा सुनाई । जन्म जन्म के पाप गंवाई ॥ नासकेत देषि जेा आये । सेा वृतंत सब रिषिन सुनाये ॥ आदर भाव भक्ति मनुहारी ॥ रिषि सुष मानि जेा चले विचारी । (अपूर्ण)

Subject.—इस पुस्तक में प्रथम गणपति, देवी जी आदि की स्तुति, फिर निर्माणकाल व गरुड़पुराण की कथा अर्थात् संसार में पाप कर्म का फल जोव भोगता है, किस किस कर्म के कौन कौन दुख भोगने पड़ते हैं, जमराज किस प्रकार दंड देता है, सत्कर्मी जीव को जमराज किस प्रकार वैकुंठ ले जाते हैं, उनको क्या क्या सुख मिलता है, तीरथ दान जप तप का क्या फल होता है, नर्क में कैसे कैसे दुख पापियों को प्राप्त होते हैं आदि का वर्णन है । अंत के कुछ पृष्ठ नहीं हैं ॥

Note.—यह वैद्यक भाषासार संग्रह चरक, श्रुश्रुत इत्यादि वैद्यक ग्रंथों के आधार पर रचा गया है। इसमें अनेक प्रकार के चूर्णादि औषधियों का संग्रह है

No. 120. Bhakta Māhātmya by Gaṅgāsuta of Kaḍā. Substance—Country-made paper. Leaves—200. Size—$10\frac{1}{2} \times 5\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—9. Extent—1,913 Anushṭup Ślokas. Appearance—Ordinary. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1700 or A. D. 1643. Date of manuscript—Samvat 1922 or A. D. 1865. Place of deposit—Lālā Rāmajiyāwana Lāl, Teacher, Town School, Fatahpur, District Bārābanki (Oudh).

Beginning.—श्रीगणेशाय नमः ॥ अथ भक्त महात्म लिष्यते ॥ छंद ॥ गज-राज आदि अनादि दीरघ नागवदन निज शीश हो। प्रथम पूजा भई तुमरो जव व्याह करि गौरीश हो ॥ चतुर्मुष त्रय नित्र स्वामो सुरसती आदि जो मातु हो ॥ देहु अक्षर सोधि मेा कह सुनि होइ सोतल गात हो ॥ सोरठा ॥ अषर अर्थ विलोय कथा प्रसंग सुधारिये ॥ सुर तोस तीनि जो कोइ आपन करि प्रतिपालिये ॥ नासकेत रस आनि गोत मत संछेप लषि श्री भागवत पुरान ताको मत कछु वरनिये ॥ चौपाई ॥ बहुरि वंदि गुरु चरण मनाऊं ॥ जेहि प्रसाद अक्षर सुधि पाऊं ॥ विनु गुरु कृपा ज्ञान नहिं होई ॥ ज्ञान विना कैवल्य न सोई ॥ संतन पद सुमिरौं

धरि ध्याना ॥ जिन वस सदा रहत भगवाना ॥ वे भगवान सर्व के नायक ॥ ते संतन की करइ सहायक ॥ कवि कोविद जे भे जग माहीं ॥ उन समान हम पूजित नाहीं ॥ उन सारद के सुमिरों चरना ॥ जेहि परसाद ग्रंथ उन वरना ॥

End.—सवै आदिते वचन सुनाई ॥ सुनतहि वचन विष्णु मुसिकाई ॥ तबहु न रिषि के हृदय समाई ॥ यह मन समुझि कहौ श्रोनाहू ॥ दुइ मा एक सेस पह जाहू ॥ सेसहि आनहुं इहां बुलाई ॥ वैदेही सब न्याव चुकाई ॥ आवत चुकि है न्याव निदाना ॥ कहा षेालि कै सब भगवाना ॥ विस्वामित्र चले सिर नाई ॥ सेस पास तब पहुंचे जाई ॥ बहुत भांति सेा अस्तुति साजा ॥ विष्णु पास चलिये अहिराजा ॥ दोहा ॥ सुनत सेस हर्षित भये वचन कहा तब येक ॥ विष्णु पास मैं चलिहौं धरा थामिये नेक ॥ चौः ॥ तुमतौ तेजवंत रिषिराऊ ॥ थामौ धरा दरस मैं पाऊं ॥ सेस वचन सुनि रिषि कहि बानी ॥ सतो वचन भाषौ मैं जानी ॥ लाष वर्ष तप मै जेा कोन्हा ॥ तामै आधा मनि कौ दीन्हा ॥ आधा रहा हमारे पाहो ॥ तेहि तप तेज ग्रथो रहि जाई ॥ यहि कह तुरत संकल्प जेा..... ।

Subject.—पृ० १ से ४ तक—गणेश, गुरु, शारदा, संत, गिरधर, हरिजन, चौरासो सिद्धि, नौनाथ, भूसुर, तथा शेष और महेश की वन्दना, (२) पृ० ५-६—ग्रंथ निर्माण काल, कवि की जन्म भूमि इत्यादि का परिचयः—फागुन को तिथि पंचमो सुकवार सुभवार । संवत दस अरु सात सत पक्ष तवै उजियार ॥ तादिन कथा कोन्ह चित धारी ॥ धर्म वाक्य सब कह्यो संभारी ॥ जन्म भूमि कर करौं वषाना ॥ सुरसरि तट उत्तम स्थाना ॥ करा नाम ताकर जेा आही ॥ दास मलूक संत जेहि मांही वंदौ जन मलूक के पाया ॥ जिन हरि सेा बहु हेत लगाया ॥ जन्म भूमि कर नाम वषाना ॥ गंगा नाम पिता कौ जाना ॥ जाति गोतकुल काह वषानौ ॥ पंचतत्व को देहो जानौं ॥ × × × × जाति पांति कुल कर व्यवहारा ॥ यह तौ है सब मिथ्याचारा ॥ प्रस्तावना । हरि भक्तों का महत्व वर्णन कर ग्रंथ का आरंभ । (३) पृ० ६ से १५ तक—अजामिल की कथा—कन्नौज के निकट किसी ग्राम में अजामिल ब्राह्मण का धर्म भ्रष्ट हो कर वेश्यारत होना, संतों का उस ग्राम में आगमन, हास्य प्रिय लोगों का अजामिल को हरिभक्त बता उनको उसके घर भेज देना । अजामिल तथा वेश्या का भक्ति प्रदर्शित कर संतों का उसके होने वाले पुत्र का नाम 'नारायण' रखने के लिये कथन, उसका आज्ञा पालन । मरते समय यमदूत आगमन, अपने पुत्र के नाम मिस नारायण कहना, हरिगण आगमन, दूत तथा गण संवाद, नाम माहात्म्य, अजामिल का उद्धार ॥ (४) पृ० १६ से ३३ तक—द्वि० अ०—दूतों का यम से शिकायत करना, धर्मराज द्वारा उनका प्रबोध, रामनाम की महत्ता, भक्तों से दूर रहने का आदेश, दासों को करणी, राम भक्त का अन्य देवों की भक्ति का

अनावश्यक बताना, तीर्थ, व्रतादि संसार के व्यवहारों का वर्णन। (५) पृ० ३३ से ४१ तक—तृतीय अध्याय—नर्क में डालने योग्य मनुष्यों का परिचय, यमदूतों के लिये निवासस्थान बताना, दूतों का धर्म को शीश नवा कर संसार में आना। (६) पृ० ४२ से ५५ तक—चौथा अध्याय—मोरध्वज की कथा। यमदूतों का मोरध्वज के नगर में जाना, चक्र सुदर्शन की संरक्षता में नगर को देख उनका उलटे पैरों लौटना, धर्मराज सहित ईश्वर से सब कथा कहना, ईश्वर का राजा को बड़ा भक्त बताना, धर्म का परीक्षा की इच्छा प्रगट करना, ईश्वर के धर्म को सिंह बनाना और उसका राजा के दरबार में जाना, सिंह के लिये उसके पुत्र का आहार मांगना, राजा का देना, ईश्वर तथा धर्म का प्रसन्न होकर उसे वर देना, राजा के राज्य में भक्तों के वेष में ७ चोरों का आगमन, राजा का शिष्टाचार, राजा का वन गमन, चोरों द्वारा रानी का बध तथा द्रव्य हरण करके चोरों का भागना, मार्ग में राजा का मिलना, चोरों का हकपकाना, राजा का उन्हें क्षमा करके साथ लाना, उनकी सेवा करना, उनके चरणामृत से रानी का जीवित होना, राजा का उन्हें बहुत सा द्रव्य देकर चोरी करने से वर्जित करना। (७) पृ० ५६ से ६५ तक—पांचवां अध्याय—यमदूतों द्वारा काशिराज का नर्क प्रवेश, अठारह प्रकार के नर्कों तथा कई प्रकार के स्वर्गों के सहित उनके अधिकारियों का वर्णन, राजा का वहां अपने पूर्वजों को देखना, पूर्वजों का रोना और राजा को भी नर्क में देख खेद प्रगट करना, राजा का उनके रोने का कारण ज्ञात करना, कारण जान कर उनके नर्क से मुक्त होने का प्रयत्न पूछना। (८) पृ० ६६ से ७७ तक—छठवां अध्याय—राजा का पूछना कि पिंडदान तीर्थ इत्यादि किस क्रिया तुम्हारा उद्धार होगा। राजा के पूर्वजों का गयासुर का वर्णन करना कि कलयुग में पिंडदान क्रिया हुआ सब उसी को मिलता है, अन्य दान पुण्य हम सब कर चुके किन्तु उनका कोई महत्त्व नहीं। वीरभद्र राजा का इतिहास सुनाना और उसकी दो हुई दो रोटियों का महत्त्व उसके दिये अपरमित धन से कहीं अधिक होना बता कर ईश्वर हेतु जो दान दिया जाय उसी की प्रधानता बतलाना। (९) पृ० ७८ से ८८ तक—सातवां अध्याय। पुरुषाओं की बात सुन कर दूतों से उन्हें छोड़ने की प्रार्थना, दूतों का न मानना, संतों का आगमन, उनके साथ चित्रगुप्त के पास जाना, राजा का नर्क से छुड़ाना, राजा का चिता से जीवित उठ कर सब कथा सुनाना, रामनाम भजन करना, राजा के पूर्वजों का अर्द्ध नर्क में आ कर मगन होना। (१०) पृ० ८९ से ९५ तक—आठवां अध्याय—राजा तथा रानी का संवाद, रानी का सोलह शृंगार करके राजा को मोहित करने का उद्योग और उसे भक्ति से विमुख करने का प्रयत्न, राजा का भक्ति विमुख लोगों के नर्क का कथन और सब जप तप करने वाले दानियों के भी कष्टों का वर्णन, रानी का प्रश्न कि

दानियों को (नृग इत्यादि को) गिरगिट इत्यादि की योनियां क्यों भोगनी पड़ी। (११) पृ० ९६ से १०७ तक—नवां अध्याय—राजा नृग की कथा, इन्द्र का एक भक्त श्वपच को कामधेनु देना, ब्राह्मण के बहकाने पर राजा द्वारा उस से गौ छीन कर ब्राह्मण को दे देना, गौ का उसके वहां से छूट कर गौओं में आ मिलना, राजा द्वारा उसका फिर दान, विप्र श्राप से राजा का गिरगिट होना, कृष्ण द्वारा उसका उद्धार, भक्ति की महिमा। (१२) पृ० १०८ से ११६ तक—दसवां अध्याय—अयोध्या के कृष्णदत्त विप्र तथा उसकी स्त्री की गाथा, स्त्री का पतिव्रत धर्म का प्राधान्य मानना, पति का परदेश जाना, नारद आगमन, ब्राह्मणी का शिष्टाचार, नारद द्वारा ब्राह्मणी के उपवास का समाचार पूछना, ब्राह्मणी का गुरु से दीक्षा लेना, विप्र का आकर क्रोध प्रकाशित करना, स्त्री के द्वारा ज्ञान प्राप्त होकर ब्राह्मण के दीक्षित होने का विचार, नारद आगमन, ब्राह्मण का शिष्य होने का वचन प्रकाशित करना, नारद का उसे सर्य्यू स्नान करने की आज्ञा, एक ब्राह्मण के बहकाने पर उसका बिना स्नान किये ही लौट आना और नारद जी से कार्तिक में दीक्षा लेने का विचार प्रगट करना, दम्पति का देहावसान। (१३) पृ० ११७ से १३१ तक—ब्राह्मण का राजा का हाथी होना, ब्राह्मणी का उसकी कन्या होना, दोनों के स्नेह की वृद्धि, राजा का कन्या का स्वयंवर रचना, हस्ती का भोजन छोड़ना, कन्या के परितोष देने पर उसका भोजन करना, राजा का कारण पूछना, पुत्री का पूर्व जन्म की कथा सुनाना, राजा का इसे असत्य समझ कर उसके स्वयंवर की रचना करना, कन्या का जयमाल हाथी के गले में डालना, राजा का क्रोधित होना, नारद आगमन, हाथी को दीक्षा देना, उसका कुमार के रूप में परिणत होना, प्रसन्नता पूर्वक विवाह की रचना, भक्ति का महत्व, (१४) पृ० १३२ से १४२ तक—बारहवां अध्याय—राजा नहुष का इन्द्र पद के लिये अश्वमेध यज्ञ रचना, नारायण का उसे अहंकार में मत्त देख कर दीक्षा के लिये कथन, उसका न मानना, इन्द्रासन का खाली होने का हाल (कि इन्द्र को गौतम के शाप से सहस्र भग हो गई है अतः वह छिपा है) सुन कर राजा का जाना, इंद्राणी के संग की अभिलाषा से सप्त ऋषियों के यान में चढ़ कर जाना, ऋषियों के शाप से राजा का सर्प हो जाना। (१५) पृ० १४३ से १५२ तक—राजा नहुष का अजगर देह से उद्धार होने के लिये विनय करना, ब्राह्मणों का कथन कि युधिष्ठिर के चरण छूने पर तुम्हारा उद्धार होगा, इसके लिये राजा का उनकी पहिचान पूछना, ब्राह्मणों का "चार प्रश्नों के उत्तर 'भक्ति' में देने वालाही युधिष्ठिर होगा" कहना, पांचो पांडवों का कुन्ती सहित उस वन में जाना, तृषित हो कर क्रमशः अर्जुनादि का जाना और नाग द्वारा उत्तर शुद्ध न देने पर निगला जाना, पश्चात् युधिष्ठिर का पहुंचना और अजगर की शंकाओं

को निवारण कर भाइयों को मुक्त करा अजगर का उद्धार करना। (१६) पृ० १५३ से १६० तक—चौदहवां अध्याय—काशी राज की रानी का कथन कि यह वास्तव में सत्य है कि राम भक्ति प्रधान है किन्तु आप मुझे वचन दे चुके हैं अतः भक्ति का परित्याग कर दानादि में चित्त दीजिए। राजा का असमंजस में पड़ कर भक्ति परित्याग, पुरखा का पुनः नर्क यात्रा झेलना, नारद आगमन, पुरखा को वेदना देख कर दया का संचार, और काशी में आकर राजा को प्रबोध देना। (१७) पृ० १६१ से १६८ तक—पन्द्रहवां अध्याय—नारद का कथन कि स्त्रियों के फंदे बुरे हैं। इन्द्र, चन्द्र, शृंगी ऋषि इत्यादि ने इनके जाल में अनेक दुःख सहन किए हैं अतः तुम्हें भी दुःख होगा। स्त्री भक्त एक तेली की दुर्दशा का वर्णन कर राजा का ध्यान भक्ति की ओर आकर्षित करना। (१८) १६९ से १७७ तक--सोलहवां अध्याय—नारद का एक दरिद्री ब्राह्मण की कथा सुनाना, ब्राह्मण का सर्प की कथा सुना कर द्रव्य लाना, स्त्री का भेद पूछना, बताने पर अपने पुत्र को भेज कर सर्प को मार कर सब द्रव्य लाने का आदेश, सर्प द्वारा पुत्र विनाश--कथा श्रवण कर राजा का दीक्षा लेना, पुरखाओं का उद्धार। (१९) पृ० १७८ से १९२ तक--सत्रहवां अध्याय--नारद का ईश्वर के दर्शन हेतु स्वर्ग को जाना, स्वर्ग के कपाट का बंद होना, नारद की विनय, भगवान के दर्शन, नारद का प्रथम दर्शन न होने का कारण पूछना, ईश्वर का कथन कि यमराज की इस शिकायत पर कि तुमने मेरी उत्तम भक्ति सब पर प्रगट कर स्वर्ग को भर देना निश्चय कर लिया है फिर नर्क की क्या आवश्यकता. ईश्वर का उत्तम, मध्यम और निकृष्ट भक्ति का कथन, भक्तों के साथ मिल जाने वाले चोरों की यमयातना न होने का कारण यम द्वारा नारद से पूछा जाना, नारद का सतसंग की महिमा का कथन। (२०) पृ० १९३ से २०० तक—नारद का यम की सत्सङ्ग का प्रभाव बताना, विश्वामित्र के घर वशिष्ट का पहुंचना, कई दिन तक ठहरना, विश्वामित्र के सेवा करना और मुनि के चलने पर अपने एक लाख वर्ष किये तप का अर्द्ध भाग का फल दे देना, पुनः एक बार विश्वामित्र का वशिष्ट के यहां पहुंचना, चलती समय मुनि का थोड़ी देर के संतों के सत्संग को देना, इस पर विश्वामित्र का क्रोध, परस्पर बहस, विष्णु के पास न्याय को जाना, उनका शेष को बुलाना, शेष का युगल मुनियों से भूमि साधने का प्रस्ताव, विश्वामित्र का लाख वर्ष में किये तप के आधे बचे तप के प्रभाव से पृथ्वी से सधने का कथन, पृथ्वी का न सधना (इसके आगे के पृष्ठ नहीं हैं)।

Note.—यह ग्रंथ दो व्यक्तियों का लिखा जान पड़ता है। पूर्वार्द्ध प्रायः शुद्ध है किन्तु उसका उत्तरार्द्ध जो दूसरे ने लिखा है अधिक अशुद्ध है।

No. 121. Vikramavaitāla Samvāda by Gaṅgeśa. Substance-Country-made paper. Leaves—180. Size—8 × 5½ inches. Lines per page—20. Extent—1,800 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Badarīnātha Bhaṭṭa, Lucknow University, Lucknow.

Beginning.—सारस हंस चक्र चिहुं ओर। करत केलि कारक ऊ मोर॥ मछ कछ परत छितिरांहि। जल कुरकुट जल मांहि फिराहि॥ कलो कुंद केतकि विकसांहि। आवजात फूले जल मांहि॥ करि मधुपान करत गुंजार। मोर घोर चहुं ओर अपार॥ १७ कोकिल काल कंठ कलनाद। सुनत होत अति मन परसाद॥ लगत पवन अति उठत तरंग। मानहुं कामदेव को रंग॥ यह सोभा लषि राजकुमार। उतर अश्व ते अति सुकुमार॥ हसा पाद परक्षालत भये। बहुरि देव दरसन कों गये॥

End.—उनहिं पाइ आनंद सों घर आये पुनि राइ। ता राजा को धो लई नृप लषि लहुरे पाइ॥ बड़े चरण हो राज तिय सुतहिं दई सो भूप। विनसो मिलि विरहिन लगे अहवन भोग अनूप॥ तब उनकें उन दुहुन में संतति भई सरूप। इतनि कहि वेताल पुनि कही कहौ किन भूप॥ वे जु भये उनके तनय ते आपस में कौन। लगै सु ऊतरू दीजिये भूपत जौ मुख मौन॥ १७ भूप कही या कौ कछू ऊतरू आवतु नाहिं। विन आये मिथ्या बचन तुम से कहिये काहि॥ १८ छंद व····

Subject.—पद्मावती की कथा, केशवदास ब्राह्मण की कथा। शूद्रक और वीरवर की कथा। विदग्ध चूणमणि सुआ की कथा। हरिदास ब्राह्मण मंत्री की कन्या की कथा। —चंपकेश राजा की कन्या की कथा। —गुणाधिप राइ की कथा। कनकदत्त वैश्य की कथा। अभयचंद जैन मंत्री की कथा। प्रजा कोश मंत्री की स्त्री की कथा। हरिस्वामी पुरोहित की कथा। सुक्षेमणी कन्या की कथा। चन्द्रप्रभा की कथा। केत नामा गंधर्व की कथा, उन्मादिनी की कथा। गुणशेषर शर्मा की कथा। धनक्षय ब्राह्मण मंत्री की कन्या की कथा। रूपसेन राजा की कथा। अनंगमंजरी कन्या की कथा। विष्णु स्वामी विप्र के पुत्रों की कथा। नारायण ब्राह्मण की कथा। गोविन्द ब्राह्मण के पुत्रों की कथा। यज्ञ सामा विप्र के पुत्र की कथा, राजाधर्म की कथा।

No. 122. Pakshī-vilāsa by Ghāsī Rāma. Substance—Bādāmī paper. Leaves—16. Size—13 × 8 inches. Lines per page—28. Extent—280 Anushṭup Ślokas. Appearance

—New. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1944 or A. D. 1887. Place of deposit—Paṇḍita Kṛisṇa Bihārī Miśra, Sampādaka Samālochaka, Lucknow.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ नागिन सी लटैं कहौ कैसे बटैं हाथ निज कैसे मुख चन्द भरैं भसम भरोन में। अंजन कलित नैन करिये निरंजन क्यों बरिये अपान किमि कान मुंदरोन में। घासीराम सुकवि बसैये सेली कंठ किमि कंचन जड़ाऊ जेब जड़ित तरोन के ॥ सुलभ सुलौनौ लंक मूठो न समात ताहि कैसे कै बसायैं हम आज गुदरोन में ॥ १

End.—विधि प्रतिकूल भये गुनन गरेरे कहा काम बनि जैहै जो जुगति उपजावे रे। हेरत सुमेरु त्यों कलंक ठहराय उहां केतिक बिसाति जो न तरन जरावैरे। घासीराम सुकवि विचारि देखु हिरदै मैं राज को प्रसंग नित रोय कै न पावै रे। चौंकु जनि चकवा मनोरथ बढ़ाइ निशि चकई मिलावै जो विरंचि उलटावे रे ॥ ७१ सूखो उबारि भई बिन पानी नई मुरझानो है जूनरो बारी। मूंग कौ खेत भयो न भयो अरु धान निधान मृगा चर डारी ॥ देखिये ठाकुर कैसी करैं अब क्यों निबहै धन आन परारो। एसों के साल सुपास नहीं कछु याहो कपास लौं आज हयारो ॥ ७२ श्री राम ॥ इति।

Subject.—शृंगार के कवित्त छंद १ से १३ तक। चम्पक चन्दन मेघ के प्रति छंद नं० १४ से १७ तक। सारस नभ, चातक, पपीहा बया, भ्रमर, मराल, बाज, दहियर, कोकिल, उलूक, मुक्ता, चंडूल और बक वर्णन छंद १८ से ३० तक। रत्न, भ्रमर, कीर, भ्रमर, किंसुक के प्रति, बबूर, मेघ, काक, सेमर, करोल, मराल, गज, बट, समुद्र, पर्जन्य, पिक, अन्य संभोग दुखिता, मानिनो, प्रौढ़ा लक्षिता, मन, बांसुरी पपोहा, शृंगार के कवित्त, हुदहुद, शुक मैना, कुक्कुट, तीतर, चकवा, अनुशयना छं० ३१ से ७२ तक।

Note.—इस ग्रंथ में घासीराम के अतिरिक्त ठाकुर आदि के भी कुछ छंद हैं। इस ग्रंथ का कुछ भाग समालोचक नामक त्रैमासिक पत्र में प्रकाशिक हो चुका है। मिश्रबंधु विनोद ने इसका समय सं० १६८० वि० वर्णन किया है।

No. 123. Nāyikābheda by Giradharalāla. Substance—Country-made paper. Leaves—20. Size—$8\frac{1}{2} \times 4\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—18. Extent—340 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhākura Naunihāla Simha Seṅgara, Kānthā, District Unāo.

Beginning.—श्रीगणेशायनमः अंबिकायै नमः। अथ सुकोया प्यारो पतिव्रत में लीन। सलज सील सुलहनी कुल कानि कलिप कुलीन ॥ नार चाहत नाह कों जस वारि चाहत मीन। शंभु पतनी सरिस सेा पारत पतिव्रत पोन ॥ नहीं सपनेहु घटत नित प्रति बढ़त नेह नवीन। कंत आज्ञाकारिणी आचारिनी आधीन ॥

End.—प्रवत्सति प्रेयसी परकीया ॥ हरि विन वृथा जग में जिये। लेाक लाज विहाय हाय विहार जासें किये ॥ प्रान सें वाला विदेसहि जात क्यों करि जिये। चाह सुनि उर दाह दाहत आपुही तन छिये ॥ इति

Subject.—स्वकीया, मुग्धा, अज्ञात यौवना, ज्ञात यौवना, नवोढ़ा पृ० १ से २ तक। मध्या, प्रौढ़ा, धीरादि मध्या, प्रौढ़ाधीरा, जेष्ठा कनिष्ठा, अनूढ़ा, स्वकोया, विदग्धा पृ० ३ से ६ तक। लक्षिता, मुदिता, अनुसयना, दस नायिका भेद, खंडिता, कलहंतरिता पृ० ७ से १२। विप्रलब्धा, उत्कंठिता, वासकसज्या, स्वाधीन-पतिका, अभिसारिका पृ० १३ से २० तक।

Note.—ये वैसवाड़ के कवि जान पड़ते हैं जेा सं० १७०७ में वर्तमान थे। कविता अच्छी है।

No. 124(*a*). Bhāgawata Daśama Skandha Bhāshā by Giridhāri of Sāntanapurvā (Rai Bareli). Substance—Country-made paper. Leaves—52. Size—13 ×8 inches. Lines per page—40. Extent—1,560 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1948 or A. D. 1891. Place of deposit—Paṇḍita Kedāra Nātha Tiwārī, Utarapārā, Rai Bareli.

Beginning.—श्रीगणेशाय नमः ॥ कवित्त ॥

वकई रदन गज वदन विराजमान मदन कदन सुत सदन सुकामा को। कहै गिरधारी गिरराज नंदिनी को नन्द आनंद को कंद जगवंद वरदामा को ॥ शुण्डा दण्ड कुण्डलीक मण्डली को मोहै मनु भालचंद्र मंडली विलाश गुनग्रामा को। ऐसे गन नायक के बुद्धि वरदायक के पांव वन्दि कहित चरित्र श्याम श्यामा को ॥ १

इति मंगलाचरण घनाक्षरी ॥

जमुना निकट यक मथुरा नगर वसै तहां महराज कंसराज वर जोरे मैं। कहै गिरधारी ताके अष्ट को न वारा पार असुर अपार वह वाढे चहुं बोरे मैं पाप को कलापन ते पृथ्वी गरुआनी नहिं येती गरुआई गिर गज रथ घोरे मैं देवकी के आरत अदेव को अदल देखि देवकी के दया भय देवकी के कोरे मैं ॥ १

भादौं की अन्धेरी अष्टमी के अधरात समय उदै भई भाग आजु भूतल के भाय को।
वसुदेव मंदिर मै प्रकटेउ कन्हैयालाल जगत जौ धैय्या जाल मालिक प्रभाय को॥
कहै गिरधारो भयो वंश को मशाल आजु देवकी को लाल भो दयाल द्विज गाय को।
उग्रसेन पाल मुष्टमाल को जंजाल भयो केसो को जवाल अरु काल कंसराय को॥ २

End.—

वेत को विषान की वसन हू की वांसुरी की वनक विशाल वनमाल की अरति है।
कहै गिरधारो वह यमुना निकट छाव वंशीवट तट की नयन ते टरति है॥
ललित लुनाई की वृन्दावन को जुन्हाई की सुकहत कन्हाई येतो नही विसरति है।
कुंज की गली की ललितादिक अली की वृषभान को लली की सुधि नाहीं विसरति है॥ ३३१

भेजो हम चीठी ना बसीठी मनमोहन को आपु ही ते कीन्ही कृपा जान निज दासिनी।
कहै गिरधारो भाग प्रगटो हमारो ता कौ कहा करै नारी कोऊ नेह को निवासिनी॥
अवै ते न जाय लै मनाय हरि आपने को मने करतो ना हम होतो न उदासिनो॥
कहा करतो है देह दाहक वचन ऊधौ नाहक हमारे वैर परी वृजवासिनो॥ ३३२

अंग को मलोनी अकुलानी हम आपु ही हैं ऊधौ आपु ही को वै कुलंगना कुलीनो हैं।
कहै गिरधारो वैर परो वृजनारी सब जब ते विहारी मोपै कृपा कोर कीन्हो है॥
वार वार मोहिं चेरी चेरी कै चेतावतो हैं मेरेई चवावन सेा चवाइन प्रवीनो है॥
चेरी हैं तौ कान्ह को कमेरो है तो कान्हा को न काहू गोपिकान को ववा को मोल लीनो है॥ ३३३॥ संवत १९४८ शुभ॥

Subject.-गणेश स्तुति, कृष्ण जन्म, बाल लीला, पूतना व त्रिणावर्त बध, नागनाथन, चाणूर वध, चीर हरन, कृष्ण विवाह रहस्य, कंस बध, राज्य प्रबन्ध, अन्य राजाओं का श्रीकृष्ण द्वारा जीता जाना। मथुरा वृन्दावन शोभा वर्णन, द्वारिका गमन, ऊधौ द्वारा गोपियों को उपदेश। गोपियों को विरह दशा का वर्णन, ऊधो का गोपियों का संदेशा लेकर वापिस जाना, वृन्दावन की कुंजलता बन आदि की शोभा का वर्णन। श्रीकृष्ण के द्वारिका जाने पर यशो दा नन्द तथा अन्य गोपिकाओं की अवस्था का वर्णन, श्रीकृष्ण का गोकुल और वृन्दावन को फिर सुधि करना।

Note.—गिरधारो ने कई ग्रंथ लिखे उनमें से तीन भागवत स्कंध दशम, सुदामा चरित्र और रहस्य मंडल का पता चला है। इनको मरे हुए १०० वर्ष हुए। इन में काव्यशक्ति अच्छी थी।

No. 124(*b*). Rahasya-maṇḍala by Giridhārī of Sāntana-puravā (Rai Bareli). Substance—Country-made paper. Leaves—7. Size—$7\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—32. Extent—112 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Kedāranātha Tiwārī, Uttarapārā, Rai Bareli.

Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ रहस्य मंडल ॥

वृंदावन बीच कैसो चंद के मरीचन को चहुं ओर चांदनो विराजो चारु चूजा को। कहै गिरधारो अलि गुंजैं मंजु कुंजन कुंजै पैखि पुंजै उठै पंचसर पूजा को। मचो कलकूकनि कपोतन कलापन को कोलित कूहूकनि त्यों कोकिल के कूजा को। त्रिविधि समीर फूले तरुवर तीर तीर तरल तरंग तैसो तरिन तनूजा को ॥ १ वृंदावन सखिन को सुखमा न भाखो जात मन अभिलाखो होत गोपद गरद को कहै गिरधारो कहाँ बैठे वनवारो वनि कम्मर ये छाजै छवि अंबर जरद को ॥ होत भयो अमल मयंक को उदोत मंजु बीज उपजायो जो मनोज के दरद को। सेत सेत रेत सेत चांदनो के फूले सेत सेत चांदनो विराजत शरद को ॥ २ कुंजन में बांसुरी बजाई नंदनन्दन जू धुनि सुनि सब के हिए को होस हरिगो। कहै गिरधारो कुल नारिन को भर भई निपट अहीरपन धीर नेक धरिगो ॥ विकसि कली सो चली निकसि निकेतन ते नहीं वृत नेम को विचार कछु करिगो। लाज को रसाल छोड़ि दौरि वृजबाल सब आज कुल माला को देवाल सों निसरिगो ॥

End.—गोपिन के साथ हाथ हाथ सों पकरि नाथ कौतुक करत तरे तरुवर छाहो को ॥ कहै गिरधारो देखि सोभा रहस मंडल को रम्पदा अखंडल को गनो कहा काहे को ॥ विसरे संभार घर वार भूले सब ही के कान दीन्हे तान सुनै बांसुरी उछाहो को ॥ झुकि झुपा करिकै वाहन अंचल भये जान नहो गई छाया ह्वै रहो छमाहो को ॥ २। रच्यो रस रंग वृंदावन में सखिन संग मोह वस पस यों पतंग कुंज क्यारो है ॥ कहै गिरधारो मोहै जमुना के नीर मोहै शसि औ समीर सग मृग देवदारो है ॥ गोपिन के जाल मोहे ग्वालबाल मोहे ताल औ तमाल मोहे कौन तन धारो है ॥ मोहे महा ध्यानो मोहे मुनिवर ज्ञानो मन मोहन को मुरली यो मोहनो पसारो है ॥ इति रहस मंडल संपूर्णम गिरधारो लाल कृत लिखा केदारनाथ तेवारी ॥

Subject.—वृंदावन और यमुना जी को शोभा का वर्णन। श्रीकृष्ण को शरद में शोभा का वर्णन। श्रीकृष्ण को वंसो को शोभा और ध्वनि का वर्णन।

गोपियों का प्रेम वर्णन। सोलह हजार गोपियों की सुंदरता और प्रेम वर्णन। श्रीकृष्ण का गोपियों को कर्म करने का उपदेश करना। श्रीकृष्ण द्वारा गोपियों की अभिलाषा पूर्ण करने का वर्णन। गोपियों का विरह वर्णन। राधा का श्री कृष्ण के प्रेम में विह्वल होना। वृंदावन की शोभा वर्णन। फुलवारी की शोभा वर्णन। गोपियों के मध्य में श्रीकृष्ण की शोभा वर्णन। बाजों का वर्णन। श्री कृष्ण का नृत्य वर्णन। श्रीकृष्ण के माया दिखाने का वर्णन। यमुना के तीर रहस्य का वर्णन।

No. 124(*c*). Sudāmā Charitra by Giridhārī of Sāntana-puravā. Substance—Country-made paper. Leaves—23. Size —$7\frac{1}{2}$ × $6\frac{1}{3}$ inches. Lines per page—32. Extent—368 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Kedāranathā Tiwārī, Utarapārā Rāe Bareli.

Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ सुदामा चरित्र लिख्यते ॥

येकई रदन गज वदन विराजमान मदन कदन सुत सदन सुकामा को।
कहै गिरधारी गिरराज नन्दनो को नन्द आनन्द को कंद जगवंद वर नामा को।
सुण्ड दण्ड कुण्डली कमण्डली को मोहे मन भालचंद्र मंडली विलास गुन ग्रामा को
ऐसे गननायक को बुद्धि वरदायक को चरण मनाय कहौं चरित सुदामा को ॥ १

पंडित परम गुन मंडित अखंडित हैं खंडित न होत कबौ जप तप सामा है।
कहै गिरधारी धर्म कर्माधिकारी बडो वैदमत धारी साधु प्रति वृत वामा है॥
भिक्षावृत करि कै नित भोजन करत हरि भजन भरोसे मन धन की कामा है।
राम ही सेा काम उर सुमिरत राम राम सदा पुर आपने में वसत सुदामा है॥

वामा औ सुदामा सदा सुखी विन संपति हूं दम्पति नरायन के पायन को ध्याये हैं
कहै गिरधारी घर असन वसन हीन वासन विछौना जा कुसासन विछाये हैं॥
एसो महा दीनता वितायें धाम आपने मैं सपन्यो न हीनता अधीनता पराये हैं।
पेट भरि मिलत अहार को न अन्न तहं परम प्रसन्न मानेा कोटि बार खाये हैं॥

End.—

निज कर अंगनै लगायेा अंगराग रंग अतर फुलेल किये मोद अभिरामा हैं।
जाहिर जे जेवर जवाहिर जराव जरे पाग जरकसी जरवाफदे को जामा है॥
आगे चोपदार पाछे चरवर परदार रतन सिंहासन पर सोहत सुदामा है॥
कहै गिरधारी दरवार बैठेा सब लग्यो दरवार द्वार (पर) वाजत दमामा है॥ ७९

रहो नहो पनहो पुरानो जिन पांयन मे मिल्यो तिन पायन को गजराज गामा है
रहे जे शरीर फटे चौरन लपेटे अब तिनहीं शरीरन मे जरीदार जामा है ॥
कहै गिरधारी गिरधारी की कृपा ते साक पात कों अहारो पाक पावत सुदामा है।
शैन जे करत एन चैन ही बिछाय लेई फैन सी फरस पर सोहत सुदामा है ॥ ७१ ॥

भीतर में कंजमुखी मंजुतर करैं गान द्वार खरे गुंजरत पुंज करिवर है।
कहै गिरधारी जाके धाम में अराम किन्हो रिद्ध सिद्ध कामधेन काम तरुवर है ॥
सोहै महिमंडल में दूसरा आषंडल येसो वारेन अखंडल मंडरीक नरवर है।
सामा दई साहिबो सुदामा भाग ऊसर को एसो कौन दूसरो गरीब परवर है ॥ ७२ ॥

ईति सुदामा संपूर्णम गिरधारीलाल कृत ॥

Subject.—गणेश स्तुति। सुदामा को भिक्षावृति का वर्णन। सुदामा की दरिद्र अवस्था का वर्णन। सुदामा द्वारा अपने मित्र श्रीकृष्ण का वर्णन। सुदामा की स्त्री का अपने पति को श्रीकृष्ण के पास भेजने का वर्णन। सुदामा की स्त्री द्वारा अपनी दरिद्रता का वर्णन। सुदामा की स्त्री द्वारा अपने पति को श्रीकृष्ण के पास जाने के लिये आग्रह करना। सुदामा का श्रीकृष्ण के पास न जाने के लिये बार बार कहना और उनकी स्त्री का पुनः आग्रह करना। सुदामा द्वारा दरिद्र अवस्था में मित्र के पास न जाने की नीति वर्णन। सुदामा की स्त्री का हरि की कृपा का वर्णन। सुदामा का धन की निंदा करना। सुदामा की स्त्री द्वारा धन की महिमा का वर्णन। सुदामा का श्रीकृष्ण के पास दरिद्रता के कारण जाने में संकोच। सुदामा की स्त्री का उधार चावल लाने का वर्णन। सुदामा का द्वारिका जाने का वर्णन। द्वारिका में श्रीकृष्ण के द्वार पर पहुंचने का वर्णन। ड्योढीदार द्वारा श्रीकृष्ण के पास सुदामा के आने की सूचना देना। सूचना पाते ही श्रीकृष्ण का सुदामा के पास शीघ्रता से जाने का वर्णन। श्रीकृष्ण द्वारा अतिथि सत्कार का वर्णन तथा कुशल क्षेम प्रश्न और सुदामा की स्त्री द्वारा किसी वस्तु के दिए जाने का प्रश्न। श्री कृष्ण द्वारा विद्यार्थी अवस्था का वर्णन। श्रीकृष्ण द्वारा चावलों को जबरदस्ती छीन कर खाने और रुक्मिनी द्वारा रोके जाने का वर्णन। श्रीकृष्ण द्वारा सुदामा को पहुनई किए जाने का वर्णन। ब्रज की पिछली बातों का वर्णन। सुदामा का विदा मांगना। सुदामा का विदाई न पाने के कारण रास्ते में उसी के विषय में सोचते हुए जाना। श्रीकृष्ण का दगा देने का वर्णन। नारि शिक्षा को मानने की निंदा का वर्णन। सुदामापुर के राजसी दृश्य का वर्णन और सुदामा का विस्मय और अपने मकान स्त्री आदि को दूसरी दशा देख कर असत्य समझना। अंत में स्त्री द्वारा समझाए जाने पर विश्वास होना और उनकी धनिक अवस्था का वर्णन।

Note.—इसमें कवि को काव्य शक्ति का अच्छा दिग्दर्शन है। यमक बहुत अच्छा है।

No. 125(*a*). Bhaktimāhātmya by Giradhārī. Substance—Country-made paper. Leaves--66. Size--8×6 inches. Lines per page--15. Extent--411 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance--Worn out. Character--Kaithī. Date of Composition--Samvat 1705 or A. D. 1648. Date of manuscript—Samvat 1837 or A. D. 1780. Place of deposit—Paṇḍita Gayā Prasāda Tiwārī, Dostapura, District Sultānapur (Oudh).

Beginning.—

श्री गनेशाऐनमहा ॥ × × × ॥ पोथी भगत महतोम ॥
प्रथम हिं गुरु के चरनन चीत लाऊं। जेहि प्रसाद अक्षर सुदी पाऊं ॥
सव संतन्ह सुमीरौ धरि ध्याना। जेहि को वश्य सदा भगवाना ॥
अवरो कवि जो भये जग माहीं। उन्हके समसरिके हम नाहीं ॥

× × × × ×

दोहा :—मूल एक त्रीभुवन पति तारन तरन मुरारि। दरपै सबै
देवता भयै जन गिरधारि ॥

× × × × ×

दोहा—फागुन सुदी तीथी परीव सोमार, संवत सत्रह सै ५०।
मेह वदी उजोअरी देखत संमत गऐ वसारए ॥

गिरधारी भक्त
(चित्र)

तेही दीन पथ कीन्ह गिरधारी। धर्म पंथ अस कहै विचारी ॥
जेन्ह सव भो कर करो वषान। सुरसरी तीर उतीम अथान ॥

End.—पुनि आये मंडिल सव संत। अग्नि तो आये मुनी अनंत।
भोजन तहं विधि धीपन पाए। राढे दुदीस्टील सवै मंगाए ॥
परुसै भोजन द्रुपदी रानी। जेवहिं संत उठी सुभ वानी ॥

दोहा—सुपच भक्त भोजन करु वजै घंट अकास। गनगंद्रव सब देव मिलि
जैजै करहिं प्रगास ॥

सुपज भक्त मुनि गंध्रव पावहो सव प्रसाद। पांचौं पांडव अस्तुति करहीं।
वाजन वजै देव दुआरा। जै जै मंगल भयेउ उचारा ॥
ज़ेाह अमरथ महा कीयेऊ। जग्य किये सवह अगेऐऊ ॥

कृष्ण जुधिष्ठिल भये एक संग। धन्य साधु जो सत गुरु संग॥
मांगहु राजा जो इच्छा होई। नीरधेव भगत संत मै तोही॥
कहै जुधिष्ठिल कर जोरी। बकसाहु सब विनती सुन मोरी॥
सुनु राजा मैं कहौं वहोरी। सब उगह मै द्रुपदी कै करी॥

Subject.—(१) पृ० १ से ४ तक—स्तुति।

(२) पृ० ५ से १० तक—अजामिल गणिका इत्यादि की कथा।

(३) पृ० ११ से २६ तक—दूत तथा यमराज संवाद, यमराज का दूतों से भक्त तथा हरि का ऐक्य कथन, भक्तों से दूर रहने की आज्ञा। दूतों की शंका तथा यम का समाधान।

(४) पृ० २७ से ३८ तक—रामनाम माहात्म्य, कन्यादान महिमा, युधिष्ठिर को कृष्ण द्वारा तीर्थयात्रा का उपदेश, उदाहरण रूप।

(५) पृ० ३९ से ५२ तक—मौन मांसादि निषेध, युधिष्ठिर द्वारा तपस्वियों को भोजन दान, सद्गुरु बिना यज्ञ का असफल होने का कृष्ण द्वारा कथन कृष्ण द्वारा सन्यासी इत्यादि का खंडन।

(६) पृ० ५३ से ६६ तक—युधिष्ठिर द्वारा कृष्ण से सद्गुरु का लक्षण पूछा जाना, कृष्ण का उत्तर में स्वपच भक्त को सद्गुरु बताना। युधिष्ठिर का स्वपच को बुलाने के लिये भीम को भेजना, स्वपच द्वारा निमंत्रण अस्वीकार, कृष्ण का पुनः युधिष्ठिर को भेजना, द्रौपदी का उसे नीच समझ मन में तिरस्कार की दृष्टि से देखना, स्वपच का बिना भोजन किए उठ जाना तथा द्रौपदी से पंचभर्तारी इत्यादि अनुचित शब्द कथन, युधिष्ठिर का कृष्ण के पास जाना, उनका पुनः उसे आग्रह पूर्वक बुलवा कर भोजन कराना।

Note.—यह "भक्ति आहात्म्य" नामक पुस्तक किसी गिरधारी की रचना है, आरंभ में गुरु संतादि को बंदना करके अजामिलादि पापियों का उदाहरण उपस्थित करते हुए कवि ने रामनाम की महत्ता दिखलाई है; यही बातें उक्त कवि ने दूत तथा यम के संवाद से भी प्रगट कराई हैं। भक्त चाहे नीच भले ही हो वह भगवान की दृष्टि में कितना अधिकार पाता है, इसका उदाहरण स्वपच की कथा को सुना कर भली प्रकार उपस्थित कर दिया गया है। साथ ही वेषधारी साधुओं की धूल भी अच्छी तरह उड़ाई गई है। आमिष आहार को महा दूषित ठहराया है, फलतः पुस्तक उपदेशों से भरी हुई है। कविता साधारण श्रेणी की है। स्थान स्थान पर मुख्य मुख्य घटनाओं से सम्बन्ध रखने वाले अत्युत्तम रंगीन चित्र दे कर पुस्तक सुसज्जित कर दी गई है, किन्तु खेद है कि वह इतनी

अशुद्ध लिखी हुई है कि पढ़ना बड़ा ही कठिन है। अन्त के कुछ पृष्ट लुप्त हो गये हैं। चित्रों का रंग इतना उत्तम है कि जान पड़ता है वे अभी बनाए गए हैं।

No. 125(*b*).—Bhakti Mahātma by Giradhārī Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—76. Size—12 × 7 inches. Lines per page—30. Extent—1,995 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1705 or A. D. 1648. Date of manuscript—Samvat 1941 or A.D. 1884. Place of deposit—Mahanta Javāhara Dāsa, Village Narottamapur, Post office Khairighāṭa, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ दोहा ॥ कथा आरंभ होत है मै जन जोरे हाथ। आसन पर प्रभु आइये दीनबंधु रघुनाथ ॥ कथा आरंभ होत है मै जन जोरे हाथ। अक्षर पद स्वर मात्रिका छूटे क्षमब सुनाथ ॥ कथा आरंभ होति है सुनौ वीर हनुमान ॥ राम लछिमन जानकी सदा करौ कल्यान ॥ प्रथमै गुरु चरनन चित लाग्रो। जेहि प्रताप अक्षर सुधि पावो ॥ सब संतन सुमिरौ धरि ध्याना जिनके वास सदा भगवाना ॥ अवलौं कवि जो भये जग मांही। उनको सम सरि का हम नाहीं ॥ उन सारद को विनवै लीन्हा। तेहि प्रसाद ग्रंथ उर कीन्हा। उन गनपति गिरजापति ध्यावा। तेहि मह परम बुद्धि तिन्ह पावा। हम तिन कर सुमिरन नहिं जाना। तिन कर करत सबै मिलि ध्याना ॥ जिनके हाथ सबै है बाता। गिरधारी तिनके मन राता। फैलहिं डार पात सब झारी। मूल विना सब मिथ्या डारी ॥ डार के सोंचत पात न पाई। मिथ्या से वह सबै गंवाई ॥ दोहा। मूल एक त्रिभुवन पति सोई भयऊ मुरारि। डार पात सब देवता भाषत जन गिरधारि ॥

End.—साषी। नारद पूछा विनय करि सुनौ जगतपति ईश ॥ मोसे करुना करि कहौ। तुम्है नवावौं शीस ॥ श्रीकृष्ण उवाच। सुनि मुनीस तब सांत सुजाना। हौं तेा कारन कारज से अलगाना ॥ श्रुति पुरान कहि वेद पुकारे। सुभ अरु असुभ कर्म निर्धारे ॥ यह सब है परपंच विधाना। सेा जन जानै जेहि आत्म ज्ञाना ॥ तुम बहु जीवन पार उतारे। धन्य धन्य तव प्रान पियारे। जग तारन परमारथ धाये। रिषि कहं हरि पलगै बैठाए। लछिमी लै भोजन करवाए। हरि नारद रिष सैन कराहीं। सावधान ह्वै ज्ञान विचारही। लक्ष्मी बहु सेवा सेा करहीं। जै जै कार महा धुनि होही जो यह कथा सुनै मन लाई ताकर कलिमल संसै जाई ॥ जो यह कथा प्रेम करि गावै सेा नर जियत परम पद

पावै ॥ सुनि गुरु चरित सरिस भैा तरही जो यह रहनि वाहनि मन धरहीं ॥ भक्ति महातम ग्रंथ सुभाई ॥ जग जिव तरै सेा नौका पाई ॥ भक्ति महातम सेत समानी। महासिंधु भवसागर तरनी ॥ दे०। प्रेमभक्ति अनपावन सुनि जे कथा प्रसंग जन गिरधारी वरनत धनि संतन सतसंग ॥ सोरठा ॥ धन्य धन्य सतसंग। जहं गये सब दुख हरै ॥ जागिवालिक प्रसंग व्यास देव प्रमान एहो। जुगन जुगन प्रवंद कहेा राम वहु भांति सेा ॥ इति श्री भक्ति महात्म्ये धर्म दूत नारद नारायन उपदेश संपूर्णम प्राननाथ पंडित लिषतं सिउपुर ग्राम संवत १९४१

Subject.—इस ग्रंथ में भक्तों को महिमा तथा उनके मुक्त होने का द्वार वर्णित है। अजामिल कल्याण। निर्माण काल इस प्रकार है :—संवत सत्रह सै पांच मे पछ तवै उजियार। फागुन सुदि तिथि परवा शुक्रवार सेा वार ॥

No. 126. Kundaliyā by Giridhara. Substance--Country-made paper. Leaves--5 (from 15 to 20). Size--9 × 6 inches Lines per page--24. Extent--60 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character--Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Rāmavilāsa, Vakīla, Rae Bareli.

Beginning.—सेा हम हूं अब जान कर वहमधन के जाला
जहां न तुम्हरो डीठि तहां अब हमरो जाला
कह गिरधर कविराय वात सुनि येहो धाकर
लगै चपेटा मेार तहां नहिं तहं वामाकर ॥ ५५

नयना लगन अपार पै पटा अपट हवै जाय
गुन गरुवातम शीलता धीरज धर्म नसाय
धीरज धरम नसाय फेर वाही संग छूटै
छिनक वुद्धि हेा जाय फेर वाही संग जूटै
कह गिरधर कविराय सुनेां हेा मेारे भयना
कठिन प्रीति की रीति जहां लागे दुइ नयना ॥ ५६

नयना को नेाक वुरो निकस जात जस तीर
हेरे घाव न पाइये वेधा सकल सरीर
वेधा सकल सरीर वेद का करै वैदाई
करिहै कोटि उपाय घाउ नहिं देत देखाई
कह गिरधर कविराय विरहनी देत हैं चैाके
समुझि झिवू के चलेा वुरो नयनन की नेाकैं ॥

End.—राजा के दरवार में जैहै समया पाय
साईं तहां न बैठिये जहां कोउ देय उठाय
जहं कोउ देय उठाय बोल अनबोले रहिये
हंसिये न हहराय बात पूछे ते कहिये
कह गिरधर कविराय समय सों कीजे काजा
अति आतुर नहि होय बहुरि अनखहै राजा ९०

कृतघन कबहुं न मानहीं कोटि करै जो कोय
सरवस आगे राखिये तऊ न अपनो होय
तऊ न अपनो होय भले को भलो न माने
काम काढि चुप रहे फेरि तिहि नहि पहिचाने
कह गिरधर कविराय रहत नित हो निर्भय मन
मित्र शत्रु न एक दाम के लालच कृतघन ९१

Subject.—नयना लगन अपार ५६
नयन की नोक बुरी ५७
प्रीति कीजिए बडेन सो ५८
साईं घोड़े आकृतहि गदहन आयो राज ५९
साईं अवसर के पडे को न सहै दुःख द्वंद ६०
कुसमे चले विदेस को काचो लादि कुम्हार ६१
पपिहा त्यहि का मारि है छोड़ देहु मोर गांव ६२
करै कियारी कपूर की मृगमद वरहा वन्ध ६३
लंकापति तुमसे गई ज्यों वसंत द्रुमपात ६४
बडे बडेन की ऐसे ही बडेन बडाई होय ६५
साईं ये न विरोधिये छोट बडे सब भाय ६६
लाठी में गुण बहुत हैं सदा राखिये संग ६७
कमरी थोरे दाम की आवै बहुते काम ६८
जुगनू बोले सूर्य सों हम बिन जग अंधियार ६९
बिना विचारै जो करे सो पाछे पछिताय ७०
बीती ताहि बिसार दे आगे को सुधि लेइ ७१
साईं अपने चित्त की भूल न कहिये कोइ ७२
साईं अपने भ्रात को कबहुं न दीजै त्रास ७३
साईं नदी समुद्र को मिलो बडप्पन जानि ७४
साईं सत औ दुष्टजन इनको यहै स्वभाव ७५

साई समय न चूकिये यथा शक्ति सन्मान ७६
साई ऐसो हरि करो बलि के द्वारे जाय ७७
साई अगर उजार में जरत महा पछितात ७८
साई हंस न आवही विनु जल सरवर पास ७९
नयना अब परबस भये उत्तम गुण सब जायं ८०
साई सुमन पलास पर सुवा रहो जो आय ८१
साई तेली तिलन सों कियो नेह निर्वाह ८२
साई सुवा प्रवीन अति बानी वदत विचित्र ८३
गदहा थोरे दिनन में खूद खाय इतरात ८४
महुवा नित उठि दाख सों करत मसलहत आय ८५
गुलतुर्रा सों जायके वार्ता करत करोल ८६
हुक्का बांधो फेंट मे नै गहि लीनी हाथ ८७
पगड़ी सूही बांधिके भये सिपाही लोग ८८
पानी बाढो नाव में घर में बाढो दाम ८९
राजा के दरबार में जैहै समया पाय ९०
कृतघन कबहुं न मानहीं कोटि करै जो कोय ९१

No. 127. Dāna Līlā by Girijendra Prasāda. Substance--Country-made paper. Leaves--5. Size—7 × 4½ inches. Lines per page--22. Extent—68 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Śiva Nārāyaṇa Lāla, Bhon, District Rāe Bareli.

Beginning.—श्री गणेसाय नमो नमः ॥ अथ दानलीला लोष्यते ॥ दोहा ॥ चल्लो सषी जहा जाय जहां बसै ब्रजराज । गोरस वेचन हरि मोलन येक पंथ दोउ काज ॥ चौपाई

प्रभु पूरन ब्रह्म अषंडा ॥ जाके रुम कोटो ब्रह्ममंडा ॥
जब सरगुन ब्रह्म कहये ॥ मथुर ते ब्रिन्दावन आय ॥
जहां देवलोक मुनी जेते ॥ सब गोप गुवलोनी जेते ॥
देवकी सुत नाम धरओ ॥ वसुदेवहो रुप देषओ ॥
जब गोकुल ईछा कीन्हा ॥ वसुदेव हो आग्या दीन्हा ॥
तीन नंद भवन पहुंचऐ ॥ तहां नंद के लाल कहये ॥ छंद

जन्म लीन्ह वसुदेव अह नंद के बालक भए ॥
छपन कोटो जदुबंस माझा जूथ गोपी ग्वाल के ॥

श्री कृस्न के संग वहुत वालक गौ चरवन वन गए ॥
हरषी गावै दानलीला सुनो सजन कान दै ॥

End.—कित गीत नाद मधुवानो । रहस मंडल कीत बषानो ॥
प्रभु पुरंन घंट वजावै । धुनी, आरती मंगल गावै ॥
सव गोपीन को सुष दीन्हो । हरी सेा बीनती कीन्हो ॥ छंद ॥
कीन्ही घंट बजाये आरती पुनम वंदन सव करै ।
श्रीजा ईद्र प्रसाद पावै जन्म जन्म के दुष हरै ॥
जो नर गावै दानलीला सुनै तजो चीत लाई ।
पवही ते नर प्रमपद वीस्नु लोक सीधरवही ॥

इति श्री दनलील संपुरणम ॥ समपतम् ॥ राम राम राम राम राम राम राम

Subject.—श्रीकृष्ण की दानलीला का वर्णन ।

Note.—पुस्तक के रचयिता का नाम छपी हुई पुस्तक में राजेन्द्रप्रसाद दिया है परन्तु इसमें गिरजाइन्द्र प्रसाद है

No. 128(*a*). Bhakta-vinaya Dohāvalī. by Sāheba Giravara Dāsa of Koṭavā, District Bārābankī. Substance--Country-made paper. Leaves--25. Size--6½ × 4 inches. Lines per page--8. Extent—138 Anushṭup Ślokas. Appearance--Good. Character--Nāgarī. Date of Composition--Samvat 1848=A. D. 1791. Date of manuscript—Samvat 1950 or A. D. 1893. Place of deposit—Mahanta Guru Prasāda, Haragrāma, Post Parvatapur, District Sultānpur (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ भक्त विनै दोहावली वानी गत साहेव गिरवर दास जो की लिष्यते ॥

जगजीवन सत गुर सुनहु तुम सत गुर भ्रीतार ॥ गिरवर चरनन परि कहै नहिं भूलौं संसार ॥ १ ॥ जगजीवन जग जोव है जीव जन्तु सव मांहि ॥ गिरवर जानत अंत को परलै सृष्टि सुआहि ॥ २ ॥ जगजोवन ते विनय करि मैं जानौं यह वात ॥ रामनाम वर मागौ गिरवर चरन के नात ॥ ३ ॥ जग जीवन निर्गन अलष पलहि पलक करि ष्याल ॥ गिरवर संतन भजि लषा जग बंधा भव जाल ॥४॥ वे साहेव के लाल हैं औा साहेव के रूप ॥ दास जलाली सत्य सुष गिरवर किरति अनूप ॥ ५ ॥ सरव जलाली दास के गिरवर जानि जो आउ । आस पूजिहै ताहि की यह सत सव्द लषाउ ॥ ६ ॥ सभा दास नामी वड़े करम भरम हिय नाहिं ।

गिरवर मांगे भक्तिवर देहु लेहु मन मांहि ॥ ७ ॥ महा भक्त सत नाम के दूलन देवी दास । गिरवर वंदै इन्है जो तेहि अघ होइ विनास ॥ ८ ॥ दूलन देवीदास से इतनी अरज हमार । सुरति रहै चरननि विषै जग परपंच विसारि ॥ दास गोसाईं औ वाल दास उजियार । सवै जन अहलाद का गिरवर मिटै विकार

End.—भक्त विनै दोहावली अष्टमसत कहि दीन ॥ सकल मनोरथ होइहैं जो चित नित यहि कीन ॥१०४॥ गिरवर दुष सुष संग है सव घट सिरजन हार ॥ सत्य न छांडो नाम भजि जव तक देंह करार ॥१०५॥ मितो असाढ़ सुदि द्वादसो भौमवार सुभ होइ । सम्मत अठारह सै तहां पुनि अरतालिस सोइ ॥१०६॥ लिषा सो अमृत ग्रंथ यह कहि गिरवर महराज ॥ जो पढ़िहैं सत प्रीति करि तेहि निकेत सुष साज ॥१०७॥ साहेव गिरवर दास कृत दोहावली प्रगास ॥ जो पढ़िहैं सत प्रीति करि तेहि निकेत सुष साज ॥१०८॥ इति श्री भक्त विनै दोहावली वानी भगत साहेव गिरवर दास जीव की संपूरन सुभमस्तु ॥ मिती चैत वदी ॥ १० ॥ सम्मत ॥ १९५० ॥ दसषत राम अधीन के वसै रमैया ग्राम । जो प्रति देषा सो लिषा सिद्धि करहि श्रीराम ॥

Subject.—गुरु को बंदनाएं गुरु के अन्य शिष्यों को, सम्पूर्ण पसारे की, राम कृष्णावतार को, नारदादि मुनीश्वरों को तथा अन्य भक्तों का, ईश्वर की नामावली, नाम जपने का फल, ग्रन्थ माहात्म्य ।

Note.—यह पुस्तक सत्यनामियों की है ग्रन्थ कर्त्ता संसार के सम्पूर्ण प्रस्तार को ईश्वराङ्ग समझ सब की प्रार्थना करते हैं । वे अपने से प्रथम उत्पन्न हुए, तुलसी, मीरा, रैदास इत्यादि महात्माओं को भी वंदना करते हैं और ईश्वर के बहुत से नाम लेकर उनके जपने का माहात्म्य बतलाते हैं । ज्ञात होता है महात्मा देवीदास जी इनसे प्रथम हुए हैं क्योंकि वंदना में उन्होंने उनका भी नाम लिखा है ।

No. 128(*b*). Bhakta-vinaya Dohāvalī by Giravardāsa. Substance--Country-made paper. Leaves--20. Size--9 × 4½ inches. Lines per page--9. Extent—141 Anushṭup Ślokas. Appearance--Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhākura Rachhapāla Siṁha, Village Aihāra, Post office Rudaulī, District Bārābankī (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ दोहा ॥ जगजीवन सत गुरु सुनहु तुम सत गुरुअवतार । गिरवर चरनन्ह परि कहत नहिं भूलौं संसार ॥ १ ॥ जगजीवन जग जीव हहिं जीव जंतु सब मांहि । गिरवर जानै अंत को प्रलै सिष्टि सो

आहि ॥ २ ॥ जगजीवन ते विनय करि मैं जानों यह बात। रामनाम वर मांगों गिरवर सुरन के नात ॥ ३ ॥ जगजीवन निर्गुन अलष पलहि पलक कूं ख्याल। गिरवर संतन भजि लखा जग धंधा भ्रम जाल ॥ ४ ॥ वाई साहिब के लाल हैं औ साहिब के सब रूप। दास जलालो सत्ति सुख गिरवर कृत्य अनूप ॥ ५ ॥ सरन जलाली दास की गिरवर जानि जो आउ। आस पूजिहै ताहि को यह सति सब्द लखाउ ॥ सोभादास नामी बड़े कर्म भर्म हिय नाहिं। गिरवर मांगे भक्ति वर देहु रहु मन माहिं ॥ ७ ॥ महा भक्त सतनाम के दूलन देवोदास। गिरवर वन्दे इनहि जो तेहि अघ होहि निवास ॥ ८ ॥

End.—परसराम वावन गहहु इत उत कतहुं न धाउ। नाम सेा कलिकी वोध का हिय विच सदा वसाउ ॥ १०३ ॥ नाम तुम्हारि अनंत हहिं संत तुम्हार अनंत। गिरवर कहै यह दीजिये मन सुमिरै होइ संत ॥ ४ ॥ तन मनते औगुन भरे कहिये काह वनाय। संत ओट जो कोउ रहै तेहि तुम्ह लोन्ह वँचाइ ॥ ५ ॥ जापर तुम्ह अति कृपा करि दास संग तिन्ह पाइ ॥ घ्रित वासा जिमि एक मा तस तुम्ह रहे समाइ ॥ १०६ ॥ नित्त पाठ याको करें तिहि प्रभु होहि दयाल। जग जीवन की कृपातें कटै सकल भ्रम जाल ॥ १०७ ॥ भक्त विनय दोहावली पूरे सत कहि दीन्ह। सकल मनोरथ होइहहिं जो चित नित यह कीन्ह ॥ १०८ ॥ इति श्री दोहावली भक्त विनय संपूर्णम्, संवत अठारह सै सत्रह वैसाष महीना लाग ॥ मंगर कृष्ण सत्तिमी जग जीवन कीन्ह तन त्याग। दुष सुष चार विचार नहिं नीर पिंड नहिं पैान। जगजीवन समुझि विचारि मन कियेा ताहि धर गैान ॥

Subject.—जगजीवन इत्यादि सत्यनामी सम्प्रदाय के महंतेा की वंदना।

निर्गुणेात्पत्ति वर्णन तथा नाम माहात्म्य और औतारादि वर्णन। कुछ भक्तों की नामावली और यश। सावित्री इत्यादि कुछ भक्त मार्गावलम्बिनी स्त्रियों की नामावली और यश। प्रभु की प्रभुता का वर्णन। नाम माहात्म्य। चन्द्र, इन्द्र, रुद्रादि सभी की विनय करके भक्ति का वर मांगना। अहमद, मुहम्मद, इत्यादि मुसलमानी पीर पैगम्बर और ऋषि आदि जिन धर्म के अर्हन्त इत्यादि सभी की विनय।

नाम का प्रभाव। दशावतार संबंध से परमात्मा का महत्व और नाम स्मरण का फल। ग्रंथ समाप्ति।

Note.—ग्रंथ के अंत में गुरु जगजीवनदास की मृत्यु का समय दिया है।

No. 129. Ashṭayāma Prakāśa by Gokula Kāyastha. Substance--Country-made paper. Leaves--184. Size--16 × 6 inches. Lines per page--32. Extent—2,500 Anushṭup

Ślokas. Appearance--Old. Character—Nāgarī. Date of Composition--Samvat 1919 or A. D. 1862. Date of manuscript--Samvat 1921 or A. D. 1864. Place of deposit—Rāma Simha, Village Makarandā, Post office Behaḍā, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ अष्टजाम प्रकास लिष्यते ॥ दो० ॥ गावत गुन गननाथ के गोरी गौरीनाथ । रमानाथ दिननाथ पद नमत लेखनी माथ ॥ यथा सवै कल्यान दंडक ॥ मूष मृगराज नंदी वाहन विहंग राज राजै वर बाजो वज आभा अभिराम सेां फलसा कराल करवाल त्रिसूल चक्र प्रवल प्रचंड धनु विद्याविधि धाम सेा । विघन विनासै नासै दानेा दोह दान वान जग प्रतिपालै घालै तम तेाम नाम सेां गौरी नंद गौरी गौरीनाथ कमला के नाथ दिवा नाथ पद माथ नावै यश काम सेां ॥ दोहा ॥ देश नगर वन वाग नृप सरिता कोट तड़ाग । कहे वाढ़िहैं ग्रंथ वहु वरनेा कछू विभाग ॥ देश नगर वर्णन ॥ छप्पै । आस पास वन वाग वावलो कोटि सरित सर । चौहट चारु वजार धनो वानिक उदार नर लागैं रुचिर नषास वस्तु गिरि हय हाथी कर देवालय छवि लसैं । वसै कवि कोविद श्रुतिधर ॥ जहं चारि वरन निज धरम करि नगर नाम वलराम पुर तहं भूपति दिगविजय सिंह वज परम प्रतापी धरमधुर ॥

End.—महादेव छप्पै ॥ विश्वनाथ भव ईश सीस पै गंग विराजै । नर कपाल उर ताल व्याल वाघंवर छाजै ॥ कुंद इंदु तन विमल नादियानाथ गरल गर । भस्म अंग अरधंग अंग मर्दन अनंग हर । जय उग्र उमापति भूतपति पसुपति गनपति पित कहै ॥ शिवशंकर संकट संघरैं हरैं पाप गेाकुल तहैं ॥ सूर्य छप्पै । अवनि अकास प्रकास देव द्विग जेाति विलासै । भव श्रम कुंभो कुंभ केहरो सम कर भासै । अदित दिवाकर मंजु भासकर परभाकर कहि । सहस अंस हरिदास त्रिलेाचन औजस कर लहि । जेा दिनकर द्वादस आत्मक नमक तेज अघ औघहर । त्रैमति सूर्य वृज पूजिए वारह नाम नमामि कर ॥ विष्णु छप्पै । दस अवतार के । मीन मथे जल अगमि गम गहि असुर संघारे । हरन्याच्छ हति केाल धरा कछप सिर धारे । नरहरि हरिजन पीर छले वलि वावन वपु वर । कै निछत्र छिति छत्रि फरस लै परसराम कर । दस वदन कंस दलि श्रुति निदरि रामकृष्ण ह्वै वैाध वल । कहि गेाकुल दस अवतारि हरि कलि कलंकि कीरति विमल ॥ संवत् विक्रम भूप के ग्रह सर्स ग्रह ससि जानि । माघ मास सित पंचमो करि परिपूरन मानि । इति श्री जनवारवंसावतंस श्री महाराज अर्जुन सिंह आत्मज श्री महराज द्विगविजैसिंह वहादुर का आठजाम प्रकास गेाकल कायस्थ कृत संपूरणम् लिषत नाथराम तिवारी काशी के ।

Subject.—(१) प्रथम जाम में इस पुस्तक में ईश्वर वंदना आदि राजवंश, गंगा अष्टक, चौसठ तंत्र ग्रंथ, बावन पीठि, बावन भैरौ नाम, नवोनाथ, षट्चक्र, दानविधि, घोड़ा वर्णन, हाथी, तोप, फौज, चार देश की भाषा, धर्म शास्त्र राजनीति, पुराण के दस लक्षण, चार युग, दश अवतार, चौविस मत, सात ईति सातद्वोप, नवखंड, कोस सातपुरी वानी भेद श्रोता, नवधाभक्ति आश्रम दश दिशा के देव, ब्राह्मण के षट् कर्म, छहो शास्त्र, वेदांत मोह विवेक स्वभाव, जोतिष, व्याकरण, रोजनामचा का हाल तथा जंगी पलटन का वर्णन।

(२) दूसरा जाम—मुल्की काम, तिलसमात, छत्तिस व्यंजन, असन विचार।

(३) तीसरा जाम—कचहरी, फौजदारी।

(४) चौथा जाम—गंजीफ़ा, सतरंज, चौपड़, मेवा, नवरत्न, सवारी, देश के घोड़े, पटा, तीर, कमान, शिकार।

(५) पंचम जाम—उपषान, फारसी के कवित्त, दस अंग काव्य, लक्षना, व्यंजना, व्यंग्य, धुनि, रस नायिका, चित्रकाव्य, अन्तर्लापिका, वहिर्लापिका, अनुप्रास रीति।

(६) छठा जाम—संगीत, ज्योनार।

(७) सातवां जाम—धाम छवि वर्णन, भूप शयन वर्णन।

(८) संवत् तथा कवि का नाम।

Note.—इसमें वलरामपुर नरेश महाराजा दिग्विजय सिंह के आठोजाम की वृत्ति का वर्णन है।

No. 130. Cheta Chandrikā by Gokula Nātha of Benāres. Substance—Country-made paper. Leaves--47. Size--12½ × 6 inches. Lines per page--23. Extent—1,380 Anushṭup Ślokas. Appearance--Old. Character—Nāgarī. Date of Composition--Samvat 1807 or A. D. 1750. Place of deposit—Bhaiyā Santa Bakhsh Simha, Guṭhavāra, Bahrāich.

Beginning.—श्रीगणेशायनमः॥ श्री विन्ध्यवासिनो देव्यैनमः कवित्त॥ सिंदुर भरो भुसुंड एक दंत सोहै मानो जस जगदीसता को दीसै बड़ी रतो को। रिधि लए सिधि लए सुमति समृधि लए लम्वोदर लोनो है सदन सरस्वती को॥ चारौ फलदायक है साकरे को सेइये चरन इहै मति महामतो को। गोकुल कहत महादेव को लड़ाइतो है गजमुख चंदभाल लाल पारवती को॥ १

कटै अघ ताप दाप कापै भय भय कीन कलुष नसात गन मिटत कलेस कौ। सुविधि वढ़त मुख लालिमा चढ़ति चारु कुमति उठति तम देखै ज्यों अहेस को॥ गोकुल कहत गुन गन वर मोद दरसत जस गावै सब देस को। धाम वोच वसै आप कमला अचल ह्वै कै सेवत विमल पद कमल गनेस को॥ २

End.—दाहैं पाप पुंजन कौ जे है पुन्य पाथ पूरे साधुन की सिद्धिन को विपति विथरई। गुन गन गाहै चारु चातुरी उमाहैं चारो फलन की दाहै सुखदा है नित ही नई॥ गोकुल सराहैं सव साहिव को चा॰ एक तूंही तौ निवाहैं सदा सरन सतारई॥ माता भुवनेस्वरि तिहारी करुना की कोर षलन के दलन कौं मीच की कला भई॥ १८१

दोहा—भुवनेस्वरि जगदंवि के भजिवर चरन सरोज। गोकुलनाथ कियो सकल अलंकार जुत चोज॥ २८२ इति श्री गोकुलनाथ विरचितायां चेत चन्द्रिकायां अलंकार वर्णनं नाम समाप्तं शुभमस्तु॥ श्रीरस्तु॥

Subject.—पृ० १ से ३ तक प्रार्थना, कवि व राज वंश का वर्णन॥

पृ० ३ से ९ तक अलंकार वर्णन, उपमा, अनन्वय, उपमेयोपमा, प्रतीप सभेद, रूपक सभेद, वर्णन।

पृ० ९ से १८ तक—परिणाम, उल्लेख, स्मृति, भ्रान्ति, संदेह, अपन्हुति सभेद, उत्प्रेक्षा सभेद, अतिशयोक्ति सभेद

पृ० १८ से २५ तक तुल्य योग्यता, दीपक सभेद, प्रतिवस्तूपमा, दृष्टान्त, निदर्शना सभेद, व्यतिरेक, सहोक्ति, विनोक्ति, समासोक्ति, परिकर परिकरांकुर, श्लेष, अप्रस्तुत प्रशंसा, पर्यायोक्ति,

पृ० २५ से ३२ तक व्याजक्ति, व्याजस्तुति, व्याजनिंदा, आक्षेप, विरोधाभास, विभावना सभेद, विशेषोक्ति, असंभव, विषम, सभेद, सम, चित्र अधिक

पृ० ३२ से पृ० ४० तक अल्प, विशेष, व्याघात, कारणमाला, एकावली, माला दीपक, सार, क्रमिक पर्याय, परिवृत, परिसंख्या विकल्प, समुच्चय, कारक दीपक, समाधि, प्रत्यनीक, काव्यार्थापति, काव्यलिंग, अर्थान्तर न्यास, विकस्वर प्रौढ़ोक्ति, संभावना ललित, मिथ्याध्यवसित, प्रहर्षनभेद, विषाद, उल्लास,

पृ० ४० से—४७ तक मुद्रा, रत्नावली, तगुण, अतद्गुन, अनगुन, सामान्य, मीलित, वैसक, उन्मीलित, गूढोक्ति, चित्तोतर, सूक्ष्मयिदित, व्याजोक्ति, गूढोक्ति, विवृतोक्ति, युत्यि लोकोक्ति, छेकोक्ति, विक्रोक्ति, काकु स्वभावोक्ति, भाविक उदात्त, अत्युक्ति, निरुक्ति, प्रतिषेध, विधि, हेत, इति।

Note.—ब्रह्मा के मन सों भयो गौतम मुनि तप थान ॥ ४ गौतम के कुल में भये कीरु मिश्र महान ॥ ५ कासिराज जिनको दयो परम दतरिया ग्राम ॥ ८ ऐसे मनसा राम के महावीर वरिवंड ॥ १२ कासी में रघुनाथ कवि प्रगटयो सुमति अमंद । विक्रम कै वैताल ज्यों पृथीराज के चंद ॥ १३ दीयो ग्राम चौरा तिन्हें सुरसरिता के तीर ॥ १७ द्वैसुत नृप वरिवंड के.....जेठे नृप अवतंस, चेत सिंह राजा भये । लहुरे सिंह सुजान महाबली दाता सुमति ॥ भये सुकवि रघुनाथ के तीनि पुत्र अभिराम ॥ २२ बैजनाथ सब सों बड़े मध्यम गोकुलनाथ । लघु गुरु गुरु ताको धरौ विस्वनाथ जुत गाथ ॥ २३

No. 131. Bodha Prakāśa by Gopāla of Avadhanagara Jaisinhapura. Substance—Country-made paper. Leaves—14. Size—5 × 4 inches. Lines per page—32. Extent—280 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1831 or A. D. 1774. Date of manuscript—Samvat 1892 or A. D. 1835. Place of deposit—Bābā Bihārī Dāsa, Village Syārapur, Post office Bahrāich, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ बोध प्रकाश लिष्यते ॥ दोहा ॥ सत गुरु पद प्रताप रवि हृदय विनय करि ध्यान । भवा शंभु संभाषणो कहौं बोध अनुमान १ ॥ एक समय में शिषर पर बैठे रह शिहरेस । पूज्यो गिरिजा समय लषि तत्व ज्ञान उपदेश २ ॥ पार्वत्युवाच ॥ प्रश्न ॥ कवित्त ॥ अहो मम नाथ दया करि के कहिए हम सों गुण ज्ञान गणेशा । जवनि उपाय कटे सुठि दुःख जन्म जरा मृति जात कलेशा ॥ कारण हो परमारथ के जन ताप निवारण सैल सुतेक्षा । होहु दयाल गोपाल त्रिलोचन सोकु विमोचन देव महेसा ४ ॥ ऐसन ज्ञान करो उपदेस यथा सुष जोव तरै भव कूपा । शीस जटा शशि गंगपते फल चारि प्रदा हरि भक्त स्वरूपा । भेद कहो यह प्राणपते है कौन सो व्यापक नाम अनूपा ॥ पूछति गौरि गोपाल महादेव सों जहँ व्यापति जांह न धूपा ॥ दोहा ॥ बोले पुलकि सदा सुभ उमा शुद्ध मन जानि । तत्व ज्ञान जिज्ञासिनी धन्य शिवे गुण खानि ॥

End.—चिंता ये पिसाचनो नचायो नाहिं केहिको । कौन बचैहै कोई कहूं जाइ चौदहो भुवन में । चिंता चतुरानन को सृष्टि की रचन में है सुरपति को चिंता नास तक तु भगन में । चिंता बादसाह को लगो बादसाहति में साहु को लगो दाम जोरन जतन में । दोन को तौ चिंता नित पेट के अहारन में पंडित को चिंता वेद वाद के व्यसन में । भूतनो तजै न पीछु पीछुहो परो रहै ग्रहो

जती कतीक भागि भागि फिरै वन में ॥ कोटि विषै कोई एक भये हैं निःहचित नेकु नाम जो गोपाल हेरि लियेा याहि तन में ॥ जन्म जरामृत को कटै कलेश को उपाय राम नाम सेा सिवाय आपन वयन में ॥ सर्व षानि रामनाम सहज वैठे हो जपै कहा है जोग जज्ञ वर्त तीरथ भ्रमन में । कवन तीर्थ वर्त कीन्हेा गनिका गजराज गीध कौन जज्ञकार ते अजामिल सदने में । कवन वर्ष चारी स्वपच यज्ञ पूर कारो रामही सुधारे सारे भूत गैारि गन में ॥ दोहा ॥ इयअंव गैारा सेां कह्यो वेाध प्रकासक सार । सेा गेापाल सत गुर कृपा भाष्यो मति अनुसार ॥ अवध नगर जयसिंहपुर अग्निकुंड के तीर । आश्रम दास गरीव के अग्नि कोन जाहोर ॥ अष्टादस सत संवत अधिक वर्ष इकतीस । सूच सोत नैामी भानु दिन पूर्ण घटी गतवीस ॥ सुभं भूयात ॥ अश्वनि मासे कृष्ण पक्षे तिथि चैाथि गुरु वासरे पुस्तकं लिषतं कृपाराम वैष्णव संवत १८९२ दसखत किपाराम के ॥

Subject.—इस पुस्तक में रामनाम की महिमा श्री पारवती जी ने श्री महादेव जी से पूछी वह वर्णन की गई है और राम के नाम का आधार मुख्य माना गया है । इसमें भक्त प्रहलाद का उदाहरण, उसके रामनाम के आधार का बल और उसके पिता हिरनाकुश का अत्याचार का वर्णन किया गया है । प्रहलाद पर अत्याचारों का कुछ भी असर न हुआ, ईश्वर उसकी रक्षा करता रहा ।

No. 132. Śringāra Pachīsī Tilaka sameta by Gopāla Baksi. Substance--Country-made paper. Leaves—28. Size--10 × 7 inches. Lines per page--21. Extent—441 Anushṭup Ślokas. Appearance--Good. Written in Prose and verse. Character—Nāgarī. Date of Composition--Samvat 1885 or A. D. 1828. Date of manuscript--Samvat 1909 or A. D. 1852. Place of deposit—Śhrīmān Mahārāja Bhagavān Bakhsha Simha of Ameṭhi, District Sultānpur (Oudh).

Beginning.—श्री रामचन्द्रायनमः ॥ सांझ समें वह कुंज गली मै गुपाल कहां ते धैां औचक आइ कै ॥ नीरज से दृग दोरघ जोरि लियेा चित चेार हरे मुसिकाइ कै । नीरद से तन सैां छुन येक गयेा घन आनंद सेा वरषाइ कै ॥ हेरति हो हरिगेा हियरेा न तेा राषतो हेली हिये में वसाइ कै ॥ १ ॥

टीकाः—नायिका परिकिया श्री कृष्ण कैा अति अद्भुत स्वरूप गुनि चातुरी चरचा वृज मंडल में निरंतर सुनि सुनि अवलेाकिवे कैा उतकंठित हो सेा भेंट भये कैा सुष समूह सषी सेां कहै है ॥ सांझ समय वह कुंज की गली मैं गेापाल

कहां ते धौं अचानक आइ कै नीरज से दीरघ दृग जोरि कै मंद मुसिकाइ कै चित चुराइ लियौ ॥ इति द्वैतक अन्वय ॥ कुंज को कौनौ विसेष चिन्ह नहीं कहै हैं सूचतई भरि करै है तातै सो थल सषी को जो हई जानौ जाइहै ॥ अरु कुंज की अति विचित्रता ताऊ जानो जाइ है कैसे जैसे कोई कह्यो आज हम घाट को गये रहैं तो सुजान सुनैं याकौं सबनि तें विचित्रतई घाट को बोध होइ है ॥ को वह घाट तो प्रथितई है तातें सूचित मात्रई करै है ॥ अरु सांझ गृह काज सों छूटि सुमनि ही मिस याके कढ़िवे को अवसरई है अरु गाइन लै गुपालई के लौटिबे को बेलाई है ॥ तीसरे सहजई सुहायनि है फिरिह ऐसे कलकुंज थल को अधिक ऊद्दीपन छुई तहां को मिलिवो अरु आचका आइवो यह रसिक छैल की रीति ही है जो जाहि दिआवै तो प्रथम मिलाप लज्जाते दृग से दृग कब जोरि पावै अरु जोहते से ताय समितई भयो है तातें नीरजई से नैन कहे हैं ॥ फिरि नीरद ऐसे तन सों छुन एक लो घन कहे सघन आनदई सों बरसाइ के जात रहो ॥ सो हियरो हेरत ही हरि गयो नहीं तो है हेलो हिये ही बसाइ राषतो वहि थलो ते जात रहो हुतो तो जात रहो हुतो इत पीछलो द्वैतुक को अर्थ अरु इह चौथी तुकई जोवंयद है अरु यह हेरत होय है तै प्रथमई मिलाप निहचित है अरु नीरद सो तनु कह्यो अरु अति आनंद कोऊ उर अनुभवही होइ है साक्षात वरषा नहीं होय तातें सो वाचक प्रवेहो अंस में है अरु सघन वरषा पद अतिही अधिक्य पैलोनौ ॥ और प्रगट ई है ॥ अलंकार उपमा को उत्प्रेक्षा कौ संकर नायिका अनुसइना भेद तीसरौ उक्ति सषी प्रति ॥

End.—सो० श्री बगसी गोपाल, विरचि सिंगार पचीसिका ॥
किय यह तिलक रसाल, सुनत गुनत सुकविहि सुषद ॥

दोहा—सम्वत्सर वसु वसु ससी चैत द्वैज सित पक्ष ।
वार सोम सुभ समय येहि भो संपूरन स्वक्ष ॥
अरी वासुरी माधुरी दुरी न दे कत कान ।
मोहि मृगी लो लेति पुनि प्रान कंसाइनि तान ॥

इति श्री श्रंगार पचीसी टीका समाप्त ॥ मिती पौष वदी ॥ ११ ॥ गुरौ का संवतः १९०९ के साल

Subject.—श्रंगार पचीसी की टीका ।

Note.—यह "श्रृंगार पचीसी" नामक सटीक ग्रंथ बकसो गोपाल जी की रचना है । टीका करते समय भाव समझाने में व्याख्या उत्तम की गई है । किस की उक्ति है, नायिका कौन सो है, अथवा कौन अलंकार है, प्रायः इन सभी बातों का विवेचन किया गया है । किन्तु जिस प्रकार भाव समझाने में साधारण

बातों को भी वृथा विस्तार दिया गया है उस प्रकार अलंकारादि नहीं समझाए गए। छन्द भी अच्छे हैं, पदों में लालित्य तथा भावों में सौंदर्य्य है। लेखक ने लिखने में प्रायः अशुद्धियां कर दी हैं।

No. 133(*a*). Rāmagītā by Gopāladāsa. Substance--Country-made paper. Leaves—14. Size--10 × 4 inches. Lines per page--13. Extent—91 Anushṭup Ślokas. Appearance--Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Santāna Murāū, Village Airiyā, Post office Piparī, District Bahrāich (Oudh.)

Subject.—राधाकृष्ण के प्रेम का वर्णन छं० १। राधाकृष्ण का सम्मिलन छं० २। राधाकृष्ण की स्तुति वर्णन छं० ३। राधा का सुरति श्रम छं० ४। राधाकृष्ण का सुख वर्णन छं० ५। राधाकृष्ण का प्रणय व सुरत चिन्ह छं० ६-७। सखियों का राधा से परिहास करना छं० ८। राधा मोहन की जुगल जोड़ी का वर्णन छं० ९। राधाकृष्ण का माधुर्य वर्णन छं० १०। राधाकृष्ण का विहार वर्णन ११। राधा का मान और कृष्ण विहार छं० १२। विहार स्थल का वर्णन व राधिका का प्रेम वर्णन छं० १३। राधा का सौंदर्य वर्णन छं० १४। सखी का राधिका से हास्य करना छं० १५। सखी का राधिका को कृष्ण से मिलने को कहना छं० १६। राधिका की संदरता वर्णन छं० १७। राधाकृष्ण भेंट वर्णन छं० १८। कृष्ण का रास मंडल में वर्णन, छं० १९-२०। सुरति चिन्ह वर्णन, छं० २१। राधिका के नेत्रों का वर्णन छं० २२। राधा का सौंदर्य वर्णन, छं० २३। शरद की पूर्णिमा का रास वर्णन, छं० २४। रास मंडल में राधिका की छवि का वर्णन छं० २५। बांसुरी का वर्णन, छं० २६। वसंत में वृन्दावन की वहार वर्णन, छं० २७। राधिका का सौंदर्य व शृंगार वर्णन छं० २८-२९। कुंज वर्णन छं० ३०। राधाकृष्ण विहार वर्णन छं० ३१-३२। राधाकृष्ण का सुरतान्त वर्णन-३३-३४। राधाकृष्ण का हिंडोल वर्णन—३५। रास वर्णन ३६-३७, कृष्ण को विरह वेदना राधा से ३८-४०। राधा मान और कृष्ण का मनाना, छं० ४१। प्रीति की विशेषता वर्णन, छं० ४२। राधिका का सौंदर्य व शृंगार वर्णन छं० ४३। सखी का राधिका को कुंजों में मिलने को कहना, ४४। राधिका शृंगार वर्णन छं० ४५। राधाकृष्ण संयेाग शृंगार ४६। राधाकृष्ण का वन विहार वर्णन, छं० ४७। राधिका शृंगार वर्णन, ४८। राधा मोहन का केलि वर्णन छं० ४९-५०। कृष्ण का दान मांगना, ५१। राधा

का सौंदर्य वर्णन ५२। अबला का बल वर्णन, कुं० ५३। राधा मोहन का स्नेह वर्णन, ५४। युगल सौंदर्य वर्णन ५५। युगल सौंदर्य पर निछावर वर्णन ५६। राधा कृष्ण का अचल विहार वर्णन, ५७। राधिका व सखी संवाद अभिसार हित वर्णन, ५८। सब को छोड़ राधाकृष्ण का ध्यान वर्णन ५९। नैनों का स्वभाव वर्णन, ६०। रास मंडल वर्णन, ६१-६२। कृष्ण का सौंदर्य वर्णन, वांसुरी गान वर्णन, वन में रास वर्णन ६३। वृंदावन की शोभा व कृष्ण वर्णन ६४। शरद चांदनी में राधा कृष्ण विहार वर्णन ६५। कुंज विहार वर्णन, ६६-६७। रास में कृष्ण का स्त्री वेश वर्णन ६८। राधाकृष्ण विहार वर्णन ६९। राधिका का सुरत आनन्द वर्णन-७०। राधिका की रास मंडली में शोभा वर्णन ७१। राधाकृष्ण की यमुना पुलिन में क्रीड़ा वर्णन ७५। कृष्ण के नेत्रों का सौंदर्यादि वर्णन, ७३। राधिका का मानमोचन ७४-७५। राधिका का हाव भाव वर्णन ७६। राधिका का सुरत वर्णन। ७७। राधिका का मोहनी रूप वर्णन ७८। राधिका का नाच वर्णन ७९। राधाकृष्ण सुरत वर्णन ८०। राधिका का गान वर्णन ८१। राधिका को नागरता वर्णन ८२। राधिका का मानमोचन ८३। राधिका का सुरतांत श्रम वर्णन ८४। चौरासी पद का फल वर्णन ८५-८६। चौरासी पद में १४ रागों की गणना ८७ इति।

No. 169. Hanumāna Nāṭaka by Hṛidaya Rāma. Substance—Country-made paper. Leaves—178. Size—10 × 6½ inches. Lines per page—9. Extent—2,400 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance--Old. Character--Gurumukhī. Place of deposit—Paṇḍita Dhīraja Rāma Pujārī, Baḍī Saṅgata, Bahrāich (Oudh).

Beginning.—ॐ सति गुरु प्रसाद॥ अथ हनुमान नाटक कृत कवि हृदयराम कुले को॥ कविता॥ तीनों लोक पति प्रान पति प्रीति हो सुरति अगति निगति के चरण सिर नायहौं। सदा सील पति सत पति एक नारो व्रत सिव सनकादि पति जसहिं सुनाइहौं॥ सुरपति हूं के पति जानको के पति राम नैन कोर ओर कबहूं तो पर जाइहौं। फुरेवा के पति सुनो संत साधु मत तव ऐसे रघुपति के कछुक गुन गाइहौं॥ १॥ सवैया॥ काहू के सारसुतो वर पूरन काहू के हैं शिव से वरदैया। काहू के हैं चतुरानन को वर कौऊ गजानन आसु वसैया॥ कान सुने पहिचान न काऊ सो सांच कहै कवि राम कहैया। जानत श्रो रघुवीर के नामहि जा सुनि ये सब होत सहैया॥ २॥

End.—दोहा॥ यों करत विचार तव उपजत युद्ध तरंग। उतरावन सिय ढिग गयो ले अपनो नौ संग॥ ११ पिय जिय अजहूं विचारि मम सिय अंगन

भेद नहिं। घट जेवरी निकारि धसो कूप कछु सेख करि ॥ १२ कवित्त—जैसे कनिकाचल सों लोह ज्यों विवेक मोहि जैसे दिन दीपक के आगे तम जामनी। जनक सुता को देह दामिनी दमक आगे तूतो लागे ऐसे कारे बादर को कामनी ॥ मृगमद कुमकुम कपूर वास तेरो तन चोया सों चमेलो हूं ते है वास भामिनी। जैसो सीय ओर तें झकोर आवे मारत के सोई छूटै .....।

Subject.—प्रार्थना, स्तुति छंद—१-१५। विश्वामित्र आगमन व दशरथ संवाद, राम को साथ लेकर जाना—१६-२४। यज्ञ की रक्षा करना, जनकपुर गमन—२५-३४। सीय राम विवाह वर्णन व परशुराम संवाद—३५-११६। राम वन गमन—११७-२०५। भरत आगमन व राम को लेने को भरत का जाना व संवाद २०६-२५२। वन का वर्णन २५३-२६०। सूर्पणखा संवाद। खरदूषण बध, रावण का सीता हरने को आना—२६१-३१३। मारीच बध, सीता हरण-३१४-३२४। राम विलाप, सुग्रीव मित्रता, बालि बध—३२५-४२१। सीता को खोज करना व हनुमान का लंका दहन—४२२-५३७। सेना संग्रह समुद्र पुल बंधन, सेना का उतरना, ५३८-६०२। अंगद संवाद—६०३-७०१। रावण का सीता को भय देना व अन्य राक्षसियों का समझाना, विभीषण व मंत्री का रावण को समझाना, विभीषण का राम मिलन। ७०२-८३० रावण युद्ध ८३१-८४४।

No. 170(*a*). Buddhi Prakāśa by Hulāsa Rāya of Rāmanagara. Substance--Country-made paper. Leaves--41. Size--$10\frac{1}{2} \times 5\frac{1}{2}$ inches. Lines per page--8. Extent--308 Anushṭup Ślokas. Appearance--Old. Character--Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1800 or A. D. 1743. Date of manuscript—Samvat 1923 or A. D. 1366. Place of deposit—Paṇḍita Mathurā Prasāda Miśra, Village Rāmanagara, Dhamedi, District Bārā Banki (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ मंगल करन अनूप जय श्री लम्बोदर ॥ वक्र तुंड भुजशुंडदंड भुज वेद देव वर ॥ कमल नयन सुख ऐन मैन छबि कोटिन लाजत ॥ एक दंत भंगिवंत तेज तिहुं लोक विराजत ॥ फलदायक लायक सकल गणनायक दारिद दवन ॥ जन हुलास को विनै यह हेहु प्रसन शंकर सुवन ॥ १ ॥ जो कोई नेम सों ध्यावत है तिहि को सब आनंद भौन भरैगो ॥ रोग औ दोष की बात कहा सगरे संसार को सोग हरैगो ॥ भोग विलास करै निसि वासर ज्ञान निधान को रूप धरैगो ॥ दास हुलास पुकारि कहै जन को गननाथ सनाथ

करैगो ॥ २ ॥ देवी स्तुति ॥ आवै जो सरन ताको अंबिका अनंद देत दुःष हरि लेत कालो शत्रुन विनासिनो ॥ गिरा ह्वै कै पानी इन्दरा ह्वै के राजधानी वकसत भवानी मन कामना प्रकाशिनो ॥ दाया को सरूप धरे काया प्रति पालतो है ऐसी जक्त मातु चंडी तिहूं लोक वासिनो ॥ दास को हुलास एक क्षण में प्रकाश करै वालिका हिमालय की शंकर विलासिनो ॥ ३ ॥

End.—ठाड़े गावैं नृत्त मे राग दूनि दुति होइ। चलते लेटे सुर भरै देत शब्द सब खोइ ॥ १३६ ॥ कवित्तगन भाव विचार करै शगरे अरु दग्ध के अक्षर को फल ज्ञानै ॥ छंद प्रबंध को ज्ञान रहै शुभ लक्षन नायक के उर आनै ॥ नायिका रागिनी राग सरूप सिंगार अभूषण को पहिचानै ॥ बुद्धि-प्रकाश पढ़ै चित दै श जानत तत्त्व हुलास वषानै ॥ १३७ ॥ इति श्री हुलास मिश्र कृतौ बुद्धि प्रकाश ग्रंथ समाप्तम् शुभं भूयात् ॥ मार्गशीर्षे च वृद्धेन्दु पक्षे तिथ्यो चतुर्थिकें त्र पेष ग्रह चंद्रेद्धा ऐते पूर्वा दित्तांन्विता ॥ १ ॥ इति ॥

Subject.—

(१) पृष्ठ १ से पृ० ६ तक—वन्दनाएं (१) गणेश। (२) देवी। (३) विष्णु (४) रामचंद्र। (५) सूर्य्य। (६) शिव लोधेश्वर तथा (७) हनुमान की स्तुतियां।

(२) पृ० ७ से पृ० ८ तक—ग्रंथ का नाम निर्देश, निर्माणकाल तथा कवि वंश परिचय के साथ कवि के आश्रयदाता का नामादि वर्णन :—

देवन को परणाम कै भाषत दास हुलास।
कछु भाषा वरनन करौ कीजै बुद्धि प्रकाश ॥ १२ ॥

अट्ठारह के अंक पै भयो सृष्टि विस्तार।
सम्वत् विक्रम भूप को श्रावन पूरन मास ॥ १३ ॥

लोधेश्वर तेकौ सुमिरि रामनगर सुभ धाम।
श्री गुरवक्त महीप तहं सब विधि पूरन काम ॥ १४ ॥

साक द्वीप के वंश में प्रगट्यौ दास हुलास।
कह्यो ग्रंथ मत सूक्ष्म सब नाम बुद्धि प्रकास ॥ १५ ॥

गण दग्धाक्षर छंदगति नायक चतुर सुजान।
कही नायिका भेद गति राग रागिनी ज्ञान ॥ १६ ॥

(३) पृ० ८ से पृ० ९ तक—गण विचार, दग्धाक्षर तथा छन्द विचार।

(४) पृ० १०—छन्दों के लक्षण। दोहा, कुंडलिया, छप्पय तथा मनहर छंद के लक्षणों के वर्णन के पश्चात् इनके सूक्ष्म कथन का अत्यंत संक्षिप्त कारण।

(५) पृ० ११ से पृ० ३४ तक—नायिका, नायक वर्णनः—पुरुष श्रंगार और भूषण, नायिका श्रंगार और आभूषण। नायिक भेद १ अनुकूल २ दक्षिण ३ शठ ४ धृष्ठ इनके लक्षण। नायिका भेदः—१ स्वकीया २ परकीया ३ सामान्या के लक्षण। स्वकीया भेद १-ऊढ़ा २-अनूढ़ा के लक्षण तथा ऊढ़ा के दो भेद—ज्ञात यौवना और अज्ञात यौवना के लक्षण। धीरा, अधीरा, धीराधीरा धीर के लक्षण। मुग्धा। मध्या प्रौढ़ा के लक्षण। नायिका के आठ भेदों का लक्षण (१ प्रोषित पतिका २-खंडिता ३-उत्कंठिता ४-वासकसज्जा ५-कलहंतरिता ६-विप्रलब्धा ७-स्वाधीन भर्त्तिका और अभिसारिका) सोदाहरण, पीतम गमनो नायिका लक्षण तथा पीतम आगमनी लक्षण। परकीया लक्षण, अनुशयना, गुप्ता, विदग्धा, लक्षिता, कुलटा, सामान्या, अन्य सम्भोग दुःखिता, वक्रोक्ता, गर्विता, मानवती और स्वयं दूतिका के लक्षण।

(६) पृ० ३५ से ४१ तक—रागों का विषयः—भैरों राग, मालकोश, मेघ, हिंडोल, श्रीराग और दीपक राग के लक्षण।

रागों का निर्णय अर्थात् गान करते समय के बैठने, सुर भरने, इत्यादि के सूक्ष्म आचारों का वर्णन। 'बुद्धि प्रकाश' पढ़ने वालों का फल। ग्रंथ समाप्ति।

No. 170(*b*). Hulāsa ke Ashṭaka by Hulāsa Rāya of Rāmanagara Dhamedī (Bārā Banki). Substance--Foolscap paper. Leaves--6. Size--8 × 6½ inches. Extent—78 Anushṭup Ślokas. Appearance--Good. Character--Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Mathurā Prasāda Miśra, Rāmanagara Dhamedī, District Bārā Banki.

Beginning.—शंभु स्तुति

(१) अथे जटाधर भूमिधर धर रजनो कर धर धार मने। वर वृषभासन दानिव नासन कृपानुसासन महाजते॥ वाण विनायक वरदायक त्रिभुवन नायक नीति कृते॥ जै जै हे करुणाकर शंकर गंगाधर हर भूतपते॥ (२)॥ अथे जलंधर कंदर खंडन फणिगण मुंडन मूढ़ मते॥ मंदर कंदर कृत ग्रह सुन्दर किन्नरिका कृगेतरते॥ जलधर वाहन दर्प्प विदारण दरिद विगाहण दीन मते॥ (३)॥ जगदवलंबन दश विदंवन अपुगण खंडन चंडरुचे॥ अजि नयि धारण कारण कारण विघ्न निवारण वांत सुचे॥ नमुचि विदारण कृत परिचारण वारन वारन चर्म्म व्रते॥ जै जै हे:—

(४) अथे तिरलोचन दुर्गति मोचन गिरिजा लोचन रुचिर मते॥ डिमि डिमि डिमि डिमि डमरू वभित्रिर्भ्भरै वादन शील रते॥ तत्थेई तत्थेई करत करतालिन नृर्तन सरल गते॥ जै जै हे:—

(५) धनद सहायक काम विहायक विष्नु विरंचि करत प्रणते ॥ सुरतरु कल्पष तंवि जल्पक जोगि गणे धृग जोग तते ॥ अशिव हलाहल करत कुलाहल विद्रुत काल कलेा परते ॥ जै जै हे :—

(६) अये शक्तिधर पितर महीधर सुता धवलधर धोरमते ॥ अंधक भंजन सुरपति गंजन कृपानुरंजन गुरै नते ॥ संवर रूप करत वन संचारन निज जन तारण तरी कृते ॥ जै जै हे :—

(७) सवरेा गायक धृत कर सायक पिनाथ रावण त्रिपुर हते । केाल रूप धर मूक विदारण रिपु संघारन वीर कृते ॥ शिव शिव वृहत शिरेावणि करित न युग परिवर्त वरी कृते ॥ जै जै हे :—

(८) अकृत वेद निधर्व वसापिमांवरणयेान्नेलिन स्यहि धर जहे । शुभ निवेद कता कुसुमांजलि स्तवमितेा वस मोहित सिद्धिये ॥ इति श्री मच्छकाचार्य्य हरि कुसुमाजिल स्तोत्र समाप्तं ॥

End.—स्तुति वाबा हरदेव लाल जू की :—

(१) ऐसेा है प्रताप महाराजाधिराज जी की जाके संग सेाभित समाज महादेव को ॥ नेक ध्यान लावै ताको आपदा मिटावै जैान जानि विसरावै ताहि शिक्षा बलदेव को ॥ ताते नर चेारा को पूजेा मन निश्चै करि आनन्द भरि देत शिक्षा सुखदेव की ॥ भाषत हुलास मै तेा कहां लगि प्रकाश करूं जाहिर जहान में दुहाई हरदेव की ॥ (२) ब्रह्मा औ विष्णु महेश्वर की वर चंडिका मातु महा-छवि छाजै ॥ संग लिहे भुव मंडल में निशि वासर शेाल प्रताप समाजै ॥ पाप कि मूल को नाश करै अरु धर्म भरै सुभ संपति गाजै ॥ दास हुलास पुकारि कहै हर-देव लला परत्यक्ष विराजै ॥ (३) दक्षिण को जब लाट गयेा महराज के थान में कीन अकाजै ॥ आइ मरी जेा परी तुरतै सब फौज को मारि कै तख्त तराजै ॥ भागत राह मिलै न कहूं कलकत्तहुं ले तहं वेारि जहाजै । दास हुलास पुकारि कहै हर-देव लला परत्यक्ष विराजै ॥ (४) संकट आनि परै जेा कहूं नर ध्यान धरै तेहि हेत सदा जै ॥ चेार छिछेाड़ उड़ात सुने खल शत्रुन की करि देत पराजै । भूत पिशाच विलात सबै महाराज को नाम निशान से बाजै ॥ दास हुलास पुकारि कहै हरदेव लला परत्यक्ष विराजै ॥ (५) चरन चबूतरा पूजत हैं अरु सुन्दर रेग ध्वजा फहराई ॥ चन्दन अक्षत धूप औ दीप यथा विधि से नैवेद चढ़ाई ॥ देवी दया करि देत तहां जंह फैली रही हरदेव दुहाई ॥ दास हुलास..... ॥ (६) बारह सै यकतालिस कासन चंडिका तेज भयेा अधि- काई ॥ व्याकुल है विलखात सबै नहिं यंत्र न मंत्र न तंत्र उपाई ॥ पुन्य प्रधान अहै जग में वदवा महा-राज की नाम सहाई ॥ देवी दया करि देत तहां जंह फैली रही हरदेव दुहाई ॥ (७)

शंभु को दक्षिण ओर दिशा पर वोहनिया मह कुंड विराजै ॥ देविन को अस्थान तहां तेहि पास चबूतरा अद्भुत राजै ॥ मज्जन पूजन जाइ करैं तेहि देखत ही सब आपदा भाजै ॥ दास हुलास पुकारि कहै..... ॥

दोहाः—अस्तुति श्री हरदेव की पढ़ै सुनै चित लाइ ॥ ताके पुर ते तुरत ही व्याधि दूर है जाइ ॥ चंडी श्री हरदेव की विधि हरि शंभु सुजान ॥ शैल केश गुरु वख़्श को सदा करहु कल्यान ॥ इति ॥

Subject.—(१) पृ० १ से पृ० २ तक—शम्भु स्तुति—महादेव जी के गुणानुवाद तथा कृतियों के गान के साथ ही साथ उनकी स्तुति ॥ (२) पृ० २ से पृ० ४ तक—स्तुति लोधेश्वर महादेव की, शिवजी के विविध नाम तथा गुण और कृतियों के कथन के साथ ही साथ उनकी स्तुति ॥ रुद्राष्टक पढ़ने वालों का फल। (३) पृ० ५ से ६ तक—स्तुति बाबा हरदेवलला जी की, हरदेवलला का प्रताप वर्णन, उनकी प्रत्यक्षता का कथन, संकट में उनका ध्यान धरने से लाभ, उनके चबूतरे का वर्णन, रामनगर स्थित हरदेव लला के चबूतरे का पता, स्तुति के पाठक तथा श्रोताओं को फल। देवी से यहां के भूतपूर्व राजा गुरुवख़्श सिंह के कल्याण की प्रार्थना ॥

No. 171. Govinda Chandrikā by Ichhārāma. Substance—Country-made paper. Leaves—588. Size—$9\frac{1}{2} \times 4\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—8. Extent—4,410 Anushṭup Ślokas. Appearance—Good. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1684 or A. D. 1627. Date of manuscript—Samvat 1902 or A. D. 1845. Place of deposit—Paṇḍita, Rāma Dulāre, Village Devā, Post office Devā, District Bārā Banki.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ श्री राधाकृष्णाय नमः ॥ श्रीमते वीर राघव वेदांत महागुरवे नमः ॥ अथ श्री गोविन्द चंद्रिका लिष्यते ॥ श्लोक—लक्ष्मीनाथं दयासिंधुं सत्य संधं समर्थकं पुण्डरीक विशालाक्ष वंदे प्रणत पालकं ॥ १ ॥ तूनि नौ स्याम गौरांगौ विश्वामित्र प्रदान्ड गौ चाप वाणधरौ पाणौ वंदे दशरथात्मजौ ॥ २ ॥ वासुदेवं देव देवं गोविंदं ज्ञानदं गुरुम रुक्मिनी कांत स्यामांग वंदेहं देवकी सुतं ॥ ३ ॥ सर्वाभिप्राय तत्वज्ञं वेद वेदांग पारगं मंगलानांच कर्त्तारं वंदे वेदान्त देशिकं ॥ ४ ॥ सर्व शास्त्रार्थ तत्वज्ञं अव्यक्ताव्युत्त रूपिणं सर्व मंगल दातारं राम- चर्ण महं भजे ॥ ५ ॥ चतुर्भुजं चक्रायुधं नारायणं नमामि हरि केशवं माधवं श्री राघवं भजामि ॥ ६ ॥ दोहा ॥ वंदौं श्री वेदान्त गुरु जिन पायौ वेदान्त ॥ अखिल भ्रांति के अंत कृत जासु वचन सिद्धान्त ॥ ७ ॥

श्रीमद्रामाचार्य्य पद हृदय काम तरु आनि ॥ ज्ञान भक्ति सुख मुक्ति के सकल सुमंगल दानि ॥८॥ श्री छंद ॥ श्री ॥ श्री ॥ प्री ॥ प्रो ॥ अव्यक्त श्री छन्द ॥ माधौ ॥ माधौ ॥ साधौ ॥ साधौ ॥ १० ॥ मही छन्द ॥ हरी ॥ हरी ॥ रटौ ॥ पढौ ॥ ११ ॥ मधु छंदं ॥ गुर ॥ उर ॥ धरु ॥ तरु ॥ १२ ॥ सार छन्द ॥ राम ॥ नाम ॥ ध्याउ ॥ गाउ ॥ १३ ॥ तालो छन्द ॥ गोविंदै ॥ जो वंदै ॥ मेा प्यारेा ॥ सान्यारौ ॥ १४ ॥ मृगो छन्द ॥ श्री धरै ॥ जो ररै ॥ भौ तरै ॥ मै हरे ॥ १५ ॥

End.—हरिगीत ॥ हरि पतित पावन सरन समरथ सकल अनरथ गंजनं ॥
स्वन स्वपच गनिका चर्मकार अपार षल गन तारनं ॥ ३५ ॥
पट वाढ़ि नट कस नागु काटि विवेक मति छिति छानकं ॥
इक हेात इक्ष्याराम को प्रभु वेद विधि प्रमानकं ॥
गिरि धरन वारे करज को अव सरन हौ सुष दाइकं ॥
प्रनमामि पारथ सारथी भव भाति प्रभु सव लाइकं ॥ ३६ ॥
दोहा ॥ भारोभव के सिंधु में वोजो अघनि जिहाज ॥
आरत इक्ष्याराम को रामानुज को लाज ॥ ३७ ॥
वपुषादिक मै मेार सव मनवच कम जुइ होइ ॥
हरि हरि विधि हरि वस्तु सुइ हरिपद अर्पित होइ ॥ ३८ ॥
जेा मै जेा मेातै कछू सेा सव प्रभु को वस्तु ॥
को मैका अर्पन कियेा भयेा समुझि सुभमस्तु ॥ ३९ ॥

इति गोविंदचंद चंद्रिकायां इक्ष्याराम विरचितं पंचचत्वारिंशति प्रकाशः ॥४५॥ भाद्रमास्से सुक्ल पक्षे पुर्णमायां श्रीमवामरे ॥ सम्वत् ॥ १९० ॥ २ ॥ शाके ॥१७॥ ६७ ॥ राम राम ॥ इदं पुस्तकं दसषत रघू दूबे सेा वासो हुसुवापारा के ॥ पुस्तकं इदं गरवर सिंह चउधरी देवै अथाने मकान उक्ठो ॥ १ ॥

Subject.—(१) प्रथम प्रकाश मंगलाचरण ।

(१) पृ० १ से १६ तक—राम कृष्णादि की वन्दनाएं । प्रस्तावना । गोविन्द चन्द्रिका के पढ़ने का फल । गोविन्द चन्द्रिका के निर्माण का समय :—

श्री गोविंदरु चन्द्रिका चारु चन्द्रिका गाथ ॥
सम्वत श्रुति (४) वसु (८) रस (६) शशी (१) जन्म पलै यक साथ ॥ ७५ ॥

कवि की असमर्थता प्रकाशान्तर्गत ग्रन्थ के निर्वाह हेतु कृष्ण से प्रार्थना ।

(२) द्वितीय प्रकाश

पृ० १७ से पृ० ३१ तक—भवानी की वन्दना, कृष्ण की महिमा, कथा प्रारंभ, वद्रिकाश्रम में उद्धव तथा अठासी सहस्र मुनियों का समागम । महाराज

कृष्ण की आज्ञा मुनियों को सुनाना कि तुम द्वारिकापुरी में निवास करो। मुनियों का उद्धव से कृष्ण कीर्ति सुनने की इच्छा प्रगट करना और मुचकुन्द का विशेष जोर देना।

(३) पृ० ३२ से पृ० ४६ तक—तृतीय प्रकाश—राजा परीक्षत से वसुदेव का कथा कहना, वसुदेव-देवकी विवाह, आकाशवाणी, कंस का अपनी भगिनी को मारने की इच्छा, वसुदेव की प्रार्थना पर उसे छोड़ना, प्रथम गर्भ से उत्पन्न बालक को लेकर कंस के पास वसुदेव का पहुंचना, उसकी सराहना कर कंस का उन्हें बालक सहित लौटा देना, नारद के कथनानुसार उसी बालक का बध, कृष्ण जन्म, कृष्ण का गोकुल पहुंचना, गोकुल से वसुदेव द्वारा लाई गई कन्या का बध और उसकी भविष्यवाणी, कंस का अपनी भगिनी से क्षमा मांगना।

(४) पृ० ४६ से पृ० ६० तक—नंद के घर उत्साह, गुरू को बुला कर नन्द का समस्त ग्रह दशा पूछना, दानादि वर्णन, पूतना आगमन, कृष्ण को उसका पय पान कराना, उसका नष्ट होना, काट काट कर उसके शरीर का दाह संस्कार करना और उससे सुगंध निकलना, सब का विस्मित होना।

(५) पृ० ६० से पृ० ६८ तक—पंचम प्रकाश—शकटासुर विध्वंस, तृणावर्त बध, सौरि द्वारा भेजे हुए गर्ग का आगमन, नंद का शिष्टाचार करना, बलदेव, कृष्ण का नामकरण संस्कार।

(६) पृ० ६८ से पृ० ८० तक—षष्टम प्रकाश—बाल बिलास, तुतला कर बोलना, गोपियों के घर दौड़ दौड़ कर जाना, उनके दूध दही के पात्रों को औंधा देना, गोपियों का नंदरानी को उपालम्भ, कृष्ण का मिट्टी खाना, यशोदा का मुंह देखना, कृष्ण का विराट स्वरूप वर्णन, माता को विनय, कृष्ण का पूर्व इतिहास बताना कि "धरा और द्रोन के तप करने पर जो वरदान मांगा था" उसी के अनुसार मेरी उत्पत्ति है।

(७) पृ० ८१ से पृ० ९३ तक—सप्तम प्रकाश—यमलार्जुन श्राप मोचन, वत्सासुर बध, अघासुर बध, ब्रह्मा द्वारा वत्स हरण, ब्रह्मा का मोह भंग होना, उसके द्वारा कृष्ण को वन्दना।

(८) पृ० ९४ से पृ० १०१—अष्टम प्रकाश, ताल बन में सब सखाओं के साथ जाना। धेनुक बध, कालीदह के जलपान से सखाओं का विष बद्ध होना, कृष्ण द्वारा उनको चेत आना। कृष्ण का कालो को नाथना, उसको अभय दान दे कर सपलोक विदा करना।

(९) पृ० १०२ से पृ० ११६ तक—नवम प्रकाश-बलभद्र द्वारा प्रलम्ब बध, कृष्ण का दावानल पान करना, वर्षा ऋतु का वर्णन। कृष्ण का पालना झूलना, शरद ऋतु वर्णन।

(१०) पृ० ११६ से पृ० १२८ तक—दशम प्रकाश—गोप बधुओं का श्री कृष्ण को देख देख कर उन पर मोहित होना, चीर हरण, यज्ञ करनेवाले ब्राह्मणों के पास से भोजन मंगवाना, उनका न देना, पुनः उनकी पत्नियों से भोजनों का प्रस्ताव करना और उनका आतुरता से लाना। एक स्त्री का अपने पति द्वारा कृष्ण के पास जाने के निषेध किए जाने पर प्राण परित्याग करना।

(११) पृ० १२९ से पृ० १४१ तक—एकादश प्रकाश—नंदरानियों सहित गोपियों का इन्द्र पूजने की सामग्री जुटाना, कृष्ण का निषेध, कृष्ण का गोवर्द्धन को अधिक उपयोगी बतलाना और उसी के पूजन का प्रस्ताव करना। इन्द्र का खीझ कर जल वर्षण करना, कृष्ण का गोवरधन धारण करना, इन्द्र का पराजित होकर भगवान की वंदना करना। नंद का द्वादशी के दिन वरुण पाश में बंधना, कृष्ण द्वारा उनका छुड़ाया जाना। वरुण का वंदन करना।

(१२) पृ० १४२ से पृ० १५५ तक—द्वादश प्रकाश—शरद ऋतु वर्णन (विशेषतः शरद-रात्रि का) कृष्ण का वंशी बजाना, गोपियों का मत्त होकर कृष्ण के पास दौड़ना, वार्तालाप के पश्चात् कृष्ण का उनके साथ विलास का निषेध करना, किन्तु उनको प्रेम विवश देख कर उनका खेद मिटाना, कृष्ण का छिप जाना, गोपियों का विरह से आकुल होकर उन्मादवश हो जाना और वन-वृक्षादि से उनका समाचार पूछना।

(१३) पृ० १५६ से पृ० १७१ तक—त्रयोदश प्रकाश—कृष्ण के न मिलने पर गोपियों का अधिक प्रलाप, चरण चिन्ह पाकर उधर ही चलना, मार्ग में राधिका का मिलना, उसका भी अत्यंत व्याकुल होना, सखियों द्वारा राधिका का कृष्ण बनाया जाना, सत्य प्रीति देख कर कृष्ण का प्रगट होना। अनेक रूप धारण कर सब के साथ हास विलास करना, इस प्रकार रासलीला करना।

(१४) पृ० १७२ से पृ० १८३ तक—चतुर्दश प्रकाश—व्रजवासियों का शिव पूजन के लिये जाना, नन्द का सर्प द्वारा निगला जाना, कृष्ण का बचाना, गौएं चराने के लिये कृष्ण का वन गमन। गोपियों का विरह से व्याकुल होना, बारम्बार नन्द जी के घर पहुंचना, यशोदा द्वारा उनका फटकारा जाना, उनके मुख से कृष्ण कृत कार्यों का वर्णन, किस प्रकार उन्होंने वृषभसुर को मारा किस प्रकार केशी को हना इत्यादि।

(१५) पृ० १८४ से पृ० १९५ तक—पंचदश प्रकाश—कृष्ण को लेने के लिये कंस का अक्रूर को भेजना, नंद द्वारा उनका स्वागत, उनका सब समाचार कहना, कृष्ण वियोग देख कर यशोदा सहित सब गोप बधुओं का अक्रूर को कोसना, कृष्ण बलराम सहित नंद का मथुरा गमन।

(१६) पृ० १९६ से पृ० २०७ तक—षष्ठदश प्रकाश—कृष्ण का सखाओं सहित सैर को निकलना, रजक को देख कर अपने सखाओं के लिए उससे पट मांगना, उसके न देने और बुरा भला कहने पर बलदेव द्वारा उसका विनाश तथा स्वर्गारोहण, वापक को वर देना, सुदामा द्वारा माला पहिन कर कुबरी को रूप देना, रक्षपालों का बध, चाप भंग करना, देवकी की शंका कि कृष्ण को कंस ने क्यों बुलाया—इस पर एक स्त्री का उसे सम्पूर्ण समाचार सुनाना, और कृष्ण के सम्पूर्ण बल की प्रशंसा करना. दूसरी स्त्री द्वारा तथा गर्ग मुनि द्वारा कृष्ण के गुण कथन की पुनरावृत्ति।

(१७) पृ० २०८ से पृ० २१८ तक—सप्तदश प्रकाश—कंस द्वारा सब का कंस की सभा में बुलाया जाना, कृष्ण का कुबलया पीड़ हाथी को मार कर दांत उखाड़ना, चाणूर बध, कंस सहित उसके आठ भाइयों का बध।

(१८) पृ० २१९ से पृ० २३२ तक—अष्टदश प्रकाश—मथुरा निवासियों द्वारा कृष्ण की बड़ाई, वसुदेव देवकी से मिलाप, उग्रसेन को गद्दी देना, नंद को मथुरा से वहों छोड़ कर वृन्दावन आना।

(१९) पृ० २३३ से पृ० २४५ तक—उन्नीसवां प्रकाश—नंदरानी की व्याकुलता, अन्य गोपिकाओं की विरह में बुरी गति, कृष्ण द्वारा उद्धव का व्रज में गमन, उद्धव द्वारा नंद यशोदा को परितोष, सब का कृष्ण का आगमन जान एकत्रित होना।

(२०) पृ० २४६ से पृ० २५८ तक—बीसवां प्रकाश—सखादि गोपों का कृष्ण की बातें पूछना, गोपियों का आगमन, उद्धव द्वारा कृष्ण का योग संबंधी संवाद सुन कर व्यंग्य द्वारा कुबरी से सम्बन्ध जोड़ कर कृष्ण की हंसी उड़ाना, योग का निषेध। उद्धव का पलट कर कृष्ण को सब संवाद सुनाना।

(२१) पृ० २५९ से पृ० २६९ तक—इक्कीसवां प्रकाश—वसुदेव द्वारा कृष्ण का संस्कार कराया जाना, संदीपन गुरु के पास विद्याध्यन को भेजना। चौंसठ दिन में सम्पूर्ण विद्या पढ़ लेना, आज्ञानुसार गुरु दक्षिणा में उनके मृतक पुत्र का ला देना, कुबिजा के घर जाकर उसकी मनोकामना पूर्ण करना, अक्रूर के घर जाना, कुन्ती की सुधि लेने को उन्हें हस्तिनापुर भेजना।

(२२) पृ० २७० से २८२ तक—बाईसवां प्रकाश—कंस की रानी का अपने पिता जरासिंधु से अपने वैधव्य की गाथा नीर बहा बहा कर कहना, उसका कोप करके मथुरा पर चढ़ाई करना, दोनों दलों की शोभा का वर्णन, बलराम का जरासिंधु की उलटी सीधी बातें सुन कर उसे मारने की चेष्टा करना, कृष्ण का उन्हें शांत करना, उसका लौट जाना, पुनः बारम्बार की उपाधि की आशंका से

श्री कृष्ण का (माता पितादि) को द्वारिका भेज देना और स्वयं मथुरा में रह जाना, कालयवन की सहायता से जरासिंधु का कृष्ण को मारने का उद्योग करना, कृष्ण का भाग कर गिरि कंदरा में छिप रहना, कालयवन का मुचकुंद को कृष्ण समझ कर पदा घात करना और उसके तेज से भस्म हो जाना, कालयवन द्वारा कृष्ण की वंदना, जरासिंधु का कृष्ण को घेरना, उनका पहाड़ पर चढ़ना, जरासिंधु का पहाड़ में आग लगाना, उन दोनों भ्राताओं का कूद कर उसे पराजित करना।

(२३) पृ० २८३ से पृ० २९६ तक—तेईसवां अध्याय—कृष्ण का द्वारिका आगमन, द्वारिकापुरी की शोभा का वर्णन, कुंडनपुर नृप भीष्मक की कन्या रुक्मिणी का श्याम को पत्र, पत्रलाने वाले ब्राह्मण द्वारा कृष्ण का वहां के समाचार श्रवण कर चलना, भीष्मक का कृष्णागमन सुन उन्हें सत्कार पूर्वक ठहराना।

(२४) पृ० २९६ से पृ० ३१० तक—चौबीसवाँ प्रकाश—कृष्ण को देख कर कुंडनपुर के नर नारियों का प्रसन्न होना, उनका सौन्दर्य्य देख वहाँ की स्त्रियों में रुक्मिणी के लिये इसी वर का उपयुक्त कहा जाना। रुक्मिणी के सौन्दर्य्य का वर्णन, रुक्मिणी का देवी मंदिर को पूजा के लिये जाना और उसका हरण होना, शिशुपाल का युद्ध, उसका जरासिंधु सहित पराजित होना, रुक्म का कृष्ण द्वारा रथ के पीछे बांधा जाना।

(२५) पृ० ३११ से पृ० ३२५ तक—कृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का वर्णन, मंडपादि की शोभा, वर दुलहिन की शोभा का वर्णन, देवांगनाओं का आगमन, गानादि वर्णन, जामवंती के पिता जामवंत से मिलाप अर्थात् सत्राजित द्वारा लगाई चोरी के कलंक को दूर करने के हेतु उसे खोजने को जाना।

(२६) पृ० ३२६ से पृ० ३३७ तक—छब्बीसवाँ प्रकाश—जामवंत से युद्ध और उसकी पराजय, मणि सहित जामवंती का लाना, सत्राजीत को बुला कर मणि देना, वेदानुकूल जामवंती का पाणिग्रहण करना, मणि सहित सत्राजित का अपनी पुत्री सत्यभामा का कृष्ण को देना, मणि का कृष्ण द्वारा फेरा जाना, और कहना कि आप को पुत्री का सुत इसका अधिकारी है। पांडवों का जलन करना, कृतवर्मा तथा अक्रूर द्वारा सतधन्वा का सत्राजित को मार कर मणि लेने का उद्योग क्योंकि सत्राजित ने सतधन्वा को सत्यभामा देने को कह कर पुनः न दी। सोते में उसका बध कर मणि का ले लेना। सतधन्वा का बध, सत्राजित का दाह संस्कार, अक्रूर का काशी भाग जाना, कृष्ण का उसे समझा कर मणि को अधिकारिणी सत्यभामा को बतलाना, अक्रूर का मणि उपस्थित करना, कृष्ण का सब के सामने उन्हीं को लौटा देना।

(२७) पृ० ३३८ से पृ० ३४८ तक—सताईसवां प्रकाश—सूर्य की पुत्री कालिन्दी (गजपुर वासिनी) के विवाह की इच्छा से कृष्ण का अर्जुनादि से मिलने की इच्छा के मिस द्वारिका से गमन। सब से मिल कर प्रसन्नता प्रकट करना, अर्जुन के साथ सैर को जाते समय कृष्ण का कलिंदजा को देखना, सम्पूर्ण समाचार जान कर उस से विवाह करना—विंदा विवाह वर्णन।

(२८) पृ० ३४८ से पृ० ३६२ तक—अट्ठाईसवां प्रकाश—सगर के वंशज 'नग्नजित' नामक अवध के राजा की कन्या का स्वयंवर सुन कृष्ण का अर्जुनादि सहित वहां जाना, कृष्ण के हाथी, घोड़ों तथा दल बल की शोभा, अवध की शोभा, अवध में कृष्ण के पहुंचने पर वहाँ की नर नारियों का कृष्ण की प्रशंसा करना।

(२९)—पृ० ३६२ से ३७८ तक—उन्तीसवाँ प्रकाश—नृप के प्रण के अनुसार सात वृषभों का वध कर उसकी पुत्री सत्यभामा को व्याहना, राजा का बड़ी धूम धाम से विवाह करना, गानादि वर्णन, स्त्रियों का गाली गाना, राजा का नाना प्रकार के दाइज देकर कृष्ण का विदा होना।

(३०) पृ० ३७९ से पृ० ३९२ तक—तीसवां प्रकाश—कैकय देश के राजा का अपनी पुत्री भद्रा का स्वयंवर करना, सब राजाओं को, पराजित कर कृष्ण का उसे ले आना, विधि पूर्वक विवाह करना, नरकासुर को मार कर सोलह सहस्र रानियों से एक साथ विवाह करना, इन स्त्रियों के विवाह एक साथ होने का कारण, कृष्ण की संतान का वर्णन, उनकी स्त्रियों के रहन सहन का वर्णन।

(३१) पृ० ३९३ से ४०१ तक—रुक्मिणी को पुत्र उत्पन्न होना, संवर को सूचना कि कृष्ण के पुत्र (काम) द्वारा तेरा विनाश होगा, यह सुन कर पुत्र हरण करना, मछली द्वारा बालक का—जो समुद्र में डाला गया था जीवित निकल आना, उसका रति द्वारा पालित होना, संवर वध, कृष्ण के पास रति समेत उसका आगमन।

(३२) पृ० ४०२ से पृ० ४१४ तक—बत्तीसवाँ प्रकाश—प्रभावती के विवाह का वर्णन, वज्रनाभपुर के राजा वज्रनाभादि तीनों भाइयों की इन्द्र पर चढ़ाई, इन्द्र के पुत्र का हंस द्वारा भेद लेने को उसके नगर में भेजना, हंस द्वारा उसको पुत्री का प्रद्युम्न का समाचार जान का मोहित होना, नट बन कर उस नगर में तमाशा करना, उसकी पुत्री प्रभावती का हरण।

(३३) पृ० ४१५ से पृ० ४२६ तक—संवरारी, सांब गदादि तीनों भाइयों का पराजित होना, हरिवंश पुराण में इस का विस्तृत वर्णन कवि द्वारा कहा जाना, राक्षसों को हरा कर वहाँ पर नगर बसाना, संपाति का इन्द्र पुत्र (जयंत) समेत बाँट लेना।

(३४) पृ० ४२७ से पृ० ४४४ तक—चौतीसवां प्रकाश—रुक्म के पौत्री के साथ कृष्ण के सुत प्रद्युम्न के पुत्र अनिरुद्ध का विवाह, नारद आगमन, पारिजात पुष्प का रुक्मिणी को देने पर और नारद जी के बहकाने पर सत्यभामा का मान, मान मोचन, नारद का इन्द्र के पास उक्त कार्य्य के लिये भेजना, इन्द्र का पारिजात न देना, नारद का लौट कर कृष्ण के पास आना।

(३५) पृ० ४४५ से पृ० ४५७ तक—पैंतीसवां प्रकाश—इन्द्र से युद्ध कर के सुर तरु का लाया जाना, सत्यभामा का उसे दान देना, रुक्मिणी के साथ कृष्ण का हास्य, रुक्मिणी का विरह से कातर हो उठना और कृष्ण द्वारा उन्हें संतोष दिलाया जाना।

(३६) पृ० ४५८ से पृ० ४७० तक—छत्तीसवाँ प्रकाश—बाणासुर की तपस्या से प्रसन्न हो कर शिव जी का उसे वर माँगने की आज्ञा देना, उसका युद्ध माँगना, शिव जी का एवमस्तु कथन, ऊषा का स्वप्न, बाणासुर कृष्ण युद्ध, उषा और अनिरुद्ध का विवाह। राजा नृग का उद्धार।

(३७) पृ० ४७० से पृ० ४८४ तक—सैंतीसवाँ प्रकाश—बलराम जी का व्रज को गमन, यशोदा का उपालंभ, बलराम का उन्हें सान्त्वना देना, गोपियों के साथ रास करना, चार मास रह कर द्वारिका को लौटना। बनावटी वासुदेव तथा उसके सहायक काशिराज का बध, काशिराज के पुत्र का शिव की आराधना करना कि द्वारिका भस्म हो जाय, शिव का कथन कि गौ-ब्राह्मण में जो अनुरक्त न होंगे उन्हें ही वन्हि दाह कर सकेगी, वन्हिका द्वारिका गमन, कृष्ण के चक्र के भय से लौट कर काशी को ही भस्म करना।

(३८) पृ० ४८४ से ४९६ तक—अड़तीसवाँ प्रकाश—हरि विभूति वर्णन, जामवंती के पुत्र शंबु का दुर्योधन के द्वारा पकड़ा जाना, नारद के मुख से सुन कर यादवों का चढ़ाई करना, कौरवों को पराजित कर उसकी पुत्री के साथ विवाह कर सहर्ष लौटना, नारद का मोह, कृष्ण द्वारा उनका मोह भंग होना।

(३९) पृ० ४९६ से पृ० ५१० तक—उन्तालीसवां प्रकाश—मागध की बंदि से बीस सहस्र नृपों का छुड़ाना, पांडवों का यज्ञ पूर्ण कराने को जाना, कृष्ण की अग्र पूजा का प्रस्ताव, शिशुपाल का विरोध तथा कृष्ण को बुरा भला कहना, और न मानने पर उसका अंत करना, यज्ञ पूर्ण करा के द्वारिका लौटना, शिशुपाल के मित्र सल्ह द्वारा द्वारिका में उपद्रव, प्रद्युम्न से उसका युद्ध, कृष्ण के पहुंचने पर उसका भी मारा जाना, विल्व वध।

(४०) पृ० ५११ से पृ० ५२६ तक—चालीसवां प्रकाश—सुदामा चरित्र, सुदामा को स्त्री का दारिद्र पीड़ा से ग्रसित हो कर दुखी होना और अपने पति

से उनके मित्र श्रीकृष्ण द्वारा इस कष्ट के निवारण करने की प्रार्थना, पति द्वारा इस प्रस्ताव का विरोध, पत्नी का हठ, पति की स्वीकृति, भेंट को कुछ चावल ले कर जाना, कृष्ण का बड़े प्रेम से मिलना, सुदामा का संकोच, कृष्ण का प्रेमोपालम्भ के साथ ही साथ दो मुट्ठी चावल चबा जाना, तीसरी मुट्ठी भरते देख कर रुक्मिणी का निषेध, सुदामा का बिदा होना और कुछ न पाने पर हृदय में संकोच, घर पर आ कर ठाट बाट देख कर संदेह, ब्राह्मणी द्वारा संदेह का निवारण।

(४१) पृ० ५२७ से पृ० ५३८ तक—इकतालीसवां प्रकाश—कृष्ण का रवि पर्व्व के समय कुरुक्षेत्र को पत्नियों तथा पुत्रादि सहित जाना, पांडवों, कुन्ती, द्रौपदी तथा सुभद्रा सहित उनसे मिलना, रानियों का परस्पर हास विलास, नंदरानी सहित गोप गोपियों से भेंट होना, यशोदा तथा गोपियों का उपालंभ, कृष्ण का उन्हें समझा बुझा कर द्वारिका गमन।

(४२) पृ० ५३९ से ५५४ तक—बयालीसवां प्रकाश—द्वारिका पुनः गमन के प्रथम जसुदा देवकी का संवाद, बातें करते करते उन्हें समझाते समझाते दूर निकल जाना, राजा उग्रसेन का उनके पीछे पड़ना, राजा तथा यशोदा का संवाद, अंत में कृष्ण का लौटना।

(४३) पृ० ५५५ से पृ० ५५६ तक—तेंतालीसवां प्रकाश—माता के कथनानुसार अपने मृतक अग्रजों को जीवित कर माता पिता के पास ला उसे संतोष देना, श्रुतिदेव विप्र से भेंट, बंदी स्वरूप वेदों का आगमन और उनकी स्तुति।

(४४) पृ० ५६६ से पृ० ५७८ तक—चौवालीसवां प्रकाश—मुनियों में झगड़ा कि त्रिदेव में कौन बड़ा है, भृगु का परीक्षक नियत हो कर जाना, निर्णय में विष्णु का सर्व श्रेष्ठ निश्चित होना। एक ब्राह्मण के बालकों का उत्पन्न होते ही मर जाना, अर्जुन का उसकी सहायता करना कि यदि तेरे बालक को न बचा सकूंगा तो वन्हि प्रवेश करूंगा, कार्य्य को पूर्ण न कर सकने पर अर्जुन का भस्म होने का उद्योग सुन कर कृष्ण का आगमन और कृष्ण द्वारा उनके कार्य्य की पूर्त्ति।

(४५) पृ० ५७९ से ५८८ तक—पैंतालीसवां प्रकाश—द्वारिकापुरी की शोभा मंदिरादि वर्णन, कृष्ण का सब रानियों के साथ केलि का वर्णन, जदुवंश की बढ़ती के विषय में कथन कि तीन लाख अस्सी हज़ार तो अध्यापक थे पुनः एक अध्यापक के पास एक एक सहस्र विद्यार्थी थे। कृष्ण की महिमा का वर्णन। उपसंहार में कवि का अपने को सब प्रकार से असमर्थ बतलाते हुए कृष्ण की कृपा से ही ग्रन्थ की समाप्ति का वर्णन कर के उन्हें ही यह ग्रंथ समर्पित करना।

No. 172. Alifanāmā by Śāha Imāmuddīn of Saidanapura. Substance—Foolscap paper. Leaves—7. Size—$8\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—20. Extent—88 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Persian. Place of deposit—Chetana Śāha, Auliāpura, Post office Safdaragañja, Bārā Bankī (Oudh).

Beginning.—विसमिल्ला उर्रहमाने रहीम

विसमिल्ला बस मूल है भाई। सुन तरस की बेटी ईमान लाई॥ रहमाउल रहीम रहोमी दिखाई—आपुइ ऊ के पास अंगूठी आई॥ दोहा॥ ई विधि जो ईमान लावे, आपुहि पुरवे सब काम। विसमिल्ला की बरकत से पत रखली सुन्दर श्याम॥

(अलिफ़) अलिफ़ एक अहै निरबाना। हर घट मां वेा आप लुभाना॥
जहां देखेा तहां वही है प्यारा। सब के पास औ सब से न्यारा॥

जस भंवर लुभाना हर फूल पै लेता वास। यह विधि तुम जानव आवत जात है पास॥

(बे) बे बिन गुरु कोई पंथ न पावे। सातदीप नौ खंड भंझावै।
पहिले ध्यान गुरु पर धारै। जब वह प्रेम का पंथ सिधारै॥

बिन गुरु जो कोई आप चेला बन जावै। ऊ पंथ न पावै करत तीरथ जिव जावै॥

(ते) ते तन मन तुम अपना चलाओ। जब जोगी तुम सांचे कहाओ।
ग्यान को री तुम गुदड़ी बनाओ। ध्यान केरा तू भबूत रमाओ॥

यह तन किंगरी बनाय और मन तार लगाये। जोगी हुइ के मांगेा जोग जुगत मिल जाये॥

End.—

हमज़ा—हमजा हम अजपा जाप न कीना। कैसे मिले पिया रंग भीना।
दिल दरपन किया न मंजन। लाज शरम का धुआ न अंजन॥

लाज शरम का अंजन जीसे नहि डाला धोइ। घूंघट पट बिन खोले पिउ से भेंट न होइ॥

ये—ये याद करो हरि प्यारे। निस दिन रहो अर्श दुआरे॥
याद करो हर होउ अधीना। बना चहो जो अर्श नगीना॥

याद करो हरि प्यारे याद न दिल के भूल। प्रेम का झुलवा प्यारे सदा अर्श पर झूल॥

ये—ये पारी हादी से करना। जिनके नाम से पार उतरना॥
भवसागर है मंझधारा। सात समुन्दर पारा पिया वो प्यारा॥
इमामुद्दीन भवसागर कैसे का उतरें पार। डूबत हैं मंझधार मां हादी लगो गुहार॥

Subject.—(१) पृ० १ से ३ तक—बिसमिल्ला के मूल होने का कथन। ईश्वर के हर घट निवासी होने का वर्णन। गुरू का महत्व। अपने तन मन को जला कर जोगी बनने का उपदेश। प्रेम का वर्णन, विरह का वर्णन। कुरान पढ़ने और रोजा रखने का उपदेश, अलख मुकाम पर पहुंचने का एक मात्र उपाय। द्रव्यादि निषेध। ईश्वर संबंधी वार्तालाप में ध्यान रखने का वर्णन। दुविधा के विनाश होने पर उसके पास पहुंचने का वर्णन प्रेमियों को दशा। उसके निकट होने का वर्णन। श्याम के बाज़ार का वर्णन। उसके रूपादि का वर्णन॥

(२) पृ० ४ से पृ० ५ तक—वृद्धावस्था के पश्चात्ताप का निषेध कर युवावस्था से ही त्रिकुटी में ध्यान लगाने का वर्णन। प्रेम के तार न टूटने का लाभ। उज्वल मन से हो उसके दर्शन कर सकने का विधान। आलस्य का खंडन। हृदय से अंहकार दूर करके फकीर होने का विधान। कौल के सत्य रखने का विधान। कलमे का आदेश। पाखंड त्याग करने का उपदेश।

(३) पृ० ६ से पृ० ७ तक—प्रेम मधु पीने का आदेश। नबी से लौ लगाने का वर्णन। ईश्वर के एक होने का वर्णन। ईश्वर से घर में हो तीर्थ कर सकने के आशीर्वाद की प्रार्थना। ईश्वर की जोति के अलक्ष्य होने का वर्णन। अजपा जाप बिना ईश्वर न प्राप्त होने का विधान। ईश्वर के स्मरण और उसी से प्रेम करने का विधान।

No. 173. Bharata Milāpa by Īśwaradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—9. Size—10 × 6 inches. Lines per page—36. Extent—135 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1903 or A. D. 1846. Place of deposit—Paṇḍita Rāmāvatāra, Paṇḍita Rāmāvatāra kā puravā, Post office Risiā, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः॥ अथ भरथ मिलाप लिष्यते॥ दोहा॥ श्री गुरुचरण सरोज रज निज मन मुकुर सिधार वरनौ रघुबर विमल जस जो दायक फल चारु॥ दोहा॥ रामचंद्र कुल कमल मनी सुर नर मुनि को ध्यान। नृप दशरथ के कुल अवतरो जै जै सीताराम॥ चौ०॥ रामचंद्र वन कीन्ह पयाना।

राजा दशरथ बहुत पछिताना रामचंद्र क्रीड़ा अस्थाना। रोवहिं लोग नग्र परधाना ॥ रोवहिं सीता सती कुमारी। राम लषन बिन अवध उजारी ॥ रची रचो केकई पत्री लिषावा। दूत हाथ दे अवध पठावा जाहु दूत भरथ के पास। अवधपुरी अब भरी निरासा ॥ चोषे दूत विदा तब भयऊ। अंतर बास जोजन साठ गयऊ ॥ गयो चलि दूत भरथ के पासा ॥ सीस नाय बचन परगासा। कहहु दूत अवध कुसलाई। घर घर राज नीति ठकुराई ॥ कैसे सुमित्रा केकई माई। अवधपुरी अब देषब जाई। राम लषन दसरथ मोहिं भेजा। भरथ के पास जाहु कछु काजा ॥

End.-पिता बचन मै मानहुं बारह बरस तुलान। तब लगि राज संभारहु मोर बचन धरु ध्यान ॥ जाहु भरथ अब मोरि दुहाई। सब मातहं कंह बोधहु जाई। श्री रामचन्द्र की आज्ञा पाई। तुरतहीं पादुका सीस चढ़ाई। कौसिला सो कहि मोर नामा। बारह बरस नहीं आवहिं रामा ॥ तबहिं भरथ औषम लाई। राम के चरन बहुरि परो जाई। उठहु भरथ अब मोरि दुहाई। पादुका सिर पर लीन चढ़ाई ॥ रामचन्द्र की आज्ञा पाई। राजनेति सब कहा बुझाई। प्रजा राषेउ प्रान की नाई। राजनीति सब जानब भाई ॥ रामचन्द्र की आज्ञा माना आये भरथ अयोध्या जाना ॥ नगर लोग आए सब धाई। कहा राम लषन दोउ भाई ॥ जिन्ह देषत मोरे नैन जुड़ाई। तबहा भरथ कहा समुझाई। राम के चरन परे मुरझाई। पांव लागि के बहुत बुझाई ॥ जहां सिय राम लषन रघुराई। राम लषन सिय बनहिं सिधाई। हमहु घर रहो समाई। तबहीं भरथ तपस्या जाई। पादुका तबहो मन चित लाई ईसर दास तब कहा बुझाई सदा भजहु राम चित लाई। रामहि जपत सदा सुष पाई। एक अधार राम लव लाई। सीताराम लषन बन गयऊ। अजोध्या नग्र अंध्यारा भयऊ ॥ भरथ बिलाप सुनै दै काना। ताकर राम करहिं कल्याना ॥ दोहा ॥ भरथ मिलाप कथा बिमल ईसरदास कवि गाई। जो नर पढ़ै सुचित मन ताकर पाप छै जाई ॥

Subject.—इस ग्रन्थ में रामचन्द्र का वन गवन, भरत का अयोध्या आना, रामचन्द्र को अयोध्या में न पाना, उनके विरह में विलाप करना, राम जी के मनाने के लिये भरत का वन जाना व राम की आज्ञा पाकर उनका अयोध्यापुरी में वापस आना आदि का वर्णन है।

No. 174. Raṇa Bhūshaṇa by Iśwara Nātha of Soreṭhī, Oudh. Substance—Country-made paper. Leaves—5. Size—8 × 4 inches. Lines per page—20. Extent—120 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of

Composition—Samvat 1828 or A. D. 1771. Date of manuscript—Samvat 1878 or A. D. 1821. Place of deposit—Pandita Śatrughnajī, Village Sikandarapur, Post office Sisaiyā, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः । दोहा । गुरु देवी गज वदन रबि पायन करि परनाम । चित्रा में आरंभ भेा रण भूषण तेहि नाम ॥ नाग[८] पक्ष[२] वसु[८] इन्दु[१] में १८२८ कार्तिक कृश्नो मास अग्नि[३] इन्दु[१] तिथि १३ वार ससि भाषा कियेा प्रकास ॥ सकल शास्त्र अवलेाकि अति प्रेषि युद्ध की गाथ ॥ वाल अर्थ एहि लघु कियेा पंडित ईश्वर नाथ ॥ अघ नासन अस्नान शुभ कार्तिक पूरेा मास करण अर्थ हित ग्रंथ निसि रवि हृद कीन्हेां वास ॥ सव स्वप्ने मेासे कहेा रांव जू निसि एह बात । करहु ग्रन्थ पुर होइ निसि निश्चै जानहु तात ॥ जे रण भूषण केा पढ़[२] सेाधि चलै संग्राम । सत्रु प्रवल रिपु जीति कै सुष सेा आवै धाम ॥ अवधपुरी में ग्राम सुभ नाम सरेठी तासु ॥ रिपु दूषन भूषन सषा गर्ग बंस प्रकास ॥ हिता अर्थ यह ग्रन्थ भेा रण भूषण रण सारु । पढ़ि याहि भूवल निजै अरि कर करहिं सिंघार ॥

End.—जन्म १ सप्त ७ सर ५ अंक ९ ससि युत पतिथि पुर होइ । एक विचारि निश्चै करि अंग काल है सेाइ ॥ इति चन्द्र विचार दिन रिछ तें ग्राम भा संख्या गुन ३ हृत कीन ॥ ग्राम घिष[१] म[३] में साम[२] में सेावत लीन ॥ इति ग्राम विचार ॥ ग्राम रासि ससि लेा तिथि युत रिषि ७ सेा सून्य वेद ४ भाग करि जानिये युद्ध १ सुत २ मृत ३ सुन्य ४ । ५८ जन्म रिक्ष ने सूर्य लेा वीचे ससि गनि ताहि सप्त ७ भाग गुण तीनि । ३ सर ५ षट ६ में अरि मिलि जाहि । सूर सयन ससि विषम रण प्रश्न करै जेा कोइ । निश्चै भाषै ताहि सेा मुनि गण मुनि समुदाय ॥ नाम अक्षर चैागुन करिव तिथि दूना करि लेव राम भाग ते जानव छीक प्रश्न कहि देव ॥ एक बचै वड़ि लाभ है दूजे कुसल अनंद तीजे जेागिन मंगला कारज करै निकंद ॥ इति श्री गर्ग वंसावतंस ईश्वरनाथ विरंचितायां युद्ध भाषा प्रकासं । समाप्तः सुभमस्तु संवत १८७८ नाम जेष्ट सुदि षष्टम्यां वुध वासरे लिषतं पुस्तकं सीताराम श्री श्री रामचंद्र विजयते ॥

Subject.—युद्ध पर जाने के समय छींक उलूक आदि के शुभाशुभ लक्षण

No. 175(*a*). Agha Vināśa by Jagajīvana Dāsa of Kuṭawā (Bārā Banki). Substance—Country-made paper. Leaves—

277. Size—$14\frac{1}{2} \times 9\frac{1}{4}$ inches. Lines per page—22. Extent—9,140 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—1780 or A. D. 1723. Date of manuscript—Samvat 1888 or A. D. 1831. Place of deposit—Rāja Pustakālaya Bhinagā (Bahrāich) and Paṇḍita Nārāyaṇa Dattajī, Headmaster, Middle School, Bhinagā Rāja (Bahrāich).

Beginning.—श्री गणेशायनमः श्री सत गुरु समर्थ ॥ लिः श्री ग्रंथ अघ विनास वानी साईं समर्थ सत गुरु जगजीवन महाराज जी की ।

छंद ईश्वर अम्या पावऊं गुन दास हेाय कै गावऊं ।
मन प्रतीतं जानि कै मै चरन तें चितु लावऊं ॥

कहतु हौं कर जेारि सुनिए मेारि तुम्हहि सुनावऊं । सदां राखेा चित्त तुम्हते कबहुं नहिं विसरावऊं ॥ ग्यान तुमहीं ध्यान तुमहीं तुमहिं मन अवराधऊं । सत्यरूप सरूप तुम्हरा सेाई मैं मन साधऊं ॥ अघ विनासं करहु जब तुम ग्यान तत्वं आवई । होहु दयाल दास पर तउ ग्यान ते गुन गावई ॥ जगजीवन दास विनति करि कहै सरनि आपनि आनऊं । औगुनं आनेक कर्म मेटि दासकं जानहू ॥

End.—संवतु अठारह सै सत्रह वैसाख महीना लाग । मंगर किश्ना सत्तमी जगजीवन कोन्ह तन त्याग ॥ दुख सुख चार विचार नहिं नोर पिंड नहिं पैान । जगजीवन समुझि विचारि मन कियेा ताहि घर गैान ॥ इति श्री ग्रंथ अघ विनास वानी साईं समर्थ सत गुरु जगजीवन महाराज जीव की संपूरन सुभमस्तु ॥ मिति कातिक सुदि पूरनमासी दिन मंगर संवतु १८८८ सन १२३९ फ० मुकाम कसबा परगने दरियाबाद लिषि वंदेराम प्रगास कायथ कसवा के लिखाया लाला गयाप्रसाद भगत ने का लाला झाऊलाल भिनगा के श्रोता वक्ता का वंदगो ॥

Subject.—स्तुति समर्थ प्रार्थना राम नाम महिमा पृ० १—३
नारद की कथा, ब्रह्मा का वचन देना । .... ४—१०
गुरु महिमा, ब्रह्म निरूपण, नारद का वर्णन .... ११—१८
अमर अजोत की कथा नारद का अपने पुत्र अमर अजोत के लिये
दुखित होना, मोह होना आदि .... १९—२७
अजोत का राजा अनिल के यहां जन्म लेना, राजा का वन जाना,
नारद सम्बाद, गर्व निंदा .... २८—४०
सृष्टि उत्पत्ति ज्ञान वर्णन, हिरण्य नारद संवाद, ब्रह्म व हिरण्य
संवाद .... ४१—५६

ब्रह्मा का गर्व खंडन, सुरत महिमा, शिव को ज्ञान देना .... ५७—७०
गणेश वर्णन, साधु महिमा, निर्गुण वर्णन, रामनाम महिमा .... ७१—१००
तिथि व्रत वर्णन, राम भजन, कर्म की प्रधानता, पार्वती का
लोमस से ज्ञान वर्णन .... १०१—१२३
रामनाम प्रभुता वर्णन, लोमस की महत्ता, राम भजन की
मुख्यता पार्वती से गनेश का कथन। .... १२४—१४५
राजा की कन्या की कथा, रानी का ज्ञान देना, कृष्णावतार वर्णन १६६—१८६
नाम महिमा, कन्या का विवाह वर्णन.... .... १८७—२१२
ऋषि और कन्या की बातचीत .... २१३—२३३
निरअपराध कन्या के वध का विचार, विष पान कराना
व श्राप देना .... २३४—२४८
वर्णभेद का निषेध, ईश्वर ज्ञान वर्णन शब्द महिमा, राममंत्र
वर्णन, गुरु शिष्य वर्णन, पाखंड की बुराई .... २४१—२७४ पूर्ण

कवि व लेखक का वर्णन।

No. 175(*b*). Agha Vināśa by Jagajīvana Dāsa of Kuṭawā, District Bārā Bankī. Substance—Country-made paper. Leaves—452. Size—13 × 6½ inches. Lines per page—15. Extent—9,509 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1903 or A. D. 1846. Place of deposit—Mahanta Guru Prasād Dāsa, Village Haragāon, Post office Parbatpur, District Sultānpur (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः लिष्यते अघ विनास ग्रंथ कृत शाहेब जगजोवन दास ॥ छंद ॥ ईश्वर अग्या पावै गुन दास ह्वै कै गावऊ ॥ मन प्रतीति जानि के मै चरन ते चितु लावऊ ॥ कहत हौं कर जोरि सुनिये मोरि तुम्हहिं सुनांवऊं ॥ सदां राषौ चित्त तुम्हते कबहुं नाहि विसरावऊं ॥ ग्यान तुमहो ध्यान तुमही तुमहि मन अवराधऊ ॥ सत्य रूप स्वरूप तुम्हरा सोई मैं मन साधऊं ॥ अघ विनासन करहु जब तुम्ह ग्यान तत्त्वं अवई होहु दयालं दास पर हों ग्यान ते गुन गावई ॥ जगजिवन दास विनती करि कहै सरन अपनी आनहू ॥ अवगुन अनेक करमे मेटि दास के जानहू ॥ दोहा ॥ अघ विनास हरि गुन कहै जेहि ते उपजै ग्यान ॥ जगजिवन दास ध्यान धरि करै तुम्हार वषान ॥ १ ॥ ईश्वर सिवते कहत है सुनै जो कोऊ चित लाइ नेग जनम के करम अघ सुनत षंड होइ जाइ ॥ सिव सुनु सत्यम वासु करि कथा करौं परगास ॥ सुनि प्रतीत जो मानहो तिन्ह के पूजहि आस ॥ ४ ॥

End.—राम कृपा को खानि यह जो मन देहु सो लेहु ॥ सब सुष होइहि हरिहि डष पावहि राम सनेह ॥ ९४१ ॥ चौ संवत् सत्रह सै कहि आए ऊपर असी सार लगाए ॥ मितो माघ सुदि तेरसि आही ॥ सुभ दिन भई सो पूरन चाही ॥ लिषो सो विदनदास मुलतानी ॥ लेहु सुधारि चूक जहं जानी हमरी चूक सुधारहि जोई ॥ तब जानहु चतुरा जग सोई ॥ पोथी लिषी बैठि जेहि ठाऊं ॥ मुंह मिठाइ जो लीजै नाऊं ॥ सरदहा है नांउ अनूपा ॥ देस देस के जानहिं भूपा ॥ बसहिं चंदेल सकल जग जाना पष्षनपुर परगना बषाना ॥ पीर बड़े जहं सो सरकारा ॥ सूबा जहां नाम औतारा ॥ तहं एक पुरुष सिद्धि है सोई । तिनका भेद न जानै कोई ॥ अवरन तीरथ तहां सुहावा ॥ सब दुष हरन सो बाग़ लगावा ॥ सिद्ध पुरुष वह तहां विराजै ॥ जगजीवन भगत देषि दुष भाजै ॥ सोरठ ॥ अलष पेलु जेन्ह पास अलष अमूरति अलष गति ॥ सो जगजीवन दास तेन्ह यह ग्रंथ बनायऊ ॥ आपुहि बैठि लिषाइउ अवरन तीरथ तीर । तहां बाग दुष हरन है छांही सुषद गंभीर ॥ ९४३ ॥—संवत् १९०३ आस्वनि मासे सुकुल पक्षे पुर्नमासी रविवासरे तिहि दिन लिषित संपूरनं सुभमस्तु ॥ × × × ×

No. 175(*c*). Ārati by Jagajīvana Dāsa of Kuṭawā, District Bārābankī. Substance—Country-made. paper. Leaves—16. Size—7 × 5 inches. Lines per page—18. Extent—150 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1948 or A. D. 1891. Place of deposit—Ṭhākura Gaṅgā Dīna, Uharapur, Post office Varnāpur, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः । अथ आरती बड़े बाबा साहब की लिष्यते ॥ मंगल आरती ॥ जागहु जागहु अवरन कुंड । सब पापन के भागहिं भुंड । जागे ब्रह्मा जागे इन्द्र । सहस कला जागे जोगिन्द्र ॥ जागे धरती जगे अकास शिव जागे बैठे कैलास । तुम्ह जागहु जागै सब कोय । तीनि लोक उजियारो होइ । जगजीवन दास सषिधिगे सोइ । चरन सीस धरि रहे हैं जोइ । मंगल आरती ॥ एहु मंद राषहु चरनन पास काहेक भरमत फिरहु उदास । जो यह मनुवां अनतै जाइ । राषि लेहु चरनन सरनाइ । जो यह मनुवां जानै आन । तुम तजि अनतन करै पयान ॥ धरती गगन तुम्हार बनाऊ चरन सरन मन का समझाऊ ॥ दूजा और नहीं है कोइ । जल थल मह रहि अतिहि समोइ । व्यापि रहेा है सबहिन माहिं और दूसरो जानौ नाहिं ॥ न्यारे रहत हहु संतन मांहि । संत ते न्यारे कबहूं नाहिं मोहिकां परत अहै अस जानि । निर्मल जोति न्यारि निर्वान । जगजीवन दास को आस तुम्हारो । दाया करि कबहूं न बिसारो ॥

End.—आरती । आरत सत गुरु साहब करऊं । आपन सीस चरन तर धरऊं । जब तुम मोहिं का दाया कीन्हा । आई सूझि बूझि मैं चीन्हा । वास पास मैं डोलौं नाहीं ॥ गगन मंडल रहो सत को झाहीं निरषि नयन ते सुरति निहारौं रवि ससि नेग रूप मनि वारौं जगजीवन दास चरनन दियो माथ । साहब समरथ करौ सनाथ ॥ आरती ॥ आरति सतगुरु समरथ करऊं ॥ दुइ कर सीस चरन तर धरऊं ॥ निरषौं निर्मल जोति निहारी और सकल सब देव विसारी ॥ मै तैा आदि अंत का आऊं और न दूजा जानौ नाऊं ॥ तुम्हरे आउं सदा संग वासो । तुम्ह विन मनुवां रहत उदासो ॥ रहो अजान तुम दियो चेताई । जहां रहौं तहं विसरि न जाई ॥ जगजीवन दास तुम्हार कहावै जन्म जन्म तुम्हारे जस गावै ॥ इति श्री आरती बड़े बाबा साहेब को सम्पूर्ण शुभमस्तु राम राम राम ॥ चैत्रमासे कृष्ण पक्षे तिथौ १० संवत १९४८ ॥ राम राम राम राम राम राम ॥

Subject.—पृष्ठ १ से १६ तक बाबा जगजीवन दास ने अपने गुरु की आरती नाना प्रकार से गाई है । अंत में संवत् दिया है ।

No. 175 *(d)*. Līlā by Jagajīvana Dāsa of Kuṭawā, Bārā Bankī. Substance—Country-made paper. Leaves—44. Size —13 × 6½ inches. Lines per page—15. Extent—2,530 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Mahanta Guru Prasāda Dāsa, Hargāon, Post office Parbatapur, District Sultānapur (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ लीला लिष्यते ॥ श्री साहेब जगजीवन दास कृत ॥ साधो रामनाम जपु जानि कानि मन आनुना ॥ लेाक लाज दे त्यागि दे मन मरजादा ॥ हानि लाभ नहिं मानु त्यागि दे वादवेवादा । दीन लोन अंतर रहो सबै आसरा त्यागु ॥ ज्यों चीटहि गुड़ हित अहै अैसो जुक्ति गहि लागु ॥ १ ॥ मोन जलहि मा रहै जलहि तै वहु सुष पावै ॥ जल ते होत विछोह प्रान वह तुरित गंवावै ॥ अस वह अस मिरगा अहै ढुढत कस्तुरी वास ॥ पौरुष तजि तनु मुर्छेउ मोहेउ वास कि आस ॥ २ ॥

End.—साधो वे साहेब समरत्त साहेबो को कहै ॥ गढ़त भनत सोइ रहै सरब गुन करै करावै ॥ एक पुरुष यक नारि साजि दुइ जीव कहावै ॥ को जानै केहि हेत तै धरें अनेग सरूप । आपहु आप अहै बहु साहेब आपुहि निरगुन रूप ॥ १ ॥ देषहु मनहि विचारि कृपा ते मैं कहि गावौं है वह केवल नाम हिए गहि रटना लावौ ॥ मोरे और अलंभ नहिं केवल नाम अधार ॥ गुरु दाया साधुन की संगत आवै विमल विचार ॥ २ ॥ × × × × × साषी ॥ तन कागद मन रोसनी सुरति कलम गहि षांचु । देवीदास देा अच्छर रामनाम लिषि वांचु ॥ १ ॥

Subject.—आदि से अंत तक कृष्ण द्वारा अर्जन को ज्ञान, ईश्वर की लीलाओं का कथन।

No. 175 (*e*). Parama Grantha by Jagajīvana Dāśa. Substance—Country-made paper. Leaves—78. Size—6×5 inches. Lines per page—12. Extent—408 Anushṭup Ślokas. Appearance—Good. Character—Nāgarī. Place of deposit—Munśī Jaṅgābahadur, Teacher, Hargaon, Post office Parbatapur, District Sultānpur.

Beginning.—श्री गणेशायनमः। अथ परम ग्रंथ बानी साइ समरथ सत गुर जगजीवन महाराज जीउ की ॥ दोहा ॥ परम नाम ग्रंथ है पढ़ेते सुमिरन होइ ॥ साधु करहिं प्रसंन्य मन जोग ध्यान दिढ़ होइ ॥ १ ॥ साहब मैं सेवक अहौं कृपा करहु जन जानि ॥ सूझि ग्यान ते सब परै कोरति कहौं बषानि ॥ २ ॥ वंदौं सर्व देव मुनि अलष वास सब माहि ॥ सेा सुमिरौं मैं जानि मन और दोसरा नाहिं ॥ ३ ॥ सोरठा ॥ अवर दोसरा नाहिं व्यापि रहेउ जल थल महि ॥ वस रहि संतन माहि सब जग ते न्यारा रहै ॥ १ ॥ तेहिते आहैं दूरि ॥ जेा मन दूरि करि जानहि ॥ सत्य सिकिरि मन मूरि ॥ अैन नैन निरषत रहौ ॥ २ ॥ तुम सांई समरथ ॥ सोस चरन तर दीन्हेंऊं ॥ प्रगट करौ सिधि ग्रंथ ॥ पढ़े सुने ते ग्यान होइ ॥ ३ ॥

End.—जगरनाथ अवतार कर जुग प्रगट सुनायेा। जहिं जस भा अतिवार तिहि का तैसे लाह सुनि ॥ चौपाई ॥ जिहि के मन भा जस अतवारा। सेा तस समुझै करै विचारा ॥ सुनि गुनि जिय परतीत बढ़ावै। जगरनाथ के नामहिं ध्यावै ॥ नाम लेत एकहि गति होई। जहँ सुमिरै तहँ रहै समेाई ॥ समुझि ज्ञान बल हारि के रहई। कायापुर पुरसेातम लहई मंडफ वट अस्थान विराजै ॥ जगरनाथ अम्बर मति गाजै × × × × सोरठा ॥ प्रभु दाया से ध्यान, चरण के बल ते लागि दृढ़। तेा कलि कहा बखानि, सुनहु सकल संसार सब ॥ इति श्री परम ग्रंथ बानी साईं समरथ सत गुरु जगजीवन साहब की सम्पूरण शुभमस्तु ॥

Subject.—

(१) पृ० १ से पृ० ४ तक—ईश्वर प्रार्थना।
(२) पृ० ५ से पृ० ६ तक—भक्त की व्याख्या, मन की चंचलता।
(३) पृ० ७ से पृ० २२ तक—गुरू माहात्म्य, संत, समाधि वर्णे शिव पार्वती संवाद, शब्द माहात्म्य, राम रामकृष्ण एकत्व
(४) पृ० २३ से पृ० ३० तक—शिव पार्वती सम्वादान्तर्गत नारद ब्रह्मा संवाद, नाम माहात्म्य, ना० ब्र० संवाद।

(५) पृ० ३१ से ५३ तक—भक्ति का स्वरूप, जगन्नाथ अवतार

(६) पृ० ५४ से पृ० ७८ तक—संसार के सुखों की निस्सारता, मनुष्य की उनमें तल्लीनता। पाखंड की विडम्बना, कलियुग के व्यवहार, नाम जप।

No. 175(*f*). Astuti Mahavīra jī kī by Jagajīvana Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—22. Size—$6\frac{1}{2} \times 4$ inches. Lines per page—8. Extent—159 Anushṭup Ślokas. Appearance—Good. Character—Nāgarī. Place of deposit—Mahanta Guru Dāsajī, Hargāon, Post office Parbatapur (Sultānpur).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ लिषि अस्तुति महावीर जीव के जन्म, की वानी साईं समरथ सत गुरु जगजीवन महराज जीव को ॥ छंद ॥ कछुक कहि कृपा ते जन्म कर्म गाऊँ । पै महिमा समुद को कहाँ पार पाऊँ ॥ १ ॥ जवै शिव असुर कोक गन दीन्हेउँ ॥ धरै कर पहिरि सिर चहै भस्म कीन्हेउँ ॥ २ ॥ उठी मन तरक सक्ति पायो सुरारी ॥ करौं भस्म हर को हरौं दिव्य नारी ॥ ३ ॥ भगे भव भूमरि भ्रम सती लै लुकाने । सकारे अनत साम ओरे ठिकाने ॥ ४ ॥ महा दुष पायो फिरैं शिव दुरानै ॥ कृपासिंधु हित जानि चित में छोहाने ॥ ५ ॥ तवै नारि कृत कै नरोतम नचायो । करत हाथ ऊपर अपन कृत पायो ॥ ६ ॥ लियो हाथ कंगन शिवहि आनि दीन्हेउं ॥ कहा लेहु आपन बहुरि अैस कीन्हेउं ॥ घुसो भे महादेव कहां कैसे पायो । अषिल विस्व मोहन कला कै दिषायो ॥ ८ ॥

End.-रहतं न भूतं प्रेतं पिसांचादि दोषं ॥ नमः संज्ञगै लंक रूपे सरोषं ॥१०७॥ रोगे रनेसं कठोरि पुविनासे ॥ कृपा पत्र कैलास पति पाप नेसे ॥ १०८ ॥ जो चाहै विद्या पठितं पुरानं ॥ भजनं सेा ग्यानं मागै जेा ध्यानं ॥ १०९ ॥ जगजीवन दासं विनै हनुमानं विलम न कोजै दै करो सनेामानं ॥११०॥ इति श्री अस्तुति महावीर जीव के जन्म की वानी साईं समरथ सत गुर जगजीवन महाराज जीव की संपूरन सुभमस्तु श्री सम्मत १९५० ॥ लेषक रामअधीन कवि वसे रमइया ग्राम ॥ जेा प्रति देषा सेा लिषा सिद्धि करहिं श्रीराम × ....

Subject.—(१) पृष्ट १ से ५ तक—हनुमानेात्पत्ति

(२) पृष्ट ५—६ हनुमान के स्वरूपादि का वर्णन, उनका पूजन माहात्म्य, पूजाविधि।

(३) पृ० ७ से पृ० २० तक—हनुमान बल विधान, हनुमान ब्रह्म ज्योति दर्शन,

(४) पृ० २ से २२ तक—केवल प्रार्थना।

No. 175 (*g*). Śhabda Sāgāra by Jagajīvana Dāsa of Koṭawā, district Bārā Bankī. Substance--Country-made paper. Leaves—184. Size—10×6 inches. Lines per page —32. Extent—3,496 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Śamvat 1929 or A. D. 1872. Place of deposit—Parāgī Dāsa Murāū, Village Jadwāpur, Post office Varnāpur, District Bahrāich.

Beginning.—श्रो गणेशायनमः ॥ अथ शब्द सागर लिष्येत ॥ बानी साई समरथ सतगुरु ॥ मनरहु आसन मारि मढ़ी ते न डोलहु रे ॥ निरषत परषत रहहु बहुत नहिं बोलहु रे ॥ १ ॥ रजनी केवार दीन्ह सत कुंजी ते खोलहु रे ॥ २ ॥ गुरु के चरन दै सीस आस सब त्यागहु रे ॥ ३ ॥ जहां जहां तुम रहहु यहै वर मागहु रे ॥ चौक बनी चौगान चकमको की विराजै रे । रवि ससि छवि तेहि वार हंस तेहि गाजै रे ॥ ४ ॥ ब्रह्मा विष्णु शिव मन मनि निर्गुण स्थूला रे तेहि हिलि मिलि परसंग फिरहु नहिं भूला रे ॥ चमकत निर्मल रूप झलक विन होरा रे । जगजीवनदास रहु मगन बैठि तेहि तीरा रे ॥ इति शब्द ॥ तुमसों लागेा रे मोर मनुआं ॥ झल झल झल झल देषेा रूप तुम ते नाहीं और अनूप दीप्ति तुमारी अहै धूप ॥ तकि परछाहों जैसे कूप । सेा नैा बंड में सातैा दीप । जगजीवन गुलाम है तुम हैा भूप ॥

End.—पियते रहु लव लाइ सुनहु सषि मेारी ॥ कहौं सांची समुझाइ करौं नहिं चेारी । लेाक लाज कुल कानि त्याग प्रीति नाहिं तेारी ॥ मैं त्व दे सषि त्यागि सचेत हेा वेारी ॥ पांच प्रपंचहिं त्यागि डारि इन सब अरझेारी ॥ करि पचीस बहु रंग षेलबहहिं हेारी ॥ एइ सब रसहि रसाइ बांधि लै एकहि डेारी ॥ चढ़ि गढ़ गगन टक लाइ नयन रहु जेारी ॥ जगजीवन दास सत सेज सूति जुग जुग तेहि केरी ॥ सतगुरु साहिब समरथ सुनहु अरज आदि अंत का आऊं मैं कबहूं न विसारी ॥ के तेउ गुनहगार पापी तेहि लीन्हेउ तारी जब दाया तुम कियेा तब निरखि निहारी ॥ एक जेाति एक ह्वै तिन रूप निहारी । सुमिरत ब्रह्मा विष्णु शिव लाए तारी ॥ जल थल घट घट सरबमा है जेाति तुम्हारी जगजीवन दास तेहि चरन की जाऊं बलिहारी ॥ लिष्य सबद डिठियारी ॥ बृक्ष के ऊपर मंडिल बनावा ताहि मंडल एक जेागी आवा । जेागी भागि अनत का जाइ मंदिल अपने मन पछिताइ । ताहि मंदिल को गृह भयेा तामे दिशिन दुवार । ताके भीतर रहत है विधना देत अहार ॥ इति श्री सब्द सागर समाप्तम सुभम् संवंत १९२९ लिषा संतबख्श महंत नरही लखनऊ ॥

Subject.—इस पुस्तक में ईश्वरानुरागी भजन शरीर पर घटित करके वर्णन किए गए हैं और मुक्ति का द्वार ईश्वर भजन मुख्य माना गया है। कवि ने अपनी अधोनता वर्णन की है और ईश्वराराधना से जो जो मुक्ति को प्राप्त हुए हैं उनके उदाहरण बतलाए हैं।

No. 175 (*h*). Śabda Sāgāra by Jagājivanadāsa of Kuṭawā, District Bārā Bankī. Substance—Country-made paper. Leaves—472. Size—14 × 11 inches. Lines per page—18. Extent—7,434 Anushṭup Ślokas. Appearance—Good. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1940 or A. D. 1883. Place of deposit—Mahanta Guru Prasāda Dāsa, Village Hargāon, Post office Parbatapur, District Sultānpur (Oudh).

की अनित्यता की सिद्धि। भोगों का निषेध, स्त्री, पुत्र, बंधु, जनादि का निषेध। अज्ञान के निमित्त से हो नरकादि के दुःखों का वर्णन करके ज्ञानोपदेश देना। विषय सुख को विरोत बुद्धि ठहराना। जिन संबंधियों के निमित्त जीव पाप करता है उनकी रीति, शरीर से करने और न करने योग्य कार्यों का विधान। शरीर का व्यवस्था दृष्टांत देकर समझाना। आयु और यौवन की व्यवस्था का दृष्टांत। मनोज्ञ विषयों की व्यवस्था का दृष्टांत। अन्य सामिग्री को व्यवस्था। शरीर के निस्सार होने का वर्णन। (अनित्य भावना का वर्णन समाप्त) (२) अशरण भावना का वर्णन। काल के आगमन के समय कोई शरणागत पालन होने का वर्णन। मृत्यु प्राप्त हुए का शोक करने वालों के मूर्ख होने का कथन। हर्ष प्रवर्त्तत बड़े २ महा पुरुषों के लोप होने का कथन। काल की व्यापकता का वर्णन। काल के निवारण करने की सामर्थ्य किसी में भी न होने का वर्णन। प्राणियों के अज्ञान का वर्णन। (३) संसार भावना का व्याख्यान। दुःखों से व्याप्त संसार पांच प्रकार विस्तार रूप कहा है। इस पांच प्रकार के परिवर्तन स्वरूप का अन्य ग्रन्थों से जथा लेना उपदेश। सब अवस्थाओं के अनेक बार भोगे हुए का वर्णन, कुछ पसाही बार का नहीं, संसार में शत्रुता मित्रता कल्पना मात्र है (संसार भावना का वर्णन समाप्त) (४) पृ० ७१ से पृ० ११२ तक संसार भावना ही का कुछ संक्षेप वर्णन। (५) एकत्व भावना का वर्णन—प्राणी के सुख दुख के अकेले ही भोगने का वर्णन। शरीर से जीव की भिन्नता। अन्य वस्तुओं द्वारा भिन्नता दिखाना। अनन्यता को भावना का बहुमत करने का उपदेश। सब का अन्य अन्य का संबंध। चैतन्य भाव में लीन होकर मुक्त होने का उपदेश ही अन्यत्त्व भावना है—इसका संक्षेप वर्णन। (६) अशिचुत्व भावना का वर्णन—शरीर को मलिनता प्रदर्शन करा उससे घृणा कराना। संसार से विरक्त हो कर रहने वालों ही ने इस शरीर धारण का फल पाया। (७) आश्रव भावना का वर्णन। जीव का योग रूप छिद्रों द्वारा कर्म को ग्रहण करने का वर्णन। इन योगों के दो भेदों (शुभ और अशुभ) का वर्णन। आश्रव के कथन का आशय। (८) संवर भावना का वर्णन। संवर का स्वरूप। इसके दो भेदों का स्वरूप। आश्रवों के रोकने का विधान। आश्रव के कारणों के रोकने का विधान। संवर का वर्णन पूर्ण कर उसको महिमा का कथन। (९) निर्जरा भावना का वर्णन। निर्जरा का लक्षण। इसके सकाम और अकाम नामक दो भेद। दोनों के लक्षण। बाह्य तप के उपवासादि छ भेदों का वर्णन, अंतरंग के प्रायश्चित आदि छ भेद। कर्म को उत्पत्ति का अनादि काल से होना। (१०) धर्म-भावना का वर्णन। धर्म की बड़ाई करके उसको नमस्कार करना। धर्म का स्वरूप वर्णन। मेघ सूर्यादि का अस्तित्व केवल धर्म के ही कारण होने का वर्णन। धर्म को

व्यापकता के साथ हो साथ उसका महत्व। वस्तु का वास्तविक स्वरूप जाने विना धर्म की परीक्षा के साधन न होने का कथन। धर्म का प्रधान चिन्ह। (११) लोक भावना का वर्णन—लोक का स्वरूप। लोक का सामान्य भाव वर्णन। इसके विशेष हाल जानने के लिए त्रिलोक सारादिक ग्रन्थों के देखने का वर्णन। इसका संक्षेप (१२) विधि दुर्लभ भावना का वर्णन, संसार की संपूर्ण सम्पदाओं, देवताओं आदि के उपभोग्य पदार्थादि सभी सामग्रियों का सुलभ कथन कर अपने बोधि स्वभावपने का ही कठिन (दुर्लभ) बनना। बारह भावनाओं का फल तथा उसकी महिमा। भोग से वैराग्य उपजाने के लिये इन भावनाओं के मुख्य होने का कथन।

(५) पृ० ११३ से पृ० १२५ तक—ध्यान के प्रकरण का वर्णन। ध्यान का उद्यम करने की प्रेरणा। संसार में मनुष्य जन्म पाने की दुलर्भता का वर्णन। किन्हीं के मत में मनुष्य जीवन का फल पुरुषार्थ कहा जाना। पुरुषार्थ के चार भेदों अर्थात् धर्म अर्थ काम, मोक्ष का वर्णन। मोक्ष बिना उनका त्रिवर्ग नाम। मोक्ष का स्वरूप। सुख को ही प्रधान बतलाना। परमार्थिक सुख का ही नाम मोक्ष बताया जाना। साधु का लक्षण। मोक्ष का साधन सम्यग्दर्शनादिक है उसमें ही ध्यान आप गया उससे प्रगट कर ध्यान का उपदेश देना। ध्यान प्रधान होने की योग्यता का वर्णन। ध्यान का लक्षण। ध्यान न लगने का कारण तथा उसके लिये उपदेश। संसार से विरक्त होने का उपदेश। ध्यान के तीन भेद। जीव के तीन प्रकार के आशय का वर्णन। उपयोग की प्रवृत्ति तीन प्रकार की है। इन तीनों भेदों का वर्णन, प्रथम पुण्य रूप आशय, दूसरा पाप रूप अशुभ आशय, तीसरा शुद्धोपयोग आशय, इन्हीं के आश्रय, से ध्यान की उत्कृष्टता का विधान। तीनों प्रकार के ध्यान से फल प्राप्ति। इस प्रकार संक्षेप से अध्यात्म शास्त्र की अपेक्षा शुभ अशुभ शुद्ध परिणाम स्वरूप ध्यान का तीन प्रकार का स्वरूप वर्णन किया गया है और यहां ध्यान का लक्षण नामक तीसरा प्रकरण समाप्त हुआ।

(६) पृ० १२६ से पृ० १४५ तक—चतुर्थ प्रकरण। विस्तार रूप ध्यान का प्रकरण। ध्यान का चार प्रकार का लक्षण। ध्यान का स्वरूप। ध्याता के स्वरूप का विस्तार। कुछ ध्यानों का निषेध। ध्यान न होने के कारण। पाप रूप पांचों भावनाओं के त्याग का कथन। कौन कौन व्यक्ति ध्यान करने में समर्थ नहीं होते। पापाभिचार कर्म का वर्णन। संसार के अनाचार तथा वृथा सभी इच्छाओं को छोड़ कर केवल ब्रह्म के ध्यान का उपदेश। ध्यान करने में समर्थ पुरुषों का वर्णन।

(७) पृ० १४५ से पृ० १५८ तक—पंचम प्रकरण। ध्यान करने वाले ध्याता योगीश्वरों की प्रशंसा। तपस्वियों की प्रशंसा उनके गुणानुवाद के साथ। ध्यान

का फल। परमानन्द का कथन। परमेष्टी का लक्षण तथा प्रशंसा। आज कल ऐसे गुणी पुरुषों के अभाव में भी उनके गुणों के स्मरण मात्र से लाभ।

(८) पृ० १५९ से १८५ तक—षष्टम प्रकरण। सम्यग्दर्शन का वर्णन। प्राणियों की कर्म रूप बेड़ी का वर्णन, सम्यग्दर्शन के अधिकारी, इसके तीन भेदों का कथन, प्रथम, संवेग, अनुकंपा, अस्तिका चिन्ह से चिन्हित सम्यक्त का वर्णन। पचीस दोषों को छोड़ कर इसके पाने का वर्णन। तीन मूढ़ता, आठ मद, छ अनायतन और शंकादि आठ दोष मिल कर पचीस दोष हैं। सात तत्वों का वर्णन। जीव के भेदोपभेद। 'भव्य' का लक्षण। जीव तत्व का वर्णन। जीव के भावों का वर्णन। अजीव तत्व का वर्णन। बंधतत्त्व का वर्णन। हेतु सहित मोक्ष तत्व का लक्षण। सम्यग्दर्शन को मोक्षमार्ग में प्रथम स्थान मिलने का कथन।

(९) पृ० १८६ से पृ० १९४ तक—सप्तम प्रकरण। सम्यक्ज्ञान का वर्णन। कर्म के निमित्त से ज्ञान के भेद—छ भेद हैं। अनुगामि १, अननुगामी २, दीपमान ३, वर्द्धमान ४, अवस्थित ५, अनवस्थित ६। ज्ञान का लक्षण। ज्ञान के प्रकरण को पूर्ण करते हुए सम्यक्ज्ञान द्वारा ही मोक्ष प्राप्ति का साधन कहना।

(१०) पृ० १९५ से पृ० २११ तक—अष्टम प्रकरण। सम्यक् चरित्र का वर्णन। इसके पांच भेद। वर्द्धमान स्वामी द्वारा इसके तेरह भेद कहने का कथन। व्रत की परिभाषा। अहिंसा महाव्रत का वर्णन—हिंसा के ४३२ भेदों का कथन, हिंसा की बुराइयां। मांस भक्षियों इत्यादि के नर्क में जाने का कथन। जीव धर्म को धर्म माननेवाले शास्त्रों का निषेध। अहिंसा व्रत के लाभ और उसकी महत्ता। संपूर्ण सुख दुखों का विकास हिंसा से ही समझने का कथन और शील तथा व्रतों में उसके प्रधानत्व का वर्णन।

(११) पृ० २१२ से पृ० २२५ तक—नवां प्रकरण—सत्य महाव्रत स्वरूप। सत्यासत्य निर्णय। सत्य पालन के कुछ नियम। संसार में मिथ्यात्व की प्रबलता का वर्णन। पारस्परिक वार्तालाप के सम्बन्ध में कुछ उपकारी शिक्षाएं। असत्य-वादियों की निन्दा।

(१२) पृ० २२६ से पृ० २३२ तक—दसवां प्रकरण। अस्तेय महा व्रत का वर्णन। अदत्त वस्तु के ग्रहण न करने वाले को मोक्ष प्राप्ति का कथन। पर धन हारी दुष्ट को निन्दा।

(१३) पृ० २३२ से पृ० २४६ तक—ग्यारहवां प्रकरण—ब्रह्मचर्य महाव्रत का प्रकरण। इस व्रत की प्रशंसा। ब्रह्मचर्य में असमर्थ रहनेवालों का वर्णन। दस प्रकार के मैथुनों के छोड़ने का आदेश। मैथुन की निन्दा। काम के प्रकोप से

जो दोष होते हैं उनका वर्णन। काम रूपी सर्प के डसे हुए जीवों के दश वेगों का वर्णन। काम के वशीभूत जीवों को दीनता का वर्णन।

(१४) पृ० २४६ से पृ० २६३ तक-स्त्री पर्याय की निन्दा। बारहवां प्रकरण। ध्यान, स्पर्श, बातचीत सभी अवस्थाओं में स्त्रियों के निषेध उनके दुर्गुणों के कथन के साथ। स्त्रियों के चरित्र की गहनता का वर्णन, स्त्रियों के मन की चंचलता का वर्णन। स्त्रियों में स्थित मोहनी विद्या का वर्णन। कुटिल स्त्रियों के स्वभाव का वर्णन। स्त्रियों के दोष समूह को पूर्ण करके उनसे बचने का उपदेश।

(१५) पृ० २६४ से पृ० २६९ तक—तेरहवां प्रकरण। मैथुन का वर्णन। मैथुन से उत्पन्न हुए सुख के मिथ्यात्व का वर्णन। मैथुन से कामेच्छा शान्त न होने प्रयुत बढ़ने ही का वर्णन। अज्ञानियों का ही स्त्री में रमण करने का वर्णन, तत्त्व ज्ञानी का नहीं।

(१६) पृ० २६९ से पृ० २८२ तक—चौदहवां प्रकरण। स्त्रियों के संसर्ग की निन्दा, स्त्री के मुखावलोकन करने से जीवों का संयम रूपी रत्न के अवश्य ही नष्ट होने का कथन। स्त्री संसर्ग होने पर पुरुष की अवस्थाएं। स्त्री संसर्ग से मनुष्य को पापाचरण में प्रवृत्ति होने का वर्णन। स्त्री के कटाक्ष बाणादि से सतर्क रहते हुए वैराग्य रूपी कवच से रक्षित रहने का आदेश।

(१७) पृ० २८३ से पृ० ३०० तक-पन्द्रहवां प्रकरण। वृद्ध सेवा का वर्णन। गुरुजन सेवा के फल। वृद्धों का स्वरूप। वृद्ध तथा तरुण का भेद। ज्ञान वृद्ध को ही वृद्ध मान कर उसकी सेवा का कथन। यहां, काम के प्रकोप, मैथुन, स्त्री के स्वरूप और संसर्ग के वर्णन के साथ ही साथ ब्रह्मचर्य नामक महाव्रत समाप्त हुआ।

(१८) पृ० ३०१ से पृ० ३१९ तक—सोलहवां प्रकरण। परिग्रह त्याग महाव्रत का वर्णन। परिग्रह के दोष, परिग्रह के भेद, बाहर के परिग्रह १० और अंतरंग के चौदह परिग्रहों की नामावली। इन दोनों प्रकार के परिग्रहों को त्यागने का वर्णन। इस त्याग से संसार बंध से मुक्त होने का वर्णन।

(१९) पृ० ३२० से पृ० ३३० तक—सत्रहवां प्रकरण। आशा के निषेध का वर्णन। परिग्रह त्याग की सिद्धि के लिये प्रथम ही आशा के त्याग देने का वर्णन। आशा के न रोकने से हानि। आशा से हानि। निराशा से लाभ। पांच महाव्रतों का वर्णन पूर्ण हुआ।

(२०) पृ० ३३१ से ३४४ तक—अठारहवां प्रकरण। महाव्रत शब्द का अर्थ। उपरोक्त पांच महा व्रतों की शुद्धता के लिये पच्चीस भावनाओं का कथन। इनके

नाम तत्वार्थ सूत्रादि की टीका में प्रसिद्ध होने के कारण नहीं लिखे। पांच समितियों का कथन। समितियां, ईर्ष्या, भाषा, एषण, आदान, निक्षेपण और उत्सर्ग। प्रवर्तन अथवा तीनों योगों को तीन गुप्तियों का होना बताना, पांच समिति और तीन गुप्तियों का भिन्न भिन्न स्वरूप कथन, सम्यग्दर्शन ज्ञान चरित्र की समाप्ति के साथ ही साथ रत्न त्रय के वर्णन के अन्त में उसको व्यवहार में लाने वाले की मोक्ष का वर्णन।

(२१) पृ० ३४५ से पृ० ३६० तक—उन्नीसवां प्रकरण। क्रोध कषाय का वर्णन। क्रोध के निवारण तथा शान्ति के धारण करने का कथन। क्षमा की बड़ाई। मोक्षाभिलाषियों को क्रोध से ग्लानि करने का उपदेश। शत्रुओं पर भी क्रोध न करने का उपदेश, उपसर्ग आने पर शमभाव रहे तभी उपशम भाव की प्रशंसा होने का वर्णन। मान कषाय का वर्णन। मान तथा मानी पुरुष की निन्दा। माया कषाय का वर्णन। लोभ कषाय का वर्णन। सामान्य रूप से चारों कषायों को दूर करने का उपदेश। बाह्य कारणों के त्याग का उपदेश। कारणों के होते हुए भी लोभादि न करने वालों की प्रशंसा।

(२२) पृ० ३६१ से ३७९ तक—बीसवां प्रकरण—इन्द्री निग्रह का वर्णन। संयमी को कषायों को जीतने का उपदेश। सुख दुख की मीमांसा। कषायों का वश करने का उपाय। इन्द्रियों के विना योगियों के सुख का वर्णन। इन्द्रियों के वश में रहने वालों के दुःखों का वर्णन। संयमियों का इन्द्रियों के विषय में सचेत रहने का कथन।

(२३) पृ० ३८० से ३८९ तक—इक्कीसवां प्रकरण। तीन तत्वों का प्रकरण। आत्मा की सामर्थ्य का वर्णन, तीनों तत्वों को स्पष्ट करना। पृथ्वी तत्व का स्वरूप, जल तत्व का स्वरूप, अग्नि तत्व का स्वरूप, वायु तत्व का रूप, इन चारों तत्वों सहित ही गरुड़ का स्वरूप, काम तत्व का रूप, उक्त प्रकार की तीन तत्व रूपी समस्त चेष्टाएं इस आत्मा ही की चेष्टा होने का कथन। आत्मा का वर्णन।

(२४) पृ० ३८९ से ४०० तक—बाइसवां प्रकरण। अन्य मतियों के अष्टांग योग के नाम—यम नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। इनमें से यम नियम को छोड़ शेष षष्टांग को मानने का कथन। अन्य मतानुसार योग की सिद्धि का कथन। इस विषय में अपने पूर्वाचार्यों का मन्तव्य। मनोरोध का वर्णन, मन के व्यापार का वर्णन।

(२५) पृ० ४०१ से पृ० ४१२ तक—तेईसवां प्रकरण। रागादि के दूर करने का उपदेश। रागों के दूर करने के लाभ तथा उपाय और उनमें फंस जाने से हानि। राग द्वेष के वर्णन के पश्चात् उसके मूल कारण मोह का वर्णन।

(२६) पृ० ४१२ से पृ० ४२६ तक—चौबीसवां प्रकरण। साम्य का वर्णन। साम्य भाव का लक्षण, साम्य भाव को ग्रहण करने के लाभ, साम्य भाव ग्रहण की योग्यता। साम्य भाव का फल, महात्म्य। साम्य के प्रभाव का वर्णन। साम्य को ध्यान के प्रधान अंग मानने का वर्णन।

(२७) पृ० ४२७ से ४४२ तक—पच्चीसवां प्रकरण। ध्यान का वर्णन। ध्यान के उपदेश का कारण, ध्यान के लाभ। अप्रशस्त ध्यान का लक्षण। ध्यान का स्वरूप। ध्यान के भेद। प्रथम अति ध्यान का स्वरूप और लक्षण। इसके चार भेद। अनिष्ट संयोगनामा अति ध्यान का स्वरूप। इष्ट वियोगनामा अति ध्यान का स्वरूप। तीसरे तथा चौथे अति ध्यान का वर्णन। इस प्रकार अति ध्यान का वर्णन करके अप्रशस्त ध्यान के त्यागने का आदेश।

(२८) पृ० ४४३ से पृ० ४५४ तक—छब्बीसवां प्रकरण। रौद्र ध्यान का वर्णन। रौद्र ध्यान के चार भेद। रौद्र की परिभाषा। हिंसानंद नामा रौद्र ध्यान का वर्णन। मृषानंद नामा रौद्र ध्यान का वर्णन। चौर्यानन्द नाम के तीसरे भेद का वर्णन। विषन संरक्षण नामा रौद्र ध्यान के चौथे भेद का वर्णन। इसके अन्तर्गत लेश्या तथा चिह्नादिक का वर्णन। अति रौद्र ध्यानों का संक्षेप।

(२९) पृ० ४५५ से पृ० ४६३ तक—सत्ताइसवां प्रकरण। धर्म ध्यान का स्वरूप, मैत्री भावना का वर्णन। प्रमोद भावना का वर्णन, मध्यस्थ भावना का वर्णन। ध्यान के योग्य तथा अयोग्य स्थान का वर्णन। दूषित स्थानों का कथन।

(३०) पृ० ४६४ से पृ० ४६८ तक—अट्ठाईसवां प्रकरण। ध्यान के योग्य स्थानों का वर्णन, आसन का विधान, आसन के जीतने का विधान।

(३१) पृ० ४६८ से पृ० ५०४ तक—उन्तीसवां प्रकरण। प्राणायाम का वर्णन। पवन स्तम्भन विधान, उसके तीन प्रकार, तीनों का स्वरूप, उनके अभ्यास से लाभ, पवन मंडल के चतुष्टय का स्वरूप, चारों के नाम और अनुक्रम, उनके स्वरूप, उनके जानने के लिये चिह्न, वह्नि मंडल पवन की उत्तमता और नाड़ी की शुद्धि आदि का विचार।

(३२) पृ० ५०५ से पृ० ५११ तक—प्रत्याहार धारणा का वर्णन। तीसवां प्रकरण। मन को कहां कहां लगावें, इसका वर्णन। इन्द्रिय निग्रह का उपदेश। ललाट के अतिरिक्त ध्यान के अन्य स्थान।

(३३) पृ० ५१२ से पृ० ५२६ तक—इकतीसवां प्रकरण। वीर्य सहित ध्यान करने का वर्णन। ध्यान करने की प्रतिज्ञा करने का विधान। परमात्मा और आत्मा को एक करने का विधान।

(३४) पृ० ५२६ से पृ० ५६० तक—बत्तीसवां प्रकरण—बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा का निश्चय करके उनके शुद्धोपयोग का वर्णन। बहिरात्मा और अन्तरात्मा के ज्ञान में भेद। इन्द्रियों के विषय में आत्म बुद्धि के छोड़ने का प्रकार। मन को विकल्प रहित करने का उपदेश। आत्मज्ञान की आवश्यकता। बंध के अभाव न होने के कारण। देह के त्यागने में भी शंका न करने का विधान, आत्म ज्ञानी सम्यग्दृष्टि के सर्व अवस्थाओं में कर्मों के निर्जरा होने का कथन, आत्मा के आत्मा का आराधन करने से उसे परमात्मा हो जाने का विधान। आत्मा के अमरत्व का कथन, तीव्र तपाचार करने का लाभ।

(३५) पृ० ५६१ से पृ० ५७० तक—धर्म ध्यान के भेदों का वर्णन। तेतीसवां प्रकरण। धर्म ध्यान की सिद्धि का उपाय। धर्म ध्यान के भेदों का कथन—आज्ञा विचय १० अपाय विचय २० विपाक विचय ३० और संस्थान विचय। आज्ञा विचय नामा धर्म ध्यान का वर्णन। श्रुत ज्ञान का वर्णन। श्रुत ज्ञान की महिमा। यहां आज्ञा विचय नामक धर्म ध्यान का प्रथम भेद विवर्णित हुआ।

(३६) पृ० ५७१ से ५७६ तक—चौंतीसवां प्रकरण। अपाय विचय नामा धर्म ध्यान के दूसरे भेद का वर्णन। उपाय तथा अपाय देखने का आत्मा की सिद्धि के लिये निश्चय करने का उपदेश।

(३७) पृ० ५७७ से पृ० ५८४ तक—पैंतीसवां प्रकरण। विपाक विचय नामक धर्म ध्यान के तीसरे भेद का वर्णन। जीवों के कर्म समूह निश्चित द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावरूप चतुष्टय को पाकर, इस लोक में अनेक प्रकार से अपने नामानुसार फल का कथन। कर्म की मूल प्रकृतियां ८ होने का वर्णन, उनके भेदान्तर।

(३८) पृ० ५८५ से ६३१ तक—छत्तीसवां प्रकरण। संस्थान विचय नामक धर्म ध्यान के चौथे भेद का वर्णन। इस ध्यान में लोक का स्वरूप विचारे जाने के कारण लोक का वर्णन। लोक की स्थिति तथा दशा का वर्णन। इह लोक तीन लोक का आधार, पवनादि के द्वारा लोक का स्थिर रहना। लोक के विस्तारादि का वर्णन। अधो लोक में जो नारकियों की निवास-भूमि है उनका वर्णन। उन पृथ्वियों की दशा। नर्कों में प्रवेश करने वाले जीवों का कथन और उनके कष्टों का दिग्दर्शन। मध्य लोक का वर्णन। ऊर्ध्व लोक का वर्णन। स्वर्गों का वर्णन। वहां के सुख एश्वर्य्य का वर्णन। इन्द्र इत्यादि देव वर्णन। इन्द्रासन पाने वाले व्यक्ति के सब कृत्यों का सूक्ष्म वर्णन। दशांग भोगों के नाम।

(३९) पृ० ६३२ से ६४३ सैंतीसवां प्रकरण। संस्थान विचय नामा धर्म ध्यानान्तर्गत पिंडस्थ, पदस्थ, रूपस्थ और रूपातीत इस प्रकार ध्यान के जो चार भेद

हैं उनका वर्णन। पिंडस्थ ध्यान की पांच धारणाओं का कथन, पार्थवी धारणा का स्वरूप। आग्नेयी धारणा का वर्णन। निश्चल अभ्यास से अपने नाभि मंडल में १६ ऊंचे ऊंचे पत्रों के कमल के ध्यान करने का वर्णन। महामंत्र का स्वरूप। चिन्तवन का प्रकार। हृदयस्थ कमल का विशेष स्वरूप। मारुती नाम धारणा का स्वरूप। वारुणी धारणा का वर्णन। तत्व रूपवती धारणा का वर्णन। पिंडस्थ ध्यान पूर्ण हुआ।

(४०) पृ० ६४३ से ६८२ तक—अड़तीसवां प्रकरण। पदस्थ ध्यान का वर्णन। वर्णमातृ का ध्यान विधान, मन्त्रराज का ध्यान, मंत्रराज के ध्यान का विधान, मंत्रराज के विषय में मत, उसकी यथार्थिकता, उसके ध्यान की विधि अन्य प्रकार से ध्यान, प्रणव मंत्र के ध्यान का विधान, इसका विशेष विधान, पंच परमेष्टी के नमस्कार रूप मंत्रों के ध्यान का विधान, षोड़षाक्षरी विद्या का कथन। तेरह अक्षर का मंत्र। पंच अक्षर मयी मंत्र। आठ पत्रों के एक कमल का चिंतवन करने का कथन, इस माया वर्ण के चिंतवन का विधान। इस मंत्र की महिमा, अन्य विद्या का वर्णन, पाप भक्षिणी विद्या के अक्षर। इन मंत्रों से मुक्ति का विधान।

(४१) पृ० ६८३ से पृ० ६९७ तक—उन्तालीसवां प्रकरण। रूपस्थ ध्यान का वर्णन। सर्वज्ञ को सम्यक् प्रकार से निश्चय करने का विधान। उसके ध्यान का नियम, सर्वज्ञ को मति, श्रुत और अवधि इन तीन ज्ञान सहित योगी मुनियों के भी अगोचर होने का कथन, मुनि के निरंतर भगवान के स्वरूप में अपने मन को लगाने का वर्णन, यहां अरहंत सर्वज्ञ सर्व अतिशयों से पूर्ण का ध्यान करना कहा है।

(४२) पृ० ६९८ से ७०८ तक—चालीसवाँ प्रकरण। रूपातीत ध्यान का वर्णन। बुरे ध्यान का निषेध। खोटे ध्यान करनेवालों के नर्क में पड़ने का विधान। रूपातीत ध्यान का लक्षण। शक्ति और व्यक्ति भिन्न भिन्न मानने में अविरोध का हेतु, कर्म रहित परमात्मा का स्वरूप। ध्याता और ध्येय में द्वैत भाव न रहने का कथन।

(४३) पृ० ७०९ से पृ० ७१८ तक—इकतालीसवां प्रकरण। धर्म ध्यान के फल के वर्णन के साथ कुछ उपदेश। मन को राग द्वेष रूप में परणित न करने की आज्ञा। चित्त स्थिर न होने की दशा में बारह भावनाओं के चिन्तवन करने का वर्णन। शुक्ल ध्यान के अधिकारी। शुक्ल ध्यान को कठिन समझ धर्म ध्यान की रीति वर्णन। धर्म ध्यान का फल।

(४४) पृ० ७१९ से पृ० ७५२ तक—बयालीसवां प्रकरण। शुक्ल ध्यान का वर्णन। धर्म ध्यान की प्रेरणा का कथन। शुक्ल ध्यान का निरूपण। शुक्ल ध्यान

के अधिकारी मुनियों के गुणों का वर्णन। शुक्ल ध्यान के चारो भेदों—(पृथक्त्व वितर्क, एकत्व वितर्क, सूक्ष्म क्रिया प्रति पाति, व्युपरत क्रिया निवृत्ति) में प्रथम दो छद्म योगी अर्थात् बारहवें गुण स्थान पर्यन्त अल्प ज्ञानियों के निमित्त हैं और अंतिम दोनों राग द्वेष रहित ज्ञानियों के लिये हैं—चारो के लक्षण। पृथक्त्व वितर्क विचार नामक शुक्ल ध्यान का वर्णन, एकत्व वितर्क विचार नामक शुक्ल ध्यान का वर्णन, केवल ज्ञान की महिमा का वर्णन। सूक्ष्म क्रिया प्रतिपातिध्यान का वर्णन। समुच्छिन्न क्रिया नामक शुक्ल ध्यान का वर्णन। मोक्ष का वर्णन। सिद्ध भगवान के गुणों की महिमा का वर्णन। शास्त्र का उपसंहार। शास्त्र की समाप्ति।

ग्रन्थ निर्माण काल—संवत्सर विक्रम तनूं अष्टादश सति जानि।
साठि उपर नौ माघ सुदि पंचमि भृगु दिन मानि॥

ग्रन्थ पठन पाठनादि क्रियाओं का फल।

Note.—'ज्ञानार्णव नामक' ग्रन्थ संस्कृत में श्री शुभ चन्द्राचार्य का निर्माण किया है। इसी की टीका जयपुर निवासी श्री जयचन्द्र जी की लिखी हुई है यह ग्रन्थ रायचन्द्र जैन शास्त्र माला की ओर से प्रकाशित भी हो चुका है—उसके संपादक हैं पं० पन्नालाल जी बाकलीवाल। इस ग्रन्थ की भूमिका श्री नाथूराम जी प्रेमी ने योग्यता पूर्वक लिखी है। उसमें उक्त महाशय, कवि का कविता काल ग्यारहवीं शताब्दी निश्चित करते हैं। मूल ग्रन्थ बड़ा ही रोचक, सरल और गंभीर भावों को लिये हुये है। टीकाकार ने यथा संभव योग्यता के साथ विवेच्य विषयों का विवेचन किया है। छपे ग्रन्थ के आदि में कवि की एक जीवनी भी लिखी है। मूल ग्रन्थ के निर्माता शुभ चन्द्राचार्य को प्रसिद्ध भर्तृहरि जी का बड़ा भाई बताया है। यह दोनों सिंहल के पुत्र थे। इनके योग लेने के पश्चात् सिंहल के महाप्रतापी भोज राजा उत्पन्न हुए। कहा जाता है इस ग्रन्थ की दो एक टीका और भी हैं किन्तु उनका अब पता नहीं चलता। ग्रंथ में आदि से अंत तक ज्ञान का ही वर्णन हुआ, अतः उसका नाम ज्ञानार्णव सार्थक है।

No. 187(*b*). Samaya Sāra Bhāshā Bachanikā by Jayachanda of Jaipur. Substance—Country-made paper. Leaves—866. Size—$13\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—11. Extent—10,875 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Written in Prose and verse. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1864 or A. D. 1807. Date of manuscript—Samvat 1912 or A. D. 1855. Place of deposit—Śrī Jaina Mandira (Baḍā), Bārā Bankī (Oudh).

Beginning.—ओं नमः सिद्धेभ्यः ॥ अथ समय सार ग्रंथ की वचनिका लिखिये हैं ॥ दोहा—श्री परमातम कूं प्रणमि सारद गुरू मनाय। समय सार सासन करूं देस वचन मम भाय ॥ १ ॥ शब्द ब्रह्म पर ब्रह्म के वाचक वाचानि योग ॥ मंगल रूप प्रसिद्ध दो नमैं धर्म धन भोग ॥ २ ॥ चौपाई ॥ नयन पल हइ सार शुभ वार ॥ पय पय दहइ मार दुख कार ॥ लय लय गहइ पार भवधार ॥ जय जय समय सार अविकार ॥ ३ ॥ छप्पय ॥ शब्द अर्थ अरु ज्ञान समय त्रय आगम गाये। मत सिद्धान्त अरु काल भेद त्रय नाम बताये इनहि आदि शुभ अर्थ समय वच के सुति येवहु ॥ अर्थ समय में जोव नाम है सार सुनू सुहु ॥ तामें जु सार विन कर्म मल शुद्ध जोव श्रु धनय कहै। सेा ग्रंथ माहि कथनी सवै ॥ समय सार बुध जन गहै ॥ ४ ॥ नामादिक वह ग्रंथ मुख ता में मंगल सार। विघन टरन नास्तिक हरन शिष्टाचार उचार ॥ ५ ॥ ऐसे मंगल पूर्वक प्रति ज्ञान करि श्री कुंद कुंद नाम आचार्य्य कृत प्राकृत गाथा वंध समय प्राभृत नाम ग्रंथ है ताको संस्कृत टीका श्री अमृतचंद्र आचार्य्य कृत आत्मा ख्याति नाम है ॥ ताको देश भाषा मय वचनिका लिखिये है—तहां इस ग्रंथ के होने का संबंध ऐसा है जो श्री वर्द्धमान स्वामी अंतिम तीर्थंकर देव सर्वज्ञ वीतराग परम भट्टारक कूं निर्वाण पधारे पीछै पांच श्रुत केवली भये तिनमें अंत श्रुत केवली श्री भद्रबाहु स्वामी भये तहां तांई तेा द्वादशांग शास्त्र के प्ररूपणा तै व्यसेष ज्ञान को व्युच्छित्त हुई।

End.—अब अन्त मंगल के अर्थ परमेष्टी कूं नमस्कार करि ग्रंथ समाप्त करिये है ॥ छप्पय ॥ मंगल श्री अरहंत घातिया कर्म निवारै। मंगल सिद्ध महंत कर्म आठू पर जारै ॥ आचारज उझाय सुनो मंगल मय सारैं। दिक्षा शिक्षा देय भव्य जीवनि कूं तारै। आठ वीस मूल गुण धार जे सर्व साधु अणगा रहै, मैं नमूं पंच गुरु चरण कूं मंगल हेतु करार है ॥ १ ॥ × × ×

इति श्री मत्कुंद कुंदाचार्य्य कृत समय प्राभृत नाम प्राकृत गाथा वंध ग्रंथ की अमृतचंद आचार्य्य कृत आत्म ख्याति नाम संस्कृत टीका के अनुसार यह संक्षेप भावार्थ मा प्रदेश देश भाषा मय वचनिका संपूरणम् ॥ मिती जेठ सुदी १५ गुरुवासरे ११ संवत् १९१२ ॥

Subject.—(१) पृ० १ से पृ० १४ तक—ग्रंथ अभिप्राय। मंगलाचरण, समय सार प्रशंसा। इस वचनिका के निर्माण संबंधी मुख्य तोन प्रयोजनों का उल्लेख, अन्य प्रयोजन

(२) पृ० १५ से पृ० ३२ तक—ग्रंथ की पीठिका।

(३) पृ० ३३ से पृ० १९१ तक—प्रथम जीवाजीव अधिकार, टीकाकार द्वारा रंग भूमि का अथल बांधा जाना, मंगलाचरण, जोव नामा पदार्थ का

स्वरूप, जीव अजीव रूप घट द्रव्यात्मकालोक हैं, उनमें धर्म अधर्म आकाश काल यह चार द्रव्य तो स्वभाव परिणत स्वरूप ही होने का कथन, जीव और पुद्गल द्रव्य के अनादि संयोग से विभाग परिणतिर्भ्य है उससे पुद्गल स्पर्श, रस गंध, वर्ण, शब्द रूप मूर्तीक है, उसको देख कर जीव राग दोष मोह रूप परिणमे और इसके निमित्त से पुद्गल कर्म रूप हो जीव से बंधे हैं, इस प्रकार इनको अनादि से बंध अवस्था है सो जब निमित पाप रागादिक रूप परिणमै तब निर्माण कर्म नहीं बंधता है, पुरातन कर्म छूट जाय तब मोक्ष होय, ऐसे जीव के समय पर समय की प्रवृत्ति होती है। जब जीव सम्यग्दर्शन ज्ञान चरित्र स्वरूप अपना स्वभाव रूप परिणमे तब समय हो और मिथ्या दर्शन ज्ञान चरित्र रूप परिणामे उतने पुद्गल कर्म के विषै तृष्णा पर समय है। संसार में जीव के भ्रमण करने और दुख पाने का वर्णन। जीव की व्याख्या। शुद्धाशुद्ध नयका सत्यासत्यार्थ कथन। सम्यक्त का लक्षण। आत्मा को बद्ध, स्पष्ट, अन्य, अनियत, विशेष और संजुक्त इन पांच भावों से रहित होने का कथन। सम्यक् ज्ञान स्वरूप, अज्ञानी का लक्षण, अज्ञानी को समझाने की रीति, जीव तथा शरीर की भिन्नता का वर्णन, एक प्रत्याख्यान का उत्तर। जीव अजीव दोनों पाप रूप होकर एक प्रतिसभा में आते हैं, उनके प्रकार। जीव के अशुद्ध स्वरूप समझने वालों का निषेध। अध्यवसानादि भावों का जीवन होने का कथन। परमार्थ रूप जीव का स्वरूप। वर्णादि भाव जीव का व्यवहार न होने का कथन।

(४) पृ० १९२ से पृ० ३१४ तक—कर्त्ता कर्म नामा दूसरा अधिकार। अज्ञानी जीव की क्रोधादि क्रियाएं कर्म बंधन करने वाली हैं। आश्रव तथा आत्मा का भेद, आश्रव से निवृत होने का विधान, आश्रव से निवृत हुए आत्मा का चिन्ह, आश्रव और आत्मा का भेद ज्ञान प्राप्त आत्मा को कर्त्ता कर्म भाव न होने का कथन। जीव और पुद्गल आत्मा के भोक्ता भाव न होने का कथन। व्यवहार नय में आत्मा 'पुद्गल' कर्म का कर्त्ता मानने में दोषोद्भावना। मिथ्यात्वादि आश्रवों को जीव अजीव भेद करके दो प्रकार का मानना, दो प्रकार कहने का हेतु, पुद्गल के कर्मरूप होने का कथन, आत्मा मिथ्यात्वादि भाव रूपों में परिणमे तब कर्म का कर्त्ता नहीं है ऐसे कहा है, व्यवहारी जीवों द्वारा पुद्गल कर्म का कर्त्ता आत्मा को कहते हैं सो अज्ञान है। आत्मा के योगोपयोग का कथन। जीव का कर्त्ता माना जाना केवल व्यवहार नय न ऐसा कथन। जीव तथा आश्रवों के भेद, अभेद कहने में दूषण। सांख्यमती और प्रकृति को अपरिणामी कहते हैं उसका निषेध कर पुरुष और पुद्गल को परिणामी कहना। ज्ञान से ज्ञान भाव और अज्ञान से अज्ञान भाव के उपजने का कथन। अज्ञानी जीव द्रव्य कर्म बंधने को निमित्त होता है ऐसा

कथन। पुद्गल का परिणाम जीव से न्यारा होने का कथन। जीव का परिणाम पुद्गल से न्यारा होने का कथन।

(५) पृ० ३१५ से ३४४ तक—पुण्य पाप नामा तीसरा अधिकार। शुभाशुभ कर्म के स्वभाव का वर्णन। कर्मबंध के कारण, ज्ञान को मोक्ष का कारण कथन करना। व्रतादिक पालन से मोक्ष न होने का कथन, मोक्ष साधने वाले का स्वरूप, परमार्थ स्वरूप मोक्ष का कारण कह अन्य का निषेध, कर्म मोक्ष के कारण का घात करता है, इसका दृष्टांत कर्म का आप बंध ही स्वरूप होने का कथन। सम्यक् दर्शन का प्रतिपक्षी घातक। सम्यक् का प्रतिपक्षी मिथ्यात्व कर्म कथन। ज्ञान का प्रतिपक्षी अज्ञान। चारित्र का प्रतिपक्षी कषाय होने का कथन।

(६) पृ० ३४५ से पृ० ३७४ तक—आश्रव नामा चौथा अधिकार। आश्रव का स्वरूप, मिथ्यात्व अविरत योग कषाय के जीव अजीव नाम से दो प्रकार के होने का कथन। उन्हीं के कर्मबंध होने का कारण मानना। ज्ञानी में उनका अभाव कथन। रागादि के अज्ञान मयी परिणामों को ही आश्रव मानना। रागादिक बिना जीव का भाव है, उसकी संभावना दिखाया जाना। ज्ञानी के द्रव्य भाव आश्रव का अभाव, ज्ञानी के निराश्रव होने का कारण, ज्ञानी और अज्ञानी के आश्रव का सद्भाव और अभाव का सयुक्तिक वर्णन। ज्ञानी के बंधन होने का कारण।

(७) पृ० ३७५ पृ० ३९४ तक—संवर नामा पांचवां अधिकार। संवर का मूल भेद विज्ञान बताया जाना। उसकी रीति। भेद विज्ञान ही से संवर होने का दृष्टांत। भेद विज्ञान से शुद्धात्मा की प्राप्ति हो कर उससे संवर होने का विधान। संवर होने का प्रकार। संवर होने का अनुक्रम।

(८) पृ० ३९५ से पृ० ४७८ तक—निर्जरा नामा छठवां अधिकार। द्रव्य निर्जरा का स्वरूप, भाव निर्जरा का स्वरूप, ज्ञान की सामर्थ्य, वैराग्य की सामर्थ्य ज्ञान वैराग्य की सामर्थ्य को स्पष्ट करके दिखाना। सम्यग्दृष्टी के आपा पर का जानने का सामान्य विशेष का विधान। उस विधान से वैराग्य होने का कथन। सम्यग्दृष्टि के रागी न होने का कथन। आत्मा के पद का ज्ञापक स्वभाव होने का कथन, उसके ज्ञान विषय भेद हैं सो वह कर्म के क्षयोपशम के निमित्त से है ऐसा कथन, ज्ञानी का उसे ज्ञान से हो पाने का कथन ज्ञानी को पर के ग्रहण करने का उत्तर, ज्ञानी के परिग्रह के त्याग का विधान, इस विधान से कर्म के त्यागने वाले का कर्म से न लिप्त होने का कथन, कर्म के फल को वांछा कर के कर्म करै तो कर्म में बिना लिप्त हुए ही कांक्षा कर्म को करै तो भी कर्म में लिप्त न

होय, इसका दृष्टांत द्वारा कथन। सम्यक्त के आठ अंग हैं सो प्रथम तो सम्यग्दृष्टि निःशंक होते हैं, सात भयों से रहित होते हैं इसका कथन, फिर निकांक्षित निर्विचिकित्सा उपगूहन वात्सल्य स्थिति करण प्रभावना, इनका निश्चय नय को प्रधानता दे कर वर्णन है।

(९) पृ० ४७९ से पृ० ५५२ तक—'बंध' नामा सातवां अधिकार। बंध न होने का वर्णन। मिथ्या दृष्टि के बंध हो उसके आशय का प्रगट कथन। मिथ्या दृष्टि के आशय को प्रथम अज्ञान कहने का उदाहरण द्वारा स्पष्टी करण। मिथ्या दृष्टि का आशय अज्ञान भाव रूप है उसी को बंध का कारण बतलाना वाह्य वस्तु के निश्चय नय कर बंध का कारण पने का निषेध, मिथ्या दृष्टि के अज्ञान रूप अध्यवसाय से अपने आत्मा को अनेक अवस्था रूप करने का कथन, अध्यवसाय की व्याख्या, अध्यवसाय का निषेध व्यवहार नय का ही निषेध है। केवल व्यवहार के ही आलंबन करने वाले का नाम ही मिथ्या दृष्टि बताया जाना। व्रत समिति गुप्तियाते हैं ग्यारह अंग पढ़ते हैं तो भी उनके मोक्ष न होने का कथन। निश्चय व्यवहार का स्वरूप। रागादिक भावों का निमित्त आत्मा है अथवा पर द्रव्य है, इसका उत्तर।

(१०) पृ० ५५३ से पृ० ५९६ तक—'मोक्ष' नामा आठवां अधिकार। मोक्ष का स्वरूप, केवल इसके स्वरूप को समझ कर ही मोक्ष प्राप्त न होने का कथन। बंध के छेद विना उससे न छूटने का विधान। बंध को चिंता किये भी उससे न छूटने का विधान, बंध से छूटने का कारण। बंध का छेद किससे करे इसका उत्तर। आत्मा को चैतन्य मात्र ग्रहण करना, तहां चेतना दर्शन ज्ञान स्वरूप है उसके बिना नहीं है। पर धन ग्रहण करने वाला अपराधी है ऐसा कथन। अपराध का स्वरूप। आत्मा के निर्दोष होने का कारण।

(११) पृ० ५९७ से पृ० ८६६ तक—सर्व विशुद्ध ज्ञान रूप आत्मा का नवां अधिकार। आत्मा में पर द्रव्य का कर्त्ता, भोक्तापने का अभाव। चार गाथाओं द्वारा कर्त्तापने का अभाव। अज्ञान की सामर्थ्य। अज्ञानी को मिथ्या दृष्टि बताया जाना। ज्ञानी का कर्म भोग का भोक्ता न होने का कथन। अज्ञानी का कर्म फल भोक्ता होने का कथन। जो लोग आत्मा को कर्त्ता मानते हैं उनको मोक्ष न होने का कथन। अज्ञानी को उसके भाव कर्म का कर्त्ता कहा जाना। आत्मा का कर्त्तापना और अकर्त्तापना जैसे जैसे स्याद्वाद द्वारा साधा गया है उसका कथन। बौद्धमत द्वारा स्वीकृत इस सिद्धान्त का खंडन कि "कर्म को करै और और भोगै और"। कर्त्ता कर्म के भेद अभेद जैसे हैं वैसे नय विभाग कर साधा है उसका दृष्टान्त। निश्चय व्यवहार के कथन कृषड़ी का दृष्टांत द्वारा स्पष्ट कहा जाना।

राग द्वेष मोह द्वारा अपना दर्शन ज्ञान चारित्र का ही घात होता है उसका कथन। अन्य द्रव्य का अन्य द्रव्य कुछ नहीं कर सकता, इसका कथन। स्पर्शादि पुदगल के गुण हैं, वह आत्मा का कुछ नहीं कर सकते, इसका कथन। चारित्र का विधान। ज्ञान चेतना का अनुभव और कर्म फल चेतना का त्याग करने का विधान। कर्म और कर्म के फल को जान कर आपतद्रूप करे उसका नवीन कथन। कर्म चेतना का अतीत वर्तमान अनागत कर्म के त्याग के विधान के कृतकारित अनुमोदना के मन वचन काय सहित उंनचास उंनचास भंगों द्वारा त्याग का विधान। कर्म फल चेतना के त्याग का एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों के नाम ले कर त्याग का विधान। कर्त्ता कर्म भाव से ज्ञान को पृथक् दिखा कर और अब समस्त अन्य द्रव्यों से न्यारा दिखाया जाना। आत्मा के अमूर्तीक होने के कारण उसके पुद्गलमयी देह न होने का कथन। द्रव्य लिंग का देह मयी आत्मा के मोक्ष का कारण नहीं है, दर्शन ज्ञान चारित्र अपना धर्म है सोही मोक्ष का कारण कथन। द्रव्य लिंग में ही ममत्व करने वालों के मोक्ष का निषेध। व्यवहार नय तो मुनि श्रावक के लिंग को मोक्ष मार्ग कहते हैं और निश्चय नय किसी भी लिङ्ग को मोक्ष मार्ग नहीं कहते। ग्रंथ समाप्ति। ग्रंथ को पढ़ कर अर्थ जानने का फल। टीकाकार के वचन, इस ग्रन्थ में आत्मा को ज्ञान मात्र कह अनुभवन कराया और आत्मा अनंत धर्म है सो स्याद्वद से सधता है सो ज्ञानमात्र कहने में स्याद्वाद से विरोध आता है, उसके परिहार के लिये तथा एकही ज्ञान में उपाय भाव और उपेयभाव कैसे बने उसके साधने को स्याद्वाद अधिकार और उपायोपेय अधिकार। इस सब विशुद्ध ज्ञान अधिकार में व्याख्यान किया है वहां एकही ज्ञान विषय तत् अतत् एक अनेक सत्य असत्य इन भावों के चौदह भंग करके तिनके चौदह भंग कर उनके चौदह काव्य कह कर स्याद्वाद से ज्ञानमात्र भाव विषय अनेकातात्मक वस्तुपना दिखाया है और ज्ञानमात्र जो लक्षण की प्रसिद्धि कर लक्ष्य प्रसिद्धि होय उसका कथन। ज्ञान लक्षण और आत्मा लक्ष्य होने का वर्णन। एक ज्ञान क्रिया ही रूप परिका वर्णन है, तहां आत्मा में अनंत शक्ति प्रगट करती है उनमें से ४७ शक्ति के नाम और लक्षण कहे गए हैं। उपायोपेय भाव का वर्णन। आत्मा के परिणामी होने का कथन। साधक और सिद्ध भाव का वर्णन। स्याद्वाद की महिमा। समय सार शुद्धात्मा के अनुभव की बड़ाई कर ग्रंथ पूरा किया गया है।

ग्रंथकार का परिचय :—

जैपुर नगर मांहि तेरा पंथ शैली बड़ी बड़े बड़े गुनी जहां पढ़ैं ग्रन्थ सार है।
जयचंद नाम मैं हूं तिनमें अभ्यास कछू कियौ बुद्धि सारु धर्म राग ते विचार है॥
समै सारग्रंथ ताको देश के वचन रूप भाषा करी पढ़ो सुनो करौ निरधार है।
आपा पर भेद जानि हेय त्यागि उपादेय गहो शुद्ध आतम कूं यहै बात सार है॥

ग्रंथ निर्माण काल :—

संवत सर विक्रम तणूं । अष्टादश सत और ।
चौंसठि कातिक वदि दशै । पूरण ग्रंथ सुठौर ॥ इति

Note.—यह 'समय सार' नामक ग्रंथ आचार्य्य कुंदाकुंद ने प्राकृत गाथाओं में निर्माण किया है, उसी की संस्कृत टीका 'आत्मख्याति' नाम से आचार्य्य अमृतचंद ने की है और उसी की हिन्दी गद्यमय टीका जयपुर निवासी जयचंद ने संवत १८६४ में की है । इस ग्रन्थ में आत्म निरूपण किया गया है । इसे जैन धर्म संबंधी वेदान्त ग्रन्थ कहना चाहिए । या यों भी कहा जा सकता है कि इसमें स्थान स्थान पर वेदान्त और सांख्य पर आक्षेप कर उनसे स्याद्वाद की उत्कृष्टता सिद्ध की है ।

No. 188. Garga Saṁhitā Bhāshā by Jayadayāla. Substance—Country-made paper. Leaves—200. Size—18 × 8 inches. Lines per page—16. Extent—4,400 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Sambat 1907 or A. D. 1850. Place of deposit—Nimbārka Pustakālaya, Bābā Mādhava Dāsa Mahanta, Nānpārā, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री राधारमण जी सदा सहाय ॥ राधा ॥ श्रीगणेशायनमः ॥ दोहा श्री राधा गोविंद जू तुम हो परम दयाल दास जानि किरपा करौ हरौ सकल जंजाल ॥ १ ॥ उमा सहित गणनाथ कौं वार वार सिरु नाय कृष्ण कथा चाहत कह्यो हम पर होहु सहाय ॥ २ ॥ वन्दौं प्रथमहिं गुरु चरन सुन्दर सुभ को षान सकल अमंगल अघ हरन देत विमल विग्यान ॥ ३ ॥ तिनके सेवत सुलभ शुभ होत पदारथ चार ज्यों दिनकर के उदय ते मिटत जगत अंधियार ॥ ४ सोरठा ॥ पुनि वन्दौं पद रेनु जासों उज्वल होय हिय करहु सो मम उर ऐन सुन्दर मोहन जस कहौं ॥ दोहा ॥ गौर अंग राजत विमल विधु अकलंक अछीन । सो मम हिय आकास मैं करौ प्रकास नवीन ॥ ६ ॥ तासों सूझ्यो जो कछू सो मैं कहौं सुनाय सुनिहैं सज्जन संत जन अधिक हृदय हरषाय ॥ ७ ॥

End.—सुनि नारद बोले हरषाई भली कथा पूछी नृपराई । एक दिन गर्ग ऋषीश्वर आये सबै गोपिन हित सो बैठाये । तिनसों अपनो भेव जनायो मुनि हल धर पंचांग बतायो । ताको उन जब सेवन कीनो तब बलिराम उनहिं सुष दीनों । यह विधि राम कथा मैं गाई । जो सुनिहै चित दै हरषाई । ताको अधिक तेज बल होई वाको जीति सकै नहिं कोई । अति आनंद सहित उर

माहीं श्री बलिराम लोक को जाहीं श्री हलधर पंचांग सुहायो। गर्ग संहिता मैं शुभ गायो। दोहा प्राग्विपाक यहि भांति कहि गये अपने अस्थान। सो सगरो इतिहास मै तुमसो कहो बखान। इति श्री कृष्ण प्रेमसागरे बलभद्र खंडे नारद जनक सम्वादे जयदयाल कृते समाप्तः संवत १९०७ शाके १७७२ माघ मासे कृष्ण पक्षे तिथौ तृतीयायां चन्द्र वासरे लिखितं पुस्तकं ईश्वरी प्रसाद पाठकेन वसितं करौ मध्य बदले सराइ अम्बिका देवी निकटे शुभ स्थाने शिवायनमः

Subject.—पृष्ट १ से ३१ तक गोलोक वर्णन, वृन्दावन की महिमा का वर्णन। पृ० ३२ से ६० तक—वृन्दावन वर्णन, तीर्थराज प्रयाग का सब तीर्थों को ले मथुरा जाना। पृष्ट ६१ से ७५ तक गोवर्धन की महिमा॥ पृ० ७६ से ९६ तक—माधुर्य खंड का वर्णन। इसमें गोप रूप हो राक्षस हलधर को कंधे पर बैठा ले गया। पृ० ९७ से १२५ तक—मथुरा की महिमा और श्री कृष्ण जी का लीला का वर्णन॥ पृ० १२६ से १६० तक विश्वजीत अर्थात प्रद्युम्न अनिरुद्ध की कथा राक्षसों से युद्ध आदि का वर्णन। पृ० १६१ से १८५। तक द्वारिका जी का वर्णन। इसमें द्वारिका में कृष्ण लीला का वर्णन है। पृ० १८६ से १९२ तक विज्ञान का वर्णन। इस में भगवान कृष्ण जी का पूजन, जमुना जल स्नान आदि के नियम उनके फल कहे गए हैं। पृष्ट १९३ से २०० तक—बलभद्र जी की लीला उनका गोपियों से आनंद जमुना को बुलाना और उनका न आना, हल से खोचना फिर जमुना की प्रार्थना पर क्षमा करना आदि का वर्णन है।

No. 189. Tulasī Śabdārtha Prakāśa by Jayagopāla of Kāśī. Substance—Country-made paper. Leaves—72. Size—12 × 5 inches. Lines per page—11. Extent—1,188 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1874 or A. D. 1817. Place of deposit—Paṇḍita Śyāma Bihārī Miśra, Golāgañja, Lucknow.

Beginning.—श्री गणेशायनमः॥ श्री कृष्णानन्द व्यासदेव राग सागरोद्भव तुलसी शब्दार्थ प्रकाश ग्रन्थ प्रारम्भ॥ अथ मंगलाचरण॥

दोहा॥ गणपति बानी शिव उमा भरत लषन सिय राम। रिपुहन हनुमत सुगुरु रवि कविहि करौं परनाम॥ १ प्रथम मंगला चरन में नमस्कार अरु ध्यान। तीजो आशीर्वाद हित ग्रंथन के मत जान॥ २ जब जान्यो भव भाव को भवन भरोसो भूर। बारह बारह बान है गणप आदि लै सूर॥ ३ कवित्त—सुरन के शीष मणि गुण गणपति गिरा गरिमा की गिरि शिवा शिव सुख धाम है। भरत

भरेंगे मेरे भाव के भुवन स्वच्छ लक्ष्मण लषन सीताराम मनोकाम हैं ॥ रिपुहन हनुमत रिपु हरिवे कों करिवे कों कृपा गुरु रवि कुवि अभिराम हैं । ध्यान जोग एई इनही के आसिखा कों चाहैं ताते कीन्हों इनही को प्रथम प्रणाम है ॥ ४

End.—करनवती, लोचनवती जुगस्पनवती परमानि । गुणनवती संध्यान वती एमनवती सुन ग्यानि ॥ ६६ ॥ वेदनवती जुगनवति का ९४ वेद खंड जुत होइ । शरनवती ९५ शायकनवती शरविल जुत करि सोय ॥ ६७ ॥ रसनवती ९६ ऋतु नवती सेा षट नवती पर ध्यान । सप्त नवती ९७ मुनि नवती जेा कहे ताह भगवान ॥ ६८ ॥ शत संख्या जुग शरन्य शशि १०० याही ते परमानु । सहस्र १००० अयुत १०००० लक्ष कोटि परधान ॥ ७० ॥ दश कोटी अर्बुद सुधी अज अर्बनि खर्ब । शून्य एक विंशत लगै एहि ते संख्या सर्व ॥ ७१ दोहा—संख्या शतावली सुधी कारिका धत्य । लिखे ललित शुभ वचन सेां पारवती शिव कृत्य ॥ ७२ इति श्री तुलसी शब्दार्थ आदि प्रकाश अष्ट दश वस्तु निरूपणै नाम ग्रन्थ समाप्ताः ॥ इति

Subject.—मंगलाचरण गणपति, सरस्वती, शिव, राम आदि की स्तुति छं० १—४ । संख्या हेतु राम मुख्य है ५—८ तक । निर्माण काल संवत् १८७४ छं० ९ । निवास व गुरु स्थानादि वर्णन १०-१४ । ग्रंथ प्रसंग वर्णन-१५-३० तक । कवि वाल्मीक जी का वर्णन छं० ३१—३२ । सिद्धान्त प्रार्थना ३३—३८ । कवि निवास स्थान का वर्णन ३९—४२ ।

ग्रंथ के ९ प्रकाशों का विषय वर्णन । (१) १८ वस्तु वर्णन (४) सामुद्रिक (२) स्फुट वर्णन, (३) आह्निक वर्णन (४) सामुद्रिक (५) वैद्यक (६) कालज्ञान (७) विशेष गणित (८) ज्योतिष (९) पिंगल छंद—१—५ । १ की गिनती, द्वै वस्तु, निर्गुन सगुन, मूर्ति अमूर्ति, क्षर, अक्षर, ज्ञान विज्ञान, विद्या अविद्या, सृष्टि, समिष्टि सबके स्वामी, बुद्धि, शब्द छंद ६—१९ । तीन वस्तु—ब्रह्म, जीव, माया, त्रिदेव, त्रिपुटी, त्रिगुण, स्वभाव, प्रकार, चक्र, तपस्या, दान, ज्ञान, कर्म, बुद्धि, धीरज, धर्म, वास, मरण, वृत्ति, नाश, उपासना, भक्ति, गंगालोक, ईश्वरस्वरूप, त्रिसंध्या, त्रिकाण्ड, त्रिरात्रि, त्रिमत, त्रिकाल, त्रिकर्म छंद २० से ६० तक । साढ़े तीन वस्तु वर्णन, स्नान, प्रणव, माता, पुत्र ३½ वज्र धनुष, गुरुपवित्र, पर्द, ४ चतुर्व्यूह, छंद, ६१ से १०७ पृ० १४ तक । चतुर्वेद, उपवेद, ४ वाणि, सनकादि, मुक्तिद्वार, ४ फल, श्रद्धा, धर्म के पद, जंयती व्रत, भक्तप्रकार, ज्ञान के साध, वैराग्य चतुष्टय, विवेक, मुमुक्ष, शान्ति, अवस्था, योनि, युगकल्प, प्रलय, ब्रह्मांड के सर्वस्व, चार के प्रिय जल के गुण, ४ भूषण, परीक्षा, ४ के विना व्यर्थ पदार्थ गणना, शुद्ध वस्तु, ४ तैल, ४ सुजस दाता, ४ सार वस्तु, ४

कर्त्तव्य, ४ आनन्द, ४ मास, नर्मदा नाम, ४ वर्ण, ब्राह्मण, षट् व नव धर्म, क्षत्री धर्म, वैश्य व शूद्र धर्म, पृ० २३ छंद २५१। त्योहार, ४ भांति कार्य, ४ विद्या, नायक ४, चतुरंगी सेना, नृपगुण, ४ नीति, अंतहकरण चतुष्टय, पृ० २८ छं० २९९।

पंच वस्तु निरूपण—पंच भूत से २५ प्रकृति, भूत गुण, रंग, योनि, लय, ज्ञानेन्द्री, विषय, दशो इन्द्रियों के देव, तत्व, पंचवायु, व स्थान, पंचकोश अविद्या प्रकार, परब्रह्म वरण, जीवभेद, पंचदेव, विष्णु आयुध, पंचगौड़, पंचद्रावड़ी, वैष्णव संस्कार, पंचरत्नपाठ, पंचगव्य, पंचामृत, पांडव, पञ्चगंग, स्नान विधि, पंचकन्या, पंचक्षेत्र, पंचयज्ञ, पंचदोष, पंचकला, पंचपर्व, पंचदान, पंचअंगुरी, पुराण लक्षण, देववृक्ष, वृक्ष पंचाङ्ग, पंच पल्लव, पंचमेवा, पंचरत्न, सांसारिक रत्न, पंचशर, पंचशब्द, पंचचाह, त्रिनतौन, पंचानन, राज्यगुण, पंचप्रकार, चंचल वस्तु दिशि-नाम, समयनाम, पांच की शोभा, लज्जावर्जनीय, वर्जनीय ठौर, विश्वास वर्जन, त्यागनीय, गर्भरचित वस्तु, पंचवकार, पंचप्रलाप, पंचसंत, असंत, पृ० ३०—३६ छं० ३०० से ४०० तक।

षट वस्तु निरूपण—षडङ्ग, चक्र, षटयोग, दर्शन, भगवान, ऋतु, षटरस, यन्त्री, षटकर्म, षटअग्नि, शास्त्र, पंक्ति, कपट, वर्ष, प्रलोभ, दाहक वस्तु, लघुता दायक, रक्षक, नाशक, त्योहारवर्जन, ६ चकार, आततायी तथा राग का वर्णन पृ० ४० तक छंद ४४९ तक।

७ वस्तु। ७ स्वर, ७ ब्रह्म प्रकार, ७ स्वर्ग, ७ पुरीदेव, ७ पुरी, द्वीप, समुद्र, सुमेर नाम, पाताल ७, सप्तवर्ण, वार, अग्नि जिह्वा, अप्सरा, सप्तऋषि, चिरंजीव, सप्तधातु, उपधातु, ७ मही, त्वचा, ईति, युद्ध, जगाने योग्य, न जगाने योग्य, ७ जन से भेंट, सप्तभूषण, सप्तज्ञान, शुभेक्षा, विचार, तनमानसा, सप्तापत्ति, असंसक्ति, तुरिया मनकी गति, कांड ७, पृ० ४४ छंद ५१० तक।

अष्ट वस्तु निरूपण—विष्णुमूर्ति, महादेव, द्वारपाल, देवयोनि, कृष्ण पटरानी, मातृका, व्याकरण, दिशा, ग्रह, दिक्पाल, वसु, दिग्गज, नाग, भैरव, अष्टांगयोग, रविवर्जन, अष्टगंध, अष्टकोप, दूषणाक्षर, स्त्री दूषण, मैथुन, त्याग-नीय, लाज वर्षन, कन्या वर्जन, पृ० २५० छं० ५६० तक।

नव वस्तु निरूपण—नवधा भक्ति, नवरस, नवदुर्गा, नवनिधि, नाड़ी, सोहं शब्द विचार, स्वांसाप्रयान, नवद्वार, ब्रह्मा के पुत्र, नवयोगेश्वर, नवनन्द, नवखंड, नवद्रव्य, नवरत्न व स्वामी, नवग्रह की लकड़ी, शोधन वस्तु, पृ० ५६ छंद ६४५ तक।

दश वस्तु निरूपण—अवतार, ईशनाम, महाविद्या, अग्निकला, महानदी, अर्जन के नाम, ज्ञान लक्षण, दशमीवर्जन, प्रातःकाल दर्शनीय, विरह दश दशा,

दारिद्रकर्त्ता, इच्छा, सुवर्ण, भागवत, ब्राह्मण, वाद १० से वर्जनीय पृ० ६० छंद ६८६ तक।

एकादश पूजन, एकादशरुद्र, शीघ्रनाम, गोपनीय, विश्वासवर्जन, पृ० ६१ छं० ६९५।

द्वादश वस्तु निरूपण—द्वादशमास, भानु, सूर्यकला, १२ गुरू, १२ आभरण, १२ वर्जित कर्म, सरजू नदी विषे वन, कल्याण त्रय, जगनाथ यात्रा, दसमास वर्जित, पृ० ६३ छं० ७१८।

१३ वस्तु निरूपण—परमभागवत, किरण, नदी।

१४ वस्तु निरूपण—अनन्त चतुर्दशि ग्रंथ, चौदह रत्न, चौदह विहार, इन्द्रनाम, १४ मन्वंतर, नमस्कार वर्जनीय।

पंचदश वस्तु निरूपण—तिथियों के स्वामी, तिथियों की त्यागनीय वस्तु, १५ अनर्थ, १५ मेघ, पवन नाम, पृ० ६५ छं० ७४७।

षोड्स पूजन—पार्षद, कलाचक्र, संस्कार, सिंगार, पृ० ६७ छं० ७६०।

सप्तदश वस्तु निरूपण—१७ लिंगशरीर,

अष्टादश पुराण, १८ स्मृति, पुराणों की संख्या, उपपुराण, महाभारत पर्व के ज्योतिष के आचार्य, पृ० ६९ छं० ७८३। गिनती के नाम १ से १०० तक फिर हज़ार, दसहजार, लाख, करोड़, दस कोटि, अर्व, खर्व, निखर्ब, सर्व संख्या वर्णन, पृ० ७२ छं० ८५५ इति।

Note.—ग्रंथकार का वर्णन-तिनमें तुलसीदास के पद पंकज सुखरास। रसिक मधुप मन सुख लहत जय गोपाल जन खास ॥ ७ दास आस पूरन रहो ह्वै है मन विश्वास। हित करि राम गुलाम सों केा न भयेा गुण रास ॥ ८ ॥ निर्माण काल सं० १८७४—संवत श्रुति मुनि नाग शशि मार्गशीर्ष शुभ मास। विंध्याचल के दरस फल पायेा अधिक हुलास ॥ शहर सु मिरजापुर प्रगट देत जगत उपदेश। संत सुराम गुलाम वर वरनेा तुलसी वेश ॥ १० ॥ कवि का वास स्थान—लहर वहर हरि को परी काशी शहर निवास। देवन को दारानगर वृद्ध काल के पास ॥ ३९ ॥ तिहि वरनेा वृंदाविपिन राधा कृष्ण विहार। गोरस को वरपार है ह्यातेा फेाला फार ॥ ४० ॥ तनय तासु सुखवास जन जय गोपाल अधीन। जिन कोन्हों या ग्रन्थ कैा रचना सुरुचि नवीन ॥ ४१ ॥

No. 190(*a*). Rūpadīpa by Jayakṛishṇa Puhakaraṇa Dwija. Substance—Country-made paper. Leaves—10. Size—7 × 5 inches. Lines per page—28. Extent—175 Anush-

tup Ślokas. Appearance—Old. Character--Nāgarī. Date of Composition--Samvat 1772 or A. D. 1715. Place of deposit —Paṇḍita Mahāvīra Prasāda Awasthī, Post office Nigohā, District Rāe Barelī.

Beginning.—श्री वीतरागात्मनमः ॥ अथ श्री रूपदीप भाषा लिक्षते दोहा ॥ सारद माता तूं वडी सुवुध देहु दरिहाल पिंगल की वाचा लिय वरनैं बावन चाल ॥ १ ॥ गुर गणेस के चर्न गहि हिर धार कै विष्ण कवर भवांनी दास को जुगत करै जै किष्ण ॥ २ ॥ प्राकृत की वानी कठन भाषा सुगम प्रतिक्ष। कृपाराम को कृपा सैां कंठ करै सव सिक्ष ॥ ३ ॥ रूपदीप परगट करौं भाषा वुद्ध समान बालक कौं सुष होत है उपजै अक्षर ग्यांन ॥ ४ पिंगल सागर सम कहौ ॥ वंदा भेद अपार। लघ दीरघ गण अगण कौं बरनौं सुद्ध विचार ॥ ५ लघुवर्ननं ॥ केवल पिंबोडो वरन और लहुत्रम देष कहो वंद के वस गुरू चौथा लई वसेष ॥ ६

End.—अथ साटिक नाम वंद ॥ करियै द्वादस अंक आद संग्या मात्रासिवौ सागरेः। दूजा भाकर कला सात पचवे अंको सत संग्यकं ॥ अंतो गुरू निहार धार सव कै औरो कछू भेदनां। तोसैं मत्त उनीस अंक चरनो सेसो भणै साटिकं ॥५२॥ इति बावनवंद। दोहा ॥ गुन चतुराई धन लहै भला कहै सब कोय। रूप दीप हिरदे धरै सा अष्यर कवि होय ॥ ५३ ॥ द्विज पदुकर नेन्यात तिसमै गोत कटारिया सुन प्राकित सौवात तैसैं हो भाषाकरी ॥ ५४ बावन बरनी चाल सब जैसी मोमै बुद्ध भूल भेद जाकौ लहौ करो कवोसर सुद्ध ॥ ५५ संवत सतरै से वरष छिहंतर पाय ॥ भादौ सुद दुतीया गुरु भयो ग्रंथ सुषदाय ॥ ५६ ॥ इतो रूपदीप भाषा संपूर्णं शुभं भूयात् श्रीराम ॥ श्री श्री राम श्री राम राम।

Subject.—पिंगल—शारद स्तुति, गणेश वंदना और भवानीदास के पुत्र की मंगल कामना। गुरु कृपाराम को धन्यवाद, विद्यार्थियों के हेतु पुस्तक का निर्माण होना। लघु वर्णन। नव दीर्घ वर्णन, गण व०, दग्धाक्षर व०, मगण गण से सारंगा छंद व०, मगण गण से दोधक छंद व०, जगण ग० से मोतोदाम छं० व०, सगण से टोटक छंद व०, नगण से तरुल नयन छंद व०, यगण से भुजंग प्रयात छं० व०, रगण से कामिनो मोहनी छं० व०, तगण से मैनावली छं० व०, नाराच छं०, प्रमाणका छं०, मल्लिका छं०, मालतो छं०, दोहा छं०, सोरठा छं० गाथा छंद, उगाहा छं०, चूलका छं०, चौपाई छं०, अरिल्ल छं०, तोमर छं०, मधु-भार छं०, अनुकूला छं०, हाकल छं०, चित्रपदा छं०, पवंगम छं०, रसावला छं०, पद्धरी छं०, दुवहोया छं०, संकर छं०, त्रिभंगी छं०, झटपट छं०, हमरटा छं०,

लीलावती छं०, पेामावती छं०, गीता छं०, पैडो छं०, रम्भा छं०, कुमलिया छं०, कुमलनी छंद, रंगिका छंद, रंगो छंद, घनाक्षरी छं०, दूमल छं०, मत्तगयंद छं०, कड़वा छं०, झूलना छं०, सवैया छं०, छप्पै छं०, साटिक छंद आदि का वर्णन। रूपदीप पढ़ने से कवि हो जाने का वर्णन, पुहकर का परिचय, ५२ चालों का वर्णन, निर्माण सम्वत्, समाप्ति।

No. 190(*b*). Rūpaādīpa by Jayakṛishṇa Puhakaraṇā Dwija. Substance—Country-made paper. Leaves—10. Lines per page—28. Extent—175 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1772 or A. D. 1715. Place of deposit—Paṇḍita Gulazārī Lāla, Gaṇeśagañj, Lucknow.

Beginning and End.—The same as in No. 190(*a*).

No. 191(*a*). Charitra Prakāśa by Jhāmadāsa of Isaraulī (Bārā Banki). Substance—Country-made paper. Leaves—90. Size—12½ × 7 inches. Lines per page—24. Extent—1,215 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Rāmāwatāra, Village Isaraulī, Post office Bhanmau, District Bārā Bankī (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ सेस सारदा ब्रह्म सिव गुरु गनेस मनाइ ॥ हृदय कमल पर वसहु अब रहहुं चरन सिर नाइ ॥ राम लछिमन जानुकी भरत शत्रुहन धाइ ॥ हनेामान अंजन तनै अगम बतावहु आइ ॥ सरजू गंडक गेामती गंग तरंग विलास ॥ तीरथराज प्रयाग जू वसहु चरित्र प्रकास ॥ राम चरित सर उमंगि कै, बढ़ै कुलाहल धार ॥ संत सुजन जन पेषि के मज्जन करहिं विहार ॥ उमा शंभु सन जोरि कर कीन्हेां यह संवाद ॥ विमल चरित हरि गुन गहहु जेा सुनि मिटहिं विषाद ॥ सर्गन ब्रह्म जेा अवध में भयेउ राम औतार ॥ तिनहिं भजत की अपर कोउ कहहु कृपाल उदार ॥ उमा प्रश्न तुम कीन्ह भल मोहि परम हित लाग ॥ सुनेा सुचित हेाइ श्रवन करि राम भक्ति अनुराग ॥

End.—स्वांस सुरत लै दोऊ कर जोरी ॥ यह प्रभु अरज विनय सुनु मोरी ॥ मातु पिता वल वालक जैसे ॥ सदा रहौं मैं तुम वल तैसे ॥ सोवत जागत तुमहिं अधारा ॥ डोलत बोलत रहौ संसारा ॥ जन्म जुगन कर अहउ तुम्हारा ॥ प्रभु समरथ तुम सिरजन हारा ॥ काया माया कर्म भर्म देसा ॥ चकित होत चित

देषि अंदेसा ॥ जो जानहु तिन आपन दासा ॥ तो मोहि राखहु चरनन पासा ॥ दीनबन्धु प्रभुजन हितकारी ॥ कोटिन पतित अधम दिहौ तारी ॥

Subject.—(१) पृष्ट १—१५ तक—मंगलाचरण। शेष शारदा की विनय, शिव से उमा का प्रश्न कि 'क्या सीता वाले सगुण राम का ही आप भजन करते हैं, अथवा वह राम और कोई हैं'। उत्तर में रामचंद्र जी की विमल भक्ति की महत्ता का वर्णन। रामावतार का कारण। राम जन्म पर दशरथ के यहां आनन्द मनाये जाने का वर्णन। दशरथ का गुरु के पास जाकर आशिर्वाद पाना। ज्योनार। शिवजी का दशरथ द्वारा राम रूप निरखे जाने का वर्णन। उनके शिशु रूप का वर्णन, राजा द्वारा रानी के भाग्य की सराहना। राम की बाल चरितावली का कथन। उमा से शिवजी का निगमादि में राम का कथन होने का वर्णन। शिवजी का कथन कि उन्हीं विहारी राम का भजन मैं करता हूं, श्रवण कर उमा का अनुराग—कथा श्रवण में और भी अनुराग का दृढ़ होना, निर्गुण तथा सगुण का एक कथन। राम भक्तों की महिमा का वर्णन। राम दरश हेतु विश्वामित्र मुनि का आगमन। रामचन्द्र को राजा से मख की रक्षा के लिये मांग कर चलना, अगली कथा का रूप प्रगट होने का वर्णन। रामायण पढ़ने का फल। गुरु की बड़ाई, राम नाम का सर्वोपर होने का वर्णन। रूप की बड़ाई, ब्रह्म रूप की महत्ता का वर्णन। प्रत्येक साधु द्वारा रामनाम की महत्ता को न जानना, तथा अपने ही को न पहिचानने का वर्णन। (२) पृ० १५—३४ तक—जगजीवनदास को निर्मल ज्ञान होने का वर्णन। उनके पूर्व जन्म की कथा, प्रथम उनका काशी के एक ब्राह्मण के वहां जन्म लेने का वर्णन। फिर अयोध्या के एक वैश्य के यहां जन्म लेने का वर्णन। रामनाम के प्रताप से वैश्य तन त्याग करके क्षत्री शरीर धारण करने का वर्णन। जगजीवन दास के जन्म स्थान का वर्णन।—"गांव सरदहा, उतरेउ आनी" "गंगा रामनाम अस तिनके घर अवतारा" जगजीवन को गुरु द्वारा अनुभव होने का वर्णन। सत नाम की महिमा, नारद शब्द की बड़ाई, ग्रंथकार द्वारा अपने गुरू की बड़ाई का कथन। संसार के अंधकार रूपी असार सागर से तरने के लिये रामनाम के बोहित होने का वर्णन। जगजीवनदास के पंथ चलाने का वर्णन। सत्यनामियों के पंथ में पहने जाने वाले धागे का वर्णन। गैब वाणी का वर्णन, दुलनदास, गिरधरदास, देवीदास का वर्णन। भक्ति की विशदता तथा उसका गुरु कृपा से ही मिलने का वर्णन। गर्व गुमान को दूर करने पर ही भक्ति के पाने का वर्णन, ब्रह्म के मुख्य स्थान का वर्णन। ब्रह्म को पाकर जीवन मुक्त होने का वर्णन, हरिजनों के नाम शोधने का वर्णन, गुरु के आशिर्वाद की नित्य प्रति हरि चरणार विन्द में लवलीन रहने की प्रार्थना। (३)

पृ० ३५—५४ तक—ईश्वर को दास पर प्रीति होने का वर्णन, रघुनाथ की कीर्ति का वर्णन, ईश्वर द्वारा शबरी, गनिका, मीरा, द्रोपदी, गज, सुदामा, पीपा, पलटू, लालन दास, झिमनदास, प्राणदास, भवदास तथा मुकुंदादि भक्तों की कथाओं का साधारण दिग्दर्शन। हरिणकश्यप तथा भवदास प्रहलाद भक्त का वर्णन। ग्रन्थकार का अपनी अशक्ति का वर्णन कर तारने की प्रार्थना, मोह निशा का वर्णन, राम की भक्ति के बिना पक्षी इत्यादि होने का वर्णन, रामनाम न लेने वाले की बुराई, वैराग्य के मत का वर्णन, सतों का वर्णन, वैराग्य मत जागने का वर्णन, भृंगी कीट की भांति भक्ति का वर्णन, सत्संगति का वर्णन, जोग की रीति का वर्णन।—(४) पृ० ५५—९० तक-रामानुज का वर्णन, विराट का वाणी द्वारा सृष्टि निरूपण का कथन, कृष्णावतार का वर्णन, कंस द्वारा देवकी की कई संतानों का नष्ट किया जाना। आकाश वाणी का वर्णन, उनकी बाल लीला का वर्णन, जसोदा नंद के भाग्य की सराहना, माता को विराट स्वरूप दिखाने का वर्णन, गोप कुमारियों की चरितावली, कई राक्षसों का बध, नामादि कुछ भक्तों का वर्णन, हरि की माखन चोरी इत्यादि लीलाओं का वर्णन, कृष्ण के रूप का वर्णन, कृष्ण के विराट स्वरूप का वर्णन, ईश्वर के भक्तों की दशा का कथन, गोपियों के शुद्ध प्रेम का कथन, जीव का माया के वश होने का वर्णन, प्रभु की स्तुति, ग्रन्थ की समाप्ति।

Note.—यह 'चरित्र-प्रकास' नामक ग्रन्थ झामदास नामक, इसरौली ज़िला बाराबंकी निवासी, एक शाकद्वीपी ब्राह्मण की रचना है। उसका देहावसान हुए २२ वर्ष हुए और ७२ वर्ष की अवस्था में उसने शरीर छोड़ा था इससे अनुमान होता है कि यह पुस्तक सत्तर या बहत्तर वर्ष की लिखी हुई होगी। पुस्तक में जगजीवनदास (सत्यनामी) तथा रामानुजदास (वैष्णव) की प्रशंसा की गई है। साधुओं के जानने योग्य कई बातों का वर्णन किया गया है। ग्रंथकार ने अनहद शब्द की महत्ता पुस्तक में कई बार लिखी है।

No. 191*(b)*. Rāma Śabdāwalī by Bābā Jhāmadāsa and his three pupils. Substance--Country-made paper. Leaves —80. Size--9 × 6 inches. Lines per page--22. Extent—2,860 Anushṭup Ślokas. Appearance--Good. Character--Nāgarí Kaithī. Date of Composition--Samvat 1831 or A. D. 1774. Date of manuscript--Samvat 1831 or A. D. 1774. Place of deposit—Mahantina Lakshmaṇadāsī, Kuṭi Bābā Jhāmadāsa, Post office Jagesargañj, District Sultānpur (Oudh

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ साषी प्रथमहि सतगुरु गाइये जिन रचो सकल जहान ॥ पानी सेां पिंड संवारिये अलष पुरुष निर्वान ॥ रामनाम सुमिरत वढ़ो झाम हृदय अनुराग ॥ पाये भक्ति अनपावनी सहित विवेक विराग ॥ २ ॥ भक्ति की महिमा को कहै, नाम प्रभाव अपार । सिव अज सारद सेस श्रुति झाम प्रान आधार ॥ ३ ॥ हीरा नाम अमोल है मन मोतिन की खानि ॥ झाम मोंदु केते पचे संतन लियेा पहिचान ॥ ४ ॥ वसे नाम जाके हृदय सेा जानै वह भेद ॥ झाम राम है प्रेम वस जिहि निरूपहि वेद ॥ ५ ॥ विना भक्ति सेा गति नहीं सिद्धि न विनु गुरु ज्ञान ॥ झाम प्रेम वस भजन नहीं, तरै न विनु भगवान ॥ ६ ॥ × × × × ७ ॥ ८ ॥ ९ ॥ सम्वत् अठारह सेा इकतीस भादेां मास पुनीत ॥ पूरनमासी ताहि दिन झाम मिले हरि मीत ॥ १० ॥ हरद्वार सुरसरि निकट अर्द्ध-रात्र परमान ॥ प्रथम गयव वानी भई झाम मिल्यो निरवान ॥ ११ ॥

End.—वावा रामप्रसाद कृतः—सतगुरु कैसेा करि किय ॥ मेटेउ जग की त्रास ॥ सई झाम के चरनन मा ॥ रामप्रसाद नेवास ॥ शब्द ॥ रहहु मन हरि काँ वारहु वार ॥ सुमिरत सुगम वहुत मन समझहु कोटि जनम छूटै मल भार ॥ १ ॥ हरि सुमिरत प्रहलाद उवारेउ ॥ हरिना कसीप अस दैत्य संघारेउ ॥ संकट परेहु द्रुपदि सुमिरेहु ॥ वाढ़ि वसन लाग्यो अमार ॥ ३ ॥ कागभुसंड निरंतर सुमिरेउ ॥ काल कवहुं नहिं झकेउ द्वार ॥ ४ ॥ अडसमेत गनिका सुमिरेउ । चढ़ि विवान सेा उतरि पार ॥ ५ ॥ जल भीतर गजराजहु सुमिरेउ ॥ सुनत राम नहिं लायेउ वार ॥ ६ ॥ नाम प्रभाव कवन मति वरनैं, पतित अनेकन सुमिरत पार ॥ ७ ॥ रामप्रसादहि केशेा तारगे ॥ सांई झाम के नाम अधार ॥ ८ ॥ ७ ॥

श्री वावा राम सुधि करनदास कृतः—साषी ॥ भजन यक परमान है जेा संतन्ह कर राषये मान ॥ झाम एक संसार मा ॥ केसेा, राम प्रसाद हेा ज्ञान साह ॥ साधेा भाई सत मिले मन मा रहवै शरन चरन का देषव ॥ कर्म मेटि कै राखेउ राम ॥ १ ॥ वितना चलै देह नहि डोलै अरे करता धरता तुमहेा राम ॥ २ ॥ जेहि के दाम तेई है पार ॥ अरे पार उतारेा कैसेा राम ॥ ३ ॥ पूजेा यक तान मा जना सतगुरु राम प्रशाद नाम कैा शाम ॥ ४ ॥ सुनि कै तान वान मेारे लागा ॥ राम सुधि करन रटीई मन मा ॥ ५ ॥

Subject.—(१) पृ० १—३०—तक—बाबा झामदास जी के भजन ६१ ।
(२) पृ० ३१—४० तक—बाबा केशेादास जी के भजन २० ।
(३) ,, ४१—७८ तक बाबा रामप्रसाद जी ,, ६९ ।
(४) ,, ७८—८० तक बाबा रामसुधिकरन दास जी ,, ५
सभी भजन ईश्वर गुणानुवाद के हैं ।

प्रारम्भ में बाबा झामदास ने अपने साधू होने के विषय में सन् सम्वत् का पता यों दिया है :—

संवत् अठारह सै इकतीस भादैं मास पुनीत ॥ पूरनमासी ताहि दिन झाम मिले हरिमीत ॥ वह हरद्वार गंगा स्नान को गये थे वहीं पर साधू हो गये उसका कथन उन्होंने इस प्रकार किया है :—

हरद्वार सुरसरि निकट अर्द्धरात्र परमान ॥ प्रथम गयववानो भई झाम मिल्यो निरवान ॥

Note.—यह पुस्तक बाबा झामदास जी तथा उनके तीन शिष्यों की रचना है। इसमें बाबा रामप्रसाद तथा बाबा झामदास की ही रचना अधिक है यह बाबा झामदास जी "सत्यनामियें" के गुरु सिद्धिदास जी के समकालीन हैं। कहा जाता है कि इन दोनों महात्मा "सत्यनामियें" में परस्पर बड़ा प्रेम था, बहुधा दोनों अपने अपने आश्रमों से चल कर एक मध्यवर्ती स्थान पर मिल जाया करते थे और ईश्वर संबंधी प्रश्नों पर विचार करते हुए पुनः अपने अपने स्थान पर लौट जाया करते थे। सुनते हैं कि बाबा झामदास बड़े मस्त साधू थे। एकदिन जंगल में बैठे बैठे आप भगवद्भजन में तल्लीन थे, न जाने क्या क्या राग अलाप रहे थे कि एक साथ ही उधर से निकलने वाले बाबा सिद्धदास जी की उन पर दृष्टि पड़ी। उन्होंने अपने साथी से कहा कि यहां पर 'एक साधु मुह बा बा' कर गा रहा है। उसे देखना चाहिये। ज्योंही आगे बढ़े साधू 'झाम भये मुंह बाबा' इत्यादि पद गाने लगे। महात्मा को बड़ा कौतूहल हुआ—सन्मुख जा कर मिले, परस्पर अनुनय-विनय होती रही, ब्रह्मने ब्रह्म को पहचाना और यों एक स्थायी प्रीति स्थिर हुई। झामदास की कुटिया पर एक तालाब है, उसमें स्नान करने तथा महात्माओं की समाधियों के दर्शनों से सिड़ीपन दूर होता है।

No. 192. Piṅgala Rāmāyaṇa by Jhāmarāma. Substance--Country-made paper. Leaves--54. Size--12 × 6½ inches. Lines per page--13. Extent--900 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance--Old. Written in Prose and Verse. Character--Nāgarī. Place of deposit--Śivadāyāla Dīkshita, c/o Bhagīratha Prasāda Dīkshita, Village Maī-Baṭeśwar, Āgrā.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ जय जय रघुपति चन्द्र की चरित चन्द्रिका पूरि। हरि कलिमल आतप सदा करै मोह तम दूरि ॥ १ बंदैं श्री रघुवीर के पद पंकज मकरंद। मुनिवर वृंद मिलिंद जहं सदा वसै सानंद ॥ २ अहिपति रूपी राम के चरण सरोज मनाइ। छंदा भेद अभेद हों भाषा चाहत

गाइ ॥ ३ भाषा प्राकृत संस्कृत छंदो ग्रंथ अनेक । क्रमते हौं जस पूर हौं भनि हौं सोई एक ॥ ४ तातैं सज्जन संसदिहि पठन पठावन जोग । रघुपति चरित पियूष तें पूरो हरै अयोग ॥ ५ महाराज रघुराज के सासन सुंदर पाइ । अब पिंगल के भेद हौं न्यारे न्यारे गाइ ॥ ६ संजोगी के पूर्व जो वर्ण सदीरघ होइ । विंदु विसर्ग समेत जो गुरु सो वंकल दोइ ॥ ७

End.—अथ विमात्रिक कवित्तु माह ॥ जय जन रक्षक अच्छक जग जग जग जगत नत अघ हरण शरण धर । बलदल दलन कलन कर कनकर अजर कर अनद अनद घर ॥ जगत जगत जस अगत अहन गण लगत लगन जन गण अनजन हर । जनत अजन गण तनय गणय कत करत सकल अर अरथ अरत कर ॥ १४४ गद्य पद्य द्वय भांति सब छंद कहे फणिराय । मात्रा वर्ण विभेद करि द्वै विधि ता महं गाय ॥ ११० पदन पदन के सहित जो पद्य कहावत सोइ । जहां चरण विनु जो हिये गद्य उहै पुनि होइ ॥ १११ अथ गद्यस्योदाहरण-श्री मदने ब्रह्माण्ड मण्डल मण्डण घुमन्याखंड प्रतापाखंडलदृगर्वोग्र खंडन दसकंधर दोर्दंडने महादक्ष स्वच्छ ब्रह्मचारिण प्रत्यक्षे स्वरावतार संसार भारापहारिण महावीरा-धिवीर धोर धुरंधर धवल ध्वज धवली कृत जगच्चरित्रैधेनांजनानंदन जगद्वंदन चंदन रघुनंदन वत्सज्जनानंद कारित्रमस्तुभ्यम् ॥ इति श्री भामराम कृत गद्य पद्य सम्पूर्णम् ॥ १ इति

Subject.—मंगलाचरण, गुर लघु संज्ञा, छंदोभंग, कलगण भेद पृ० १ । प्रस्तार सूत्र वर्णन—षटकल प्रस्तार गण वर्णन, पंचकल प्रस्तार, चतुष्कल प्रस्तार, त्रिकल प्रस्तार, नायक कथन—पृ० २—४ तक । लघुमात्रा व गुरुनाम प्रस्तार कथन, गणभेद, म, न, य, ज, स, त, भ, र, गण लक्षण वर्णन, गण देवता, गण में दो के मेल से फलादेश कथन । नष्ट, उद्दिष्ट वर्णन, मात्रा गत, ववर्ण गत, मर्कटी वर्णन, पृ० ४—६ तक । पृ० ७—२६ तक पन्ने नहीं हैं ।—दुर्मिल सवैया, मनोहर, मदनहरा, मरहट्ठा, उद्धत, मोहनी, हरिपद—पृ० २७—२८ तक । मनोरमा, सुगति, सुपद, पृ०-२९—३० तक । वर्णवृत्त वर्णन । श्री, काम, मधु, मही, साद, प्रिया, शशी, पंचाल, मृगेन्द्र, मंदर, धारि, नागरिका, संमोहा, हंस, शेषा, तिलका, विमोहा, मंथरा, संखधारी, समानका, सुवासक वर्णन, पृ० ३१—३२ ।—सुवानि, करहंची, वसुमती, मदलेखा, विद्युन्माला, प्रमाणिका (नग स्वरूपिणी) तुंग, मल्लिका, कमल, मानव क्रीड़ा, अनुष्टप, महालक्ष्मी, सारंगी, पहत्ता वर्णन-पृ० ३३—३४ । तोमर, हलमुखी, रूपमाली, मणिबंध, चंपक माला, संयुक्ता, चंपकमाला, हीर, वलभद्र, सुषमा, अमृतगति, दोधक, सुमुखी सालिना, मदनक, मालती छन्द वर्णन, पृ० ३५—३७ तक । इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा,

भद्रा, उपजाति, स्वागता, रथोद्धता, विद्याधर, भुजंगप्रयात, लक्ष्मीधर, त्रोटक, सारंग, मोक्तिदाम, मोदक, द्रुतविलंबित, प्रतिताक्षण, इन्दुवंस, वंशस्थ, इन्द्रवंशा, माया, तारक, कंद, पंकावलि-पृ० ३७—४० तक। सुमुख, पुष्पिताग्रा, वसंततिलका, संखपद, चक्रपद, सारंगीका, चामर, मालिना, मनहंस, निशिपाल, सरंभ, नाराच, चंचला, ब्रह्मरूपक, पृथ्वीधर, सिखरणी, मंदाक्रांता, मंजोरा, चंचरी, क्रीड़ा चन्द्र वर्णन—पृ० ४१—४५ तक। शार्दूल विक्रीड़ित, चन्द्रमाला, धवला, शंभु, गीतिका, (गंडकमल) श्रग्धरा—किष्किन्धा कांड वर्णन॥ नरेन्द्र, हंसी, मदिरा सुंदरी, चन्द्रकर, मत्तगयंद,—इति सुंदरकांड। किरीटि, दुमिल, महा दुमिल, त्रिभंगी, सालूर इति युद्ध कांड।

सुंदरी, सैरभ, घनाक्षरी, रूपघनाक्षरी,—उत्तरकांड समाप्त।—विमात्रिक व गद्यकाव्य वर्णन पृ० ४६—५४ तक

No. 193(*a*). Ādipurāṇa by Bhaṭṭāraka Śrī Jinendrabhūshaṇa of Gopāchala. Substance--Country-made paper. Leaves--334. Size--$10\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page--12. Extent—3,150 Anushṭup Ślokas. Appearance--New. Character--Nāgarī. Date of Composition--Samvat 1832 or A. D. 1775. Date of manuscript—Samvat 1911 or A. D. 1854. Place of deposit--Śrī Jaina Mandira (Baḍā), Bārā Bankī, (Oudh).

Beginning.—ओं नमः सिद्धेभ्य॥ श्री जिनेभ्यो नमः॥ अथ आदि पुराण भाषा लिष्यते॥ श्री मंनं वृषभंनत्वा॥ केवल ज्ञान लोचनं॥ वक्षें आदि पुराणाष्यं॥ भव्यलोकः सुषःप्रदं॥ १॥ दोहा॥ आदिनाथ जिनराज के॥ वंदौ भवि तुम आइ॥ तासों सिवपुर जाइये॥ भव आताप नसाइ॥ २॥ इन्द्र चन्द्र सब भूप मिलि॥ पूजै सोस नवाइ॥ ताही प्रभु के चरन को॥ सेवो मन वच काय॥ ३॥ चौपाई॥ अजित आदि सब तीर्थ सेा राइ॥ वर्द्धमान सेवो सुखदाइ॥ गौतम आदि जेा गणधर ईश॥ चौदह सै त्रेपन जगदीश॥ ४॥ सरस्वति को प्रणभेा सति भाइ॥ जा प्रसाद विद्या सुभ पाइ॥ तेाहि सुमिरि कर लेषनि लेहु॥ तुम प्रसाद स्वामिन वर देहु॥ ५॥

End.—तिन प्रभु को अव सवन सुपाइ॥ तातै सिवरमनी सुपाइ॥ श्रीचंदा प्रभु नाम जपंत॥ तासेा होवै सिवपुर संत॥ ८४॥ दोहा॥ आदि पुरान अनंत है॥ भाष्यो श्री जिनराज॥ ताही प्रभु को सुमिर ते॥ पावै सिव पद राज॥ ८५॥ अडिल्ल धरम महंत सुआइ धरम हितकार है॥ धरम सुनै भवि आइ जु सिवपुर

भार है ॥ तीरथ कर अरु चक्र सक्र पद पाइये ॥ कहि जिनेन्द्र भूषन दूषन तजि सिवपुर जाइये ॥ ८६ ॥ सुभग सुछेदीलाल के पुत्र उजागर लाल ॥ ता सुत वदलो दास है ॥ लिखेा ग्रंथ सुषकार ॥ ८७ ॥ प्रथम जिनेन्द्र पुरान यह ॥ पढ़ै सुनै चित लाइ ॥ नर सुर के सुष भेागि के ॥ अंत लहै सिव जाइ ॥ ८८ ॥ इति श्री आदिनाथ पुराने ब्रह्म श्री हर्ष सागरस्यात्मज भट्टारक श्री जिनेन्द्र भूषण विरचिते भगवत मेाक्ष पद वरननेा नाम केान विंसतिमेा सर्गः ॥ १९ ॥ संवत् १९११ वार गुरुवार ॥

Subject.—पृ० १—१२ तक—प्रथम सर्ग। मंगलाचरण प्रस्तावना—गौतम से, श्रेनिक का आदिनाथ की कथा सुनने की प्रार्थना करना, गौतम का कथा प्रारम्भ करना। कथा के श्रेाता केा फल। जंबूद्वीप तथा उसमें स्थित गिरि वनादि का सूक्ष्म वर्षन। महाबलेात्पत्ति, महाबली के पिता के तपस्यार्थ चले जाने पर उसका राज्य करना, इसके चारेा मंत्रियेां का सूक्ष्म परिचय ॥

(२) पृ० १२—२५ तक—दूसरा अधिकार मंत्री स्वयं बुद्धिका सभा में पुण्य पाप की व्याख्या करना, अन्य तीन मंत्रियेां का उसके विरुद्ध भाषण, स्वयं बुद्धि द्वारा उनके कथन का खंडन, और राजा के कुछ पूर्वजेां की कथा सुना कर उनके पाप पुण्यानुसार नर्क सर्ग में जाने का कथन करके अपने कथन में सभा का विश्वास करना, मंत्री स्वयंबुद्धि का वन में जिनेन्द्र के दर्शन निमित्त जाना, वहां देा दिव्य मुनियेां के दर्शन हेाना, और उनके द्वारा अपने राजा के भव्य हेाने तथा प्रथम तीर्थंकर हेाने का समाचार जान नृप के पूर्व-भव का समाचार सुना। और राजा केा दीखने वाले देा स्वप्नों का उसे प्रथम से हेा वेाध करा के नृप की आयु केवल एक वर्ष की बता कर विदा करना, मंत्री द्वारा यह सब समाचार जान कर राजा का विस्मय। संन्यास ले कर शरीर त्याग दूसरे स्वर्ग में पहुंच कर ललितांग हेाना। उनके आनन्द भेाग का वर्षन।

(३) पृ० २६—४२ तक—तीसरा सर्ग। ललितांग का अपनी मृत्यु निकट आई जान शेाक करना, सायनिक द्वारा उसका प्रतिवेाध और तप करना, पूर्व विदेह नगर के राजा वज्रवाहु की रानी वसुंधरा के गर्भ से उसका जन्म। ललितांग केा स्त्री स्वयंप्रभा का पुंडरीक नगरी के राजा वज्रदंत की लक्ष्मीवती स्त्री के गर्भ से जन्म ले कर श्रीमती नाम से विख्यात हेाना, इन दोनों के पूर्व भव का वर्षन।

(४) पृ० ४३—५४ तक—चेाथा सर्ग। वज्रदन्त का ब्रह्मेन्द्र पदवी पा कर अपनी कन्या तथा जामात्र के सम्बन्ध का सम्पूर्ण समाचार जान कर, उसके पति के मिलने की भविष्यवाणी कथन करना और अपना, अपनी पुत्री तथा उसके पति के पूर्व भव का समाचार सुनाना। उक्त दोनों वज्रजंघ ललितांग और श्रीमती के विवाह का वर्षन। वज्रजंघ का पात्रदान।

(५) पृ० ५५—६८ तक—पांचवां सर्ग। राजा वज्रजंघ का मार्ग में मिलने वाले मुनि से अल्पावस्था में ही तप करने का कारण पूछना। मुनि का धर्मोपदेश करना और राजा की जिज्ञासा पर उसका और जप वर्मादि के पूर्व भव का कथन करना, अर्थात् मंत्री, पुरोहित, सेनापति तथा श्रेष्टि के व्याघ्र, शूकर, नकुल और वानर के भव धारण करने का वर्णन और इसके अन्तर्गत सुख सम्यक्त लाभ वर्णन करना।

(६) पृ० ६९—८६ तक—पांचवां सर्ग। उक्त चारो जीवों के अगले भव का वर्णन, इसके अन्तर्गत नर्क तथा उनमें दी जाने वाली कुछ यातनाओं का वर्णन। इन प्रीत्यंकर द्वारा सम्पूर्ण समाचार जान कर अपने सत मन मंत्री के जीव के पास जा कर उसको सचेत करना। अच्युतेन्द्र भव वर्णन।

(७) पृ० ८७—९६ तक छठवां सर्ग। अच्युतेन्द्र का राजा वज्रसेन की रानी श्री कान्ता के गर्भ से जन्म लेना। उनका नाम वज्रनाभि होना। अन्य व्याघ्रादि जीवों का भी यहीं जन्म लेना। वज्रनाभि की प्रखर बुद्धि का वर्णन। वज्रदन्त चक्रवर्त्ति का सर्वार्थ सिद्धि नयन वर्णन।

(८) पृ० ९७—११३ तक—आठवां पर्व। मरु देवी तथा नाभि नरेन्द्र के संयोग तथा उनके सौंदर्य सहित नख शिख के वर्णन के साथ ही साथ रानी को दीखने वाले सोलह स्वप्नों का वर्णन और नाभिराज द्वारा उनका फलादेश। ऋषभ देव का जन्म लेना और उनके जन्मोत्सव का वर्णन।

(९) पृ० ११४—१३३ तक—नवां पर्व। इन्द्र द्वारा आदि देव की स्तुति। इन्द्र का नृत्य। माता पिता का दान। दश लांछनों का वर्णन। लक्षण के भेद। ऋषभ देव की शोभा का वर्णन। उनके विवाह करने योग्य आयु को देख कर पिता की उनसे सम्मति मांगना और दोनों के मंत्र संयोग से यशश्वती तथा सुनन्दा से विवाह होना। यशश्वती को स्वप्न देखाई देना। पति द्वारा संपूर्ण स्वप्नों का फलादेश कहा जाना। और पुत्रोत्पत्ति की भविष्यवाणी तथा उसके चक्रवर्ती होने का कथन। भरत जन्म, सुनन्दा की सन्तति का वर्णन, ऋषभनाथ के राज्य वर्णन के साथ साथ प्रजा को स्वावलम्ब की शिक्षा देना अर्थात् कल्प-वृक्षादि की आशा न रखने का कथन।

(१०) पृ० १३४—१४९ तक—दसवां पर्व। इन्द्र के नृत्य क्रीड़ा के समय एक अप्सरा के नाचते नाचते ही आयु विहीन हो जाने पर आदि देव को ज्ञानोत्पत्ति का होना। राजा ऋषभसेन को बारह धर्म संबंधी अनुप्रेक्षाओं का स्मरण आना और उनका योगवृत्त साधन करना।

(११) पृ० १५०—१७६ तक—ग्यारहवां पर्व। आदि देव के साथ ४००० राजाओं का तप में निरत होना, ऋषभ देव का छ महीने का व्रत धारण करना,

राजाओं का क्षुधा युक्त हो कर तप भंग करने का विचार तथा असफलता का वर्णन। कच्छ नरेश के दो राजकुमारों निमि विनिमि का आदि देव की कृपा से विजयार्द्ध पहुंच कर राज्य करना, आदि देव का मौन व्रत धारण कर हस्तनापुर को गमन करना। हस्तनापुर नरेश का कुछ स्वप्न देखना। पुरोहित का फल कथन करना। आदि देव के उनके घर आने का शुभाशिर्वाद सुनाना। आदि देव के दर्शनों के समय प्रजा की प्रसन्नता का वर्णन। पात्र दानादि धर्म कार्यों की प्रसंशा, श्रेयांश द्वारा भरत को उपदेश। जैन धर्म के कुछ उद्देश्यों का वर्णन। आदिनाथ को कैवल्य ज्ञान होना।

(१२) पृ० १७७—१९५ तक—बारहवां पर्व। ऋषभ देव के कैवल्य ज्ञान के समय इन्द्र के एक अद्भुत हस्ती के उपस्थित करने का वर्णन, देवादि का बधाई बजाना, इन्द्र इन्द्राणी संवाद, समवशरण की रचना, वन बागादि के वर्णन के साथ उसकी सब पीठों का वर्णन। वहां की विभूति का वर्णन। इन्द्र देव का स्तुति करना।

(१३) पृ० १९६—२२२ तक—तेरहवां पर्व। राजा भरत का पिता के कैवल्य-ज्ञान, चक्र तथा पुत्र की उत्पत्ति तीनों शुभ कार्य्यों की सूचना एक साथ ही पा कर भ्रम युक्त होना। पश्चात् धर्म कार्य्य में पहिले योग देने की शुभेक्षा से आदि देव की सेवा में उपस्थित होना और वहां की शोभा को देख कर कृतकृत्य होना और आदि देव की नाना प्रकार से स्तुति करना। जिनेन्द्र से तत्वज्ञान का उपदेश ग्रहण करना। षट द्रव्यों के भेद, गुण, पर्य्याय, चौदह मार्गों के वर्णन तथा जीव के स्वरूपादि का जैन धर्मानुसार वर्णन।

(१४) पृ० २२३—२४५ तक—चौदहवां पर्व। इन्द्र द्वारा भगवान की स्तुति तथा उनके सहस्रनामों का वर्णन। गुण कथन के साथ ही साथ अनेक प्रकार की वन्दना किया जाना। उस समय के वैभव का वर्णन, भगवान के उपदेश से लोगों का आनंदित होना। तीर्थ विहार का विस्तृत वर्णन।

(१५) पृ० २४६—२६८ तक—पन्द्रहवां पर्व। भरत चक्रवर्त्ती का अपने घर को लौटना, चक्र की पूजा करना। पश्चात् पुत्रोत्सव मनाना, चक्री का दिग्विजय निमित्त प्रयाण, सेना संचालन का क्रम, गंगा वर्णन, राजा का पूर्व ओर जा कर गंगा तटस्थ वन में डेरा डालना तथा अनेक राजाओं द्वारा भेंट आदि से सम्मानित होना, समुद्र विजय का वर्णन। दक्षिण विजय का वर्णन। इसी प्रकार पश्चिम दिशा के भूपालों के पराजित करने का वर्णन। गिरनार पर्वत तथा नर्वदा नदी का वर्णन। उत्तर दिशा को विजय करने का वर्णन। म्लेक्ष खंड विजय वर्णन। चक्री के दिग्विजय करने पर देवों का हर्ष।

(१६) पृ० २६९—२८२ तक—सोलहवां पर्व। भरत का आदि देव के निवासस्थान (कैलाश) पर जा कर वहां की शोभा निरीक्षण कर उनकी स्तुति करना, भरत के भ्राताओं का दीक्षा लेना। नगरी में प्रवेश करते समय चक्र रत्न के न चलने के कारण शत्रु रह जाने की शंका तथा बाहुबली के आज्ञा न मानने पर सेना युद्ध को छोड़ केवल दोनों वीरों ही का युद्ध होना। भरत का पराजित होना, महाबली को इस पर वैराग्य होना, भरत का उससे पोदनपुर के राज्य ग्रहण करने को कहना, उसको अपने पुत्र महाबली को उसके चरणों में सौंप कर स्वयं तप को जाना। दीक्षा लेना। साठ सहस्र वर्ष व्यतीत होने पर भरत के मन में तप की इच्छा होना और जिनेश्वर के पास जा कर ज्ञान प्राप्त कर बाहुबल को कैवल्य ज्ञान कराना।

(१७) पृ० २८३—३०० तक सत्रहवां पर्व। भरत चक्रवर्ती के वैभव का वर्णन। उसका धर्म कार्यों में दत्तचित्त रहने का वर्णन। दान परिग्रह निमित्त चक्री का ब्राह्मण वर्ण निश्चित करना। उनके कर्मादि का व्याख्या सहित द्विज वर्णन। ब्राह्मणों को दान देने का वर्णन। चक्री को सोलह स्वप्नों का दिखाई देना। आदि देव द्वारा उनका फलादेश कथन। स्तुति करके भरत का घर को लौटना॥

(१८) पृ० ३०१—३२१ तक। अट्ठारहवां पर्व। राजा जयसेन का चरित्र कथन। सुलोचना स्वयंवर की गाथा, ईर्ष्या वश झगड़ा होना, उसमें भरत चक्री के पुत्रों का योग देना, जयसेन की विजय का वर्णन, सुलोचना के पिता काशी नरेश 'अर्कपन' भरत चक्री से क्षमा मांग कर अर्क कीर्ति को अपनी छोटी पुत्री लक्ष्मीमती का विवाह कर देने का वर्णन। जिनके पास जा कर 'जय' का लज्जित हो कर उनकी वन्दना करना। 'जय' तथा सुलोचना के विवाह का वर्णन। अर्क कीर्त्यादि सहित 'जय' का अयोध्या आना, भरथ द्वारा उसकी प्रशंसा। भरथ का चक्री का अनुशासन पा घर को बिदा होना, कुछ अशकुनों के होने पर शंका, सूरदेव ज्योतिषी को बुला कर फल पूछना, उसका उनको निशंक रहने का कथन करना। अर्कपन का तप में निरत होने का वर्णन।

(१९) पृ० ३२२—३३४ तक—उन्नीसवां पर्व। विद्याधर तथा विद्याधरी को विमान में निकलते देख कर विजय को जाति स्मरण हो कर 'प्रभावती' का नाम लेतेही मूर्छित हो जाना। इसी प्रकार 'सुलोचना' का 'रतिवान' कह कर मूर्छित हो जाना। श्रीमती रानी के हंसी करने पर दम्पति के पूर्व भव का वर्णन किया जाना, चक्री का अपने पुत्र अर्क कीर्ति को राज दे कर कैवल्य प्राप्त करना। इस चरित्र कथन का फल, कथा समाप्ति।

ग्रंथ निर्माण कालः—सम्वत् अष्टादश है सही। वत्तीसा की साल जो लही॥ तामें भादौं मास सुजान। वादि एकदशि चन्द्र वखानि ग्रंथकार का

परिचयः—श्री प्रमूल सिंह सरस्वती गच्छ। वलात्कार गन अधिक सुपच्छ॥ तामें पद गोपाचल माहिं। भट्टारक पदवी सुख पाहिं॥ धर्म कीर्त्ति भट्टारक कहे। शील भूषन मुनि ते पट लहे॥ ग्यान भूषन के पद महान। स्वामी जगति भूषन तुम जानि॥ विश्व भूषन भूषन सम लहे। देवेन्द्र भूषन तेहि पर ठये॥ सुरेन्द्र भूषन दूषन हरि मोहि। लक्ष्मी भूषन तेही पर होइ॥ इनके मध्य ब्रह्मचारी स्वरूप। विनय सागर एक भये अनूप॥ तिनके शिष्य महाव्रत धारी। तपस्या अधिक करी है भारी॥

× × × × ×

हर्ष सागर है नाम पुनीत। सज्जन जन के हैं वे मीत॥ तिनके गुरुभाई सुभ संत। पंडित श्री हरिकृष्ण विभंत॥ तिनके शिष्य सुजोवन राइ। विद्या सर्व रही तिन छाइ॥ हेमराज तिन शिष्य सुज्ञान। वानारसि पढ़ि वहु गुन खान॥ भवानी हीरानंद जो कहे। वेनोदास अधिक गुन लहे॥ इन सबही के मध्य जु आइ। जसमंत नगर को वैठक पाइ॥ तव यह रच्यो पुरान महान। भव्य जीवन सुख लह्यो निदान॥ भट्टारक पदवी है नाम। जिनेन्द्र भूषन यह कीन्हो धाम॥ इति।

पुराण पठन का फल। ग्रंथ संपूर्ण।

No. 193 (*b*). Neminātha Purāṇa by Bhaṭṭāraka Śrī Jinendra Bhūshaṇa of Gwalior. Substance--Country-made paper. Leaves--300. Size--$9\frac{1}{2}$ × $5\frac{1}{2}$ inches. Lines per page--15. Extent--4,500 Anushṭup Ślokas. Appearance --Old. Character--Nāgarī. Date of Composition--Samvat 1800 or A. D. 1743. Date of manuscript--Samvat 1860 or A. D. 1803. Place of deposit—Śrī Jaina Mandira (Baḍa) Bārā Bankī.

Beginning.—श्री वीतराग जो सहाय। अथ नेमनाथ पुराण लिष्यते॥ ज्ञानः लक्ष्मी धना श्लेषः॥ प्रभवा नंदनं दिनं॥ निष्टि तार्थमजं नौमो॥ परमात्मानमव्ययं॥ १॥ दोहरा॥ नेमनाथ जिनराज कौ॥ वंदौं मन वच काय॥ जा देषत पातिग नसै॥ भव वाधा नसि जाय॥ २॥ चौपाई॥ आदिनाथ बन्दौं जिनराज॥ जिन कीन्हो है आतम काज॥ दजे अजित जिनेश्वरदेव॥ ताका करैं इन्द्र सन सेव॥ ३॥ तीजे संभव है सुखदाय॥ जा देषत पातिग नसि जाय॥ अभिनन्दन प्रभु प्रनपति करौ॥ फेरि न भवसागर में परौं॥ ४॥ सुमति नाथ प्रभु सुमति कराय॥ मेरी भववाधा नसि जाय॥ पदमा प्रभु है पदम समान॥ तिन सम कोई देव न आन॥ ५॥ श्री सुपार्श्व जिन प्रनमौ आजु॥ तासौं सिवपुर पाऊं साजु॥ चंद प्रभू है चंद समान॥ तिनको सव सुर मानें आन॥ ६॥ पुष्पदंत

है सुंदर काय ॥ तिनको सेव करत सुर आय ॥ श्री सीतल नर सीतल करै ॥ भव आतप सबै परिहरै ॥ ७ ॥ पुन श्रेयांस करै कल्यान ॥ तिन कौ ज्ञान पयूष समान ॥ वास पूज्य वार मै जिनेंद्र ॥ सुर नर सेवै आनि महेंद्र ॥ ८ ॥ विमल सदा मल रहित विराजै ॥ जा देषत पातिग सब भाजै ॥ अनंत देव सम और न कोय । तासैं सिव पद निहचै होय ॥ ९ ॥

End.—बहुत बात मैं कहौं कहा लौं । जैन धर्म सिवपुर को थानौ । सोरठा ॥ झौगर सुनौ पुरान । भाव भगति चित धारि कै । सुफल करौ जिनराज । आवा गवनु निवारि कै ॥ ४२ ॥ दोहा ॥ देस देस उपदेसु दै । हंसराज पढ़वाय । यासैं भवसागर मिटै । पुन्य महातम आय ॥ ४३ ॥ नवलगि मेरु सुमेरु । तव लगि सुनौं पुरान । याके सुनतै पाइये । सिवपुर महल पयान ॥ ४४ ॥

इति श्री नेमिनाथ महापुराने आचार्य्य श्री जिन सेनाचार्य्य जिनेन्द्र भूषण विरचितं श्री नेमिनाथ निर्वाण गमनो नाम षोड़ष सर्गः ॥ १६ ॥ संवत् १८६० कातिक वदी × × × ×

Subject.—(१) पृ० १—१० तक—प्रथम सर्ग ।

मंगलाचरण—नेमिनाथादि वंदना । ग्रंथकार का परिचय तथा ग्रंथ निर्माण कालः— पद ग्वालियर है सुषदाय । जगत भूषन मुनि पदवी पाय ॥ विश्व भूषन की बात विचार । कासा जीता है सुभसार । सब देसनि मैं करत विहार । गढ़ा सहर मैं आये सार ॥ तब यह रच्यौ पुरान महंत । सुनियौ भव्य महा सुभ संत ॥ संवत् ठारह सौ परिवान । ता सामान प्रसाढ़ वषान ॥ सुभ दिन आठै है गुन भरो । तादिन यह बुधि ठाढ़ी करी ॥ प्रस्तावना, ग्रंथ के पढ़ने का फल, दुरजनादि वंदना । श्रोता भेद वर्णन । जंबूद्वीप वर्णन, उसके अंतर्गत मगध देश का वर्णन । तीर्थंकर और कुलकरों का सूक्ष्म वर्णन । राजग्रही स्थान का वर्णन । वहां के राजा सैनिक का वर्णन । राजा के राज में वर्द्धमान जिन आगमन, प्रजा का उन से मिल कर नेमिनाथ की कथा सुनाने की प्रार्थना करना । जिस प्रकार के वस्त्र पहन कर कथा सुने उनके अनुसार पृथक् पृथक् फल ।

(२) पृ० ११—३० तक—द्वितीय सर्ग ।

राजा 'अरन्ह' दास तथा उसके राजस्थान सिंहपुर के वैभव का वर्णन । राजा की स्त्री जनदत्ता के गर्भ रहने और पुत्र उत्पन्न करने का वर्णन । पुत्रोत्सव, बालक का नाम अपारजित रखा गया, राजा के राज्य में स्थित वन में विमल वाहन मुनि का आगम और उपदेश । राजा का जिनराज के साथ चला

जाना। इस पर बालक अपराजित का खेद। अपराजित का राज भोग। मुनि से राजा पराजित का अपने पूर्व भव का समाचार जान अपने पुत्र को राज्य देकर संन्यास लेना, उसका प्राण त्याग। नेमिनाथ के अन्य पूर्व भवों का वर्णन।

(३) पृ० ३१— ४६ तक तृतीय सर्ग।

टक्कपुर के वीरदत्त नामक सेठ का अपनी स्त्री वनमाला को लेकर कौशाम्बी में सुमुख के यहां आना। सुमुख और वनमाला का प्रेम हो जाना, अगले जन्म में एक राजा के यहां सुमुख का जन्म लेना, और फिर वनमाला का भी दूसरा जन्म होकर उनके साथ विवाह होना, आगे इन्हीं को संतति की वृद्धि होना, उसी कुल में समुद्र विजय का जन्म लेना। कौरव वंशीय राजाओं का वर्णन, पांडु कुंती संयोग। उससे कर्ण की उत्पत्ति। कुंती और माद्री अन्धक वृष्णि की पुत्रियों का पांडु के साथ विवाह संस्कार, युधिष्ठिर, भीम और अर्जुन की उत्पत्ति, गांधारी और धृतराष्ट्र का विवाह, उससे दुर्योधन आदि चार पुत्रों की उत्पत्ति और सब मिल कर हरिवंश में १०० पुत्रों का होना, सुप्रतिष्ठ मुनि का अन्धक वृष्णि को अपने पूर्व भव का समाचार सुनाना और पश्चात् राजा की प्रार्थना पर उसके तथा उसके पुत्रों का पूर्वभव समाचार सुनाना। कुन्ती और माद्री के पूर्व भव का समाचार। वसुदेव के पूर्व जन्म का हाल। इन से नारायण और प्रति नारायण उत्पन्न होने की भविष्यवाणी। अंधक वृष्णि का तप करना

(४) पृ० ४७—६१—तक चतुर्थ सर्ग।

सौरीपुर के राजा समुद्र विजय का अपने प्रिय भाइयों सहित सुखपूर्वक राज्य करना। इस राजा के छोटे भाई वसुदेव का ग्यारहवें कामदेव का औतार होना, उसके बाजार जाते समय उसको देखने के लिये अव्यवस्थित अवस्था में नगर की स्त्रियों का भाग निकलना, नगर निवासियों का राजा से इस विषय की सूचना देकर उन्हें इस कार्य्य से प्रेमपूर्वक रुकवा देना। वसुदेव का अब राजा की स्नेह आज्ञा का प्रतिपालन करते हुए केवल राजवाटिका में ही क्रीड़ा करना। निपुण मति नौकर के भड़काने पर वसुदेव का देश त्याग कर चल देना और अपने घोड़े के गले में "अपने चिता में जल मरने का समाचार लिख कर छोड़ देना" सब का खेद। विजयपुर नरेश की कन्या श्यामला के साथ वसुदेव का विवाह। अशनि वेग की शाल्मलिदत्ता नामक पुत्री से उनका विवाह। चारुदत्त की पुत्री गन्धवदत्ता के साथ विवाह। सात सौ विद्याधर कन्याओं के साथ उनका विवाह। रोहिणी के साथ विवाह। भाइयों के साथ वहां युद्ध होना। पारस्परिक परिचय और सब स्त्रियों सहित वापस आना, रोहिणी से 'बलदेव'-'पद्म' नाम नामे बलदेव की उत्पत्ति।

(५) पृ० ६२—७७ तक—पांचवां सर्ग।

वशिष्ट नामक तपस्वी का देवों की आज्ञा से पंचाग्नि तप त्याग कर जिन दीक्षा ग्रहण करना, मथुरा में आकर उनका उपवास करना, राजा उग्रसेन के प्रमाद से उन्हें आहार न मिलना और उनका शरीर त्याग, उग्रसेन को स्त्री से ही 'कंस' नाम से मनि का जन्म लेना, राजा का उनको भयंकरता देख कर संदूक में बंद कर यमुना में छुड़वा देना। कंस के साथ जरासंध का अपनी पुत्री 'जीवद्यशा' का विवाह कर देना, कंस द्वारा उग्रसेन का कैद होना, उसका अपनी मामा को लड़की देवकी के साथ वसुदेव का विवाह करना देवकी से कृष्ण का जन्म, कृष्ण का नन्द के यहां जाना, कृष्ण के द्वारा चाणूर मल्ल की मृत्यु। कंस वध।

(६) पृष्ट ७८—९२ तक—छठवां सर्ग।

जीवद्यशा का दुखित होना, उसके पिता जरासंध का उसको सहायता के लिये आना, पिता को उसका कृष्ण द्वारा क्रमशः हुए सभी समाचारों का सुनाना, कृष्ण-द्वारा द्वारिकापुरी का निर्माण, नगर की शोभा का वर्णन, समुद्र विजय महाराज को गुणवती स्त्री शिवदेवी के गर्भ से नेमिजिन का जन्म लेना।

(७) पृ० ९३—११२ तक—सातवां सर्ग।

देवों द्वारा भगवान 'नेम-जिन' का जन्म महोत्सव मनाया जाना, इन्द्र की आज्ञा से 'ऐरावत' हाथी का कुवेर द्वारा सजाया जाना, देव स्त्रियों का भी राग रंग करना, नगर निवासियों द्वारा आनन्द बधाई बजाना। तीर्थंकर के शरीर चिन्हों द्वारा उनकी पहिचान बताना।

(८) पृ० ११३—१३१ तक—आठवां सर्ग।

अपने राज्य के कुछ महाजनों द्वारा द्वारिकापुरी और यदुवंशियों के बल पराक्रम और वैभव को सुन कर जरासंध का अत्यन्त क्रोधित होकर चढ़ाई करना। नारद द्वारा यह समाचार सुन कर यादवों का भी तयारी करना। जरासंध का वध होना। कृष्ण बलदेव द्वारा दिग्विजय होना। कृष्ण के वैभव का हाल।

(९) पृ० १३२—१९० तक।

नेमिजिन का निष्क्रमण कल्याण, कृष्ण तथा बलदेव का अपनी अपनी स्त्रियों के साथ जल केलि करना, नेमिजिन का भी सतभामा के साथ जल क्रीड़ा करना, नेमि का हंसी हंसी में अपना भींगा वस्त्र सतभामा की ओर फेंक कर उसे धोने की आज्ञा देना, उसका सगर्व मर्मभेदी उत्तर देना, और शेष शय्यादि पर उनके न चढ़ सकने का कथन करना, नेमि द्वारा सब वही क्रियाएं पूरी होना,

कृष्ण का भयभीत होना, उनके विवाह का उद्योग, नेमि का वैराग्य, यह वैराग्य भावना उत्पन्न हुई :—अनित्य-भावना, (२) अशरण भावना, (३) संसार भावना, (४) एकत्व भावना, (५) अन्यत्व भावना, (६) अशुचि भावना, (७) आश्रव भावना, (८) संवर भावना, (९) निर्जरा भावना, (१०) लोक भावना, (११) बोधि भावना, (१२) धर्म भावना। राजमती का भी जिन दीक्षा लेना, उनके द्वारा किए गए ध्यानादि के लक्षण और भेद।

(१०) पृ० १९१—१९८ तक—दसवां सर्ग।

गिरनार पर्वत पर जिन को केवल लाभ होना और समवशरण-निर्माण जिनागम के अनुसार कर्मों की प्रकृतियों के क्षय करने का सूक्ष्म-विवरण, आठवें गुण स्थान में क्षपक श्रेणी पर चढ़ने का वर्णन। नेमिजिन के अभूत पूर्वक कहलाने का वर्णन। ३६ प्रकृतियों का क्षय होना। घातिया कर्मादि का विनाश किया जाना, कुबेर द्वारा समवशरण निर्माण। समवशरण की रचना का विस्तृत हाल और उनके केवल ज्ञान होने का वर्णन। कृष्ण बलदेव द्वारा 'नेमिजिन' की प्रदक्षिणा किया जाना। उनके द्वारा नेमिजिन की स्तुति किया जाना, समवशरण में विराजे हुए मुनियों को नमस्कार करके अपने परिवार के साथ उनका मनुष्यों की सभा में जा बैठना, रत्नत्रय विराजमान मुनि १८ हजार होना ४४ हजार कन्याओं का वहां विराजा होना, अन्य श्रावकों की गणनादि का वर्णन।

(११) पृ० ११९—पृ० २१८ तक—ग्यारहवां सर्ग।

नेमिजिन का धर्मोपदेश। देव, गुरु, शास्त्र के विश्वास करने को सम्यग्दर्शन कथन, अठारहो दोषों का वर्णन। देव की व्याख्या, सम्यग्दर्शन के आठ अंगों का वर्णन। शंकादिक आठ दोषों का वर्णन। छ अनायतन, तीन मूढ़ता और आठ मद ये २५ उसके दोष। आठ प्रकार के गर्व का वर्णन, ज्ञान के स्वरूप का वर्णन करके सुगति का कारण सुन्दर चरित्र का स्वरूप कथन। ५ पापों का त्याग। हिंसा का त्याग, शराबादि का निषेध, मधु, पांच उदुम्बरादि त्याग वर्णन। बारह प्रकार के व्रतों के करने का उपदेश। ग्यारह प्रतिमाओं का उपदेश, इन प्रतिमाओं के स्वरूप का वर्णन, सल्लेखना व्रत का वर्णन, रत्नत्रय स्वरूप के वर्णन के बाद ग्रंथ की समाप्ति।

(१२) पृ० २१९—२२५ तक—बारहवां सर्ग।

कृष्ण का नेमिजिन का तत्वोपदेश पुनः समवशरण रचना, कृष्ण बलदेव का वहां आगमन, कृष्ण का नेमि से तत्वों के जानने की अभिलाषा प्रगट करना, उनके द्वारा तत्व, तत्व का स्वरूप और तत्व का फल कथन किया जाना, छ तत्वों के नाम, और उनका स्वरूप। चौदह मार्गणा और चौदह गुण स्थानों से जीव

के जाने का वर्णन। जीव-अजीव, आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा, मोक्ष इनके स्वरूपादि का वर्ण। कृष्ण द्वारा भगवान की प्रार्थना।

(१३) पृ० २२६—२४४ तक—तेहरवां सर्ग।

वसुदेव को स्त्री देवकी का वरदत्त गणधर से अपना, बलदेव, और कृष्ण के पूर्व भव का हाल सुनना। उसी संबंध में उज्जैन के राजा वृषभध्वज का वर्णन। चोरों इत्यादि कई व्यक्तियों का स्त्रियों सहित मुनि व्रत धारण करना।

(१४) पृ० २४५—२६४ तक—चौदहवां सर्ग।

कृष्ण की पटरानी सत्यभामा ने भी गणधर भगवान को भक्ति से नमस्कार कर अपने पूर्व भवों का हाल पूछा, गणधर ने उन्हें संपूर्ण हाल बतला दिया रुक्मिणी के पूर्व भव का हाल, इसी प्रकार जांभवती इत्यादि अन्य पटरानियों के पूर्व भव का समाचार कहा जाना, गणधर के मुख से अपनी पटरानियों के पूर्व भव का समाचार सुन कर कृष्ण का संतोष।

(१५) पृ० २६४—२८४ तक। पन्द्रहवां सर्ग।

बलदेव का लोक श्रेष्ठ गणधर द्वारा प्रद्युम्न और शंभुकुमार की भवान्तर कथा सुनने की इच्छा प्रगट करना, गणधर का कथन करना, मधु का कनक सुन्दरी पर मोहित होना, मधु राजा का विमलवाहन मुनि के प्रताप से विरक्त होना, उनका जिन दीक्षा लेना, मधु का रुक्मिणी के गर्भ में आकर प्रद्युम्न होना, वह अपने पूर्व भव के शत्रु कनकरथ द्वारा हरा गया, अनेक विद्या लाभ कर के उसका अपनी माता के पास आगमन।

(१६) पृ० २८५—३०० तक—सोलहवां सर्ग।

बलदेव का नेमिजिन तीर्थंकर से यह प्रश्न करना कि कृष्ण के पास कब तक राज्य रहेगा उनका उनको जिज्ञासा की पूर्ति करते हुए संपूर्ण कथा कहना। इसके पश्चात् कृष्ण की मृत्यु, प्रद्युम्न और संभव कुमार का केवल ज्ञान। पांचों पांडवों के आपेक्षक संबंध का सूक्ष्म वर्णन। कृष्ण की मृत्यु का समाचार जान पांडवों का जिन दीक्षा लेना। पांडवों का जिन से अपने पूर्व भव का हाल पूछना, नेमिजिन का निर्वाण समाचार—ग्रन्थ समाप्ति।

No. 194. Samyakta Kaumudī Bhāshā by Jodharāja Godī of Sāngānera. Substance--Country-made paper. Leaves--96. Size--9½ × 6½ inches. Lines per page--30. Extent --1,800 Anushṭup Ślokas. Appearance--Old. Character--

Nāgarī. Date of Composition--Samvat 1724 or A. D. 1667. Date of manuscript—Samvat 1849 or A. D. 1792. Place of deposit--Śrī Jaina Mandira (Baḍā), Bārā Banki (Oudh).

Beginning.—अथ सम्यक्त कौमुदी भाषा लिख्यते ॥ दोहरा ॥ छंद ॥ परम पुरुष आनन्द मय चेतन रस सुजान। नमो सुद्ध परमातमा जग परकासक भान ॥ १ ॥ परम ज्योति आनन्द मय सुमिरत होइ अनन्द। नाभिराज सुत आदि जिन वंदौं पूरन चंद ॥ २ ॥ सवैया-मरु देवी मात अरु नाभिराजा पिता जाके ऐसे आदि नाथ जिन तकि पद नमिहै। परम धरम परकासन को आदि भये ताको सुनि भव्य जोव मिथ्या मोह दमिहै ॥ इन्द्र धरणेन्द्र चक्रवर्ति ताको सेवा करै रैन दिन रूप लखि रुख माफ रमिहै। शुद्ध ज्ञान केवल विराजमान कहै जोध कवीस ध्यान धरै घाति कर्म दमिहै ॥ ३ ॥ विजोरा वंध सेारठा—नमहु आदि प्रभुजू चरन। नरक आदि सब दुख हरन। नग यक जिन सुख थान। नहि मान कछु जासु तन ॥ ४ ॥ दोहरा ॥ नरक निवारन नामवर रमन मोक्षपद थान। नमत ताहि हो सब अमर रहत कषाय प्रवान ॥ ५ ॥ छप्पै ॥ वंदौ अजित जिनेस ज्ञान केवल के धारी। वंदौं अजित जिनेस ताहि सेवत श्रुतधारी ॥ वंदौ अजिने जिनेस मुक्ति कारन सुखदाई। वंदौ अजित जिनेस इन्द्र पूजत मन लाई ॥ जित शत्रु पिठावहु गुन सहित विजया दे माता विमल। जग माहि जोध कवि के अछै करम रूप खोदो सुमल।

End.—ग्यारह सै अठहत्तरि यहां छन्द चौपई जानि। कहा कौमुदी ग्रंथ का जोध सुमति उनमानि ॥ ३५ ॥ जो कहुं मेरो चूक है लीजो संत सुधारि। चरण मात्रा देखि कै गुन औगुन सुविचारि ॥ ३६ ॥ वन्दौं सिव अवगाहता अरु वंदौं शिव पंथ। अरह देव वन्दौं विमल वन्दौं गुरु निरग्रंथ ॥ ३७ ॥ शशि रवि वन्दिय पुन्यमय पुनि अविचल सेाय। ऐसेा चलकै जैन में मैन दहन जिन जोय ॥ ३८ ॥ सुर पद निमित्त सुचरन है सुख दायक सुख जासु। सुमिरत पाप मिटै सदा नमत जोध पद तासु ॥ ३९ ॥ नाम रहत परमातम माना। नाम रहत भविलोक वखाना ॥ नाम करम तजि भये सुजाना। नाभिराज सुत देव परवाना ॥ ४० ॥ जिन वानी पूजै सहो ताते सब सुख होय। कविता दूखन ना लगै सुख थै पूरन होय ॥ ४१ ॥ चंद सूर थनो अचल जब लगि अंवर आकाश। मेरादिक जब लगि अटल तब लगि जैन प्रकाश ॥ ४२ ॥

इति श्री सम्यक्त कौमुदी कथा साह जोधराज गोदो काव्य रचित वदितोदय भूप बहुदासु सेठादिक सग गमन वरनांनाम एकादश परिच्छेद ॥ ४४ ॥ इति ॥ संवत् १८४९ वर्षे मिति कारतिक वदि ७ श्री पार्श्व चंद सुरि गछै श्री

१०८ श्री गुरांजी श्री चन्द्रभाण जी तत् शिष्य लिखरुशा सिरदार मल्ल सुश्रावक पुरुड प्रभविक देव गुरु भक्तिकारक जिनाद्रा प्रतिपालक सकल उपमा धर्म धुरंधर धर्म मूर्ति श्री मांजीराम जी स्ववाचनार्थ श्री संभातपुर नगर मध्ये ॥

Subject.—पृ० १—१३ तक—प्रथम परिच्छेद। मंगलाचरण, जिनादि वंदना तथा ग्रंथ की पीठिका वर्णन, मथुरा के राजा उदितोदय का अपने नगर में कौमुदी महोत्सव मनाने की आज्ञा देना, वन में स्त्रियों के हो जाने की आज्ञा और पुरुषों के जाने का विरोध करना, अन्त में शरद की शुभ शीतल चन्द्रिका के सम्पर्क से उसे कामोद्दीपन होना और मंत्री से वन में रानी के पास जाने की इच्छा प्रगट करना, मंत्री का निषेध और इस निषेध की पुष्टि में राजा सुयोधन की निरंकुशता की कथा कहना—उसका अपने कोतवाल के सुप्रबंध से कुढ़ कर मारने का उद्योग।

(२) पृ० १४—२८ तक—द्वितीय परिच्छेद। राजा, मंत्री और ब्राह्मण के षडयंत्र से कोतवाल को चोरी का अभियोग लगाया जाना, और उसके लिये मृत्यु दंड की घोषणा करना, नगर वासियों के अनुरोध से सात दिन का अवसर चोर तथा चोरी के द्रव्य के उपस्थित कर देने के लिये दिया जाना। इन सातों दिनों में नीति संबंधी सात कहानियों का कोतवाल के द्वारा सुनाया जाना, किन्तु मदान्ध होकर राजा का वास्तविक भाव न समझ सकना और अन्त में प्रजा द्वारा उपरोक्त तीनों अधिकारियों का दांडित होना। इस कथा में गुम्फित-शिक्षा द्वारा राजा उदितोदय को बोध होना और रानी के पास जाने की इच्छा का परित्याग।

(३) पृ० २९—३८ तक—तृतीय परिच्छेद।

राजा का मंत्री सहित रात्रि के समय विनोदार्थ नगर में घूमने को जाना। मार्ग में एक व्यक्ति विशेष की छाया देख कर मंत्री से पूछना और मंत्री का उसे अंजन धारी चोर बताना और दोनों का उसी के पीछे पीछे जाना और अरहदास के घर पर पहुंचना और उसका अपनी स्त्रियों को अपने सम्यग्दृष्टि होने के संबंध में कथा सुनाना, और चोर तथा मंत्री सहित तीनों का उन्हीं के पिताओं के संबंध में कथा कहना और उससे जैन धर्म की महत्ता अपनी स्त्रियों के मुख से सुनना, सब से छोटी कुंदकूला का सेठ से सहमत न होना और राजा का क्रोधित हो कर प्रातः उसको दंड देने का विचार अपने मन में ठान लेना।

(४) पृ० ३९—४७ तक—चतुर्थ परिच्छेद।

सेठ की स्त्री मित्रश्री के अपने सम्यक्त ज्ञान प्राप्त होने की कथा सुनाने का वर्णन। वृषभदास तथा जिनदत्ता की कथा, जिनदत्ता के संतान न होने पर

उसी के आग्रह पर बन्धुश्री को पुत्री से विवाह करना, इस नवागत वधू कनक श्री का जिनदत्ता से जन्मना और उसके मारने का उद्योग और उसमें असफल होकर स्वयं ही हताहत हो जाना। राजा का इन्हें निर्दोष पाकर छोड़ना-जिनेन्द्रदेव और उसने मित्रश्री को सम्यक् ज्ञान होने का वर्णन। कुंदकला का उसे भी असत्य ही कहना।

(५) पृ० ४८—५६ तक—पंचम परिच्छेद।

इसी प्रकार चन्दनश्री का सोमदत्त को पुत्री संबंधी गाथा सुना कर अपने सम्यक् ज्ञान की कथा सुनाना, ब्राह्मण की पुत्री सोमा का एक सेठ द्वारा पाला जाना, उसका धोखे से धूर्त ब्राह्मण रुद्रदत्त के साथ जो ज्वारी भी था और एक कुटनी की पुत्री कामलता से विवहित भी था विवाह होना। उस ज्वारी का प्रथम स्त्री में अनुरक्त होना और सोमा का विरक्ता होकर जिन धर्म में तल्लीन होना, जिन मन्दिर की प्रतिष्ठा में अपने प्रतिपक्षी पति, सौत तथा उसकी माता को भी निमंत्रण देना और उसके रूप सौंदर्य्य से मोहित होकर उस कुटनी कामलता की माता का यह समझना कि कहीं रुद्रदत्त उसको न चाहने लगे, एक सांप को घड़े में रख कर और उसके ऊपर से फूल रख कर भेंट करना, सर्प का माला बन जाना, चलते समय उसी माला का कनकलता की गर्दन में डालना और उसका डसा जाना। अंत में सोमा के प्रभाव से उसका भी बच जाना और भेद खुलने पर सब का जिन धर्म में प्रेम करना, कुंदकला का इस बात को भी मिथ्या मानना।

(६) पृ० ५७—६३ तक—षष्ट परिच्छेद।

अरहद्दास सेठ की प्रियतमा "विष्णु श्री" का अपने सम्यक्त्व का समाचार सुनाना और उसके अंतर्गत दृष्टान्त द्वारा दान की महिमा तथा उसके प्रकार और विधि इत्यादि के संबंध में रोचक कथा सुना कर अपने सम्यक्त्व का वर्णन करना, सेठ तथा उसकी अन्य स्त्रियों कुंदलता को छोड़ कर इस में श्रद्धा न रखने की बात कहना, कुंदलता के विरोध पर राजादि तीनों श्रोताओं को स्वभावतः क्रोध होना।

(७) पृ० ६३—७० तक—सप्तम परिच्छेद।

अरहद्दास सेठ की दूसरी स्त्री 'नाग श्री' के सम्यक्त्व की कथा, नाग श्री का सुंडिका के आर्यिका होने और जैन धर्म संबंधी सिद्धांतों में दृढ़ रहने के दृष्टान्त से उसके पिता जितारि और उसके राज्य पर उक्त पुत्री (राज कन्या) के साथ बलात्कार से विवाह करने के लिये चढ़ आने वाले भगदत्त को जैन धर्म में श्रद्धा होना और उसी से उक्त सेठानी को अपने सम्यक्त्व प्राप्ति की कथा

वर्णन कर श्रेष्ठी और उसकी सभी पत्नियों का उस कथा में श्रद्धा न होना और कंदलता का पूर्ववत् अपने विचार पर दृढ़ रहना।

(८) पृ० ७१—७७ तक—अष्टम परिच्छेद।

पद्मलता के सम्यक्त्व ज्ञान की कथा-पद्म श्री नाम्नी एक श्रेष्टि-कन्यिका का एक बौद्धमतो धूर्त व्यक्ति के षड्यन्त्र से जैनी होकर अपने पुत्र के साथ विवाह करा देना और पुत्र तथा वधू घर लाने के पश्चात् अपना पूर्व मत पुनः ग्रहण करना, तथा वधू को भी नाना प्रकार से बौध हो जाने के लिये उपदेश देना और उसका न मानना। 'पद्म श्री' के पिता का देहान्त और उसके बौद्ध श्वसुर के द्वारा यह कहा जाना कि हमारे गुरू ने कहा था "तेरा पिता मृग हो कर वन में विचर रहा है, जा, मिल आ"। इस पर बदला लेने की दृष्टि से पद्म श्री के बौद्ध हो जाने की झूटी घोषणा और कुछ बौद्ध संतों का निमंत्रण, तथा उनके पैर का ही एक एक जूता खिला देना और खोजने पर उनके त्रिकालज्ञ होने की दल उड़ाना, क्रोधवश बौद्ध श्रेष्ठी का अपनी वधू तथा पुत्र को निकाल देना, मार्ग में दो धूर्तों का उस पर मोहित होना और पारस्परिक ईर्ष्या से एक दूसरे को विष दे देना. दोनों का मरजाना. श्रेष्टि पुत्र बुद्ध सिंह का भी थोड़ा बचा भोजन करने से बेहोश हो जाना, श्रेष्ठि का यह सूचना पाकर दौड़ा आना और वधू को बुरा भला कहना, पद्म श्री का जिन तथा पति व्रत की दुहाई देते हुये स्तुति करना और तीनों व्यक्तियों का जीवित होना, राजा सहित अनेक लोगों का इससे प्रभावित होकर जैन होना, और इसी प्रकार पद्मलता का अपने को सम्यक्त्व होने का कथन, श्रेष्ठि सहित उसकी संपूर्ण अन्य स्त्रियों का इस कथन का अनुमोदन करना और कुंदलता का पूर्ववत् विरोध।

(९) पृ० ७८—८२ तक—नवम परिच्छेद। कनकलता के सम्यक्त्व प्राप्त होने की कथा। उज्जयनी के सेठ समुद्र दत्त की स्त्री सागर दत्ता से एक पुत्र (उभय) और एक स्त्री (जिन दत्ता) का उत्पन्न होना, जिन दत्ता की जैन धर्म में श्रद्धा और उभय के विधनी होने का वर्णन। राजा के कथनानुसार उसका घर से निकाला जा कर कौशाम्बी में अपनी भगनी के श्वसुरालय में जाना और वहां से भी अपमानित होकर जिन दीक्षा लेना और सुकार्य्य करना, यह सुन कर उसकी भगनी का भी मान, मातृ भूमि की ओर से आए हुए कुछ व्यापारियों के साथ उसका भी घर को लौटना, मार्ग भूलना, लोगों का विष फल खाना, बिना जाने उभय का ऐसा करने पर विरोध, तथा देव की सहायता से उन मृतकात्माओं का सचेत किया जाना। घर पर आकर उसके सदाचार से सभी घर और बाहिर के लोगों का संतोष प्रकाशित करना, वनदेव का मणिजटित मंडप में

बैठा कर उसको पंचाश्चर्यादि कृतियों द्वारा सम्मानित करना, इस पर सभी लोगों की जैन धर्म में श्रद्धा होना और सम्यक्त्व प्राप्त होना और उसी समय कनकलता का भी तत्संबंधी ज्ञान होने का वर्णन उसके मुख से श्रवण कर कुंदलता के अतिरिक्त सभी का श्रद्धान।

(१०) पृ० ८२—९३ तक—दशम परिच्छेद। विद्युल्लता के सम्यक्त्व की कथा। कौशाम्बी के राजसेठ सूरदेव द्वारा मुनियों को आहार देना देख कर समुद्रदत्त, वहाँ के एक अन्य धनहीन सेठ को भी दान पुण्य की इच्छा उत्पन्न होना और उसका इसी निमित्त परदेश गमन करके कुछ मित्रों के साथ व्यापार को यात्रा करना, एक स्थान से सब का इधर उधर जाना और उसका उसी ग्राम में ठहर जाना और अशोक के घोड़ों पर नौकरी कर लेना, उसके मिष्ट भाषण से प्रसन्न होकर अशोक की पुत्री कमल श्री का प्रसन्न होना, नौकरी की नियमबद्ध मियाद गुज़र जाने पर उसका मालिक से बिदा लेना और नौकरी में अपनी प्रेमिका की अनुमति से आकाशगामी और जलगामी घोड़ों और सेठ द्वारा उसकी पुत्री को (जिसका उसने उसी-समुद्रदत्त के साथ विवाह किया था, लेकर घर आना। राजा को आकाशगामी घोड़ा देना, राजा का प्रसन्न होकर अर्द्धराज्य देकर राज कन्या का दे देना। घोड़े को सेठ सूरदेव की देख रेख में रखना, एक धूर्त द्वारा घोड़े का अपहरण। राजा द्वारा सेठ को मृत्यु दंड की आज्ञा, जिन भगवान की कृपा से यथा समय घोड़े का आजाना और पंचाश्चर्यादि शुभकार्यों का होना देख कर राजादि को जिन धर्म संबंधी महत्व ज्ञात हो जाना और सभी का दीक्षित होना और इसी संबंध से विद्युल्लता के दीक्षित होने पर सब का श्रद्धान होना, किन्तु कुंदलता का पूर्ववत् ही अपने विचार पर दृढ़ रहना। राजादि का अपने अपने घर जाना।

(११) पृ० ९३—९५ तक। दूसरे दिन राजा का श्रेठि के घर आना और सेठ तथा सातों सेठानियों के उत्तम विचारों में उसका श्रद्धान न होने के दोष में दंड देने की आज्ञा देना, कुंदलता का बुलाया जाना और उसका अपने को निर्दोष सिद्धि करने के लिये कहना—"मैं इनकी बातों में इस लिये श्रद्धा नहीं रखती कि यह इतना जान कर भी विषय वासनादि में अभी तक लिप्त हैं, मैं जैनी नहीं पर मुझे वास्तविक श्रद्धान हुआ है और कल दीक्षा लूंगी" यह सुन कर सब का प्रसन्न होकर दीक्षा लेना। जिन धर्म की प्रशंसा के पश्चात् मूल ग्रंथ की समाप्ति का कथन।

(१२) पृ० ९५-९६ तक—कवि संबंधी कुछ बातें।

(१) [अ]—गुरु परिचयः—मिश्र एक हरिनाम सुजान। पढ्यो छंद व्याकरन परवान ॥ ज्योतिक ग्रंथ पढ्यो वहु लाय। मित्र जोध को हैं सुखदाय ॥ तिनहिं पढ़ायो जोध को मूल ग्रन्थ परवान। तापर भाषा गुन कियो, जोधराज सुखथान।

[ब]—मित्र परिचयः—पंडित चतुर सुजान है। इहां मिश्र हरिनाम। ताको संगति जोध को भयो सास्तर लाभ ॥

(२) राजा का परिचय :—परम प्रजा पालै सदा सच भूपति सिरमौर। रामसिंह राजा प्रगट या सम नहिं कौ और ॥ ताके राज सुचैन को कियो ग्रंथ यह जोध। नाम समकित कौमुदी दायक केवल वोध ॥

(३) स्थान—साँगानेर सुथान है, देश ढुंढ़ाहर सार। या सम नहिं कोय और पुर, देखे सदा हजार ॥

(४) कवि परिचय :—अमरु पूत जिन चर भगत जोधराज कवि नाम। वासी सांगानेर को, करी कथा सुखधाम ॥ धर्मदास को पूत लघु, जाति लुहाड्यो जोय। नाम कल्यान सो जानिये, कवि को मामो सोय ॥ ताके पढ़िवे कारने करौ ग्रंथ यह जोध। नाम सु समिकित कोमुदी दायक केवल वोध ॥

(५) ग्रंथ निर्माण काल :—संवत् सत्रा सै चौरंस। फागुन वदि तेरसि शुभ दीवस ॥ शुकरवार सुपूरन भई। जिहां कथा समिकीत गुन ठई ॥

जैन प्रकाश के अटल होने और शिवादि की वंदना करते हुये ग्रंथ पूर्त्ति।

No. 195. Vanadurgā Vinśī stotra by Jokhūrāma Miśra of Hinganagaurā (Lakshmaṇapur). Substance—Country-made paper. Leaves—9. Size—$8\frac{1}{2} \times 4\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—7. Extent—47 Anushṭup Ślokas. Appearance—Ordinary. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1890 or A.D. 1833. Place of deposit—P. Rāmānanda Miśra, Village Hinganagaurā, Post office Kādipur, District Sultānpur (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अशुभ अंक मेटि देत शुद्ध को लपेट देत दारिद चपेटि देत लछिमी वहुखानी है। भव में अभीत देत रामपद प्रीति देत सुगति सुनीति देत संतति सुदानी है ॥ रिद्धि देत सिद्धि देत कविता नव निद्धि देत जंग माँहि जीति देत करत शत्रु हानी है। निज पद में नेह देत दिजन में सनेह देत 'जोखू' करुणाकर वन दुर्गा भवानी है ॥ १ ॥ सुवर्ण पद्मआसो औ त्रिनेत्ररूप-रासो विद्युत् छटासो प्रकासो चन्द्रकला धारणा सो है। विंध्यनगवासो अमल

कमल दृगलासो दैत्य दल त्रासो अभय वर देत खासो है ॥ देव वधू दासी कर सेवा अम्बिका सी महारानी महाराजन को चरण परो त्रासो है। दुर्गा वनवासो सदा हृदय में विलासो जोखूराम अविनासो के वाम अंग भासो है ॥ २ ॥

End.—देह अलसानी कीधीं वाहन भुलानी कीधीं प्रवल प्रचंड दैत्य जुद्ध कहं ठानी है। भुजवल सिरानी कीधीं किन्नरी से सुनत गानो जंत्र मंत्र टोटका में कीधें लपटानी है ॥ तेरे कृपा पानी का कृपानी शुभदानी रही सोभी महारानी आज पानी में हिरानो है। दुखद को डरानी कीधीं 'जोखू' कपूत जानी माता के सपूत औ कपूत एक खानी है ॥ १८ ॥ सेवक को विनती सुनिके शुभ छांह करौ पर छोरन ते। सब पाप औ ताप हरौ जनके दुख काटहु वान कठोरन ते। द्विज 'जोखू' गणेश को मातु सुनौ अब देखहु नैन की कोरन ते। जननी जननी की प्रतीति जवै सब रोग हरौ निज जोरन ते ॥ १९ ॥

महामहोपाध्याय के सेवक जोखूराम। सूरज नारायण नाम है लक्ष्मणपुर है ग्राम ॥ २० ॥ इति श्री जयकृष्ण मिश्रात्मज जोखूराम सूर्य्य कृते वन दुर्गा विंशो स्तोत्र समाप्तः ॥

Subject.—श्री विंध्यवासिनो जो की प्रशंसा, २० छंदों में।

Note.—पद लालित्य तथा माधुर्य्य ओज सम्पन्न यह छोटा सा काव्य वड़ा मार्मिक हुआ है। जोखूराम के कुछ फुटकर छन्द सं० १८९० से १८९५ तक के विद्यमान हैं जिनका कोई नियमानुसार संग्रह नहीं हुआ। राय क्षत्रपाल सिंह की बड़ाई के कुछ छंद भी पाये जाते है। जोखूराम ९० वर्ष की दीर्घायु में संवत् १९५७ में स्वर्गवासी हुए हैं। इनके मित्र ने वह काल कवित्त में प्रदर्शित किया है :—

['संवत अद्र वाण खंड इंदु इंदु वासर के मास शुक्ल पक्ष कृष्ण सप्तमी सुहायेा है। द्विजन में कुलीन औ प्रवीन सर्व सास्त्रन में दीनन के हेतु कल्पद्रुम सेा छायेा है ॥ संभु को समान जोग मान तेज भानु सम जोखूराम कविंद सूर्य्य मंडल सिधायेा है। व्योम में विमान विबुधान लये खड़े रहे चढ़ि के द्विजराज विष्णुलोक वास पायेा है']

No. 196. Bāhuka Prakāsikā or Tulasī Kṛit Hanumāna-bāhuka kī Ṭīkā by Jugaladāsa Kāyastha of Rewā Rāj. Substance—Country-made paper. Leaves—64. Size—12 × 6 inches,

Lines per page—10. Extent—680 Anushṭup Ślokas. Appearance—Ordinary. Written in Prose and Verse. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1908 or A. D. 1851. Date of manuscript—Samvat 1908 or A. D. 1851. Place of deposit—Rājā Bhagawāna Bakhsha Simha of Rāj Ameṭhī, District Sultānpur (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ श्री जुगलदास कृत वाहुक प्रकासिका नाम टीका लिष्य ॥ कवित्त ॥ वंदि पद कंज मंजु सीय रघुनंदन के वाणी गणनाथ जू के माथहि नवाऊं मैं। गिरिजा गिरीस पद सीस त्यौ नवाइ नीके गुननि अनंत हनुमंत पद ध्याऊं मैं ॥ श्री हरि स्वरूप गुरुदास जू के पद-पंकज संभारि उर आनंद वढ़ाऊं मैं ॥ तुलसी कृत वाहुक तिलक वनाइवे कौं इनके प्रसाद हो ते सिद्धि बुद्धि पाऊं मैं ॥ दोहा ॥ तुलसी पद पंकज जुगल जुगल जुगल कर जोरि ॥ वंदन परम अनंद सौं करत वहोरि वहोरि ॥ २ ॥ सव संतन विप्रन चरन वंदि किया तिन पाइ ॥ वाहुक की टीका रचौं सब मिलि करहु सहाइ ॥ ३ ॥ तुलसीदास के इक समै भई वाहु में पीर ॥ ताहि निवारन के लिये ध्यायौं हनुमत वीर ॥ ४ ॥ विरच्यौ कवित चवालिसै तिहि ते मंत्रहि रूप। कठिन जान तिनकौ करौ टीका मति अनुरूप ॥ ५ ॥ इहाँ श्री गोसाई तुलसी-दास जी दुइ कृष्णे करिकै श्री हनुमान जी को पराक्रम सूचित करत ध्यान वर्नन करै हैं ॥ अथवा गहन कहावै है वन सेा गहन जेा है उपवन असेाक वाटिका जाइके दहन कहै नास करन वारे हैं अरु निस्संकोच ह्वै लंका को निर्दहन कहै जलाय दैन वारे हैं, वंकभुव कहैं टेढ़ी हैं भौंहैं जिनकी पुनि कैसे हैं बड़े वली जे पवन तिनके पुत्र हैं ॥

End.—कृप्पय ॥ जै सिय रघुवर पवन सुवन जै जन सुषदायक। जय श्री शंभु उदार जयति वानी गननायक ॥ जय हरि गुरु हरिदास जयति दुज संत सहा-यक। वंदत पद अरविंद सवनि के मेाद विधायक ॥ वर जिनकी कृपा अपार लहि जुगल दास कायथ मुदित। वाहुक प्रकासिका नाम को टीका किय सव साधु हित ॥ दोहा ॥ महाराज विश्वनाथ को सेवक रीवा वास ॥ निज कृत अष्टक हू लिषत जुगलदास सहुलास ॥ अष्टक × × × ×

जंग सुरंग रंगो अंग अंगन वैरिन औन उमंग सेा ध्यावै। वारहि वार धरा डुगलाति धराधरो जे अकुलात अचावे ॥ सेा नगराज सुनै षगराजहु भै नहिं भै तजि धोरज भावै। संकट मोचन वे सत के जुगलेस कलेस को लेस न पावै ॥

× × × × × ×

वसु नभ निधि ससि संवतै मारग सित गुरुवार। पूर भयो तिथि पंचमी को यह तिलक उदार इति शुभम् ॥

Subject.—श्री हनुमान बाहुक के ४४ छन्दों की टीका तथा अंत में टीकाकार का निर्मित हनुमान अष्टक।

No. 197(*a*). Bhāshā Aparādhasūdana Stotra by Bhaiyā Jubarāja Simha of Bhingā Rāj (Bahrāich). Substance—Country-made paper. Leaves—4. Size—$7\frac{1}{2} \times 5\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—22. Extent—88 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1951 or A. D. 1894. Place of deposit—Bhaiyā Santa Bakhsha Simha, Guṭhawā (Bahrāich).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ दोहा—गणपति चरण सरोज मैं भक्ति सहित चित लाय। विनै करत जुवराज यह मंजुल जुक्ति बनाय ॥ १ कह्यो हेमगिरि प्रेम करि संकर अस्तव हेत। भाषा करि मोहि दीजिये विवरन रहित सचेत ॥ २ वरिआंई वस प्रेम के यह सूदन अपराध। रच्यौ सिथिल भाषा सुगम दुस्तर अर्थ अगाध ॥ ३ प्रथम वंदि शंकर चरण हरण कलुष अति पीन। भव दुस्तर तारन तरन तव वरनन चित दीन ॥ ४ छंद ककुभा॥ वंदौ देव उमापति सुरगुरु जग कारण मुनि वंदौ। बंदौं पन्नग भूषण मृगधर पसुपति सहित अनन्दौ॥ वंदौ रवि ससि पावक वपनहि अति मुकुंद प्रिय जोई। वंदौ सदा भक्ति वस शंकर वरदायक है सोई ॥ ५ ॥

End.—धन जीवन पति नाथ सों तन मन सकल समाज। चन्द्रमौलि वृषकेतु के चरण शरण जुवराज ॥ २३ लखि"""रूभ अपराध विसारि। बनौ अनवनो सोधि कै बुध जन लेव विचारि ॥ २४ शिव अस"""पावन परम अनूप। संकर कोने सुमिरि श्री गिरिजा""" ॥ २५ निज गति निज मति भक्ति निज"""नेम निज चाह। गिरिजापति जुवराज को तेरे हाथ निवाह ॥ २६ इति श्री विस्वेन वंस भया जुवराज सिंह रईस भिनगा कृत भाषा अपराध सूदन स्तोत्र संपूरणम् शुभं भूयात् संमत् १९५१ फाल्गुण कृष्ण १२ बुधवासरे ॥ भया अरिदमन सिंहेन लेख्य ॥ इति

Subject.—शंकर स्तोत्र छंद १—२६ तक।

No. 197(*b*). Mohanisi-dīpikā by Bhaiyā Jubarāja Simha of Bhingā Rāj (Bahrāich). Substance—Blue Foolscap paper. Leaves—66. Size—$4\frac{1}{2} \times 3\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—24. Extent—600 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—

Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1929 or A. D. 1872. Place of deposit—Ṭhākura Guru Prasāda Simha, Guṭhawā (Bahrāich).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ जगमगात जाको सदा अद्भुत ज्योति अनूप । जो जग मै जग जासु मै निर्मल आतम रूप ॥ १ ॥ ध्यान आनि उर तासु को वंदि चरन गुरु देव । जासु कृपा ते मति भई बरनन हित यह भेव ॥ २ ॥ मालिनी छंद ॥ नलिन पुलिन जाई । जाहि वांवी दुराई ॥ इन जुगुतनि छोरी । जो कहौं तासु चोरी ॥ यक विवर निवासो । बुद्धि विद्या विलासो ॥ सहस मुखन गाई । है तिहूं लोक छाई ॥ नहिं जुगुति अनूठी । जो भनै तासु झूंठी ॥ यह हृदय विचारी । है नही जुक्ति न्यारी ॥ कवि जन गुन जे जे । मे भये भावि ते ते ॥

End.—श्रवन नैन रसना अगम चित बुधि मन न समाइ । अहं भाव ते भिन्न से। वरनि कवनि विधि जाइ ॥ २३० ॥ तजि कै देस विदेस सब जो सुमिरै निज देस । तीनों भागहिं त्यागि जो मिलै सु आतम देस ॥ २३१ ॥ पूरन को पूरन सकल अहैं सुन्य को सुन्य । चिदानन्द आनन्द में राजित पूरन पुन्य ॥ २३२ ॥ पूरन ते पूरन कढ़ै पूरन रहै समाइ । पूरन तालै पूरको पूरण ह्वै रहि जाइ ॥ २३३ ॥ इति श्रीमत्विसेनवंसावतंस सिव सिहात्मज उमराव सिंह तनूज जुवराज सिंह विरचितायां सकल लोक लोचन प्रकाशिकायां मोह निसि दीपिकायां आत्म लाभ पूर्ण नंद संदोह वोध रवि उदै वर्णनं नाम चतुर्थो प्रकासः ॥ सम्पूर्ण शुभमस्तु सवत १९२३ ॥

Subject.—प्रार्थना, उत्तम धर्मानुशासन, असंगत आक्षेप समाधान और सत्संग महिमा—पृ० १ से १० तक । समता प्रभाव—पृ० १० से १४ तक । संतोष विचार पृ० १४ से २१ तक । आत्म लाभ, पूर्णानन्द संदोह और वोध, रवि उदय वर्णन—पृ० २१ से ३६ तक ।

No. 197(c). Premapañchāśikā by Bhaiyā Jubarāja Simha of Bhingā Rāj (Bahrāich). Substance—Blue Foolscap paper. Leaves—9. Size—$4\frac{1}{2} \times 3\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—20. Extent—70 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1929 or A. D. 1872. Place of deposit—Ṭhākura Guru Prasāda Simha, Guṭhawā (Bahrāich).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ दोहा ॥ विमल विशुद्ध विवेक में पूरण ज्योति अमंद । सदा एक रस भक्त वस परमानंद गोविंद ॥ १ ॥ गोविंद के गुण गाइए तजिकै और विचार । जाके पुण्य प्रभाव तें छूटि जाति संसार ॥ २ ॥ हरि हरि हरि सुमिरन करो मन ह्व करि निश्काम । हरि सो मीत न दूसरो आवत

गाढ़े काम ॥ ३ ॥ कबहूं बिलम न लाइये करिए हरि सों प्रीति । हरिहि न कबहुं बिसारिए हरि गाढ़े के मीत ॥ ४ ॥ निरषत पलक न ल्याइए करिए तिनहि प्रणाम । जाके मुख अरिविंद ते निकसत हरि को नाम ॥ ५ ॥

End.—पिय की ध्यान गही गही रही वही ह्वै नारि । आप आपनो आरसी लषि रीझति रिझवारि ॥ ४९ ॥ प्रेम पंथ तें पंथ नहिं मिलन हेतु निरुपाधि । तिनही जान्यों स्वाद जिन लीन्हों याकौं साधि ॥ ५० ॥ कहयौ प्रेम पंचासिका पढ़ै सुनै जे लोग । सौंधे मनहिं लगाइ जे कतहुं न लहहिं वियोग ॥ ५१ ॥

इति श्री प्रेम पंचासिकायां जुवराज सिंह विरचितायां निगूढ़ाशय प्रेम मार्ग वर्नने नाम समाप्तः शुभं सन १२७९ संवत् १९२९ के साल जेष्ठ मास तिथि सतमी असित पक्ष मैं लाल लिख्यौ प्रेम पंचासिका ॥ शुभमस्तु ॥

Subject.—गोविन्द भजन मुख्य है, उसी से प्रेम करना चाहिए । वैर, प्रीति, क्रूर, अक्रूर का वर्णन और प्रेम के लिये जल मीन का उदाहरण । जल, दूध तथा पतंग व दीपक का वर्णन पृ० १—३ तक । प्रीतम से मिल कर भिन्न न होना चाहिए, प्रीतम सदैव पास है । तपाने से कुंदन की जांच होती है मलिक मोहम्मद जायसी का उदाहरण पृ० ४—६ । तुलसीदास का उदाहरण, कवि बिहारीलाल का उदाहरण, प्रेम वर्णन, प्रेम में मस्त होने से आप आपही में आनन्द युक्त होता है, जो प्रेम का साधन करता है वही जानता है, पृ० ७—९ तक

No. 197(*d*). Yogavāshishṭha Bhāshā, Vairagya Prakaraṇa by Mahārāja Kumāra Jubarāja Simha of Bhingā Rāj (Bahraich). Leaves—80. Size—$12\frac{1}{2} \times 10\frac{1}{2}$ inches. Lines per page —40. Extent—2,400 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1932 or A. D. 1875. Place of deposit—Mahārāja Rājendra Bahādura Simha, Bhingā Rāj.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ दोहा ॥ गनपति गौरि गिरीस गुरु गिरा गंग गोपाल । ए सातौ मंगल करैं नित प्रति रहैं दयाल ॥ १ ॥ चाहत हौं अति उच्च पद निपट नीच मति पाय । वंदत पद इन सबन के नित प्रति करैं सहाय ॥ २ ॥ कवित्त ॥ दुरित विनासन है मोहमद त्रासन है ज्ञान के प्रकाशन हैं कुशल करन हैं । जन सुखदायक हैं रिद्धि सिद्धि नायक हैं भक्त के सहायक हैं लायक सरन हैं ॥ जुवराज जन मन दीह दुख गंजन हैं रंजन विवेक बुद्धि तारन तरन हैं । वारिज वरन विघ्न वृंद के दरन मोद मंगल भरन गणनायक चरन हैं ॥ ३ ॥ ध्यावत ही आवत प्रबोध बुद्ध सिद्ध जुत पावत परम पद गाये गुन गन के । चाहक हैं भक्त के उमाह कवि रक्तन के निज अनुरक्त के निवाहक हैं प्रन के ॥ दीन के

सहायक हैं देव सुखदायक हैं घायक खलन के हैं लायक भजन के ॥ मंगलकरन सोक थोक के हरन जुवराज है सरन महामाया के चरन के ॥ ४ ॥

End.—श्री हरि गुरु पद वंदिए आदि मध्य अवसान। मृषा सत्य इव जासु बल भासत त्रिजगद भान ॥ कवित्त ॥ भव भय भंजन है अघ ओघ गंजन हैं दोह दुख गंजन हैं रंजन हैं जन के। किल कर्म दाहक हैं दोनन के गाहक हैं साधुजन वाहक हैं निवाहक हैं प्रन के ॥ जुवराज उपकारी मुनि तिय तापहारी देव सुखकारी हैं विहारी शंभु मन के। दारिद दरन असरन के सरन वंदौ वारिज चरण चारु जानकी रमण के ॥

इति श्रीमद्विस्सेनवंशावतंस शिवसिंहात्मज उमराव सिंह तनूज जुवराज सिंह विरचिते श्री हरजस वोहिते आसार संसार दुःख पारावार निर्विघ्न पार गमनाकांक्षो निराधार मुमुक्ष व्यापारे श्रीमन्महारामायणे द्वात्रिंशतिसाहस्र्यां संहितायां देवदूतोक्ते प्रथम वैराग्य प्रकरणे श्री रामचन्द्र निर्वेद दशान्तर्गत नभश्चर महीचर संमेलने सिद्धि साधुवादो नाम त्रिपञ्चाशतितमो विश्रामः ॥ मकरे मासे शुक्ल पक्षे त्रयोदश्यां गुरवासरे लिखिते रामदीन मुत्सद्दी सम्वत् १९३२ शाके १७९६ सन् १२८२ साल श्री रामाय नमः ॥ राम ॥ इति

Subject.—योगवाशिष्ठ के वैराग्य प्रकरण का भाषा अनुवाद।

No. 197(*e*). Yogavasishṭha Uttarārdha by Bhaiyā Jubarāj Simha of Bhingā Rāj (Bahrāich). Substance--Country-made paper. Leaves--566. Size--11 × 8 inches. Lines per page--42. Extent—17,825 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance--Old. Character--Nāgarī. Date of manuscript--Samvat 1938 or A. D. 1881. Place of deposit—Mahārāja Rājendra Bahādura Simha, Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ श्री हरि गुरु पद हृदय धरि भव वारिध को पोत। वनज वरन असरन सरन करन प्रवोध उदोत ॥ १ ॥ भरद्वाज मुनि सन कह्यौ वाल्मीक रिषिराज। सो प्रबंध निज मति सदृस अब वरनत जुवराज ॥ २ ॥ वरन्यौ प्रथम विराग को प्रकरन जुत विस्तार। अब वरनत प्रकरण द्वितिय पुनि मुमुक्ष व्योहार ॥ ३ ॥ श्री वाल्मीकिरुवाच ॥ नभचर महिचर नाद सुनि मुनि मन सहित उछाह। राम अग्र गत प्रीति जुत प्रगट्यौ वचन प्रवाह ॥ ४ ॥ विश्वामित्र पवित्र मुनि कहत राम मुख देखि। ज्ञानज्ञेय ज्ञाता न कोउ नहि तुम सम अवरेषि ॥ ५ ॥ अपनो सूक्ष्म बुद्धिवल जान्यौ सकल दुरूह। धन्य धन्य तव शे मुखौ धनि तव ज्ञान समूह ॥ ६ ॥

End.—सवैया ॥ जन्म अनन्त को पुन्यन्ह ते परि मोह निसा महं सोवत जागेा । चेतन ह्वै उठिवेा अब चाहत चारु विचारन मे मन लागेा ॥ पावन श्री मतो से मुखी तेरी अनंत लह्यौ सुख औ दुख भागेा । अर्थ गहेा उपदेश गिरा मम और समस्त निरर्थ को त्यागेा ॥ १७ ॥ जेा उपदेश करेा हिय में धरि सत्य स्वरूप हिए में विचारेा । स्वाद सभी यहि चित्त के अंतर स्वादित होत करेा तेहि न्यारेा ॥ है न अहं न जगन्जग भावना निश्चय सत्य यही उर धारेा । व्यापै नहीं सुख दुख जहां शिव सर्व निरामय पूरण प्यारेा ॥ १८ ॥ दोहा ॥ ऐसे करि उर भावना तजेा सबै भ्रम जाल । जन्म मरण भ्रम त्यागि कै विचरेा जगत विशाल ॥ यहि विधि मम उपदेश ते लह्यौ वेाध अति पीन । विद्याधर निर्वाण ह्वै भयेा ब्रह्म में लीन ॥ २० ॥ इति

Subject.—मुमुक्ष व्यवहार प्रकरण पृ० १—४३ तक । उत्पत्ति प्रकरण—पृ० ४४—१२४ तक । स्थिति प्रकरण—पृ० १२५—१५० तक । उपसम प्रकरण—पृ० १५१—३१८ तक निर्वाण प्रकरण पूर्वार्द्ध पृ० ३१९—३६१ तक । निर्वाण प्रकरण उत्तरार्द्ध पृ० ५६२—५६६ तक ।

No. 198(*a*). Akharāwaṭī by Kabīra Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—16. Size—8 × 6 inches. Lines per page—28. Extent—392 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1889 or A. D. 1842. Place of deposit—Rāma Siṁha, Village Makarandā, Post office Beharā, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ अषरावटी ग्रन्थ लिष्यते ॥ दोहा ॥ सतगुर के उपदेस सति नाम निज सार है । सेहि मुक्ति परदेस सुनहु संत मति भाउ से ॥ सोरठा । नाम सनेही होइ । कागा कुमति परिहरै कुल कारज सब षेाइ हंस होइ सत गुर मिलै ॥ चौ० ॥ सतलेाक की अकथ कहानी । सेाई निज सतगुर है सहिदानी ॥ रूप वरन नाहीं है भेसा । तिन कर संतेा सुनेा संदेसा ॥ नाहीं पाव तत्व की काया ॥ तहं सतपुर्ष जेा आप समाया ॥ जरा मरन नहिं जानै कोई । नहिं परक्रित पचीसै होई ॥ वस इन्द्री नाहीं है मर्मा वर्न भेद नाहीं कुल धर्मा । दिवस न रजनी चंद्र न सुरा । विविधि प्रकास सबै विधि पुरा ॥ सरग नरक गुन तीनि न होई । सब्द सरूपी सकल समेाई ॥ छपई सब्द सरूपी सत गुर ताकेा आदि न अंत । काया मा स्वासा अग्र है निश्चै मानेा संत ॥ सोरठा ॥ सांत सब्द परवान अनहद वानी जेा उठै ॥ और झूठ सब ग्यान कहहिं कबीर विचारि कै ॥

End.—गगन मंडिल में आसन मांड़ै। उलटि चोर कोतवालै डांडै॥ मंडफ चहुं दिसि घुले किवारा। मिटिगे भैा जागे सेवकारा॥ रैन दिवसि एक सम करै तिमिरि होइ परकास। आदि ब्रह्म तहं देषियउ पूजै मन विस्वास॥ सोरठा। सतगुर को विस्वास सहज सहज समाधि लगवई। वेधि रहै मन नाद वेद भेद सब जानि ले॥ चौ०॥ एकै है जग ब्रह्म निनारा॥ जो घट घट को षेल पसारा॥ सब्द प्रकास औा एकै रूपा। जेहि ते सब जग धरै सरूपा॥ जेहि के भवन में सुरति समाई। एकहि ते मन रहहु पतिआई॥ एकहि ते जग भयऊ अनंता ताहि एकते आदि अर अंता॥ सतगुर मिलै तौ भेद बतावै॥ बाहेर को घर हो ले आवै॥ जग में एकना बुझै कोई। दुविधा में सब गये विगोई। एकै टेक करै जो आसा। मन वच कर्म रत गुर विस्वासा॥ सो०। सतीनाम है एकजो सतगुर सति भाषिया। करहु एक पर टेक मुक्ति नहीं परतीत विन॥ काया ज्ञान अषराबट सारा बावन अक्षर है विस्तारा॥ दुदु भंग सुधि करि लेउ। पढ़े लिषे का दोष न देहु॥ ज्ञान अषरावटी ग्रंथ समाप्त संपूरन। दोहा मकर मास तिथि द्वादसी सुकुल पक्ष सनिवार लिषा कथा संपूरन वांचक चूक विचारि॥ सन १२४० फसली। राम राम राम राम राम

Subject.—केवल एक को उपासना करना श्रय है। अनेकों को पूजने से भ्रम में पड़ा रहना है। सतगुरु का ध्यान रखना और इस पर विश्वास करना मुख्य है आदि विविध उपदेश॥

No. 198(*b*). Anurāgasāgara by Kabīradāsa. Substance--Country-made paper. Leaves--80. Size--9 × 6 inches. Lines per page--24. Extent--1,440 Anushṭup Ślokas. Appearance --Old. Character--Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1916 or A. D. 1859. Place of deposit—Lālā Gaṅgādīna, Village Gulāma Alīpura, Bahrāich (Oudh).

Beginning.—सत्य नमः। प्रथम बंदौ गुर चरन जिन यह अगम लषाया गुरु ग्यान दीप प्रगास करि पट षोलि दरस दिषाया जेही का ज्ञान सध्य पाचे सेा गुर कृपा ते पाइया। अंक मूरति अमी सूरति तिसमेा जायं समाइया॥ सेा कृपा सिद्धि गुरु देव दीनदयाल कृपाल। कोई विरला पावै भेदा। जिन चिन्हे प्रगटे तहां। कोई बुझि है जन जौहरी सेा सब्द को पारिष करै॥ चहिये सुनै सिष बनेा। हित जानि के हिरदै धारै॥ तासेा मोहि सम ग्यान रवि सम प्रगट होय तव सभई। कहत हौं अनुराग सागर। संत कोई कोई बूझही॥ सोरठा॥ बूझै है संत सुजान। जो पारष अनुराग कह। सब्द लषै परमान। जैसे चातक स्वांति जल॥

End.—सोरठा ६७। शब्द सुरतो का मेला। सबद मिले सत पुर्स लाहै। सिंधु बुंद का मेला॥ मिले न कोई काहू को सोरठा। ६८। मन की दसा बहाए। गुर मारग निरषत चाले हंस लोक को जाय सुषसागर सुष सोला है॥ बुंद जीव अनुमाना सिंधु घन नाम सत गुर सही॥ कहैं कबीर प्रमाना। धर्मदास तुम बूझो हेा। चौपाई ३१४५। इति श्री ग्रंथ अनुराग सागर सम्पूर्ण समाप्त संमत। चैइता सुदी सुक्ल पक्षे सुदी रामनौमी ९॥ सन् १२६७ फसली ग्रंथ लिषा सम्पूरन भए जो प्रति देषा सेा लिषा मम दोस न देते। टूटे अच्छर बांचै जोरो चार गुरू वंस बयालीस को पाय लागौ सब संत महंत को पाय लागौं सेा दंडवत को वंदगो पहुंचे दसखत पोताम्बरदास कबीर साहब के बालके

Subject.—इस पुस्तक में धर्मदास को कबीरदास ने उपदेश किया है कि जीव क्या है, ईश्वर क्या है, अनुराग क्या है, सत्संगति के लाभ, गुरु की सेवा, गुरु के शब्दों के अनुसार चलना, गुरु को मुख्य मानना और अनुराग द्वारा ईश्वर की भक्ति की परीक्षा आदि का वर्षन किया है, अंत में लिपिकाल, और लेखक का नाम लिखा है। पुस्तक ज्ञान उपदेश से भरी है।

No. 198(*c*). Ekotarā Sumirana by Kabīradāsa. Substance —Country-made paper. Leaves—6. Size—7 × 6 inches. Extent—90 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character —Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1909 or A. D. 1852. Place of deposit—Lālā Gaṅgādīna Bihārī Lāla Kāndū, Gulāma Alīpurā, Bahrāich (Oudh).

Beginning.—सतनामः चारि गुरु वंस बयालीस को दया सेां लिष्यते॥ एकोतरा सुमिरण॥ अर्ज अचिंत अकह अविनासी। आदि ब्रह्म अरम पुरवासी॥ अदली अमी अनेह अजा बन सेाई। आदि नाम सत सुक्ति हेाई॥ परमानंद हे अषिल सनेही। सत नाम सत पुर्स विदेही॥ निह कामी निह अक्षर सांचा अर्ज अविगत सब में राचा॥ अमर अपार अनंत अभेदा॥ अचल अचिंत न जानै वेदा॥ अछै गुन अगेाचर कहिये। अगम अलेष गहि सत चित रहिए॥ अभै अागह अथह अलष नाम अंबुज चरन पुर्स पुरान॥ दीनबंधु करुनामय सागर। दयासिंधु हंस पति आगर। दीनदयाल सेा अधम उधारन। हिरमरमन भवसागर तारन अरुप अथाह अनाहद राता॥ जेागजीत सबहिन के दाता॥ करुनामय संतन सुषदाई। अभै अचिंत नाम गुन गाई॥ सचिदानंद सेा सदा उजागर। जेाग संतायेन पति सुषसागर॥

End.—सुमिरन सार इकोतरी चंद सुरज धर सार। कहै कबीर धरमदास सेां तासु नाम कंडहार॥ इतना अगम जान जेा पावै। सेा भवसागर में

गुरू कहावै ॥ इते इकोतर नाम सिंघासन ध्यान । प्रथम नरिञ्जर सुमिरन चौका आंग ॥ सत कबीर धरमदास को दीन्ह । दीन्हे अविचल पुर्स नाम ॥ अंज्या वन राचे रैंन छोणं नाम सिंभू संतोष नाम उदैचंद अछयराज नाम । एते नाम रहे लौ लाए । जमराजा तेहि देष हेराए ॥ अंवु अपावन नाम, अंवु सिंभू नाम, एते सत किया प्रकास । अर्ज नाम नरिञ्जर संचार, अंवु नाम वे पुर्स कहावै ॥ सोहं हंस तहां विलमाये । सोतौ धर्म दास वैठे है पुर्स पुरान ॥ सोहंग सुर्त तुम मोर सुजान । विहंग नाम तुम जग में देहु । हंस छोड़िये काल सो लेहु । यही नाम जोव जो पावै । वोधौ हंसलोक में आवै ॥ मैं कबीर दरवानी दरवाजे हौं ठाढ़ आवत जात सुष उपजै हंसन को नहिं गाढ़ ॥ इकोतर नाम नाम सुमिरौ चित-लाई । आवागमन रहित घर पाई ॥ लिषा वरगदिहा संगम अस्थान संवत १२४१ फसनी क्वांर मासे शुक्ल पक्षे दिन वुधवासरे ॥ इति इकोतरी सम्पूरन शुभमस्तु ॥

Subject.—इस पुस्तक में ऊंकार महिमा तथ ईश्वर के भजन की महिमा का वर्णन है । इसमें वताया है कि विना एकोतरी सुमिरन किए मुक्ति नहीं मिल सकती ।

No. 198(*d*). Dwādaśa Śabda by Kabīradāsa. Substance--Country-made paper. Leaves--14. Size—8 × 6 inches. Lines per page--22. Extent--154 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1921 or A. D. 1864. Place of deposit—Bālagovinda, Village Rāyapura, Post office Khairīghāṭa Beherā, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ गुरू को दाया सों लिष्यते ॥ सब्द ॥ संतौ जैनी को भ्रमभारो । जैन नाम जो को है नाहीं सैको राह पसारो । जोव दया जो जुग दल कहिए वरनै धर्म अधर्म संचारो ॥ अपने अपने गुन कर्म को ए षट कर्ता भानै । कियो न कहैं अनादि निधान है जिव कियो ताहि न जानौ जो जुगदल के त्यागि निमित्त साधन अमित कमावैं । सो जुगदल पाहन मूरति कर गुर कर शोस नवावै । वीतराग सब जुग दल तेल विसेाई वानी वाचै जुगदल सृष्टि इष्ट कहि आगे नारि पुरुष मिलि नाचै ॥ जेहि चौवीस के युक्ति वतावै जगते कहैं निरासा । तेहि साथ चढ़ा रागो कर केरै ज्यौं नट करत मतमासा । छुधा पियास आदि अष्ट दस दोष कहैं तेहि त्यागे । जा कारन से नाशे ता सेा निस दिन पागे । दरशन ज्ञान विराग सुचारो जिउ गुन कहै विचारो । जिउ जुग ष संवेध बंध नहीं जप तप कहु काके गुनचारो ॥

End.—संतौ अगम अगोचर ऐसा। मैं केहि समझावों कैसा॥ जो कहिये सोइहै सेा होना है सेा कहा न जाई सैनी वैनी कहि समुझावै गूंगे का गुरु भाई। दृष्टि न दीसै मुष्टि न आवै है सबहो से न्यारा॥ अस अस ज्ञान कथै न गरुआ पंडित करौ विचारा॥ या अक्षर लषिवे में नाही जाके मंत्र लगै ना काना। विन देषे परतीत न आवै कहै न कोई पतियाना। समुझि होइ तौ सब्दहि चीन्है अचरज होइ विन जाने। याही विधि है दोउ से न्यारा कोऊ नहीं पहिचानै नहि विद्या पढ़ना गुनना बहु चतुराई भोना कहै कबीर जाकी उत्पति परले नहिं सेा पद विरलै चीन्हा॥ जेठ मास तिथि त्रयोदसो भौमवार सुषरास नाम जानकीसरन है भाई रघुबरदास लिषि पेाथी पूरन भई नाम गुंजोली नाम। संतन केरी दंडवत पंडित को परनाम। पाठार्थे वेनीदास के मुकाम एरिया जिला वहरायच डाकखाना पियरी। इति राम राम राम राम राम

Subject.—आत्म निरूपण॥

No. 198(*e*). Garuḍabodha by Kabīradāsa. Substance—Country-made paper, Leaves—25. Size—9 × 6 inches. Lines per page—24. Extent—450 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1913 or A. D. 1856. Place of deposit—Lālā Gaṅgādīna, Gulāma Alīpura, Bahrāich.

Beginning.—सतनमः श्री गरुर वोध लिष्यते॥ सतो पुरुष सतो सब्द उचारा अहेा सुकृती तुम जाउ संसारा॥ नमा पंन तुम्ह लेहु हमारा। जाय छोड़ाहु जीव संसारा॥ लेहु शब्द मुष अजर बानी॥ सतो सब्द बेालै सहिदानी॥ और नाम हमारेा लेव। जहं पीव प्रीतम महादेव। भक्ति प्रताप है नाम सहाई॥ तहं ग्यानी हमारे परताप हंस छोड़ाई॥ जुगुन जुगन हम गये सिषाई। जानी मन ति ही मुकताई। अव साहव मोंहि दाया कीन्ह। वचन मानि हम सिर पर लीन्ह। करि परनाम परदक्षिन कीन्ह। पाछे जाय गहे पायन दीन्ह। धर्मदास सुनु कही बुझाई परख्यां मां गुरुरा सेा भेंट भई जाई। सीस नवाय कै पूछो भाई। कौन दिसा सेा तुम चलि आई। अपना नाम कहेा समुझाई। कहै ज्ञानी है नाम हमारा हम दीक्षा देन आये संसारा॥ सतो लोक से हम चलि आये। जीव छोड़ावन पुरस पठाये॥

End.—धनि कबीर भगती असठानी। मोह रहे सब नगोनो रानी॥ कीन्ह भगती पहर दोउ भाई। अति आनंद होइ मंगल गाई॥ पुनि हम उठि के आरती कीन्हा। सुमिरन को जब अस्तुति कीन्हा॥ सतो सुमिरन सैां विनती कीन्हा।

लखि वीर विरजावल को दीन्हा ॥ दीन्हा परसाद सबन को भाई। सब हो मिलि पुनि माथ नवाई ॥ ये भगती विधि पुनि कीन्हा। संत साधु को षेातो दीन्हा ॥ साध संत सेा विनती लाई। आपु आपु पुनि घरहिं सिधाई। कहै कवीर धर्मदास सेा ॥ यहि विधि यहि भव विस्तारा ॥ गरुर ग्यान कीन्हेा आय ॥ इति श्री गुरुर वेाध संपूरन सुभमस्तु ॥ संवत १२६४ फसली मिती सावन सुक्ल पक्ष सुदी १० दिन सुक। वैठक मेातीपुर का पुरवा सुरावन का मौजा ॥ लिषा पीतम दास के हाथ को उतारो प्रति जेा देषा सेा लिषा मम देाष न देते। वांचे विचारे तिनको सतो साहेब को पैलगी। संत महंतन को पैलगो वंदगो पहुंचै हाथ जेारि कै ॥

Subject.—इस पुस्तक में गरुड़ और ब्रह्मा का संवाद है। गरुड़ ने सृष्टि का वृतान्त पूछा। ब्रह्मा ने बताया कि यह रचना मेरी की है, फिर मैंने उसको अपने ही हाथ नाश किया। इस पर गरुड़ ने कहा कि जेा रचता है वह विगाड़ता नहीं। यह सृष्टि पानी, आकाश, पवन आदि तुम्हारे बनाए नहीं, इनका रचने वाला करतार है। धर्मदास को कवीरदास ने इस प्रकार का उपदेश देकर ज्ञान मार्ग बताया।

No. 198(*f*). Jñānasambodha by Kabīradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—76. Size—$7\frac{1}{2} \times 5\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—9. Extent—449 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1893 or A. D. 1836. Place of deposit—Rāmādhīna Murāū, Village Badau Sarāya, District Bara Banki.

Beginning.—ओं सत्तनाम सतगुर कवीर अज्र अचित सर्वाकार महापुरुष अचल अविनाशी निर्गुण पुरुषाय नमः ॥ धर्मदास उवाच ॥ दोहा ॥ वार वार वंदन करौं चरण कमल शिर नाइ ॥ संत समाज प्रभाव को मोहि कहेा समुझाइ ॥ १ ॥ कवीरउवाच ॥ संत समाज सम धन नहीं सुनेा संत चित लाइ ॥ पुर्वल पुन्य अमित होइ जेा संत समाजहिं जाइ ॥ २ ॥ अति पवित्र युग युग जिवै सेा सत पंथ समाइ ॥ कर्म काटि तिर्गुन फटा अमृत पिवै अघाइ ॥ ३ ॥ चौ० ॥ संत समाज को सुनहु संदेसा ॥ जन्म कर्म वहु मिटै कलेसा ॥ विन सत संगति सिद्ध न होई ॥ कोटि जतन पचि मरै जेा कोई ॥ कर्मि जीव सतसंग न भावै अपर जन्म धरि धरि पछितावै ॥ बड़े भाग्य सत संगति होवै ॥ वेद पुराण महिमा नहिं गेावै ॥ दोहा ॥ संत चरण अति प्रिय वड़े जानै चतुर सुजान ॥ तासु भेद ना हित करै ते नर पशु समान ॥ ४ ॥

End.—सोरठा ॥ ब्रह्म पदहिं जे लीन विले होइ जल लवन जिमि ॥ जान परै वपु भीन वहुरि न लागै ताहि सँग ॥ ८९ ॥ होइ सेा तव निर्वान जाइ समाने

तत्त में ॥ निरखि लेहु निज ज्ञान तव सुख पावै भेद यह ॥ ९० ॥ ब्रह्म सुजोग विचार सकल कहा मैं गाइ कै ॥ बूझै बूझनहार जा हृदय विवेक है ॥ ९१ ॥ पावहिं पद निर्वान जो सुनि हैं चित लाइ कै ॥ जोग वशिष्ठ को ज्ञान गुण में ज्ञान निधान है ॥ ९२ ॥ संत समागम कारणो कहा कथा परसंग ॥ सुनै सर्व युत धीर चित छूटै भर्म प्रसंग ॥ ९३ ॥ ज्ञान मुकुर मन धारिकैं मंजहिं संत सुजान ॥ दर्श देखि विगसित वदन पावहि पद निर्वान ॥ ९४ ॥ होइ दृष्टि निर्वान जो गुरु सरोज पद लीन ॥ मिटै काम मद मोह जव गुरु दाया कीन ॥ ९५ ॥ सोरठा—पुरुष लगै न तीर जे ममिता जुत जग जरै ॥ मोह सेा दहत सरीर संत संगति सीतल भये ॥ ९५ ॥ इति श्री ज्ञान संवोध वशिष्ट राम संवाद कवीर धर्मदास उपदेश समाप्तं ॥ संवत् ॥ १८९३ ॥

Subject.—(१) पृ० १—३ तक—संत समाज प्रभाव वर्णन, प्रभुरूप वर्णन। (२) पृ० ४-२४ तक—ब्रह्म निरूपण, जीव तथा पंचतत्वों से बने शरीर का स्पष्टीकरण, सृष्टि निरूपण, ईश्वर प्राप्ति के उपाय, केवल ब्रह्म की सत्यता तथा संसार के मिथ्यत्व का वर्णन, गुरु प्रताप, संत दरस फल, संतो के दर्शन का अधिकारी, सारतत्त्व (अनहद शब्द), वैराग्य तथा विज्ञान वर्णन, माया से ब्रह्म के ढके रहने का वर्णन, ब्रह्म को चीन्हने के उपाय, ज्ञानी तथा अज्ञानी की परिभाषा। ब्रह्म को सब का मूल कथन, सम्पूर्ण पसारे का ब्रह्म के ही अन्तर्गत होने का वर्णन, ब्रह्मज्ञान के अधिकारी साधू का वर्णन। (३) पृ० २५—४० तक साधुओं को क्रोध छोड़ने का आदेश, सज्जनों के लक्षण, ज्ञानी का प्रसंग, अज्ञानी के लक्षण, मोक्ष पाने के अधिकारी, मन के भेट, मन के कर्म करने का वर्णन, मन को बस में रखने के उपाय, मन के प्रभाव, मन को बंधन में रखने का आदेश, आशा पिशाची का वर्णन, तीनों अवस्थाओं से परे चौथो तुरिया में थिर होने में मुक्ति, सुख कब मिलेगा ? (४) पृ० ४१—५६ तक—कौन हम हैं और कौन यह संसार है ? आत्म अभ्यासी के लक्षण तथा उसका महत्व, सुखदाई मति उत्पन्न होने के उपाय, संत संगति का प्रभाव, अभक्त तथा आमिषाहारियों के कष्टों का वर्णन, शरीर के मिथ्या होने का वर्णन, सब में ब्रह्म के विवेक के विधान का वर्णन, देह को मिथ्या समझने का नियम, सब में समान भाव से ब्रह्म को देखने वाले ज्ञानी को काल का भय न होने का वर्णन, घट में ब्रह्म का प्रकाश देख कर ही प्राणी को सुख मिलने का वर्णन, ब्रह्म में ज्ञानी के लीन होने का वर्णन, ज्ञान बिना मुक्ति न मिलने का कथन। (५) पृ० ५७—७६ तक—मनुष्य का शरीर वृक्ष है, पाप पुण्य उसके दो बीज, सकल वासना मूल, पंचतत्त्व और दश इन्द्री डाले पल्लव, तीनों गुण, त्वचा, वात, कफ धार है और उसमें सुख दुख के दो फल लगे हैं। उसी वृक्ष पर आतम परमातम रूपी दो पक्षी बैठे हैं, उन्होंने एक फल पाया है, उसी का नाम जीव है। ब्रह्म तथा जीव का एक ही होने का कथन, सर्व भूतों में एक ही

वृक्ष का कथन, शरीर की अनेक दशाओं तथा ब्रह्म के अद्वैत का वर्णन, विना युक्ति के ब्रह्म को न चीन्ह सकने का कथन, ब्रह्म तेज का वर्णन, वासनाओं के त्यागने का उपदेश, ब्रह्म के लीन होने का उपाय, ब्रह्म के जानने वालों का वर्णन, शुभ कर्म करने का विधान, ग्रंथ के पाठकों को फल। ग्रंथ समाप्ति।

No. 198(*g*). Jñānatilaka by Kabīradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves.—21. Size—7 × 4 inches. Lines per page—7. Extent—106 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1866 or A. D. 1809. Place of deposit—P. Mathurā Prasāda Miśra, Village Rāmanagara Dhamerī, District Bārā Banki (Oudh).

Beginning.—ओँ श्रीमते रामानुजायनमः ॥ ओं आदि जुगादि पवन औरु पानी ॥ ब्रह्मा विष्णु महादेव जानी ॥ पांच तत्त का करो निसेफ ॥ उलटि दिष्ठ आपै में देष ॥ आप तेज धरणी आकासा ॥ सकल पसारा पैान को साथा ॥ पैानै आवे पैाने जाय पैान नाद धुनि गरजत रहै ॥ सूरा होय सेा खडकी गहै ॥ खडकी लागि पार गहिया ॥ ररंकार का चरन गहेया ॥ झंझाराति घौस नहिं सूर तहँ उजीयारा है भरपूर ॥ धरती धीर न कामन थीर ॥ महादेव नहि ब्रह्मा विरज्योति सरूप करपा निधाना ॥ तिहिं न लेाकमत वहि जाना ॥ मारग मांहिं मंडि गया सुरा ॥ ताकूं सतगुरु मली गया पूरा ॥ पांच पकड़ि रोक धरि ल्यावैं ॥ चौतक चैाहट न्याव चुकावैं ॥

End.—भेष लैां भेद तंत ल्यैा सेाई ॥ नाभ कमल सें लहर उठत है झलमल सेाषैं वाई ॥ उलटि तोलि तेल चरंगे निरच रंगे वाई ॥ नाद विंद गेाठि पड़गा मनवां कहि न जाई ॥ उति मधुरम ज्योति उज्यारा ॥ चंद विन चांदनी अग्नि विन उज्यारा टुट न पडकी भाग न ताला ॥ पांच तत पुरुष ल्यैा वृधा न वाला ॥ पिंड पड़ेा सत गुर लाजे ज्ञान की कोटडि पडत लहपुरा ॥ पचि मुवा संसार निकस्या कोई संतजन सुरा ॥ सुरा जूझंत पूरा वूझंत अगम पंथ कुं पग धरंत ॥ गढ़ वंका काहावत काल कूं जीत कर ॥ जंजाल कुं मेटि करि निरभ होई ल्यैा मारि ल्यैा मन की सिंघ्या ॥ अनहद की पूरी अज्ञम का मेला ॥ तंतत्र वर की करल छाया ॥ ज्ञान गुफा मै बहुत सुष पाया ॥ अगम निगम है पंथ हमारा ॥ साषा च्यार अमिरस पोया ॥ सुनेा कवीर जी सेा जोगेस्वर जुग जुग जाया ॥ इति श्रीरामानंद जी कवीर जी का ज्ञान तिलक संपूर्ण ॥ सुभमस्तु ॥ संवत् ॥ १८६६ ॥ लिषितं असाढ़ मासे कृष्ण पक्षे बुधवासरे मावस्या ॥ लिषितं अयेाध्या मध्ये सरजू तीरे रामकोट मध्यें सुग्रीव टिले ॥ पठणारथि देवीदास ॥

Subject.—(१) पृष्ठ १-५ तक—सम्पूर्ण उज्यारे का स्थान, गुरु द्वारा आत्मा पहिचान कर आनन्द होना, तिमिर का विनाश, निरंतर ध्यानावस्थित रहने वाले की बड़ाई। अनहद वाणी का वर्णन, सम्पूर्ण सृष्टि उत्पत्ति का सूक्ष्म परिचय। गुरु रामानंद की वन्दना कर के उनसे पंचतत्वादि के ज्ञान के जानने की जिज्ञासा प्रगट करना।

(२) पृ० ६—११ तक—गुरु द्वारा काया नगरी हृदय स्थान में पांच लोगों के वसने तथा उनके राजा मन का वर्णन। शब्द का भेद वर्णन। शब्द सवा ये तथा सम्पूर्ण घट रीते होने का वर्णन। शब्द के सर्वस्व होने का वर्णन। आप मिटा कर उसे ईश्वर को जानने का वर्णन। भोगी, राजा तथा जोगी के सर्वोत्कृष्ट उदाहरण, पवन, अन्न और निरंजन का वर्णन। किसको देख कर दो दल कंपता है, किस को देख कर काल कपता है किसको देख कर चेला कंपता है और किसको देखकर सब विष जाल दूर होते हैं, इन सब बातों के उत्तर।

(३) पृ० १२—१७ तक—"लेज न होते हुए माली कुए से पानी भर किस प्रकार वाटिका सींच सकता है" इसका उत्तर। वर्तन आछे होने पर उसमें वस्तु के समाने की क्रिया। पार होने की विधि। "वन भूक तथा वस्ती में माया लगने का भय किस प्रकार दूर हो" इसका उत्तर। ईश्वर के अगम अगोचर होने का वर्णन। हृदय शुद्ध होने का वर्णन। खेल तमाशे—नाटकादि तथा राजा एकादशी इत्यादि जप तप कर ईश्वर पाने वालों की भूल का वर्णन।

(४) पृ० १८—२१ तक—विना जुगत के योग का वर्णन। गुरु उपदेश से परम पद पाने का वर्णन। अनहद शब्द का विवरण तथा जुग जुग जीने वाले जोगेश्वर का वर्णन।

No. 198(*h*). Kabīra Devadūta Goshṭhī by Kabīradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—10. Size—9 × 6 inches. Lines per page—24. Extent—180 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1913 or A.D. 1856. Place of deposit—Lālā Gangā-dīna Bihārī Lāla Kāndū, Gulāma Alipura, Bahrāich.

Beginning.—सतनमः अथ कवीरदास व देवदूत गोष्ठी लिष्यते ॥ सत सुकृति आदि अदली अर्ज अचित पुर्स मुनींद्र करुना मैं कवीरदास ॥ सुरति योग ॥ धनी धर्मदास। चुरामनि नाम। सुरदासन् नाम, सुरति सनेही साहव, वक नाम, प्रगट नाम, चारि गुरु वंस वयालीस को दया सेा लिष्येत ग्रंथ कवीर और देवदूत गोष्टी लिष्यते ॥ कवीरा वचन। देवदूत सुन हेा एक वानी।

अब जनि भोलहु जम की षानी ॥ षोजहु सत सुकित पुर देसा । जाते मिटै काल का भेसा ॥ मानहु दूत कहौं समुझाई तेज तमोगुन देहु वहाई । तुम जब भूलहु जम के भेला । यो संसार काल को चेला ॥ तीन लोक का वगदाय ॥ औघट लै जीवन मरवाय ॥ यह जग परा काल के हाथ । नाच नचावै राषै साथ । सत गुरु विना मुक्त नहिं होय । सुर नर मुनि सब एक विगोय ॥

End.—कवीरौ वचन । सुनौ दूत तुम सब्द सन्देसा । नौ औतार काल के भेसा ॥ आदि गोसांई जानो विरयारा । काहे करत परपंच पसारा ॥ रावन सोहर लागै वारा । राम लरत नहीं सेन सुधारा ॥ जोपै होते मुक्त सनेही । गर्व वंस धरते नहिं देही ॥ गरभ वास में जो जीव आवै ॥ जम के द्वारे सबै सिर नावै । तुम सेा लेषा लेहैं जानी ॥ गरभ वास है जम को षानी ॥ सात वार हम तोहि बुझावा । आदि पुर्स का लेष न पावा ॥ अभै चौकरी ताहि दीन गयऊ । जन्म तुम्हार तहँ ही भयऊ ॥ पहोमि नग्र वास तुम्हारा ॥ तहां सब्द हम वहुत पुकारा ॥ एक वरस महं पाऊं तोही ॥ हती द्वारका कंचन येही । द्वारिका कंचन जवहीं वनाव । जीवन ठांव ठांव भरमाव ॥ अजं अमर विनसै नहीं कहैं सब्द परमान । गहै अमर सेा अमर होय । सतगुरु पिये अमान ॥ इति कवीर देव दूत गोष्टी संपूरन लिषा पीतमदास संवत १२६४ फसली मिती सावन सुकुल पक्ष सुदी १० दिन सुक

Subject.—इस ग्रंथ में बताया गया है कि विना गुरु के शब्द के मुक्ति नहीं होती और जितने राम आदि हुए हैं सब ने गर्भवास के दुख भोगे और काल से न बचे । इससे काल से बचने के लिये गुरु शब्द का ध्यान करे तो मुक्ति हो सकती है, फिर जीव जन्म मरण से रहित हो जाता है । जोग जप तप आदि से काल से वचना कठिन है ॥

No. 198(*i*). Kabīra Bījaka by Kabīradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves--110. Size--7 × 6 inches. Lines per page--24. Extent—1,650 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1889 or A. D. 1832. Place of deposit—Mahanta Jawāhirdāsa, Village Narottamapura, Post office Khairighāṭ, District Bahrāich.

Beginning.—अथ कवीर वीजक लिष्यते ॥ दया गुरू को लिष्यते विचार पद रमैनी ॥ अंतर जोती सब्द एक नारी । हरी ब्रह्मा ताके त्रिपुरारी ॥ तै तीरथे भग लिंग अनंता तेउ न जाने आदी अंता । वा घरी एक विधातै कीन्हा । चौदा ठहार पाठ सेा लीन्हा ॥ हरीहर ब्रह्मा महतौ नाऊं तीन्ह परनी तीन वसावल

गाऊं ॥ तीन अन्होर चल षंड ब्रह्मांडा । छौ दरसन छ्यानवे पाखंडा ॥ पेठ न काहु वेद पठाया । सुनतो कराये तुरक नहिं आया ॥ नारी मोचित गर्भ प्रसूती । स्वांग धरे बहुते करतूती ॥ तहियां हम तुम एकै लोहू । एकै प्रान वियापै मोहू ॥ एकै जन जाना संसारा कौन ग्यान ते भयो नितारा ॥ भैा बालक भग द्वारे आवा ॥ भग भोगो कै पुरुष कहावा ॥ अविगत को गति काहु न जानी । एक जीभ कत कहौं वषानी ॥ जौ मुष होते जीभ दस लाषा । तौ कोई आये महतौ भाषा ॥ साषो कहै कवीर पुकार कै ई लैऊ व्योहार रामनाम जाने विना भैा बूड़ि मुवा संसार ॥ जीव रूप येकांतर वासा । अंतर जोतो कोन्ह प्रकासा ॥ ईछ रूप नारी औतारी । तासु नाम गायत्री धरी ॥ तेही नारी के पूत तीन भयऊ । ब्रह्मा विशुन महेश्वर नाऊं ब्रह्मै प्रछल महतारी कै तोर पुरष कैकर तुम नारी ॥ तुम हम हम तुम और न कोई । तुम्हो से पुरुष हमें तोरो नारी ॥

End.—बीजक कहिए सावधान । धन का कहै संदेस आतम धन जेहि ठौर है वचन कवीर उपदेस ॥ देषै बीजक हाथ लै पावै धन तेहि सोध । याते बीजक नाम भैा माया मन का बोध ॥ अस्तो आतम राम है माया मन कत नास्तो । याको पारष लहै जथा बीजक गुरु मुष आस्तो ॥ पढ़ै गुनै अति प्रीति जुत । ठहरि के करै विचार थिरता बूधो पावै सही वचन कवीर निरधार ॥ सार सब्द ठकसार है बीजक याको नाम गुरू को दया ते परष भई । वचन कवीर तमाम ॥ परष विना परचे नहीं विन सतसंग न जान । दुवधा तजि निर्भय रहै सोई संत सुजान ॥ नीर छीर निरनै करै हंस लछ सही दान । दया रूप थिर पद रहै सेा पारष पहिचान ॥ देह मान अभिमान के निरहंकारी होय । वरण करम कुल जाति ते हंस नीनरा होय । जग विलास है देह को । साधौ करौ विचार । सेव साध मन कर्म ते जाथ भक्तो उर धार ॥ पांच ततु का ष्याल है ताका करहु विचार । कहै कवीर ये तत्व को बूझै जीव का होय उवार ॥ सब्द सरूपो ते भये जिन किया सब्द से मेल । सब्द ना चीन्हे ववरा फिर फिर षेले अहेर ॥ इति कवीर बीजक का साषो सब्द रमैनी संपूरन लिखा संवत १८८९ ।

Subject.—इस बीजक ग्रंथ में कवीर शब्द, कवीर पद राग रागनी, ज्ञान चैांतीसा, चांचर, वेइल, विरहुली, वचन बीजक, हिंडोला शब्द, आदि का वर्णन है । शरीर, जीव, और ईश्वर का पृथक् पृथक् वर्णन किया है । शरीर को ही सब कुछ माना है, इसी में गंगा तीर्थ आदि बताए हैं ।

No. 198(*j*). Kabīra Bījaka by Kabīradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—350. Size—$6\frac{1}{2} \times 4\frac{3}{4}$ inches. Lines per page—10. Extent—1,750 Anushṭup Ślokas.

Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhākura Naunihāla Simha, Village Kānṭhā, District Unāo.

Beginning.—दया गुरु को लीषते वीजक विचार रमैनो प्रथम अनुसार ॥ अन्तर जोति सब्द एक नारी। हरी ब्रह्म ताके त्रिपुरारो ॥ ते तीरिये भग लिंग अनन्ता। तेउ न जाने आदि औ अंता ॥ वाषरि एक विधाता कीन्हा। चौदह गहर पारि सेा लीना ॥ हरिहर ब्रह्मा महं तेा नाउं। तिन पुनि तीन वसाउल गांव ॥ तिन्ह पुनि रचल षंड ब्रह्मंड। छौ दरसन छानवे पाषंड ॥ पेट न काहु वेद पठाया। सुन्नति कराये तुरक न आया। नारी मेाचित गर्भ प्रसौती। स्वांग धरै वहुते करतूती ॥

End.—गूर पूरा सखि सूर। वाग मेार रन पैंडा ॥ साहव से परचै भाई। एक दुलीच वैठा ॥ १५ दील पर दोल जेा होय रहा। जेा दिल दगन न होय। सेा दिल कवहुं न विसारी केाटि करै जेा केाय ॥ १६ कहहि कवीर हम हारी माना जतन जतन समझाये। वांडी पूंछ उड़ाय कै चली वेट के जाये ॥ १७ मन की धार परापति भाई छाग देउ वूधी वन। वहुतक रसोया लागी रहै तू आपने मन में जाना ॥ १८ इति सोखी सम्पूरन दया गुरु की ॥ सत नाम ॥ साधू नानकदास ॥

Subject.—रमैनो पृ० १—४६। वीजक शब्द पृ० ४७—१०९। ज्ञान चैातीसो पृ० १०९—११३। विप्र मतीसो पृ० ११४—११५। वीजक के पद ११५-१२३। पद चाचर व वसंत पृ० १२३—१३१। वेली पद व शब्द विरहुल के पृ० १३४। शब्द हिंडोल, वचन वीजक पृ० १७५ तक।

No. 198(*k*). Kumbhāwalī by Kabīradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—38. Size—7 × 5 inches. Lines per page—26. Extent—617 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samuat 1900. Place of deposit—Mahanta Jawāharadāsa, Village Narottamapura, Post office Khairīghāṭa, District Bahrāich (Oudh).

कहै कवीर सुनै धर्मदास अव सव भेद कहौं परगास ॥ समरथ हमै कहा समुझाइ। ताते सकल गंम हम पाइ ॥ औा कछु हम आषिन देषा। ताते उत्पन्न भाखौं लेषा अव रचना का भाषै षान। कुंभ उद्र ते सब कुछ मान ॥ प्रथमहिं पुरुष कुंभ कह कीन्हा। अगिन पवन पानी तेहि दीन्हा ॥ शब्द ते कुंभ धता पानी। धर्मदास संते मन जानी ॥ अठानवे कोठी केा विसतारा। ताको नाम सव पवन

पसारा ॥ ताके उद्र मा भरा वहु नीर । अगिन प्रचंड भयो पुनि थीरू जव कुंभ को उत्पति भयऊं । जुग सांन्तो आदि से चलि गयऊ । धर्मराज तवहि उत्पानी पीछे कीन प्रलै घानो ॥ जव वासों कन्या आसो भाई तव से धर्म भयो अन्याई ॥ लरौ कुंभ सेा कोन्हेा घाता । तासों पंडित करेा विधाता ॥ तेज रूप तवहीं ते कोन्हा धर्मराय कुंभ सिर छीना ॥ सोस कुंभ नष छीन भए सव रचना ते संगै आप ॥

End.—धर्मदास यह वूझेा वानी । तेलो फूल गम्य कहा जानो तिलो फूल दुइ रहै न्यारा । संगति वास भई संचारा फूल तिलो एक संगत कोन्हा । वासु सुगंध वेधि तेहि दीन्हा ॥ तिलो आनि कै कोन्ह पेरावा । नाम फुलेल वास तेहि पावा ॥ तिलो फूल को नाम मिटावा ॥ दोहा ॥ फूल तिलो दुइ गति भयो भयेा फुलेला नाम । हंस गयेा सत लेाक कोह पावै अभै विश्राम ॥ चौ० । कहैं कवीर यह भाव वषानो । संगति कोन्ह मर्म विन जानो सब्द डोरि गुर दांव वताई । जैसी संगति मन चित लाई । जैसे तिल तैसेई सिष होई ॥ पुरुस या भान गुरु को होई ॥ पुरुष अग्र पुरुष को डोरो । चौरासी को वंधन छोरो ॥ तिल गुरु फूलि फूल गुर प्राना सिष गुरू गुरू नामा ॥ सब्द सुनत विकल भये तव कोइ टारै आना ॥ काके टोरे टूटो सेा कोइ देव वताय ग्रन्थ कहौ कुंभावलि सारा । पहुंचै हंस पुरिष के द्वारा । समुझै आनि विचार मत संता । रहनि रहै सेाई मतवंता इति श्री कुंभावली ग्रन्थ संपूरन लिष्यते गंगादास सेवक फकीरदास महाराज के संवत १२५१ ।

Subject.—इस ग्रन्थ में कवीरदास ने धर्मदास को माया, जीव तथा आत्मा का ज्ञानोपदेश किया है ।

No. 198(*l*). Manushya Vichāra by Kabīradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—48. Size—$6\frac{1}{2} \times 4\frac{3}{4}$ inches. Lines per page—22. Extent—528 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhākura Naunihāla Simha Seṅgara, Village Kāṇṭhā, District Unao.

Beginning.—वनावा नाव मान वा ।

विना वुधो वे तुला का हाला लाले कीजिये वीना वसक फूल ॥ मानुस मानुस सवै कहाये । मानुस वुधो कोईस विरला पावे ॥ छाजन भोजन मैथुन कर्म । भैानिद्रा मोह षट धर्म ॥ पसु पंछो सवहो नाकौ व्यापै । नोसा वासारमेसादा वा दपै ॥

End.—कनो औला जानाने के अई। तुल के फेरा में जग्त सब आय गये ॥ वीचो ककी वताना कहुं पई ॥ धन का देखो ब्रह्मा जो भुलीआ। भक्त के फेरा में दाग्र भाई ॥ कुंभ के कूप में खूब पनी भारा। मान होये होये सब गरि जापो ॥ वरहु लगना को भाव ऐसा क्या। सकल संसारे सतो मनी ॥ साहेव कवीरा ने नीरष सांचो कहा। ब्रह्मा की आदि होम खूब जानी ॥

सम्पूर्णम् ॥

Subject.—साखी व फुटकर रेखता।

No. 198(*m*). Ramainī by Kabīradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves--44. Size--6×4 inches. Lines per page--12. Extent--264 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character--Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1941 or A. D. 1884. Place of deposit--Santāna Murāū, Village Airiyā, Post office Piparī, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ मूल रमैनो प्रारंभः ॥ मूल रमैनो प्रथम शब्द को अनुसार चार प्रथम शब्द है सून्याकारा ॥ परा अव्यक्त शोक है विचारा ॥ अंत करन उदै जव होई। पंश्यति अर्ध मात्रा सोई ॥ खैारे सेा कंठ मध्यमा जाना चैांतिस अक्षर मुष अस्थाना ॥ अनवनि वानी ताके माहीं। विन जाने नर भटका खाहीं ॥ वानी अक्षर स्वरस सुहाई ॥ अर्ध पस्यंती जाइ नसाई ॥ सून्याकार सेा प्रथमै रहै ॥ अक्षर ब्रह्म सनातन कहैं ॥ नृवत्य प्रवृत्य होय शब्दाकारा परो जानि नाहि है विचारा ॥ साषी ॥ अकुलाहट को शब्द जेा भई चार सेा भेश वहुत वानी वहु पाइ कै प्रथक प्रथक सव देश ॥ रमैनो ॥ अनि वनि वानी चारि प्रकारा काल संधि भाई औा शारा ॥ हेतू शब्द वूझिये सेाई। जानि यथारथ द्वार सेा होई ॥ मर्भ को भाई संधि औा काला। सार शब्द काटै भ्रम जाला ॥ द्वारा चारि अर्थ परमाना पदारथ विज्ञार्थ यहि वाना ॥

End.—संतौ वाघिन षायउ लेाई ॥ तीन लेाक लै प्रगटी वाघिन खात न जानै केाई। दिन का वाघिनि चैाधी लावै राति समुदर सेाषै। ऐसे मति के वैारे लेागवा घर घर वाघिन पेाषै ॥ कान दै काजी नाक दै मैालाना औालिया षाय पक्षारी ॥ राजकुमार छत्रपति षाए सेा किमि हेा नरनारी ॥ गुरु की सेाष कन फूकै षायउ आंखि पंडित की फेारी। गरजो गरीव जेा गुण उड़ावै तिनको नलौ मिरेारी ॥ ब्रह्मा विशुन महेशै षायउ सुरनर मुनि सव झारी ॥ तीन लेाक महि मंडल षाउ इन्द्र चन्द्र मिलि झारी ॥ चंचल नयन दसन चमकावै ॥ कशि कशि वांधै गाढ़ो ॥ लहकि लहकि घट भीतर पैठो षायउ काढ़ो ॥ उत्पति प्रलै दुहू

दिशि वाघिनि सतगुर इहै विचारै ॥ कहहिं कवीर सुनौ भाई साधौ हौ वाघिन से न्यारे ॥ संतौ वीवो षड़ी पदोरी ॥ पादै आप लगावै औरै अैसो मति को भोरो ॥ इति श्री कवीरदास के समाप्तम् ॥ दोहा । माघ मास तिथि तीनिदस बुधवार सुख कंद । शुक्ल पक्ष पूरन भयो जानकी शरन अनंद । वसत गुजवली गांव में वेाड़ी पूरव जान । पाठार्थ जिनके लिषा वेनीदास सुष षान ॥ संवत १९४१ ॥

Subject.—कवीरदास के धर्म्म संबंधी विचार तथा श्लेषात्मक कथन ।

No. 198(*n*). Sumirana Sāṭhikā by Kabīrādāsa. Substance —Country-made paper. Leaves—14. Size—6 × 5 inches. Lines per page—30. Extent—225 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1909 or A. D. 1852. Place of deposit—Dīnānātha Paṇḍita, Village Rāmanagara, Post office Bahrāich, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—सतनमः अथ सुमिरन साठिका लिष्येत ॥ दिन प्रति करौं सब की सेवा ॥ टूटै दसौ काल को भेवा ॥ प्रतिदिन भगती करो टकसारा । ताते हंसा होय उजियारा ॥ सार शब्द लै करौ कमाई । ता हंसा को काल दुराई ॥ अढ़े पाषे मास निवासु । ऐसो भगती करौ धर्मदास ॥ विना सब्द कै पारस दीन्हा छूछे छूछ कहा तुम कीन्हा । एक छूछा एक पूरा होई । पारस अंग मिलावै सोई । एक छूछा औ छूछा मिलावै । छूछ मिलाए वहुत डहकावे । कैसे होवे निरमल काया । घट में नहिं अंतरगत दाया ॥ बुंद मांह जीव को बासा । ब्रह्म सताये कीन्ह प्रकासा ॥ किंचित किंचित ले वहु तोरी ॥ विनसे जीव को लेव वहोरी ॥ एता पाप कहां चलि जाई । धर्मराय ते परी मगाई । कहै कवीर भेद नहिं पावा । असंष वार भ्रमत चलि आवा । मोर कहा तुम मानौ अंसा । पारस चोंच लेहु तुम हंसा ॥

End.—मूल गायत्री । आदि गायत्री मूल नाम रषवार । अगम अस्थान गायत्री सोई । सुमिरत नाम मुक्त निज होई ॥ कोट तीरथ घट भीतर मूल गायत्री सार । चूरामनि कहै पुकारी अगम उकान ॥ अगम उजियार कोट काल जर छार ॥ सत पुर्स का सब्द रषवार । असंष मुक्त के आगे अगम ठिकाना संझा घर मूल प्रवाना ॥ कहैं कवीर हंसा लोक पयाना ॥ जंजीरा विष झारने का ॥ अमृत को लोडी अमृत को पाटी विष वांटे ब्रह्मा की वेटी । आपहि वाटे आपहो षाय । हांक दिये कवीर गोसाई विष निरिविष होइ जाय पानी मंत्र पढ़ि के सुनावै ॥ कहै कवीर सुनौ धर्मदास । यहां जयादे तुमारे पास रित आप छुटे कुरित में ना

छुटै यह रक्षा करै सब्द सार ॥ महापुरस के दरसन पावै । पांच अमो के सुमिरन धर्मदास चित लावै । सब्द देव जोवन को हंसा लोक जाइ । धर्मदास कर जोरि के वहुविधि मस्तक नाए । अव तौ हंसा थिर भए । वहुविधि राज कराये । इति सुमिरन साठका संपूरण लिखा सन १२४१ फसली ॥

Subject—इस साठिका सुमिरन में जीव की महिमा, ईश्वर का प्रेम, उस के लाभ, सुमिरन पांच नाम, सुमिरन निरक्षर के वाहर निकलने का मंत्र, तिनका तोरने का मंत्र, कंठी वांधने का मंत्र, परवाना देने का मंत्र, परवाना पाने का मंत्र, महाप्रसाद देने का मंत्र, महाप्रसाद पाने का मंत्र, चरनामृत लेने का मंत्र, दतुइन तोड़ने का, मुख धोने का मंत्र, जल में पैठने का, जल भरने, जल छानने, चौका देने, गुरू को रसोई बनाने का, थारी परसने का, खरच करने का, मूल द्वार धोने का, संयोग का, पारस देने का, पारस पावने का, मिरगी का मंत्र, आंख का, जूड़ी का, साल का, वीछी का मंत्र, सुमिरन सोहंग सब्द को, मूल गायत्री, विष झारने का मंत्र, गंडा बांधने का मंत्र तथा पारस छूने का आदि मंत्र ।

No. 198(*o*). Tirjā-kī-sākhī by Kabīradāsa. Substance —Country-made paper. Leaves—32. Size—8 × 6 inches. Lines per page—22. Extent—352 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1930 or A. D. 1873. Place of deposit—Bālagovinda Murāū, Village Rāyapura, Post office Benhaḍā, District Bahrāich (Oudh).

श्री गणेशायनमः ॥ निज नैनन के निकट यक झलक झूलकता । लषि रूप सेा अनूप मेार चित्त ललकता । नहिं नैन हलै पलक चलै लाग टकटका । अथ तिरजा को साषो लिष्यते ॥ साषो ॥ कवीर काहूं अस कहो कान काग लिए जाय । कान न टेावै वावरा धेाजै चहुं दिशि धाय ॥ चेार चला चेारी करन किये साह को वेष । गल्लै सब जगमूशिया चेार रहा अवशेष ॥ अेाशेष जगमूसिया सेंधि जेा दोन्हा कान्ह ॥ ब्रह्मादिक सनकादि जग दुषिया भए निदान ॥ कानते मुष में मुषते कर में चुटकी चमकै नूर । त्रिष्टा धेती चेारवै किया सब पंडित भए मजूर ॥ मुष में कर में कांष में हिय में चैारवक भैान । कहै कवीर पुकार कै पंडित चीन्हेा कैान ॥ त्याग करन को सब चलै हुआ नहीं वैराग ॥ जेा चेारवा जग मूसिया से सब के पीछे लाग ॥ पूरणकला ह्वै कै चेार देषाई देत । सुर नर मुनि जग आंधरे चीन्हि न कोउ लेत ॥

End.—वरणाश्रम के नाम को कहै बतावै दोष। अहं ब्रह्म असमी कहै मूढ़ सही निज मोष ॥ कहै वेदांत बनाइ कै सब मत के सिरमौर। शब्द विवेकी पारषी चीन्हे वाचक पैार ॥ द्रष्टा भई तिहुं लोक की मांडे सकलौ मांड। सुरनर मुनि दुलहिन भये दुलहा भए यकराउ ॥ कारण ईश्वर जगत का कहत निरंतर वेद। वे अविनाशी ए नाश है कहु पंडित यह भेद ॥ कारण ईश अनोह का कहौ कारण रूप देषाय ॥ अज में जस दृष्टांत यह पंडित कहौ बुझाय ॥ मोह पिनाक संसार है गुरु बिन टूटत नाहिं सुर नर मुनि सब टोरन लगे छुअत अधिक गहआहि ॥ कबीर देह जीव बिनु तुरत होइ दुरगंध। तत्वन में तदरूप है नाश होइ पुनि अंध ॥ साधू ऐसा चाहिए ज्यों मोतिन की आव। उतरै फेरि चढ़ै नहीं अनादर होइ खराब ॥ लघु को गुरु कहैं गुरु लघु कहै गुरु लघु कहैं बनाय। यह अविचार देषि कै कहत कबीर लजाय ॥ इति श्री तिरजा की साषी कबीरदास कृत संपूरण लिखा रघुवर दास गुंजौली निवासी पठनार्थ बेनी जेठ मासे तिथि तृयोदशी भौम-वासरे संवत् १९३० ॥

Subject.—देह, प्रकृति, ब्रह्म आदि का निरूपण।

No. 198(*p*). Ugragītā by Kabīradāsa. Substance--Country-made paper. Leaves--106. Size--9 × 4 inches. Lines per page 9. Extent--1,055 Anushṭup Ślokas. Appearance--Ordinary. Character--Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1871 or A. D. 1814. Place of deposit—Śrīmatī Mahantini Lakshmaṇadasī, Bābā Jhāmadāsa ki Kuṭī, Post office Jagesarganj (Sultānpur).

Beginning.—ग्रंथ उग्रगीता ॥ सक्ति सामर्थ कबीर साहेब को दया ॥ धनि धर्मदास को दाया ॥ साहेब सुरति गोपालदास की दया ॥ साहेब ज्ञानदास की दया ॥ साहेब लालदास की दया ॥ साहेब राजदास की दया ॥ साहेब कुंडल दास की दया ॥ साहेब निर्भयदास की दया ॥ बस बयालिस की दया ॥ सकल हंसन्ह की दया ॥ लिष्यते ग्रंथ उग्रगीता ॥ ज्ञान प्रकाश ॥ दोहा ॥ उग्रगीता निज सार है सुकत दया लेसाइ ॥ करे दूरि अज्ञानता अंजन ज्ञान समाइ ॥ करै दूरि अज्ञान को अंजनज्ञान जो देइ ॥ वलिहारो सेा गुरू को हंस उवारि जो लेइ ॥ सोरठा ॥ अंजनज्ञान है सार रहै नहीं अज्ञानता ॥ त्यहि गुरु की वलिहारो मेरो सदा प्रनाम है ॥ चौपाई ॥ प्रथमै वंदौं सत गुरु पायां ॥ वंदी छोरि करहु मोहि दाया ॥ धर्मदास विनती अनुसारा ॥ दया करौ दुष भंजनिहारा ॥ अवगति गति काहु न जानी ॥ होहु दयाल सेा कहहु बषानी ॥

End.—छंद ॥ पुर्स सोभा कह बषानैं कछु नहीं समतूल हेा ॥ असंष्य सूर्ज प्रगास ते वह जेाति अगम अस्थूल हेा ॥ सपन करि नयन भरि भरि शब्द सतगुरु पर्चिई ॥ पूर्स अवरण रूप जाकेा सेाभा हंसु लगु दर्सई ॥ सारठा ॥ उग्रगीता यह सार गुप्त अध्याय वनैसवां ॥ शति शब्द अधार हंस पहुंचै लेाकके। ॥

इति श्री उग्रगीता ज्ञान प्रगास कवीर धर्मदास संवादे आत्म संजम जेागेा नाम वनैसवां अध्याय संपूर्ण समाप्तम् सुभमस्तु शम्वत् १८ ॥ ७१ ॥ नाम वर्षे भादेा मासे सुक्लपक्षे तिथि नैामेायां वारवुद्धवार का ग्रंथ समाप्तं भवेत् जेा देषा सेा लिखा मम देाषेा न दीयते सकल हंसन केा बंदगी पहुंचै दास की दसषत लिष्यतं शिवदीन दास ॥ × × × ×

Subject.—(१) पृ० १—६—प्रथम अध्याय वन्दनादि ।

(२) ७—८—द्वितीय अध्याय सांख्ययेाग ।
(३) ८—१३—तृतीय ,, कर्मयेाग ।
(४) १३—१७—चतुर्थ ,, कर्मसंन्यासयेाग ।
(५) १८—२४—पंचम ,, संन्यासयेाग ।
(६) २४—२७—षष्टम् ,, आत्मसंयम ।
(७) २८—३१—सप्तम् ,, ज्ञानविज्ञानयेाग ।
(८) ३१—३५—अष्टम् ,, महापुरुष येाग ।
(९) ३६—३८—नवम् ,, राज विद्या राज गुन्य ।
(१०) ३९—४१—दशम् ,, विभूति येाग ।
(११) ४२—४६—एकादश ,, विश्वरूप दर्शन ।
(१२) ४७—५३—द्वादश ,, मक्ति येाग ।
(१३) ५४—५६-त्रयेादश ,, क्षेत्रक्षत्र निर्देश ।
(१४) ५७—६०—चतुर्दश ,, गुणत्रय विभाग ।
(१५) ६१—६६—पंचदश ,, पुरुषेात्तम येाग ।
(१६) ६७—७०—षष्टदश ,, देवासुरसंपति ।
(१७) ७१—७५—सप्तदश ,, त्रिगुणविभाग ।
(१८) ७६—८१—अष्टदश ,, मेाक्षसन्यास ।
(१९) ८२—९८—नवदश ,, गुप्तप्रसंग ।
(२०) ९९—१०६-वीसवां ,, गुप्त अध्याय ।

No. 198(*q*). Ugragītā by Kabīrādāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—30. Size—9 × 6 inches. Lines per page—24. Extent—540 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old.

Character--Nāgarī. Date of manuscript--Samvat 1909 or A. D. 1852. Place of deposit—Lālā Gaṅgādīna Kāṇḍū, Gulām Alī Purā, Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री सतनमः ॥ कवीर साहेव कै दया लिष्यते । ग्रंथ उग्रगोता ॥ दोहा ॥ दूर करै अग्यानता को । अंजन ग्यान जो देइ ॥ वलिहारी येां गुरू को हंस उवारि जो लेहिं ॥ उग्रगोता निज सर है । सुकृति ले आये । करै दुरग्यानता अंजन ग्यान समाये ॥ सोरठा ॥ अंजन ग्यान है सर । रहै न अज्ञानता । तेहो गुर की वलिहार मेरो सद प्रनाम तम ॥ धर्मदास वचन ॥ चौपाव ॥ प्रथम पादु सतगुर पाए । वंदि छोरि तुम करौ सहाई ॥ धर्मदास विनतो अनुसारी । दया करौ दुषभंजन हारी ॥ अविगत गतो काहु नहिं जानी । होहु दआल सेा कहैं वषानो ॥ वेद पुरान सब जगत वषानो ॥ गुप्ततंत कोई नहिं जानी ॥ जौ लग वेद भेद नहिं जानै । तव लग सब्द नहीं हित कारीनै । वेद विचारै भेद जो जानै ॥

End.—आतम संजम जोग वताव । सत संजम मेरे मन भाव ॥ निरा बरत जो मारग भाषेा । कर्मजोग मन दिढ़ करि राषेा ॥ अैसो सुवसु सुनि निरमल भै अंग ॥ अव तुव दरसन भै आनंद ॥ हस दयाल यह राह दिषावा ॥ मत भौा काकू दूर वतायेा ॥ मोहो संगत देषन कोन । होय तेा अव सक्ति दीजो सेाई तुम ठाकुर हेा अतरजामी । अव दरसन विना रहेा न स्वामी ॥ होहु क्रिपाल क्रिपा निधि सागर । दीनवंधु तुम पतित उजागर ॥ तव हंस वेाले चतुर सुजाना । आन नैन ना दरसन निरपज ॥ तुमतौा हौा निज भगत हमारे दरसन तुमकौा देव पियारे ॥ यहु सरूप ना काहु ते देष । अई दीक सव सुरनर मुनि नहिं सेाई । सेा दरसन तुम देषत होई । तीनि लेाक पलक में दुष होई । देषौा कालरूप जव मेरे । आजु न तुमहु रहेा नीनर ॥ डरपेा वहुत हुए मन भारी । दुरपै वहुत भुनोस्रो संसारी ॥ इति उग्रगोता लिषा पीतमदास सन् १२६० फसली ॥

No. 198(*r*). Yajñasamādhi by Kabīradāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—20. Size—9 × 6 inches. Lines per page—24. Extent—360 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript— Samvat 1909 or A. D. 1852. Place of deposit—Lālā Gaṅgādīna Kāṇḍū, Mohalla Gulām Alī Purā, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—सतनमः सुकृति आदि अदलो अर्ज अचिंत पुर्ष मुनीद्र करुना मैं कवीर ॥ सुरति जेाग ॥ दानो धर्मदास ॥ सुदर्सना नाम । कुलपति

नाम । प्रबोध गुनावल पीर । केवल नाम । अमोल नाम । सुरति सनेही साहेब । चरी गुरु वंस को पयलोस की दाया सें लिष्यते ॥ चौ० । धर्मदास बचन चौपाई ॥ धर्मदास विनतो उचारी । सतगुरु सत्य कहो मोहिं बानी । पांडौ पांच किरशन हितकारो ॥ निरगुन कहौ तेहि ग्यान मुरारी ॥ विशुन रूप आपन दिष-लाव बंधु घात करो जीव मराव ॥ पीछे क्रिशन दोष तेहि दीनो तुमतौ दीन्ह घात हौ कोन्हो ॥ तब सब पंडौ कोन्ह विचारो । सो चरित्र भाषो प्रभु भारो ॥ सत गुरौ उवाच ॥ धर्मदास मैं तोहि सुनावौ । क्रिशन चरित्र भेद बतलाऊं ॥

End.—सतगुरो वचन ॥ धर्मदास बूझौ मतवान यह प्रसङ्ग सुनायऊं कान ॥ पांडौ भक्त कृष्ण के आगर ॥ तासो छल मन कीन्हो नागर ॥ तीनो पुरायेह भूपती असीक । जस चाहै तस करै विलासी । जैसे अगिन न हो हित-कारी ॥ तैसे जानहु क्रिशन मुरारी ॥ पांडौ केर कीन्ह अपमाना । और भक्त को चतुर सुजाना । तुम बूझौ धर्मा मीमांसा । और समझ के जो चीन्हे वंस । साषो ॥ कृष्ण केर परपंच आंता बूझे हंस हमारा ॥ कहै कबीर धर्मदास सो पहुंचै लोक हमारा ॥ इति जग्य समाधि सम्पूर्ण सन १२६० फसली मिती जेठ सुदो चतुर्दसी १४ गुर दिना बैठक चित्रकोट मुकाम बंदोगढ़ हस्ताक्षर पीतमदास के हाथ के प्रति जो देषा सो लिषा मम दोष ना देते । साध संत को बंदगी मेरी । टूटे अछर लीजौ जोरी । बांचे विचारै ताको बंदगी । हाथ जोरि कै पहुंचै

Subject.—इस पुस्तक में यज्ञ समाधि का वर्णन किया गया है । कबीर दास जी ने अपने चेले धर्मदास को गीता के अनुसार उपदेश किया है कि किस प्रकार मनुष्य काम क्रोध लोभ मोह छल प्रपंच आदि में फसा है ।

No. 199. Nakhaśikha by Kalānidhi. Substance— Country-made paper. Leaves—14. Size—13½ × 7 inches. Lines per page—11. Extent—200 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1998 or A.D. 1941. Place of deposit—Ṭhākura Naunihāla Simha Seṅgara, Village Kāṇṭhā, District Unāo.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ नषशिष वर्णन ॥ दोहा—चरण लालिमा नष प्रभा संध्या ससि सिसु लेषि । अरुण कमल अनुराग सम बरनत सुकवि विशेषि ॥ १ ॥ उदाहरण—कैधौं नष चंदन के मोह वस आइ बसी संध्या राग रंजित प्रतीचो दिसि खालो है । कलानिधि कैधौं अभिसार के सरोजनि लें आई अरुनाई पाइ पंकजनि पालो है ॥ कै धौं अनुराग रस भांवरे सरति कै मगन मनभावन के प्रेम को प्रणालो है । जावक अभाष कवि भाइ मोहो लाल

कैधौं फवी वाल चरननि सहज को लालो है ॥ १ ॥ नूपुर वर्णन-पगनूपुर षटराग ग्रह हेम हंस उनमान । लच्छि सदन सुवरन कलस उपमा कहत वखान ॥ २ ॥ यथा—कैधौं षट रागनि के सुंदर निकेत वसो कर स्वर सिद्ध हेतु वसे पग त्यागि कै। कलानिधि कैधौं हेम हंस नष विमलनि मूरति विलोकि करै कछु धुनि पगक ॥ चरन सरोज सोके सदन में कैधौं घर सुधा भरे सुभ स्वर बोलै मुख उगिकै । तिय तुव पगनि सुभाइ सोभाउ महति तातें रहे नूपुर जराउ जग मगिकै ॥ २ ॥

End.—सीस फूल वर्णन—सीस फूल सोभ ललित रवि सम उपमा लेष । सुरसरि लर मुकुतानि की वरनत सुकवि विशेष ॥ २६ ॥ यथा—ईस रजनीस सीस सूरज मुखी ज्यों सोहै वाल रवि सीस फूल लाल रुख मैनी को । कला निधि वनक कनक पुहुपति मनौं कलिंदी के कूल मों दिपति दीप तैनीकी ॥ कैधौं चोटी वंद झंवा झालर जराऊ कनी किरननि देखि तमतेग कर पैनी को । तन सुख सारो में उघारो सो निहारो कैधौं भारी छवि छुअनि छुवत आछे वैनी को ॥ २७ ॥ वेनी वर्णन—ईस सीस सूरज मुखी मुक्त हल मंग । वेनी हरित प्रवाल पर कंचन कुसुम सुरंग ॥ २८ ॥ यथा—सुंदरी की वेनी हेम फूलन को सेनी जुत अमित अपछरनि को सो छवि छरिलै । सुघर सखिन कर कमल निछोरि पाटो पारो मरकत को मयूष दुति हरिलै ॥ कलानधि फैलि रही सोस सीस फूल रुचि उपमा अनूप मंग मोतिन को लरिलै ॥ मानों वस्यौ तिमिर अखिल परिवार लै क रवि को सरन सोह वीच सुरसरि लै ॥ २९ ॥ इति श्री कलानिधि विरचितं नष शिख समाप्तम् संवत् १९०८ वि ॥ इति ।

Subject.—नखशिख वर्णन—छं०—१—१० तक चरण, नूपुर, जेहरि और जंघा का वर्णन । छं० ११—२० तक नितंव, कटि, नाभि और रोमावली का वर्णन । छं० २१—३० तक—कुच, ग्रीव, भुज, कपोल और ठोड़ी का वर्णन । छं० ३१- ४० तक रसना, अधर, दंत दुति, नाक मोती और नेत्र का वर्णन । छं० ४१—५० तक वरुनी, भौंह, कान, ललाट और मोती नर का वर्णन । छं० ५१—५४ तक सीस फूल और वेनी का वर्णन ।

No. 200(*a*). Badhūvinoda by Kālidāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—35. Size—8 × 6 inches. Lines per page—26. Extent—590 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1835 or A. D. 1778. Place of deposit—Ṭhākura Anuruddha Simha, Manager, Rāj Nīlagāon, Post office Nīlagāon, District Sītāpur (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ वधू विनोद लिष्यते ॥ दोहा ॥ पूजौ कारे चोर को सुमिरि अंधेरो रैनि । वरनौ श्री गोपाल को ललिता प्यारो येन ॥ येन बजानौ रास को ष्याल रिझावन काज ललित बंध ललिता कह्यो सुनि रीझै ब्रजराज ॥ राजै को रिझवार जग दूरि करै दिल सोग । काहि सुनाऊं ग्रंथ यह को सुनिवे के जोग ॥ है सुनिवे के जोग जग जालिम जोगाजोत । जाके आगे होत ही साह भयो भयभोत ॥ कवित्त ॥ भयभीत दुर्जन रहत हैं कर गहत को समसेर है । कर षर्ग जालिम के जगै जिमि जपत जग जमसेर है । जसु जोति जोगाजोति लीन्हो मच्यो सुर पुर झगर है । परसिद्ध जंबूदोप कीन्हो थान जंबू नगर है । दो० ॥ नगर सेा जंबूदीप में जंबू एक अनूप तरै वहै त्रिपदा नदी त्रिपथ गामिनी रूप ॥ रूप रासि विलसै जहां परबत ऊपर धाम । विधि हरिहर सेवित हां त्रिकुटा देवी नाम ॥

End.—एकहि सेज में राधिका माधवै धाइ लै सोई सुभाइ सलोने ॥ परै महाकवि कान्ह को मद्धि ये राधे कहै यह बात न होने । ह्वै है न सांवरो सांवरे सेा मिलि वावरो बात सिषाइ है कोने सोने के रंग कसौटी लगैरो कसौटो को रंग लगै नहिं सोने ॥ चौ० ॥ सोने को कंकन काहुं गिरिगेा । येां कहि धाइ उठो चितु चिरिगेा ॥ औचक चलो धाइ । उठी चिधाइ । राधा कान्ह गहो लपिटाइ ॥ पूजौ हरि राधा के पाइ । रति रहस्य वरनेा नहिं जाइ । अति अति रंग विहानो राति फिरि विछुरन को कही न जाति ॥ उठि अंगनि अंगरानी गैया । चहुं चहुं कै कै जगी चिरैयां ॥ चिरिया चुहुचुहानी रजनी विहानी जानी प्रगटो प्रभात वानी गोपिन के गोत में ॥ कालोदास औचकाहो सेज ते उतरि प्यारा आंचसो लगाइ चल्यो चित्त नैानोत मैं ॥ गात अंगिरात जमुहात अलवेली भांति भावतो तज्यो न जात शिशिर के सोत मैं लपटि लपिटाइ गई पोत मैं ॥ दोवा ॥ पीतम हरि राधा प्यारी को मिलन कहालैां कुजौ । ताते हैां ललिता प्यारी पद पंकरूह पूजौं ॥ इति श्री जंबू महीप कुमार श्री नृत्यसिंह नंदन जोगाजोत मनोदार्थ कवि कालिदास कृत वारवधू विनोद काव्य संपूर्ण ॥ माह मासे कृष्ण पक्ष अमावस्या शनिवासरे संवत १८३५

Subject.—इस ग्रंथ में राधा कृष्ण का प्रेम ललिता सखी द्वारा वर्णन किया गया है । ललिता सखी ने दूती का कार्य किया है ॥

No. 200(*b*). Badhūvinoda by Kālidāsa. Substance--Country-made paper. Leaves--21. Size--$7\frac{1}{2} \times 6$ inches. Lines per page--30. Extent--450 Anushṭup Ślokas. Appearance--Old. Character--Nāgarī. Date of manuscript--

Samvat 1942 or A. D. 1885. Place of deposit—Bābū Giridhāri Lāla, District Rāe Bareli.

Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ वधू विनोद लिष्यते दोहा पूजौ कारे चेार को सुमिरि अंधेरी रैन वरनौ श्री गोपाल को ललिता प्यारी ऐन ऐन बजानेा रास को प्याल रिझावन काज ललित बंध ललिता कह्यो सुनि रीझै ब्रजराज ॥ २ राजे को रिझवार जग दूरि करै दिल सेाग काहि सुनाऊं ग्रंथ यह को सुनिवे के जेाग ३ है सुनिवे के जेाग जग जालिम जेागाजीत जाके यागी हेात हो सहित भयेा भयभीत ४ छंद भयभीत दुर्जन रहत है कर गहत को समसेर है कर धर्म जालिम के जगै जिमि जपत जग जमसेर है। जस जोति जेागाजोत लीन्हो रच्यो सुरपुर झगर है परसिद्ध जंबूदीप कीन्हो थान जंबू नगर है ५ दोहा नगर सुजंबूदीप मै जंबू एक अनूप तरे बहै त्रिपदा नदी त्रिपथ गामिनी रूप ६

End.—सवैया—एक ही सेज मै राधिका माधवै धाइ लै सेाई सुभाय सलेाने पारै महाकवि कान्ह को मध्य पै राधे कहै यह बात न होने ह्वै है न सावरी सांवरे सेा मिलि वावरा वात सिषाई है कैाने सेाने को रंग कसेाटी लगैरी कसेाटी को रंग लगै नहि सेाने २३ चैापाई सेाने को ककन कहू गिरिगेा यें कहि धाइ उठी चिता चिरिगेा श्रेाचक चली धाइ उठि धाइ राधा कान्ह गही लपटाइ २४ पूजेा हरि राधा के पाइ रति रहस्य वरन्यो नहि जाइ अति रति रंग विहानी राति फिरि विछुरन को कही न जाति २५ उठि अंगनि अगिरनि गैयां चहु चहु कै कै जगी चिरैया ॥ कवित्व चिरिया चुहुचुहानी रजनी विहानी जानी प्रगटी प्रभात वानी गेापिन के गेात मै कालीदास श्रेाचकही सेज ते उतरि प्यारेा आंचसी लगाइ चल्येा चित्त नवनेात मै गात अंगिराति जमुहात अलबेली भाति भावतेा तज्येा न जात शिसरि के सीत मै फेरि परजंक पर अंक भरि प्यारी पटपीत मै लपटि लपटाइ गई पीतमै २६ दोवै प्रीतम हरि राधा प्यारी को मिलन कहांलेा कूजेा ताते हैा ललिता प्यारी के पद पंकेरुह पूजेा २७ इति श्री जम्बू महीप कुमार कुल तिलक श्री वृत्यसिंह नंदन जेागाजोत मनेाविनेादार्थ कवि कालिदास कृत वधू विनेादाष्य काव्य संपूर्णम् सम्वत् १९४२ चैत्र कृष्ण पांचे प्रगट रंग मई जेहि नाम यह विनेाद पूरन रसिक लषि पावहि विश्राम राम राम राम राम श्री श्री श्री श्री।

Subject.—पृ० १—श्री कृष्णजी को वंदना, जेागाजोत की कीर्ति वर्णन जंबूदीप का वर्णन, जेागाजोत का वंश वर्णन। पृष्ट—२—नायिका भेद, मुग्धा, मध्या और प्रगल्भा मुग्धा के चार भेद, ज्ञात यौवना, अज्ञात यौवना,

नवोढ़ा और विश्रब्ध नवोढ़ा। ज्ञात यौवना का लक्षण और उदाहरण। पृष्ठ ३—अज्ञात यौवन का लक्षण और उदाहरण। नवोढ़ा, विश्रब्ध नवोढ़ा, मध्या, प्रौढ़ा, विश्रब्ध नवोढ़ा, मध्या और प्रगल्भा का लक्षण और उदाहरण। पृ० ४—मध्या और प्रौढ़ा के तीन भेद—धीरा, अधीरा और धीराधीरा, मध्या धीरा का लक्षण और उदाहरण। मध्या अधीरा और मध्या धीरा धीरा का ल० उ०, । (५)—प्रौढ़ा धीरा प्रौढ़ा अधीरा, प्रौढ़ा धीरा अधीरा, ज्येष्ठा, कनिष्ठा का लक्षण और उदारण—६। परकीया का लक्षण उदाहरण—परकीया के भेद—ऊढ़ा और अनूढ़ा। ऊढ़ा का लक्षण और उदाहरण। ७—अनूढ़ा का लक्षण और उदाहरण। गुप्ता का ल० उ०। वाकविदग्धा का ल० उ०, क्रिया विदग्धा का ल० उ०। ८—लक्षिता, कुलटा, मुदिता और अनुसेना का ल० उ०। ९—गनिका, अन्य सुरति दुःखिता और मानवती, और गर्विता का ल० उ० पृ० १०—स्वभाव वर्णन, केश-वर्णन, शिर वर्णन। ११—भृकुटी, नेत्र, पलकें, कर्ण, कपोल, नासिका, अधर, दंत, चिबुक, कंठ, पीठ, भुज, अंगुली, कुच, त्रिवली, नाभि, नितंव, जंघा, टकना, पिंडुरी, पग, ऐड़ी, पग अंगुली और नख की शोभा तथा भूषण आदि का वर्णन। (१२)—नख शिख सुरति सहित वर्णन, पग अंगुली के नख, पिंडुरी, जंघा, काम धाम और उसके बालों का वर्णन। नाभि, त्रिवली, उरोज, भुजा, अंगुली, नख, वेनी, कंठ, चिबुक, दंत, नासिका, कपोल, कर्ण, नैन, भौंह, भाल, मांग और केश का वर्णन। १३—विपरीति सहित रति भाव वर्णन। १४—संभोग दुःखिता का लक्षण और उदाहरण। वक्रोक्ति गर्विता का लक्षण और उदाहरण। १५—प्रेम गर्विता का लक्षण और उदाहरण, रूपगर्विता का ल० उ०, लघुमान, मध्यमान और गुरु मान का ल० उ०, (१६)—आठ भेद—प्रोषितपतिका, कलहंतरिता, पंडिता, विप्रलब्धा, उत्का, वासकसज्जा, स्वाधीनपतिका और अभिसारिका। प्रोषितपतिका, कलहंतरिता और वासिकसज्जा का लक्षण और उदाहरण, १८—अभिसारिका का ल० उ०, १९—नायिका वर्णन, उत्तम नायिका, मध्यम नायका और अधम नायिका का लक्षण। २०—सखि लक्षण। २१—राधा माधव मिलन प्रलंभन।

No. 200(*c*). Bāravadhūvinoda by Kālidāsa Trivedī. Substance—Country-made paper. Leaves—20. Size—11½ × 7½ inches. Lines per page—32. Extent—480 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1942 or 1885 A. D. Place of deposit—Pandita Śyāmabihārī Miśra, Golāgañja, Lucknow.

Beginning and End.—The same as in No. 200 at (*a*) and (*b*).

No. 200(*d*). Jañjīrā by Kālidāsa. Substance—Foolscap paper. Leaves—8. Size—$6\frac{1}{2} \times 5$ inches. Lines per page—32. Extent—152 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Paṇḍita Banawārī Lāl Tiwārī, Post office Harachandapur, District Rāe Bareli.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ कालिदास कृत जंजीरा । दरशन पाय कारे चोर के पकर पांय रजनी अंधेरी कै उजेरी परसरनै । मनहो में वृन्दावन गोपिन के वृंद तामें बसै नंदनंद जगवंद जाके चरनै ॥ वृषभान नंदनी गोविंद की पियारी रासी इंदीवर बरनै न दूजो दुख हरनै । कालिदास कान्हजू को सब सुख साधिका सुराधिका रसीले को विरद वृंद बरनै ॥ बरनै विरद वृंद राधिका को चंदमुखी रही नंदनंदन को वृत जो उपासि है । लसति मसाल सी रसाल मन भाई बाल फूलन की माल सी सुवास रही वास है ॥ गोकुल की कुल वधू कुंवर कन्हाई पास कालिदास ल्याई छलवलनि निकास है । दूती का कलिता मिलो विलास बलिता सु लालने को ललिता रसीली रूप राशि है ॥ २ ॥

End.—माति रह्यो कामरस आसन थकित ह्वै कै पांति प्यारी रोमन की पेखि व्रजलाल है । कालिदास गिरी केलि केलि करी औसर में श्याम रूप काम कैधौं बरछो विशाल है ॥ कारो चटकारी चारु चोकनी चमतकार मंडित मनोहर ज्यों मधुकर माल है । सुरत समय सखी येहू तेरी रोम राजी लखि रोम रोम राजी भयो नंदलाल है ॥ ३१ ॥ लाल घनश्याम के सुरति रीति आठौंजाम वाम तन धूमधाम काम के सिकार की । नाभि कूप देखवे को विवर अनूप बन्यो जमा गै जोति जामैं जोवन अपार की ॥ कालिदास कहै छवि जाल की उताल फंदो नजर चिरैयां मधु मथन उदार की । तेरो त्रिवली की परिपाटी लखि जानी यह टाटी हेम साटी नीकी चिरीमार की ॥ ३२ ॥ इति श्री कवि कालिदास कृत जंजीरा समाप्तम् ।

Subject.—पृष्ठ १—राधिका स्तुति, ललिता दूती कर्म, श्री कृष्ण का गोकुल चलने के लिये ललिता का आग्रह ।

पृष्ठ २—वृषभान-सुता तथा गोकुल की अन्य गोपियों की मदन-अग्नि दशा वर्णन । राधिका की छवि वर्णन । इत्र सुगंधित वस्त्र से सुसज्जित राधिका को गोपाल का गोद में लेना । लोकाचार के पश्चात् राधिका का कृष्ण के पास जाना और कृष्ण का उसको गले लगाना । राधा के रूप की उपमा कुंदन और

कृष्ण की आबनूस से देते हुए दोनों का लिपटना। राधा कृष्ण का सेज पर शयन करना और केश वर्णन।
Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ रस प्रेम पचीसी लिष्यते ॥सवैया॥ रस प्रेम पचीसी सुने सुरता उपजे मन प्रेम सुनेम गहै ॥ जिसके नहिं प्रेम हिये हरिका हिरदा तसपीन नभी रस है ॥ समुझै न अजान कथा गुर ज्ञान सयान सेाई यह भेद लहै ॥ जन षेम धनी वर आतम का तिस प्रेम वियेाग की वात कहै ॥ १ ॥ ऊंचो ऊंचो सेाहै मढ़ी धनषरी येक सामुही सज्जन सैन दई। उस सैन कमान का वान लगा वरनो तरनी तन वैर गई ॥ जस घायल सिंह फिरै बन में घट घूमत

ज्यों मथना को रई ॥ षेमदास महूरति वो हो घरी घर वार वियोग की वेलि वई ॥ २ ॥ मास वैसाष परदेस पिया चलि औधि गई अजहूं नहिं आयेा । काग उड़ावत कामिनि कंथ को पंथ न पूछै वहुत विलमायेा ॥ दौस गिनै अंगुरी छगुनो अगना सेा मनै अति ही चिर लायेा ॥ षेम अंदेसरेा नाहि संदेसरेा नैाल विहंग ज्यों जिय अकुलायेा । ३ जव ते दिस प्रोतम मैं चितयेा तव ते सदलो मेरो वुद्धि गई । सव मानस षान गुमान गयेा गरि भूलि गई मति माह दई । लुवधेा मन मूरति सूरति सेा ससि ज्यों चित चित्त चकेार दई । जन षेम सुनै मान वित्त लियेा पिय आवन को हटतार भई ॥ ४ ॥

End.—फागुन फाग वसंत सषो सव षेलत हैं अपने पिय संगा ॥ चंदन चोर कपूर महा मृग संच सरीर सिंदूरन मंगा ॥ सेा सुष देषि उदास भयेा जिय मारत मेा तन प्रेम उमंगा ॥ षेम वियेाग बढ़ेा अति पर्वल ज्यों उमड़ो भरि भांदव गंगा ॥ २३ ॥ हैां तैा जाव कहां किस वाट सषो जितहू तितहू मग कान्ह षड़ा । जस सावन मैं निकसो अषियां सवही दिसि दीसत अंधहरा । गिरि चैाहट फूटि चटाक भयेा चरनैा चितये मेरेा लाल घड़ा । जैसे तूल को आगि सुगंध भरी अैसे षेम दुरे नहिं प्रेम सरा ॥ २४ ॥ चैत मिलैा मन मित्त अचानक दुष्ष गये सुष के दिन आये । दीन दयाल कृपाल भये जव आनंद सेा अव लाड़ लड़ाये ॥ वारह मास तपेा तन कामिनि ज्यों वरषा सव दीप अघाये ॥ षेम गये दुष दंद जकंदन प्यारी के पीय मिले मन भाये ॥ २५ ॥ संवत सत्रह सै पंद्रह होतर जेठ को पुन्यव द्योस हता । जा दिन ग्रंथ को टेक धरो उपजेा मन प्रोतम प्रीत मता ॥ तिनके मन प्रेम अकेाल लिया नित भूलत है सुष दुर्मलता ॥ जेा जन जानि गहै विरही केाऊ ते जन षेम न षात षता ॥ २६ ॥ इति श्री रस प्रेम पचीसी षेमदास विरचितायां वर्षन समाप्तः ॥

Subject.—हरि से प्रेम लगाने को २५ सवैये ।

No. 210. Hanumāna Nakhaśikha by Khumāna Kavi. Substance—Country-made paper. Leaves—12. Size—$11\frac{1}{2} \times 4\frac{3}{4}$ inches. Lines per page—14. Extent—230 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old, Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhākura Naunihāla Simha Seṅgara, Kāṇṭhā, Unāo.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ हनु नष शिख खुमान कवि कृत पचासा लिष्यते ॥ कवित्त ॥ विनती रामदूत के हुकुम को राम सैा ॥ दरस महेस को गनेस को अलभ सभा सुलभ सुरेस को न पेस है धिनेस को । पूजि द्वारपालनि वचाव प्रजापाल दिग पाल लेाक पाल पावै महल प्रवेस कैा ॥ वेर वेर कैान दीन

अरज सुनावै तहां याते विनैवान हों नरेस अवधेस को। मान कवि सेस के कलेस काटिवे को होइ हुकुम हटोले हनुमंत पै हमेस को।

End.—वांचै डेढ़ मासा सोक संकट विनासा तपै तप कौ तमासा वासा मंगल अनन्त कौ ॥ विभव विकासा मन वंछित प्रकासा दसौ आसा सुख संपति विलासा कर संत को ॥ महावीर सासा पूजि वीरा औ वतासा करै विपति को आसा तन त्रासा अरि अन्त को। सिषनि सुखासा रिद्धि सिद्धि कौ निवासा यह दास आसा पूरै मे पचासा हनुमंत को ॥ ५४ ॥ इति श्री षुमान कवि मान दासात्मज चरखारी वासी विरचिते श्री हनुमत सिख नख वरननं संपूरनं शुभमस्तु मंगलमस्तु ब्रह्मार्पणमस्तु ॥ यह हनुमत सिष नष लिख्यो कवि ठाकुर परसाद ॥ छत्रसालपुर में समुझि मास असाढ़ सिताद ॥ १ ॥ संवत सर भुज अंक ससि सुदि अषाढ़ को तीज। लिखि ठाकुर कवि पाठ निज मन में करि तजबीज ॥ २

Subject.—हनुमान जी का माहात्म्य और उनके शिषा, केश, लिलार, भाल, भौंह, श्रवन, नेत्र, नजर, नासिका, कपोल, मुख, ओंठ, दंत, दाढ़, रसना, ठोड़ी, कंठ, कंध, भुजा, पंजा, मुष्टिका, चुटकी, अंगूठा, अंगुरी, चपेटा, अंजुली, छाती, उदर, कटि, लंगूर, उरु, जानु, जंघा, चरण, नख, सर्वांग का वर्णन।

No. 211(*a*). Ākāśa Pañchamī kī Kathā by Khuśāla Kavi. Substance—Country-made paper. Leaves—7. Size—12½ × 8 inches. Extent—203 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1785 or A.D. 1728. Date of manuscript—Samvat 1955 or A.D. 1898. Place of deposit—Śrī Jaina Mandira (Baḍā) Bārā Bankī (Oudh).

Beginning.—अथ आकाश पंचमी कथा लिख्यते ॥ दोहा ॥ नाभिराय को नंद वर, यसस्वनी भरतार। आदि देव सेा मैं नमूं ॥ स्वर्ग मुकति दातार ॥ चौपाई ॥ व्रत अकास पंचमी सार। ताहि कथा भाषूं विस्तार ॥ जाहि सुनत करता सुख होय। अनुकमते पावैं शिव जोय ॥ महावीर जिनके ढिग जाय। श्रेणिक पूजै मस्तक नाय ॥ फुनि गौतम सों नय करि भूप। बैठि सभा मधि पूछ अनूप ॥ व्रत अकाश पंचमी जोय। कियेा किनै कैसेा फल होय ॥ तब गणधर माखैं सुन राय। सोरठ देश अधिक शोभाय ॥ सुर पट्टन पुरकै मधि जान। महीपाल भूपति बलवान ॥ पटरानी सुलषणा भई। सेा पति को प्यारी अधिकई ॥

End.—देखेा व्रत महिमा सुखदाय। तिया लिंग तजि सुर पद पाय ॥ बहुरि भूप के नन्दन भयेा। तेज थको रवि सेा छिपि गयेा ॥ ६७ ॥ इक दिन

मृतक लख्यो जिन कोय। सदानंद तव विरकत होय॥ संजम शील जु मुनि के पांय। तप धरि केवल ज्ञान उपाय॥ ६८॥ नवि गण भव समुद्र सौं टारि। अव्यय पद पायो सुखकार॥ जे अनि नरनारी भवि लोक। इह व्रत करिहै तजि सहु लोक॥ ६९॥ ते पुनि ऐसो ही फल लहैं। हित कारण श्री जिनवर कहैं॥ तातें यह व्रत करनौं सदा। आलस भाव न कीजै कदा॥ ७०॥ इति श्री आकाश पंचमी कथा सम्पूर्णम्॥

Subject.—सुरपट्टनपुर के भद्र सेठ को नंदा नाम्नी स्त्री से विपाला नाम्नी पुत्री का जन्म होना और उसका कुष्टी होना, उसके साथ किसी का विवाह करने को उद्यत न होना। अंत में एक वैद्य का उसे अच्छा करना और उसी के साथ उसका विवाह होना। धन धान्य सहित विदा करके उसका जाना और मार्ग में पड़ने वाले एक जंगल में लूटा जाना। वहीं एक मुनि का मिलना, उनसे अपनी दुःख कहानी रो रो कर सुनाना और अपने पूर्व भव का समाचार सुनना। मुनि का आकाश पंचमी व्रत का उपदेश सुनाना, भादौं सुदी पंचमी (आकाश पंचमी) व्रत का सभी विधान बताना। अंत में इस व्रत के प्रताप से उसी स्त्री का लिंग भेद कर सुर होना और फिर उज्जैन के भूपाल के पुत्र पियंगशेष नाम धारण करके मानव जीवन प्राप्त करना। आकाश पंचमी व्रत संबंधी कथा के श्रवण करने का फल।

Note.—ग्रंथकार तथा ग्रंथ निर्माणकाल:—

व्रत अकाश यह पंचमी, सुख कारण गुण खान।
श्रुत सागर अनुसार लै, यहां खुस्याल वखान॥
सतरा सै पच्यासिये, पौष शुक्ल दस दोय।
प्रात समै पूरन भई, कथा सुखाकर होय॥

No. 211(*b*). Dhanya Kumāra-charitra by Khuśāla Chanda of Sāgarwatī. Substance—Country-made paper. Leaves—86. Size—10 × 7 inches. Lines per page—14. Extent—1,250 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Śrī Jaina Mandira (Baḍā) Bārā Bankī.

Beginning.—ॐ नमः सिद्धेभ्यः॥ अथ धन्य कुमार चरित्र लिष्यते॥ श्लोक॥ श्री भगवंतजि॥ णं नत्वा केवलज्ञोचनं॥ वक्षे धन्य कुमारस्य॥ वृत्तं भव्यानु रंजनं॥ सवैया॥ श्री जिनराय नमो सुखदायक॥ जासु सुबान सुधां सम पासै॥ भव्य समूह उधारन कारन॥ सारन काज सुअंत उजासै॥ पाप निवार इत्यादि कहै गुन सेा भगवंत हिया महि धारै॥ धन्य कुमार तनय विरतंत॥ कहू सुनतै अघपुंज निवारै॥ × × × × ×

चौपाई ॥ आदिनाथ स्वामी सुखदाई । ताहि नमौ निज सीस नवाई ।
प्रथम सकल विधि जिनने कही । प्रगट नौ धर्म सकल ही मही ॥

End.—दोहा—श्री जिन वरधन के विषै और करौं विस्तार । अहि मंदिर पद मै जिकौ रीति होति सुनसार ॥

सवैया—अहि मंदिर देव सोय एक हस्त तन जु होय सप्तधा वर्जित रूप गुन रास है । जोवन सदीव स्वक्ष दामादिकरि मात है लोकनाडि के प्रमान ज्ञानहि प्रकास है ॥ ताही के समान धर्म सेवत है जहां नित्त सुहजीव द्रव्य को विचार ? है ॥ ८५ ॥ सवैया—जा विमान मै जिनेंद्र ग्रेह सार्सोभित है जहां जिन राज की पूजा करै चाव सौ ॥ मूलथान क्षोरकै न तीन लोक के मझार जात जिन साथ अर्घ वंदनै उपाव सौ ॥ जामै दोष आदोय मै कल्यान होई सोइ आसन दिक पतिन मै तहां उछाव सौ । माही माही इन्द्रि मिलै धर्म की गोष्टि सेष कर्म बंध गरै स्वातम स्वभाव सौ ॥ ८६ ॥ अडिल्ल चौपाई ॥ आयु लही तेतीस उदधि की जानिये । सारा सोलहि मास उस्वास वषानिये ॥ वरष गए तेतीस हजार अहारकी । रुचि कही मनसा उपजत मात्र तृप्ति वल भार की ॥ × × पढ़े सुने यह चित्त दै उपजै हिय में ज्ञान । देह धर्म फल होत है और मुक्ति की खान ॥ इति श्री धन्यकुमार चरित्र ॥ संपूर्ण ॥ समाप्तम् ॥ शुभं मंगलम् ॥

Subject.—पृ० १ से ३० तक—प्रथम अधिकार । मंगला चरण, जिनराज तथा आदिनाथ की वंदना, महावीर के पांच नाम, उनके पड़ने के कारण, उनके जाप के फलादि का वर्णन और उसमें ग्रंथकार की निष्ठा, उज्जैन नगरी के राजा तथा प्रजा का वर्णन, वहां के सेठ धनपाल का वर्णन, इसकी स्त्री प्रभावती से सात पुत्रों का जन्म लेना, उन पुत्रों के नाम तथा व्यापार का वर्णन । धनपाल की स्त्री का एक रात्रि को शुभ स्वप्न देखना और उसका फल । जिन मंदिर में जाकर मुनि से पूछना, उनका एक उत्तम पुत्र उत्पन्न होने की भविष्यवाणी, नौ मास पश्चात् पुत्र का जन्म होना । सेठ का बहुत बड़ा दान करना, उसके सातों पुत्रों का इस कार्य्य से असंतुष्ट होना, नार गांड़ने को गड्ढा खोदते समय बहुत बड़े धन की प्राप्ति । सेठ का धन लेकर राजा के पास जाना, राजा का उसे न लेकर उस पर सेठ का ही अधिकार दृढ़ रखना । उस पुत्र का नाम धन्यकुमार रखना । उसके बाल काल तथा विद्याध्ययन का वर्णन, उसके अधिक दयावान और दानी होने का वर्णन । भाइयों को ईर्ष्या वश पिता द्वारा उसको दस दीनारों का दिया जाना, उन दीनारों के बदले में उसका एक गाड़ी ईंधन खरीदना और फिर ईंधन के बदले में एक मेष खरीद लेना । मेष के बदले में चार अधजले पायों (चारपाई के) का खरीद लाना, आकर माता से कहना, माता पिता का प्रसन्न

होना, गीत वादित्र सहित उत्सव करना, चारों पायों को धोते समय उनमें से लाल और एक पत्र का निकलना, पढ़ने पर उसमें इस कथा का निकलना कि वसुमित्र सेठ ने एक मुनि से यह भावी वचन सुने थे कि तुम्हारी सम्पूर्ण सम्पत्ति का भोग जब तुम कर चुकोगे और जब तुम तथा तुम्हारे सभी लड़के मर चुकेंगे तो तुम्हारा सातवां पुत्र चारपाई सहित जलाया जायगा। उस चारपाई के पाये अधजले रह कर उसमें लाल तथा यह पत्र निकलेगा और वही सम्पूर्ण सम्पत्ति का स्वामी बनेगा। पुण्य की महिमा।

(२) पृ० ३१ से ४८ तक—द्वितीय अधिकार। धन्यकुमार के लिये अनेक धनिकों को अपनी कन्या के साथ उसका परिणय प्रतिज्ञा करते देख भाइयों की ईर्षा। एक दिन उसका वापी में डाला जाना। महामंत्र के जाप से जल देवता द्वारा उसकी रक्षा होना, वहां से निकल कर घर की ओर चलना, मार्ग में भाइयों का व्यवहार अच्छा न देख कर परदेश गमन, मार्ग में कृषक से भेंट, उसका इन्हें भोजन देना। भोजन के लिये कृषक का पत्ते लाना, इतने में धन्यकुमार का हल चलाना और वहीं एक ताम्रपात्र सहित बहुत सा द्रव्य मिलना, परंतु यह समझ कर कि भाइयों की भांति कहीं यह भी मुझ से ईर्षा न कर बैठे, उसे वहीं दबा कर और भोजन कर पीछे वहां से अन्य स्थान को चलना। कृषक का द्रव्य देख कर निर्लोभ भाव से उसको पीछे से पुकारसब द्रव्य उसी को लेने के लिये बाध्य करना, उसका समझा बुझा कर कृषक को ही द्रव्य देना। आगे चल कर कुमार को एक मुनि के दर्शन होना और उनसे धर्मोपदेश सुनना।

(३) पृ० ४९ से ६१ तक—तृतीय अधिकार। धर्मोपदेश सुनने के पश्चात् धन्यकुमार का मुनि से पूछना कि कृपा करके आप मुझे बतलाइये कि क्या कारण है कि मेरे भाई मुझसे द्वेष करते हैं और माता प्रेम करती है। मुझे क्यों स्थान स्थान पर धन लाभ होता है। इस पर मुनि का उसके पूर्व भव का समाचार सुनाना। नरक के दंडों की कथा। उसी भव के संबंध में उसके द्वारा किए गए पुण्य और दानों का वर्णन। एक महात्मा को श्रद्धा तथा भक्ति के साथ खीर खिलाने का फल।

(४) पृ० ६२ से ७८ तक—चतुर्थ अधिकार। मुनिद्वारा बताया जाना कि तुम पूर्व भव में सृष्टदाना के गर्भ से अकम्पन नामक पुत्र हुए और पुण्य प्रताप से तुम दोनों—माता, पुत्र इस भव में आनन्द कर रहे हो और बलभद्र के सात पुत्रों का जन्म भी तुम्हारे भाई के रूप में यहीं हुआ है। इनसे तुम्हारा पूर्व वैर था, उसका व्यवहार वह यहां भी करते हैं। कोषों का मिलना तुम्हारे पात्र-दान का फल है।

(५) पृ० ७८ से ८६ तक—अंतिम अधिकार। धन्यकुमार का मुनिद्वारा अमृत मयी वक्तृता श्रवण कर आगे जाना। मार्ग में एक सूखी वाटिका का दिखाई देना और इस राजकुमार के पहुंचने पर उसका हरा हो जाना। बाग के स्वामी कुसुमदत्त को यह समाचार प्रथम से ही ज्ञात था अतः उसने प्रसन्न होकर अपनी पुत्री पुष्पावती का विवाह धन्यकुमार के साथ कर दिया। कई कौतुकों और धर्मबुद्धि द्वारा पुष्पावती सुभद्रा धनवती तथा गुणवती के साथ उसका विवाह होना। धन्यकुमार का एक नगर बसाना। कुमार के माता पिता की वियोगावस्था और कुमार से भेंट कर आनन्द। उसके द्वारा भाइयों की सहायता। धन्यकुमार का जैन धर्म श्रद्धा के साथ ही साथ सानन्द जीवन व्यतीत करना। इसका अपने साले के सहित भगवान के समवशरण में जाने का वर्णन। उसके मुनि होने का वर्णन।

Note.—ग्रंथकार का कुछ परिचय-लेश्यासुक्ल सुभावा वास। सबल सिंह नामा सुत जास। ताकै राजाराम सुनंद। उपजे सज्जन भव्य अमंद। सरल चित्त जाको अधिकाय। सुत सुन वाकौ भाव अघाय। ताके राणो लक्ष्मीसमान। धर्म सदां प्यारौ तुम जान॥ तिनहो सों पायौ उपदेश। तब यह कोन्हों चरित अशेष। पढ़त सुनत सुख संपति होय। वीतराग वच सम नहिं कोय॥ चंद खुस्याल कहै कित जाय।

No. 211(*c*). Rāmapurāṇa (Chaupāībanda) by Khuśāla Kavi of Village Sāṅgāwatī. Substance—Country-made paper. Leaves—416. Size—$15\frac{1}{2} \times 6$ inches. Lines per page—13. Extent—9,126 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1785 or A. D. 1728. Date of manuscript—Samvat 1860 or A. D. 1803. Place of deposit—Śrī Jaina Mandira (Baḍā) Bārā Bankī (Oudh).

Beginning.—ओ गुरुभ्योनमः॥ अथ राम पुराण भाषा लिष्यते॥ ओ मुनि सुव्रताय नमः॥ सवैया॥ पंच कल्याणक नायक ओ मुनि सुव्रत देव नमो गुणधामा॥ जाहि सुरेन्द्र फनिन्द नरेन्द्र नमै तिनहू महिमा वहु पामो॥ भव्य समूहनि(कें)सुखदायक हो अधिकाय कहूं सिवगामी॥ ऐसे जिनेसुर के क्रम वंदत मोक्ष वधू करिहै अभिरामी॥ १॥ सवैया॥ वाको जिनराज तीन वीस के सुशद सार वंदिहुं त्रिकार मार जितियो जिनेस ही। सिद्धि चित्त माहों धारि करौं पाप को प्रहार सर्मकार पुन्य भार को दिसाह मै लही॥ अष्ट-कर्म को निवारि अष्टमी धरा मझार बसै अष्ठ गुणधार आपने प्रदेस ही॥ तीनि कालहू के सिद्ध

बंदियै निवास निधि पाइये सुमोक्ष रिधि कर्म सर्व तैसहो ॥ २ ॥ छप्पै ॥ सूर सकल हितकार निवास छत्तीस गुणनि के। भव्यनि को उपदेश देत सुषभार पुननि के ॥ वंदू श्री उपझाय साधु मन मोहि विचारूं। नमस्कार इमि गनि भनि अघ कर्मनि डारूं ॥ महिमा निधान इह पंच पद निसिवासर हिरदै धरूं। सुनिकै पुरान वर पद्म को मैं लब्धो भाषा करूं ॥

End.—दोहा ॥ अहि मिंदर तें चै यहां ता जिनके गण राय। पूरवहूं होसी महा च्यारि ज्ञान कौं पाय ॥ ६१ ॥ तब निर्धन सिद्धायसी सेा जिन भवि गण-तारि। लक्ष्मण चरजो कमल रथ चक्री को सुकुमार ॥ ६२ ॥ सारसार भव पाप के धर्म सहित परनाम। फुनि इन भारत षेत्र मे पासी मेाष सुधाम ॥ ६३ ॥ अैसे राम जिनेसुर कह्यो। सकल सुरासर सेा सरदह्यो ॥ तब सीतेंद्रादिक सुरराय। होय सुखी निज थानक धाय ॥ ६४ ॥ राम जिनेसुर करत विहार। भव्य समूह उतारे पार। अंत समैं यत्त्वं गिरि गये। शेष कर्म चारूं छे दये ॥ ६५ ॥ मेाक्ष सुथान पहूंचे जाय। सास्वत सर्म जहां अधिकाय ॥ राम पुराण सुनैं जे जीव। पावैं सिव सुष सार अतीव ॥ ६६ ॥ जेा रवि षेणाचारज कह्यो। सेाम सेन मुनि सेा सर दह्यो ॥ ता अनुसार खुश्याल बनाय ॥ भाषा पूरण करि सुखदाय ॥ ६७ ॥ दोहा ॥ गर्व थकी हम ना कियेा कोरति चाहो नाहि। एक पुन्य कारण रच्यो रघुगुनधरि मन माहि ॥ ६८ ॥ इति श्री राम पुराण खुश्याल खंडेलवाल कृत भाषा समाप्तं ॥ शुभमस्तु सवत् १८६० ॥ लिखितं रूपचन्द पांडे ॥

Subject.—(१) पृ० १ से २० तक—मंगलाचरण, वन्दनादि वर्णन, कवि दैन्य वर्णन, श्रोता के विभेदों सहित लक्षण कथन। ग्रंथ की कथाओं का सूक्ष्म दिग्दर्शन। आदिनाथ तथा भरत के चरित्र का वर्णन। (२) पृ० २१ से ३० तक—इक्ष्वाकु बंश, शशि वंश, हरि वंश तथा विद्याधर वशों को वंशावली का वर्णन। (३) पृ० ३१ से ४१ तक—धरणीधर (अयेाध्या नरेश) तथा उसको स्त्री श्री नामा से इक्ष्वाकु बंश के विस्तृत होने का वर्णन तथा राक्षस वंश परिचय। (४) पृ० ४२ से ५३ तक—दक्षिण दिशान्तर्गत मेघपुर के नृपति अत्यंदर और रानी गुण-खानि द्वारा श्री कंठादि सुतों की उत्पत्ति का विस्तार हेा कर वानर वंश का विस्तृत होना। श्री कंठ का पद्माहरण करना और अपने भगिनी-पति कीर्ति धवल को सहायता से वानर द्वीप का राजा होना। (५) पृ० ५४ से ७१ तक—इन्द्रराय उत्पत्ति तथा उसको विभूति का वर्णन। लंका का वर्णन, मालो तथा सुमालो भ्राताओं का वानरों सहित इन्द्र (विजयार्ड पर्वत) पर चढ़ाई करना और पराजित हेा कर भागना, दिग्पालों को उत्पत्ति का वर्णन, सुमाली को प्रीतिमती स्त्री से रत्नश्रवा का जन्म और इसी रत्नश्रवा से व्योम बृंदका पाणिग्रहण होना, रावण विभीषण आदि को उत्पत्ति और माता का एक दिन विकल होना

और विभीषण की इच्छा होने पर बताना कि इन्द्र ने किस प्रकार माली को मार लंका का राज्य छीना और उसकी भगिनी का अपहरण किया। रावणादि भ्राताओं का लंका प्रवेश और राज्य स्थापन। (६) पृ० ७२ से ९४ तक—रावण के कई विवाह होने का वर्णन। उसकी भगिनी चन्द्रनखा का खरदूषण द्वारा हरण, रावण का क्रोध, मन्दोदरी द्वारा उसको परितोष दिया जाना और रावण का युद्ध न करना। रावण द्वारा दिग्विजय होने का वर्णन। (७) पृ० ९५ से १०५ तक—रावण की कन्या कृतचित्रा का विवाह मथुरा के मधु के साथ होना, रावण का विजयेच्छा से इन्द्र पर चढ़ाई करना। रावण पर अप्सरा का आसक्त होना और उसका उसे ग्रहण न करना, रावण त्रिखंड साध्या कथन, उसका लंका प्रवेश, इन्द्र (एक राजा जो अपने को साक्षात् इन्द्र मानता था) का मोक्ष गमन। (८) पृ० १०६ से १२० तक—रावण की जिन वंदना, एक मुनि द्वारा भगवान से भव्यों के धर्म पूछा जाना, अंजनी तथा पवनंजै संगम वर्णन। (९) पृ० १२१ से १३६ तक—अंजनी को गर्भ रहना, पवनंजय का वलय अंजनी ने इस कारण मांग कर रख लिया कि (वाईस वर्ष से न आने वाले और आज छिप कर आने वाले पति के गर्भ को) व्यभिचार द्वारा रहा हुआ गर्भ न समझा जावे। गर्भ प्रगट होने पर कहने सुनने पर भी अंजनी का विश्वास न करके उसका घर से निकाला जाना, हनुमानोत्पत्ति, रावण तथा हनूमान के वैभव का वर्णन। (१०) पृ० १३७ से १४४ तक—मुनिसुव्रत गर्भ कल्याणक वर्णन। (११) पृ० १४५ से १५३ तक—मुनि सुव्रत जन्मोत्साह वर्णन। (१२) पृ० १५४ से १६४ तक मुनि सुव्रत पंच कल्यानक कथन। (१३) पृ० १६५ से १७३ तक—हरिवंशोत्पत्ति वर्णन। (१४) पृ० १७४ से १८५ तक—रामादि चारों भ्राता, सीता तथा भामंडल की उत्पत्ति का वर्णन। राम का म्लेच्छ संग्राम में विजय लाभ करना, राजा जनक द्वारा सीता जी का राम के साथ विवाह करने का संकल्प। (१५) पृ० १८६ से २०० तक—नारद के द्वारा भामंडल का (जो किसी प्रकार अपनी भगिनी से बाल्यावस्था ही में पृथक हो चुका था) सीता का चित्र दिखाकर उसके साथ विवाह करने के लिये उत्तेजित करना। विदेह की विवशता दिखाते हुए धनुष का नियम लागू करना, राम द्वारा इस शर्त्त की पूर्ति, सीता राम विवाह, भामंडल मिलन, दशरथ पूर्व भव वर्णन तथा वैराग्योत्पत्ति वर्णन। (१६) पृ० २०१ से २०८ तक—राम लक्ष्मण तथा सीता को वनवास, भरत राज्य, दशरथ दीक्षा ग्रहण तथा शुभगति गमन कथन। (१७) पृ० २०९ से २२० तक—वज्र कर्ण का उपसर्ग निवारण, बाल लीला का बंध मोचन, कपिल विप्र मोक्ष गमन। (१८) पृ० २२१ से २२९ तक—वनमाला विवाह, अतिवीर्य मानभंग, विजय सुंदरी लाभ, जितपद्माजय वर्णन। (१९) पृ० २३० से २४३ तक—देश भूषण, कुल भूषण, मुनिदान, जटायु

पक्षी से मिलन, नदी तीर दंडक वन में निशि वर्णन। रामाज्ञा से लक्ष्मण का उस वन में एक नगर बसाना और लक्ष्मण सहित सीता का वहां रहना, राम का मातादि के लाने का उपदेश मान कर बरसात बीत जाने तक के समय की स्वीकृति ले लेना। (२०) पृ० २४४ से २५४ तक—शंबुक वध, सीता हरण, खरदूषण मरण तथा अलंकारपुर-प्रवेश वर्णन। (२१) पृ० २५५ से २६६ तक—सीता उपसर्ग। रावण विलाप, माया सुग्रीव सुतरा मिलाप वर्णन। (२२) पृ० २६७ से २८६ तक—सुग्रीव का सीता के शोध लगाने में प्रमाद देख कर लक्ष्मण जी का क्रोध, विनय द्वारा क्रोधानल की शान्ति, कोटि शिलाधर हनूमान का लंका गमन और सीता से संवाद, लंका पर हनूमान का धाक जमाना। (२३) पृ० २८७ से २९८ तक—वानर तथा राक्षसों में घोर युद्ध होना, सिंह गरुड़ विद्यालाभ, भा मंडल—सुग्रीव मूर्छा प्राप्ति और निवारण कथन। (२४) पृ० २९९ से ३०७ तक—लक्ष्मण तथा रावण युद्ध वर्णन। लक्ष्मण को शक्तिबाण द्वारा आघात पहुंचाना, इन्द्रजीत, कुंभकरण और मेघनादादि को बन्दी खाना देना। विसल्या का आगमन, शक्ति रोग निवारण, विसल्यादिक विवाह वर्णन। (२५) पृ० ३०८ से ३१५ तक—रावण को बहुरूपिणी विद्या का लाभ, संग्राम निश्चय, नल नीलादिक का उपस करना। (२६) पृ० ३१६ से ३३१ तक—रावण मरण, इन्द्रजीत मेघनादादिक मोक्ष गमन कथन। (२७) पृ० ३३२ से ३४८ तक—राम-सीता-संयोग। रामादि का निज राज्यस्थान (अयोध्या) प्रस्थान, भरत दीक्षा ग्रहण, मुक्ति प्राप्ति और त्रिलोक मंडन हस्ती वैराग्य प्राप्ति तथा स्वर्ग गमन वर्णन। (२८) पृ० ३४९ से ३५६ तक मधुराय मरण, मधुराजा का राज्य शत्रुहन को प्राप्त होना और सकल राजाओं का राज्य स्थापन। (२९) पृ० ३५७ से ३६६ तक—तीन खंड विजय, सीता वनवास, वज्र संघ, घर संप्राप्त कथन, सीता की बन की स्थिति तथा परिस्थिति वर्णन। (३०) पृ० ३६७ से ३७६ तक—लवकुश युद्ध राम—लक्ष्मण और भा मंडल तथा उसको स्त्री इत्यादि से सीता जी का पुनः मिलाप। (३१) पृ० ३७७ से ३९३ तक-सकल भूषण कैवल्योत्पत्ति, सीता दीक्षा-ग्रहण, रामादिक की भवावली वर्णन। (३२) पृ० ३९४ से ४०० तक—राम अयोध्या प्रवेश—लवकुश भव वर्णन सीता का सोलहवें सर्ग में आरोहण करना, मधुकैटभ—भवावली वर्णन। (३३) पृ० ४०१ से ४१६ तक—लवकुश विवाह वर्णन। लवकुश का विभव विचार करना, और लक्ष्मण सुत का वैराग्य में दत्तचित्त हो कर तप करना, भामंडल का प्रथम कुछ अधिक विजयलाभ करके दीक्षा लेने का विचार किन्तु बादल का होकर मिट जाना देख कर ज्ञान हो जाना और दीक्षा लेना, इन्द्रादि देवों द्वारा राम और लक्ष्मण की प्रीति की प्रशंसा, एक मिथ्याति देव द्वारा इस प्रीति की परीक्षा करना और लक्ष्मण को राम मरण की सूचना देना,

लक्ष्मण का शरीर त्याग, राम का मोह और अन्त में दीक्षित होना, शत्रुहनादि दीक्षा ग्रहण, राम का चौथे स्वर्ग में पहुंचना, इन लोगों की नरक स्वर्गादि कथा वर्णन। पुराण-श्रवण फल वर्णन।

Note.—मूल ग्रंथकार—जो रविषेणाचारज कह्यो। सोमसेन मुनि सेा सर दह्यो॥

ग्रंथकर्त्ता का परिचय—ता अनुसार खुशाल बनाय। भाषा पूरण करि सुखदाय॥

निवास स्थान—और सुन्यें आगे विस्तार। देश दुडाहर जानेा सार॥ तामे नगर अनेक विशाल। जैसिंह नाम जहां भूपाल॥ विसन सिंह भूपति को नंद। सज्जन पालक दुष्ट निकंद॥ × × × ×

देश विषै सांगावति ग्राम। जहां मनोहर जिनके धाम॥ तिन कर नगरी सेाहति घनी। जानूं स्वर्ग पुरी इह बनी॥ सेा मेरी बस्ती अवि जान। पहिली थी टोड़ा हम थानि॥ फेरि जहानाबाद मझार। आय बस्यो जैसिंह पुर सार॥ जहां जिनेश्वर को वर गेह। पूरन ग्रंथ कियेा तत एह॥

शिक्षा—पंडित लक्ष्मी दास पास अभ्यास कियेा हम। मेा बुधि के अनुसार वरण कछु अनुपम॥ ताकर राम पुरान कियेा भवि को सुखदाई। मैं सुन्दर को नंद खुशाल संज्ञा पाई॥

ग्रंथ निर्माणकाल—सतरा सै रु तिरासिये पेाष शुकुल तिथि जानि। दसमी वृहस्पतिवार कों, प्रात सुपूरन ठानि॥

ग्रंथ श्लेाक—अष्ट सहस्र सत अंक पणि सात उपरि धरि पंच। इह संख्या लेखक तणी जानि लेहु भवि संच १८५॥ ८९७५॥ श्लेाक इति।

No. 212. Kavitta Saṅgraha, by Kiśora. Substance—Country-made paper. Leaves—7. Size—13 × 6½ inches. Lines per page—22. Extent—190 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Ṭhākura Naunihāla Siṁha Seṅgara, Kāṇṭhā, Unāo.

Beginning.—अथ किसोर को कवित्त संग्रह लिख्यते। सुछ सब अंग सेाहै सुमन प्रसंसन सों पुन हर रंगन सों मगन सुतंत को। कहत गुलाल अल अमित असेाक तैसे तिलक विलेाक लेाक पूत उतपत को॥ वल्लभ विराजै सिर मौर और श्रवन को डेार तेार सेाहत है मगन सुतंत को। हम तेा कवित्त जसवंत को कहत सुधा संत को किसोर कवि कहत वसंत को॥ १॥

End.—आई जल केलि में नवेली रति रंग भरी अंग २ भूषन अनंग रंग रस तें। कहत किसोर मुख धोइ पोंछि आंच.....वोली उरज तें॥ भुज उलटाय कै कंधा पै वेगी आगोवद हिग रहि गयी लाल देखि लाज वस तै.....किरन धरि मानैं बेचत सुभट वीर तीर तरकस तें॥ १॥ कोकिला कलापी कूजैं जमुना के तीर २ .....भनत किसोर जोर अवनि कदंवन ते मंजु मंजुरोन तें सुगंध सरस्यौ परै॥ कांथ विथा मेटन को सुखन.....कों प्रान तरस्यौ परै॥ अवरिते अवनि तें द्रुमनि दिगंवर ते परते वै हरते वन तें वसंत वगरयौ परै॥ २॥

Subject.—पद्माकर, गुलाल, किसोर, मंडन, भूधर, महबूब और परसाद के ४३ कवित्तों का संग्रह।

No. 213. Pachchīsī by Kiśoradāsa. Substance—Bādāmi paper. Leaves—6. Size—$6\frac{1}{2} \times 6$ inches. Lines per page—24. Extent—108 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1969 or A. D. 1912. Place of deposit—Lālā Ayodhyā Prasāda, Maudā, Post Office Kākori, District Lucknow.

Beginning.—श्री स्वामी हरिदासायनमः॥ अथ पचीसी श्री महंत किशोर दास जी कृत लिख्यते॥ दोहा॥ नित्य विहार अपार रस श्री हरिदास प्रभाव रसिक संग करि ना लखेा वृथा विताई आव॥ सवैया॥ पंकज सेा मुख मंजु महा मृदु वैन वदे श्रुति के अनुसारी अंग सुठौन अनंग प्रभा दृग साखि सभा-सद आनंद कारी सुन्दर वाम रमै रति ज्यौं हित कोटि पतिव्रत ते अधिकारी ऐसे भये तौ कहा हरिदास लखे नहिं नित्य किशोर विहारी॥ द्रव्य कुवेर गरीय सुमेर से सिंधु गंभीर क्षमी क्षित भारी पौन प्रचार सुचारु अनंग से सिंह वली हल मूसल धारी निर्मल नीर से धीर महा मति आरतिवंतन के दुख टारी ऐसे भये तेा कहा हरिदास लखे नहिं नित्य किशोर विहारी॥ २॥

End.—चंद्र से शीतल चन्दन गन्ध प्रबन्ध नरेश से अन्ध विचारी रक्षक भीषम द्रोण से दक्ष हठी दुरयेाधन से अहंकारी सत्य युधिष्ठिर भीमवली अर्जुन युध मध्य प्रसिद्ध प्रभारी ऐसे भये तेा कहा हरिदास लखे नहिं नित्य किशेार विहारी॥ तीरथराज प्रयाग सेा पावन धारि त्रिधातम पातक टारी पुष्कर से गुरु रूप गरीय सदा उत्कर्ष सवै भूत भारी गया कुरुक्षेतर से जु कृतज्ञ बडै क्रम कोटि अनन्त अपारी ऐसे भये तेा कहा हरिदास लखे नहिं नित्य किशोर विहारी॥ २५॥

यह पचीस अद्भुत कवित सरस सवैया सार
रसिक अनन्य विवेक वल करियेा विमल विचार

इति श्री पच्चीसी महन्त श्री किशोर दास जी कृत सम्पूर्णम् सुभम् संवत् १९६९ वि०

Subject.—समस्या पूर्ति—'ऐसे भये तो कहा हरिदास लखे नहिं नित्य किशोर विहारी'।

No. 214(*a*). Nanda jī kī Vaṁśāvalī by Kiśoradāsa of Mathurā (Muttra). Substance—Foolscap paper. Leaves—3. Size—10 × 6½ inches. Lines per page—30. Extent—45 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Bābū Śyāma Kumāra Nigama, Rāe Barelī.

Beginning.—श्रीराधाकृष्णायनमः अथ नंद जी की वंशावली किशोरी दास कृत ॥

श्रीगुर गोविंद चरण रज वंदौं मंगलरूप ध्यान आनंदौ ॥ १
पाऊं श्री हरिवंश सहाइ बरनौं कछु परिकर वृज राइ ॥ २
यद्यपि अल्प बुद्धि है मेरी लीला गुण सागर करि हेरी ॥ ३
कैसे कै तरि सकौं अपार विनु साधुन चरणन आधार ॥ ४
सोई जानि आसरो कीन और उपाय नहीं मन दीन ॥ ५
इनकी कृपा पार भव करै दुर्लभ सुलभ होइ दुख हरै ॥ ६

दोहा

परमहंस श्रीरूप जो सरन कृपा मम धारि वरन्यो परिकर घोषपति जहं व्रजराज कुमार ॥ ७ सोई भाषा करि कहौं लहौं कृपा इन पास। श्री हरिवंश प्रताप ते कहति किशोरीदास ॥ ८ कृपा अनुग्रह जानि कै घटि बढि लेहु सवारि साधु परम उपकार कर अनुकंपा मन धारि ॥ ९ सब वैकुंठान ते सरस नंदीश्वर व्रजराज कोटि कोटि जहं लक्ष्मी वसत करत कृत काज ॥ १० कंचन मय मंदिर षचित रचित चित्र कल मोर पावन सर आनंद निधि वंध्यो मनिन चहु ओर ॥ ११

End.—आस पास कुंजैं सुभग अरु अंगनाई चारु।
मनि कंचन करि षचित भुव द्रुम समूह मंदार ॥ १२
मनोतीर्थ है प्रेम को उद्दीपन सुख कार
भांति भांति के विटप नव द्रुम जातिन में सार ॥ १३
सैलासन अरु पीडप नाम दुहुन मन जानि।
महाराज व्रजराज को प्रसिद्ध अथाई मानि ॥ १४
अब वंशावली नंद की कहौं कछू विस्तार
गण उद्देश जु दीपिका ताको अर्थ विचार ॥ १५

चौपाई

कुल अभीर नृपति महाबाहु तिनके कंजनाभि लै चाहु ॥ १६
भोल चित्र अरु मेन जु जानों ए राजा अति ही परधानों ॥ १७
परम धर्मध्वज भक्ति सिरोमनि देव मोंड लियेा हरि सेवापन ॥ १८
लक्ष्मी अरु नारायण इष्ट ताते वर पायेा जु अभिष्ट ॥ १९
तिनके पुत्र नाम पर्जन्य परम वैष्णव महा अनन्य ॥ २०
मेघ समान दया सन्मान वर्षत सदा प्रजा पर दान ॥ २१
गुण लक्षण पर्जन्य समानों पत्नी तिनको वरयसी जानों ॥ २२
यथा नाम गुण श्रेष्ट जु महा दादो कृष्णचंद्र गुण लहा ॥ २३
पंच पुत्र तिनके कुल दीप मध्य पुत्र हैं नंद महीप ॥ २४
वडे उपनंद और अभिनंदन भैया वडे बलो श्रीनंदन ॥ २५
छोटे हैं सुनंद अरु नंदन भैया चार नंद जगवंदन ॥ २६
तुंगी और पीतरी जानेा कुविला अरु तुल्या पहिचानेा ॥ २७
ये इनकी पत्नी कृमचारि परम सुशीला अरु वर नारि ॥ २८
वहिनी नंद नंदिनी नाम भरता तासु नौन शुभ काम ॥ २९
नंदराइ कुलदीपक धीर मध्य पुत्र पर्जन्य गंभीर ॥ ३०
श्री यसुदा जगमें विख्यात जसको दाता अरु जग मात ॥ ३१
गोपन को कुलदीपक मानेा धरे पतिव्रत सील महानेा ॥ ३२
व्रजरानो नंद धरनि विख्यात तिनके गुण वरनेा किमि जात ॥ ३३
लक्ष्मी अरु नारायण सेय तिनकी भक्ति लहे वर एय ॥ ३४
कृष्ण पुत्र पाये घनस्याम मनवाँछित फल पूरण काम ॥ ३५
अष्टमी कृष्णपक्ष अधराति भादों मास जन्म सुख दाति ॥ ३६
इन पायेा नारायण उपदेस इष्ट भजे नंदो सुरदेस ॥ ३७
सुख संपति की करो कामना नारायण विनु और नाम ना ॥ ३८
अंतरीक्ष वानी जब भई सुनत वचन तन को सुधि गई ॥ ३९
पाँच पूत ह्वैहैं या तप करि तिन में नंद विदत सर्वोपरि ॥ ४०
तिनके नंदन ह्वैहैं जैसे व्रज मंडल त्रिभुवन महि तैसे ॥ ४१
देव सेव जिनकी निज करिहैं चरण रेणु मुकटनि पर धरिहैं ॥ ४२

॥ दोहा ॥

यह सुनि मन संतोस भयेा वसे सहित परिवार केसी के उर महावन उतरे जमुना पार ॥ ४३ इनकी प्रिया वरेयसी कुसुम फूल के रंग हरित वसन तन ठैंगनी सेत केस सुभ अंग ॥ ४४ दादी गिरिधरि देवकी पुन्य पुंज सुष धाम पांच पूत संपति वहुत नातो सुंदर स्याम ॥ ४५

पर्जन्य के लहुरे अर्जन्य तिन ते पुनि लहुरे राजन्य ॥ ४६
तिनकी प्रिया नटी अरु सूरा श्री हरिराइ प्रेम के पूरा ॥ ४७
बहिन सुज्या पति गुण वीरा श्रीबृषभान राइ के मातुल धीरा ॥ ४८
श्रीब्रजराज जनक हरिजू के नंद अनिंदित लोक तिहू के ॥ ४९
नंदराय ब्रजभानहिं गाव किशोरीदास अतिमंगल पावै ॥ ५०

॥ इति संपूर्ण शुभं ॥

Subject.—नंद जो को वंशावली का वर्णन।

No. 214(*b*). Brashabhāna Rāi jū kī Vaṁśāvalī by Kisoridāsa of Bṛindābana (Muttra). Substance—Foolscap paper. Leaves—4. Size—10 × 6½ inches. Lines per page—30. Extent—60 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Bābu Śyāma Kumāra Nigam, Rāe Bareli.

Beginning.—श्री राधा रसिक विहारी विजैतेतराम।

अथ वंसावली श्री बृषभान राइ जू की किशोरीदास कृति लिख्यते ॥ दोहा ॥ बरसानो गिरिवर सुखट तिहि ढिंग वास अवास कंचन मय रचना रुचिर गोपुर गृह सुख रासि ॥ १ ॥ रमा उमा सब आदि दै टहल करैं नित आइ कोटि कोटि बैकंठ हू तिहि सम कहै न जाइ ॥ २ ॥ स्वच्छासन अरु सुखद इक नाम दुहुन मन आनि महाराज बृषभान के प्रसिधि अथाई जानि ॥ ३ ॥ अब वंसावलि भान की कहों कछू विस्तार आगम उक्ति जु संहिता ताको अर्थ विचारि ॥ ४ सूर्य्यवंश में प्रगट यों सोमवंश सुखसार तिन राजनि को बरनतें होत बहुत विस्तार ॥ ५ जासों मेरो काज है ताको बरनौ वंश ताको बरनन सब करैं देव आदि परिसंस ॥ ६ महाराज भए नृपजू जग में तिन की आन तिनके नृप भये जूप जू सब को राखत मान ॥ ७ ॥

End.—जसुमति नंद बधाई लाई श्री बृषभान अजिर मे आई मिलत परस्पर आनंद बाढो सेा सुष हम पर परत न काढेा नाचत नंट और वृषभान जसुमति बारत अपने प्रान पहिले बेाल किये ते सारे आज विधाता पूरे पारे दुहूं सजन मन आनंद भायेा किशोरिदास यह मंगल गायेा ॥ संपूर्ण ॥

Subject.—बृषभान को वंशावली।

No. 215. Koka Vaidyaka by Kokā Paṇḍita. Substance—Country-made paper. Leaves 60. Size—9 × 7 inches. Lines per page—36. Extent—1,080 Anushṭup Ślokas. Incomplete.

Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1910 or 1853 A. D. Place of deposit—Pandita Rāma Ratna, c/o Ṭhākura Jagadeo Simha, Raīs, Gangawāla, Post Office Prayāgapura, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—(प्रथम पृष्ट नहीं है) श्रो पोथी कोक वैद्यक का नारी परीक्षा ॥ अरथ नारी लक्षन कहिये मरद की नारी दहिना हाथ की देषीए। औरत की नारी वाएं हाथे को देषीए। बांए हाथ से मरद की नारी देषीए दहिने हाथ से औरत की नारी देषीए। ऊपर चार अंगुरी रषिए। तेा पन्द्रह प्रकार का नारी का बीमारी है सेा देषीए पित्त की नारी का लक्षन। पित्त की नारी पांच प्रकार की चलती। औरत की नारी अंगुठा की तरफ़ से चलता है ते उरध वाए पीत जानिये। ताके लक्षन। पेट कबज़ होय छाती मेा दरद होय और सिर दरद करै उचक होय। हड़फूटन होय जलन होय पित का कफ होय ॥

End.—पुस्ट अजमोदे का कहा। सब दवाई पइसा भरि का वजन पक्का। तज पइसा भरि। तेजपात पइसा भरि लावी वही पइसा भरि। वंसलोचन पइसा भरि। सफेद चंदन पइसा भरि। सोंठि पइसा भरि। कस्तूरी पइसा भरि। काम ताज पइसा भरि। अफीम पइसा भरि। अवरा पइसा भरि बादरी फूल पइसा भरि। कागदाई पइसा भरि। गेाघुरू पइसा भरि केदलरी का बीज पइसा भरि। करकरा पइसा भरि। केसरि पइसा भरि। लौंग पइसा भरि। जायफर पइसा भरि भंगरिया का बुकनी पइसा भरि। चाना मिसिरी आध सेर इस सब दवा की बुकनी बनाइ राषै तब चौनी औ मधु बालिस भाव भरि इस सब दवा की बुकनी बनाइ राषै तब चौनी मधु का भावा बनाय राषै आगी पर से उतारि के सब दवा बुकनी में मिलाइ के अधेला भरि साम अधेला भरि फजरि षाइ तब वफा बहुत करै धातु पुष्टि करै जाड़े के समय मेा षाय दवा अबल है ॥ इति कोक वैदक संपूरन जेा प्रति देषा सेा लिषा मम दोष न दीअते संवत १९१० महीना कातिक सुदी १२ लिषा प्रागदास वैरागी ने ॥ श्री राम ॥

Subject.—स्त्री और पुरुष की नाड़ी परीक्षा पूर्ण रूप से हर एक अंगुली रख कर प्रथक् प्रथक् वर्णन। नक्षत्र लक्षण संग्रहणी के लक्षण औषधियां व अनेक रोग उनके लक्षण औषधि मंत्र तंत्र तिजारी चौथिया, इकतरा आदि के व स्त्री पुरुषों के गुप्त रोगों की औषधि आदि का वर्णन।

No. 216. Laghu Yogavāsishṭhasāra by Krishṇa (Vāmadeva). Substance—Country-made paper. Leaves—26. Size—9×5 inches. Lines per page—9. Extent—278 Anushṭup Ślokas.

Appearance—Good. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1714 or 1657 A. D. Place of deposit—Paṇḍita Govinda Rāma, Purawā Gajādhara Tiwārī, Village Amahaṭā, District Sultānpur (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ श्री लघु जोग वसिष्ट सार के ॥दोहा॥ गुरु गनपति गौरीस के गोविंद चरन मनाइ ॥ जोग वासिष्ठ सार के दोहा कहौ बनाइ ॥ १ ॥ है अनंत व्यापक सकल चिन्मय सीरो धाम ॥ अनभव ते ठहरात जो ताको करौं प्रनाम ॥ २ ॥ हौ वांधो छूटौ कवै यह निहचै है जाहि ॥ नहिं मूरख नहि अति चतुर यह विद्या है ताहि ॥ ३ ॥ जौ लौं नहि जगदीस की होत कृपा को लेस ॥ तौ लौं सत गुरु ना मिलै नहि विद्या उपदेस ॥ ४ ॥ मोह सिंधु के तरन को सत गुरु कहेउ उपाव ॥ ज्यों धोमर सों पाइये नदी तरन को नाव ॥ ५ ॥

End.—परमेसुर को पाइ कै पाइ कृपा को लेस । बन्यो ग्रंथ अनुभव लिये अरु गुरु के उपदेश ॥ ३६ ॥ सम्वत् सत्रह सै बन्यो चौदह ऊपर वर्ष । फागुन सुदी एकादशी भयो किष्ण को हर्ष ॥ ३७ ॥ इति श्री लघुवशिष्ट सारे संस्कृत भाषायां कवि आचार्य्य विरचिते ब्रह्मतत्त्व निरूपन नाम दसमो परिकर्ण ॥ १० ॥

Subject.—पृष्ठ १—३ तक—वैराग्य प्रकरण (१)
पृ० ३—६ तक—जगमिथ्या प्रकरण (२)
पृ० ६—८ तक—जीवन मुक्ति प्रकरण (३)
पृ० ९-११ तक—मनोनिरूपण प्रकरण (४)
पृ० १२-१४ तक—वासना निरूपण प्रकरण (५)
पृ० १५-१७ तक—आत्मा मनन प्रकरण (६)
पृ० १८-१९ तक—बुद्धि निरूपण प्रकरण (७)
पृ० १९-२० तक—आत्मा अर्चन प्रकरण (८)
पृ० २०-२२ तक—आत्मा निरूपण प्रकरण (९)
पृ० २३-२६ तक—ब्रह्मतत्त्व निरूपण (१०)
कवि का नाम निर्देश तथा ग्रन्थ निर्माण काल ।

No. 217. Rasakaumudī by Śrī Goswāmī Kṛishṇachaitanya-dāsa of Gauḍiyāgrāma (Braj). Substance—Country-made paper. Leaves—24. Size—12 × 6 inches. Lines per page—44. Extent—528 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1934 or A. D. 1877. Place of deposit—Paṇḍita Dīnadayāla, Village Gausālapur, Post Office Biswā, District Sītāpur (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ रसकौमुदी लिष्यते ॥ श्री राधा-रमणो विजयते ॥ श्री गुरवेनमः श्री गोस्वामी कृष्ण चैतन्य निजदास विरचित जुक्ति उक्ति रसकौमुधी प्रारंभः तत्रादौ ग्रंथकर्ता कविवंश वर्णनम् अथ आचार्य की वंदना ॥ जुलना छंद ॥ जयति श्री कृष्णचंद तन्य जय सची सुत सुजस अति अमल जग सकल छायेा विरह असरन सरन धरन तारन तरन दुष दरद दरन प्रन कविन गायेा ॥ प्रणत प्रतिपाल कलिकाल में कलपतरु कृपावपु विदित विदुषन बताश्रेा ॥ दोन जन बंधु सुष सिंधु गुन वृंद वर मधुर रस उर्मिग भुव में बहायेा ॥ जयति नित्यानंद जयति अद्वैत प्रभु तिमिरि अज्ञान को घन मिटायेा ॥ कुटिल कलि जोव किय साधु हरि भक्ति दै स्वपच परजंत हरिनाम पायेा ॥ जाड़ जड़ता गई मोह निसि नसि गई सुमति चकई हुलसि हिय सिरायेा भक्त कुल कमल कोमल विमल षिल उठे कुमद विभुवन सकुचि सोस नायेा ॥

End.—पवित्रा निज कविता ॥ लाल लाड़िलो को ह्वै बलैया सषी ललिता ने लाल लाल ललित लै वस्त्र धराये हैं चंपलता चंदन को चर्चि विरचि बैारि भूषन विसाषा सषी विविधि सजाए हैं ॥ निज द्वंद लेषा रंग देवो श्रार सुदेवी आदि विजन बनाइ स्यामा स्याम को जिमाये हैं ॥ मित्र विंदा चित्रा ने पवित्रा पहिराये आठौ अलिन लगर गोत गाए श्रार झुलाए हैं। इति श्रीमद्राधारमण चरणारविंद मकरंद पानानंद अलि कृष्ण चैतन्य निजदास विरचितायां जुक्ति उक्ति रसकौमुदी ग्रंथ संपूर्णम् समाप्तम आषाढ़ मासे शुक्ल पक्षे तिथौ एकादशी शनिवासरे जष्टा नक्षत्रे श्री संवत १९३४ त्रितोया निज कवित्त ॥ चंदन की बारी बोच चंदन के बंगला में चंदन को चिकै चहूं चंदन दरीचो हैं ॥ चंदन पटोर पै सुचंदन को चौको तापै चंदन की सोतल पटोलै चारु ईचो है। निज सषि चरचि सिंगार चित चौपन सो स्यामा स्याम सोस बैारि चंदन की बैांचो है ॥ चंदन के चोर चोलो बागे को गमक अंग चोकने चमक कोटि चंदसी मरोचो है ॥

Subject.—श्री कृष्ण राधिका का प्रेम व उनकी सखियों का प्रेम। श्री कृष्ण राधिका के नख सिख शृंगार का वर्णन।

No. 218(*a*). Bhāgavata (Prathama Skandha) Padyānuvāda by Śri Kṛishṇadāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—94. Size—$13\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—14. Extent—1,644 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Hindī Pustakālaya, Nawābgañja, Bārā Bankī (Oudh).

Beginning.—जै जै जै श्री जैति श्री जुगल विहारी। जै जै सर्वाराध्य सर्व परिजन भयहारी॥ जै वृन्दावन परम धाम लीला सुखचारी। जै जै सहचरी संग अंगना अमित अपारी॥ जै जै इच्छा तंत्र जंत्र ब्रह्मांड विधेयक। जै जै वंदित चरण वेद विधि शंभु शेष सुर॥ जै जै मुनिवर वृन्द मनुज सेवित सुर नर दोऊ। जै जै मुक्ति अनन्त हृदय धारित निधि निधितर॥ जै जोग समाधि सिद्धि कल जनक परमवर। जै जै भाव अनन्य अमल सर्वज्ञ विकासं॥ जै जै मंडन धरा भार खंडन पद पंकज। जै जै कालो भाग अंक विन तासुत संकज॥ जै जै जुगल किशोर मंजु श्री चर्ण नतोहं। जै जै आश्रित जोव कल्पतर भंग विमोहं॥ जै जै परसित निशदिन शिव मौलि विभूषण। जै कोरति विदित देव धुनि मोचक दूषन॥ दोहा—बंदनि कर मन काय वच श्री गुरु चरन सरोज। कृष्णदास हरिगुन कथन, हित बाढ़ै मति आज॥ वेद कमल भू उमापति शेष गिरा सनकादि। नारद सहित अनन्त मुनि भक्त वृन्द अभिवादि॥ सुरपति अमर अशेष जे हरिवल्लभ गुण धाम। कृष्ण चरण अनुराग मोहि दीजै करें प्रणाम। भू मंडल पर जे वसैं सकल काल नरनारि। कृष्ण चरण अनुरक्त मन वंदौ तिन्हैं संभारि॥ सत्य विवर पाताल गत असुर नास हरिभक्त॥ तिन पद रज वन्दन करौं जानि कृष्ण अनुरक्त॥ हरिकृत त्रिगुण विलास वर सृष्टि सर्व थल पूरि। कृष्ण भक्ति अस जानि जिय गहां सोस पद धूरि॥

End.—अब कर्तव्य मोर जो होई। नाथ कृपा करि कहिये सोई॥
जे सुनिबे करिबे जपने जो। हिय सुमिरिबे दृढ़ भजिबे को॥
जो तजिवे संग्रह जो करिबे। दृढ़ सिद्धान्त अचल उर धरिबे॥
नोर संदेह अचल पद पावो। कहिए नाथ चरन सिर नावो॥
मम तन अंतकाल नियरानो। प्राप्ति तुम्हारो कठिन अतिमानो॥
महाशक्ति लखि जोव दुखारे। दया सिन्धु राउर उर भारे॥
जो करि कृपा कहूं पग धारे। भाग्य उदै ताके अनियारे॥
अल्प काल गौ देहन जेतो। दरस रावरो दुर्लभ तेतो॥
यह श्री कृष्ण कृपा अति आनो। भयो समागम आनंद खानी॥
सौनक दोन गिरा नृप भाषो। श्री सुक चरण कृपा अभिलाषो॥
प्रभु सर्वज्ञ व्यास नन्दन हरि। बोले लखि अधिकार दया भरि॥

× × × × ×

छन्द—धर्मसुत अरि होन करि भुवि परम मुद जस जिन दये।
ज्वाल ब्रह्मा अस्त्र ते रक्षित परिक्षित तिन किये॥
राज्य वैभव धर्म रक्षन कलि विजै कीरति भरो।
अंतहू शुक रूप धरि श्री कृष्ण जन हित गति करी॥

दोहा—जे प्रभु जन हित सकल विधि करत रहै दिन रैन।
कृष्णदास ते मन्द अति भजै न पद मुद ऐन ॥
इति

Subject.—(१) पृष्ट १ से १२ तक—नष्ट।

(२) पृ० १३ से २१ तक—प्रथम अध्याय—श्री युगल विहारी जी को वन्दना, नर, मुनि, देव, देवता, असुर, इत्यादि सभी की वंदनाएं, अपनी अनभिज्ञता की कहानी, सूत जी का नैमिषारण्य में आना, वहां पर अट्ठासी सहस्र मुनियों का एकत्रित होना, सूत जी से कृष्ण के गुणानुवाद का कथन करके उनके जन्म लेने तथा लीला करने इत्यादि के समाचार पूछना।

(३) पृ० २२ से २६ तक—द्वितीय अध्याय। सूत जी का सौनिक से श्री कृष्ण की महिमा का वर्णन, अपने गुरु शुकदेव जी के जन्म की कथा, उनके पिता के मोहादि का वर्णन, कृष्णावतार होने का साधारण सा कथन करके कथा प्रारम्भ के लिये उद्यत होना।

(४) पृ० २६ से २८ तक—तृतीय अध्याय। चौबीस अवतारों का सूक्ष्म विवरण।

(५) पृष्ट २९ से ३२ तक—चतुर्थ अध्याय—ग्रन्थ-चतुष्टय, शुक के भागते समय मार्गवर्ती किसी सर पर स्नान करने वाली स्त्रियों का स्नान करते रहना किन्तु उनके पीछे जाने वाले व्यास की लज्जा करना, इस पर मुनि का स्त्रियों से ऐसा करने का कारण पूछना, उनका उत्तर देना कि तुम्हारा पुत्र निर्विकार है और तुम नहीं। व्यास के अवतार तथा इस कथा के कथन करने का वर्णन।

(६) पृ० ३३ से ३६ तक—पंचम अध्याय। व्यास जी का संध्यादि से निवृत्त होकर एक दिन खेद युक्त बैठना, नारद आगमन, नारद का इस खेद के विषय में प्रश्न, व्यास जी का इससे अपनी अविज्ञता प्रगट करना, नारद का अपना दासी पुत्र होने का वर्णन कर कृष्ण प्रभाव से ही वर्तमान रूप पाने का वर्णन कर व्यास जी से भी इसके लिये आग्रह करना।

(७) पृ० ३७ से ४२ तक—षष्ठ अध्याय—व्यास जी का कथन कि आपका यह रूप किस प्रकार हुआ, आपकी माता क्या हुई? इत्यादि। नारद का कथन कि साधु सत्संग से मुझ में कुछ ज्ञान बुद्धि तो हो हो चुकी थी किन्तु अपनी माता के (जिसका आधार केवल मैं ही था,) कष्ट के कारण कहीं न जाता था। एक दिन मेरी माता गौ दुहाने को गई और वहां सर्प के डसने से गत हो गई, मुझे इसका सुख दुख कुछ न हुआ, काल की महिमा समझ बन को चल दिया, एक बन में पहुंचा वहां भगवान ने दर्शन दिये और इस शरीरोपरांत अपना

समीपत्व देने का वचन दिया। इतने में प्रलय काल हुआ। सब का अन्त हुआ, ईश्वर की कृपा से ब्रह्मा को उत्पत्ति हुई और उनमें मैं पैठा हुआ। यह कथा कह कर उनका जाने को उद्यत होना। व्यास का कृतज्ञता प्रकाश और कृष्ण गुण कथन की बात को मान लेना, नारद का गमन।

(८) पृ० ४३ से ५० तक—सप्तम अध्याय। व्यास का भागवत कथन, किन्तु शुक को ही अधिकारी समझ प्रकाशित न करना, एक श्लोक ब्राह्मणों को याद करा देना, उन लोगों का उसे याद कर गाते फिरना, कहीं शुक का उन्हें श्रवण करके अन्य श्लोक पूछना, उन लोगों का केवल इसी एक श्लोक के जानने का कथन और व्यास का ऐसा ग्रंथ ही रचने का कथन, शुक का व्यासाश्रम में आगमन, व्यास की प्रसन्नता, द्रौपदी के पुत्रों का अश्वत्थामा द्वारा मारा जाना, बदले के लिये अर्जुन का गमन, उसको पकड़ कर लाना, द्रौपदी का छुड़ाना, सिर काटने की प्रतिज्ञा पूर्ण करने के लिये केश काट लेना, पापी द्विज के देश निकाले की आज्ञा और उसके वध न करने का विधान।

(९) पृ० ५० से ५४ तक—अष्टम अध्याय—इसके पश्चात् कृष्ण का द्वारिका गमन के लिये उद्यत होना। युद्ध के प्रभाव से प्रभावित दुखी स्त्रियों का करुण वेधक शब्द. इसके साथ ही उत्तरा की गर्भ विषयक प्रार्थना, कौरवों के द्वारा छोड़े गये ब्रह्मास्त्र से उस पर बुरा प्रभाव पड़ रहा था उसकी कृष्ण द्वारा रक्षा, कुन्ती की प्रार्थनानुसार कुछ दिन वहीं ठहरने का निर्णय।

(१०) पृ० ५५ से ५८ तक—नवां अध्याय। श्री कृष्ण का इन दुःखित लोगों को शरशय्यावस्थित भीष्म के मुख से उपदेश दिलाने का विचार, भीष्म के पास सम्पूर्ण लोगों को लेजाना और उनका श्री कृष्ण के वास्तविक ब्रह्म रूप का सब को समझा कर यह सब कुछ उन्हीं की माया बताना।

(११) पृ० ५८ से ६० तक—दसवां अध्याय। भीष्म पितामह के उपदेशों से लोगों को शान्ति मिलना। राजा युधिष्ठिर के राज्य की प्रशंसा, कृष्ण का विदा होना, उनकी शोभा का वर्णन। कौरवों की स्त्रियों को उन्हें देख कर पूर्व पुरुष की कल्पना करना, अंत में अपने मन कृष्ण के साथ कर उनके रूप गुण की प्रशंसा करते हुए लोगों का लौटना।

(१२) पृ० ६१ से ६४ तक—ग्यारहवां अध्याय—योगेश्वर कृष्ण का द्वारिका के निकट पहुंच कर शंख ध्वनि करना, नगर निवासियों का दौड़ कर भेंट ले ले कर कृष्ण के दर्शन को आना, नगर में धूम धाम, माता पिता तथा स्त्रियों और भक्तों की दशाओं का वर्णन।

(१३) पृ० ६५ से ६७ तक—बारहवां अध्याय—उत्तरा के गर्भ से राजा परीक्षित का पोषण, गर्भ में ब्रह्मास्त्र से कृष्ण का वहाँ उसको रक्षा करना, बालक को उसका ध्यान रहना, बालक का नित्य प्रति बढ़ना, राजा युधिष्ठिर का यज्ञ का विचार, सुवर्ण का उत्तर से लाना, यज्ञ करके सब प्रकार से प्रजा को प्रसन्न रखना।

(१४) पृ० ६७ से ७१ तक—तेरहवां अध्याय—विदुर का मैत्रेय के यहां कौरव पांडवों के समाचार ले जाना, लौट कर पांडवों के पास आना, वहां उनको सब प्रकार से सेवा होना, कृष्ण का समाचार उनसे पूछा जाना, उनका यादव कुल विनाश का समाचार गुप्त रख कर बात का टाल देना, एक दिन धृतराष्ट्र को काल का संदेशा देकर उत्तराखंड को लेकर जाना, युधिष्ठिर का इन लोगों को न देख कर दुःख, नारद द्वारा सान्त्वना पाकर सब समाचार जानना।

(१५) पृ० ७२ से ७३ तक—चौदहवां अध्याय—अर्जुन कृष्ण का हाल जानने के लिये द्वारका भेजे गए थे उनके न लौटने पर चिंता, अर्जुन का प्रत्यागमन। उनको निष्प्रभ देख कर राजा का चिन्तित होना, और शीघ्रता से समाचार जानने के लिये उत्सुक हो कर प्रश्न करके उत्तर को अभिलाषा।

(१६) पृ० ७३ से ७६ तक—पन्द्रहवां अध्याय—अर्जुन का कृष्ण के गुन गा गा कर शोक प्रगट करना और इस प्रकार यदुवंश का विनाश सुन कर सब का दुखी होना, पांडवों का कलियुग के आने का निश्चय होने पर परीक्षित का अभिषेक कर स्वयं द्रौपदी सहित उत्तराखंड को जाना।

(१७) पृ० ७६ से ७९ तक—सोलहवां अध्याय—राजा का सदाचार पूर्वक राज्य करना, अपने मातुल उत्तर की पुत्री से विवाह कर चार सन्तान उत्पन्न करना, शूद्र रूप में कलियुग, भूमि गाय रूप में और धर्म का वृषभ रूप में घूम कर प्रथम से दोनों के बचने का प्रयत्न करना।

(१८) पृ० ७९ से ८२ तक—सत्रहवां अध्याय। राजा का कलि को निवारण करना और उसके आग्रह पर चार स्थानों में निवास देना।

(१९) पृ० ८३ से ९४ तक—अठारहवां तथा उन्नीसवां अध्याय—परीक्षित की सुनी हुई कथा का समाचार जानने को लोगों की जिज्ञासा, राजा को शाप लगने तथा तक्षक से डसे जाने का वर्णन, उससे प्रथम ही राजा का राज्यादि का सब प्रबंध कर देना, राजा के राज्यकाल की प्रशंसा, उसके मुख से कृष्ण गुणानुवाद का गान।

ग्रन्थ समाप्ति।

No. 218(*b*).—Bhāgavata (Dvitīya Skandha) translated by Śrī Kṛishṇadāsajī. Substance—Country-made paper. Leaves—

36. Size—13½ × 8 inches. Lines per page—13. Extent—570 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character-Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1893 or A. D. 1836. Place of deposit—Hindī Pustakālaya, Nawābagañja, Bārā Bankī (Oudh).

Beginning.—ॐ श्री राधाकृष्णाभ्यां नमः ॥ श्लोक ॥ शुक रूप तया प्रोक्तं जेन भागवतं जथा। स्वपद प्राप्तये नित्यं जीवानांतन्नेतास्यहं ॥ दोहा—सोनक नृप को प्रश्न सुनि श्री शुक लहि मन हर्ष। सुमति सराही भूप को कहिवानी सुख वर्ष ॥ राजनवर विज्ञान तव सब सेवत सुख मूल। प्रश्न किये अति जता हित समूहि मिटै भव सूल ॥ चौपाई ॥ हे नृप कृष्ण रात सुख दानी। अब सुनिये मम उत्तर वानी ॥ जिन जीवन जग सत्य सरेख्यो। सेा संतन संमति नहिं लेख्यो ॥ तिन्हैं न श्रवन कथन कछु नेमा। जाने मढ़ न छेम अछेमा ॥ निद्रा मैथुन रात्रि बितावै। उदर कुटुम्ब हेत दिन जावै ॥ विषै नर्क सेा तत्त्व प्रमानो। आयु व्यतीत भई नहिं जानी ॥ जेा पूछौ तुम तजिये केही। हरि बिनु अपर जानिये तेही ॥ जेा चाहेा अपनेा कल्याना। संसृत मिटै मिलै भगवाना ॥ करिबे ताहि सुनौ अब सेाई। सब दिन अंत अवस्था तेई ॥

End.—जाको अंत लहै नहिं केाई। सर्वाधार कृष्ण नृप सेाई ॥
जे अनन्य प्रभु के प्रिय टासा। जिन्है न स्वल्प और कछु आसा ॥
तिन्है जनावै जब निज रूपा। ते जाने तव अचल अनूपा ॥
धन्य सूत जेावेा बहु वर्षा। वरणेा कृष्ण कथा सुख साखा ॥
तात प्रथम तुम हम ते गाई। तेाथे जात्रा विदुर सहाई ॥
दुस्तज बंधु वर्ग गृह त्यागेा। केवल कृष्ण चरन अनुरागेा ॥
ज्ञान विराग अचल उर जिनके। परहित परक्षहनादिक तिनके ॥
मैत्रे मुनि विज्ञान स्वरूपा। कृष्ण तत्त्व वर बेाध अनूपा ॥
तिनते जथा भयेा संवादा। प्रश्नेात्तर निहचै अह्लादा ॥
कहिये सूत कृपा करि सेाई। विदुर कथा मंगल मय जेाई ॥
हरि भक्तन के जे आचरना। ते निश्चै संसृति भय हरना ॥
हे सौनिक सुनिये मुनि ज्ञानी। विदुर कृपा रस कृष्ण सुसानी ॥
× × × × ×

इति श्री भागवते महापुराणे परमहंस संहिता वैयासिक्यां कृष्णदास कृतेा भाषा नि(बंध) ॥

Subject.—(१) पृ० १ से ६ तक—प्रथम अध्याय—कृष्ण की महत्ता का वर्णन। मुमुक्षु की परिभाषा, ईश्वर को पाने का मार्ग, मन का मल शीघ्र ही दूर करने का उपाय। विराट् स्वरूप वर्णन।

(२) पृ० ७ से १२ तक द्वितीय अध्याय—सृष्टि के उत्पन्न तथा विनाश होने का काल। साधु बनने की सम्मति। ध्यानावस्थित होते समय कृष्ण के जिस रूप को मन में धारण करे उसका वर्णन। शनैः शनैः मनो विकारों के दूर करने का वर्णन। इच्छा मृत्यु का वर्णन। मुक्त साधु के रूप का वर्णन। पुरुष संस्थान वर्णन।

(३) पृ० १२ से १६ तक—तृतीय अध्याय। मनुष्य शरीर की बड़ाई, कृष्ण भक्ति बिना उसका निस्सार होना। कृष्ण भक्ति की महिमा, साधु सत्सङ्ग का लाभ, कृष्ण का भजन न करने वालों की दुर्दशा का वर्णन।

(४) पृ० १७ से १८ तक—चतुर्थ अध्याय। नारद का विधि प्रति संसार के संचालक तथा जीव और उसके कर्त्ता के संबंध में कुछ प्रश्नोत्तर, ब्रह्मा का ईश्वर और माया को पृथक् पृथक् बताना। ईश्वर की लीलाएं रचने का वर्णन।

(५) पृ० १९ से २० तक—पंचम अध्याय—ब्रह्मा क्यों दुए? इसका समझाना। ब्रह्मा का अपने को भी ईश्वर के भेद न जानने का कथन। ईश्वर की सर्वज्ञता तथा मनुष्य की अल्पज्ञता का वर्णन। अपना रूप स्वयं दरसा कर उसके अवतार लेने का वर्णन।

(६) पृ० २१ से २७ तक—षष्ठ अध्याय। कनक लोचन से बाराह रूप धारण कर भूमि की रक्षा का वर्णन। इसी प्रकार भक्तों के हेतु मत्स्यादि अवतार धारण कर प्रजा की रक्षा करने का वर्णन। प्रभु की भिन्न भिन्न लीलाओं का सूक्ष्म वर्णन।

(७) पृ० २७ से २८ तक—सप्तम अध्याय—कृष्ण की महिमा की इस कथा के सुनने वाले को लाभ—अन्य लाभों के अतिरिक्त उसकी संसृति छूट कर मुक्ति तक पाजाने का वर्णन।

(८) पृ० २८—२९ तक—अष्टम अध्याय। जीव माया को मिथ्या क्यों नहीं समझता? इस प्रश्न का निराकरण। साधु सत्संग से, (जो बड़े भाग्य से प्राप्त होता है,) जीवादि की वास्तविकता समझ कर ईश्वर को इन सब के परे समझना। मोह के न छूटने तक सत्य मार्ग को न जानना। मोह से छूटने के लिये ब्रह्मा का तप निरत होना। इसी प्रकार परीक्षित के प्रश्नों का उत्तर देकर उनको विज्ञता प्रदान करना।

(९) पृ० ३० से ३५ तक—नवां अध्याय—वैकुंठ दर्शन, ब्रह्मा को ईश्वर का विराट् स्वरूप दिखा कर उपदेश देना, ब्रह्मा की स्तुति।

(१०) पृ० ३५ से ३६ तक—दसवां अध्याय-भागवत के दस अंगों का वर्णन, ब्रह्मा को माया तथा जीवादि का भेद समझा कर ईश्वर का विदा होना। भगवान का अनेक मनुष्यों और देवताओं में अपना ही प्रवेश बताना।

No. 218(*c*).—Bhāgavata (Tṛitīya Skandha) by Śri Kṛishṇadāsa. Substance—Country made paper. Leaves—134. Size—14 × 8 inches. Lines per page—10. Extent—1,760 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Hindī Pustakālaya, Nawābgañja, Bārā Banki (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ तृतीय स्कंध भाषा लिष्यते ॥ श्लोक ॥ सर्वज्ञं कृष्ण तत्त्वज्ञं ॥ श्री मद्भागवते रविः ॥ येन प्रकाशितं लोके ॥ तं वंदे श्री शुक प्रभुं ॥ १ ॥

दोहा—हे राजन या भांतिहो श्री मैत्रेय मुनि पाय।
विदुर त्यागि सम्पति सदन प्रश्न किये वन जाय ॥
मंत्र करन नृप जब गये तजि दुरजोधन गेह।
बिनहिं बुलाये जहँ बसे कृष्ण प्रभू बस नेह ॥
विदुर भक्ति महिमा कृपा सकै जगत को जानि।
अखिलश्वर श्री कृष्ण प्रभु गृहण किये निज मानि ॥

चौपाई—सैनिक नृप सुनि अति सुख मानी। बोले विनय भक्ति जुत बानी ॥
भगवन विदुर प्रश्न गुन भारी। मैत्रै मुनि उत्तर मुदकारी ॥
जथा भयो संवाद गरिष्ठा। नाथ कृपा करि कहौ वरिष्ठा ॥
भूप गिरा सुनि श्री शुक भाख्यो। वर संवाद साधु अभिलाख्यो ॥
राजन जब धृतराष्ट्र अंध मति। पायो पोषै खल निज संसति ॥
लघु भ्राता सुत रहित सहाया। लक्षा भवन दहे करि माया ॥
कुरु कुल भूषन द्रुपद दुलारी। एंचे केश सभा भरि भारी ॥
पुत्र वधू दुख दशा निहारी। जे मति अंध न नेकु विचारी ॥

End.—सेा थल अति पुनीत जग जानै। नाम सिद्धिप्रद वेद वखानै ॥
कपिल प्रभू जन्मे सेा धरनी। देवहुतो हरि प्रापत बरनी ॥
महा अधम तेहि नेकु निहारे। जग सुख भेाग होहि भवपारे ॥
प्राचो उत्तर दिशि तट सागर। आश्रम सुखद सकल चराचर ॥
कपिल प्रभू ता थल कृत वासा। पूरन करी विश्व मन आसा ॥
चरन सिद्धि अपसरा किन्नर। मुनि गंधर्व देव तीरथ नर ॥
स्तुति करै प्रनत ह्वै सेवै। विविध भांति वर आशिष लेवै ॥
सांख्य वादी मुनिवर ते वरना। प्रभू करैं तप जग सुख चरना ॥
हरि आ चरन सिंधु भव सेतू। सर्व जीव प्रद मोद निकेतू ॥

जो गावै सुनि गुनि हिय धारै। कृष्ण भक्ति लाधै सुख सारै॥
नरतन प्राप्त सकल ते करहीं। हरि पद पाय मोद नित भरहीं॥

विदुर प्रश्न वर तुम किय कृष्ण चरित चित धारि। जथा सुने मति मोरि जस बरने तथा विचारि॥ सौनिक मैत्रे विपिन को सुख सागर संवाद। श्री शुक नृप ते सो कह्यो बाढ्यो अति अह्लाद॥ कपिल कथित चित जो धरै राज सुता उपदेश। भक्ति ज्ञान वैराग्य को जाने हेतु अशेष॥ कृष्ण प्रभू पद कमल रज सो लाधै अनयास। सौनक हरि संबंध लव मैटै माया त्रास॥

इति श्री भागवते महापुराणे परमहंस संहितायां वैयासिक्यं कपिलोपाख्याने कृष्णदास कृतौ भाषा निबंध त्रैतिंसाऽध्याय॥ ३३॥ अथ तृतीय स्कंध समाप्तः॥ प्रति मो जो देखा सो लिखा। राम कृष्ण॥

Subject.—(१) पृष्ट १ से ९ तक—प्रथम अध्याय। पांडवों को राज्य न देकर कौरवों का स्वयं राज्य करना। जुआ खिला कर उन्हें धोखे से हराना, वनवास देना, लौटने पर अपनी को हुई संधि पर विचार न कर उन्हें राज्य न देना, इस पर कृष्णादि प्रज्ञावानों का उन्हें समझाना, किन्तु उनका न मानना, विदुर का समझाना, इस पर दुर्योधन के कटु वाक्य, विदुर का निकल कर धनुष बाण उसके दर्वाजे पर डाल कर तीर्थ यात्रा करना, अनेक तीर्थों के पश्चात् वृन्दावन आगमन, वहां उद्धव से कृष्णादि का कुशल प्रश्न कर सब वृत्तान्त पूछना।

(२) पृ० १० से १४ तक—द्वितीय अध्याय। उद्धव का प्रश्न श्रवण करते ही गद्गद होकर सुधि बुधि विसार देना, विदुर द्वारा उनको सराहना, उद्धव का उसे कृष्ण की लीलाओं का, (जो उन्होंने ब्रज में कीं) स्मरण दिला दिला कर कृष्ण की प्रभुता का वर्णन करना।

(३) पृ० १५ से १७ तक—तृतीय अध्याय। कृष्ण के कंसादि वध करने के वर्णन के पश्चात् उनके विवाहादि अनेक चरित्रों का वर्णन। यदुकुल के बालकों का मुनि से शाप पाना।

(४) पृ० १८ से २३ तक—चतुर्थ अध्याय। महाराज कृष्ण के देहावसान के लिये जाना, उद्धव को बद्रिकाश्रम में तप करने की आज्ञा देने का कथन, वहाँ पर पाराशर मुनि का शिष्यों सहित उनके दर्शनों को जाना, कृष्ण द्वारा उनका आश्वासन, उद्धव को कृष्ण द्वारा अपनी को उपदेश पाने का कथन, विदुर का उस उपदेशामृत के पान की इच्छा, उद्धव का क्रमशः ईश्वर संबंधी दो एक बात बताना।

(५) पृ० २३ से २७ तक—पंचम अध्याय। विदुर का हरिद्वार मैत्रेय जी के यहां पहुंचना और कृष्ण भक्ति की प्रशंसा करके उस संबंध में मुनि जी से कुछ

सुनने की जिज्ञासा प्रगट करना। मुनि का सृष्टि की उत्पत्ति के संबंध में कथन, ईश्वर की इच्छा होना कि माया क्षेत्र से सृष्टि उत्पन्न करना चाहिये। प्रथम महातत्व प्राप्त हुआ, उससे तीनों गुण सत से मन, रज से इन्द्रो, तामस से आकाश, आकाश से वायु, उससे अग्नि, उससे जल और उससे भूमि उत्पन्न होने का कथन। इन सब का परस्पर मिल कर ईश्वर से प्रार्थना करना कि कार्य्य की आज्ञा दें।

(६) पृ० २८—षष्टम अध्याय। ईश्वर बल पाकर सब तत्व मिले, उनसे एक कनकमय पुरुष की रचना हुई, उस विशाल रूप का कुछ काल तक जल में निवास, उसके पश्चात् उसके सब अंग प्रगट हुए, मुख से ब्राह्मण, भुजाओं से क्षत्री, उरु देश से वैश्य और पैरों से शूद्रों की उत्पत्ति।

(७) पृ० २९ से ३१ तक—सप्तम अध्याय। विदुर का प्रश्न कि जब ईश्वर माया के साथ क्रीड़ित होकर सृष्टि उत्पन्न करता है तब वह विकार हो गया और इस प्रकार इसके निर्विकार होने की बात मिथ्या हुई। मैत्रेय का उत्तर कि जिस प्रकार स्वप्न में किसी का सिर कट जाता है अथवा जल में चन्द्र दिखलाता है, उसी प्रकार केवल यह कार्य्य जाना ही जाता है, वास्तव में वह स्वप्नवत झूठा ही है।

(८) पृ० ३२ से ३३ तक—अष्टम अध्याय। "शेषनाग जी से सनकादि ने, उनसे अन्य ऋषियों ने एक दूसरे से सोचते हुए, मेरे गुरू को समझाया और उन्होंने यह समाचार मुझ से सुनाया, मैं अब आप को सुनाता हूं।" मैत्रेय का अपने इस कथन से विदुर को समझाना। प्रलय के अंत में प्रभु जो शेषशय्या पर विराजे, उनकी नाभि से कमल और कमल से ब्रह्मा हुए। दिशाओं को देख कर ब्रह्मा के चार मुख हुए, कुछ काल पश्चात् उस कमल को जिससे उत्पन्न हुए खोजना, न मिलने पर जब मन स्थिर किया प्रभु के दर्शन हुए, कारण को जान कर शान्ति पाना और बोध होना।

(९) पृ० ३४—नवम अध्याय। ब्रह्मा के मुख से ईश्वर की स्तुति, ईश्वर का समझाना कि अब तुम मेरा ध्यान रखो, जहां चाहोगे मुझे पाओगे।

(१०) पृ० ३४ से ३५ तक—दसवां अध्याय। प्रथम ब्रह्मा ने प्रलयकाल के सब जल का शोषण किया, पुनः स्वर्ग, पातालादि लोक और संपूर्ण प्रसारा बनाया।

(११) पृ० ३५ से ४१ तक—ग्यारहवां अध्याय। काल के सूक्ष्मातिसूक्ष्म भाग से लेकर दीर्घातिदीर्घ भाग तक का वर्णन, ब्रह्मा की आयु कथन। सृष्टि के अंत होने का समय।

(१२) पृ० ४१ से ४६ तक—बारहवां अध्याय। कल्पों का वर्णन। सृष्टि के विस्तार का वर्णन। प्रथम ब्रह्मा द्वारा पांच अविद्याओं की व्युत्पत्ति, उनसे सब प्राणियों का बद्ध होना, उनके नाम—तम, मोह, महामोह, क्रोध (तामिश्र) और अंध तामिश्र। संसार को बंधन में डालने वाला केवल अज्ञान ही है। सनक सनंदन, सनातन और सनत्कुमार की उत्पत्ति। उनको ब्रह्मा द्वारा सृष्टि उत्पत्ति की आज्ञा दिया जाना। इन लोगों का आज्ञा न मान कर विष्णु भक्ति में निरत होना। आज्ञा भंग से ब्रह्मा को क्रोध आना, उसी से एक बालक उत्पन्न हो जाना, और उसका अपने नाम धाम के विषय में पिता से प्रश्न, उनका प्रसन्न होना और उसका नाम रुद्र रखना, अन्य नाम महेश, शिव इत्यादि, उमा के नाम उन्हें दिये। इन्द्रो, असु, व्योम, वायु, जल, वह्नि, महो इत्यादि रच कर प्रजोत्पत्ति की सम्मति देना। आज्ञा पाकर शिवजी का भयंकर सृष्टि उत्पन्न कर डालना, उस पर ब्रह्मा का घबराना, और शिव को तप की आज्ञा दे देना, कृष्ण की कृपा से मरीचि इत्यादि दश पुत्रों की उत्पत्ति होना, वेदों की उत्पत्ति। नारि पुरुष का जोड़ा उत्पन्न करना, पुरुष का नाम मनु और स्त्री का नाम सतरूपा हुआ और इन दोनों में स्त्री पुरुष का संबंध स्थिर हुआ, इन्हीं से सृष्टि की वृद्धि। इन से दो पुत्र—प्रियव्रत और उत्तानपाद हुए और आकृति, देवहूति और प्रसूति यह तीन कन्यायें उत्पन्न हुईं। आकृति रुचि मुनि को दी गई, देवहूती कर्दम को और प्रसूती दक्ष को मिली।

(१३) पृ० ४६ से ५२ तक—तेरहवां अध्याय। मनु को प्रजोत्पत्ति की आज्ञा देना, मनु का पृथ्वी को जलामई बता कर सृष्टि के लिये स्थानाभाव की सूचना देना। ब्रह्मा को विष्णु का ध्यान आना, विष्णु का वाराह अवतार लेकर उक्त अभाव की पूर्ति करना, अपने दोनों दन्तों पर मही का धारण करना।

(१४) पृ० ५२ से ५८ तक—चौदहवां अध्याय। कृष्ण के गुणों का वर्णन, दक्षसुता दिति का काम विवश हो कर अपने पति से रतिदान मांगना, गर्भ धारण की इच्छा करना, उनका संध्या समय देख कर उसे निषेध समय बता कर दो दंड ठहरने का प्रस्ताव, दिति का न मानना अंत में उसे ज्ञान आना और अपने गर्भ के श्रेष्ठ होने की पति से प्रार्थना करना, पति का बुरे कार्य का फल बुरा ही बता कर उसके पुत्र के प्रतापी होने के लिये कथन, और खुशामद करने पर उसके पौत्र के भागवत होने और पुत्र का विष्णु के हाथ से वध बताना।

(१५) पृ० ५८ से ६६ तक—पन्द्रहवां अध्याय। दिति के गर्भ से दुखी हो कर देवताओं का हाहाकार, सनकादि का भगवान के पास जाने का उद्योग, भगवान के द्वारपालों द्वारा उनकी अवज्ञा, उनका उन्हें शाप देना, द्वारपालों का

सचेत हो कर उनसे क्षमाप्रार्थी होना, भगवान का वहां नग्न पद लक्ष्मी सहित दौड़ा आना, सनकादि का प्रसन्नता पूर्वक अतृप्त नेत्रों से उनके दर्शन करना, दासों का विष्णु-भक्ति मांग लेना।

(१६) पृ० ६६ से ७१ तक—सोलहवां अध्याय—नारायण का ब्राह्मणों को प्रसन्न करना और उनके शाप वाले कार्य्य की प्रशंसा करके उन्हें अपना शत्रु होना कह कर जन्म के लिये आज्ञा देना, सनकादि का प्रसन्न होकर दंडवत कर सुरों को सब कथा सुनाना।

(१७) पृ० ७२ से ७४ तक—सत्रहवां अध्याय—हिरण्यकश्यप तथा हिरण्याक्ष का जन्म लेना, उनके प्रसव के समय घोर प्रभंजनादि के अत्यंत भयानक उपद्रवों को देख कर देवों का भयभीत होना, इन दोनों के दीर्घकाय होने का वर्णन. इनका बहुत शीघ्र बढ़ कर देवों से लड़ने के लिये गदा लेकर जाना, देवों का सुरपति सहित छिप जाना, पुनः वरुणालय को जाना और वरुण से युद्ध घोषणा कर देना, वरुण का कथन कि हे वीर! तुम से सिवाय कृष्ण के कोई युद्ध न कर सकेगा।

(१८) पृ० ७५ से ७८ तक—अट्ठारहवां अध्याय—विष्णु भगवान से हिरण्याक्ष का गदायुद्ध।

(१९) पृ० ७८—८१ तक—उन्नीसवां अध्याय—हिरण्याक्ष को युद्ध में माया, अंत में उसका विनाश। देवताओं का ईश्वर की स्तुति करना।

(२०) पृ० ८१ से ८३ तक—बीसवां अध्याय—सृष्टि निर्माण का वर्णन अथवा कर्म।

(२१) पृ० ८३ से ८८ तक—इक्कीसवां अध्याय—कर्दम ऋषि का सरस्वती तीर पर बहुत दिन तक तप करना, विष्णु का प्रसन्न हो कर दर्शन देना, मुनि द्वारा स्तुति, स्वायंभुव मुनि के सपत्नीक ससुता इनके पास आने और उनको पुत्री को इनका वर निश्चय करने का भविष्यवाणी और सांख्य के प्रचार के लिये उनके यहां स्वयं आकर जन्म लेने का कथन। इसी प्रकार नौ कन्याओं के होने और उनसे सृष्टि के बढ़ाने का आदेश, मनु का आना, पारस्परिक शिष्टाचार।

(२२) पृ० ८९ से ९३ तक—बाईसवां अध्याय। मुनि द्वारा स्वायंभुवि मनु के आगमन का कारण पूछना। उनका कन्या के विषय में कथन कि इसने नारद के मुख से आप के रूप गुण, शील तथा शोभा की प्रशंसा सुन कर आप को वर चुनना चाहा है। इस पर मुनि का कथन कि मेरी भी यह इच्छा थी किन्तु तुम्हारी यह कन्या इतनी सुन्दरी है कि सुर इसके कारण बेसुध हो जाया करेंगे। इस कारण मैं इसे नहीं चाहता, सन्तान होने के पश्चात् पुनः हरि भजन करने का कथन। मनु का अपनी पुत्री उनको ब्याह देना। स्वयं ब्रह्मावर्त में राज्य करना।

(२३) पृ० ९३ से ९८ तक—तेईसवां अध्याय--देवहुति तथा कर्दम का तपस्या की दशा में सत्सङ्ग, प्रेयसी की सेवा से प्रसन्न होकर श्रेष्ठ पुत्र को पाने का वर देना, तथा दिव्य दृष्टि प्रदान करना, ईश्वर कृपा से विषय भोग की सब सामग्री प्राप्त होना, नौ कन्याओं का उत्पन्न होना, मुनि का कृष्ण स्मृति होना, देवहुति का यह हेतु पहचान कर कन्याओं के वर के लिये प्रथम प्रार्थना करना।

(२४) पृ० ९९ से १०३ तक—चौबीसवां अध्याय—देवहुति से पुत्र उत्पन्न होने का कथन, कृष्ण की स्मृति, उनका प्रगट हो कर आज्ञा देना कि इन कन्याओं को अन्यादि मुनियों को दे दो, मुनि का ऐसा ही करना, कपिल देव का जन्म लेना, कर्दम का वनगमन की आज्ञा लेकर जाना, कपिल का अपने सांख्य के प्रगट करने के लिये आने का कथन करना।

(२५) पृ० १०३ से १०७ तक—पच्चीसवां अध्याय।—कपिल देव का माता को प्रसन्न रखना, अन्त में माता का ईश्वर भक्ति की ओर अपना विचार प्रगट करना, कपिल का उपदेश, माया से बचने तथा ईश्वर के चरणारविन्दु में प्रेम होने का कथन।

(२६) पृ० १०८ से १११ तक—छब्बीसवां अध्याय—तत्त्वों के लक्षण—जीव माया के वश होकर ईश्वर को भूल गया, भूलने का कारण, माया के जड़ तथा जीव के चैतन्य होने का वर्णन, कृष्ण का संसार का कारण होने का वर्णन। पांचों तत्त्वों के नाम, इनके गुण. इन चौबीसों में सब संवतों के होने का वर्णन, पच्चीस कालों का संकेत, मानवी प्रकृति का वर्णन।

(२७) पृ० १११ से ११३ तक—सत्ताईसवां अध्याय-हरिभक्तों की संगति का प्रभाव, जगत को विष रूप समझने का वर्णन, सम, दम और नियम करने का आदेश, इससे रज और तम का विनाश होकर शुद्ध सत का रह कर हृदय निर्मल होने का वर्णन, माया जीव तथा ईश का एक रूप वर्णन, भक्ति से जीव का माया के बंधन से मुक्त हो जाने का वर्णन।

(२८) पृ० ११४ से ११७ तक—अट्ठाइसवां अध्याय—भक्तियोग का वर्णन, प्राणायाम द्वारा स्वास का चढ़ाना, रोकना तथा उतारने का वर्णन। कृष्ण के उस रूप का वर्णन जिसका ध्यान करना चाहिए।

(२९) पृ० ११८ से १२२ तक—उन्तीसवां अध्याय—भक्ति के अंगों का वर्णन, तीनों गुणों के अनुसार भक्ति का वर्णन, निर्गुण भक्ति का वर्णन, इनमें से चौथी की बड़ाई, उसके होने का नियम, साधु संगति की महिमा, साधु के लक्षण, काल देव का वर्णन—यही सम्पूर्ण विश्व का कारण है। यह कृष्ण की सब से बलवती भक्ति है जिससे ब्रह्मादि सब को भय है।

(३०) पृ० १२२ से १२५ तक—तीसवां अध्याय—स्त्री इत्यादि संपूर्ण संबंधियों का ध्यान रखना किन्तु इस बलो काल को ज़रा भी परवाह न करना, शरीरादि के शिथिल होने पर भी मोह में फंस रहने का वर्णन।

(३१) पृ० १२६ से १३०-इकतीसवां अध्याय—गर्भ से लेकर उसके बढ़ने तथा जन्म लेने के वर्णन के साथ ही साथ लड़कपन तथा युवावस्थादि के जीवन चर्य्या में ही फंसे रहने की बुराई करके ईश्वर भजन की ओर प्रेरित करना।

(३२) पृ० १३० से १३१—तक—बत्तीसवां अध्याय। कृष्ण भक्ति के लाभ, उसके अधिकारी तथा उसकी आवश्यकता का वर्णन।

(३३) पृ० १३१ से १३४ तक—तेतीसवां अध्याय। माता द्वारा कपिल की स्तुति और उनको अपने गर्भ में धारण करने पर आश्चर्य। कपिल का कृष्ण भक्त्योपदेशोपरान्त माता से वन-गमन की आज्ञा मांगना, उनका रूहर्ष उनके जाने के लिये कथन और स्वयं कृष्ण के भजन में कृष्णाकार हो जाना।

ग्रन्थ समाप्ति।

No. 218(*d*). Bhāgavata (Chaturtha Skandha) by Śrī Krishnadāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—94. Size—$13\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—11. Extent—1,389 Anushtup Slokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1910 or A. D. 1853. Place of deposit—Hindī Pustakālaya, Nawābagañja, Bārā Bankī (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ श्लोक ॥ विधिमन्वादियो जस्य क्रियालंश्व प्रजेश्वरा ॥ वर्द्धयंति प्रजा चित्रा तं वंदे कृष्णमिश्वरं ॥

दोहा—राजन मैत्रे विदुर ते स्वयंभूव मनुवंस। विस्तार जुत वर्णन कियेा हरि श्रोतार प्रशंसि ॥ सुनहु विदुर मनु भूपवर सतरूपा तिय पाय। कन्या त्रैय विवि पुत्र तित प्रगटाये हरि ध्याय ॥ आकूति देवहुती तथा प्रसूति सुता ये नाम। आकूती दई मुनि रुचिहो इमि करि प्रबन्ध अभिराम ॥

चौपाई—याते पुत्र होइगेा जोई। हम निज सुत हित लैहैं सेाई ॥
अस प्रबन्ध करि कन्या दीन्हों। रुचि मुनि तथा स्तुति कहि लीन्हों ॥
तेजसो रुचि मुनि तप धामा। हरिहि सुमिरि लहि नारि ललामा ॥
जुग बालक ता मधि उपजाये। नारि पुरुष विवि रूप सुहाये ॥
पुरुष जग्य पति विष्णु विजानेा। दक्षिण रमा अस तिय मानेा ॥
सुत सेा स्वयंभू मुनि लीन्हेा। सुता गृहन रुचि मुनि तिमि कीन्हेा ॥

End.—सोरठा—बहुरि महो करि राज जिमि विलगाय सुतान दई। लह्यो कृष्ण पद जोग (काज ?) जक्त विचारि असार नित ॥ मैत्रे मुनि मुख सार विदुर श्रवण कर कृष्ण जस। बंदि चरण बहुवार प्रभु मूरति उर धरि अचल ॥ कही अहो मुनिराय करुना मोपै अति करी। कृष्ण भजन दरसाय दुस्तर भवनिधि पार कृत ॥ ऐसे मुनि पद वंदि विदुर पाय आज्ञा सुखद। हस्तिन पुर अभिनंद सुहृदै लखन हित पुनि गये ॥ राजन यह चितलाइ श्रवण करै हरि भक्त जस। जग वर भोग लहाय परम धाम पुनि जाय ध्रुव ॥ इति श्री भागवते महापुराणे परमहंस सहितायां वैयासिक्यां चतुर्थ स्कंध कृष्ण चरित्रे भाषा निबंधे प्रचेता सोपाख्याने येकत्रिंसोऽध्याय ॥ ३१ ॥ जेठ मासे शुक्ल पक्षे ११ सं १९१०

Subject.—(१) पृ० १ से ६ तक—प्रथम अध्याय। मनु वंश वर्णन। मनु की तीन कन्याओं का वंश वर्णन। कर्दम की नौ पुत्रियों का वंश वर्णन। इन्हीं की पुत्री अनुसूया का अत्रि को ब्याहा जाना। उनके तप प्रभाव से विधि, हरि, हर के अंश से चंद्र, दत्त तथा दुर्वासा का उत्पन्न होना। अंगिरा वंश वर्णन। वशिष्ट अरुंधती की सन्तान का वर्णन। मनु की तीसरी कन्या (दक्ष की भार्य्या) की संतान। इससे सोलह कन्यायें हुईं, जिनमें तेरह धर्म को दी गईं एक वन्हि को दी और एक सब पित्रों को दी और एक शिव को। धर्म की संतान का वर्णन।

(२) पृ० ६ से ८ तक—द्वितीय अध्याय। दक्ष तथा शिव के वैर भाव होने का कारण। दक्ष की सभा में शिव का अनादर। परस्पर श्रापों का दिया जाना।

(३) पृ० ८ से १० तक—तृतीय अध्याय। सती का अपने पिता के घर यज्ञ होना सुन कर शिव जी से विनय पूर्वक वहां जाने की आज्ञा चाहना, शिव जी का सकारण निषेध।

(४) पृ० १० से ११ तक—चतुर्थ अध्याय। सती की अवज्ञा, योगाग्नि से सती का शरीर भस्म कर डालना। शिव जी के गणों का उपद्रव मचाना।

(५) पृ० ११ से १२ तक—पंचम अध्याय—नारद से सूचना पा कर अपनी जटाओं से वीरभद्र को उत्पन्न कर उससे यज्ञ विध्वंस कराना।

(६) पृ० १२ से १३ तक—षष्ठम अध्याय—सुर मुनियों का तंग होकर विधि के पास जाना। विधि का अलकनन्दा पर जाकर शेष भाग (मख का) शिव जी को देने का वचन।

(७) पृ० १४ से १६ तक—सातवां अध्याय—शिव जी का शान्त होना, प्रजापति का बकरे का मुख करना। दक्ष द्वारा शंभु की स्तुति, शिव का प्रसन्न होकर फिर यज्ञ प्रारम्भ कराना, विष्णु का प्रगट हो कर दक्ष को उपदेश। यज्ञ पूर्ण होना, सती का हिमवंत के यहां उत्पन्न होना। उनको पुनः शिव पति प्राप्त हुए।

(८) पृ० १६ से २१ तक—आठवां अध्याय। ब्रह्मा द्वारा शठता और लोभ उत्पन्न किया जाना। उनसे हिंसा तथा क्रोध का उत्पन्न होना। इसी प्रकार अधर्म का वंश वर्णन। प्रियव्रत तथा उत्तानपाद का जन्म। सुनीति और सुरुचि दो रानियां उत्तान पाद को हुईं। सुरुचि बहुत प्यारी हुई। उसके द्वारा सुनीति पुत्र ध्रुव का अपमान, ध्रुव का तप निरत होना, कठिन तपस्या के लिये नारद से कुछ वाद होना, ईश्वर का गरुड़ से उक्त भक्त के पास चलने की आज्ञा देना।

(९) पृ० २१ से २५ तक—नवां अध्याय—ध्रुव की कठिन तपस्या से प्रेरित हुए हरि का आकर उसे दर्शन देना, उसका स्तुति करना, पुनः उसे राज्य करने की आज्ञा देकर उसकी दूसरी माता की तथा उसके पुत्र के विनाश और राजा के तप निरत होने का वर्णन। ध्रुव का घर की ओर जाना, राजा का आदर सहित उनको ले जाना, उसे राज्य देकर स्वयं बन को चला जाना।

(१०) पृ० २६ से २८ तक—दसवां अध्याय—ध्रुव का शिशुमार की कन्या भ्रमी के साथ विवाह करके उससे कल्प तथा वत्सर नामक दो पुत्रों का उत्पन्न करना। वायु की पुत्री इला से उतकल नामक पुत्र का उत्पन्न होना। उत्तम कुमार का मृगया के समय यक्ष द्वारा मारा जाना, उसकी माता का भी गमन करना, यह श्रवण कर ध्रुव का क्रोधित होना, घोर युद्ध का होना।

(११) पृ० २८ से ३० तक—ग्यारहवां अध्याय—ध्रुव तथा यक्षों का घोर युद्ध होना। यक्षों का भयभीत हो कर भागना। कुछ का विनाश, पीप और रक्त की वर्षा होना। विदुर का ध्रुव को साधुजनोचित उपदेश देना।

(१२) पृ० ३० से ३३ तक—बारहवां अध्याय। ध्रुव का तपस्या करना, ईश्वर की कृपा से उसके लिये विमान आना, दूतों के द्वारा उसका प्रबोध कि ईश्वर की आज्ञा से तुम्हारे लोक के चारों ओर सूर्य्य चन्द्रादि सब घूमते रहेंगे। माता का भी विमान पर बैठ कर स्वर्ग को जाना। इस कथा के पढ़ने का फल।

(१३) पृ० ३४ से ३७ तक—तेरहवां अध्याय। ध्रुव की संतति का वर्णन। इसी वंश में सुनिथ (अंग भार्य्या) के वेनु का उत्पन्न होना, उसका दुष्ट होना, अंग का वन गमन और वेनु के मरण का शाप दे जाना। जब नृप के विना कार्य्य संचालन उचित ढंग से न चल सका तो मुनियों ने वेनु के शरीर को मंथन करके वहीं आदि राज पृथु को प्रगट किया। प्रजा रक्षण के महान कर्त्तव्य के सम्मुख पुत्र को कुछ परवाह न करना।

(१४) पृ० ३७ से ४१ तक—चौदहवां अध्याय—विप्रादि का जन्म, राजा वेनु के पापाचार से होने वाले प्रजा के कुछ दुःखों का वर्णन।

(१५) पृ० ४१ से ४३ तक—पन्द्रहवां अध्याय—दोनों बाहुओं से पृथु तथा उनकी स्त्री की उत्पत्ति, प्रजा की प्रसन्नता सुरादि सहित।

(१६) पृ० ४३ से ४४ तक—सोलहवां अध्याय—राजा पृथु के राज्य के संबंध में देवताओं की कुछ भविष्यवाणी।

(१७) पृ० ४५ से ४७ तक—सत्रहवां अध्याय। प्रजा को दुखी देख कर राजा का पृथ्वी के ऊपर धनुष बाण लेकर प्रकोप करना, पृथ्वी की विनय।

(१८) पृ० ४८ से ५० तक—अठारहवां अध्याय—पृथु का पृथ्वी दोहन, देवों का बृहस्पति और असुरों का प्रह्लाद को वत्स बनाना। इसी प्रकार यक्षादि सब को पद भाग मिलना, अपनी पुत्री कर के पृथ्वी को स्थापित करना।

(१९) पृ० ५० से ५३ तक—उन्नीसवां अध्याय—पृथु का अश्वमेध यज्ञ करना, इन्द्र द्वारा अश्व चुराया जाना, पृथु पुत्र का इन्द्र पर चढ़ाई करना, दोनों दलों में समझौता हो जाना, यज्ञ में सब का आगम।

(२०) पृ० ५४ से ५७ तक—बीसवां अध्याय—राजा इन्द्र का पृथु से क्षमा याचना, ईश्वर का प्रगट होना, पृथु की स्तुति, ईश्वर का वर के लिये आदेश, पृथु का प्रजाहित सम्बन्धी कुछ कार्य्यों के पूर्ण होने का वर मांगना।

(२१) पृ० ५८ से ६१ तक—इक्कीसवां अध्याय—राजा पृथु की प्रजा के सुखी रहने का सूक्ष्म वर्णन, राजा का यज्ञ करना, उसमें सभा के बीच प्रजा को भगवद् भक्ति का उपदेश देना।

(२२) पृ० ६२ से ६६ तक—बाईसवां अध्याय—राजा के यज्ञ में सनतकुमार का आगमन। राजा की प्रसन्नता तथा स्तुति, सनतकुमार का राजा की प्रार्थना पर विष्णु भक्ति का उपदेश करना।

(२३) पृ० ६६ से ६८ तक—तेइसवां अध्याय—राजा पृथु का पुत्र को राज दे कर वन में तपस्या के लिये चला जाना, कठिन तपस्या कर के परम पद प्राप्त करना। इस कथा को पढ़ने का फल।

(२४) पृ० ६९ से ७३ तक चौबीसवां अध्याय—पृथु के वंशधरों का सूक्ष्म वर्णन। शिव जी की प्रशंसा तथा उनके दर्शनों की महत्ता और रुद्र गीता का वर्णन।

(२५) पृ० ७४ से ७७ तक—पच्चीसवां अध्याय—प्रचेता को महामुनि नारद का उपदेश। इस संबंध में उसे एक प्राचीन इतिहास सुनाना, राजा पुरंजन का अपने मंत्री अविजात सहित निवास के लिये स्थान खोजना, भोगवती नाम नगरी में दस दास दासियों सहित एक स्वरूपवती स्त्री का आगमन, दोनों की बात चीत

करा के विषयाशक्ति होने की कथा, दोनों का प्रेमपूर्वक नगर में निवास। राजा का स्त्री के वश तथा विहार में चित्त लग जाना।

(२६) पृ० ७८ से ८० तक छब्बीसवां अध्याय। पुरंजन का मृगया हेतु वन गमन, लौट कर आना, परिचारिकाओं द्वारा प्रेयसी के मान का कथन, उसे मनाना।

(२७) पृ० ८० से ८१ तक—सत्ताईसवां अध्याय। पुरंजन वंश वृद्धि, अन्त में यौवन व्यतीतकाल में पुरंजन का मृत्युकाल आजाना। उसका ग्राम लूटा जाना।

(२८) ८१ से ८४ तक—अट्ठाईसवां अध्याय। राजा पुरंजन का स्त्री के साथ मिल कर स्त्री रूप हो जाने के फल स्वरूप पुनर्जन्म में विदर्भ नगर के नृप की कन्या होना, उसका पति मलयध्वज हुआ। उससे श्रवणादिक सात सुतों की उत्पत्ति। दोनों स्त्री पुरुषों का तप करना, पति का देहावसान, स्त्री का शोक। ईश्वर का आगमन। स्त्री का प्रबोध। समझाना कि वास्तव में हम तुम एक ही हैं, मुकुर और प्रतिबिम्ब जितना अन्तर है।

(२९) पृ० ८५ से ८९ तक—उन्तीसवां अध्याय—नारद का उपरोक्त उदाहरण द्वारा सम्पूर्ण विषय इस शरीर पर ही घटा कर राजावहर्षि को कर्म की ओर प्रेरित करना, राजा का बालकों को राज देकर स्वयं तप के लिये कपिलाश्रम को चला जाना और प्रेम को सुदृढ़ कर ईश्वर के चरण कमलों में लिप्त होना।

(३०) पृ० ८९ से ९२ तक—तीसवां अध्याय—प्रचेता के तप से प्रसन्न होकर भगवान का उसे सुपुत्र पाने का वरदान प्रदान करना, राजा इन्द्र का कुंडऋषि का तप भंग करने के अभिप्राय से प्रेमलोचा नाम्नी अप्सरा को भेजना, उससे कन्या का उत्पन्न होना, कन्या को वृक्ष के कोटर में छोड़ कर अप्सरा का सुरलोक को प्रस्थान, उसी कन्या के साथ प्रचेता का विवाह करने की ईश्वर की आज्ञा। प्रचेता की स्तुति करना, भगवान का वर देना। उस कन्या से दक्ष की उत्पत्ति, पूर्व जिन्होंने शिव का अपमान किया था उसी का चाक्षुक मनु होना। इन्हीं के द्वारा फिर सृष्टि का प्रस्तार होना।

(३१ पृ० ९३ से ९६ तक—इकत्तीसवां अध्याय—प्रचेता का दक्षिण में जाज्वल्य मुनि के आश्रम को प्रस्थान कर तप करना, नारद का दर्शन होना, नारद का उपदेश, कृष्ण की भक्ति के लाभ।

ग्रंथ समाप्ति।

No. 218(*e*). Bhāgavata (Pañchama Skandha) by Śrī Kṛishṇadāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—80.

Size—$13\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—11. Extent—1,128 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1910 or A. D. 1853. Place of deposit—Hindī Pustakālaya, Nawābganja, Bārā Bankī (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ रामायनमः ॥

श्लोक—जस्याजातमिदं विश्वं स्थापितं जेन चित्रता । ते सर्व कारनं कृष्णं नमामि जगदीश्वरं ॥

दोहा—सेानक श्री शुक गिरा सुनि विष्णु रात सुख पाय ।
प्रश्न कियेा मन शंक लहि श्रद्धा जुत सिर नाय ॥
पाछे प्रियव्रत राज तुम वंश अनल जय जेाय ।
आप कहो अब सुनहु चित शंक हेात प्रिय सेाय ॥
भगवान मनु के ज्येष्ठ सुत प्रियव्रत राज्य द्विजेाग्य ।
उत्तानपात नृपवंश तुम भाखेा प्रथम मनेाग्य ॥
सौनिक विष्णु रात हिय अभिप्राय गंभोर ।
लखि श्री शुकदेव बेाले हरषि नृपहि सराहि सुघोर ॥
राजन सुनहु विचित्र यह प्रियवृत कथा अनूप ।
विराग प्रथ पुनि भेाग भू बहुरि मिले हरि रूप ॥

चौपाई—जेा कहिये भागवत प्रियव्रत । आत्माराम विवेको संमत ॥ श्री नारद उपदेश सुहाई । ब्रहाशक्ति पुनि भे किमि आई ॥ मुक्ति संग जे साधु सुजाना । तिनके उर जग काम न साना ॥ कृष्ण चरण सुख सागर भेाई । जगत वासना फुरै न कोई ॥ यह आचर्ज्ज कुटुम्ब फंसाई । पुनि हरि पद दृढ़ प्रीति तथाई ॥ तासु हेत राजन सब सुनिये । महिमा कृष्ण अपरमित्र गुनिये ॥

End.—इमि करि पुण्य स्वर्ग जे जावै । भेाग शेष पुनि इति विवि आवै ॥
निवृति लच्छन पथ प्रथम सुनायेा । अंडकेाष रूप यह गायेा ॥
पुरान चतुर्दश भुवन बखानै । श्रुतिवपु कृष्ण स्थूल प्रमानै ॥
श्रद्धा सहित याहि जेा कोई । सुनै सुनावै गावै जोई ॥
कृष्ण भक्ति निर्मल मति पावै । दुर्लभ पद श्री कृष्ण लहावै ॥
स्थूल सूक्ष्म कृष्ण सरूपा । सुनै सुमति चितलाय अनूपा ॥

इति श्री भागवते महापुराने परम्हंस संहितायां कृष्णदास कृतेा भाषा निबंधे पंचम स्कन्धे नर्क वर्णनं नाम् षष्टविसेाध्याय ॥ २६ ॥

Subject.—(१) पृ० १ से ७ तक—प्रथम अध्याय—प्रियव्रत की कथा, नारद के उपदेश से इनका विरक्त होना, इस समय में उत्तानपात के वंश ने चिरकाल तक राज्य किया। पश्चात् निस्तेज समझ कर मनु ने प्रियव्रत को राजा प्रियव्रत का ब्रह्मा के उपदेश से राज्य करना, विश्वकर्मा की पुत्री वर्हिष्मती के साथ इनका विवाह होना, उससे दश पुत्र और एक पुत्री का उत्पन्न होना, पुत्री का शुक्र के साथ विवाह होना, उससे देवयानि नाम्नी कन्या का होना। अंत में नारद जी की कृपा से उक्त नृपति का पुनः ईश्वर के ध्यान में निमग्न होना।

(२) पृ० ७ से ९ तक प्रियव्रत के पुत्र का (अग्नि धनिज) पुत्र के लिये यज्ञ करना, ब्रह्मा का एक अत्यंत रूपवती को वहां भेजना। उन दोनों का परस्पर आसक्त होकर सन्तानोत्पत्ति करना। उनकी संतान के विवाह संबंध।

(३) पृ० ९ से ११ तक—तृतीय अध्याय—नाभिदेव और मेरु देवि का पुत्र की कामना से यज्ञ करना। ईश्वर का वर के लिये कहना, स्वयं मेरु देवि के गर्भ में प्रगट होना।

(४) पृ० ११ से १३ तक—चतुर्थ अध्याय—नाभिदेव के पुत्र उत्पन्न होना, उसका नाम ऋषभदेव रखना, उन पर क्रोधित होकर उनके राज्य में वर्षा न करना, निज बल से जल बरसाना, इन्द्र की पुत्री जयन्ती के साथ इनका विवाह। उससे भरत का उत्पन्न होना, उसी के नाम पर इस देश का नाम भारत होना। ऋषभ की शीलता तथा गंभीरता का वर्णन।

(५) पृ० १२ से १७ तक—पांचवा अध्याय—ऋषभदेव की विरक्ति का वर्णन। उनके कुछ उपदेश। भरत को राज्य देकर स्वयं अजगर वृत्ति धारण करना। योग सिद्धि का आ जाना।

(६) पृ० १८ से २० तक—छठवां अध्याय—ऋषभदेव का उपदेश के लिये करनाटक गमन।

(७) पृ० २० से २१ तक—सातवां अध्याय—महाराज भरत को पंचजनी की कन्या ब्याही गई, उससे पांच पुत्र हुए। उनमें राज्य बांट कर उनका स्वयं तप को चल देना, पुलहाश्रम में गंडकी तीर पर वास।

(८) पृ० २१ से २४ तक—आठवां अध्याय—भरत का नदी के तीर जाना, वहां पर हाल की प्रसुता नारी का नदी में डूब कर मरना, बालक को भरत मुनि का ले आना, उसके प्रतिपालन में ही भगवद्भक्ति में लापरवाही, मरते समय बालक में ही चित्त जाने पर अगले जन्म में हिरनी के गर्भ से जन्म लेना। जन्म लेते ही गंडकी के तीर पर जा कर शरीर त्याग करना।

(९) पृ० २५ से २७ तक—नवां अध्याय—भरत का एक ब्राह्मण के घर में जन्म लेना, माता पिता का काल कवलित हो जाना, इनको लोगों का पशु, जड़ इत्यादि समझ लेना, इनका सबके कहने के अनुसार कार्य्य कर देना, एक दिन खेत रखाते हुए रात्रि को देवी की बलि के लिये इनको पकड़ ले जाना, देवी का उलटा बलिकर्त्ता को ही विनाश करना।

(१०) पृ० २८ से ३१ तक—दसवां अध्याय—राजा रघुगण का कपिल जी के आश्रम में ज्ञान शिक्षा के लिये जाना, मार्ग में से इनको शिविका उठाने के लिये पकड़ा जाना। शिविका के नियमानुसार न ले चल सकने के अपराध में राजा का कटुवाक्य, भरत का निरुत्तर रहना, राजा की और बातों का भी उत्तर न देना, राजा का क्रोधित होना, भरत का हंस कर कुछ ज्ञानोपदेश, राजा की भरत प्रति श्रद्धा होना और शिविका से उतर पड़ना।

(११) पृ० ३१ से ३२ तक—ग्यारहवां अध्याय—भरत तथा राजा रघुगन का संवाद, संसार को मिथ्या बता कर ईश्वर का सर्व व्यापी बताना और ज्ञान देना।

(१२) पृ० ३२ से ३३ तक—बारहवां अध्याय—बेगार आदि से जीवों के सताने का खंडन। अपने मृग होने का उदाहरण समझा कर मोह परित्याग की शिक्षा। राजा की क्षमा प्रार्थना।

(१३) पृ० ३४ से ३६ तक—तेरहवां अध्याय। माया मोह, षटरागादि खंडन कर के राजा का प्रबोधित करना।

(१४) पृ० ३७ से ३९ तक—चौदहवां अध्याय—शरीर का बनजारे के सदृश मोह तथा वासनाओं में फंस कर नाना प्रकार के कष्टों में फंसने का वर्णन उनसे बचने का उद्योग।

(१५) पृ० ४०—पन्द्रहवां अध्याय—प्रियव्रत के वंश का वर्णन।

(१६) पृ० ४१ से ४४ तक—सोलहवां अध्याय—अष्टद्वीप, नौ खंड, सप्त सागरादि के विस्तार रूप आकारादि का वर्णन।

(१७) पृ० ४५ से ४६ तक—सत्रहवां अध्याय—भूगोल वर्णन, नदो इत्यादि का वर्णन, भारत भूमि की महत्ता का वर्णन।

(१८) पृ० ४७ से ५० तक—अठारहवां अध्याय—सब खंडों के सेव्य तथा सेवकों का वर्णन।

(१९) पृ० ५१ से ५४ तक—उन्नीसवां अध्याय—भरतखंड के गिरि और उनसे निकलने वाली सरिताओं की नामावली। मलय, मंगलप्रस्थ, मैनाक,

त्रिकूट, यज्ञान, ऋषभ, कूट, कंकोलक, ऋष्यमूक, श्रीशैल, महेन्द्र, वारिधार, विंध्य, सुक्तमान, अक्षगिरि, पारिजात, चित्रकूट, गोवर्धन, रैवतककुंभ, गोमुख, इन्द्रनील और कामगिरि। इनसे प्रगट हुई नदियां—चंदवसा, ताम्रपर्णी, अवटोश, कृतमाला, कावेरी, पयश्वनी, शर्करावती, तुंगवती, तुंगभद्रा, कृष्णवेना, भीमरथी, गोदावरी, इत्यादि नदियां। कर्मों के अनुसार खंडों में निवास पाने का वर्णन। भारतवर्ष में जन्म लेने वाले की बड़ाई॥

(२०) पृ० ५४ से ६० तक—बीसवां अध्याय—द्वीपों का वर्णन, उनका विस्तार, प्रियव्रत के पुत्रों के नाम पर दीपादि के बसने का वर्णन।

(२१) पृ० ६० से ६२ तक—इक्कीसवां अध्याय—सूर्य्यलोक, चन्द्रलोक, इन्द्र लोक, सूर्य्य का अपने तेज से प्रकाशित होना और उसकी चाल का वर्णन। अन्य राशियों का वर्णन।

(२२) पृ० ६३ से ६५ तक—बाईसवां अध्याय—ज्योतिष चक्र वर्णन, राशियों तथा काल विभाग का वर्णन, ग्रहों की एक दूसरे से दूरी, महीने, पक्ष, सम्वतादि का वर्णन।

(२३) पृ० ६५ से ६७ तक—तेईसवां अध्याय—शिशुमार स्थान वर्णन, ध्रुव लोक वर्णन, चौदह नक्षत्रों का वास दक्षिण की ओर और शेष का उत्तर की ओर होने का वर्णन।

(२४) पृ० ६८ से ७१ तक—चौबीसवां अध्याय—सप्त विविरों का वर्णन। वहां की औषधियों इत्यादि का वर्णन। वहां के निवासियों की कीर्त्यादि का वर्णन।

(२५) पृ० ७१ से ७२ तक—पच्चीसवां अध्याय—कृष्ण की तामसी कला का नाम संकर्षण, ग्यारह रुद्रों का वर्णन।

(२६) पृ० ७२ से ८० तक—छब्बीसवां अध्याय—सब की प्रकृति के त्रिगुणात्मक होने का वर्णन। नरकों के नाम, प्राणियों के कर्मानुसार उनमें निवास पाने का वर्णन।

ग्रंथ समाप्ति।

No. 218(*f*). Bhāgavata (Shashṭha Skandha) by Śrī Kṛishṇadāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—72. Size—$13\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—11. Extent—900 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1980 or A. D. 1923. Place of deposit—Hindī Pustakālaya, Nawābagañj, Bārā Bankī (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ श्लोक—कर्त्ता ब्रह्माणं कोटीणां रक्षिता स्वच्छया विभु । या विता पतितानां पेात कृष्णं प्रणमाम्यहं ॥ १ ॥ नामाभासेन जस्यैव मुक्ति पाताद्य सिधैवः । ग्यात्वा स्मरंति जे वैतरनी तेषां तुलक्षये ॥ २ ॥

दोहा—सौनक श्री सुक वदन ससि सुधाश्रवित वर वैन । विष्णुरात करि श्रवण पुट पान लह्यौ अति चैन ॥ बहुरि लेाक हित शंक धरि प्रश्न कियेा शिर नाइ । नाथ निवृत्ति सपंथवर प्रथम कह्यौ तुम गाइ ॥ प्रवृत्ति लक्षन पुनि त्रिगुन में गत आगत व्याहार । अधर्म लक्षण गति नर्क की भाषी विविध प्रकार ॥

स्वयंभू मन्वंतर जेाई । प्रभाव सुनै जग मंगल सेाई ॥ प्रियव्रत उत्तानपाद पुनि वंसा । श्रवन कियेा प्रद पुन्य प्रशंसा ॥ दीप खंड जल निधि गिरि रूरिता बन धरनी मंडल जस महिता ॥ जेाति समूह जिते पाताला । श्रवन किये तव कृपा रसाला ॥ अब करुणा करि नाथ तथाई । कहहु दया भरि जन मुद दाई ॥ नर्क जाचना दुषद अपारी । लहै न नर जिमि हेाय सुखारी ॥ राजन काय वचन मन जेई । पाप करै नर समुझै तेई ॥ जथा विधि प्रायश्चित्त न करई । सेा मरि नर्क कष्ट नित भरई ॥ ताते जबलैां मृत्यु न हेाई । वेगि उपाय करै नर सेाई ॥ अल्प वृहत जस पाप निहारै । वैद जथा रुज तथा निवारै ॥ भगवन राजदंड सठ देखै । नर्क जातना सुनहि विसेखै ॥ जाने पाप अहै दुखदाई । प्रायश्चित करि बहुरि कराई ॥

End.—मंगल कारज समै सदाई । पठै प्रसंग यह सुचि हरखाई ॥ देव पितर हरि तेाष लहैं अति । देहि कामना चित्त अहै जति ॥ राजन मंगल मरुत जन्म जेा । पुनि दुतो व्रत हम गायेा सेा ॥ निष्काम सकाम करै केाउ प्रानी । कृष्ण कृपा लाधै मुद खानी ॥

सेारठा ॥ राजन महिमा कृष्ण गाय सकै केा जस अहै ।
जथा कियेा तुम प्रश्न मति सम हम कछु सेा कह्यो ॥

सेारठा—गुन श्री कृष्ण अनंत कहै सुनै बुध धन्य ते ।
लहै कृपा भगिवंत चतुर्वर्ग नित सुलभ तिन ॥

इति श्री भागवते महापुराने षष्टमस्कंधे परमहंस संहितायां वैशेसस्यां कृष्णदास कृतौ भाषा निबन्धे दिति व्रत निरुपन नाम एकोविंशमेाध्याय ॥ १९ ॥ अषाढ़ मासे शुक्ल पक्षे त्रिदशेायां सेामवासरे सम्वत् १९१० ॥

(१) पृ० १ से ८ तक—प्रथम चरित्रों का सिंहावलेाकन । पाप पुण्यानुसार स्वर्ग अथवा नरक पाने के विषय में प्रश्न । उत्तर में पापेां की गणना । उनके भेद तथा प्रायश्चित्तों का वर्णन । प्रसङ्गानुसार गुणादि ज्ञातव्य वार्ताओं का वर्णन । पापेां के दूर करने का सर्वोत्तम उपाय कृष्ण भक्ति, उदाहरण के लिये अजामिल

के तरने का दृष्टान्त, अजामिल का वेश्यागामी होना, उससे दस पुत्रों का उत्पन्न होना, सब से छोटे का नाम नारायण रख कर उससे प्रीति को दृढ़ करना, मरते समय उसका स्मरण आना, नारायण का नाम श्रवण कर ईश्वर के दूतों का आगमन, यमदूतों से उनका वादानुवाद। हरि पार्षदों द्वारा अजामिल के जीवन के पूर्व संचित पुण्य कार्य्यों का वर्णन और पश्चात् यमदूतों द्वारा उसके पापों की गणना।

(२) पृ० ९ से १३ तक—द्वितीय अध्याय। हरि पार्षदों के कथनानुसार यमदूतों का लौट जाना, अजामिल का सचेत हो कर इस कार्य्य को स्वप्न समझ कर चिन्ता करना, निर्वेद उत्पन्न होकर प्रभु के चरणारविन्द में मन दे हरिद्वार को गमन करना। वहां गंगा किनारे वेश्यादि का मोह छोड़ तप करना। हरि पार्षदों का आगमन, उसको उन्हें पहचान कर अभिवादन करना और उनको आज्ञानुसार सुरधाम को सिधारना।

(३) पृ० १३ से १६ तक—तृतीयाध्याय। यमदूतों का धर्मराज से अजामिल संबंधी झगड़े की शिकायत करना, उनके नाम की महत्ता समझा कर भविष्य के कार्य्य क्रम को समझाना।

(४) पृ० १७ से २१ तक—चौथा अध्याय। शौणक का स्वयंभू मनु के विषय में विस्तृत समाचार जानने की जिज्ञासा, शुकदेव जी का उत्तर। प्रचेतसादि वह्नि सुतों का समुद्र से बाहर आना, स्वासादि की फूंकों से वृक्ष, वटो इत्यादि का भस्म होना, यह देख कर सोम देव का उन्हें प्रबोध कर वृक्षों की सुता के नाम से एक अप्सरा प्रदान करना। उसके साथ उनका विवाह करके दक्ष प्रजापति का उत्पन्न करना, उनका कुछ मानसी सृष्टि उत्पन्न कर तप करना, ईश्वर का प्रगट हो कर दर्शन देना, उनका स्तुति करना और उनको प्रजापति पंचजन्य की कन्या देकर दोनों के संयोग से प्रजा वृद्धि का उपदेश देना।

(५) पृ० २२ से २५ तक—पांचवां अध्याय। प्रजापति दक्ष के पांच पुत्र उत्पन्न होना। नारद के उपदेश से उनका परमहंस व्रत धारण करना, इसी प्रकार उनके सवा लक्ष बालकों को इसी उपदेशानुसार सन्तानोत्पत्ति से पृथक् रखना, दक्ष का क्रोध करना, नारद का उनकी सभा में गमन, दक्ष का उनके लिये कटु वाक्यों का प्रयोग। दक्ष द्वारा नारद को अभिशाप दिया जाना कि तुम कभी बैठने न पाओगे, सदैव भ्रमण करते फिरोगे। नारद का शाप शिरोधार्य करना।

(६) पृ० २६ से ३० तक—छठवां अध्याय। सुर, दानव, भूत पिशाचादि सम्पूर्ण विश्व की रचना का वर्णन। किस पुरुष और किस स्त्री से कौन कौन उत्पन्न हुए इसका निरूपण।

(७) पृ० ३० से ३३ तक—सातवां अध्याय। देवताओं का साभिमान हो जाना, एक बेर इन्द्र का दर्प सहित सभा में विराजमान होना, गुरु बृहस्पति के आने पर न उठना, उनका क्रोधित हो कर मौन धारण कर उठ जाना, इन्द्र का सचेत होना, गुरू के घर क्षमा प्रार्थना के लिये जाना, उनका अन्तर्धान होना, देवताओं का दुखित हो कर ब्रह्मा के कथनानुसार विश्वरूप को गुरू करना और गुरू के अभाव में पराजित हुए सुरों का पुनः ऐश्वर्य प्राप्त करना।

(८) पृ० ३४ से ३५ तक—आठवां अध्याय। विश्वरूप का इन्द्र को एक कवच प्रदान करना, कवच में तीनों लोकों में से किसी भी लोक के बली से भय न होने इत्यादि गुणों का वर्णन। इस कवच का पूर्व चरित्र।

(९) पृ० ३५—३९ तक—नवां अध्याय। विश्वरूप से तीन मस्तक होना, उसका सिर हार जाना, सोम, सुरा और अन्नाद ये उनके नाम हुए। सोमपीत का कपोत, सुरापीत का पारावत और अन्नाद का तीतर होना। इस ब्रह्महत्या का इन्द्र पर लगना, उसका उसे निवारण न करना, उस पाप का भूमि वृक्ष, स्त्री तथा जल, इन चारों का परस्पर बराबर बराबर बांट लेना। वृत्तासुर की उत्पत्ति, वृत्तासुर विनाश के लिये देवगण की ईश्वर से प्रार्थना, ईश्वर की सम्मति से उसके विनाश के लिये दधीच की हड्डियां मंगाना।

(१०) पृ० ३९ से ४२ तक—दसवां अध्याय। दधीच का परोपकार में शरीर त्याग। देवताओं का अस्थि ग्रहण, देवासुर संग्राम, दैत्यराज का सिंहनाद, अपनी सेना के सन्मुख, जिससे कोई पलायन न करे।

(११) पृ० ४२ से ४४ तक—ग्यारहवां अध्याय। युद्ध का वर्णन और पारस्परिक वीर प्रलाप।

(१२) पृ० ४४ से ४७ तक—बारहवां अध्याय। युद्ध में वृत्तासुर का वोध युक्त भाषण, इन्द्र द्वारा उसको सराहना, इन्द्र द्वारा वृत्त की भुजाओं का विनाश, वृत्तासुर का इन्द्र को निगल जाना, उनका वहां से जीवित निकल आना, उसका सिर काटना, सिर का बड़ी कठिनाई से कटना, वृत्त के शरीर त्याग के समय तेज निकलना।

(१३) पृ० ४७ से ४९ तक—तेरहवां अध्याय। इन्द्र के पीछे हत्या का रूप धारण कर के दौड़ना, इन्द्र का जल में छिपना, नहुष का इन्द्रासन ग्रहण, शची प्रसंगेच्छा रूप पाप से उक्त राजा का सर्प हो जाना, बृहस्पति का आगमन। इन्द्र का पुनः बुलाया जाना।

(१४) पृ० ४९ से ५३ तक—चौदहवां अध्याय। राजा का प्रश्न कि वृत्तासुर जैसे पापी को ईश्वर में भक्ति होने का क्या कारण है। सूरसेन राजा के ऊपर

धन धान्य तथा कोटि सुंदरियां थीं, किन्तु सन्तान न होने के कारण वह दुखी था। अंगिरा के प्रसाद से सन्तान का होना, राजा रानी की पुत्र से प्रीति की अधिकता, अन्य स्त्रियों की जलन, लड़के को विष दिया जाना। राजा रानी का शोक, श्री अंगिरा तथा नारद जी का आगमन।

(१५) पृ० ५४ से ५६ तक—पन्द्रहवां अध्याय। नारद तथा अंगिरा का प्रगट हो कर राजा को बोध देना।

(१६) पृ० ५६ से ५९ तक—सोलहवां अध्याय। नारद का मृत पुत्र से राजा की बात चीत कराना "कि न जाने यह हमारे कै बार पुत्र हुए और हम इनके कै बार हुए, जीव केवल कर्म के वश है" इस प्रकार कह जीव का अन्तर्धान होना। राजा चित्रकेतु को ज्ञान होना, नारद का मंत्र देना, ईश्वर के दर्शन, स्तुति, भगवान का वरदान।

(१७) पृ० ५९ से ६३ तक—राजा का एक विमान में बैठ कर सुरपुर जाना, विविध ऐश्वर्यों का उपभोग करना, एक दिन शिव पार्वती को कामी समझ कर उनकी हंसी करना, शिव का शाप देना कि तू राक्षस हो जा। राजा का प्रसन्नता पूर्वक कर्म को प्रधान बता कर कृष्ण की आज्ञा ही से ऐसा होने का कथन। शिव का शिवा के सन्मुख राजा की प्रशंसा करना। केवल अभिशाप के वशीभूत होकर उसके राक्षस होने का वर्णन और इसी लिये उसका कृष्ण भक्त होने का कथन।

(१८) पृ० ६३ से ७० तक—अठारहवां अध्याय। अग्नि, वरुण, भृगु, वाल्मीकि, कुम्भजादि की उत्पत्ति, कश्यप की भार्य्या दिति से हिरण्यकश्यप और हिरण्याक्ष के जन्म लेने का कथन। वाणासुर की शिवाराधना का कथन, अदिति का सुरपति को मदान्ध पाकर पति की सेवा कर इन्द्र विनाशक पति का वर पाना, कश्यप का बहुत सी बातों के, यथा शुचि रहने, किसी से बुरा वचन न कहने इत्यादि का प्रथम से ही प्रतिज्ञा करा लेना। इन्द्र की माता के सदृश अदिति की सेवा करना, एक दिन पवित्र न रहने पर उनका सो जाना, इन्द्र का गर्भ के सात खंड करना, उसका इन्द्र को भाई कह कर विनाश न करने की प्रार्थना करना, अदिति का जागना, उन टुकड़ों से कई पुत्रों का होना। इन्द्र द्वारा सब समाचार जानना।

(१९) पृ० ७१ से ७२ तक—पुत्र की कामना रखने वाले स्त्री पुरुषों के प्रति व्रत का विधान।

No. 218(*g*). Bhāgavata (Saptama Skandha) by Śrī Krishṇadāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—48.

Size—$13\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—11. Extent—693 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1910. Place of deposit—Hindī Pustakālaya, Nawābagañj, Bārā Bankī (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥

श्लोक—भक्त दिह विनासत्ये नृसिंघं रूपजत्कृतं ।
स्वभक्त वत्सलं कृष्णं त्वं वंदे करुणा निधिं ॥

दोहा—सौनिक श्री शुक वचन सुनि विष्णु रात लहि शंक ।
प्रश्न कियेा कर जेारि नय लखि मुनि वदन मयंक ॥
भगवन सम प्रिय सुहृदै अति कृष्ण सकल जग प्रानि ।
वैरी इव किमि इन्द्र हित हते देत दुख मानि ॥

चौपाई ॥ यह संसै प्रभु गुन मह जेा मम । हरौ अशेष अपर नहिं तुम सम ॥
राजन प्रश्न तव जग सुखकारी । पूछे कृष्ण चरित अघहारी ॥
कृष्ण भक्ति महिमा अति भारी । भक्ति अनन्य विवर्द्धन कारी ॥
नारदादि जे संत पुनीता । कहै सुनै तेहि सदा सुनीता ॥
व्यर्थ जन्म तेहि सुनै न जेाई । कहै न लहि जेाहा वर सेाई ॥
मुक्ति नसेनो पाय मंदमति । चढ़ै न तापै जेा ये अधम गति ॥
ताते कृष्ण अमल जस सेाई । वरनै सुनै कृतारथ सेाई ॥
कृष्ण चरित्र आश्रित इतिहासा । राजन कहौ वंद पद व्यासा ॥

End.—श्रुति ब्रह्मा सनकादि सिव शेष मुनि वृन्द समंत ।
जगपावन श्री कृष्ण गुन गाय न पावै अंत ॥

परब्रह्म श्री कृष्ण प्रभु करै सदन तव वास । जिन पद-रज दुर्लभ सबहि हमैं सदा चित आस ॥ विष्णुरात नारद वचन धर्मराज सुनि येह । गति अनन्य सब तजि कियेा कृष्ण चरण दृढ़ नेह ॥

कृष्ण चरण रज धारि सिर धर्म नृपहि सुख देइ ।
पूजित ह्वै नारद चले हिय श्री कृष्ण छवि लेइ ॥
श्री कृष्ण दास हित वपु धरै नाना विधि सब काल ।
ऐसे प्रभुहि न जेा भजै किमि न परै भव जाल ॥

इति श्री भागवते महापुराणे सप्तम स्कंधे परमहंस संहितायां वैयासिक्यां नारद युधिष्ठिर सम्वादे कृष्णदास कृतेा भाषा निबंधे सदाचार निरूपनं नाम पंचदशमेाध्याय ॥ सप्तम स्कंधे समाप्तं ॥ श्रावण मासे शुक्ल पक्षे तिथौ द्वितीयायां शनिवासरे संवत् १९१० ।

Subject.—(१) पृ० १ से ६ तक—प्रथम अध्याय।

शंका—जब ईश्वर ने ही सुर, असुर दोनों बनाए तो फिर एक मित्र दूसरा शत्रु यह अन्याय कैसा? इस शंका का निवारण कि ईश्वर विकार दूर कर सब को मुक्ति देता है। वैर, भक्ति, ईर्ष्या मित्र भाव और काम विवशता इत्यादि किसी प्रकार भी उसका नाम लीजिये मुक्ति प्राप्त होगी, इसके उदाहरण। ईश्वर के द्वारपालों का सनकादि ब्रह्म पुत्रों से अभिशाप पाने का वर्णन।

(२) पृ० ६—१० तक—दूसरा अध्याय।

अपने भाई का वाराह अवतार द्वारा विनाश समझ कर अत्यंत क्रोधित होना। और अपने सहचर सभी राक्षसों को आज्ञा देना कि गौ ब्राह्मण तथा देवताओं को अपना शत्रु समझो। यज्ञ होमादि को पाप समझ कर इन का सर्वथा निषेध करो, और पुष्प वाटिका आदि जो जो वस्तुएं भगवान को रुचिकर हैं उन्हें जहां पाओ नष्ट करो। अपनी भ्रातृ वधू तथा माता को सान्त्वना देना। प्रमाण के लिये उत्पत्ति तथा विनाशादि का नियम ही बताने के लिये यम ने जिस प्रकार अपने भाई कबन्ध को स्त्री को समझाया था, समझाना, यम का बन के जाल में फंसे नर के मोह में किसी कुलांगना ने अपने प्राण देकर मूर्खता की थी ऐसा न करना चाहिये, यह समझाना और इसी के द्वारा उक्त राक्षस का अपनी माता तथा भ्रातृ वधू का शोकापहरण करना।

(३) पृ० ११ से १३ तक—तीसरा अध्याय।

हिरण्यकश्यप की कठिन तपस्या (मंदराचल पर जाकर) करना। धर्मराज से अमर होने का वरदान, अन्दर, बाहर, भीतर, ऊपर नीचे इत्यादि में न मरने का वरदान।

(४) पृ० १३ से १६ तक—चौथा अध्याय।

उसके राज्य में उसके लिये सब प्रकार से आनन्द हो गया। उसने सब को विजय कर लिया, भगवान के पास काल का प्रार्थना करना, भगवान का सम्पूर्ण देवताओं को सान्त्वना देकर अवतार लेने को कहना। प्रह्लाद का जन्म, उसके कुछ गुण।

(५) पृ० १६ से २१ तक—पांचवां अध्याय।

संडा मर्कट के पास प्रह्लाद को पढ़ने के लिये भेजना, प्रह्लाद का भगवद्भक्त होना, राजा के पास सुत का आना। उसके मुख से कृष्ण का नाम श्रवण कर राक्षस राज का क्रोधित होना, गुरु को फटकारना, उसका विवशता बताना, प्रह्लाद को यातनाएं देना।

(६) पृ० २१ से २३ तक—छठवां अध्याय।

प्रह्लाद के मुख से भगवान कृष्ण की प्रशंसा किया जाना।

(७) पृ० २३ से २६ तक—सातवां अध्याय।

प्रह्लाद का कथन कि जब मैं अपनी माता के गर्भ ही में था और मेरे पिता तपस्या करने चले गए थे तब इन्द्र ने गर्भपात करना चाहा था, किन्तु नारद ने मुझे परम भागवत बतला कर छुड़ाया था, पुनः जब मैं ऋषि आश्रम में आया तब भी मुझे भक्ति माहात्म्य ज्ञात हुआ। मैं इस उत्तम कार्य को कदापि न त्यागूंगा।

(८) पृ० २७ से ३४ तक—आठवां तथा नवां अध्याय।

गुरु के कथनानुसार जब हिरण्यकश्यप को ज्ञात हुआ कि यह किसी दूसरे ईश्वर को मानता है तो हिरण्यकश्यप का रुष्ट हो कर पुत्र वध निश्चित करना, विविध उपायोपरांत उसे खंभ में बांधना, प्रह्लाद का ईश्वर स्तवन करना। राक्षस का नरसिंह द्वारा वध। प्रह्लाद का प्रभु की स्तुति करना, शान्ति धारण करके प्रभु का प्रह्लाद से वर मांगने का कथन।

(१०) पृ० ३४ से ३७ तक—दसवां अध्याय।

प्रह्लाद का केवल भक्ति वर मांगना। प्रभु का कथन कि तुम अनन्य भक्त होगे और अंत में मेरा पद प्राप्त करोगे। तौ भी मन्वंतर भर राज्य करो। मेरी पूजा करो और सब सुकर्मों में चित्त दो। प्रह्लाद की विनती। शिव जी के त्रिपुर से जय प्राप्त करने का वर्णन।

(११) पृ० ३८ से ४१ तक—ग्यारहवां तथा बारहवां अध्याय।

कृष्ण के गुणों का कथन, चारों आश्रमों के नाम और उनके धर्मों का कथन।

(१२) पृ० ४१ से ४३ तक—तेरहवां अध्याय।

निष्काम भक्ति का वर्णन। प्रह्लाद और अजगर मुनि का संवाद प्रह्लाद का प्रश्न कि महाराज आप का शरीर इतनी पीवरता क्यों धारण किए है, आप निर्द्वंद क्यों है। परमहंस का उत्तर कि मुझे किसी की निन्दा स्तुति से कुछ अभिप्राय नहीं, अतः कुछ चिन्ता भी नहीं, जो मिल गया सो खा लिया और राम का भजन किया, मस्त पड़े रहे।

(१३) पृ० ४३ से ४४—चौदहवां अध्याय।

गृहस्थ धर्म से ही मोक्ष पाने का कथन। सब कर्म दृढ़ता के साथ करना, फल कृष्ण को समर्पित करना, किसी को बुराई भलाई न करना। साधु विप्र की सेवा में निरत होना, इत्यादि।

(१४) पृ० ४५ से ४८ तक—पन्द्रहवां अध्याय।

भक्ति के सम्बन्ध में कुछ उपदेश। निष्काम भक्ति का आदेश, लोभ का त्याग। संतोष में प्रेम, काम क्रोधादि का परित्याग, दंभ को छोड़ देना, मन जीतने का विधान, वर्णाश्रमियों के अपने अपने धर्म छोड़ने में पाप का कथन। प्रवृत्ति निवृत्ति मार्गों का कथन। कृष्ण-गुण गान की महिमा।

No. 218(*h*). Bhāgavata (Ashṭama Skandha) by Śrī Kṛishṇadāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—66. Size—$13\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—11. Extent—930 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Hindī Pustakālaya, Nawābagañja, Bārābankī (Oūdh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ श्लोक ॥ स्वधर्म स्थापनाय भक्त संरक्षनाये च ॥ धारनं विविधं रूपं कृष्ण वन्दे तमीश्वरं ॥ १ ॥ दोहा ॥ भगवन स्वयंभू मनु वंस, सुन्यौ विस्तार ॥ मरीचादिक जित सृष्टि सुचि अपर मनु कह्यो सुख सार ॥ धर्म सनातन विविध जित हरि अवतार चरित्र ॥ गावै बुध जे नित्य गुरु कहिये मोहि पवित्र ॥ जेहि मह जस चरित हरि करै कलत्रय जुक्त। कहहु गुरु ते सर्मपद वद मुमुछू मुक्त ॥ चौपाई ॥ विष्णुरात येहि कल्प विजानौ ॥ स्वयंभू आदि षट मनुगत मानौ ॥ आषि बखानि कह्यो तुम पाहो ॥ देवादिसृष्टि जित अमित सुहाई ॥ आकूती देवहूती विव जेई ॥ स्वयंभू मुन तनया तेई ॥ धर्मज्ञान उपदेश हेत हरि ॥ पुत्र होय प्रगटे तित वपु धरि ॥ पूरव कपिल चरित हम गायो ॥ जग्य प्रभू कृत अब सुनौ सुहायौ ॥

End.—प्रलै निशा बीतो जब सोई। ब्रह्मा उठै प्रबोधित होई ॥
हयग्रीव दानौं प्रभु मारा। विधि कह दीन्हे वेद सुभारा ॥
सत्यवृत राजा वर सोई। भक्तिज्ञान विज्ञान जुत होई ॥
राजन कृष्ण कृपा ते जानौ। अब रवि सुत वैवस्वत मानौ ॥
वृत्ता मानुष उलहिये सोई। सत्यवृत्त मनिवृत्त पूरव रहा जोई ॥
मत्स्य स्वरूप चरित्र सुहाये। राजन मति सम हम कछु गाये ॥
सत्यवृत पूरव रह जोई। मत्स्य स्वरूप चरित्र सुहाई ॥
× × × ×
ओम अगम वसि सिंधु मह, जासु नाम दृढ़ सेतु।
श्रीकृष्ण तेई नित दास के सब विधि मंगल हेतु ॥

Subject.—पृ० १ से ४ तक—प्रथम अध्याय।

कृष्ण की वन्दना, प्रस्तावना, इस कल्प में विष्णुरात को मनु मानना चाहिये। सात मनु प्रथम हो चुके। मनु का वंश वर्णन।

(२) पृ० ४ से ६ तक—द्वितीय अध्याय।

त्रिकूट पर्वत की शोभादि का वर्णन। करि करिनियों का उस पर्वत के निकट वाले सरोवर में जल क्रीड़ा करना, गज को ग्राह का पकड़ लेना।

(३) पृष्ट ६ से ८ तक—तृतीय अध्याय।

गज द्वारा परमात्मा की स्तुति, परमात्मा का उसे छुड़ाना, उसका उनको आरती उतारना।

(४) पृ० ८ से ९ तक—चतुर्थ अध्याय।

ग्रह का गांधर्व रूप, गजेन्द्र का पूर्व चरित्र, भगवान का चतुर्भुज रूप धारण करना, देवादि को पुष्प वर्षा।

(५) पृ० ९—११ तक—पंचम अध्याय।

पंचम मनु रैवत के वंश का कुछ वर्णन, दुर्वासा के शाप से सुरों का बल विहीन होना, ब्रह्मा प्रार्थना और उनका विष्णु भगवान का स्मरण करना। अंत में यह निश्चय होना कि त्रिदेव सुरों को साथ लेकर ब्रह्म की आराधना करें, उन सब का सागर तीर जाकर वन्दना करना॥

(६) पृ० १२—१४ तक—छठवां अध्याय।

परमात्मा की सम्मति से सुरों का दानवों से मिल कर मंदराचल उखाड़ कर लाना, समुद्र पर उसे ले जाना।

(७) पृ० १५—१७ तक—सातवां अध्याय।

मंदराचल की रई और शेषनाग को रस्सी बना कर सागर को मंथन करना, प्रथम विष निकलना, उसकी ज्वाला से सम्पूर्ण सुरासुरों का पीड़ित होना, शिवजी द्वारा उस विष का पीया जाना और इस प्रकार उनकी रक्षा होना।

(८) पृ० १७—२० तक—आठवां अध्याय।

फिर कामधेनु निकली जिसे ऋषियों ने ग्रहण किया, उच्चश्रवा घोड़ा निकला जिसको देख कर बलि ललचाया, ऐरावत हस्ती उत्पन्न हुआ, पारिजात निकला, अप्सरा निकली, फिर रमा निकली जिसे भगवान ने वरा। फिर वारुणी प्रगट हुई जो असुरों द्वारा ग्रहण की गई। धन्वन्तर निकले। अमृत निकला जिस के लिये परस्पर युद्ध हुआ, कोई उपाय न देख कर भगवान का नव यौवना स्त्री का रूप धारण करना।

(९) पृ० २०—२९ तक—नवां दसवां तथा ग्यारहवां अध्याय।

स्त्री पर मोहित होकर उसको ही न्यायाधीश निश्चित कर अमृत बंटवाना, उसका सुरों को पिला देना, देवासुर संग्राम, केतु शिरच्छेदन, असुरों का विनास, शुक्र द्वारा उनका पुनः जीना।

(१२) ३०—३२ पृ० तक—बारहवां अध्याय।

शिव जी का सपलोक प्रभु के पास आकर मोहनी रूप धारण करने की प्रार्थना करना, प्रभु का मोहनी रूप धारण करना, शिवजी का उसे देख कर विवश हो उसके पीछे पड़ना, वीर्य स्खलित होना, प्रभु का अपनी माया दूर कर शिव जी को उपदेश देना।

(१३) पृ० ३३—तेरहवां अध्याय।

मनुओं का वर्णन। उनसे उत्पन्न शनिश्चरादि का वर्णन।

(१४) पृ० ३४—३६ तक—चौदहवां अध्याय उपरोक्त संतान के इन्द्रियादि के कार्यों का वर्णन।

(१५). पृ० ३६—३८ तक—पन्द्रहवां अध्याय।

बलि के नगरादि की सुखमा का वर्णन। उसका विजय प्राप्त करके अश्वमेध यज्ञ करना।

(१६) पृ० ३९—४१ तक—सोलहवां अध्याय।

अदिति की पुत्र कामना, कृष्ण भक्ति की रीति, व्रत का विधान।

(१७) पृ० ४१—४३ तक—सत्रहवां अध्याय।

अदिति की कृष्ण भक्ति, उनका गर्भ में आने का अभिवचन, गर्भ का हाल जान कर कश्यप को विनती।

(१८) पृ० ४३—४५ तक—अठारहवां अध्याय।

गर्भ से भगवान का उद्भूत होना। चतुर्भुज रूप दिखाना, प्रभु की शोभा का वर्णन। उनका वावन रूप धारण कर बलि के पास जाना, बलि का उनके रूप पर मोहित होकर मनोवांछित द्रव्य देने का अभिवचन देना।

(१९) पृ० ४६—४९ तक—उन्नीसवां अध्याय।

कृष्ण (वावन) के द्वारा उसके वंश को बड़ाई किया जाना, तीन पैड़े भूमि उससे मांगना, उसका अधिक के लिये आग्रह। शुक्र का विरोध।

(२०) पृ० ५०—५२ तक—बीसवां अध्याय।

बलि का हरि द्वारा छला जाना।

(२१) पृ० ५२—५४ तक—इक्कीसवां अध्याय।

असुरों का उनको छली समझ कर मारने को दौड़ना, बलि को ऐसी कुबुद्धि न होना, दो ही पदों में सम्पूर्ण भूमि समाप्त हो जाने पर शेष तीसरे पद का तकाजा करना।

(२२) पृ० ५४—५७ तक—बाईसवां अध्याय।

बलि का अपने शरीर को नापने की प्रार्थना, ईश्वर का प्रसन्न हो कर उसे पाताल का राज्य देना।

(२३) पृ० ५८—५९ तक—तेईसवां अध्याय।

बलि का वामन जी के आज्ञानुसार पाताल को पधारना, ब्रह्मादि का वामन को उपेन्द्र बना कर अभिषेक करना। सब देवताओं सहित उनका विमान पर चढ़ कर जाना। इस कथा के पढ़ने का फल।

(२४) पृ० ५९—६६ तक—चौबीसवां अध्याय।

मत्स्य अवतार का वर्णन। प्रलय के अनन्तर कालवश ब्रह्मा को निद्रा आना, उसके मुख से चारो वेदों का निकल पड़ना, हयग्रीव दानव का उन्हें लेना, ईश्वर का मत्स्यरूप धारण करना, वहां सत्यरूप का तप में निरत होना देखना, ईश्वर (मत्स्यरूप) का उसकी अंजुली में आ जाना, उसका दया करके उसे जल में छोड़ देना, मीन की विनती पुनः राजा की हो रक्षा में रखने के लिये। राजा का स्वीकार कर उसे घड़े में रखना, आकार बड़ा हो जाने पर तालाब में रखना, पुनः बहुत बढ़ जाने पर सागर में ले जाना, राजा का प्रभु को पांहचानना, उनका प्रलय का संवाद देना। प्रलय का होना, ईश्वर के आदेशानुसार राजा का औषधि इत्यादि लेकर नाव पर चढ़ कर बहना। सप्त ऋषियों की नाव के साथ राजा का समागम, भगवान का उपरोक्त दानव से वेदों का छीनना, राजा का ईश्वर की विनती करना, प्रलय के पश्चात् ब्रह्मा का जागना, हरि से वेदों का पाना, यही राजा वैवस्वत मनु हुए। इस कथा के पठन से लाभ।

No. 218(*i*). Bhāgavata (Nawama Skandha) by Kṛishṇa-dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—88. Size—$13\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—11. Extent—1,331 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—1910 Samvat or 1853 A. D. Place of deposit—Hindī Pustakālaya, Nawābgañja, Bārābanki (Oudh).

Beginning.—श्रीगणेशायनमः ॥ श्लोक ॥ द्वै वंसौ जाविता जेन भक्ति स्याप्य स्व जन्मनः ॥ तारितं अखिले विश्वं तं कृष्णं संस्मराम्यहं ॥ दोहा ॥ भगवन मन्वंतर सकल तव मुख सुने सुजान ॥ तथा लोक पावन चरित जे तित कृत

भगवान ॥ कह्यो राज रिषि गाय तुम सत्य व्रत वर जाय ॥ प्रभू कृपा गत कल्प जिन्ह ग्यान लह्यो शुभ सोय ॥ तेई पुनि रवि सुत भये वैवस्वत मनु नाम ॥ इक्ष्वाकु आदि तिन्ह तनय तुम कहे पूरव अभिराम ॥ तिन के वंश भये जे भूपा ॥ पुनि पुनि निज कृत जस चरित अनूपा ॥ भये होंहि जे अब है जेई ॥ कहिये भिन्न सकल प्रभु तेई ॥ पुन्य चरित तिनके अघहारो ॥ सुनिये नाथ चाह मोंहि भारो ॥ सौनक नृप के प्रश्न सुहाये । सुनि श्री सुक हसि उत्तर गाये ॥ राजन सुभग उ वंस सुनोजै ॥ भाषै स्वल्प अपार गुनोजै ॥ अखिल विश्व कारण प्रभु जेई ॥ रहै प्रलय के अंत सुतेई ॥ तिन्ह को नाभि कमल भै जानौ ॥ प्रगटे तित ब्रह्मा परिमानौ ॥ विधि मनते मरीचि उपजाये ॥ तिन्ह सुत कस्यप भये सुहाये ॥ कस्यप आदिती ते जनमाये ॥ विवषान सुतवर गुन छाये ॥ विवस्यान संज्ञा लहि नारी ॥ प्रगटायो श्राद्ध देव सुत भारी ॥

End.—संकर्षण जुत चरित अपारे ॥ प्रभु कीन्हे जन मुद प्रद भारे ॥ ब्रह्मादि देव लखि अचरज गावै ॥ अति निज हित गुनि प्रति क्षन गावै ॥ कलि गत जोव मलिन अति जानी ॥ दुःख शोक तम हर मुदखानी ॥ अमल कीरति अस निज विस्तारो ॥ दासन परिकर किया अपारी ॥ संत करण अमृत वर जोई ॥ कृष्ण सुजस शुभ कीरति सोई ॥ श्रुत अंजलि नर लव कर पाना ॥ अनायास पद लह निर्वाना ॥ भोज वृष्णी अंधक मधु जेते ॥ सूरसेन कुरु श्रंजय तेते ॥ दसहि पाडु सब जग हितकारी ॥ कृष्ण करो लीला अति प्यारी ॥ दोहा ॥ मंद हसनि जुत नेह दृग कंज कटाछ प्रचार ॥ श्री मूरत अनुपम जगहि दरसाय दियो मुद भार ॥ अखंड मंडल जिन्ह वदन सासि सुधामाधुरो भार ॥ तृप्त न भे जग नैन करि पान निमिहि रिसि धार ॥ प्रगट होय वसुदेव गृह कृत विहार वृजजाय ॥ अरि हति किये विवाह तित सुत उपजाय निकाय ॥ करि मष पूज्यो रूप निज श्रुति पथ जग दरसाय ॥ कलह निमित्त कुरु भार भू हरि अर्जुन जय गाय ॥ छंद ॥ परब्रह्म परात्पर मायाधि पति श्री कृष्ण जो ॥ अधर्म नाशक धर्म थापक पल विहित जन सुखद सो ॥ जदुकुल प्रगटि वृज विहरि जग पावन सुजस भव मंडितं ॥ तेहि गाय सुनि गति लहै बुध कृष्णदास अखंडितं ॥ इति नवम स्कंध समाप्त ॥ कुवार वदी ११ संवत् १९१० ॥

Subject.—पृ० १—५ तक—प्रथम अध्याय ।

इतिहासाख्यान, सृष्टि निरूपण, प्रलय के अन्त में प्रभु की नाभि से कमल, कमल से ब्रह्मा, विधि मन से मरीचि और मरीचि से कश्यप की उत्पत्ति का वर्णन, कश्यप से वैवस्यान, उनसे श्राद्ध देव, इनको श्रद्धा नाम धारिणी स्त्री से दस पुत्रों का उत्पन्न होना । इन्हीं के दस वंश हुए । प्रथम पुत्र के हेतु मनु का अपने गुरु वशिष्ठ द्वारा यज्ञ कराना, उसको स्त्री का पुत्री की इच्छा करना

'इला' नाम की पुत्री का उत्पन्न होना, इला का पुरुष होना, उसका नाम धूम्र होना, उसका मृगया खेलने जाना, वहीं उनका स्त्री स्वरूप हो जाना, इसका कारण यह बताया जाना कि एक दिन वहां सनकादि ने पार्वती जी को नग्नावस्था में देख लिया, वह बड़ी लज्जित हुईं, और उसी दिन से यह कह दिया कि जो पुरुष यहां आवे वह स्त्री हो जाय। इला स्त्री हो कर भ्रमण करने लगी, उसे कहीं सोमराज सुत (बुध) मिले, दोनों का विवाह संबंध हो गया उनसे पुरुरवा नामक पुत्र उत्पन्न हुआ, इनका वशिष्ट जी द्वारा शिवजी की आराधना से पुनः पुरुष होना, पुत्र उत्पन्न करना, स्वयं बन को चला जाना।

(२) पृ० ५—८ तक—द्वितीय अध्याय।

सूर्य्यवंश वर्णन। वैवस्वत का पुत्र इच्छा कर के यज्ञ करना, उनसे इक्ष्वाकादि दस पुत्रों का उत्पन्न होना। इनके प्रपेभ्र नाम पुत्र को गुरु ने गोपाल किया, एक गौ का सिंह द्वारा दबाया जाना सुन कर गुरु का रुष्ट हो कर उसको शाप देना, उसे शूद्र कर देना, करुष से कारुष क्षत्रियों का उत्पन्न होना, ब्रह्मण्य धर्म पालक होना, धृष्ट से धार्ष्ट क्षत्रो, नृग के पुत्र सुमति, उनसे भूत ज्योति, वसु से प्रतीक, उसका पुत्र ओघवान और पुत्री ओघवती का जन्म होना, इस कन्या का विवाह सुदर्शन मुनि के साथ होना, नरिष्यंत से चित्रसेन, उसके दक्ष, उसके मीडवान, उसके इन्द्रसेन से वीतीहोत्र, उनके सत्यश्रवा, उसका सुत उरुश्रवा, उसका पुत्र देवदत्त, उसके अग्निवेश्य, उनसे कानीन जातुकर्नी, उनसे ब्रह्मशुक्ल जो, अग्निवैसायन नाम से प्रसिद्ध हुआ, उनसे भलंदन, उनसे वत्सप्रतीत, उनसे पांसु, उनके खनित्र, उनके अविक्षित, उनके अंगिरा, उनके मरुत, उनसे दमराज्यवर्द्धन, उनके वंधुमान, उनके वेगवान, उनके तृण वन्धु, उनकी अलंबु स्त्री से विशालवंधु धूम्रकेतु, तृणवंधु के महिपति, उनसे वशाल वंश, उनसे हेमचन्द्र, उनसे धूम्राक्ष, उनसे संयम, उनसे सहदेव कृशाश्व, उनसे सोमदत्त, उनसे सुमति और उनके पुत्र जन्मेजय का होना।

पृ० ८—१२ तक—तृतीय अध्याय।

मनु के पुत्र सर्य्याति के तनय श्रुतिअर्थ, उनके सुकन्या नाम्नी पुत्री हुई, उसको ले कर राजा बन को गए। वहां च्यवन मुनि का आश्रम था, सखियों के साथ उसका चला जाना, क्रीड़ा मग्न हो कर वामी में चमकने वाले ऋषि के दोनों नेत्रों को फोड़ देना, राजा का परिताप, ऋषि का कन्यादान के लिये राजा से प्रस्ताव, राजा का स्वीकार कर लेना, पुत्री उन्हें दे देना, उस कन्या का अश्विनीकुमार द्वारा अपने पति के नेत्र अच्छे करा लेना, राजा का वहां आकर अपनी पुत्री के साथ एक युवा पुरुष देख कर संदेह करना, कन्या द्वारा भ्रम निवारण, ऋषि का यज्ञ कराने को अपने श्वसुर के घर जाना, अपने पूर्व कथना-

नुसार वैद्यराज को यज्ञ भाग समर्पित करना, इन्द्र का क्रोध, तप बल से मुनि की रक्षा, सर्य्याति के तीन पुत्र होना, उसके पुत्र आनर्त के रैवत नामक पुत्र उत्पन्न होना, उनका समुद्र के मध्य में अपना नगर बसाना। रैवत के कुकुम्भी और कुकुम्भी के एक पुत्री रेवती होना, उसके विवाह के लिये उसका ब्रह्मा से सम्मति लेने जाना, ब्रह्मा का कथन कि जो प्रजा तुमने छोड़ी वह विनष्ट हो चुकी, अब शेषावतार हो गया, बलदेव जी को अपनी पुत्री दो।

(४) पृ० १२—१७ तक—चतुर्थ अध्याय। नाभाग वंश वर्णन।

नाभाग का गुरुकुल जा कर विद्याध्ययन करना, उसके भाइयों का सब राज्य बांट लेना। गृह आने पर अपने पिता से इस विषय में उसका प्रश्न, पिता की सम्मति उसका अपने भाइयों को छ दिन का यज्ञ कराना, उन लोगों का स्वर्गारोहण, शेष भाग पर नाभाग का अधिकृत होना, कृष्ण का इस विषय में हस्तक्षेप, और शिव जी का उस पर अपना स्वत्त्व प्रगट करना, शिव जी का उसे उसके पिता से पूछने को भेजना, उससे पिता का कथन कि वास्तव में यज्ञ अवशेष विभाग शिव जी का ही होता है। उसका यथावत् शिव जी से कह कर सब उन्हें ही सौंप देना, शिव जी का प्रसन्न होकर वह सब हव्य उन्हीं को सौंप देना, उनके अंबरीष नामक पुत्र का जन्म होना, उसका अनन्य भक्त होना, विष्णु का उससे प्रसन्न हो कर चक्र द्वारा उसके नगर की रक्षा करना, कार्तिक मास में एकादशी व्रतोपरांत द्वादशी को पारण करना, दुर्वासा ऋषि का आगमन, राजा का भोजनादि कथन द्वारा उनका सत्कार करना, उनका कथन कि मध्याह्नोपरान्त संध्या करके मैं आऊंगा। पुनः समय पर उनका न आना, राजा द्वारा विप्रों के आग्रह पर उनको भोजन करा देना, दुर्वासा का आकर क्रोधित होना और क्रोध से एक भयंकर आकृति (कृत्या) का उत्पन्न होना, चक्र द्वारा उसका भस्मीभूत होना, चक्र का दुर्वासा के पीछे भागना, पुनः ब्रह्मादि द्वारा रक्षा होते न देख कर उनका भगवान के पास जाना, भगवान का भक्तों का माहात्म्य बतला कर राजा के पास जाकर क्षमा प्रार्थना के लिये आज्ञा देना।

(५) पृ० १७—२० तक—पंचमोध्याय।

ऋषि का अंबरीष के पास आना, राजा के द्वारा चक्र की स्तुति, ऋषि की रक्षा, राजा का ऋषि को भोजन करा कर स्वयं भोजन करना, ऋषि का आशीर्वाद।

(६) पृ० २०—२४ तक—षष्टमोध्याय।

अंबरीष के तीन पुत्रों का उत्पन्न होना। उनके नाम विरूप, केतुमान और शंभु थे। विरूप के पृषदश्व, उसके रथीतर, रथीतर के कोई पुत्र न होना, अंगिरा मुनि से उसकी स्त्री की याचना, उनसे पुत्र उत्पन्न होना, उनसे क्षत्री श्वेत वीजादिज गोत्र का होना। यह वंश श्रेष्ठ कहाया। मनु के पुत्र इक्ष्वाकु को शत पुत्र

उत्पन्न हुए उनमें ज्येष्ठ त्रेय श्रेष्ठ हुए। इक्ष्वाकु का अपने पुत्र विकुक्षी को मांस के लिये भेजना, उसका लाना, वशिष्ठ का उसे अपवित्र बताना, राजा का अपने पुत्र को देश से निकाल देना, राजा वशिष्ठ के सत्संग में रहने लगे। उनका शरीर त्याग। पिता मृत्यु श्रवण कर विकुक्षि का प्रजापालन करना, उनके पुत्र पुरंजय हुए। इनका नामान्तर इन्द्रवाहन समझना चाहिए। देवासुर संग्राम। इन्द्र का वृषभरूप धारण करके विष्णु का वाहन बनना। पुरंजय के अनरना, उनके पृथु विश्वगंधि, उनके चन्द्र, उनके युवना सुसावस्ती, उनके बृहदस्वसु, उनके कुवलयास्व, उनके धुंधमार का होना। इन्होंने धुंध दैत्य का संहार किया। धुधुमुख के सब पुत्रों का अग्नि में जल जाना, उनमें तीन का रह जाना, दृढ़ाश्व, कपिलाश्व, और भद्राश्व, दृढ़ाश्व तनय हर्यश्व, उनका पुत्र निकुंभ, उनका बर्हणाश्व, उनके कृशाश्व, उनके युवनाश्व हुए, इनको स्त्री से पुत्र न हुआ, वे बन को चले गये, वहां ऋषियों को इनकी दशा पर दया आई, उनसे येद्दी मख कराया, युवनाश्व को रात्रि में प्यास लगी, वे मख थल पर गए, वहां पर उन्होंने पुत्र देखा, मंत्रित घट में से उन्होंने बिना जाने जल पी लिया, प्रातः जब मुनियों ने रीता घड़ा देखा तो सब से उस का कारण पूछा, देव प्रेरित नृप ने पिया समझ कर हरि इच्छा बलवती मानी, फिर कुछ काल पश्चात् चक्रवती युवनाश्व तनय उसी समय प्रगट हुआ, उसे रोता देख कर कहा किस धाय का दूध पीयेगा, इन्द्रने उंगली चीर कर उसके मुख में दे दी और कहा इसकी यही धाय है। द्विज देवताओं की कृपा से बालक की रक्षा हुई। उस बालक का नाम मान्धाता हुआ, फिर सुरपति ने त्रसदस्यु उसका नाम रक्खा। यह बड़ा बली और चक्रवर्ती हुआ। विंदुमती के गर्भ से त्रय सुत पुरुकुत्स, अंबरीष तथा मुचकुंद हुए, पचास कन्याएं हुईं जिन को सौभरि मुनि ने वरा। मुनीश्वर यमुना तट पर तप करते थे, मीनों को क्रीड़ा करते देख कर कामेच्छा हुई, राजा से प्रस्ताव किया, उन्होंने कहा जो कन्या आप को वरना चाहे उसे ले जाइये, इन्होंने तप बल से ऐसा रूप किया कि इन पर सभी कन्याएं आसक्त हो गईं और राजा को सब देनी पड़ी, अंत में इन के पुत्र पौत्रादि हुए। अपने पर खेद प्रगट करते हुए इनका वन को गमन करना और तप कर के स्वर्ग धाम सिधारना, मुनि पत्नियों का सती होना।

(७) पृ० २५—२७ तक—सप्तमोध्याय।

मान्धाता के पुत्र पुरुकुत्स के विवाह का वर्णन, सर्पों की भगिनी नर्मदा के साथ इसका विवाह होना, स्त्री के साथ इनका पाताल जाना, त्रिस्यदस्यु के अनरन्य, हर्जस्व, उनसे अरुनवि, अरुणकुमार त्रिबंधन, उनके त्रिशंकु जो पिता के शाप से चांडाल हुए, जिनको कौशिक ने स्वर्ग भेजा, उधर देवताओं ने उलटा लौटाया, अंत में ये बीच में ही थमे रहे। उनके पुत्र हरिश्चन्द्र हुए, इन्हीं के एक

यज्ञ में वशिष्ठ और कौशिक परस्पर के अभिशाप उपभोग के फल स्वरूप वक तथा आड़ो बन कर लड़े थे। राजा हरिश्चन्द्र के कोई पुत्र नहीं हुआ था, नारद का वरदान पुत्र होने के लिये देना। राजा का कथन कि यदि मेरे पुत्र होगा तो उसी को बलि देकर आप को प्रसन्न करूंगा, पुत्र होना, बलि न देना किन्तु बारम्बार ऋषि से बातें बना देना, रोहिताश्व का बन गमन। हरिश्चन्द्र का नरमेध यज्ञ कर के सब देवताओं को प्रसन्न करना।

(८) पृ० २८—३० तक—अष्टमोध्याय।

हरिश्चन्द्र के सुत रोहिताश्व का नाम चंप होना, उसके द्वारा चंपावती का बसाया जाना, उसके रुरुक, उसके वाहुक का होना, वाहुक का पत्नी सहित वन में गृह वना लेना, सुवाहु को स्त्री को वन में गर्भ रहना। रुपलोमन रिषि का यह देख कर उसे शाप देना, सगर का जन्म, राजा की मृत्यु, स्त्री का उनके साथ भस्म हो जाना, सगर का चक्रवर्ती होना, सगर का अश्वमेध करना, पुरंदर द्वारा अश्व का हरण, हय का कपिलाश्रम पर बांध देना, केशनी पुत्र असमंजस के सुत अंशुमान को कुकृत्य में लिप्त देख कर त्याग देना, सब पुत्रों को हय को खोज में भेजने के पश्चात् उनको भी भेजना, प्रथम पुत्रों का ऋषि के तेज से भस्म हो जाना, और इनकी विनती से उनका प्रसन्न होकर अश्व देकर गंगा लाने का आदेश देकर विदा कर देना। राजा सगर का निस्पृह हो कर बन को चला जाना और अंशुमान को राज दे देना।

(९) पृ० ३०—३४ तक—नवमोऽध्याय।

अंशुमान और उसके पुत्र का गंगा के लिये तप कर के मर जाना किन्तु उसके पुत्र भगीरथ का उक्त कृत्य को पूर्ण करना। उनका पुत्र श्रुत हुआ, उसके सिंधुद्वीप, उस के ऋषपर्ण—जो नल का सखा था, उनका पुत्र सर्वकाम, उसका पुत्र सुदालु उसका पुत्र मदयंती पति होना, उसका वशिष्ट शाप से राक्षस हो जाना। उसके राक्षस होने का कारण।

(१०) पृ० ३४—३९ तक—दशमोऽध्याय।

खट्वांग से दीर्घ वाहु रघु उत्पन्न हुए, उनसे अज, उनसे दशरथ, दशरथ से रामादि चारो भ्राताओं के जन्म होने का वर्णन, संक्षिप्त राम चरित्र।

(११) पृ० ३९—४२ तक—ग्यारहवां अध्याय।

सीता वनवास तथा रामादि चारो भ्राताओं की सन्तान का वर्णन। उनके शहरों इत्यादि के बसाने का सूक्ष्म वर्णन।

(१२) पृ० ४३—४४ तक—बारहवां अध्याय।

सूर्य्यवंश वर्णन। कुश से अतिथि, उनके निषिधनभ, उनके पुंडरीक, उनके क्षेमधन्या, उनके देवानीक, उनके पार पुत्र, उनके वज्रनाभ, उनके हिरण्यनाभ, जो जैमिन के शिष्य हुए, उनके याग्वल्क शिष्य हुए। इन्हीं हिरण्यनाभ के पुष्प हुए। उन के ध्रुवसंधि, उनके सुदर्शन, उनके अग्निवर्ण, उ के मरु हुए जो बड़े जोगी हुए। कलम्ब ग्राम में उन्होंने निवास किया, मरु का पुत्र प्रसू, उसके मर्षन, उनके महिषाविश्व, उनके प्रसेनजित हुए जो यह इक्ष्वाकुवंश के राजा हैं। अब जो होंगे उनकी नामावली—बृहद्बल तनय बृहद्रन, उनके व्यामभानु, उनके सहदेव, उनके सुप्रतीक, उनके अमित्रजित, उनके कृतंजय, उनके साक्य, उनके सावल, उनके सुप्रसेनजित, उनके क्षुद्रक, उनके रुनक सुरथ, सबसे अन्त में सुमित्र।—अब इक्ष्वाकु के पुत्र निमि का वंश वर्णन करेंगे।

(१३) पृ० ४४—४६—तक—तेरहवाँ अध्याय।

निमिवंश वर्णन—निमि का गुरू के शाप से शरीर त्याग, सुरों का उनसे पुनः शरीर धारण करने के लिये आग्रह। उनका शरीर बन्धन में पुनः पड़ने के लिये विरोध, देवों के अनुरोध से विदेह रूप में उनका उत्पन्न होना, अर्थात् उन्हीं के शरीर को मंथन कर के एक पुत्र निकलना, उसका नाम जनक होना। उनके उदावस नामक पुत्र हुआ, पुनः नंदवर्द्धन, सुकेतु, देवरात, बृहद्र, धृष्टकेतु, हर्ष मरुत, देवमीठ, स्वर्ण रोमा, सीरध्वज, कुलध्वज, धर्मध्वज, कृतध्वज, मितध्वज, केशीध्वज, कौषंडिक्य, केशीध्वज, भानुमत्त से ले कर सुनक तक।

(१४) पृ० ४६—५० तक—चौदहवां अध्याय। चंद्रवंश।

ब्रह्म से कमल, कमल से ब्रह्मा, ब्रह्मा से अत्रि, अत्रि के दृग से सोम का होना। इन सोम ने बृहस्पति की तारा नाम्नी पत्नी से बुध नामक पुत्र उत्पन्न किया, इला से बुध का विवाह हुआ। पुरुरवा तथा उर्वशी सत्संग वर्णन।

(१५) पृ० ५१—५४ तक—पन्द्रहवां अध्याय। पुरुरवा वंश वर्णन।

इसी वंश के गाधि से भार्गव ने उसकी पुत्री सत्यवती की याचना की, नृप का सहस्र श्यामकर्ण घोड़े लेकर उक्त कार्य्य साधन करने का अभिवचन, भार्गव का वरुण की सहायता से उक्त कार्य्य में कृतकृत्य होकर कन्या पाना, उक्त पत्नी तथा मुनि की सास का पुत्रों की प्रार्थना करना, मुनि का एक चरु विप्र और दूसरा क्षत्री पुत्र उत्पन्न करने के लिये दो चरु स्थापित करना, उनका स्नान को जाना, उक्त दोनों स्त्रियों का चरु को परस्पर बदल कर खा लेना, ऋषि का लौटने पर हाल जान कर कहना कि यह बुरा किया, अपनी पत्नी से क्षत्री और उसकी माता से ब्राह्मण होने का भविष्य कथन, स्त्री की प्रार्थना पर पुत्र के बदले नाती के क्षत्री होने का कथन, उससे यमदग्नि हुए, यमदग्नि के परशु-

राम हुए, उधर राजा के विश्वामित्र हुए, परशुराम ने २१ वार पृथ्वी क्षत्री विहीन की, सहस्रवाहु युद्ध वर्णन।

(१६) ५५—५८ तक—सोलहवां अध्याय।

परशुराम का पितु आदेशानुसार एक वर्ष तक तीर्थयात्रा पर्य्यटन, पिता की आज्ञानुसार माता तथा भ्राताओं का वध, पिता को प्रसन्न करा उनको पुनर्जीवित कराना, इनके पिता का अर्जुन (सहस वाहु) के पुत्रों द्वारा शीर्षोच्छेदन, इसी अपराध पर क्षत्रियों का विनाश। गाधि के सुत का तप करना, कौशिक सुत की उत्पत्ति।

(१७) पृ० ५९—सत्रहवां अध्याय।

पुरुरवा के छ पुत्रों में ज्येष्ठ प्रायु के नहुष का उत्पन्न होना। उसके पांच पुत्र होना, क्षत्रवृद्ध के तीन पुत्र-आयुर्वेद के वर्णन करने वाले धन्वन्तर का इसी कुल में होना, कुलका विस्तार।

(१८) पृ० ६०—६३ तक—अठारहवां अध्याय।

नहुष वंश वर्णन—नहुष के यति, ययाति, संयाति, अयाति, वियाति और कृत यह छ पुत्र हुए। यति ने राज्य ग्रहण न किया, इन्द्राणी के लिये नहुष का सप्त ऋषियों द्वारा शाप से अजगर हो जाना, ययाति का राजा होना। देवयानी के साथ उसका विवाह। शर्मिष्ठा के साथ भोग कर के पुत्र उत्पन्न करने के अपराध में शुक्र का शाप से राजा को जराग्रस्त कर देना, पुरु का अपने पिता को वय दे कर युवा करना, यदु का इससे इनकार।

(१९) पृ० ६३—६५ तक—उन्नीसवां अध्याय।

राजा ययाति की प्रभुभक्ति का ध्यान आना और सपत्नीक ईश्वर भक्ति में उनका लवलीन होना।

(२०) पृ० ६६—७० तक—बीसवां अध्याय। पुरुवंश वर्णन।

पुरु के जन्मेजय हुए। उनके प्राचिन्वा, उनके प्रवीर मनस्यु, चारुपद, इत्यादि दस पुत्र हुए। घृताची अप्सरा के गर्भ से हुए। रौद्राश्व के दश पुत्र हुए। इसी वंश में दुष्यंत हुए। दुष्यंत तथा शकुंतला का विवाह। उससे भरत का उत्पत्ति। भरत की कृतियों की प्रशंसा। उनका हयमेध यज्ञ, इनके पश्चात् भरत के निस्सन्तान होने पर मरुत यज्ञ करना और मरुत से वंश चलाने के लिये एक पुत्र पाना।

(२१) पृ० ७१—इक्कीसवां अध्याय।

भरत के वितथ हुए, इनके भौम, भौम के पांच पुत्र हुए, उनमें से रन्तिदेव की प्रशंसा। उनके दान की महत्ता से प्रसन्न हो कर भगवान का दर्शन देना,

उनका कोई वर न मांगना, उन के अनुवर्ती अनन्य भक्त हुए, उनमें से तीन ब्राह्मण हुए, इनके वंश का वर्णन, मुद्गल वंश में दिवोदास तथा अहल्या का जन्म, यह स्त्री गौतम को व्याही गई, गौतम से सतानन्द उत्पन्न हुए। उनके सत्यधृति हुए जो धनुविद्या में निपुण हुए। इनका वीर्य उर्वशी को देख कर स्खलित हुआ जिससे मिथुन उत्पन्न हुआ, मिथुन को संत ले गए, उससे कृपाचार्य (पुरुष) हुए। कृपी द्रोण की पत्नी हुई।

(२२) ७२—७७ तक—बाईसवां अध्याय।

इस वंश में च्यवन उत्पन्न हुए। उनसे सुदास, सहदेव, उनसे सोमक, जंतु, जंतु के सात पुत्र हुए, उनमें पृषत छोटे थे, उनके द्रुपद हुए जिनसे द्रौपदी हुई, उनके पुत्रों के नाम, धृष्ट धुम्नादि, धृष्टद्युम्न से धृष्टकेतु, दूसरे सुत अजमीठ, उनके संवरण, रवि कन्या से कुरुक्षेत्र पति कुरु सुत हुए। परीक्षित, सुधाजह्न, निषधाश्व, कौरव पांडवों की उत्पत्ति का वर्णन।

(२३) पृ० ७७—८० तक—तेईसवां अध्याय।

पुरुवंश वर्णन, पश्चात् यदुवंश का वर्णन। इस वंश में कई राजा होने के पश्चात् दिवरथ हुए, उनके पुत्र धर्मरथ हुए, रोमपाद का सखा दशरथ, जिसने अपनी कन्या शान्ता शृंगी ऋषि को व्याही, उन्होने सुत के लिये यज्ञ रचाया, कर्णोत्पत्ति, यदुवश वर्णन, वृक्ष्मो से वंश वृद्धि होना, ज्यामघ दिग्विजय कर के भोज्या लाये, उससे जो उत्पत्ति हुई वह भूप कहलाए।

(२४) पृ० ८१—८४ तक—चौबीसवां अध्याय।

विदर्भ सुत वंश वर्णन। कुनि के पुत्र वृष्णि के स्वफल्क हुए उनके अक्रूरादि बारह पुत्र हुए। आहुक के देवक और उग्रसेन हुए। देवक के चार पुत्र हुए, उनकी सात बहिनें हुई जो सब वसुदेव को व्याही गई। उग्रसेन के वंश का वर्णन कर के कृष्णावतार का कथन।

No. 218(*j*) Bhāgavata (Daśama Skandha) by Krishnadāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—552. Size—21 × 11 inches. Lines per page—11. Extent—8,280 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1910 or 1853 A. D. Place of deposit—Hindi Pustakālaya, Nawābaganja, Bārābankī.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ ऊं श्री राधाकृष्णाभ्यांनमः ॥ श्री राधा वदनाम्भोज सौरभाशक्त मानसम् ॥ तन्माधुर्य्य महाम्भोधौ विहरं तं नमाम्यहम् ॥ १ ॥ सर्वाराध्यं सर्वाध्यक्षं सर्व कारण कारणम् ॥ परात्परतरं कृष्णं वंदे

सर्वेश्वरं ध्रुवम् ॥ २ ॥ नेतोति वाक्यैर्यदत्रक्षं पंतिहि वेदाः स्वयंभू सिवसेषे मुख्याः ॥ सर्वावताराश्रय वोनमाद्यं श्रीकृष्णमीसं प्रणतोस्मि नित्यम् ॥ छंद ॥ श्री कृष्ण चरित अमिय सिंधु अगाध श्री भागवत जो ॥ शुकदेव मन्दर चाह वासुकि भूप आदिक मथक जो ॥ दसम धन्य तरि प्रगट जग मोहरुज परमौषधौ ॥ विश्व ऊपर भाग्य तिनते प्रीतिजुत सेवत सुधो ॥ दोहा ॥ दस लछन श्री भागवत मध्य कहे निर्धारि ॥ सर्व विस गोदिक तथा आजै अवधि विचारि ॥ येन से जे आश्रित रहै सेा श्री कृष्ण प्रनामि ॥ तासु रूप शुक दशम के मध्य कह्यो मुद षानि ॥ सौनक पूरण ब्रह्म श्री कृष्ण भक्ति प्रतिपाल ॥ लोला निज जन हित करी वृजतन धरि गोपाल—

End—अपार जादव वृद्धि कारण कृष्ण प्रभु इश्या कहै ॥ जिन्ह चर्ण आश्रित सक्ति पाया असअपर्मित नित रहै ॥ दुर्गेय ईश्वर संग क्रीड़ा सकल विधि को जे करै ॥ निमग्न ब्रह्मानन्द में त अपर चेतन मन धरै ॥ श्री कृष्ण कीरति रूप सरिता उदै जदुकुल जो भई ॥ तिन सकल तीरथ ऊन कीन्हे श्रवन परि जग गति दई ॥ जेहि रमाकृपा कटाक्ष हित ब्रह्मादि सब दिन तप करै ॥ अनचाहत सेा कृष्ण पद रज मान गुनि निज सिर धरै ॥ सुनि सुमिर जिन्हका नाम अघ विनसाय जग सुभ गति प्रदं ॥ वचन तिन्ह के वेद वर्नाश्रम सुस्वद पथहित वदं ॥ प्रलय लव महं करत भव जो काल चक वषानिये ॥ सेा कृष्ण आयुध भार भू को हरण अचरज मानिये ॥ जै कृष्ण जक्त निवास जनमन आस पूरक सर्वदा ॥ वर धाम जादव नसि षल जित धर्म थापक सर्वदा ॥ परसि जिन पद रेनु तीरथ रूप भे सब चर अचर ॥ ते करत पावन विस्व अमित सुजासु महिमा स सबे पर ॥ यहि भांति राजन धर्म रक्षा हेतु निज जन सुष चहो ॥ श्री कृष्ण लोला करो बहु विधि जात कापै सब कहो ॥ जेा प्रीति प्रभु पद चहै प्रानो गर्भ पांस निकंतनं ॥ सेा कृष्ण चरितामृत सुसेवन करै निसिदिन सुचि मनं ॥ × × × × ×

इति श्री भागवते महापुराणे दशम स्कंधे वैस्यसिक्यां परमहंस संहितायां कृष्णदास कृतेा भाषा निवंधे कृष्ण चरित्र वर्णने ९०वां अ० स० सं० १९१० वि०—

Subject—प्रथम अध्याय।

(१) पृ० १—४ तक—वन्दना (श्रीकृष्ण की)

प्रस्तावना—कृष्णजन्म हेतु वर्णन, पृथ्वी पर राक्षसों का बढ़ना, पृथ्वी का गौ रूप धारण कर विष्णु के पास जाना और उनका गुप्त वाणी द्वारा अपना अवतार लेना सूचित करना। वासुदेव देवकी विवाह। आकाशवाणी।

(२) पृ० ५—१० तक—वासुदेव कंस सम्वाद, देवकी का जीवित बच जाना, प्रथमप्रसव को लेकर वासुदेव का कंस के पास जाना, बालक को जीवित छोड़ देना, नारद आगमन, कथा (अवतार की) बताना।

(३) पृ० ११—२१ तक—द्वितीय अध्याय।

सात गर्भों का हनन, राधा शेष जन्म कथन।

(४) पृ० २२—३२ तक—तृतीय अध्याय। श्रीकृष्ण जन्म, माता पिता को विराट स्वरूप दिखाना, गोकुल गमन, माया जन्म, कंस का उसे मारना, उसकी भविष्यवाणी कहना, कंस का भय से व्याकुल होना, मंत्रियों को सम्मति कि दस दिन के भीतर के जन्मे हुए सभी बालक मार डाले जांय।

(५) पृ० ३३—४१ तक—चतुर्थ अध्याय।

राक्षसों का देव, गौ, ब्राह्मणादि प्रति अपने बुरे भाव प्रगट करना, भांति भांति के उत्सव (नंदभवन में) होना, वृषभान जी का अपनी स्त्री कीर्ति सहित नन्द भवन में पधारना, कीर्ति तथा यशोदा का परस्पर का शिष्टाचार॥

(६) पृ० ४२—५७ तक—पंचम अध्याय तथा षष्टम अध्याय।

वृषभान विदा, नन्द मथुरा गमन, वसुदेव तथा नन्द मिलाप, वसुदेव गोकुल गमन, पूतना बध, शकटासुर बध, तृणावर्त बध,

(७) पृ० ५८—६५ तक—सप्तम अध्याय।

गर्ग मुनि द्वारा नाम करण संस्कार (दोनों पुत्रों का), दोनों पुत्रों का घुटनों के बल चलना, उठना, गिरना इत्यादि, बाल क्रीड़ा कथन, माखन चोरी, गोपियों का उपालम्भ। कृष्ण का सफ़ाई दे दे कर टालना।

(८) पृ० ६६—७३ तक—अष्टम अध्याय। कृष्ण का गोपियों के घर में जा कर माखनादि वस्तुएं चुराना, गोपियों को धोखा दे देकर कृष्ण का बारम्बार छूट जाना।

(९) पृ० ७४—८१ तक—नवम अध्याय। एक दिन कृष्ण को पकड़ कर यशोदा के पास लाना और उलाहना देना, प्रत्युत्तर में कृष्ण का भी शिकायत करना। आदेश देकर कृष्ण का छोड़ा जाना।

(१०) पृ० ८१—८८ तक—दशम अध्याय। एक गोपी के घर पहुंच कर कृष्ण का उसे चोट पहुंचाना, उसका शिकायत को जाना, कृष्ण का भी रोते हुए पीछे पीछे जाना और माता को अपने पक्ष में कर गोपी को फटकार दिलाना, उसका चुपचाप लौट जाना, पूजा की सामग्री जुटा कर जसुदा का गोपियों को बुलाने जाना और कृष्ण को रखवाला बना जाना, उनका सब सामग्री खा जाना, यशोदा भय दिखाना, कृष्ण का भाग जाना, यशोदा का मनाना, बलरामादि द्वारा कृष्ण के मिट्टी खाने की शिकायत कृष्ण का मुंह फाड़ कर यशोदा का समाधान करना, मुंह में ब्रह्मांड दर्शन करके यशोदा का चमत्कृत होना और ईश्वर का गुणगान करना।

(११) पृ० ८८—९६ तक—ग्यारहवां अध्याय।

कृष्ण का गोरस पात्र लुढ़का देना, यशोदा का रिस कर के कृष्ण को ऊखल से बांधना, यमलार्जुन नामक वृक्षों की पूर्व कथा का वर्णन, नलकूवर (यमलार्जुन) का उद्धार।

(१२) पृ० ९७—१०४ तक—द्वादश अध्याय। कृष्ण का एक काग को देख कर भयभीत होना, नन्द तथा उपनन्द आदि गोपों का बहुत विघ्न होते देख वृन्दावन गमन, वृषभान सुता का तथा कृष्ण का प्रेम, वत्सासुर तथा वकासुर बध, वन में अन्य क्रीड़ाएं।

(१३) पृ० १०५—११२ तक—तेरहवां अध्याय।

वन में अघासुर नामक राक्षस का अजगर वेष धारण करना, सम्पूर्ण बालकों का धोखे से उसके मुंह में प्रवेश, कृष्ण का उसके मुख में पहुंच कर आकार बढ़ा कर उसका बध करना, ब्रह्मा का छल, गौ, वत्स इत्यादि का हरण, कृष्ण का यह समाचार पा सभों का नया रूप जैसा का तैसा बना देना।

(१४) पृ० ११३—१२४ तक—चौदहवां अध्याय। एक वर्ष व्यतीत हो जाने पर भी किसी को ज्ञात न होना, ब्रह्मा का मोह भंग, कृष्ण को ब्रह्मा का बछड़ादि देना, भगवान का ब्रह्मा को विराट स्वरूप दिखाना, ब्रह्मा की वंदना, कृष्ण का लौट कर आना, सखाओं का कथन कि आप को कुछ भी विलंब न हुआ।

(१५—१६) पृ० १२५—१४१ तक-पन्द्रहवां अध्याय तथा सोलहवां अध्याय। ताल वन में राम द्वारा धेनुक नामक राक्षस (जो गर्दभ के वेष में रहा करता था) का मारा जाना, कालीनाग के निवास का जल होने से गाय, बछड़े और ग्वालों का मूर्छित होना, कृष्ण का उन्हें सचेत करना, कालीनाग का नाथना, कालीनाग का रमनक द्वीप को जाना, काली के विष से केवल कदम्ब के ही न सूखने की कथा, कद्रू विनता की कथा।

(१७) पृ० १४२—१४८ तक—वैनतेय के कालीदह में न आ सकने का कारण कथन, वर्षा में वन की शोभा का वर्णन, गोपों के साथ वन में प्रलम्ब नाम राक्षस का गोपों में आ मिलना और बलभद्र को लेकर उड़ना, बलभद्र का उसे वध करना, गौओं का वन में चला जाना, वहां दावानल प्रगट होना, कृष्ण का उनकी रक्षा करना।

(१८) पृ० १४९—१५६ तक—अठारहवां अध्याय। वर्षाऋतु का वर्णन, शरदऋतु का आगमन।

(१९) पृ० १५६—१६१ तक—उन्नीसवां अध्याय। ब्रह्मा का तप करना, कृष्ण का आज्ञा देना कि ब्रह्मा सपत्नीक वृषभान तथा कीर्ति के और द्रोण अपनी

स्त्री (धरा) सहित नंद और यशुदा के तनों में निवास करें, कृष्ण राधिका की सगाई होना।

(२०) पृ० १६२—१६६ तक—बीसवां अध्याय। लग्नादि मंगल कार्यों का वर्णन तथा लग्न भेजने का वर्णन।

(२१) पृ० १६६—१७२ तक—इक्कीसवां अध्याय। बरात की सजावट तथा तय्यारी का वर्णन, दूल्हा (कृष्ण) का शृंगार वर्णन।

(२२) पृ० १७२—१८३ तक—बाईसवां अध्याय। बरात का चलना, मार्ग की शोभा का वर्णन, बरात का पहुंचना, प्रतिहारों द्वारा बरात का आना श्रवण कर वृषभान का अगौनी लेकर जनमासा देना, राधिका का सखियों द्वारा सजाया जाना।

(२३—२४) पृ० १८४—१८८ तक—दूल्हा को देख कर नर नारियों का मोहित होना, वेदी का बनाया जाना, वेद गानादि।

(२५) पृ० १८९—१९४ तक—सखियों द्वारा राधिका का शृंगार। माता का देख कर मोद मनाना। कृष्ण से भांवर पड़ना, स्त्रियों का महलों में हास्य करना, बरातियों को भोज देना।

(२६) पृ० १९५—१९९ तक—बरातियों को नवीन वस्त्र देना। कृष्ण का कलेवा को जाना। स्त्रियों का वाग्विलास, नानाप्रकार की वस्तुएं दहेज में पाना, बारात बिदा।

(२७) पृ० २००—२०२ तक—वर वधू सहित बरातियों का बरसाने से वृन्दावन आने की तय्यारी, रानी का हर्ष गद्गद होना।

(२८) पृ० २०२—२०४ तक—बधू के बिदा के समय का मोह, सखियों इत्यादि का वियोग में आकुल होना, राधिका का स्नेह। वृषभान का पुत्री को संतोष दिलाना।

(२९) पृ० २०४—२१० तक—राधिका का ससुराल आना। नंदरानी का मोद मनाना।

(३०) पृ० २१०—२१६ तक—कृष्ण का गोपादि सहित वन विहार, सखियों का उन्हें देख कर मोहित होना और यह मनाना कि हमें नंदकुमार वर मिलें।

(३१) पृ० २१६—२२१ तक—गोपिका वस्त्र हरण। विनय करने पर उनके वस्त्रों का देना तथा वस्त्र हरण करने का कारण बताना, गोपियों को वरदान देना कि तुम्हारी मनोकामना सिद्ध होगी। तपस्थान देख कर भोजन के लिये

ब्राह्मणों के पास सखाओं को भेजना किन्तु उनका भोजन न देना, पुनः उनकी स्त्रियों के पास सखाओं को भेजना।

(३२) पृ० २२२—२२६ तक—ब्राह्मणों की स्त्रियों का कृष्ण के पास भोजन ले जाना। उनका मोद मना कर उसे खाना, स्त्रियों को वरदान देना। नन्द का इन्द्र पूजने के लिये उपनन्दादि को आदेश।

(३३) पृ० २२७—२३१ तक—कृष्ण का इन्द्र पूजन करने का निषेध कर गोवर्द्धन पूजने की आज्ञा देना, तदनुकूल गोपों का गोवर्द्धन पूजना, इन्द्र का प्रकोप, कृष्ण का गोवर्द्धन धारण करना।

(३४) पृ० २३२—२३८ तक—इन्द्र को कृष्ण का फटकारना, गोपों का पूर्व चरित्र वर्णन कर के कृष्ण की सराहना करना, नन्द का जल पाश में बंध जाना, और कृष्ण का सूचना पाना।

(३५) पृ० २३९—२४३ तक—वरुणालय से पिता को साथ ले आना, नन्द का गोपों के सन्मुख कृष्ण की सराहना करना, सब का कृष्ण को ईश्वर मान कर हर्षित होना। वन में कृष्णादि का गान। उसको सुन कर स्त्रियों का दौड़ना, कृष्ण का उन्हें प्रबोध देना और पति-भक्ति का महत्त्व बतलाना।

(३६) पृ० २४४—२४९ तक—गोपियों का निज आशय प्रगट कर कृष्ण को मनाना, उनका माया द्वारा संपूर्ण गोपिकाओं के साथ विलास करके अन्तध्यान हो जाना, गोपियों का विलाप करते करते इधर उधर घूमना, पश्चात् चिह्नांकित शरीर को देखते हुए वन में घूमना।

(३७) पृ० २५०—२५४ तक—कृष्ण के विरह में मत्त हो कर वृक्षादि से उनका पता पूछना, न मिलने पर अत्यंत व्याकुल होना, मोह देख कृष्ण का प्रगट होना, गोपियों का प्रेम से मिलना, कलिंदजाकूल पर अपने वस्त्र बिछा देना और कृष्ण का उन पर बैठना [क्रम भंग हो गया है]

(३८) पृ० २५५—२५६ तक—अंगिरा ऋषि के श्राप से अजगर हुए विद्याधर का श्राप मोचन। शंखचूर वध।

(३९) पृ० २५७—२६३ तक—राधिका का अपना ही प्रतिबिंब देख कर उसे सौत समझ कर कृष्ण से मान करना, उनका मनाना, ललितादि गोपियों का संयोग तथा विरह वर्णन।

(४०) पृ० २६४—२६९ तक—गोपियों के साथ हिंडोला झूलना, फाग खेलना, वृषासुर वध, राधिका का यह कथन कि "तुमने बैल मारा है, तीर्थ करो, ब्राह्मण जिमाओ" आदि सुन कर गोवर्द्धन में कुंड खुदा कर तीर्थ प्रगट

करना। कंस का वसुदेव को फटकारना कि तूने धोखा दे कर कृष्ण को नन्द के यहां भेज दिया है। उन्हें मारने को दौड़ना, नारद का वसुदेव को बचाना।

(४१) पृ० २७०—२७१ तक—केशी का अश्व शरीर धारण कर कृष्ण को मारने के लिये जाना और स्वयं मारा जाना।

(४२) पृ० २७२—२७८ तक—अक्रूर का वृन्दावन आगमन। कृष्ण को मथुरा लिवा जाना। अक्रूर को चतुर्भुज रूप दिखाना, अक्रूर को स्तुति, श्री कृष्ण का मथुरा प्रवेश, नगर निवासियों का मोह।

(४३) पृ० २७९—२८८ तक—माली आदि को भक्ति का वर देना, कुबिजा का सुन्दर स्वरूप करना, चाप तोड़ना, बहुत से असुरों का वध, कंस का स्वप्न देखना, रुंड तथा रक्तादि के अप शकुन देख कर विह्वल हो जाना।

(४४) पृ० २८९—२९१ तक—गोप कुमारों सहित कृष्ण का मखशाला देखने को जाना, दरवाजे पर कुवलिया पोड़ हस्ती को देख कर हाथीवान से उसे हटाने को कहना, न मानने पर उसका वध।

(४५) पृ० २९१—२९५ तक—चाणूर तथा मुष्टिक वध, कंसासुर वध।

(४६) पृ० २९५—३०३ तक—वसुदेव-देवकी-बंधमुक्ति, नंद का बिदा करना, उनका विलाप करना, प्रभु का माया द्वारा उनका मोह दूर करना, उनका वृन्दावन लौट जाना, माता तथा गोपियों का विलाप, विद्याध्यन, शंखासुर वध तथा गुरु पुत्र का समुद्र से निकाल कर लाना।

(४७) पृ० ३०३—३०६ तक—वृन्दावन वासियों का स्मरण कर उनके समाधान के लिये उद्धव को भेजना।

(४८) पृ० ३०७—३१६ तक—गोपी उद्धव संवाद, गोपियों का उपालम्भ। उद्धव का मधुपुरी लौट कर कृष्ण को गोपियों के विरह का समाचार सुनाना।

(४९) पृ० ३१७—३१८ तक—कुबिजा केलि वर्णन।

(५०) पृ० ३१९—३२१ तक—अक्रूर हस्तिनापुर गमन।

(५१) पृ० १—३ तक—जरासिंधु से युद्ध।

(५२) पृ० ३—८ तक—द्वारकापुरी का निर्माण होना।

(५३) पृ० ९—११ तक—कालयवन वध।

(५४) पृ० १२—२१ तक—मुचुकुंद की आत्म कहानी कृष्ण को सुनाना, उनका वरदान देना, कृष्ण का पुनः मथुरा गमन। मागधेश का कृष्ण पर चढ़ाई करना, उनका अग्रज सहित भागना, प्रवर्षन पर्वत पर चढ़ जाना, उसमें जरासिंधु का आग लगा देना, दोनों भाइयों का ऊपर से कूद कर द्वारका आने की कथा,

अनर्त देश के राजा रैवत की पुत्री का दाऊ जी से विवाह। भीष्म की कन्या रुक्मिणी को कृष्ण का हरण कर मथुरा आगमन।

(५६) पृ० २२—४४ तक—कृष्ण का रुक्मादि से झगड़ा, युद्ध इत्यादि हो कर रुक्मिणी को द्वारका ले जाना। गर्ग मुनि का विवाह संस्कार कराना।

(५७) पृ० ४४—४७ तक—रुक्मिणी गर्भ धारण, प्रद्युम्न जन्म। प्रद्युम्न का संवरासुर द्वारा हरण, उनका समुद्र में डाल देना, मत्स्य का उन्हें निगल जाना, कैवर्त का उसी मीन को जाल में फंसा कर संवासुर को देना। उसका उसे पाक-शाला में भिजवा देना, संवर के पाक में मायावती (रति-जिसे नारद द्वारा यह कथा ज्ञात हो चुकी थी) ने उन्हें पाला। प्रद्युम्न द्वारा संवासुर का वध। प्रद्युम्न का रति सहित द्वारका आना।

(५८—६०) पृ० ४७—५३ तक—अंतःपुर की स्त्रियों का उन्हें देख कर आश्चर्य करना। अंत में नारद द्वारा सब समाचार जान कर परितोष होना, शत्राजित का मणि पहिन कर कृष्ण के पास आना, लोगों का उसे सूर्य समझना, अन्त में कृष्ण जी से सम्पूर्ण समाचार जान कर कृष्ण के लिये मणि की इच्छा प्रगट करना किन्तु उसका न देना, उसके भाई प्रसेन का मणि पहन कर बन को जाना, सिंह का उसे मार कर मणि लेना, सिंह को मार कर जामवान का उस मणि को लेना, सत्राजित का कृष्ण पर संदेह, कृष्ण का कलंक छुड़ाने का प्रयत्न, जाम वान से युद्ध करने के पश्चात उसकी सुता सहित मणि का लाना, वह मणि सत्राजित को देना, उसका लज्जित होकर अपनी पुत्री सहित वह मणि पुनः कृष्ण को लौटा देना, कृष्ण का मणि अंगीकार न करना। कृतवर्मा तथा अक्रूर का सतधन्वा से कहना कि सत्राजित ने प्रथम हमको अपनी पुत्री देने के लिये कह कर कृष्ण को दी और हमारा अपमान किया, इस पर सतधन्वा का सत्राजित को मार कर मणि ले लेना, कृष्ण द्वारा सतधन्वा का वध, अक्रूर का सभीत हो कर काशीवास, कृष्ण का उससे मणि लेकर फिर उसे दे देना, और उसका सत्यभामा के पुत्र को पहना देना। कृष्ण का ससैन्य पांडवों के पास हस्तिनापुर जाना। उनका प्रेम पूर्वक मिलना, कुन्ती तथा द्रौपदी का प्रेम वर्णन।

(६१) पृ० ६०—६५ तक—कालिन्दी विवाह। विंदा (अवंती के राजा की पुत्री) से विवाह, सप्त वृषभों को नाथ कर अयोध्या नरेश नग्नजित की कन्या सत्या को विवाहना, कृष्ण को आठ पटरानियां तथा सोलह सहस्र स्त्रियों का प्रसङ्गानुसार वर्णन।

(६२) पृ० ६६—६८ तक—भौमासुर वध, केतु जन्म तथा भूमि षोड़स सहस्र कन्याओं का मोहित हो कर कृष्ण को वर मानना।

(६३) पृ० ६८—७६ तक—अदिति के कुंडल जिन्हे भौमासुर को मार कर कृष्ण ने लिया था देने के लिये सुरपुर सतभामा सहित जाना, इन्द्र का शची सहित उनको पूजना, सतभामा को पारिजात की इच्छा होना, लौटते समय कृष्ण का उसे लेते आना, सतभामा के महलों में उसका रखना, सोलह सहस्र कन्याओं से एक साथ विवाह। प्रत्येक से दस दस संतान तथा आठो पटरानियों की सन्तान का वर्णन।

(६४—६५) पृ० ७७—८८ तक—कृष्ण के पुत्रादि के विवाह का वर्णन। बाणासुर का शिव से वरदान पाना, उसका सहस्र भुजा धारण कर शिव से कहना कि मेरे समान या तो योधा बताइये अथवा स्वयं युद्ध कीजिए, शिव का कथन कि जब मेरी ध्वजा टूटेगी तभी तेरे समान बलवान आकर युद्ध करेगा। ध्वजा का भंग होना, ऊषा (बाण की पुत्री) का प्रद्युम्न को स्वप्न में देख कर मोहित होना और उनका हरण, कृष्ण का बाण युद्ध, शिव के कहने से कृष्ण का बाण को अभय देना, ऊषा प्रद्युम्न विवाह।

(६६) पृ० ८९—९४ तक—राजा नृग का उद्धार, कृष्ण का यादवों से ब्राह्मणों का महत्व कथन करना, श्री बलदेव जी का व्रज गमन, सब का प्रेम सहित मिलना।

(६७) पृ० ९४—१०० तक—बलभद्र जी का भोग विलास। यमुना पर कोप, पौंड्रक तथा काशिराज वध, काशिराज के पुत्र का अपने पिता की क्रिया करने के पश्चात् शिव भक्ति, शिव से वर पाना कि सर्वेश्वर को छोड़ तुम्हारी मनोवांछा पूर्ण होगी।

(६८) पृ० १०१—१०६ तक—अभिचार वह्नि का द्वारिका में आना, कृष्ण चक्र से उसका भस्म होना, काशी का चक्र से भस्म होना, भौमासुर के मित्र द्विविद नाम वानर का नगर में उपद्रव करना, बलदेव जी के महलों में उपद्रव करना और उनके द्वारा उसका वध। सांब कुमार (हरिपुत्र) का दुर्योधन की पुत्री लक्ष्मणा का हरण। कौरवों द्वारा उससे युद्ध और अपनी पुत्री का लौटा देना, तथा शांब को बांध लाना, यादवों को इस बात का पता लगना।

(६९) पृ० १०६—१११ तक—यादव कौरव युद्ध, कौरवों का शांबु सहित अपनी पुत्री को उपस्थित करना, द्वारिकापुरी की शोभा का वर्णन। नारद आगमन।

(७०) पृ० ११२—११७ तक—नारद को कृष्ण का माया दिखाना, जहां जहां नारद जाते हैं वहां वहां पृथक् पृथक् रूप में उनके दर्शन, नारद की स्तुति, कृष्ण का उत्तराखंड गमन।

(७१) पृ० ११७—१२२ तक—एक दूत का कृष्ण को यह सूचना देना कि जरासिंध ने दश सहस्र राजाओं को बंदी कर रक्खा है, उनको छुड़ाइए। उसी समय नारद जी का आकर पांडव-यज्ञ का समाचार देना, पांडवों के मख में ही कृष्ण का प्रथम पधारना।

(७२) पृ० १२२—१२९ तक—कृष्ण का पांडवों के नगर में आना, नगर तथा रनवासों की शोभा—सकल भूपालों को जीतने की तैयारी करना।

(७३) पृ० १२९—१३४ तक—धर्मराज का अपने भाइयों को भिन्न भिन्न दिशाओं में भेजना, भीम अर्जुन सहित कृष्ण का मगध को गमन, भीम के साथ जरासिंध का गदायुद्ध तथा उसका वध, उसके पुत्र सहदेव को राजतिलक, राजाओं की बंध-मुक्ति।

(७४) पृ० १३५—१४० तक—राजाओं का कृष्ण के साथ आने की तैयारी करना, कृष्ण का उन्हें समझा कर उन लोगों के घर पहुंचा देना, स्वयं धर्मराज के पास आना, यज्ञ के लिये जो जो मुनि आये उनके नाम, अग्रपूजा के लिये कृष्ण का चुनाव, इस पर शिशुपाल का क्रोध कर कटुवाक्य भाषण करना।

(७५) पृ० १४१—१४६ तक—यज्ञ में जो जो सेवा जिसको दी गई उसका वर्णन।

(७६) पृ० १४७—१५२ तक—मयकृत भवन में दुर्योधन का अपमान। शल्य का शिव जी को आराधना करके दिव्य रथ पाना, प्रद्युम्न का मूर्छित होना।

(७७) पृ० १५२—१५६ तक—कृष्ण का पांडवों से विदा लेकर द्वारका को आना, नगर का उपद्रव देख कर स्वयं युद्ध में शल्य का वध करना।

(७८) पृ० १५६—१६२ तक—बलदाऊ जी के कुछ कृत्यों का वर्णन। सूत के न उठने पर क्रोधित हो उसे मारना, उस पर ब्राह्मणों का प्रायश्चित करने को कहना उनका तीर्थ करना तथा द्वारकापुरी को लौटना विल्व नामक राक्षस का वध करना।

(७९) पृ० १६२—१६८ तक—सुदामा की स्त्री का अपनी दरिद्रता पर मनस्ताप प्रगट कर पति को उनके मित्र कृष्ण के पास कुछ लेने के लिये चावल देकर विदा करना, कृष्ण का उनसे बड़े प्रेम पूर्वक मिलना, किन्तु लज्जावश उनका कृष्ण से कुछ न मांगना।

(८०) पृ० १६८—१७४ तक—सुदामा का नाना प्रकार के संकल्प विकल्प करते हुए घर आना, कृष्णादि का कुरुक्षेत्र गमन, पांडवों से मिल कर प्रसन्नता।

(८१) पृ० १७४—१८० तक—गोपियों तथा गोपों के साथ नन्द यशोदा का कुरुक्षेत्र में आगमन, सब का मोह, गोपियों के साथ कृष्ण की सहानुभूति, द्रौपदी के प्रश्न करने पर अपने अपने मुख से कृष्ण की पटरानियों के विवाह का कथन करना।

(८२) पृ० १८०—१८५ तक—लक्ष्मणा का निज विवाह संबंधी वक्तव्य, सोलह सहस्र रानियों का एक साथ अपने विवाह की कहानी सुनाना, मुनियों का उसी तीर्थ में आगमन, सब का कृष्ण की स्तुति करना।

(८३) पृ० १८६—१९१ तक—सम्पूर्ण ऋषि मुनियों का गमन, नारद का वसुदेव तथा कृष्ण की बड़ाई वर्णन करना, सब तीर्थों की कुरुक्षेत्र में प्रवेश-कथा।

(८४) पृ० १९१—१९४ तक—कृष्ण की माता का निज पुत्रों को गुरु सुत की भांति ला देने का आग्रह, तदनुसार कृष्ण का आज्ञा पालन।

(८५) पृ० १९४—१९७ तक—बलि से अपनी अन्य सन्तानों का ला देना, सुभद्रा हरण।

(८६) पृ० १९८—२०२ तक—जनकपुर के राजा श्रुतिदेव को भक्त समझ उसके यहां मुनियों सहित जाना और उसकी प्रार्थना पर उसके यहां कुछ दिन निवास कर उसे लोक हित शिक्षा दे लौट आना।

(८७) पृ० २०३—२१४ तक—ब्रह्म निरूपण, माया, जीव, प्रकृति इत्यादि का सूक्ष्म रीति से परिचय, ईश्वर भक्ति की प्रधानता, तथा संसार की अनित्यता का वर्णन।

(८८) पृ० २१५—२२० तक—शौनिक के प्रश्न करने पर शिव आराधना की महत्ता का वर्णन, शकुनि पुत्र वृकासुर के केदार तीर्थ पर निज शरीर काट काट कर हवन करने पर शिव जी का वरदान देना कि जिसके सिर पर हाथ रख कर तू कहेगा कि भस्म हो जा वह भस्म हो जावेगा। उस पापी ने पार्वती लेने की इच्छा से उन्हीं से कहा कि इसे प्रथम तुम्ही पर आजमाऊं, यह सुन कर शिव जी का भागना, नारायण का युक्ति द्वारा असुर को भस्म करना, भृगु द्वारा इसकी परीक्षा कि "तीनों देवों में कौन बड़ा है।"

(८९) पृ० २२०—२२६ तक—द्वारकापुरी के एक ब्राह्मण की सन्तान का हो हो कर मर जाना और उसका अनेक कटुवाक्य कह कर राजा लोगों के पाप से हो इस कृत्य के होने का कथन, किन्तु किसी का ध्यान न देना, अर्जुन का प्रण करना कि मैं लाडूंगा। प्रणभंग होने पर वह्नि प्रवेश की तैयारी। कृष्ण द्वारा कार्य्य कोस फलता।

(९०) पृ० २२६—२३० तक—यादव स्त्रियों का भोग विलास का साधारण वर्णन, कृष्ण के मुख्य अठारह पुत्रों के नाम का कथन, कृष्ण की महिमा।

No. 218(*k*). Bhāgavata (Ekādaśa Skandha) by Śrī Kṛishṇadāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—20. Size—14½ × 5½ inches. Lines per page—11. Extent—385 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Hindī Pustakālaya, Nawābagañja, Bārābanki (Oudh).

Beginning—श्री गणेशायनमः ॥

संतदास सत गुरु के चरना। तिन्हको गहौं सुदृढ़ करि सरना ॥
जाते उपजै ज्ञान विचारा। छूटै भर्म कर्म व्यवहारा ॥
बहुरौं जगत जनमि नहिं आवउं। तिन्ह को निजानन्द पद पावउं ॥
तिन्ह को आज्ञा हृदय धरेऊ। लोक हितारथ भाषा करेऊ ॥
श्री भगवान विरंचहि भाषेऊ। सेा विरंचि नारद सेा आषेऊ ॥
सेा नारदहिं व्यास समझायऊ। व्यास सुवन भये सुकहिं पढ़ायऊ ॥
सेा सुक कहेउ परीक्षित आगे। छूट्यौ द्वैत सुपन ज्यौं जागे ॥
सेाई सूत अजहुं विस्तरहो। सहस अठासो रिषि मन हरहीं ॥
श्री भगवंत आपु यहि भाषेउ। ताते नाम भागवत राखेउ ॥
आपु मिलन को पंथ बतायेा। या मारग बहुतन हरि पायेा ॥

व्यास देव जेा भागवत भाषेउ है दशकंध।
तिनमें एकादश कहेउ नयन लहै जिमि अंध ॥

एकादश एकतीस अध्याई। तिनको ब्योरा कहौं सुनाई ॥
जदुकुल नाश प्रथम मैं गायेा। बहुत भांति वैराग्य उपायेा ॥

End.—बहुरि सुनहु हरि के अवतारा । भवसागर के तारन हारा ॥
धर्म पिता अरु मूरति माता । तहं नर नारायण विख्याता ॥
आतम ज्ञान भक्ति विस्तारै । जासेां लगि जीवन निस्तारै ॥
अबहुं प्रगट करहिं आचरना । नारदादि नित सेवहिं चरना ॥
एक बार सुरपति मन आनेा । मम लेाक न लेहहिं मैं जानौं ॥
तब तिन्ह आज्ञा कामहिं दीन्हीं । काम संग सेना सब लीन्हीं ॥
रंभादिक अपछरा प्रवीना । त्रिविधि पवन बसंत पसारा ॥
बद्रीखंड सबै चलि आए । नर नारायण बैठे पाए ॥

भरि भरि बान हने सरोरा । निष्फल भये अग्नि ज्यों नीरा ॥
तब रोम रोम थर्राने । श्राप अगत जोवन गत जाने ॥

Subject.—(१) पृ० १—५ तक—प्रथम अध्याय। संतदास गुरू के चरणों की वन्दना, इसमें इकतीस अध्याय होने का वर्णन, ज्ञान समझाने का वर्णन, बैराग्य का वर्णन, कृष्ण का भूमि का भार उतारने का वर्णन, यादव कुल विनाश वर्णन।

(२) पृ० ५—१२ तक—द्वितीय अध्याय, नारद का श्री कृष्णजी से प्रश्न कि स्वामिन्! मैंने आप का सदैव भजन किया, दूसरा जन्म भी धारण किया, किन्तु मोह से न छूटा, सो मोहजाल से छूटने का उपाय बताइये, उन्होंने इस विषय में ऋषभादि के जन्म का प्रसंग वश कथन करते हुए एक पुराना इतिहास सम्मुख रक्खा, इसमें विदेह तथा हरि के प्रश्नोत्तर हैं और उनके द्वारा भागवत के लक्षण, हृदय में दृढ़ रखने वाला धर्म, किस प्रकार आचरण करै, जिनके हृदय में कभी द्वैत भाव का संचार नहीं होता, इन बातों का समझाना, स्थावर जंगमादि को प्रकृति का मूल बताना, वह प्रकृति आत्मा के अधीन है, वह आत्मा निरंकार का अंश है, यह दोनों ईश्वर से उत्पन्न हैं और उसी में लीन होते हैं, हरिदासों के लक्षण।

(३) पृ० १३—२० तक—तृतीय अध्याय, जिस माया ने सम्पूर्ण लोक को भ्रमा रक्खा है उसका वर्णन, सृष्टि निरूपण, सृष्टि का लय होना, माया से तरने की रीति, गुरू द्वारा ज्ञान का विधान, दीनों पर करुणा करने की आज्ञा, हिंसादि पाप कार्य्यों के त्याग का वर्णन, ब्रह्म के रूप, परमात्मा ब्रह्म का एकत्व, शुद्ध अद्वैत का वर्णन, हरि के चरणों में चित लगाने का वर्णन, अवतार की कथा का वर्णन।

Note.—यह भागवत एकादश स्कंध का पद्यानुवाद है। इसमें केवल २० पृष्ठ और तीन अध्याय हैं। कवि ने प्रस्तावना में ३१ अध्याय बताये हैं इस हिसाब से इसके २८ अध्यायों का पता नहीं है। ग्रंथ में कवि ने अपने गुरू का नाम चरणदास बताया है किन्तु अपना नाम कहीं नहीं लिखा। इन स्कंधों में कृष्णदास जी और सुखराम जी की रचनायें हैं।

No. 218(*l*). Bhāgavata (Dwādasa Skandha) by Krishṇa Rāya and Sukharāmaji of Rāmapura. Substance—Country-made paper. Leaves—32. Size—13½ × 6½ inches. Lines per page—13. Extent—507 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—

Samvat 1910 or 1853 A. D. Place of deposit—Hindi Pustakālaya, Nawābagañja (Bārābanki).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ द्वादश स्कन्धारंभः ॥ दोहा ॥ वर्णन कलिके नृपन को काटहि तक्षक भूप। मारकंड ऋषि की कथा द्वादश स्कन्ध अनूप ॥ सुनहु रुद्र स्कन्ध की कथा परीक्षत राइ। जो राखत थिर जगत में नाथ कहिय समुझाइ ॥

सुनु प्रभु अंत भयौ जबही ते। कलि आगमन कीन्ह तबही ते॥
जे जग भये भूप प्रभु पाछे। त्यागेउ सत्य धर्म अघ काछे॥
जब गोलोक गयेउ ब्रजराजा। पाण्ड वंश भयेउ तुम राजा॥
अब दुइ होंइ चक्रवत साजा। वज्रनाम जन्मैजय राजा॥
जरासिंधु सुत नृप सहदेऊ। पुरंजित होंहि भूप सुत तेऊ॥
सैानिक सचिव मारि तेहि डारहिं। पुत्र प्रदेव ताको प्रद पारहिं॥
ताके वंश त्रिशत अड़तीसा। हुइहै वर्ष राज अवनीसा॥
पुनि शिशुनाग नाम नृप होई। ताके वंश होंय नृप दोई॥

क्षात्र धर्म का कौरना होंहिं नृपति बलवान।
त्रिशत षष्टि संवत लगि तिनको राज प्रमान॥

महानंद नृप होइ पुनि तासु सुद्रनी नारि।
विन्दु नाम सुत होय नृप क्षत्रिन देहि निकारि॥

End.—दोहा—जो सुष सार जो पढ़े पाप रहै नहिं गात।
जैसे तुषक तड़ाग ते वायस तरु तज जात॥

विप्र संत हरि जन कह गंगा। अथ उलूक कहं प्रबल पतंगा॥
पुनि अघ राशि कुधानहिं छेनो। सुकृत सुमंगल मांझ त्रिवेनी॥
हरि भक्तन कह जो सुख दाई। लोक सुखद परलोक सुहाई॥
दुख दरिद्र भय शोक विनाशिन। अंत समय यम गण कह डासिन॥
पुनि सब तीरथ व्रत विधि नाना। जप तप जोग विविध मख दाना॥
सब कर फलदायक यह सागर। जो धरि ध्यान सुने नर नागर॥
लिखि लिखि बहुत कहे कह होई। श्रवण करे तोह सम नहिं कोई॥
जो यह यश पावन हरि तेरो। तो फुर होइ वचन यह मेरो॥

दोहा—नदी गोमती पूर्व तट नगर रामपुर धाम।
मिश्र वंश में जन्म है तहं कविजो सुखराम॥

इति श्री भागवते महापुराणे द्वादसस्कंधे शुकदेव परीक्षत संवादे त्रिदशोध्यायः ॥ १३ ॥ इदं पुस्तकम् समाप्तम् शुभमस्तु श्रीरस्तु सम्वत् १९५४ मार्ग कृष्ण पक्षे तिथि द्वादस्याम् रवौ लिखितं रामचरण दीक्षित शुभम्भूयात ॥

Subject.—(१) पृ० १—४ तक—प्रथम अध्याय।

कलियुग के होने वाले नृपतियों का वर्णन। विविध राजाओं के वर्णन के साथ ही साथ अंग्रेजों का वर्णन।

तिनहिं जीत लहि राज फिरंगी। जहाँ तहं लरहिं बरूथन जंगी ॥
जिनहिं प्रजा प्रिय प्राण समाना। करहिंराज दस पुष्टि प्रमाना ॥
× × × × ×
कलकत्ता निजवास करि कोट सोनवनी ताल।
नन्दन सदा कहावई पुनि गौरंड कुमार ॥

(२) पृ० ४—६ तक—द्वितीय अध्याय।

कलियुग के राजाओं के धर्म, उस युग में होने वाली विविध कुरीतियों का वर्णन।

(३) पृ० ७—१० तक—तृतीय अध्याय।

चारोयुग में होने वाले कर्म्मों का वर्णन। क्रमानुसार प्रत्येक युग में धर्म का एक एक पाद कम होता जाना। प्रत्येक युग में तरने का विधान और उस के नियम ॥

(४) पृ० १०—११ तक—चौथा अध्याय।

प्रलय का वर्णन। वह किस प्रकार होती है—पंचतत्वों का परस्पर एकीकरण होकर संसार किस प्रकार आस्ता रहित होता है ?

(५) पृ० ११—१२ तक—पाँचवाँ अध्याय।

सृष्टि निरूपण, सत्रह वस्तुओं से शरीर के बनने का कथन। इन सब बातों को समझा कर राजा परीक्षित को समझाना "कि इस प्रकार सब कुछ बनता बिगड़ता ही रहता है फिर तक्षक से डसे जाने का क्या भय है ?"

(६) पृ० १३—१७ तक—छठवां अध्याय।

तक्षक का विप्र वेश धारण कर राजा को डसने के लिये जाना। मार्ग में कश्यप के भेजे हुए धन्वंतर वैद्य—जो उस राजा को निर्विष करने के लिये जा रहे थे—से बातचीत से जान कर वट वृक्ष पर चढ़े हुए लुहार को भस्म कर के अच्छा करने को कहना, वैद्य का परीक्षा में सफल होना और सशंक हो कर राजा की आयु पूछना, वैद्य का आयु ४ घड़ी शेष रहने का कथन करना, वैद्य

को तक्षक का धन देकर लौटा देना, उसी लुहार द्वारा सब हाल जान कर जन्मेजय का अपने पिता के डसे जाने के पश्चात सर्प यज्ञ करना, सर्पों का जल कर मरना, तक्षक का इन्द्र के यहां आश्रय लेना। मंत्र बल से सुरराज सहित यज्ञ के अधिष्ठाता सारस्वत का तक्षक को बुलाना, वासुक के उद्योग से बृहस्पति का यज्ञशाला में आकर राजा को समझा कर तक्षक का बचाना, यज्ञ समाप्त। तक्षक का बरदान कि मेरा तुम्हारा नाम जो जपेगा उसे सर्प न काटेगा।

(७) पृ० १७—१८ तक—सातवां अध्याय।

अष्टादश पुराणों में भागवत की महत्ता का वर्णन।

(८) पृ० १८—१९ तक—अठवां अध्याय।

वेदव्यास जी का मंथन करके पुराणों के निकालने का वर्णन। मृकंड ऋषि का पुत्र के लिये यज्ञ करना, सुरों का प्रसन्न होकर ऋषि से कहना कि तुम्हारे भाग्य में पुत्र नहीं है किन्तु केवल बारह वर्ष के लिये पुत्र देना, अवधि के निकट आते ही माता पिता का शोक असित होना, मार्कण्डेय का सब समाचार जान कर पिता से पूछना कि किसी प्रकार आयु-वृद्धि भी हो सकती है, अथवा नहीं। पिता का तप के लिये उपदेश, मार्कण्डेय का तप करना, इन्द्र का कामदेव को भेजना और उसका असफल रहना, ईश्वर का प्रसन्न होकर उन्हें अमर करना।

(९) पृ० २०—२१ तक—नवां अध्याय।

मार्कण्डेय का वर पाकर भी तप में निरत रहना। भगवान का दर्शन दे कर वर मांगने की आज्ञा, मार्कण्डेय का माया दिखाने के लिये अर्थात् सृष्टि की उत्पत्ति, विनाश देखने के लिये वर मांगना, भगवान का एक सप्ताह के लिये वचन देना। सातवें दिन नदी के किनारे उक्त मनोवांछित कृत्य देखना, अंधकार तथा जल का प्रकोप, ऋषि का घबराना, ऋषि का पानी में उछलना डूबना, एक बहते हुए वट वृक्ष का सहारा मिलना, एक पुष्पों के दोने में एक सुन्दर से बालक का अंगूठा पीते हुए बहना, ऋषि का पकड़ने के लिये हाथ बढ़ाना, सांस के साथ बालक के उदर में प्रवेश, वहां पर सब ब्रह्मांड का दर्शन करना, पुनः बाहर निकलना, फिर बालक की ओर हाथ बढ़ाना, प्रभु का वृक्ष सहित अन्तर्धान हो जाना। बहुत दिन तमाशा देखने के पश्चात् ईश्वर का ध्यान धरना।

(१०) पृ० २१—२३ तक—दसवां अध्याय।

एक दिन शिवा सहित शिव जी का आना। पार्वती का ऋषि को तप में निमग्न देख कर वर देने के लिये कहना, शिवजी का कथन कि उक्त भगवद्भक्त वर का अभिलाषी नहीं है, किन्तु चलो फिर भी ऐसे सत्सङ्ग से कुछ हानि नहीं,

दोनों का वहां जाना। ऋषि कुछ न जान सके, शिव जी का दश भुज समेत रूप धारण कर उनको ध्यानावस्था मेंही दर्शन देना, ऋषि का नेत्र खोलना, सन्मुख शिवजी के दर्शन करके उनसे विनती करना, वामदेव जी का वर मांगने को कहना, ऋषि का केवल हरिहर के चरणों में दृढ़ अनुराग होने का ही वर मांगना, शिव जी का तथास्तु कह कर बिदा होना।

(११) पृ० २४—२७ तक—ग्यारहवां अध्याय।

सौनकादि का सूत जी से पूछना कि, चक्र पीत पट आदिक कौन वस्तु हैं? यह सुन सूत जी का ईश्वर के विराट स्वरूप का वर्णन करना, उसी में सूर्य्यादि नेत्रादि कथन। ऋषि, अप्सरादि का रूपक मास दिवसादि में बांधना।

(१२) पृ० २७—२८ तक—बारहवां अध्याय।

श्रीमद्भागवत में विवर्णित सम्पूर्ण कथाओं का सार वर्णन करना।

(१३) पृ० २९—३२ तक—तेरहवां अध्याय।

अठारहों पुराणों के श्लोकों की संख्या, प्रभु की महिमा, कथा समाप्ति पर अपने अपने घर चला जाना—

कवि के निज वंश का परिचय—

'राम कृष्ण' वर मिश्र सनाढो। तिनके भये धनिराम गुणाढ़ो॥
तासु-तनय हौं 'जौसुख रामा'। मम शिशुपन पितु गये सुरधामा॥
भये कालवश पितु जब मोरे। लै मोहि मातु बसो ननिओरे॥
'उग्रसेन' मम मातुल नामा। वेद वृत्त्य धन सब तेहि धामा॥
'दयाराम'-सुत सो बुध नीका। क्यमय वंश कटेहा कुल टीका॥

दोहा—कीन्ह मोर प्रतिपाल उन सब विधि दीन दयाल।
लाड़ दुलार विवाह मम जो जग महं सुष जाल॥

उन पढ़ाय मोहि कीन्ह सचेता। स्वल्प ताड़ना लाड़ समेता॥
उनके वर प्रसाद सुनु भाई। परम विचित्र कथा हम गाई॥

(१४) इस वर्णन के पढ़ने से लाभ।

(१५) ग्रंथकार के निवास स्थान आदि का पता:—

नदी गोमती पूर्व तट नगर रामपुर धाम।
मिश्रवंश में जन्म है तहं कवि जौसुखराम॥ इति॥

No. 219(*a*). Dānalīlā by Kṛishṇadāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—28. Size—5½ × 4½ inches,

Lines per page—5. Extent—60 Anushṭup Ślokas. Appearance Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1881 or A. D. 1824 Place of deposit—Paṇḍita Rāma Prapanna Malaviya Vaidya, Sultānpur (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ दानलीला लिख्यते ॥ चौपाई ॥ प्रभु पूरण ब्रह्म अखंडा ॥ जाके रोम कोटि ब्रह्मांडा ॥ प्रभु सर्गुण ब्रह्म कहाए । मथुरा विंदावन आए ॥ तहां देव लोक मुनि जेते ॥ तह गोप ग्वालिनी तेते ॥ देवको सुत नाम धराये ॥ वसुदेवहि रूप दिखाये ॥ प्रभु ब्रहा कीन्हा ॥ वसुदेवहि आज्ञा दीन्हा ॥ तिन्ह नंद भवन पहुंचाए ॥ तहां नंद के लाल कहाये ॥ छन्द ॥ १ ॥ जन्म लीन्हे वसुदेव के गृह नंद के बाल कहाए ॥ छपन कोटि जदुवंश माया जूथ गोपी ग्वाल के ॥ कृष्ण के शंग बहु बालक गो चरावन गए ॥ हरषि गावहि दानलिला सुनहु सज्जन कान दै ॥

End.—घंट वजाई कीन आरती जोति मिलि पूजा करी । कृष्णदास प्रसाद पावै जन्म जन्म के दुष हरी ॥ जो नर गावै दानलीला सुनहि जो चित लावहो ॥ सो नर पावहि परम पद ॥ विष्णु लोक सिधावहो ॥ इति श्री दानलीला कृष्णदास विरचितांयां संपूर्ण सुभमस्तु । जो प्रति देषा सो लिषा मम दोषो न दीयते ॥ संवत् ॥ १८ ॥ ८१ सन् ॥ १२३१ । पूस मासे सुक्ल पक्षे एकदस्यां बुधवासरे दसबत तुरंतोलाल लेषक ॥

Subject.—पृ० १ से ३ तक—प्रस्तावना—

(२) पृ० ४ से १६ तक—गोपी यमुना घाट आगमन, कृष्ण के एक सखा द्वारा उनका डपटा जाना, कृष्ण के प्रश्नोत्तर ।

(३) पृ० १६ से २५ तक—नख शिख वर्णन, कृष्ण द्वारा ज्ञान की प्राप्ति, गोपियों को ज्ञान होना ।

(४) पृ० २६ से २७ तक—रास मंडल की रचना ।

(५) पृ० २८ तक—दानलीला पठन—फल ।

No. 219(*b*). Dānalīlā by Kṛishnadāsa. Substance—Foolscap paper. Leaves—14. Size—$8 \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—18. Extent—87 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Kaithī Muḍiā. Date of manuscript—Samvat 1953 or A. D. 1896. Place of deposit—Paṇḍita Yaśodānanda Tiwārī, Kāṇṭhā, District Unāo.

Beginning.—श्री गणेश जो सहाय नमौ। श्री सुरसती जो सहाय नमौ। श्री गंगा जी सहाय नमौ। श्री महादेव जो सहाय नमौ। श्री पोथी दानलीला लीखते।

दोहा। मौर मुकुट मुरली धरे पीतमर फहराइ। अइसो मुरती सम को कहौ जौग ठहराइ॥ चलौ सखी जह जइए जह मोलै वीरीजराज गौरस वेचत हरी मोलै एक पंथ दुइ काज। चौपाई। प्रभु पुरन ब्रह्म अखंड। जके रोम कोटि वरहैमंड। जब सरगुन रूप ब्रह्म कहाए। मथुरा से वीदरावन आए। जह देव-लोग मुनि जेते। सब गौव गुवालोनो तेते। देवकी सुत नाम धराए। वसुदेवहि रूप देखाए।

End.—कीरीसन घंट बजइ आरती चरन वंधन सब करो। गोरधरोपर-साद पावै जनम जनम के दुख हरो। जो नर गावै दानलीला सुनै जो चित लाइ के। सौ नर पावही प्रेम पद वीसन लोक सिधावही। इतो सोरो दानलीला समपूरन भइल सो सहो जो पत्र देखा सो लिखा मम दौस न दीजोए। पंडित जन सौ वीनतो मौर टुटल अछर लेव सजौरो। महीना फागुन दीन बुध सन १८९६ दसखत देवीराम के।

Subject.—श्री कृष्ण जी का ग्वालिनों से दही का दान मांगना और ग्वालिनों से वार्तालाप करना।

No. 220. Rādhā Kṛishṇa Vilāsa by Kṛishṇadāsā of Nawā. Substance—New white paper. Leaves—204. Size—16 × 10 inches. Lines per page—20. Extent—3,570 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Nimbārka Pustakālaya, Bābā Mādhava Dāsa Mahanta Mandira Nānapārā, District Bahrāich (Oudh).

Beginning—ॐ श्री राधाकृष्णाभ्यां नमः॥ श्री निम्बार्काय नमः श्लोक॥ श्री राधावर पाद पद्म युगुलं नित्यं शरण्यं भजे लब्धं श्री हरिभक्त दास कृपयाता-न्स्वान् गुरु न्सन्नेमे राधा कृष्ण विलास धाम प्रकटी कर्त्तुं मनो धावति लिप्सा प्रौढ़ तरातु यस्य हृदये हास्यं न सः पश्यति॥ १॥ छंद॥ श्री स्वामिनो पद कमल नख मणि चारु चन्द्र मयूषता ब्रह्मांड अमित प्रकाश प्रसर प्रमोद पूर पियूषता॥ अनगम्य अकथ अनन्त अनवधि अप्रमेय महो भनं कुरु पान चित्त चकोर इव रस कृष्णदास हठो मनं। हरि द्वै अक्षर वीज तरु भक्तिदास फल जोय। त्रिपदी संगम सेय सब तरे रह्यो नहिं कोय। हरि कहि भक्ति सुदास भजि षट अक्षर को मंत्र महिमा वेद पुरान में जाहि कहैं सब तंत हरि हित भक्ति सुदास के पद नष छटा प्रकास महा मोह तम निविड़ अति वंदत होत विनास॥

End.—बहुरि विचारि दिए सुष पावै निज गुन समुझि प्रमोद बढ़ावै जो नहिं शीत होय तन मेरे उक्ष्म पदारथ दूरि निवेरे। अमित भांति सुखप्रद जे भोगा मो रितु पाय लहै संयोगा॥ भोग वस्तु गुन भोगी दंपत मो घर आप लहै सुख संपत॥ अस निवारि सेवा रुचि वाढ़ी आवनि आस स्वास भरि गाढ़ी। छिन छिन करै मनोरथ भारी पुजवैं आज सकल निरधारी॥ दंपति आवन मन सब चाहैं। सुरति युगुल पद निधि अवगाहैं॥ दंपति पद सेवन सुष आसा। तिन्है विहात कल्प सम स्वासा। यहां सखी सेवैं चित लाये राज भोग समुझे सुख पाये। भोजन करि बैठे पिय प्यारी। सखियन सेवा सर्व निर्धारी। राजभोग आरती वितानी। सखी विलोकै दिये रस खानी॥ नृत्य गान करि युगुल रिझावैं। सकल मनोरथ मन फल पावैं॥

No. 221. Vikrama Battīsī by Kṛishna Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—104. Size—12 × 6 inches. Lines per page—48. Extent—3,432 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1931 or A. D. 1874. Place of deposit—Ṭhākura Harapāla, Village Nandavala, P. O. Baudi, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः॥ अथ विक्रम बत्तीसी लिष्येत॥ छप्पय॥ प्रथम सुमिरि गण ईश सीस वन्दन गणनायक विघन हरन मतिराज काज करि सिद्धि सहायक। एक दंत मय मंत अंत नहि पार जासु मति। फरस हस्त सम्रत्थ देत गुन सत्त छंद गति॥ कवि कृष्णदास वंदित चरन सुमति देहु दुस्तर तरण। रस सिद्धि प्रौढ़ विक्रम चरित सुमति सगुन विपत्ति हरण॥ कुंडलिया॥ पारस भारति लोह कवि लागत कंचन होय। दिन दिन प्रीति सुहाग हित आप बढ़ावत सोय॥ आप बढ़ावत सोइ ताइ गुन भूषन मंडन। जगत प्रान जग जोति दीन दुख दारुन खंडन। कृष्णदास कवि माझ रैनि दिन उदित सार रस। सोइ सुबुद्धि प्रकास लोह लागत हो पारस॥ दोहा॥ हंस गवनि गुन हंस विय अनुदिन चाहै हंस। हंस अभूषन हंस मन हंस चालि बरि वंस अरिल्ल। वेष विलास कृसोदर सोभा कामिनी। कोविद कंठ सुकंठ किलोलति दामिनी। आनि वसौ उर माहि दया करि भारथी। परि हांजो विक्रम वीर चरित्र कथा करि सारथी।

End.—राजोवाच॥ जो जननी मोहिं करौ पसाउ। जरै न फिर सालवाहन राउ॥ देहो विन जरै सब सुष देहू। इतनो लोभ वानी लेहू॥ दीनो वर विक्रम को सोई। सालवाहन तन दाह न होई॥ तौ लग सो नृप आयो तहां। विक्रम वीर अंविका जहां॥ चंडी वाच॥ तेरे हेत दयो तन आई। विक्रम को गति कही न जाई॥ दोऊ नृपति मिले करि प्रेमा। उमा इतौ कर दीनो नेमा॥ ता पाछे इत

विक्रम भूप । इत सालवाहन नृपति अनूप । यह मरजादा दोऊन तके । संकलै ना कूं कोऊ न सकै ॥ चंडी बीच कियो सुष काढ़ो । ता दिन ते कोऊ बहुर न चढ़ो । सालवाहन को जीते नरेस । अपने पुर को कियो प्रवेस ॥ गयो साज सों चहुंटिस गुनी । भोजराज यह कीरति सुनी । कही गुन भरी कथा रसाला । बत्तीस भेद सुने महिपाला ॥ जो नर पढ़ै सुनै सिध होई । डारै कलुष अंध को धोई ॥ कृष्ण दास कवि ॥ इति विक्रम बत्तीसी भोज प्रबंध गुन भरा बचन संपूर्णम् ॥ लिषा संवत १९३१ दीनानाथ ब्राह्मण आगरे वारे ने ॥

Subject.—इस ग्रंथ में सिंहासन बत्तीसी का पद्य रूप में वर्णन किया है। इसमें ३२ पुतलियों ने यह वर्णन किया है कि हे भोज जिसमें विक्रमादित्य के ऐसे गुण हों वही सिंहासन पा सकता है। आदि

No. 222(*a*). Bihārī Satasaī kī ṭīkā by Krishṇa Kavī of Bundelakhaṇḍa. Substance—Country-made paper. Leaves—121. Size—$9\frac{1}{4} \times 7\frac{1}{4}$ inches. Lines per page—20. Extent—3,000 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Sana 1258 Hijarī or A. D. 1880. Place of deposit—Rāja Pustakālaya, Bhinagā, District Bahraich.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ सतसैया लिख्यते ॥

मेरी भव बाधा हरौ राधा नागरि सोइ । जा तन की झाईं परे श्याम हरित दुति होइ ॥ टीका—यह मंगलाचरण है श्री राधा जू की अस्तुति है ग्रंथ करता करतु है तहां राधा और हू हैं। ताते या तन की झाईं परत श्याम हरित् दुति होइ ॥ या तन ते श्री वृषभानु सुता की प्रतीत भई ॥ कवित—जाको प्रभा अवलोकत हो तिहुंलोक की सुंदरता गहि वारी। कृष्ण कहैं जु सरोरुह नैनी को नाम महामुद मंगलकारी ॥ जा तन की झलकैं झलके हरितै दुत स्याम को होत निहारी। श्री वृषभानु कुमारि कृपा करि राधा हरौ भव बाधा हमारो ॥ दोहा ॥ शीश मुकुट कटि काछनो कर मुरली उर माल। यहि बानक मो उर बसौ सदा बिहारो लाल ॥ २ ॥

End.—यथा राजा को वीर रस ॥ दोहा ॥

थैं दल काटे बलष तें बैं जे साहि भुआल। उदर अघासुर के परे गोपी गाइ गुवाल ॥ ७१३ कवित्त ॥ एक रसना सों मोसैं कैसे कहे परै जेते विक्रम अमित करे नृपति सवाई ने। केसव अघासुर तें राखो बृज तैसें तैं ऐसें हम गिलो दिलो उगलाई कै ॥ कालो ल्यों सुचालो काढि जेतिपान वारी दावानल सो प्रबल दुख

बल कै पियति हिंदुआन को वहाइ कै। कालो ज्यों सुचालो काढ़ि दूरि करै मुह कमकीरति प्रकास जग ओप्यौ उजराई कै॥ ७१३ दोहा—हुकुम पाइ जै साहि को हरि राधिका प्रसाद। करी विहारो सतसई भरी अनेक सवाद॥ ७१४ यदि दोहा क कविता नाहीं रहा॥ इति श्री विहारी लाल विरचिते सप्तसतिकायां नव रस वर्नेनं नाम चतुर्थ प्रकरणम् समाप्त शुभ सन् १२५८ साल शुभ॥

Subject.—विहारो सतसई पर टीका कृष्ण कवि द्वारा सवैया और घनाक्षरी में को गई है। प्रत्येक दोहे पर एक सवैया या एक कवित्त लिखा है। कविता उत्तम है। १४२ दोहों पर कोई सवैया या कवित्त नहीं रचा गया है। कुल ७१४ दोहे हैं।

No. 222(*b*). Dharma Samvāda by Kṛishṇa Kavi of Bhāṇḍera near Orachhā (Ratnagañja). Substance—Country-made paper. Leaves—117. Size—5 × 3½ inches. Lines per page—8. Extent—585 Anushṭup Ślokas. Appearance—Good. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1775 or A. D. 1718. Date of manuscript—Samvat 1833 or A.D. 1776. Place of Deposit—Paṇḍita Sītala Prasāda, Village Fatehpur, District Bārā Bankī (Oudh).

Beginning.—श्री राधा कृष्णाय नमः॥ श्री गणेशायनमः॥ अथ श्री धर्म समाधि लिखिते भाषा॥ कवित्त॥ येक दंत गज वदन विराजै सुंदरताई उरह उदार॥ तुमि प्रथजगो कि पूजा सुनिये वंदनो कृष्ण विचार॥ श्री गणेश गवरि के नन्दन तुमहि सबहि सिधि दातार॥ अब कवि राजत मुनि देव मै ऊपर असवार॥ १॥ प्रथमहि सुमिर सरस्वतो वसि कंठ मैं आनो। दोन्हो सुमति गनेस जु अब कवि कृष्ण वषानि॥ २॥ दोहरा—राउ दुदिस्टिल को कथा पिता पुत्र को आदि। पहिले दरसन मिलन को वरनो धर्म समाधि॥ ३॥ तब जु हतो यह संस्कृति अर्थ सहित किन होइ॥ अब भाषा कवि कृष्ण कहि वांचतु है सब कोइ॥ ४॥

End.—धर्म ते सीतल रहत सोई अह देषो धर्म तै होत वैकुंठ बसई है॥ धर्म ते जुरे रन जंग जोतो जुत धर्म ते सत्रुनि कौन सु अधिकाई है॥ धर्म ते बड़ो रोग दूरि होत प्राचीन धर्म को बात धर्म सुहाई है॥ धर्म जुगुत तौ तुम सों कह्यो है कृष्ण यहै सीष लीजो धर्म सदाई है॥ दोहरा—साउधान रहियो भये देषो वातैं दोक॥ ऐसो राजा सों कह्यो धर्म गये सुरलोक॥ इति श्री धर्म समाधि ग्यान प्रभाव वरननो नाम धर्म दुदिष्टिल संवादे॥ प्रतछि दरसनो नाम चतुरथो अध्याय॥ ४॥

इति श्री धर्म समाधि संपूर्ण ॥ जेठ वदि ॥ ६ ॥ संवतु ॥ १८३३ ॥ प्रति लिषते वैसनु लछमन दास जु ॥ कवितु ॥ ग्यान जिये उपजै पहिले पुनि दूजे दया मन मां प्रसवावै ॥ तीसरे तीरथ श्री असनान चौथे कै वेद के भेद लषावै ॥ पांचये प्रोति लगै हरिसें छूटये कै छिमा कवि कृष्ण बतावै ॥ सातये सक्ति कहै वचनै सब याको सुनें इतनो फल पावै ॥ श्री राधा कृष्ण जू सदा सहाई ॥ श्री राम गुन गायै ॥ राम ॥

Subject.—(१) पृ० १ से ४ तक—गणेश जी की बन्दना, ग्रंथ निर्माण का हेतु, ग्रंथ निर्माण कालः—

संवतु सत्रह सै पचहत्तर समये कौलक नाम।
सावन सुदि परिवा तिथी सुरगुर पहिले जाम ॥
ताही दिन या ग्रंथ को कीन्हो कृष्ण विचारु।
कवित सवैया दोहरा वेद भेद वेवहारु ॥

कवि का निवास स्थान तथा अन्य परिचयः—

कवि वासी भांडौरि को रतनगंज सौ ठांउ ॥
निकट चत्रभुज वेतवै नग्र ओड़छौ गांउ ॥
सनाउढ़ सावरन कुल रावत करै वषानु।
सेवक सब ईंद्र के कविता कृष्ण निदानु ॥

(२) पृ० ५ से २७ तक—प्रथम अध्याय, ज्ञानप्रभाव, जन्मेजय ने वैशम्पायन से धर्म और युधिष्ठिर की कथा पूछी, उनका कथन, इन्द्र के यहां सब देवताओं का एकत्रित होना, नारद का युधिष्ठिर की बड़ाई करना, धर्म का अपने पुत्र की बड़ाई सुन कर प्रसन्न होना और उसको देखने की इच्छा करके चांडाल का रूप बना कर युधिष्ठिर के पास जाना, भीम का मिलना, भीम का चांडाल के आने का कारण पूछना, चांडाल का युधिष्ठिर से दान मांगने का प्रस्ताव, भीम का उसे चांडाल बता कर दान पाने का निषेध, चांडाल का भीम के मत से विरोध, गुण कर्म के अनुसार चांडाल द्वारा चांडाल की परिभाषा, भीम का उसे ज्ञान सम्पन्न या दान देने के लिये उपस्थित होना, चांडाल का राजा को सूचना देने का हो हठ, भीम का राजा को सूचित करने के लिये जाना।

(३) पृ० २८ से ३६ तक—द्वितीय अध्याय—राजा तथा भीम का संवाद, राजा का चांडाल दर्शन करने का निषेध, भीम का सूर्य्य वृक्षादि का उदाहरण देकर दानी का कर्तव्य समझाना। राजा का अन्तःपट डाल कर उससे वार्तालाप करने के लिये सन्निद्ध होना।

(४) पृ० ३७ से पृ० ७४ तक—तृतीय अध्याय-राजा का आकर चांडाल का निवासादि पूछना, चांडाल का उत्तर कि अतिथि के स्थानादि पूछने से क्या प्रयोजन, अतिथि की परिभाषा, उसके अन्नदान का फल, धर्म कर मुख्य तत्त्व, जप तपादि फल वर्णन, चंद्र सूर्य्य ग्रहण में पुण्य करने का फल, नर्क स्वर्ग का प्रश्न, सुख दुख का प्रश्न, धर्म फल का सार, ब्रह्मनिरूपण, देहादि उत्पत्ति, राजा का चांडाल के मुख से ज्ञान सुन कर अन्तःपट हटा देना—ज्ञान प्रभाव

(५) पृ० ७५ से ११७ तक। चतुर्थ अध्याय-प्रत्यक्ष दर्शन, राजा का क्षमा चाहना, भोजनादि की प्रार्थना, अतिथि का राज-भोजन का निषेध, केवल राजा के दर्शनों का फल वर्णन, राजा की शंका, अतिथि द्वारा उसका निवारण, अतिथि के वचनों का सब ऋषियों पर प्रभाव, दान छोड़ कर उनका चलना, ऋषियों को अतिथि का रोकना, उत्तम, मध्यम और अधम राजाओं के गुण, युधिष्ठिर को गणना उत्तम नरेशों में कर ऋषियों को वेद का भेद बताना, ऋषियों का अपने अपने स्थान पर बैठ कर श्रवण करना। चांडाल में धर्म संबंधी यह बातें देख कर राजा का भ्रम और उसके चरणों पर गिर पड़ना, धर्म का प्रगट हो कर युधिष्ठिर की बड़ाई करना, राजा को स्तुति-ग्रंथ समाप्ति।

No. 223. Rāga Kalpadruma Nitya Kīrtana Saṅgraha by Śrī Kṛishṇānanda Vyāsadeva. Substance—Country-made paper. Leaves—84. Size—16 × 8 inches. Lines per page—56. Extent—5,292 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1899 or A. D. 1842. Place of deposit—Paṇḍita Rāmaśaṅkara, Vājapeyī kā Purawā, Post office Sisaiyā, District Bahrāich.

Beginning.—श्री गणेशायनमः श्री सरस्वतैनमः अथ संगोत राग कलपद्रुम प्रारंभः देवि सरस्वति नत्वा गणेशं प्रणमाम्यहं संगोत राग कलपद्रम राम सागरे प्रकाशितः ॥ नीलांवरा वृष्टित गौर देहां विवांधरं कुंडल मणि तास्यां श्री कृष्ण वक्तांबुज दत्तनेत्रां भजामि राधां सकलार्थ सिध्येः ॥

End.—राग विलावल ॥ मैया मैं नहीं माखन खायो। ख्याल परे ये सखा सवै मिलि मेरे मुख लपटायो। देखत तुहीं छीके पर भाजन ऊंचे धर लटकायो। हौं जु कहत न्हान्हे कर मेरे सेा कैसे करि पायो। मुख दधि पोंछि बुद्धि एक को दोना दोना पाछे दुरायो ॥ डारि सांटी मुसकाति जसोदा स्यामहिं कंठ लगायो। बाल विनोद भाव करि मोह्यो माता मनहिं रिझायो। सूरदास यह जसुमति को सुख देवनि दुर्लभ गायो ॥ राग विलावल ॥ देखो माई या

बालक की बात। वन उपवन सरिता सब मोहे देखत सांवल गात। मारग चलत अनीति करत हरि हठि कर माखन खात॥ पीतांबर वह सिर ते ओढ़त अंचर दे मुसकात॥ तेरो सौंह कहा कहौं जसुदा उरहन देत लजात॥ जब हरि आवत तेरे आगे सकुचनि कह्यो न जात कौन कौन गुण कहौं श्याम के नेक न काहु डेरात॥ सूर श्याम मुख निरखि जसोदा कहति कहा ये बात॥ राग विलावला॥ नेक मेरे वारे कान्ह छांड़ि दे मथनियां। देखि देखि सुख लेति नंद जू की रनियां॥ कंठ वघुली सोहै नाक नथुनिया। नैनन ते नीर मानौ मोतिन कै मखियां॥ नेकु रहौ देहु माखन मेरे प्राण धनियां॥ आरिज न करो मेरे कुगनि मगनियां॥ सुर नर मुनिन कहुं के ध्यान न आवनियां॥ सूर सुत देखि रानी भूली धाम धनियां॥ इति राग कलपद्रुम समाप्तम्

Subject.—इसमें कृष्ण लीला के सम्बन्ध में सूरदास तथा कुछ और कवियों के भजन रागों में वर्णित हैं

No. 224. Swapnādhyāya by Kṛishṇa Simha. Substance—Country-made paper. Leaves—7. Size—10 × 5 inches. Lines per page—16. Extent—98 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1892 or A. D. 1835. Place of deposit—Ṭhākura Maheśa Simha, Kohali Bechaī Simha kā Purawā, P. O. Keśaragañja, District Bahrāich (Oudh).

Beginning.—अथ स्वप्नध्याय लिष्यते॥ दो०। श्री गुरु पंकज पग परसि रिद्ध सिद्धि सुष दानि। कृष्ण सिंह वरनत प्रगट स्वप्नध्याय वषानि॥ चौ० फल अरु अफल नित्य त्योहारा जानिय जेहि शुभ अशुभ विचारा। स्वप्नद प्रथम पहर जो देषै वरष माह तेहि कर फल लेषै॥ उभय पहर फल अठये मासा। तिसरे तोसर पहर प्रकाशा॥ चौथ पहर फल मास सुनावै। अरुणोदय दश दिवस दिषावै पित्त ते स्वप्न वात ते होई कफ चिंता भ्रम ना गुण सोई॥ धवल धाम गो वछ सुहावन। आरोहन गिरि वन तेहि कानन॥ रुदि तनु कन्या तनु अरु लेपन। कहि अगम्यां गमनधेपन॥ छोरति फलति वछ आरोहन। लहै त्वरित धन धान्य सु जोहन॥ श्रवत जासु सिर श्रोनित देषिय। प्रात राज अभिषेक विशेषिय॥ परै समुद्र भषे सित धामा। यहि विधि स्वप्न लषै जो वामा॥

End.—सब समूह जो स्वप्न देषै ततक्षण सो मन मंगल लेषै॥ कुस्वप्न सुनत कहै शुभ कोई। देषे कहा कहै फल होई॥ देव हसै नाचै अरु रोवै आश क्षीर धावै अरु सोवै। यहि विधि स्वप्न लषै जो कोई। तेकर देवो परजा होई। चिंता

सोक व्याधि ते देषा। काम घात निःफल यह लेषा दुष्ट स्वप्न नर जेहि न आवै। ताहि सुचित कै तहां सेा पावै। देषै असुभ तौ सुभ फल होई। यामे संसय करै न कोई॥ चंदन अरुण सहित घृत हुनय। सहस आठ गायत्री गुनय। निदा-निग तजै होते प्राणो। नहिं सेसै निश्चय जिय जानो॥ कश्यप अरु वसिष्ट भृगु चंदन॥ रिषि सांडिल्य अरु देवल वंदन विश्वामित्र सनातन पावन भार्गव मुनि अरु रिषि पारासर रिषि प्राणोत गुरु कहौ कृपावर अति पवित्र सुरगुरु अनुसासन पढ़ै प्रेम दुख स्वप्न विनासन। दोहा। कृष्णसिंह कह गुरु कथित पढिहि सुनिहि हित मानि। जे नर देषै दुख स्वपन होइ स्वपन शुभ दानि॥ इति श्री स्वप्नाध्याय सम्पूर्णम लिषतं प्रताप सिंह रैकवार संवत १८९३

Subject.—स्वप्नों का शुभाशुभ फल।

No. 225. Mādhurī Prakāśa by Kṛipānivāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—15. Size—9 × 6 inches. Lines per page—18. Extent—202 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Nāgarī Prachāriṇī Sabha, Kāśī.

Beginning.—अथ माधुरी प्रकास लिख्यते॥ कवित्त॥

मृदु सुकुंवार पद भार है महावर सेां पोचित हेत वावर ज्येां थान को। चरन जसु घटाई कल भूषन जराई छाई नष अंसु आंसु मंद चंद भान की॥ कमेां तर धरनि तैं धरनि अरुन होत सनेा प्रतिपाल भाल लाल पहिचान को। देषैंही बनत नहिं भनत कृपा निवास लोचन के आस फुरी माधुरी सि जान की॥ १

मंजुल मुकलाई सुघटाई रस धाई सेा छाई पृथ अंस्व अंस्व हंसत डितान की। रमनी रेामावलि कलमन भां के वान जान भाथा प्रवान भान भानो सब स्यान की। रसमय गर्वानो टपकानो सो जानो जांय पिंडरी सुधरैं छवि गरैं लपटान की। देषैंहि वनति नहिं भनत कृपा निवास लोचन कैं आस फुरी माधुरी सिजान की॥ २॥ जंघन सघनाई कुमलाई मन भाई सेा गाई नहिं जात साथ माती पुलकान की। फाटक सेा मंदिर के सुंदर पुरंदर से पृथ्वी रति आस सेा वनासपती पान की॥ कदली मद मदली जै हदली कदली सो सदली कफली सुभ भली मिलि दानकी। देषैं हौ वनत नहीं भनत कृपा निवास लोचन कैं आस फुरी माधुरी सिजान की॥ ३॥

End.—दोहा॥ सिया राम रसमाधुरी अकल अगम अवछोन। अकथ कथै को छकि रहै लहै उपास्यप्रवीन॥ १ छामठ छंद सुमाधुरी राम जानकी प्रेम। निगमागम निज सार यह भाविक भाव अभंग॥ २ अनुदिन यह उर मैं धरैं

करैं पाठ व्रत ठान सबो भाव सिय पिय मिलैं टलैं तुसिय पिय आन ॥ ३ निगम सुगुन सिय राम फल भावो जोव चलाय जुगल माधुरी ध्यान यह अंकुस डार नबाय ॥ ४ पावस रितु हितु प्रोतवर सालस कृपानिवास। जुगल माधुरी ध्यान सुष सावन भादैं मास ॥ ५ इति श्री जुगल माधुरी प्रकास श्री कृपा निवास कृत दुतिय रहस्य संपूर्ण ॥

Subject.—पृ० १—सीता का नख शिख वर्णन, पद नख पिंडुरी जंघा और नितंब की शोभा का वर्णन।

पृष्ट २—कटि, नाभी, उदर, त्रिवली और उरोजों की शोभा का वर्णन।
पृष्ठ ३—छाती, बांह, ग्रीवा और चिबुक की शोभा।
पृष्ठ ४—कपोल, अधर और दांतों की शोभा।
पृष्ठ ५—रसना और नासिका की शोभा।
पृष्ठ ६—कान, नेत्र।
पृष्ठ ७—नेत्र तथा चितवन के कार्यों का विस्तार से वर्णन।
पृष्ठ ८—भृकुटी और सिरकोट की शोभा का वर्णन। राम का नखसिख।
पृष्ठ ९—चरण, पिंडुरी, और जंघा की शोभा।
पृष्ठ १०—नाभी, त्रिवली, कटि और छाती की शोभा।
पृष्ठ ११—भुजा, कंधा कंठ और चिबुक।
पृष्ठ १२—कपोल, अधर, और दांतों की शोभा।
पृष्ठ १३—जिह्वा, मुख, नासिका की शोभा।
पृष्ठ १४—आंख, कर्ण, भौंह की शोभा।
पृष्ठ १५—भाल, शीश, केशों की शोभा का वर्णन—समाप्ति।

No. 226. Ashṭādaśa Rahasya by Kṛipārāma. Substance—Country-made paper. Leaves—126. Size—9 × $4\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—9. Extent—886 Anushṭup Ślokas. Appearance—Good. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1806 or A. D. 1749. Place of deposit—Lālā Rāmādhīna Vaidya, Nawābgañja, Bārā Banki.

Beginning.—श्रीमते रामानुजाय नमः ॥ श्री गुरु कृपा निधान सील सिन्धु महिमा अमित ॥ सुख प्रद हर अज्ञान ॥ ज्ञान खान अघ हान कर ॥ १ ॥ संतत समता जाहि ॥ सकल जोव पर अति कृपा ॥ नहिं कोउ है ॥ सम ताहि ॥ प्रणतपाल करुणा अयन ॥ २ ॥ दोहा ॥ श्री गुरु पद रज सोस धरि ॥ पुनि कर जोर निहोरि ॥ बंदैं संत समाज सब ॥ जनि दीजो कछु खोरि ॥ ३ ॥ श्री गुरु चरन सरोज नख ॥

शशि दुति परम प्रकास ॥ ध्यान कियें तम पुंज कर ॥ होत वेगहि नास ॥ ४ ॥ मैं मति मन्द मलीन अति ॥ दीन हीन सब भांति ॥ गुरु कृपाल पावन कियेा ॥ भयेा कृपा जग ख्यात ॥ ५ ॥ बंदौं श्री जति राज पद ॥ अखिल लेाक मल हारि ॥ अधम उधारे अमित जिन भक्ति घनी विस्तारि ॥ ६ ॥

End.—श्री मत कहत सुनत अघ हानी । प्रभुपद कंज प्रेम रस सानो ॥ रहस्य प्रकास सुनै मन लाई ॥ प्रभु पद प्रीति होइ सुखदाई ॥ प्रभु चरित्र महिमा अति भारी । कहिए कहां लगि तेहि विस्तारी ॥ जिन जिन कहेउ सुनेउ जिन धारी । पावन भए अमित नर नारी ॥ शेष गिरा सुर नर मुनि थाके । वरनत पार लहै नहिं ताके ॥ प्रभु अनन्त गुन संत अनन्ता । मेकि मेकि हौ संत गुन अंता ॥ विनतो करौं जेार युग हाथा ॥ जेहि पद रज करि भयेउ सनाथा ॥ श्रोवर संत जहा लगि जेते ॥ इष्ट देव मम है सब तेते ॥

दोहा—संत कृतज्ञ कृपाल प्रभु दीनवंधु सुखदानि । करि कृपा पर जिन कृपा परम दीन जन जानि ॥ श्री गुरु कृपा कटाक्ष तें कृपा लहेउ सुखसार । करेउ रहस्य प्रकास यह सुंदर सुखद विचार ॥ १० ॥

सेारठा—सहस एक सत आठ वरष अधिक षट जानि ॥ यह कीन्हेंउ भाषा पाठ, माधव शुक्ला पंचमो ॥ ११ इति श्री मद् ष्टादश रहस्य नाम ग्रंथे आतम राम नैष्टिक निरूपन वाक्य समूहे श्री महासानुदासे कृपारामेन विरचितं रहस्य प्रकासे अष्टादसमेा प्रकासः ॥ १८ ॥

Subject.—(प्रथम प्रकाश)

(१) पृ० १ से पृ० २४ तक—गुरु वन्दना, ईश्वर माहात्म्य, चार प्रकार के दंडों का वर्णन । वेद त्रयी तथा हरिगुण गान महिमा, रामचन्द्र जो की वन्दना, पुस्तक निर्माण हेतु, उसमें वर्णित विषय का सूक्ष्म परिचय, पुस्तक के पढ़ने का फल, गुरु का नामः—सठ अरि गुरु अस नामवर तासु हेतु यह जानि । श्री कुरु केश समरथ प्रभु नाम तासु इह मानि ॥

सत्संगति का प्रभाव, जीव के जन्म मरणादि संस्कारों का वर्णन, सत्संगति को परिभाषा, गुरु का माहात्म्य, त्रिकर्ण वर्णन, अठारह प्रकार के साधुओं के नाम, प्रथम प्रपन्न शरण के लक्षण, उनके प्रकार, चातक सहित प्रपन्न को प्रीति का वर्णन ।

(२) पृ० २४ से पृ० ४१ तक—द्वितोय प्रकाश, प्रपत्ति नैष्टिक निरूपण, प्रपत्ति के लक्षण, उसके तीन भेद, समझाने के लिये कपोत कपोतो तथा व्याधा का सोक्ष वर्णन । कपोत के समान प्रपत्ति को प्रतोत कही है । एक व्याधा जिसे सिंह ने घेरा था, उसको बचाने वाली तथा अपने पुत्र को भक्षण करने वाले को.

रक्षा करके स्वयं उसके लिये जीव अर्पण करके सुरपुर जाने वाली कपि-तिया (वानरी का वर्णन) आचार्य्य को मारनेवाले के साथ उपकार करने की कथा। दयालुता के लक्षण।

(३) पृ० ४२ से पृ० ४७ तक—निरममत्व के लक्षण, शरीर और आतम यात्रा का वर्णन।

(४) पृ० ४८ से पृ० ५० तक—उपाय शून्य नैष्टिक निरूपण, काम रहित और कामरत वासना का वर्णन।

(५) पृ० ५१ से पृ० ५४ तक—पारतंत्र नैष्टिक निरूपण, दंड भय से शिक्षा प्राप्त होने का वर्णन, स्त्री के कोमल वचनों से हानि का वर्णन।

(६) पृ० ५५ से पृ० ५८ तक—अप्राकृतिक नैष्टिक निरूपण, अहं वृद्धि और ममता को आदि अघा वृक्ष के फल से सादृश्यता। आदि ममता को छोड़ने का लाभ।

(७) पृ० ५९ से ६३ तक—एकान्त नैष्टिक निरूपण, सत्संग के अभाव में एकान्त का लाभ, सीता जी का हनुमान से राम का समाचार जान कर कालक्षेप करने को भांति निर्वाह करने का वर्णन।

(८) पृ० ६४ से पृ० ६८—नित्यरंग निरूपण, पर स्त्री से डरने वाला नित्य रंगी है।

(९) पृ० ६८ से पृ० ७९ तक—परम एकान्त नैष्टिक निरूपण, नास्तिकों के मत का खंडन, अर्थ पंचकङ्ग जान कर भगवान का स्मरण करने का वर्णन। अहंकार और ममता के त्याग का वर्णन।

(१०) पृ० ८० से पृ० ८४ तक—संबंध नैष्टिक निरूपण, रंगनाथ की गाथा, सिर खुजाने के बहाने एक गोप को परम पद देना।

(११) पृ० ८५ से पृ० ८८ तक—शेष भूत नैष्टिक निरूपण, दृढ़ व्रत रहने का लाभ।

(१२) पृ० ८८ से पृ० ९४ तक—शेष वृत्य नैष्टिक नैरूपण संत पद सेवन का लाभ।

(१३) पृ० ९५ से पृ० ९८ तक—नित्य सूर नैष्टिक वर्णन, सब इन्द्रियों को वश में करके हरि का स्मरण करने वाला सूर नैष्टिक है।

(१४) मुमुक्षु नैष्टिक निरूपण पृ० ९८ से पृ० १०४ तक

(१५) पृ० १०४ से पृ० ११० तक—अविधि गोचर निरूपण, शत्रु मित्र का भाव छोड़ कर उपकार करने का महत्त्व वर्णन, वर्णाश्रम के धर्मादि को छोड़ ईश्वर की भक्ति करने का वर्णन।

(१६) पृ० ११० से ११४ तक—पराकाष्टा निरूपण, परनिन्दा को सुनने तक को पाप समझने का वर्णन।

(१७) पृ० ११५ से पृ० ११८ तक—उपाय शून्य नैष्टिक निरूपण, धर्माधर्म भाव वर्णन।

(१८) पृ० ११९ से पृ० १२६ तक—आतमराम नैष्टिक निरूपण, ग्रंथ निर्माण काल॥ "सहस एकसत आठ वरष अधिक षट जानि"।

No. 227(*a*). Gokulachanda Prabhāva or Ushācharitra by Paṇḍita Kshema Karṇa Miśra of Dhanaulī, District Bārābaṅkī. Substance—Bādāmī paper. Leaves—38. Size—10½×6 inches. Lines per page—17. Extent—400 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Avadhabihārī Miśra, Village and Post Office Dhanaulī, District Bārābaṅkī (Oudh).

Beginning.—श्रीमणेशायनमः॥ श्लोक॥ श्रीमन्नारायणम्वन्दे शेष शायनिमद्भुतम। पद्मनाभं शुभाङ्गासुम्विश्वेश्व शम्वदायकम्॥ १॥

दोहा॥ शिव सुत शिव पतिनी सहित शिव शारदहि मनाय। कीन्ह चहौं रचना कछू करिये सकल सहाय॥ १॥ वन्दौं विप्रन के चरण जिन्हैं दीन हरि मान। कह्यो मोहि प्रिय मोहि तनु नाहिन विप्र समान॥ २॥ यथा विप्र-भोजन किये होत मोर संतोष। तथा न पावक मा हुने पायस वहु घृत घोष॥ ३॥ यहि विधि वचन अनेक कहि निज मुख श्री भगवान। सद् ग्रन्थन में देखिये जिनके बहुत प्रमान॥ ४॥ यथा श्री मद्भागवते॥ न ब्राह्मणान्मेदपितं रूपमेतच्चतुर्भुज मिति

दोहा—स्वस्ति श्री मधुपुरी ते कृत्तिस कोस प्रमान। दक्षिण दिशि नैऋत्तु मिलै दिव्य एक सुस्थान॥ ५॥ विदित नाम हिंडौन है ग्राम रम्य चहुं पास। देवन के मन्दिर वने देखत होत हुलास॥ ६॥

End.—छन्द चौबोला॥ उषा अनिरुद्धहि भाव विशुद्धहि रहित विरुद्ध रूपम्। कलकेलि कुशलता नयन चपलता वचन सुललिता नूपम्॥ सब भांति सुहावन मन सरसावन दंपति रूप निहारो। निशि दिन सुख सागर मगन उजागर छकित सकल नरनारी॥

दोहा—श्री ऊषा अनिरुद्ध को चरित सकल सुख मूल।
जेहि भावहि तेहि पर सदा कृष्ण रहत अनुकूल॥
कृष्ण विजय शंकर समर प्रातकाल जो कोइ।
पढ़ै सुनै सुमिरै सदा ताको अजय न होइ॥

सोरठा—सब विधि मंगल गेह सदा कृष्ण करुणा करहि।
उपजै परम सनेह कृष्ण चरण पंकज विषै॥

× × × × × ×

इति संक्षिप्त उषा चरित्रमेके नैवपद्ये नौक्त मूको गोदोह पटनैवग्रह गणे कौवै तृतोयौ मतः॥ का वृक्षं श्रयते च शुभं दलिनी का संपदं किं भवेत्॥ संग्रहनोत्तर मुख्यवर्ण मिलितं चान्तोतरान्ताक्षरं॥ संरक्षतु कलत्र पुत्र सहिता केशाः सर्वधुं सदा॥ २॥

गोपः	कुजः	लता	चंडी	भद्रं
गो	कु	ल	च	न्द्रम्

Subject.—पृ० १ से पृ० २० तक—मंगलाचरण विप्र विरुदावली,

गोकुलचन्द सनाढ्य का परिचयः—स्वस्ति श्री मधुपुरी ते कुत्तिस कोस प्रमान। दक्षिण दिशि नैऋतु मिले दिव्य एक सुस्थान॥ विदित नाम हिंडौन है ग्राम रम्य चहुंपास। देवन्ह के मन्दिर बने देखत होत हुलास।.....

तहाँ सनाढ्य कुल तिलक शुचि गिरधारी शुभ नाम।
विप्र-विवेकी धर्मरत ईशभक्त गुण धाम॥
ताके श्री जयराम जो शुभग सुशील सुजान।
ब्रह्म कर्म रत वेद विद ध्यावत श्री भगवान॥
पंडित श्री जयराम के भयौ सुमति सुत तीन।
सुभग सुभाव सुशील शुचि धर्म कर्म मह लीन॥
तामें जेठे नाम शुभ बैजनाथ सुखधाम।
तासु अनुज महिमा विदित गोकुलचन्द्र सुनाम॥
अनुज सुगोकुल चंद्र को नाम उदित भूदेव।
निपुण लोक व्यवहार में धर्म वेद पथ सेव॥

तीनों भ्राताओं के मेल मिलाप का वर्णन, गोकुलचन्द्र का कलकत्ता गमन। कलकत्ते की शोभा का वर्णन, गंगा की महिमा तथा शोभा, जगत सेठ से गोकुलचंद का मिलाप, उनका इनको अपने पास रख लेना, गोकुलचन्द को दान वीरता, लोगों का ईर्ष्यावश जगत सेठ से शिकायत करना, जगत सेठ का परवाह न करना, सिपाहियों का बिगड़ना, गोकुलचन्द का उन्हें प्रेम पूर्वक शान्त करना, गोकुलचन्द का बंबई गमन, सागर तथा बंबई की गरिमा का वर्णन, कवि का वहाँ उनसे मिलना, विपत्ति का दूर भाग जाना, ज्वर का आना,

ज्वर से उन्मुक्त होने का वर्णन, गोकुलचन्द की नित्य कृति इत्यादि की प्रशंसा, गोकुलचन्द का कवि पर अनुग्रह करने का वर्णन।

(२) पृ० २० से पृ० ३८ तक—शिवदयाल का ज्वर प्रभाव कथन के लिये कवि से प्रार्थना करना, ब्रह्मा से लेकर वाणासुर तक के उत्पन्न होने का वर्णन, वाणासुर का शिव से प्रार्थना करना कि मैं आप की दया से बली हुआ अब युद्ध कीजिए अथवा युद्ध करने के लिये अन्य आदमी को बतलाइये, शिव जी का कथन कि जब केतु टूट कर गिरे तब मेरे समान तुझ से लड़ने को योधा मिलेगा। उषा का स्वप्न में अनिरुद्ध का दर्शन करना, उसकी सखी चित्ररेखा से तत्संबंधी वार्तालाप, उषा का विरह से संतप्त होना, सखी का उसके चाहक पुरुष का चित्र बना देना, उषा का उसे पहिचानना, चित्ररेखा का नभ मार्ग से द्वारवती आना, योग यत्न से अनिरुद्ध को ऊषा के पास ले जाना, दोनों का प्रेम पूर्वक निवास करते हुए हास विलास करना, द्वारपालों का वाण की पुत्री का उसे दोष सुनाना, उसका महल में आना, काम-सुत अनिरुद्ध को देखना, उसकी शोभा का वर्णन, दोनों में युद्ध का होना, योधाओं का अनिरुद्ध द्वारा हनन, अनिरुद्ध बंधन, उषा का शोक, द्वारवती में शोक, नारद आगमन, सब समाचार सुनाना, यदुवंशियों का युद्ध को आगमन, तुमुल युद्ध होना, वाण की सेना का विचलित होना, यदुपति का शंखनाद, वाण की माता कोटरा का हरि के आगे नग्न भागना, वाणासुर का भाग कर नगर में पहुंचना, शिव का ज्वर छोड़ देना, उधर हरि का ज्वर छूटना, दोनों में युद्ध, शिव के ज्वर को हार, विष्णु का उसे अभय देना, ज्वर को कृष्ण का ज्वर स्तुति पढ़ने का फल कथन, ज्वर का वन्दना करना, शिव जी के कथनानुसार वाणासुर का अभय करना, उषा अनिरुद्ध का विनय पूर्वक वाण का कृष्ण के साथ विदा करना, द्वारावती की सजावट का वर्णन, इस चरित्र को पढ़ने का फल, गोकुलचंद को आशीर्वाद छत्र बद्ध श्लोक। ग्रन्थ की समाप्ति।

No. 227(*b*). Pada Vilāsa by Paṇḍita Kshema Karaṇa Miśra of Dhanaulī, District Bārābankī. Substance—Bādāmī paper. Leaves—28. Size—$10\frac{1}{2} \times 6$ inches. Lines per page—22. Extent—504 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Avadhabihārī Miśra, Village and Post Office Dhanaulī, District Bārābankī (Oudh).

Beginning.—॥ बधाई सोहर ॥

ऋतु वसंत मधुमास सिता नवमी तिथि। बुध वासर विमेष राषि उत्तर पथि ॥ १ ॥ अदिति ऋक्ष शुभ योग मुहूरत अभिजित ॥ कर्क लग्न दिन मध्य सबै ग्रह समहित ॥ २ ॥ श्री दशरथ महराज भवन मल मंगल ॥ परमानन्द रूपसुत भयहु परम कल ॥ ३ ॥ अवधपुरी नर नारि मगन सुख सागर ॥ क्षेम करण हित करण परम सुख आगर ॥ ४ ॥ ॥ १ ॥

॥ बधाई राम जन्म ॥

भये चारि सुवन बड़ भाग्य अवधपति सोहे। आये गुरु वशिष्ट विप्रन युत भवन मध्य तिहि जोहे ॥ जात कर्म करि पूजि महोसुर अपर कर्म तब डोहे ॥ १ ॥ भूषन बसन असन सब दीन्हों जापर जा मन लोहे ॥ भू गो ग्राम धाम रथ कुंजर तुरग विभूषण पोहे ॥ २ ॥ मंगल गान निसान धमक धुनि सुनि सुनि मुनि मन छोहे ॥ नभ अरु नगर डगर कुसुमावलि मंगल हव्य चबोहे ॥ ३ ॥ सुनि सुत नाम विलक्षण लक्षण नृप सुख सिन्धु मवोहे ॥ राम भरत अरु लक्ष्मण शत्रहन क्षेम करण मन मोहे ॥ ४ ॥ ॥ २ ॥

End.—आरती प्रणव निगम आगम की ॥ छन्द उपनिषद पद हित कम की ॥ जट संहिता धर्म इतिहासू ॥ मंत्र तंत्र वहु यंत्र विलासू ॥ १ ॥

विद्या भेद कला बहु वरनी। वरणहिं ते सब ही के करनी ॥ ह्रस्व द्रोघ प्लुत अव वहु भेदा। संध्यक्षर पुनि कहत अखेदा ॥ २ ॥ व्यंजन भेद अनेक प्रकारा। तिन महँ वहु स्पर्श उदारा। अंतस्थन्ह की रीति अनूपा। ऊष मान अक्षर शुभ रूपा ॥ ३ ॥ योगी वरन विन्दु वहु जाती। उच्चारण थल रूप विभाती ॥ सब कर कारण प्रणव सुहावै। प्रणवहि ते निगमागम गावै ॥ ४ ॥ प्रणवर कार मकार हिते अस। कहत संत जन पूरि रह्यो जस ॥ याते राम वरन सर्वोपरि। कहत विवेको शूर टेक धरि ॥ ५ ॥ कहि मकार पुनि कह्यो रकारा। वालमीक जानत संसारा ॥ मुसलमोन अशौच हरामा। कह्यो सोऊ पायो हरिधामा ॥ ६ ॥ यथा उचित शुचि अक्षर दोऊ। प्रेम सहित कहै नर कोऊ। ताको महिमा वरनन योगू। अस को भयहु विमल मति योगू ॥ ७ ॥ सब कर मत उपायुपदेशू। धन दुर्लभ सुलभ कलेशू ॥ सीता सहित राम निशि वासर। क्षेम करण जो रटत सो ईश्वर ॥ ८ ॥ इति समाप्तम् शुभमस्तु।

Subject.—पृ० १ से पृ० ४ तक—बधाई सोहर, बधाई राम जन्म, नाम करणादि विषयान्तर्गत दानादि वर्णन, प्रभाती-माता का गा गा कर राम को जगाना, उनका आंखें मलते उठना, सरयू पर आकर नाव पर सखाओं सहित चढ़ कर आनन्द करना। कौशिक के साथ राम को देख कर लोगों का इन्हें सीता योग्य वर कथन करना, राम विवाह वर्णन, चारो भाइयों के विवाह का वर्णन,

बहुत दायजा पाने का वर्णन, सर्यू तीर पर विहार करते हुए राम जी की शोभा का नगर नारियों का परस्पर कथन । राम वन गमन। इस समय की लीलाओं का सूक्ष्म दिग्दर्शन, राम का अयोध्या में आकर राज्य करना, कवि का राम की विनती करना ।

संक्षेप सप्तकांड चरित्र सम्पूर्ण ।

(२) पृ० ५ से पृ० १२ तक—राम की पहुनाई का वर्णन, राम के भवन पर लौट कर आने की कृतियों का वर्णन । संस्कृत में वादाकुलकवृत्त, धंवारि में रामचन्द्र की ताड़िका आदि विनाश करने की कृतियों का वर्णन करते हुए उनके गुणानुवाद गान करना, माया का कूट में वर्णन करके उससे रक्षित रहने की प्रार्थना, कूट में माया के वर्णन के साथ ही साथ भगवान के विरह से दुखी हो कर उनसे मिलने की इच्छा का वर्णन, शरीर तथा इन्द्री इत्यादि की नश्वरता के वर्णन के साथ ही साथ राम भजन का उपदेश ।

इति (कूट)—निर्गुण ।

(३) पृ० १२ से पृ० २८ तक—आरती प्रकरण, तुलसी की आरती, शंकर की आरती, गणेश की आरती, देवी जी की आरती आरती सविता की, नवग्रह की आरती, भैरव जी की आरती, विराट स्वरूप की आरती--सर्यू प्रकरण—सर्यू जी के दर्शन, स्नानादि की महिमा का वर्णन, आरती श्री सर्यू जी की, आरती श्री गोमती माता जी की, आरती श्री सुरसरि जी की, आरती श्री रघुनाथ चरित्र की, आरती श्री मारुत नन्दन जी की, अष्टादश पुराणों की आरती, श्रीमद्भागवत की आरती, उसके अध्यायों उत्पत्ति इत्यादि का वर्णन, आरती श्री भारत पंकज की, सांख्य रूप प्रभु की आरती, आरति प्रणव निगम आगम की—ग्रन्थ समाप्ति ।

No. 227(*c*). Raghurāja Ghanākṣharī by Kshema Karaṇa Miśra of Dhanaulī, Bārābankī. Substance—Lined foolscap. Leaves—9. Size—$8\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—21. Extent—154 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1911 or A. D. 1854. Place of deposit—Paṇḍita Avadhabihārī Miśra, Village and P. O. Dhanaulī, District Bārābankī (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ रघुराज घनाक्षरी लिख्यते ॥ रामा-भिराम नाम महाराज दशरथ के रानी कौशिल्या जो सुन्दर सुत जनेा है । विमल बसन्त मधु वुध सित नौमी तिथि करक अदिति अभिजित हित आनेा है ॥

दिनकर मेष दिन मध्य ग्रह उच्च सबै अयन उत्तर सुख अयन गनायेा है। छायेा छांह क्षेम को अवधपुर क्षेमकर छकित नगर नर नारी अति भायेा है॥ (१) केकय सुता के भयेा भरत नक्षत्र पुष्य भरत प्रभाय पुष्य भाव सब गायेा है। सुमति-सुमित्रा के लखन अरु शत्रुहन जोरी तनु गौरी अशलेखा मध्य जायेा है॥ शुभ तिथि योग वार लगन सबन पाय नाम निकराय सब भाय अति भायेा है। क्षेम कर धरम के चारि पांव चारिफल चारि अपवर्ग जनु तनु धरि आयेा है॥ (२)

End.—सेतु करि सिंधु में उतरि पार पुर घेरि भालु कपि कटक अपार पार को लहैं। रावण शर सेना समूह देखि देव डरैं करैं लोकपाल भाल पाय अस्त्र को गहैं॥ ताहि मारि सहित कुटुम्ब रघुवीर धीर भूप कै विभीषण को भक्त भलो जो रहै। क्षेम कर जानुकी समेत प्रभु पुष्पक पै सहित समाज आइ अवध प्रमोद है॥ (३५)॥ भरत समेत गुरु वन्धु मिलि मातुवर्ग भाभिषेक बैठे महाराज सिंहासन पै। माथ पर हाथ धै तिलक कीन्ह मुनिनाथ लैके समाज भालु कपि आदि दासन पै॥ वाम अंग सोहैं सिय पिय की विभूति देखि बरसैं प्रसून देव देव ईश शासन पै। क्षेम कर जल थल नभ चर जीव जेते राम भये राजा अनन्द आस पासन पै॥ (३६)

Subject.—(१) पृ० १ से पृ० ३ तक—राम, भरत, लक्ष्मण तथा शत्रुहन जन्म वर्णन, चारो भाइयों पर उत्प्रेक्षाएं, उनके गुरु-सेवा तथा पठन पाठन का वर्णन, विश्वामित्र को राम लक्ष्मण का सौंपा जाना, ताड़का का मारना, गौतम तिया का तरण, चाप खंडन, परशुराम आत्म समर्पण, इस सूचना का दशरथ के पास पहुंचाया जाना और वहां प्रसन्नता का होना, गुरु की सम्मति से राजा दशरथ का जनकपुर पुत्रों के विवाह निमित्त गमन, इनके जनकपुर जाने के समय नाना नामधारिणी अवध बधूटियां का गायन, नाना प्रकार के वाहन तथा उनकी सजावट का वर्णन।

(२) पृ० ४ से पृ० ६ तक—हाथियों की सजावट का वर्णन, जनकपुर में बारात आगमन, वस्ती के बालकों का तमाशा देखने को दौड़ना, राजा जनक की ओर से आगौनी का होना, विधिवत रामादि के साथ सीतादि का विवाह होना, राजा जनक का नाना प्रकार का सामान भेंट स्वरूप समर्पित करना, राम विदा का समय, लोगों का उनके दर्शनों से तृप्त न होकर और अधिक ठहरने की अभिलाषा।

(३) पृ० ७ से पृ० ९ तक—विदा के समय सुनयना का अपनी पुत्रियों को स्त्री धर्म की शिक्षा देना, मिल कर विदा करना, बरात का जनकपुर से चल कर अवध में आना, रानियों का वधुओं को देख कर मोद मनाना, भावी वश राम का सीता तथा लक्ष्मण सहित वन गमन, श्रंगवेरपुर से सुमन्त को लौटा कर

स्वयं राम का गुह की सहायता से मार्ग तै करके चित्रकूट पहुंचना, भरत का उनके लौटाने को आना, राम का उन्हें अपनी पादुका देकर लौटा देना, वन में विराध नाम राक्षस को भूमि में गाड़ कर अन्य खरदूषणादि का विनाश करना, सीता हरण, शबरी इत्यादि का सम्मेलन, सुग्रीव मिलाप, सीता की खोज, लंका दहन, तथा लंका विजय के पश्चात् ग्रन्थ निर्माण कालः—

"इन्दु इन्दु अंक चन्द्र सम्वत् संभारे पर फागुन की सातें शुचि बुधवार वर में। राज रघुराज की घनाक्षरी प्रथित भई क्षेमकर क्षेमकर अवध नगर में॥" पुस्तक को पढ़ने का फल।

No. 227(*d*). Rāmacharita Vṛitta Prakāśa by Paṇḍita Kshema Karaṇa Miśra of Dhanaulī, District Bārābankī. Substance—Country-made paper. Leaves—28. Size—7½ × 5 inches. Lines per page—7. Extent—189 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1900 or A. D. 1843. Date of manuscript—Samvat 1930 or A. D. 1873. Place of deposit—Paṇḍita Avadhbihāri Miśra, Village and Post Office Dhanaulī, District Bārābankī (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ दोहा ॥ वंदि विनायक के चरन वन्दनोय शिर नाय। वरणौं यों कछु सेा सबै सब विधि देहु बनाय ॥ १ ॥ गोरषपुर सुभ थल तहां गोरखनाथ दयाल। दीन्ह साधु संगति सुखद, याते होत निहाल ॥ २ ॥ रामचरित मानस सरिस कहैं सुनैं करि प्रीति। ऊन अधिक मात्रा भये पढ़त बनै नहिं रीति ॥ ३ ॥ मैं तिनके हित जानि के निज मति को अनुसारि। छन्दन के लच्छन कहौं राम चरित उर धारि ॥ ४ ॥ नभग नाथ पति कृपा ते नभ नभ नव शशि येारि। संवत सर आनन्द कहि आनद हरिहि निहोरि ॥ ५ ॥ अथ गुरु लघु ज्ञान ॥ शिरो विन्दु अरु विन्दु दुइ व्यंजन यैा संजोग। याके आगे होत सेा लघु ता मा गुरु भोग ॥ ६ ॥ ह्रे श्रे प्रे के परे सति गुरु विकल्पित होइ। गुरु कों लघु को रीति सों पढ़ैं होत लघु सोइ ॥ ७ ॥ ह्रस्व वरण मह एक कल दीरघ महँ दुइ जानि। क्रमते लघु गुरु कहत हैं मात्रहि कला बखानि ॥ ८ ॥ पाद अंत महँ लघु गुरु होत विकल्पे सेाइ। वृत्त चतुर्थ भाग को पाद कहत सब कोइ ॥ ९ ॥

End.—झग्घरा लक्षण :—

मगन रगन अरु भगन भल नगन यगन पुनि तीन। मुनि मुनि मुनि विश्राम सेा झग्घर कहै प्रवीन ॥ ७ ॥ यथा :—केकी कंठाभनीलं सुरवर विलसद्धि प्रपादाज्ञ

चिह्न । शोभाढ्यं पीतवस्त्रं सरसिज नयनं सर्वदा सुप्रसन्नम् ॥ पाणौ नाराच चापङ्कपिनिकर युतबन्धुना सेव्यमानं । नौमीड्यञ्जाकीशं रघुवर मनिशम्पुष्पकारूढ़ रामम् ॥ ७ ॥

रथोद्धता—रगन नगन पुनि रगन पर लघु गुरु अंतम जासु । रथोद्धता कविवर कहत वृत्त विवेको तासु ॥ ८ ॥ यथा :—कुंदइंदु दर,गौर सुन्दरमम्बिकापति मभीष्ट सिद्धिदम् । कारुणीक कलकंज लोचनन्नौमि शंकरमनङ्गमोचनम् । इति श्री क्षेमकरण कृत रामचरित्र वृत्तप्रकाश समाप्त ॥ मितो ज्येष्ठ सुदी ३ सं० १९३० वि०

Subject.—(१) पृ० १ से ४—गणेशजी की वन्दना, ग्रन्थ निर्माण कारण, विषय तथा ग्रंथ निर्माणकालः—नभग नाथ प्रति कृपा ते नभ नभ नव शशि यारि । संवत्सर आनन्द कहि आनद हरिहि निहोरि ॥ गुरु लघु संज्ञा । गणागण विचार, तुलसीदास जी को रामचरित मानस में प्रयोग किए हुए छन्दों के लक्षण ।

(२) पृ० ५—११ तक—सोरठा का लक्षण तथा उदाहरण, दोहा लक्षण व उदाहरण, पादाकुलक चौपाई लक्षण व उदाहरण, हरिगीतिका लक्षण और उदाहरण सहित । चौपैया का लक्षण और उदाहरण, दुर्मिला के लक्षण व उदाहरण ।

(३) पृ० १२—२१ तक—नाग सरूपिणी लक्षण व उदाहरण, तोमर छन्द का लक्षण व उदाहरण, तोटक का लक्षण व उदाहरण, भुजंगप्रयात का लक्षण व उदाहरण ।

(४) पृ० २१—२४ तक शार्दूल विक्रीडित छन्द का लक्षण व उदाहरण, वसंततिलका छन्द का लक्षण और उदाहरण । इन्द्रवज्रा उपेन्द्रवज्रा का लक्षण और उदाहरण, उपजाति वृत्ति, वंशस्थ लक्षण व उदाहरण ।

(५) पृ० २५—२८ तक—मालिनी, हरगीतिका, स्रग्धरा तथा रथोद्धता के लक्षण व उदाहरण । ग्रन्थ समाप्ति ।

No. 227(*e*). Rāmagīta Mālā by Paṇḍita Kshema Karaṇa Miśra of Dhanaulī (Bārābankī). Substance—Country-made paper. Leaves—45. Size—10½ × 6 inches. Lines per page—15. Extent—1,181 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Avadhabihārī Miśra, Village Dhanauli, District Bārābankī (Oudh).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ श्रीरामगीत माला लिख्यते ॥

आजु अयोध्यहि मावस आयो सुख सम्पति जस भूति भलाई ॥ पुरुष पुरान चरितनु धरिकै प्रगट भयो नृप तनय कहाई ॥ कोन्ह चहत प्रभु चरित सुहावन

पावन परम सबहिं सुख दाई ॥ १ ॥ आये गुरु वशिष्ट विप्रन्ह युत उचित कर्म श्रुति विहित कराई ॥ निज अभिलाष पाइ द्विज हरषे भूपति आशिष वचन सुनाई ॥ २ ॥ पुर परिवार देश वासी सब मुदित मनहि मन अभिमत पाई ॥ सुमन वृष्टि नभ ते सुर छोरत जय जय शब्द चहूं दिशि छाई ॥ ३ ॥ राम भरत अरु लछन शत्रुहन प्रताप युत नाम कराई ॥ क्षेम करण दशरथ कौशिल्या सुकृत पुंज फल साथहि पाई ॥ ४ ॥

End.—चंचरीक—

सोहत सर चाप हाथ लीन्हे सब बन्धु साथ
माथ नाय मातु पाये आये प्रभु द्वारे ॥
विप्रन्ह के व्रात वन्दि और वरन सकल नन्दि
लोकन चयन अयन वन्दिगन निहारे ॥ १ ॥
दिनकर कुल कंज भानु भव जल निधि अंबु जानि
जयति जयति जोव जोव वचन सब उचारे ॥
मन्द मन्द धरत पाँव राखत सबही को भाव
भाव गम्य रम्य सभा सदन को सिधारे ॥ २ ॥
मौलि मुकुट तिलक भाल भृकुटि वंक दृग विसाल
कुंडल श्रुति कल कपोल नासिका सुतारे ॥
दशन अधर चिबुक ग्रीव बाँह उर विसाल तोव
मुक्त माल अंगदादि भूषन उजियारे ॥ ३ ॥
कटि पद सभूष रूप श्याम पीत पट अनूप
उपमा मन टोहिये हिये हिहां तो हिये हारे ॥
याते प्रति अंगवनक अलंकार चैल चमक
राम कै सराम ही के चित्त में विचारे ॥ ४ ॥
सुमिरि इष्टदेव राम भूमि देवताभिराम
बैठि सिंहासन सिंहासन वपुधारे ॥
कोटि मारतंड धाम अगनित प्रचंड काम
नाम लै उठाइ तिनुक वारि वारि डारे ॥ ५ ॥
भ्राजत कोशल नरेश क्षेम करण रुचिर वेस
देस काल उचित अनुज मनुज पति सँभारे ॥
निरखि राम वदन इन्दु सभासद चकोर वृन्द
चखनि चहनि चपकि रही टरत नाहिं टारे ॥ ६ ॥

इति श्री क्षेमकरण मिश्र विरचिता श्री राम नीत माला सकलाघनाशिनी भूयात्

Subject.—(१) पृ० १ से पृ० २२ तक—चारो भ्राताओं का जन्म, गुरु वशिष्ट इत्यादि का आकर नियमित कार्य्यों को करते हुए मोद मनाना, बालकों के खेलने कूदने इत्यादि बाललीला को देखने के लिये माता कौशिल्या को अभिलाषा, चूड़ाकर्मादि कथन, खेल कूद भोजनादि वर्णन, विश्वामित्र का राम लक्ष्मण को मख की रक्षा के लिये ले जाना, ताड़का छेदन, मख पूर्ण होना, धनुष यज्ञ को जाना, गौतम वामोद्धार, गंगा की उत्पत्ति का गुरु द्वारा सुनना, गुह से राम का संवाद, मिथिलापुर पहुंचना, धनुष भंजन, परशुराम संवाद, अवधपुर दुत भेजा जाना, राजा का जनकपुर बरात लेकर जाना, सानन्द विवाह करके घर लौटना, रानियों का मोद मनाना, विवाह की तैयारियों का वर्णन, मौर कंकनादि वर्णन, विवाह में वारिन कहारिन तथा दर्जिन इत्यादि का नेग मांगना, दशरथ को बहिन का अपनी भौजाई से उपहास करना, गुरु की आज्ञा बारात चलने के लिये, बरात भेजने के गीत। बरात की सज धज तथा वाहनादि वर्णन के साथ साथ निकरौसीचार होना और अवध वहूटियों का गाते हुए घर लौटना, दशरथ का मिथिलापुर आना, जनकपुर की तैयारियां, द्वाराचार जनवासा दिया जाना, लपकौरि होना, डाल भेजा जाना, अर्घ्य आचमनादि वर्णन, वर वधू का चौक पर आना, वंश प्रशंसा सुनाना, राम सिया की भांवर के समय की सम्मिलित शोभा का वर्णन, वेद विहित रीति से विवाह होना, सब का आनन्द से नेग पाना, वर वधुओं का सहभोज, जुआ खेलाना, स्त्रियों का गाली गान, आशीर्वाद, सोने की सलाई से दीपक की दो बत्तियों का एकत्रित करना, गाली गाना, कुंवर कलेवा को राम का बुलाया जाना, इस समय स्त्रियों का रामदर्शन में उत्कंठिता होने के कारण कुछ गहनों इत्यादि शृंगारों का विपरीत सजाना, भोजनों का परसा जाना, पुरुषों का बाहर जाना, स्त्रियों को भीड़ का उमड़ना, स्त्रियों की शोभा का वर्णन, गाली गाना, उनके कुल में मानधाता तथा सगर पुत्रादि होने के संबंध में कुछ हास्योत्पादक वर्णन, चन्द्रावति की नासा से पुत्र होने पर दिल्लगी, इसी प्रकार की अन्य बातें। रामचन्द्र जी का सीतोत्पत्ति इत्यादि बातों पर उपहास करना, पलगे के समय दिल्लगी, राम जनवास गमन, राजा दशरथ का सब हाल पूछना। चौथी चार वर्णन अर्थात कंकन छोड़ा जाना, एक षोड़षी वारिन तथा नाइन को दिल्लगी, जनक के दिए दाहिजे का वर्णन, बिदा के समय का प्रेम, बरात के अवध आगमन पर नगर की सजावट, परछन चार, मातु द्वारा आरती।

(२) पृ० २३ से ३७ तक—वसंत खेला जाना, चारो जोड़ियों के चिरंजीव रहने का आशीर्वाद, होली खेलने का वर्णन, रंग तथा गीत बाजे इत्यादि

का वर्णन, सखा सखियों की होली, होली में सखियों का सखा का रूप धारण करना, परस्पर खेदा खेदी इत्यादि, रामचन्द्र जी के अभिषेक का वर्णन, कैकेयी बुद्धि विनास, रामचन्द्र वन गमन, सीता लखन का साथही गमन, केवट की चतुराई पूर्ण उक्ति, मार्गवर्ती नगरनारियों का इन बटोहियों को देख कर विधि विडंवना का वर्णन, रामचन्द्र का चित्रकूट निवास, विराध विनाश, राम पंचवटी निवास, वन बाग तथा वृक्ष-सरितादि शोभा वर्णन, गोदावरी वन्दना, शूर्पणखा कर्ण नासिकोच्छेद वर्णन, मरीच वध, सीता हरण वर्णन, गिद्ध से युद्ध, कपियों को देख कर सीता का पट डाल देना, सीता अशोक वनवास, गिद्ध के द्वारा राम का सब समाचार जानना, कवन्ध बध, शवरी स्थान गमन, सुग्रीव मित्रता वर्णन, वालिवध, राम बालि संवाद, राम प्रवर्षण गिरि निवास, वर्षा ऋतु वर्णन, सीता की खोज, समुद्र लांघ कर हनुमान का सीता के पास पहुंचना, रामचन्द्र के विषय में सीता का पूछना, राम को सीता जी का संपूर्ण समाचार सुनाना, सिंधु सेतु बंधन, रावण की वाटिका का विनाश, रावण को घबराहट, मन्दोदरी तथा रावण संवाद, अंगद रावण संवाद, युद्ध का वर्णन, राम विजय, विभीषण को राज्य देकर पुष्पक विमान पर सवार हो कर अवध को लौटना, अवध आते समय अनेकों दृश्यों का दिखाना, प्रयाग आगमन, भरत के पास पवन सुत का आना, भरत का अगवानी को तयारी करना, विमान का कुवेर के पास लौटा देना, सब का शिष्टाचार, आरती।

(३) पृ० ३८ से पृ० ४५ तक—धमारें, सर्यू सुषमा, रामजानकी चरित्र वर्णन, राम का सन्ध्यावंदन इत्यादि वर्णन, महलों की शोभा का वर्णन, तोता मैनादि द्वारा राम विरुदावली गान, सीता जी के भोजन बनाने पर रामादि भाइयों का भोजन करना, भोजनों का विषद वर्णन, सीता राम के शयनागार का वर्णन, शुक द्वारा राम नाम जपने का वर्णन, चतुर सखी द्वारा सीता का चतुराई से जगाया जाना, दम्पति का जागना, माता की वन्दना कर भ्राताओं सहित दरवाजे पर आना, सभा में राम का सुशोभित होना, इनकी शोभा, वदनेन्दु की प्रभा को देख कर सभासद चकोर वृन्द का चाह के साथ देखना। ग्रन्थ समाप्ति।

No. 228(*a*). Rasarahasya by Kulapati Miśra. Substance—Country-made paper. Leaves—32. Size—14 × 7 inches. Lines per page—17. Extent—901 Anushṭup Ślokas. Appearance—Good. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1727 or A. D. 1670 Date of manuscript—Samvat 1935

or A. D. 1878. Place of deposit—Lālā Sukhīlāla Rama Prasāda, Kaserābāzāra, Nawābagañja, Bārābankī.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ गुन वर्नेनं ॥ दोष रहित हू गुन विना सुषदायक नहि होइ ॥ याते औगुन कवित के सुनो सकल कवि लोइ ॥ १ ॥ जो प्रधान रस को धरम निपट वढ़ाई हेत ॥ सो गुन कहिये अचल थिति सुष को परम निकेत ॥ तीनि भांति सो मधुरता ओज प्रसादहि जानि ॥ साँत करुन सिंगार रस सुखद मधुरता मानि ॥ ३ ॥ द्रवै चित्त जाके सुनत अति आनंद प्रधान ॥ सुहै मधुरता रसन क्रम प्रथम सरसई आन ॥ ४ ॥ चित्त चढ़ावै तेज करि ओज वीर रस वास ॥ बहुत द्रवै वीभत्स में ताको वरन निवास ॥ ५ ॥ नव रस में उज्जल सलिल स्वक्ष्म अगनि रूप ॥ सो प्रसाद रचना वरन इनके कहो अनूप ॥ ६ ॥ सो रचना माधुर्ज जह जोग मधुरता जानि ॥ विंदु सहित ट ठ ड ढ रहित अैहै वर्न प्रमान ॥ ७ ॥

End.—पोष्य पोषक भाव संकर ॥ यथा ॥ कूरम नरेस देस देसन विदेसनि विदित जस जाकी और चाहै तू जनम धन ताहि के तू पति है जाको सोई भूपति रहैगो और धूप लौ विलहै गये गरव महाहि के सोभा के समाज बड़े लाज के जहाज महाराज रामसिंह सिर मोरन सिपाहि के ॥ आप अरि वाजि भए आलम के काज तोहि वैठत ही राज भागु जाग्यो पातिसाहि को ॥ २४ ॥ इहाँ यातै तू सिपाह को सिर मौर है याते तेरे राज वैठत ही पातसाह की अैसी सोभा भई मानो भागु जाग्यो है याते रूपक अक्षिप्त उपमा को पोषत है—इति श्री मिश्र कुलपति विरचितायां रस रहस्ये अर्थालंकार निरूपण नाम अष्टमो वृत्तान्तः संपूर्णोयं ग्रंथमिति सम्वत १९३५ शाके १८०० चैत्र शुक्ल ६ सोमे ।

Subject.—(१) पृष्ठ १—गुन वर्णन (अ) माधुर्य्य (ब) ओज (स) प्रसाद लक्षण व उदाहरण सहित गुण और अलंकार का भेद । अलंकार का लक्षण ।

(२) पृ० २—वनारसी वर्णन, गुण संख्या निर्णय । वीस गुण ।

(३) पृ० ३—अलंकार, श्लेष वक्रोक्ति, काकु वक्रोक्ति, वृत्यानुप्रास, छेकानुप्रास, वृत्यानुप्रास का लक्षण तथा उदाहरण, तीनो वृत्त—उपनागरि—का, पुरुषा, कोमला, लक्षणों सहित । पांचो भांति का लाटानुप्रास के लक्षण ।

(४) पृ० ४—यमक, जाए पुनि, श्लेष लक्षण, वर्ण श्लेष, पद श्लेष ।

(५) पृ० ५—संस्कृत भाषा का श्लेष, प्रत्ययश्लेष, प्रकृतिश्लेष, चित्र, षड्वंध, गौमित्र का धेनु, सतधेनु, पुनरुक्तिवदा भास ।

(६) पृ० ६—उपमा तथा उसके भेद, श्रौतो उपमा, लुप्तोपमा, साधारण लुप्ता, वाचकलुप्ता, उपमान लुप्तोपमा, धर्मवाचक लुप्तोपमा ।

(७) पृ० ७—धर्म उपमान लुप्ता, मालोपमा, रसोपमा, एक देश विवर्तनी उपमा।

(८) पृ० ८—अनन्वय, उपमेयोपमा, प्रतिवस्तूपमा, प्रतीप, द्वितीय प्रतीप।

(९) पृ० ९—उत्प्रेक्षा, हेतोत्प्रेक्षा, फलोत्प्रेक्षा, संदेह, भेद को उक्ति, रूपक के लक्षण, समस्त वस्तुरूपक, परंपरित, श्लेष परंपरित।

(१०) शुद्ध परंपरित, एक देश विवर्तिन। मालारूपक, परिणाम, प्रकृति (उपमेय) उल्लेख, प्रथम उल्लेख।

(११) पृ० ११ द्वितीय उल्लेख, भ्रांतिमान, स्मृतिमान, अपन्हुति, श्लेष, समासोक्ति।

(१२) पृ० १२—निदर्शना, अप्रस्तुत प्रशंसा, भेद, श्लेष समासोक्ति, मूलक।

(१३) पृ० १३—प्रस्तुत आरोप विन अर्थ सिद्धि, आरोप सिद्धि, अंस आरोप सिद्धि, सामान्य के प्रसङ्ग में विशेष, विशेष के प्रसंग में सामान्य।

(१४) पृ० १४ अतिशयोक्ति अलंकार, दृष्टांत अलंकार।

(१५) पृ० १५—सधर्म दृष्टान्त, वैधर्म दृष्टान्त, दीपक तथा इसके दो भेद। बहुत क्रिया एक द्रव्य, बहुत द्रव्य एक क्रिया, माला दीपक, तुल्य योगयता।

(१६) पृ० १६—व्यतिरेक, गुण औगुन दोनों के कथन से।

(१७) पृ० १७—श्लेष मूल अर्थ व्यतिरेक, श्लेष मूलक आक्षिप्त, व्यतिरेक के २४ भेद, तथा उनके उदाहरण।

(१८) पृ० १८—विशेषोक्ति, तीन भेद :—(१) उक्त निमित्त, (२) अनुक्त निमित्त, और (३) अचिंत्य निमित्त। अर्थान्तरन्यास।

(१९) पृ० १९—अर्थान्तरन्यास के ४ भेदः—१—सामान्य भ्रम २—विशेष भ्रम (३) सामान्य विशेष पोषण। (४) विशेष सामान्य पोषण।

(२०) पृ० २०—स्वभावोक्ति अलंकार, व्याज स्तुति, निन्दा से स्तुति और स्तुति से निन्दा, संदेहोक्ति।

(२१) पृ० २१—विनोक्ति, द्वितीय विनोक्ति, विन्मय लक्षण, समजोग, भाविक लक्षण, काव्य लिंग।

(२२) पृ० २२—हेतु का वाक्यार्थ काव्य लिंग, हेतु का पदार्थ, पर्यायोक्ति, उदात्त, समुच्चय।

(२३) पृ० २३—समुच्चय के तीन भेदः—(१) भले के जोग कर, (२) बुरे के योग कर। (३) दोनों के योग कर। क्रिया गुन समुच्चय।

(२४) पृ० २४—हेतु लक्षण, परिकर लक्षण, व्याजोक्ति।

(२५) पृ० २५—परिसंख्या, कारणमाला। अन्योन्य अलंकार।

(२६) पृ० २६—उत्तरालंकार, सूक्ष्मालंकार, सार।
(२७) पृ० २७—सार भेद (१) गुन विरुद्ध, क्रिया विरुद्ध, प्रत्यनीक।
(२८) पृ० २८—मीलित। विशेष अलंकार।
(२९) पृ० २९—तद्गुण लक्षण, भला गुण अथवा बुरा गुण सोदाहरण।
(३०) पृ० ३०—व्याघात, शब्दालंकार की संसृष्टि, अर्थालंकार की संसृष्टि
(३१) पृ० ३१—संकरलक्षण, पोष्य पोषक भावसंकर।
(३२) पृ० ३२—संदेह संकर, कवि का परिचय :—

सब्द अर्थ अस दुहुन के मंमट मति अनुसार।
कहे लक्ष्य लक्षन सकल अलंकार विस्तार॥
सवत आगरे आगरे गुनजुत सोल विलास।
विप्र मथुरिया मिश्र है हरि चरनन के दास॥
अभू मिश्र तिन वंश मै परसुराम जिराम।
तिनके सुत कुलपति कियो रस रहस्य सुख धाम॥
जिते साज हैं कवित में मंमट कहे वषान।
ते सब भाषा में कहै रस रहस्य में आन॥

पुस्तक निर्माण काल—

संवत सत्रह सै वरष बीते सत्ताईस।
कातिक वदि एकादसी वार वरनि वानीस॥

No. 228(*b*). Rasarahasya by Kulapati Miśra of Āgrā. Substance—Bādāmī paper. Leaves—96. Size—13×8 inches. Lines per page—28. Extent—1,800 Anushṭup Ślokas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1727 or A. D. 1670. Date of manuscript—Samvat 1944 or A. D. 1887. Place of deposit—Paṇḍita Krishṇabihari Miśra, Editor, Samālochaka, Lucknow.

Beginning,—श्री गणेशायनमः॥ अथ रस रहस्य लिख्यते॥

कवित्त॥ ऐसेई कुंज वने दुविपुंज रहे अलि गुंजत यों सुख लीजे।
नैन विसाल यहै बनमाल विलोकत रूपसुधा भरि पीजे॥
जामिन जाम को कौन गनै जुग जात न जानिये जो छिन छीजे।
आनंद यों उमगोई रहै पिय मोहन को मुख देखिवो कीजै॥ १

दोहा—कुमति निशा जिय की जरनि मेटत शीतल धाम।
सुमिरत फूलै कवि कमल नवरस पति घनश्याम॥ २

राज वर्णन कृप्यय—दुर्जन मद मर्दन समथ्थ जिमि पथ्थ दुहुनि कर। चढ़त समर डरि अमर कंप लग्गहि थर हर थर ॥ अमित दान दै जस वितान मंडिय सह मंडल। चंड भानु नांह सम प्रभानि षंडिय आखंडल ॥ राजाधिराज जयसिंह सुव जित्ति कियउ संब जगत वस। अभिराम काम सम लसत महि राम सिंह कूरम कलस ॥ ३

End.—बसत आगरे नगर में गुन तप सील विलास।
विप्र मथुरिया मिश्र है हरि चरनन कौ दास ॥
अभू मिश्र तिन बंस में परसराम जिमि राम।
तिनके सुत कुलपति कियो रस रहस्य सुख धाम ॥
जिते साजु हैं कवित के मम्मट कहे वखानि।
ते सब भाषा में कहे रस रहस्य में आनि ॥
संवत सत्रह सै वरस वीते सत्ताईस।
कातिक वदि एकादसी वारु वरनि बारेस ॥ २३२ ॥

इति श्री मिश्र कुलपति विरचिते रसरहस्ये अर्थालङ्कार निरूपणं नाम अष्टमो वृत्तान्तः ॥ शुभ संवत् १९४४ कार्तिक शुक्ल दशम्यां बुधे ॥ श्लोक संख्या १८३७ ॥

Subject.—नं० २२८ (अ) के नीचे देखो

No. 228(*c*). Rasarahasya by Kulapati Miśra. Substance—Country-made paper. Leaves—40. Size—7½ × 4 inches. Lines per page—20. Extent—500 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Bābū Babūlāla, Gurāgañja, Rāe Barelī.

Note.—Beginning and end—The same as given in No. 228(*a*).

No. 229. Rasikarasāla-se Saṅgraha by Kumāramaṇi. Substance—Country-made paper. Leaves—8. Size—24 to 5 × 6½ inches. Lines per page—40. Extent—150 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Prose and Verse. Character—Nāgarī. Place of deposit—Thākura Naunihāla Siṁha, Kānthā, Unāo.

Beginning.—रसिक रसाल ग्रंथे संग्रह ॥ अनूढ़ा किया विदग्धा ॥ यथा-सवैया—बैठी कहूं इक गोप सुता गुरु नारिन में गुन गौरि सुहाई। कैसें मिलै वर कान्ह कुमार सेा काहू सखी यह बात सुनाई ॥ ऐसे में आइ कह्यो कितहू ते

कुमार कहै वहे छैल कन्हाई। प्यारो निसारति को करी सैननि नैन इसारति कीन्हो विदाई ॥ १ ॥ कहूं चेष्टा विलासादि तें व्यंग्य होत है क्रिया विदग्धा रसिक रसाले ॥ यथा—दोहा—इमि उरोज मुख ओज इमि यें दिन ऐसे नैन। ऐसो वैस बनो बनो रचो सचो सो ऐन ॥ १ टीका—इहां नृत्य आदि में हस्त आदि चेष्टा ही तें उरोज मुख वैस प्रभृति में दाड़िम १ चन्द्र २ मृगादि की उपमा तथा अंगुली गननादि में वैस प्रमानादि व्यंग्य है ॥

End.—अथाद्भुतानु भाव लक्षन ॥ ९ ॥

साधु वाद उल्लास दृग लहि प्रसाद गति रोध।
तन रुमंच सुर भंग तें कीजै अद्भुत बोध ॥ ९ ॥

शान्त रसानुभाव लक्षन ॥ १० ॥ जग अनित्यता त्याग मति गुरु उपदेस प्रचार। कहैं शांत अनुभाव है वेदांतादि विचार ॥ १० ॥

इति रसिक रसाल साहित्ये दश रसानुभाव व्यंग्यं ॥ अथ विभावना व्यंग्य लक्षनं ॥ थाइ भाव रामादि गनि सामाजिक जिअ आनि। जे विशेष भावित करैं ते विभाव पहिचानि ॥ १ ॥ सेा विभाव द्वै विधि ॥ होत जाहि आलंवि रस सेा आलंव विभाव। रस उद्दीपन जे करैं ते उद्दीप विभाव ॥ २ ॥ सिंगार रस के आलंवन विभाव यथा ॥ तहं नायक अरु नायका रस सिंगार आलंव। यथा योग औरै रसहि भनि आलंव कदंव ॥ ३ ॥ इति रसिक रसाले विभाव व्यंग्य संपूरनम् ॥

इति

Subject.—पृ० १—२ तक। अनूढ़ा क्रिया विदग्धा वर्णन। चेष्टा से विलासादि से क्रिया विदग्धा वर्णन। टीका सहित वर्णन। पृ० ३—४ तक। ३३ संचारी भाव वर्णन पृ० ४—५। स्थायी भाव वर्णन, पृ० ६—७ तक। संचारी भाव व्यंग्य वर्णन, दसा स्थायी भाव वर्णन, सात्विक भाव वर्णन, पृ० ७-८ तक। अनुभाव और विभाव वर्णन इति।

No. 230. Jaimini Aśvamēdha by Kūrakavi. Substance—Country-made paper. Leaves—291. Size—10 × 6 inches. Lines per page—44. Extent—6,452 Anushṭup Ślokas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1807 or A. D. 1750. Date of manuscript—Samvat 1926 or A. D. 1869. Place of deposit—Kumāra Maheśwara Simha, Viswanātha Pustakālaya, Village Dikauliyā, Post Office Bisawā, District Sītāpur.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ जैमुनि कथा महाभारथ की लिष्यते ॥ सेारठा ॥ गुनगन ज्ञान निधान। मंगल मय सुषमा सदन। कलि विष

तूल कृसान एक रदन करिवर वदन ॥ जाहि अमंगल मूल । सुमिरत गनपति गौरि सुत । जरहिं व्याल जिमि तूल । विघ्न व्याधि संकट सकल ॥ छंद ॥ नमो गौरिजा ज्ञान रूपं गणेशं । नमो मोहमज्ञान नाषं दिनेसं ॥ नमो धूम्रकेतुं गणेस एक दंतं ॥ नमो विघ्नछेदं धरं सूप्रहस्तमं ॥ नमो बुद्धिकातं नमो गौरि पुत्रं नमो निर्विकारं नमो चारु वक्तं ॥ नमो बुद्ध बुध्य नमो संत रूपं । नमो ग्यान गोपार सिध्यं स्वरूपं ॥ भजेहं गणेसं गुणज्ञान गेहं । त्रिविनाके वर्षे सुभं सुभ्र देहं ॥ करिद्रानवं सोभितं इन्दु भालं चतुर बाहु कंठं चरं चारु मालं ॥ वरं वक्र परफुल्ल अंबोज नेत्रं कृपंतं महा दिव्य वस्त्र विचितं ॥ सिरं सुदरं चंदनं कुंकुमागं उरोहार सोभाये पुष्पं सुरंगं ॥

End.—करतल सुष संपति जग माहीं । अंत अमर पुर ते नर जाहीं ॥
सुनि यह कथा जाइ रन जोई । कवहुं न जाइ सु पराजय होई ॥
होइ सुजसु जग सकल सोहावा । निज सुष संपति सुष सुत पावा ॥
दुष दारिद्र जनित निज जोई । कठिन कलेश सचिव अति होई ॥
अवसि ताहि यह कथा सुनाईहि । ताहि सकल दुष दुसह नसाइय ॥
यह मष कथा ताप त्रय हरनी । विस्तर सकल कथा मति वरनी ॥
भाषा भानत कूर कवि जोई । आदर जोग जदपि नहिं सोई ॥
करत विचार न कटु कविताई । हरिजन जानि सुनिहि मनलाई ॥
परम हंस सुचि साधु सुजाना । गुन गाहक जग तिमि पय पाना ॥
गहि गुन गन बौगुनहिं दुरावै ॥ कहत सुनत सादर सुष पावै ॥

छंद ॥ सुष पाइहैं सुष सुनत श्रोता जिन्है प्रिय हरि जस अहो । परसिद्धि जैमुनि को कथा अति कूर कविता कहि कहो ॥ वल बुद्धि विद्याहीन अति मति अग्य बोगन मै महा ॥ श्री गुरु कृपा यह चरित कछु निर्मित सेा निज मति करि कहा । दोहा ॥ पूरन भई श्री गुरु कृपा कथा युधिष्ठिर जाग । विसिषि व्योम वसु बुद्धि वर शुक्ल अष्टमी फाग । इति श्री महाभारथ पुराने धर्मा अश्वमेध पर्व सूत सौनिक संवादे श्री जैमुनि पुराणे धर्मराज्य जग्य सम्पूर्णम् । इति श्री माघ मासे शुक्ल पक्षे तिथौ पूरंमासी संवत १९२६ दसषत मोहनलाल शुक्ल गोधनोवाल के ॥

Subject.—महाराज युधिष्ठिर के अश्वमेध यज्ञ का वर्णन ।

No. 231. Gitā Rāmaratna by Kuśala Simha of Mithaurā. Substance—Country-made paper. Leaves—37. Size—5 × 8 inches. Lines per page—20. Extent—560 Anushṭup Ślokas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of manuscript—Samvat 1887 or A. D. 1830. Place of deposit—

